नब्रह्मका जोविचारहै सोविचार प्रधानविचार कह्याजावैहै ॥ और सोब्रह्मकाविचार समन्वयआदिकों केविचारतैंविना संभवतानहीं ॥ यातैं समन्वय अविरोध साधन फल इनच्यारोंकेजेविचारहैं तेविचार सहकारीविचार कहाजावैहैं ॥ तहां उपनिषदरूपवेदांतोंविषेस्थित जेवाक्यहैं, तिनवाक्योंका ब्रह्मआ त्माकेअभेदकीप्रतिपाकतारूपकरिकै जोतात्पर्य है ताकानाम समन्वयहै ॥ तासमन्वयकाविचार ता शारीरकमीमांसाशास्त्रके प्रथमअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ और श्रुतिकेविरोधहुए स्मृतिआदिकोंकूं तथा प्र त्यक्षादिकप्रमाणोंकूं आभासरूपताहोणेतैं तावेदांतसमन्वयका तिनस्मृतिप्रत्यक्षादिकप्रमाणांतरोंकेसा थि जोविरोधकाअभावहै ताकानाम अविरोधहै ॥ सोअविरोधकाविचारभी ताशारीरकमीमांसाशास्त्रके द्वितीयअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ और ज्ञानकीप्राप्तिकेजेउपायहैं तिनोंकानाम साधनहै ॥ तेसाधनभी अं तरंग बहिरंग इसभेदकरिकै दोप्रकारकेहोवैहैं ॥ तिनदोनोंप्रकारकेसाधनोंकाविचार ताशारीरकमीमां साशास्त्रके तृतीयअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ और तिनसाधनोंकरिकैप्राप्तहोणेयोग्यजोअर्थहै ताकानाम फलहै ॥ सोफलभी पर अपर इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै॥ तिसदोप्रकारकेफलकाविचार ताशारी रकमीमांसाशास्त्रके चतुर्थअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ इसप्रकारकेसमन्वयादिकचारोंकेविचारकूं सहकारी विचार कहेहैं ॥ तहां तिनसाधनोंकेमध्यविषे जोतत्त्वमसिआदिकमहावाक्योंकेअर्थकाविचारहै ॥ ति सविचारकूं ब्रह्मज्ञानकेप्रति अंतरंगसाधनताहै ॥ और तिसवाक्यार्थविचारका तत्त्वंपदार्थकाविचारसह कारीहै ॥ यातें तिसतत्त्वंपदार्थकेविचारकूंभी ताब्रह्मज्ञानकेप्रति अंतरंगसाधनताहीहै ॥ याकारणतें इ सग्रंथकेआदिविषे प्रथम तातत्त्वंपदार्थकेविचारकूंही निरूपणकरेहैं ॥ तात्पर्ययह ॥ चतुष्टयसाधनसंपन्न

CC-0. Mumukshu-Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अधिकारीपुरुषकूं मोक्षकीप्राप्ति तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यकेअर्थज्ञानतैंही होवैहै ॥ और तावाक्यार्थ ज्ञानकीप्राप्ति तत्त्वंपदार्थकेज्ञानतेंही होवैहै ॥ और तापदार्थज्ञानकीप्राप्ति तत्त्वंपदार्थकेविचारतेंही होवै है ॥ यातैं सोतत्त्वंपदार्थकाविचार मुमुक्षजनकुं अवश्यकऱ्याचाहिये ॥ ॥ शंका ॥ ॥ लोकविषे त थाशास्त्रविषे सुखकीप्राप्तिकुं तथादुःखकीनिवृत्तिकुंही पुरुषार्थरूपता देखीहै ॥ सोपुरुषार्थही संपादनक रणेयोग्यहोवैहै ॥ और सोतत्त्वंपदार्थकाज्ञानतौ सुखकीप्राप्तिरूपभीनहींहै॥ तथा दुःखकीनिवृत्तिरूपभी नहींहै यातैं अपुरुषार्थरूपहोणेतैं सोपदार्थज्ञान संपादनकरणेयोग्यनहीं है ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ य द्यपि तापदार्थज्ञानकूं स्वरूपतैंपुरुषार्थरूपता नहींहै ॥ तथापि तापुरुषार्थका साधन जोमहावाक्यार्थ ज्ञानहै॥ तावाक्यार्थज्ञानकेप्रति तापदार्थज्ञानकूं हेतुताहै॥ यातैं तावाक्यार्थज्ञानद्वारा तापुरुषार्थकासा धनहोणेतैं सोपदार्थज्ञान अवश्यसंपादनकरणेयोग्यहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसमोक्षवास्ते तुम तत्त्वं पदार्थकानिरूपणकरतेहो सोमोक्ष क्यावस्तुहै ॥ तहां अज्ञानकीनिवृत्तिकानाम मोक्षहै ॥ अथवा ब्र ह्मभावकानाम मोक्षहै ॥ तहां प्रथमपक्ष जो अंगीकारकरो सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं सोअज्ञानकीनिवृ त्तिरूपमोक्ष ब्रह्मकेस्वरूपतेभिन्नहीहोवेगा ॥ ताकरिकै ' एकमेवाद्वितीयंब्रह्म ' इसश्रुतिकाविरोधहोवे गा ॥ यद्यपि ताब्रह्मतैंभिन्न दूसराकोईभावपदार्थ नहींहै ॥ साअज्ञानकीनिवृत्ति अभावरूपहै ॥ यातैं ताकेविद्यमानहुएभी ब्रह्मकीअद्वितीयरूपता निवृत्तहोवैनहीं ॥ इसरीतिसे भावाऽद्वैतपरताकरिकै ताश्रु तिकाविरोधहोतानहीं ॥ तथापि ब्रह्मतैंभिन्न भावअभावरूपसर्वप्रपंचकानिषेधकरणेहारेअद्वैतपदका सं कोचकरिकै केवल भावपदार्थोंकेनिषेधपरत्वमानणेविषे कोईप्रमाणहैनहीं ॥ किंवा तुमारेमतविषे ब्रह्मते

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भिन्नसर्वपदार्थोंकूं कल्पितपणाही अंगीकारकऱ्याहै ॥ यातैं ब्रह्मतैं भिन्नहोणेतैं साअविद्याकीनिवृत्ति भी कल्पितहीहोवैगी ॥ और जोजोपदार्थ कल्पितहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ शुक्तिरजतकीन्यांई मिथ्याही होवैहै ॥ यातैं ताअविद्याकीनिवृत्तिरूपमोक्षकूंभी कल्पितपणेकरिकै अनित्यपणाही प्राप्तहोवैगा ॥ किंवा तुमारेमतविषे साअविद्याभी कल्पितही मानीहै ॥ और कल्पितवस्तुकाअभावभी कल्पितहीहोवैहै ॥ यातैं ताकल्पितअविद्याकीनिवृत्तिभी कल्पितहीहोवेगी ॥ और कल्पितवस्तुकूं सत्यरूपतासंभवतीनहीं याकारणतैंभी ताअविद्याकीनिवृत्तिरूपमोक्षकूं अनित्यपणाही प्राप्तहोवैगा ॥ और तामोक्षकाअनित्यपणा तुमारेकूंभी इष्टनहींहै ॥ जिसकारणतैं सर्वमोक्षवादियोंने मोक्षकानित्यपणाही अंगीकारकरीताहै । कोईभीमोक्षवादी मोक्षकूं अनित्यमानतानहीं ॥ जोकदाचित् मोक्षभीअनित्यहोताहोवै तो मुक्तपुरुषोंकीभी पुनःउत्पत्तिहोणीचाहिये ॥ और 'नसपुनरावर्त्तते' 'यद्गत्वाननिवर्त्ततेतद्धामपरमंमम' इत्यादिक श्रुतिस्मृतियोंने तामुक्तपुरुषकेपुनःउत्पत्तिकानिषेधकऱ्याहै ॥ यातैं अविद्याकीनिवृत्तिकूंमोक्षरूपतासंभवैनहीं ॥ और ब्रह्मभावकानाम मोक्षहै यह द्वितीयपक्ष जोअंगीकारकरो सोभीसंभवतानहीं ॥ काहेतैं सोब्रह्मभाव अनादिहोणेतैं नित्यसिद्धहै ॥ जोपदार्थ नित्यसिद्ध होवैहै ॥ सोपदार्थ किसीसाधनकरिकैसाध्यहोवैनहीं ॥ अनित्यपदार्थही साधनकरिकै साध्यहोवैहै ॥ यातैं ताब्रह्मभावरूपमोक्षकूं आत्मज्ञानकरिकै साध्यपणा नहींहोवैगा ॥ और तुमोंनैं मोक्षकूं आत्मज्ञानकरिकैसाध्य मान्याहै ॥ यातैं ताब्रह्मभावकूं भी मोक्षरूपतासंभवैनहीं ॥ इसप्रकार मोक्षके अनिरूपणहुए तामोक्षकीसाधनतारूपकरिकै महावाक्यार्थ ज्ञानकीप्रयोजनवत्ताभी निरूपणकरणेकूंअशक्यहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ हमारेमतविषे अविद्याकीनि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वृत्तिही मोक्षहै साअविद्याकीनिवृत्ति ब्रह्मतैंभिन्ननहींहै ॥ किंतु अधिष्ठानब्रह्मरूपहीहै ॥ काहेतैं क
ल्पितवस्तुकाअभाव अधिष्ठानतैंभिन्नहोतानहीं ॥ जैसे कल्पितसर्परजतादिकोंकाअभाव रज्जुशुक्तिआ
दिकअधिष्ठानतैं भिन्नहोतानहीं किंतु अधिष्ठानरूपहीहोवैहै ॥ तैसे ताकल्पितअविद्याकीनिवृत्ति
भी अधिष्ठानब्रह्मरूपहीहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताअविद्यानिवृत्तिरूपमोक्षकूं जोब्रह्मरूपमानोंगे तौ ता
ब्रह्मरूपमोक्षकूं ज्ञानकरिकैसाध्यपणा नहींहोवेंगा ॥ और तुमोनैं मोक्षकूं ज्ञानकरिकैसाध्यमान्याहै ॥
॥ समाधान ॥ ॥ज्ञानकरिकैमोक्षसाध्यहै ईहां साध्यशब्दकरिकै हमारेकूं जन्यपणा विवक्षितनहींहै ॥
अर्थात् ज्ञानकरिकै मोक्षजन्यहोवैहै ऐसाहमारेकूं विवक्षितनहींहै ॥ जिसकारणतैं अनादिसिद्धहोणतैं
ताब्रह्मभावकीउत्पत्तिही संभवतीनहीं ॥ किंतु तासाध्यशब्दकरिकै हमारेकूं अभिव्यक्तिमात्र विवक्षित
है ॥ अर्थात् ज्ञानकरिकै तामोक्षकीअभिव्यक्तिमात्रहोवैहै यहहमारेकूं विवक्षितहै ॥ तहां अहंब्रह्मास्मि
याप्रकारकेज्ञानकरिकै जोद्वैतभ्रमकीनिवृत्तिहै तथा अखंडएकरसआनंदकीस्फुर्त्तिहै ॥ यहही तामोक्षकी
अभिव्यक्तिहै ॥ यातैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेवाक्यार्थज्ञानकूं तामोक्षकासाधनपणा संभवैहै ॥ ऐसा
वाक्यार्थज्ञान तत्त्वंपदार्थकेज्ञानकरिकैहींहोवैहै ॥ और सोपदार्थज्ञान तातत्त्वंपदार्थकेनिरूपणकरिकैही
होवैहै ॥ यातैं प्रथम तत्पदार्थकानिरूपणकरेहैं॥तहां असाधारणधर्मरूपजोलक्षणहै तथाप्रत्यक्षादिरूप
जोप्रमाणहै तिनदोनोंकरिकैही वस्तुकीसिद्धिहोवैहै ॥ तालक्षणप्रमाणतैंविना वस्तुकीसिद्धिहोतीनहीं ॥
इसप्रकारकेन्यायकूंअंगीकारकरिकै प्रथम तातत्पदार्थकालक्षणकहेहैं॥तहां तिसब्रह्मरूपतत्पदार्थकाल-
क्षण दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ तटस्थलक्षणहोवैहै ॥ और दूसरा स्वरूपलक्षणहोवैहै ॥ तहां 'कादा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चित्कत्वेसतिव्यावर्त्तकं तटस्थलक्षणं' ॥ अर्थयह ॥ जोलक्षण आपणेलक्ष्यविषे कदाचित्वर्त्ताहुआ ता आपणेलक्ष्यकूं अन्यपदार्थोंतैंभिन्नकरेहै ॥ सोलक्षण तटस्थलक्षण कह्याजावैहै ॥ जैसे पृथिवीका गंधव त्त्वलक्षण तटस्थलक्षणहै ॥ तहां महाप्रलयविषे सर्वकार्यकानाशहोवैहै ॥ यातैं नैयायिकोंकेमतविषे सो गंधगुण तामहाप्रलयविषे परमाणुरूपपृथिवीविषेरहतानहीं ॥ और नैयायिकोंकेमतविषे जिसक्षणविषे द्रव्यउत्पन्नहोवैहै ॥ तिसक्षणविषे ताद्रव्यविषेरूपादिकगुण उत्पन्नहोतेनहीं ॥ किंतु द्वितीयक्षणविषे तेरूपा दिकगुण उत्पन्नहोवैहैं ॥ ताप्रथमक्षणविषे सोद्रव्य निर्गुणहीउत्पन्नहोवैहै ॥ इसअर्थविषेयुक्तितौ न्यायप्र काशकेद्वितीयपरिच्छेदकेआदिविषे विस्तारतैंकथनकरीहै ॥ सो तहाँसैंजानिलेणी ॥ यातैं पृथिवीकेउत्प त्तिक्षणविषेभी सोगंधगुण तापृथिवीविषेरहतानहीं ॥ किंतु मध्यकालविषेहीं सोगंधगुण तापृथिवीविषे रहैहै ॥ यातैं सोगंधगुण कादाचित्कहै ॥ और सोगंधगुण आपणेआश्रयभूतपृथिवीकूं दूसरेजलादिक पदार्थोंतैंभिन्नभीकरावैहै ॥ यातैं कादाचित्कहोणेतैं तथाव्यावर्त्तकहोणेतैं सोगंधवत्त्व तापृथिवीका तट स्थलक्षणहींहै ॥ इसप्रकार तत्पदार्थरूपब्रह्मकाभी 'सृष्टिस्थितिलयकारणत्व' यह तटस्थलक्षणहै ॥ ईहां सृष्टिशब्दकरिकै जगत्केउत्पत्तिका ग्रहणकरणा ॥ और स्थितिशब्दकरिकै जगत्केपालनका ग्र इण करणा ॥ और लयशब्दकरिकै जगत्केप्रलयका ग्रहणकरणा ॥ सोजगत्के उत्पत्तिस्थितिलयकाका रणत्व ब्रह्मविषे सर्वदारहता नहीं ॥ किंतु मायाकीअधिष्ठानताकालविषेहीरहैहै ॥ यातैं सोसृष्टिस्थितिल यकाकारणत्व कादाचित्क है ॥ और सांख्यनैयायिकादिकोंनें जगत्काकारणरूपकरिकै कल्पनाकऱ्ये जे प्रधानपरमाणुआदिकहैं ॥ तिनोंतैं तालक्ष्यरूपब्रह्मकूं भिन्नभीकरावैहै ॥ यातैं व्यावर्तकभीहै ॥ इस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रकार कदाचित्कहोणेतैं तथाव्यावर्त्तकहोणेतैं सोसृष्टिस्थितिलयकाकारणत्व ब्रह्मका तटस्थलक्षण क ह्याजावैहै ॥ अब तालक्षणविषेस्थितपदोंका प्रयोजनकहेहैं ॥ तहां लयकाणरत्व इतनामात्रही जोताब्र ह्मका तटस्थलक्षणकरते तौ ब्रह्मकूं केवल जगत्काउपादानकारणपणाही सिद्धहोता ॥ काहेतैं जो कार्य जिसकारणविषे लयहोवैहै ॥ तिसकार्यकेप्रति तिसकारणकूं केवल उपादानकारणपणाहीं दे ख्याहै ॥ जैसे घटकेलयकाकारणमृत्तिका ताघटका केवल उपादानकारणहाहोवैहै ॥ निमित्तकारण होवैनहीं ॥ तैसे ता ब्रह्मतैंभिन्नहीकोई जगत्कानिमित्तकारण अंगीकारकरणाहोवैगा ॥ ताकरिकै 'एकमेवाद्वितीयंब्रह्म' इसश्रुतिका विरोधहोवैगा ॥ तादोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे स्थि तिकारणत्व कह्याहै ॥ किंवा स्थितिलयकारणत्व इतनामात्रही जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते तौ जैसे घटकीउत्पत्तिकेदंडादिकनिमित्तकारणहोवैहैं ॥ तैसे ता ब्रह्मतैंभिन्नहींकोई जगत्कानिमित्तकारण होवैगा ॥ ताकरिकै पुनः ताअद्वैतश्रुतिकाविरोधहोवैंगा ॥ तादोषकीनिवृत्ति करणेवास्ते तालक्षणविषे सृष्टिकारणत्व कह्याहै ॥ किंवा सृष्टिस्थितिकारणत्व इतना मात्रही जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते ॥तौ जैसे कलालकूं घटकेप्रति निमित्तकारणताहै ॥ तैसे ताब्रह्मकूंभी केवल जगत्कानिमित्तकारणपणाही होवैगा ॥ उपादानकारण कोईअन्यहीहोवैगा ॥ ताकरिकै वेदांतासिद्धांतकाविरोधहोवैगा ॥ तादोषके निवृत्तकरणेवासते तालक्षणविषे लयकारणत्व कह्याहै ॥ इसप्रकार सृष्टि स्थिति लय इनतीनोंकाकारण त्वरूप तटस्थलक्षणकेकहणेकरिकै ब्रह्मकूं जगत्का अभिन्ननिमित्त उपादानपणा सिद्धहोवैहै ॥ अर्थात् एकहीब्रह्म जगत्का उपादानकारण तथा निमित्तकारणहै ॥ याकहणेतैं ब्रह्मका यहतटस्थलक्षण सिद्धभ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

या ॥ 'जगत्कर्तृत्वेसतिजगदुपादानत्वं' अर्थ यह ॥ जगत्केकर्तृत्वविशिष्ट जोजगत्काउपादानपणा है यहही ब्रह्मका तटस्थलक्षणहै ॥ तहां जगत्उपादानत्व इतना मात्रही जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते॥ तौ मायाविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ काहेतैं शुद्धब्रह्मकूंतौ जगत्कीउपादानता हैनहीं ॥ किंतु मायाविशिष्टब्रह्मकूंही जगत्कीउपादानताहै ॥ और विशिष्टविषेवर्तणेहाराधर्म विषेषणविषेभी अवश्य रहेहै ॥ यातैं ताब्रह्मकाविशेषणरूपमायाकूंभी सोजगत्का उपादानकारणपणा अवश्यहोवैगा ॥ और 'मांयांतुप्रकृतिंविद्यात्' यहश्रुतिभी तामायाकूं जगत्काउपादानकारणपणा कहेहै ॥ ताअतिव्याप्ति दोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणाविषे जगत्कर्तृत्व यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां कार्यकेउपादानका जोअपरोक्षज्ञानहै ॥ तथा ताकार्यकेकरणेकीजोइच्छाहै ॥ तथा ताइच्छा जन्य जाप्रयत्नरूपकृतिहै ॥ यहतीनों जिसविषेरहेहैं ॥ सोईही कर्त्ताकह्याजावैहै ॥ जैसे कुलालादिक ताज्ञानइच्छाप्रयत्नवालेहो णेतैं घटादिककार्योंकेकर्त्ता कह्येजावैहैं ॥ इसप्रकारकाकर्त्तापणा चेतनविषेही संभवेहै ॥ जडमायाविषे संभवतानहीं ॥ यातैं जगत्कर्तृत्व पदकेकहणेतैं तामायाविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा जगत्कर्तृत्व इतनामात्रही जोब्रह्मका तटस्थलक्षणकरते ॥ तौंनैयायिकोंनें जगत्का केवल कर्त्तारूपकरिकैमान्याजोईश्वरहै ॥ ताकेविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनि वृत्तकरणेवासतै तालक्षणाविषे जगत्उपादानत्व यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां तेनैयायिक परमाणुवों कूंतौ जगत्काउपादानकारण मानेहैं ॥ और ईश्वरकूं जगत्काकर्त्ता मानेहैं ॥ इसप्रकार नैयायिकोंने जगत्के उपादानका तथा कर्त्ताका भेदही अंगीकारकऱ्याहै ॥ और हमासिद्धांतियोंनेंतौ ब्रह्मकूं जगत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का अभिन्ननिमित्तउपादानकारण मान्याहै ॥ यातैं जगत्उपादानत्व इसपदकेकहणेतैं तानैयायिक अभिमतईश्वरविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ सोअतिव्याप्तिवालालक्षणभी आपणेलक्ष्यकीसिद्धि क्यूंनहींकरता ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ लक्षणके अतिव्याप्ति १ अव्याप्ति २ असंभव ३ यहतीनदोषहोवैहैं ॥ तिनतीनोंदोषोंविषे एकभीदोष जिसलक्षणविषेरहेहै, सोलक्षण दुष्टकह्याजावैहै ॥ तादुष्टलक्षणतैं तालक्ष्यकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ और तिनतीनोंदोषोंतैं जोलक्षण रहितहोवैहै, सोलक्षण अदुष्टकह्याजावैहै ॥ ताअदुष्टलक्षणतैंही तालक्ष्यकीसिद्धिहोवैहै ॥ यातैं तालक्षणविषे पदोंका निवेशकरिकै ताअतिव्याप्तिआदिकदोषकीनिवृत्ति अवश्यकरीचाहिये ॥ तहां जोलक्षण आपणेलक्ष्यविषेवर्त्ततादुआ अलक्ष्यविषेभी वर्त्तै है ॥ सोलक्षण अतिव्याप्तिदोषवालाहोवैहै ॥ जैसे गौकाशृंगित्वलक्षण तागौरूपलक्ष्यविषेवर्त्ततादुआ महिषअजादिरूपअलक्ष्यविषेभी वर्त्तै हैं ॥ यातैं सोगौकाशृंगित्वलक्षण अतिव्याप्तिदोषवालाहै ॥ और जोलक्षण आपणेलक्ष्यके एकदेशविषेवर्त्तेहै ॥ सोलक्षण अव्याप्तिदोषवालाहोवै है ॥ जैसे गौकाकपिलत्वलक्षण कोईगौवोंविषेरहेहै सर्वगौवोंविषेरहतानहीं ॥ यातैं सोकपिलत्वलक्षण अव्याप्तिदोषवालाहै ॥ और जोलक्षण आपणेलक्ष्यमात्रविषेही नहींरहेहै ॥ सोलक्षण असंभवदोषवाला होवैहै ॥ जैसे गौका एकशफवत्त्वलक्षण कोईभीगौविषेरहतानहीं ॥ यातैं असंभवदोषवालाहै ॥ शफनाम खुरकाहै ॥ और जिसपदार्थका जोलक्षणकरिये ॥ तिसलक्षणका सोपदार्थलक्ष्यकह्याजावैहै ॥ यातैं अतिव्याप्तिआदिकसर्वदोषोंतेरहितहोणेतैं सोउक्तब्रह्मकातटस्थलक्षण समीचीनहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ एकहीब्रह्मकूं जगत्का उपादानपणा तथा कर्त्तापणा संभवतानहीं ॥ काहेतैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लोकविषे ऐसादेखणेमेंआवतानहीं ॥ जैसे घटकाकर्त्ताजोकुलालहै सो ताघटकाउपादानकारणहोता नहीं ॥ और ताघटकाउपादानकारणजोमृत्पिंडहै सो ताघटका कर्त्ताहोतानहीं ॥ किंतु सोमृत्पिंड तौ ताघटका उपादानकारणहीहोवैहै ॥ और सोकुलाल ताघटका कर्त्ताहीहोवैहै ॥ इसप्रकार घटादि ककार्योंविषे उपादानकारणका तथाकर्त्ताका भेदहीं देखणेविषेआवैहै ॥ और दृष्टअर्थकेअनुसारहीं अ दृष्टअर्थकीकल्पनाहोवैहै ॥ दृष्टअर्थतैंविरुद्ध अदृष्टअर्थकीकल्पना होवैनहीं ॥ और एकहीब्रह्मकूं जगत् का उपादान तथाकर्त्ता मानणा यहभी अदृष्टअर्थकीकल्पनाहै ॥ सा दृष्टअर्थतैंविना कैसेसंभवैगी किंतु नहींसंभवैगी ॥ यातैं दृष्टविरोधतैं एकहीब्रह्मकूं जगत्का उपादान तथा कर्त्ता मानणा असंगत है ॥ किंतु ईश्वरकूंतौ जगत्का कर्त्तामान्याचाहिये ॥ और ताईश्वरतैंभिन्न परमाणुआदिकोंकूं ताजग तका उपादानकारण मान्याचाहिये ॥ इसअर्थविषे सोदृष्टविरोधहोवैनहीं ॥ किंतु घटादिककार्योंविषे सोउपादानकर्त्ताकाभेद सर्वलोकोंकूं प्रसिद्धहीहै ॥ याकहणेतैं यहअनुमानसिद्धभया ॥ ' इदंजगत् भि न्ननिमित्तोपादानकं कार्यत्वात् घटादिवत् ' अर्थयह ॥ यहजगत् उपादानकारणके तथाकर्त्तारूपनि मित्तकारणके भेदवालाहै कार्यरूपहोणेतैं ॥ घटादिककार्योंकीन्यांई इति ॥ किंवा जोतुम यहकहो ब्रह्मकूं जगत्का अभिन्ननिमित्तउपादानपणा हम नहींकल्पनाकरते ॥ किंतु 'तदैक्षतबहुस्यांप्रजाये य, यहश्रुतिहीं ताअर्थकूं बोधनकरैहै ॥ सोयहतुमाराकहणाभी संभवतानहीं ॥ काहेत पूर्वउक्तरीति सैं दृष्टअर्थकेविरोधहुए ताश्रुतिका सोउक्तअर्थ संभवतानहीं ॥ किंतु अन्यहीअर्थ संभवैहै ॥ यातैं ब्र ह्मकूं जगत्का अभिन्ननिमित्तउपादानपणा संभवैनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ 'तदैक्षतबहुस्यां सो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ऽकामयतबहुस्यांप्रजायेय ' अर्थयह ॥ सोपरमात्मादेव मैंबहुतरूपहोवों याप्रकारका संकल्पकरताभ या ॥ और सोपरमात्मादेव मैंबहुतरूपहोइकैउत्पन्नहोवों याप्रकारकीकामनाकरताभया इति ॥ इसश्रु तिनें एकही ब्रह्मकूं बहुतरूपहोणेकीकामना कथनकरीहै ॥ साकामना चेतनकाहीधर्महोवैहै ॥ जडका धर्महोवैनहीं यातैं ताश्रुतिकेबलतैं चेतनब्रह्मकूंही जगत्का उपादानपणा तथाकर्त्तापणा निश्चयहो वैहै ॥ और तात्पर्यकेनिश्चायक जेउपक्रमउपसंहारादिकषट्लिंगहैं ॥ तिनलिंगोंकरिकैसर्ववेदांतवाक्यों का अद्वितीयब्रह्मविषेही तात्पर्यनिर्णयकऱ्याहै ॥ यातैं ताउक्तअनुमानकरिकै ताश्रुतिअर्थका बाधहोइ सकैनहीं ॥ उलटा श्रुतिकेविरोधहुए तेप्रत्यक्षअनुमानादिकप्रमाणही आभासरूपताकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ उप क्रम'दिकषट्लिंगोकास्वरूप आगेद्वितीयपरिच्छेदविषेकहेंगे ॥ किंवा तावादीनै जोपूर्वयहकह्याथा लो कविषे किसीभीकारणकूं कार्यकाअभिन्न निमित्तउपादानपणा देखीतानहीं ॥ यातैं जगत्के उपादा नकारणका तथानिमित्तकारणका भेदहींअंगीकारकऱ्याचाहिये ॥ सोयहवादीकाकहणाभी असंगत है ॥ काहेतैं लोकविषेभी ऊर्णनाभिआदिकजंतुविषेकूं स्वरचिततंतुरूपकार्यकेप्रति अभिन्ननिमित्तउपा दानकारणपणाहींदेखणेविषेआवैहै ॥ अर्थात् सोऊर्णनाभिजंतु तातंतुरूपकार्यकेप्रति आपही उपादान कारणहोवैहै तथाआपही कर्त्तारूपनिमित्तकारणहोवैहै ॥ किंवा जैसे नैयायिकोंकेमतविषे घट ईश्वर दोनोंका जोसंयोगसंबंधहै सोसंयोग समवायसंबंधकरिकै ताघटईश्वरदोनोंविषे उत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं ताईश्वरकूं तासंयोगकेप्रति उपादानकारणपणाभीहै ॥ और सोईश्वर कार्यमात्रकेप्रति निमित्तकारण होवैहै ॥ यातैं तासंयोगरूपकार्यकेप्रति सोईश्वर निमित्तकारणभीहै ॥ इसप्रकारतैं नैयायिकोंने जैसे

CC-0, Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तासंयोगरूपकार्यकेप्रति ईश्वरकूं अभिन्ननिमित्तउपादानकारणता अंगीकारकरीहै ॥ तैसे हमासिद्धांती भी ब्रह्मकूं जगत्कीअभिन्ननिमित्तउपादानकारणता अंगीकारकरेहैं ॥ यातैं सोपूर्वउक्तदृष्टविरोधभीप्राप्त होवैनहीं ॥ यातैं सोजगत्काअभिन्ननिमित्तउपादानकारणत्व ब्रह्मकातटस्थलक्षण संभवैहै यहसिद्धभया इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ यहउक्तब्रह्मकातटस्थलक्षण तभीसंभवै ॥ जभी कोईप्रमाणकरिकै ताब्रह्मविषे जगत्कीकारणता सिद्धहोवै ॥ ताकारणताकीसिद्धितैंविना सोउक्तलक्षण संभवतानहीं ॥ समाधान ॥ ॥ ताब्रह्मकूं जगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकीकारणता साक्षात्श्रुतिप्रमाणकरिकैहीसिद्धहै ॥ तथा व्यासभगवान्केसूत्रकरिकैभीसिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' यतोवाइमानिभूतानिजायंते येनजातानिजीवंति यंत्प्रयंत्यभिसंविशंति ' अर्थयह ॥ जिसब्रह्मतैं यहसर्वभूत उत्पन्नहोवैहैं ॥ और उत्पन्नहूएयहसर्वभूत जिसब्रह्मकरिकै जीवनकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और मृत्युकूंप्राप्तहुएयहसर्वभूत जिसब्रह्मविषे लयभावकूंप्राप्तहोवैहैं इति ॥ तहांसूत्र ॥ ' जन्माद्यस्ययतः ' अर्थयह ॥ जिससर्वज्ञसर्वशक्तिमान्कारणतैं इसआकाशादिक प्रपंचके जन्म स्थिति लय होवैहै ॥ सोईहीं ब्रह्महै इति ॥ तहां इतनैंपर्यंत ब्रह्मका तटस्थलक्षण निरूपणकऱ्या ॥ और तातटस्थलक्षणकेज्ञानहुएभी जबपर्यंत ताब्रह्मकेस्वरूपलक्षणकाज्ञान नहींहोवैहै ॥ तबपर्यंत सोब्रह्म यथावत्स्वरूपकरिकै जान्याजावैनहीं ॥ यातैं तातत्पदार्थरूपब्रह्मका अब स्वरूपलक्षण कहेहै ॥ तहां ' स्वरूपंसत्व्यावर्त्तकं स्वरूपलक्षणं ' अर्थयह ॥ जोलक्षण आपणेलक्ष्यकास्वरूपभूतहुआ ताआपणेलक्ष्यकूं अन्यपदार्थोंसेंभिन्नकरावैहै ॥ सोलक्षण स्वरूपलक्षण कह्याजावैहै ॥ जैसे पृथिवीका पृथिवीत्व स्वरूपलक्षणहै ॥ तहां जाति व्यक्ति दोनोंका सिद्धांतविषे तादात्म्यही अंगीकारकऱ्या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ यातैं तापृथिवीत्वजातिकाभी तापृथिवीव्यक्तिकेसाथि तादात्म्यही है ॥ यातैं सापृथिवीत्वजाति तापृथिवीकास्वरूपभूतहुई तापृथिवीकूं जलादिकइतरपदार्थोंतैंभिन्नकरावैहै ॥ यातैं सापृथिवीत्वजाति तापृथिवीका स्वरूपलक्षणहै ॥ तैसे सत्य ज्ञान आनंद यह तीनों ब्रह्मकेस्वरूपलक्षणहै ॥ तहां तेसत्या दिकतीनों ताब्रह्मकास्वरूपभूतहुए ताब्रह्मकूं असत्जडदुःखरूपजगत्तैं भिन्नकरावैहैं ॥ यातैं तिनसत्या दिकोंविषे ब्रह्मकास्वरूपलक्षणपणा संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ सत्यादिकोंकूं जोब्रह्मकास्वरूप मानों गे तौ तिनसत्यादिकोंविषे ब्रह्मकालक्षणपणा नहींहोवैगा ॥ तथा ताब्रह्मविषे तासत्यादिकलक्षणका लक्ष्यपणा नहींहोवैगा ॥ जिसकारणतैं सोलक्ष्यलक्षणभाव भेदकेअधीनहीहोवैहै ॥ अभेदविषे सोलक्ष्य लक्षणभाव होतानहीं ॥ जोकदाचित् अभेदविषेभी सोलक्ष्यलक्षणभाव होताहोवै ॥ तौ पृथिवीभी पृ थिवीका लक्षणहोणा चाहिये ॥ तथा ब्रह्मभी ब्रह्मकालक्षण होणा चाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तेस त्यादिक यद्यपि वास्तवतैं ब्रह्मकास्वरूपहीहैं॥तथापि तिनसत्यादिकोंविषे ब्रह्मकाकल्पितभेद हम अंगी कारकरहैं ॥ ताकल्पितभेदकूंअंगीकारकरिकेही ताब्रह्मका तथासत्यादिकोंका लक्ष्यलक्षणभाव संभवै है ॥ यहवार्त्ता वृद्धपुरुषोंनेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'आनंदोविषयानुभवोनित्यत्वंचेतिसंतिधर्माः ब्रह्म णोऽपृथक्त्वेपिपृथगिवावभासंतइति' अर्थयह ॥ आनंद ज्ञान नित्यता यहतीनोंधर्म ब्रह्मकेहैं ॥ तेतीनों धर्म वास्तवतैं ब्रह्मतैं अपृथक्हुएभी पृथक्हुएकीन्यांई प्रतीतहोवैहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तेसत्यादि कधर्म जोवास्तवतैं ब्रह्मतैंअपृथक्हीहोवैं ॥ तौ तिनसत्यादिकोंकी ब्रह्मतैंपृथक्होइकेप्रतीति किसकारण तेहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अंतःकरण तथा ताअंतःकरणकेधर्मरूपउपाधिकेवशतैं तिनसत्यादिकों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

की ताब्रह्मतैंपृथक्प्रतीति बनिसकेहै ॥ सोदिखावैहैं ॥ तहां बाधाऽभावविशिष्टचैतन्य सत्यपदका वाच्य अर्थहै ॥ और वृत्तिअवच्छिन्नचैतन्य ज्ञानपदका वाच्यअर्थहै ॥ और प्रीतिआदिकवृत्तिअवच्छिन्नचैतन्य आनंदपदका वाच्यअर्थहै ॥ यातैं तिनसत्यादिकोंका तथाब्रह्मका वास्तवतैंभेदकेअभावहुएभी उपाधि कृतभेदकेविद्यमानहुए सोलक्ष्यलक्षणभाव संभवैहै ॥ और तेसत्यादिकपद भागत्यागलक्षणाकरके अ खंडब्रह्मकूंही बोधनकरैहैं ॥ यातैं तालक्षणवाक्यतैं सत्यादिकोंका तथाब्रह्मका गुणगुणीभाव सिद्धहोवै नहीं ? और तिनसत्यादिकपदोंकेवाच्यअर्थकाभेद पूर्वकथनकऱ्याहै ॥ यातैं तिनसत्यादिकपदोंविषे पर्यायताभीहोवैनहीं ॥ अब तालक्षणवाक्यविषेस्थितसत्यादिकपदोंकेप्रयोजनकानिरूपणकरैहैं ॥ तहां। सत्यंब्रह्म । इतनामात्रही जोताब्रह्मकास्वरूपलक्षणकरते ॥ तौ नैयायिकोंने अंगीकारकरी जासत्ताजा तिहै तिसविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्मकूं जडपणेकीप्राप्तिहोती ॥ तादोषकेनि वृत्तकरणेवासते तालक्षणविषे ज्ञान यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां तासत्ताजातिविषे ज्ञानरूपताहैनहीं ॥ यातैं तासत्ताविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तथा ब्रह्मविषेभी जडपणाहोवैनहीं ॥ किंवा । ज्ञानंब्रह्म ॥ इतनामात्रही जोब्रह्मकालक्षणकरते ॥ तौ नैयायिकोंने अंगीकारकऱ्याजो आत्माकाज्ञान गुणहै ताकेविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्मकूं अनित्यपणा तथाअपुरुषार्थपणा प्राप्तहोता ॥ तादोषकेनिवृत्तकरणेवासते तालक्षणविषे आनंद यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तहां ताज्ञानगुण विषे आनंदरूपताहैनहीं ॥ यातैं ताज्ञानगुणविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्म कूं अपुरुषार्थरूपताभी होवैनहीं ॥ किंवा । आनंदोब्रह्म । इतनामात्रही जो ताब्रह्मकालक्षणकरते ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तौ विषयजन्यसुखविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ और ता लक्ष्यब्रह्मकूं जडपणाभीप्राप्तहोता ॥ तादोषकेनिवृत्तकरणेवासते तालक्षणविषे ज्ञान यह पद कथनकऱ्याहै ॥ ताविषयसुखविषे ज्ञानरूपताहै नहीं ॥ याते ताकेविषे अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ तथा तालक्ष्यब्रह्मकूं जडपणाभीहोवैनहीं ॥ और ताल क्ष्यब्रह्मकेअनित्यपणेकेनिवृत्तकरणेवासते सत्य यहपद कथनकऱ्याहै ॥ इसप्रकारकेप्रयोजनवालेहोणेतैं तेसत्यादिकतीनोंपद सार्थकहैं ॥ यातैं सत्य ज्ञान आनंद यहतीनोंधर्म मिलिके ब्रह्मकास्वरूपलक्षणहोवैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तिनसत्यादिकोंकूं ब्रह्मकास्वरूपलक्षणपणा तभीसिद्धहोवै ॥ जभी ताब्रह्मकी सत्यादिरूपता किसीप्रमाणकरकेसिद्धहोवै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताब्रह्मकीसच्चिदानंदरूंपताविषे सा क्षात्श्रुतिभगवतीही प्रमाणहै ॥ तथा व्यासभगवान्काभीसूत्रभी प्रमाणहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'सत्यंज्ञानमनंतं ब्रह्म आनंदोब्रह्म' अर्थयह॥ब्रह्म सत्यरूपहै तथाज्ञानरूपहै तथाअनंतरूपहै तथाआनंदरूपहै इति ॥ इहां अंतनाम परिच्छेदकाहै सो जिसविषे नहींविद्यमानहोवै ताकानाम अनंतहै ॥ अर्थात् देशपरिच्छेद कालपरिच्छेद वस्तुपरिच्छेद इनतीनपरिच्छेदरूपअंततैं जोरहितहोवै ताकानाम अनंतहै॥ ऐसीअनंतरू पता ब्रह्मविषेहीहै ॥ यहवार्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'नव्यापित्वादेशतोऽतोनि त्यत्वान्नापिकालतः' नवस्तुतोपिसार्वात्म्यादानंत्यंब्रह्मणित्रिधा अर्थयह ॥ ब्रह्म सर्वदेशविषेव्यापकहै ॥ यातैं ताब्रह्मका देशतैंभीअंत नहींहै ॥ और सोब्रह्म नित्यहै ॥ यातैं ताब्रह्मका कालतैंभीअंतनहींहै ॥ और सोब्रह्म सर्वकाआत्मारूपहै ॥ यातैं ताब्रह्मका वस्तुतैंभीअंतनहींहै ॥ इसरीतिसे ताब्रह्मविषे तीन प्रकारकाअनंतपणाहै ॥ इति ॥ तहां व्याससूत्र ॥ 'आनंदादयःप्रधानस्य' अर्थयह ॥ आनंद सत्य ज्ञान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इत्यादिकगुण ब्रह्मकेस्वरूपभूतहुए ताब्रह्मकेलखावणेहारेहैं ॥ यातैं निर्गुणब्रह्मकेध्यानवासते तिनआनं
दादिकगुणोंका वेदकोसर्वशाखाओंविषे उपसंहार करणेयोग्यहै इति ॥ इसउक्तश्रुतिसूत्रकरके ताब्रह्म
कीसत्यज्ञानादिरूपतासिद्धहै ॥ यातैं तिनसत्यज्ञानादिकोंविषे ब्रह्मकास्वरूपलक्षणपणा संभवैहै इति ॥

॥ शंका ॥ इसस्वरूपलक्षणकेसंभवहुएभी पूर्वकथनकऱ्याजो जगत्के उत्पत्ति स्थिति लयका कार
णत्वरूप ब्रह्मकातटस्थलक्षण सो संभवतानहीं॥ काहेतैं ब्रह्मकूं तुमोंने जगत्का उपादानकारण तथा नि
मित्तकारण मान्याहै ॥ ताकेविषे प्रथम उपादानकारणपणाही ब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ काहेतैं सोउपादा
नकारण आरंभक १ परिणामी २ विवर्त्ताऽधिष्ठान ३ इनभेदकरके तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तिनतीनों
विषे ब्रह्मकूं कौनउपादानकरण तुम मानतेहो ॥ तहां तुम्हारेमतविषे सोब्रह्म एकअद्वितीयरूपहै ॥ यातैं
ताब्रह्मकूं जगत्काआरंभकपणा संभवतानहीं ॥ परस्परयुक्तअनेकद्रव्योंकूंही आरंभकपणाहोवैहै ॥
जैसे नैयायिकोंकेमतविषे परस्परसंयुक्तअनेकपरमाणुओंकूं जगत्काआरंभकपणाहै ॥ और 'साक्षीचे
ताःकेवलोनिर्गुणश्च' निष्कलंनिष्क्रियंशांतं अविकार्योयमुच्यते इत्यादिकश्रुतिस्मृतियोंने ताब्रह्मकूं नि
र्गुण निष्क्रिय निरवयव कह्याहै ॥ यातैं ताब्रह्मकूं परिणामी उपादानपणाभी संभवतानहीं ॥ जिसका
रणतैं गुणक्रियावाले सावयवदुग्धादिकही दधिआदिकपरिणामकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ और तीसरा विवर्त्ताऽधि
ष्ठानत्वरूप उपादानपणाभी ब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ काहेतैं घटःसन् पटःसन् इसप्रकार घटपटादिकप्रपं
चका सत्यरूपकरकेही लोकोंकूंअनुभवहोवैहै ॥ ऐसेसत्यप्रपंचकूं ब्रह्मकीविवर्त्तरूपताकरके मिथ्याप
णाकल्पनाकरणेविषे कोईभीप्रमाणनहींहै ॥ और ताप्रपंचकेमिथ्यापणेतैंविना ताब्रह्मकूं विवर्त्ताऽधिष्ठा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नपणा संभवतानहीं ॥ यातैं उक्त तीनप्रकारके उपादानपणेविषे कोईप्रकारकाभी उपादानपणा ताब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ किंवा ताब्रह्मकूं जगत्काकर्त्तापणाभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं कार्यकीउत्पत्तिकेअनुकूल ज्ञान इच्छा प्रयत्न यहतीन जिसविषेरहैंहैं सो कर्त्ताहोवैहै ॥ यह पूर्वकहआयेहैं ॥ तहां तेब्रह्मकें ज्ञानइच्छाप्रयत्नतीनों नित्यहैं अथवा अनित्यहैं ॥ जोकहोनित्यहैं ॥ तौ सर्वकालविषे जगत्कीउत्पत्ति हीहोणीचाहिये ॥ कोईभीकालविषे जगत्काप्रलयनहींहोणाचाहिये ॥ ताकरके प्रलयकेप्रतिपादनकरणेहारेशास्त्रकाविरोधहोवेगा ॥ और जोकहो तेज्ञानादिकअनित्यहैं ॥ तौ जगत्कीन्याई तेज्ञानइच्छादिकभी कार्यरूपहीहोवैंगे ॥ यातैं तिनज्ञानादिकोंकूं ब्रह्मकाआश्रितपणा नहींहोवैगा ॥ जिसकारणतैं ब्रह्मकूं पूर्व अपरिणामीपणाही कथनकरिआयेहैं ॥ इसप्रकार ताब्रह्मविषे उपादानपणेके तथाकर्त्तापणेके असंभवहुए अभिन्ननिमित्तउपादानकारणताभी संभवैनहीं ॥ यातैं पूर्वकथनकरया जगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकोकारणतारूप ब्रह्मकातटस्थलक्षण असंगतहै॥ और कारणतैंविना कार्यकीउत्पत्तिहोतीनहीं ॥ यातैं इसजगत्रूपकार्यकाभी ताब्रह्मतैंभिन्न कोईकारण मान्याचाहिये ॥ सोऐसाकारण सत्व रज तम यहतीनगुणरूप प्रधानहै ॥ ताप्रधानतैंही महत्तत्वादिकक्रमकरके यहजगत्उत्पन्नहोवैहै॥ तिसप्रधानकूं परिणामीरूपहोणेतैं जगत्केजन्मादिकोंकीकारणता संभवैहै॥ और आत्मारूपपुरुषतौ असंगहै तथा निर्विकारहै॥ यातैं तापुरुषविषे जगत्कीकारणतासंभवतीनहीं॥ इसप्रकारकीशंकाकरणेहारे सांख्ययोंकेखंडनकरणेवासते ताउक्ततत्पदार्थका विभागकरैहैं ॥ सोतत्पदकाअर्थ दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ वाच्यअर्थहोवैहै ॥ और दूसरा लक्ष्यअर्थहोवैहै ॥ तहां जोअर्थ जिसपदकीशक्तिवृत्तिकरके जान्याजावैहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सोअर्थ तिसपदका वाच्यअर्थ कह्याजावैहै ॥ और जोअर्थ जिसपदकीलक्षणावृत्तिकरकै जान्याजावैहै ॥ सोअर्थ तिसपदका लक्ष्यअर्थ कह्याजावैहै ॥ ताशक्तिलक्षणाकास्वरूप आगेद्वितीयपरिच्छेदविषेकहेंगे तहां मायाउपहितचैतन्यतौ तत्पदका वाच्यअर्थहै॥और मायातैंरहितशुद्धचैतन्य तत्पदका लक्ष्यअर्थहै इहां यहतात्पर्यहै ॥ यद्यपि मायातैंरहितनिर्विकारशुद्धब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा संभवतानहीं ॥ तथा पि मायाउपहितब्रह्मकूं सोउपादानपणा संभवैहै॥सोउपादानपणाभी आरंभकतारूप वा परिणामितारूप नहींहै ॥ किंतु विवर्त्ताऽधिष्ठानत्वरूपहै॥तहां अधिष्ठानवस्तुका जोअवास्तवतैं अन्यथाभावहै ताकानाम विवर्त्तहै ॥ जैसे रज्जुशुक्तिआदिकअधिष्ठानका अवास्तवतैं सर्परजतादिरूपअन्यथाभावहै॥ तैसे ता ब्रह्मकाभी यहजगत् अवास्तवतैं अन्यथाभावहै ॥ ऐसेजगत्रूपविवर्त्तका अधिष्ठानपणा तामायाउपा हितब्रह्मकूं संभवैहै ॥ किंवा घटःसन् पटःसन् इत्यादिकअनुभवतैं जगत्कासत्यपणाही सिद्धहोवैहै ॥ यातैं ताजगत्विषे ब्रह्मकेविवर्त्तपणेकरके मिथ्यापणासंभवतानहीं ॥ यहजो पूर्ववादीनैं कथनकऱ्या था सोभी असंगतहै काहेतैं सोउक्तअनुभवतौ तिनघटपटादिकोंविषे अधिष्ठानचैतन्यकेसत्यपणे कूंही विषयकरेहै ॥ कोईघटादिकोंकेसत्यपणेकूं विषयकरतानहीं ॥ यातैं सोअनुभव ताप्रपंचकेमिथ्या पणेका बाधकनहींहै ॥ और 'नेहनानास्तिकिंचन' यहश्रुति ब्रह्मतैंभिन्नसर्वप्रपंचका निषेधकरेहै ॥ यातैं ताप्रपंचकी स्वतःसत्ता संभवतीनहीं ॥ और तावादीने जोजगत्केमिथ्यापणेविषे प्रमाणकाअ भाव कह्याथा ॥ सोभीअसंगतहै ॥ जिसकारणतैं 'वाचारंभणं विकारोनामधेयं' यह श्रुतिही साक्षात् जगत्केमिथ्यापणेकूंकथनकरैहै ॥ किंवा ताब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा अवश्यमान्याचाहिये ॥ का

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हेतैं 'यत्प्रयंत्यभिसंविशंति' यहश्रुति तिसब्रह्मविषेही जगत्केलयकूंकथनकरैहै ॥ और जिसकार्य का जिसकारणविषे लयहोवैहै ॥ तिसकार्यका सोकारण उपादानहींहोवैहै ॥ जैसे घटादिककार्यका मृत्तिकादिककारणविषेही लयहोवैहै ॥ यातैं ताघटादिककार्यका सोमृत्तिकादिककारण उपादानही देखणेविषेआवैहै ॥ तैसे श्रुतिप्रतिपादित जगत्केलयकाआधारहोणेतैं ताब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा अवश्यमान्याचाहिये ॥ किंवा 'बहुस्यांप्रजायेय' इसश्रुतिने ब्रह्मकाहीबहुतहोणा कथनकऱ्याहै ॥ और लोकविषे मृत्तिकादिकउपादानकारणोंकाही ॥ घटशरावादिरूपतैंबहुतहोणा देखणेविषेआवैहै ॥ याकारणतैंभी ताब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा संभवैहै ॥ किंवा सांख्यवादीने जोप्रधानकूंजगत्काउपादान मान्याथा ॥ सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं सोप्रधान जगत्काउपादानकारणहै इसअर्थविषे कोईभीप्रमाणनहींहै ॥ अर्थात् कोईभीश्रुतिविषे त्रिगुणात्मकप्रधानकूं जगत्काउपादानपणा कह्यानहीं ॥ किंतु 'आत्मनःआकाशःसंभूतः' इत्यादिकसर्वश्रुतियोंविषे चेतनब्रह्मकूंही जगत्काउपादानपणा कथनकऱ्याहै ॥ यद्यपि इसउक्तश्रुतितैं आत्माकूंही उपादानता प्रतीतहोवैहै ॥ ब्रह्मकूं उपादानता प्रतीतहोतीनहीं ॥ तथापि 'तत्सृष्ट्वातदेवानुप्राविशत्' इत्यादिकश्रुतियोंविषे ब्रह्मकाही जीवभावकरिके जगत् विषेप्रवेश कथनकऱ्याहै ॥ यातैं यहआत्मा ब्रह्मतैंभिन्नहीहै ॥ किंतु सोब्रह्मही आत्मारूपहै यातैं यहआत्मा जगत्काउपादानकारणहै इसकहणेतैंभी ताब्रह्मकूंही उपादानतासिद्धहोवैहै ॥ किंवा 'तदैक्षत सोऽकामयत बहुस्यांप्रजायेय' इत्यादिकश्रुतियोंविषे बहुतरूपहोणेहारेकारणनिष्ठ ईक्षणकाकर्त्तापणा तथाकामनाकाकर्त्तापणा कथनकऱ्याहै ॥ तिसतैंभी ब्रह्मकूंही उपादानतासि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्धहोवैहै ॥ ताप्रधानकूं उपादानतासिद्धहोवैनहीं ॥ काहेतैं सो ईक्षणकामनाकाकर्त्तापणा चेतनकाही धर्महोवैहै ॥ जडकाधर्म होतानहीं ॥ और सोतुम्हाराप्रधानभी जडहै ॥ यातैंताप्रधानविषे सो ईक्षणका मनाकाकर्तापणा संभवता नहीं ॥ तातैं ताब्रह्मकूंही जगत्काउपादानपणाहै ताप्रधानकूंनहींहै यह सिद्धभया ॥ किंवा जैसे तामायाउपहितब्रह्मकूं जगत्काउपादानपणा संभवैहै ॥ तैसे जगत्काकर्ता पणाभी तामायाउपहितब्रह्मकूंही संभवैहै ॥ सोपूर्व कथनकरिआयेहैं ॥ और तामायाउपहितईश्वरके ज्ञान इच्छा प्रयत्न यहतीनों जन्यहोवैहैं तथाअनित्यहोवैहैं ॥ ऐसेज्ञानइच्छाप्रयत्नकाआश्रयपणा य-द्यपि निर्विकारशुद्धब्रह्मकूं संभवतानहीं ॥ तथापि तामायाउपहितब्रह्मकूं तिनोंका आश्रयपणा संभवै है ॥ जिसकारणतैं तामायाउपहितब्रह्मकूंही सर्वविवर्त्तजगत्का अधिष्ठानपणाहै ॥ यातैं सोपूर्वउक्तदो ष प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं सो पूर्वउक्त अभिन्ननिमित्तउपादानकारणत्व ब्रह्मकातटस्थलक्षण संभवैहै यहसि द्धभया इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसमायाकरकेउपहितहुआब्रह्म जगत्काकारणहोवैहै ॥ सोमाया क्यावस्तुहै अर्थात् तामायाका स्वरूप तथालक्षण तथाप्रमाण तीनों निरूपणहोइसकतेनहीं ॥ यातैं सो माया कोईवस्तुनहींहै ॥ अब तामायाके स्वरूप लक्षण प्रमाण इनतीनोंकेअसंभवकूं यथाक्रमतैं निरूपण करैंहैं ॥ तहां सोमाया सत्यहै अथवा मिथ्याहै ॥ तहां प्रथमसत्यपक्षविषेभी सोमाया ब्रह्मतैं भिन्नहै अथ वा अभिन्नहै ॥ तहां प्रथम भिन्नपक्षजोअंगीकारकरोगे ॥ तौ 'एकमेवाद्वितीयंब्रह्म' इसश्रुतिकाविरो धहोवेगा काहेतैं यहश्रुति ब्रह्मकूं अद्वितीयकहैहै ॥ सोब्रह्मकीअद्वितीयरूपता ब्रह्मतैंभिन्नसत्यमाया केविद्यमानहुए संभवतीनहीं ॥ किंवा 'असंगोनहिसज्जते' इत्यादिकश्रुतियोंविषे ब्रह्मकूं असंगकह्या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ ऐसेअसंगब्रह्मका कोईकेसाथभी संबंधसंभवतानहीं ॥ तासंबंधतैंविना ब्रह्मविषे मायाउपहितप णाही संभवतानहीं ॥ किंवा ताब्रह्मका मायाकेसाथ कौनसंबंधहै ॥ संयोगसंबंधहै ॥ अथवासमवाय संबंधहै अथवा तादात्म्यसंबंधहै ॥ अथवा भेदाऽभेदसंबंधहै ॥ तहां प्रथम संयोगपक्षतौ संभवतान हीं ॥ काहेतैं सोसंयोग अव्याप्यवृत्तिहोनेतैं सावयवद्रव्योंकाहीधर्महोवैहै जैसे पक्षीका जोवृक्षकेसा थ संयोगहै सोसंयोग सर्ववृक्षविषेरहतानहीं ॥ किंतु तावृक्षके कोईकशाखारूपदेशविषेही सोसंयोग रहैहै ॥ मूलादिकदेशविषेरहतानहीं ॥ यातैं सोसंयोग अव्याप्यवृत्तिहै ॥ याकारणतैंही सोसंयोग ताप क्षीवृक्षरूपसावयवद्रव्यकाही धर्म है ॥ और ब्रह्मतौ निरवयवहै ॥ यातैं ताब्रह्मका मायाकेसाथ संयोग संबंध संभवतानहीं ॥ और दूसरा समवायपक्षभी संभवतानहीं ॥ जिस कारणतैं सोसमवायसंबंध तुम्हा रेमतविषे अंगीकारहीनहींहै ॥ और गुणगुणी क्रियाक्रियावान् जातिव्यक्ति अवयवअवयवी इन्होंका ही समवायसंबंधहोवैहै ॥ तेगुणगुणीभावादिक ब्रह्ममायाविषैहैं नहीं ॥ यातैं ताब्रह्मका मायाकेसाथ सो समवायसंबंध संभवताहीनहीं ॥ और तीसरा तादात्म्यपक्षभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं भेदतैंरहितपदा र्थोंकाही सोतादात्म्यहोवैहै ॥ और ब्रह्म माया दोनों परस्परभेदवालेहैं ॥ यातैं तिनदोनोंका परस्पर तादात्म्य संभवतानहीं ॥ और चतुर्थ भेदाऽभेदपक्षभी संभवतानहीं ॥काहेतैं तेभेदअभेददोनों परस्पर विरुद्धहोणेतैं एक अधिकरणविषे रहतेनहीं ॥ इसप्रकार ब्रह्मका मायाकेसाथ संबंधकेअनिरूपणहुएता ब्रह्मविषे मायाउपहितपणा संभवतानहीं ॥ और सोमाया ब्रह्मतैंअभिन्नहै यहद्वितीयपक्ष जोअंगीकार करो ॥ सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं ब्रह्मतौ चेतनहै और माया जडहै ताजडचेतनका अभेद सं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भवतानहीं ॥ और सोमाया मिथ्याहै यहआद्यद्वितीयपक्ष जोअंगीकारकरो ॥ सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं तामायाकेमिथ्याहुए तामायाविशिष्टईश्वरकूंभी मिथ्यापणा प्राप्तहोवैगा ॥ और ताईश्वरकूंभी जोमिथ्यामानोंगे ॥ तौता ईश्वरकेज्ञानतैं मोक्षकीप्राप्तिकूंकथनकरणेहारा मोक्षशास्त्रही अप्रमाणहोवैगा जिसकारणतैं मिथ्यावस्तुकेज्ञानकरिकै मोक्षकीप्राप्तिसंभवतीनहीं ॥ इसउक्तप्रकारतैं तामायाकास्वरूप दुर्निरूप्यहै ॥ और तामायाकेदुर्निरूप्यहुए तामायाकालक्षणभी दुर्निरूप्यही है ॥ काहेतैं धर्मीकेविद्यमा नहुएही ताके धर्मोंकाविचारहोवैहै ॥ जभीसोधर्मीही दुर्निरूप्यहोवैहै ॥ तभी ताधर्मीकाअसाधारणध र्मरूपलक्षणतौ अत्यंत दुर्निरूप्यहोवैहै और तामायाकेदुर्निरूप्यहुए तामायाकाप्रमाणभी दुर्निरूप्यही है ॥ जिसकारणतैं विषयतैंविना कोईभीप्रमाणकीप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ इसप्रकार स्वरूप लक्षण प्रमाण इनतीनोंकरिकै मायाकूंदुर्निरूप्यहुए तामायउपयाहितचैतन्यकूं तत्पदकावाच्यार्थपणा संभवतानहीं ॥ ऐसी शंकाकेप्राप्तहुए ॥ अब स्वरूप लक्षण प्रमाण इनतीनोंसहितमायाकेनिरूपणकरणेवास्ते प्रथमता केउपोद्घातकरिकै दृष्टांतसहित परमात्माविषे सामान्यतैं अध्यासकूं निरूपणकरैहैं ॥ तहां आगेप्रतिपा दनकरणेयोग्यअर्थकूं बुद्धिविषेराखिकै तिसअर्थकीसिद्धिवासते जोपूर्व अन्यअर्थकाकथनहै ताकानाम उपोद्घातहै ॥ तहां जैसे शुक्तिरज्जुआदिकोंविषे रजतसर्पादिक कल्पितहोवैहैं ॥ तैसे चेतनविषे अचे तन कल्पितहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ चेतनविषे अचेतन कल्पितहै इसअर्थविषे कौनप्रमाणहै ॥ ॥ स माधान ॥ ॥ इसअर्थविषे श्रुताऽर्थापत्तिही प्रमाणहै ॥ तहां श्रवणकरेहुएवाक्यार्थकीअनुपपत्तिक रिकै जोअर्थांतरकीकल्पनाहै ताकानाम श्रुताऽर्थापत्तिहै ॥ सोप्रकार दिखावैहैं ॥ तहां 'इदंसर्वंयदय

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मात्मा।आत्मैवेदंसर्वं। ब्रह्मैवेदंसर्वं।पुरुषएवेदंविश्वं। सर्वंखल्विदंब्रह्म। वासुदेवःसर्वं। नारायणःसर्वमिदंपुरा णः'इत्यादिकअनेकश्रुतिस्मृतिवाक्योंविषे चेतनतैंभिन्नकरिकै अचेतनकाअभावही प्रतिपादनकऱ्याहै॥ तहां इनउक्तश्रुतिवचनोंविषे।इदंसर्वं। इसवचनकरिकैतौ प्रत्यक्षादिकप्रमाणकरिकैसिद्ध यहआकाशादि कजडजगत् कथनकऱ्याहै॥और आत्मा ब्रह्म पुरुष वासुदेव नारायण इनशब्दोंकरिकै अद्वितीय तथासर्व कासाक्षी तथाप्रत्यक्रूप ऐसापरमात्मा कथनकऱ्याहै॥ तहां प्रथमश्रुतिविषे प्रपंचकावाचक जो इदंसर्वं यहशब्दहै॥ तथा परमात्माकावाचक जो आत्मा यहशब्दहै॥तिनदोनोंशब्दोंका सामानाधिकरण्य प्रती तहोवैहै॥तहां जडजगत्का तथाचेतनआत्माका वास्तवतैं एकपणा संभवतानहीं॥ यातैं चेतनअचेतनका अभेदप्रतिपादकत्वरूप मुख्यसामानाधिकरण्यतौ तहां संभवतानहीं॥ किंतु जैसे 'योऽयंचोरःसस्थाणुः' इसवचनविषे चोर स्थाणु इनदोनोंशब्दोंका बाधसामानाधिकरण्यहै॥ तैसे ताउक्तश्रुतिविषे आत्मा सर्वं इनदोनोंपदोंकाभी बाधसामानाधिकरण्यही है॥अर्थात् जैसे दृष्टांतवाक्यविषे चोर स्थाणु इनदोनोंप दोंकेसामानाधिकरण्यतैं स्थाणुतैंभिन्नकरिकै चोरकाअभाव प्रतीतहोवै है॥ तैसे दार्ष्टांतिकश्रुतिवाक्य विषेभी आत्मा सर्व इनदोनोंपदोंकेसामानाधिकरण्यतैं आत्मातैंभिन्नकरिकै सर्वजडजगत्काअभावही प्रतीतहोवैहै॥ अर्थात् प्रपंचाभाववान्आत्मा याप्रकारकाबोध ताश्रुतिवाक्यतैंहोवैहै॥ तहां सोजड प्रपंचकारणभाव तभीसंभवै॥ जभी ताजडप्रपंचकूं ब्रह्मविषे कल्पितमानिये॥ ताप्रपंचकेकल्पितपणेतैं विना सोप्रपंचकाअभावसंभवतानहीं॥ यातैं सोश्रुतिउक्त जडप्रपंचकाअभाव आपणेप्रतियोगीभूतज डप्रपंचकेकल्पितपणेतैंविना अनुपपन्नहुआ ताजडप्रपंचकेकल्पितपणेकूं कल्पनाकरावैहै॥ इसप्रकारकी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रुतार्थापत्तिकरकेही चेतनविषे अचेतनकाकल्पितपणा निश्चयहोवैहै ॥ इसप्रकारकाअर्थ पूर्वउक्तदू सरेश्रुतिस्मृतिवचनोंकाभी जानिलेणा इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व चेतनविषे अचेतनकूं कल्पितक ह्या ॥ तहां चेतन कौनवस्तुहै तथाअचेतन कौनवस्तुहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ नित्य शुद्ध बुद्ध मु क्त सत्य परमानंद अद्वय ऐसाजोब्रह्महै सोचेतन कह्याजावैहै ॥ और अज्ञानतैंआदिलेकेजितनाक जडसमूहहै सोअचेतन कह्याजावैहै ॥ अब ताब्रह्मके नित्यादिकसप्तविशेषणोंकाफल तथातिनोंविषेश्रु तिप्रमाण कथनकरैहैं ॥ तहां ब्रह्मविषे वास्तवतैं कोईभीअनात्मवस्तुकातादात्म्य नहींहै ॥ तथापि भ्रां तिकरके ताब्रह्मविषे अनात्मवस्तुकातादात्म्य प्रतीतहोवैहै ॥ ताभ्रांतिसिद्धतादात्म्यकूं तेनित्यादिकवि शेषण निवृत्तकरैहैं ॥ ताकेविषेभी कार्यप्रपंचकेतादात्म्यकूं नित्य यहविशेषण निवृत्तकरैहै ॥ सोब्रह्मका नित्यपणा ' आकाशवत्सर्वगतश्चनित्यः ' इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरकेहीसिद्धहै ॥ और ताकार्यप्रपंचके धर्मोंकेतादात्म्यकूं शुद्ध यहविशेषण निवृत्तकरैहै ॥ सोब्रह्मकाशुद्धपणा ' अस्नाविरंशुद्धमपापविद्धं' इ त्यादिकश्रुतिप्रमाणकरेकहीसिद्धहै ॥ तहां रागद्वेषादिकविकारोंतैंजोरहितपणाहै यहही ताब्रह्मविषेशु द्धपणाहै ॥ और कारणभूतअज्ञानकेतादात्म्यकूं बुद्ध यहविशेषण निवृत्तकरैहै ॥ तहां सर्वदा एकरसज्ञा नरूपताकानाम बुद्धपणाहै ॥ सोब्रह्मकाबुद्धपणा ' प्रज्ञानघनः ' इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरकैहीसिद्धहै और अज्ञानकृतआवरणादिकोंकेतादात्म्यकूं मुक्त यहविशेषण निवृत्तकरैहै ॥ तहां बंधतैंरहितपणेकाना म मुक्तपणाहै ॥ सोब्रह्मकामुक्तपणा ' विमुक्तश्चविमुच्यते ' इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरकैहीसिद्धहै ॥ और मिथ्यापणेकूं सत्य यहविशेषण निवृत्तकरैहै ॥ तहां तीनकालविषे जाकाबाधनहींहोवै सो सत्यक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ह्याजावैहै ॥ सोब्रह्मकासत्यपणा 'सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म । सदेवसोम्येदमग्रआसीत् ' इत्यादिकश्रुतिप्रमा
णकरकेहीसिद्धहै ॥ और आनंद यह विशेषण ताब्रह्मकेपुरुषार्थपणेकूं कथनकरैहै ॥ सोब्रह्मकीआनंदरू
पता 'आनंदोब्रह्मेतिव्यजानात् विज्ञानमानंदंब्रह्म ' इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरकेहीसिद्धहै ॥ और अ
द्वय यहविशेषण ताब्रह्मकी अखंडएकरसताकूं कथनकरैहै ॥ तहां नहींविद्यमानहैद्वैतजिसविषे ताका
नाम अद्वयहै ॥ अर्थात् भेदवादियोंने कल्पनाकरेजेपंचभेदहैं तिनोंतैंरहितकानाम अद्वयहै ॥ तेपंच
भेद ये हैं ॥ जीवोंका पररूपरभेद १ जीव ईश्वर दोनोंका पररूपरभेद २ घटादिकजडपदा
र्थोंका पररूपरभेद ३ ईश्वरका तथाजडजगत्का पररूपरभेद ४ जीवका तथाजडजगत्का प
ररूपरभेद ५ इसप्रकार जीवईश्वरादिरूपप्रतियोगियोंकेभेदकरके तेभेद पंचप्रकारकेहोवैहैं ॥ ते
सर्वभेद कल्पितहैं ॥ यातैं तिनपंचभेदोंतैंजोरहितपणा ब्रह्मविषेसंभवैहै ॥ अथवा सजातीयभेद १ विजा
तीयभेद २ स्वगतभेद ३ इनतीनभेदोंतैंजोरहितहोवै ताकानाम अद्वयहै ॥ सोब्रह्मकीअद्वयरूपता 'ए
कमेवाद्वितीयं ' इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरकैहीसिद्धहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व अज्ञानादिकजड
समूहकूं अचेतनकह्या तहां ताअज्ञानका स्वरूपक्याहै तथालक्षणक्याहै तथाप्रमाणक्याहै ॥ ऐसीशं
काकेप्राप्तहुए ॥ अब यथाक्रमतैं ताअज्ञानके स्वरूपकूं तथालक्षणकूं तथाप्रमाणकूं निरूपणकरें है॥ त
हां सोअज्ञान त्रिगुणात्मकहै ॥ अर्थात् सत्व रज तम ये तीनगुणहैं आत्मा कहिये स्वरूप जिसक
ऐसात्रिगुणात्मक अज्ञानहै ॥ तहां अज्ञानकेकार्यभूतजगत्विषे सुख दुःख मोह रूपता प्रत्यक्षप्रतीतहो॥
वैहै ॥ और तेसुखादिकतीनों यथाक्रमतैं सत्त्वादिकतीनगुणोंकेहीपरिणामहोवैं हैं ॥ और कारणकेसमा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नस्वभाववालाहीकार्यहोवैहै ॥ यातैं जगत्रूपकार्यविषे त्रिगुणरूपताकूंदेखिकै कारणभूतअज्ञानविषेभी सोत्रिगुणरूपता कल्पनाकरीजावैहै और 'अजामेकांलोहितशुक्लकृष्णां' यहश्रुतिभी ताअज्ञानकूं त्रिगुणरूपकहैहै ॥ इनतैंकरिकै अज्ञानकास्वरूपकह्या अब ताअज्ञानका लक्षणकहैहैं ॥ 'सदसाद्भि लक्षणम् अज्ञानम्' अर्थयह॥सत्यपदार्थतैं तथाअसत्यपदार्थतैं जो विलक्षणहोवै सो अज्ञानकह्याजावैहै॥ अर्थात् जिसका सत्यरूपकरिकै तथाअसत्यरूपकरिकै निरूपण नहींहोइसकै सो अज्ञानकह्याजावैहै ॥ तहां अज्ञानकूं जोसत्यमानियें ॥ तौ जोसत्यब्रह्मकीन्यांई ॥ ताअज्ञानका नाशनहींहोणाचाहिये ॥ और ब्रह्मज्ञानकरिकै ताअज्ञानका नाशहोइजावैहै ॥ यातैं सोअज्ञान सत्यरूपकरिकैभी निरूपणकऱ्याजावै नहीं ॥ और ताअज्ञानकूं जोअसत्यमानिये ॥ तौ असत्यवंध्यापुत्रकीन्यांई ताअज्ञानका प्रत्यक्षनहीं होणाचाहिये ॥ और सोअज्ञानतौ मैंब्रह्मकूंनहींजानताहूं याप्रकारके प्रत्यक्षअनुभवका विषयहुआहीं प्रतीतहावहै ॥ यातैं सोअज्ञान असत्यरूपकरिकैभी निरूपणकऱ्याजावैनहीं ॥ याकारणतैं ताअज्ञान कूं अनिर्वचनीयकहैहैं । तहां'असद्भिलक्षणम् अज्ञानम्'।इतनामात्रही ।जोताअज्ञानकालक्षणकरते ॥ तौ वंध्यापुत्रादिकअसत्यपदार्थतैंविलक्षण जोसत्यब्रह्महै ताकेविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअ तिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । सद्भिलक्षण । यहपद कथनकऱ्याहै ब्रह्म सत्तैंवि लक्षणनहींहै ॥ यातैं ताकेविषेअतिव्याप्तिहोवैनहीं॥और । 'सद्भिलक्षणम् अज्ञानम् । 'इतनामात्रही जो ताअज्ञानकालक्षणकरते ॥ तौ सत्यब्रह्मतैंविलक्षण जेवंध्यापुत्रादिकअसत्यपदार्थहैं तिनोंविषे ताल क्षणकि अतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । असद्भिलक्षण । यहपद कथन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कऱ्याहै ॥ तेवंध्यापुत्रादिक असत्तैंविलक्षणनहींहैं ॥ यातैं तिनोंविषे अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ और वा स्तववैंविचारकरिकैदेखियेतौ । सद्विलक्षणम् अज्ञानम् । इतनामात्रही ताअज्ञानकालक्षण संभवैहै ॥ अ सत् यहपद व्यर्थहींहै ॥ काहेतैं जोकोईअसत्वस्तुहोवै ॥ तौ ताका असत्पणा नहींसंभवैगा ॥ और जोकोईअसत्वस्तुहैहीनहीं ॥ तौ किसविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैगी ॥ यातैं ताअज्ञानकेलक्षण विषे । असद्विलक्षण । यहजोपद ग्रंथकारोंनेदियाहै ॥ सोकेवल शिष्योंकेबुद्धिकीवृद्धिवासतैदियाहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे अज्ञान सत्तैंविलक्षणहै ॥ तैसे यहकार्यप्रपंचभी तासत्तैंविलक्षणहीहै ॥ यातैं कार्यप्रपंचविषे ताअज्ञानकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताउक्तलक्षणविषे अना दि इसपदकेकहणेकरिकै सोअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ अर्थात् ' सद्विलक्षणमनादि अज्ञानं ' यहअज्ञान कालक्षणहै ॥ ताकार्यप्रपंचविषे अनादिपणाहैनहीं ॥ यातैं ताप्रपंचविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैन हीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसउक्तलक्षणकीभी जीवईश्वरविषे अतिव्याप्तिहीहोवैहै ॥ काहेतैं सोजीवईश्व र कल्पितहोणेतैं सत्तैंविलक्षणभीहै तथाअनादिभीहै ॥ तहां ' जीवेशावाभासेनकरोति ' इसश्रुतिवच नकरिकै तथा 'मायाभासेनजीवेशौकरोतीतिश्रुतत्वतः । कल्पितावेवजीवेशौताभ्यांसर्वप्रकल्पितं ' इस विद्यारण्यस्वामीकेवचनकरिकै ताजीवईश्वरविषे कल्पितपणाहीसिद्धहोवैहै और ' जीवेशौ च विशुद्धा चिद्विभागस्तुतयोर्द्वयोः । अविद्याताच्चितोर्योगःषडस्माकमनादयः ' अर्थयह ॥ जीव १ ईश्वर २ शुद्धचै तन्य ३ तिनोंकापरस्परभेद ४ अविद्या ५ ताअविद्याकाचेतनकेसाथसंबंध ६ येषट्पदार्थ हमारेमत विषे अनादिहैं इति ॥ इस सांप्रदायिकवचनतैं ताजीवईश्वरविषे अनादिपणा सिद्धहोवैहै ॥ यातैं ताजी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वईश्वरविषे ताउक्तलक्षणकीअतिव्याप्ति वज्रलेपहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्त करणेवासते तालक्षणविषे 'ज्ञाननिवर्त्त्यं' यहपदभी हम कथनकरैहैं ॥ तहां 'यतोज्ञानमज्ञानस्यैवनिवर्त्तकम्' इसवचनकरिके श्रीपंचपादिकाचार्यनैं ज्ञानकरिकै केवलअज्ञानमात्रकीहींनिवृत्ति कथनकरी है ॥ अन्यकीनिवृत्तिकथनकरीनहीं ॥ और जीव ईश्वरादिभावकीनिवृत्तितौ ताअज्ञानकीनिवृत्तिकरिकै हीहोवैहै ॥ यातैं ताजीवईश्वरविषे ज्ञानकरिकैनिवृत्तपणाहैनहीं ॥ यातैं ताजीवईश्वरविषे ताउक्तलक्षण की अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ यातैं ताअज्ञानका 'सद्विलक्षणमनादि ज्ञाननिवर्त्त्यम् अज्ञानम्' यहलक्षणसिद्धभया ॥ अथवा 'अनाद्युपादानंज्ञाननिवर्त्यम् अज्ञानम्' यहद्वितीय अज्ञानंकालक्षण करणा ॥ तहां इसलक्षणविषे अनादिप्राग्भावविषे अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासते उपादान यहपद कथनकऱ्याहै ॥ और घटादिककार्योंकेउपादानकारणभूतमृत्तिकादिकोंविषे अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकारणेवासते अनादि यहपद कथनकऱ्याहै ॥ और अनादि तथाविवर्त्तउपादानरूप ब्रह्मविषे अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासते ज्ञाननिवर्त्त्य यहपद कथन कऱ्याहै ॥ इहां अज्ञानविषे परिणामउपादानता ग्रहणकरणी ॥ और कैएक वादी ज्ञानके अभावकूंही अज्ञानकहैंहैं तिन्होंकेखंडनकरणेवासते सिद्धांतविषे ताअज्ञानकूं भावरूपमान्याहै इति ॥ अब ताअज्ञानविषे प्रमाणकूंकहेहैं ॥ तहां 'अहंब्रह्मनजानामि' अर्थात् मैंब्रह्मकूंनहींजानताहूं याप्रकारका अज्ञानविषयिकप्रत्यक्षअनुभव सर्वप्राणियोंकूंहोवैहै ॥ यातैं ताअज्ञानविषे एकतौ यह प्रत्यक्षहीप्रमाणहै ॥ और दूसरा श्रुतिस्मृतिभी प्रमाण है ॥तहांश्रुति ॥ 'तेध्यानयोगानुगताअपश्यन् देवात्मशक्तिंस्वगुणैर्निगूढाम्' अर्थयह॥कालस्वभावादिककारणोंविषे नानाप्रकारकेदोषोंकाविचारकरि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कै जगत्केकारणकानिश्चयकरणेवासते ब्रह्मकेध्यानपरायणहुए तेब्रह्मवेत्तापुरुष देवात्मशक्तिकूंही जगत्कारणरूपकरिकैदेखतेभये ॥ जोअज्ञानरूपशक्ति आपणेसत्त्वादिकगुणोंकरिकैनिगूढहै इति ॥ इस श्रुतिकाअर्थ आत्मपुराणकेअष्टमअध्यायविषे विस्तारतैंकथनकऱ्याहै ॥ तहांस्मृति ॥ 'अज्ञानेनावृतं ज्ञानंतेनमुह्यंतिजंतवः । ज्ञानेनतुतदज्ञानंयेषांनाशितमात्मनः' अर्थयह जिनजीवोंकाज्ञान अज्ञानकरिकैआवृतहुआहै तेजीव तिसअज्ञानकृतआवरणकरिकै संसारकूंहीप्राप्तहोवैहैं ॥ और जिनजीवोंका सोअज्ञान गुरुशास्त्रकेप्रसादजन्यज्ञानकरिकैनिवृत्तहुआहै तिन पुरुषोंका अहंब्रह्मास्मि यहज्ञान प्रत्यक् अभिन्नब्रह्मकूं प्रकाशकरैहै इति ॥ यहगीतास्मृतिभी ताअज्ञानविषेप्रमाणहै ॥ किंवा इसस्मृतिविषे अज्ञानकूं ब्रह्मकेस्वरूपकाआवरकपणा कथनकऱ्याहै ॥ सोआवरकपणा भावपदार्थविषेहीहोवैहै ॥ अभावपदार्थविषेहोतानहीं ॥ यातैं ज्ञानकेअभावकूं अज्ञानरूपमानणेहारे नैयायिकोंनेभी इसस्मृतिवचनकेविरोधतैं ताअज्ञानकूं भावरूपही मान्याचाहिये ॥ यातैं सोगीतावचन ताअज्ञानकीभावरूपताविषेभी प्रमाणहै ॥ और इसउक्तगीतावचनविषे ज्ञानकरिकैअज्ञानकानाश कथनकऱ्याहै ॥ ताकरिकै त्रिगुणात्मक अचेतन स्वतंत्र पारमार्थिक परिणामी नित्य ऐसाजोप्रधानहै सोईही अज्ञानहै यहसांख्ययोंका मतभी खंडनहुआजानणा ॥ तहां लोकविषे अचेतनरथादिकोंकी चेतनकेअधीनहीप्रवृत्ति देखणेविषे आवैहै ॥ स्वतंत्रप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ यातैं ताप्रधानकूं अचेतनमानिके पुनःस्वतंत्रमानणा यहभी अत्यंत विरुद्धहै॥और लोकविषे परिणामीक्षीरादिकोंकूं सावयवताकरिकै अनित्यपणाही देखणेविषेआवैहै॥यातैं ताप्रधानकूं परिणामीमानिकै पुनःनित्यमानणा यहभी अत्यंतविरुद्धहै यातैं सोसांख्ययोंकामतसमी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चीननहींहै इति ॥ इतनेपर्यंत अज्ञानका स्वरूप तथालक्षण तथाप्रमाण कथनकऱ्या ॥ अब ताअज्ञानके विभागकूं कथनकरैहैं ॥ तहां सोउक्तअज्ञानमाया १ अविद्या २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां शुद्धसत्त्वगुणप्रधानहुआ सोअज्ञान माया कह्याजावैहै ॥ और मलिनसत्त्वगुणप्रधानहुआ सोअज्ञान अविद्या कह्याजावैहै ॥ तहां जोसत्त्वगुण रज तम इनदोनोंगुणोंकरिकै तिरस्कारकूंनहींप्राप्तभयाहै ॥ सो सत्त्वगुण शुद्ध कह्याजावैहै ॥ और जोसत्त्वगुण ता रजोतमोगुणकरिकै तिरस्कारकूंप्राप्तभयाहै ॥ सो सत्त्वगुण मलिन कह्याजावैहै ॥ इसप्रकार सोएकहीअज्ञान सत्त्वगुणकीशुद्धिकरिकै मायारूपहोवैहै ॥ और सत्त्वगुणकीमलिनताकरिकै अविद्यारूपहोवैहै ॥ तहां श्रुति 'मायाचाविद्याचस्वयमेवभवति' अर्थयह सोमूलप्रकृतिरूपअज्ञान आपही मायारूप तथाअविद्यारूप होवैहै इति ॥ और माया अविद्या इनदोनोंउपाधियोंकरिकै सोएकहीचैतन्य जीव ईश्वर इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै तहां तामायाविषेप्रतिबिंबितचैतन्यतौ ईश्वर कह्याजावैहै ॥ और ताअविद्याविषेप्रतिबिंबितचैतन्य जीव कह्याजावैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'जीवेशावाभासेनकरोति' अर्थयह सोअज्ञान स्वनिष्ठआभासकरिकै जीव ईश्वर दोनोंकूंकरैहै इति ॥ और कैएकग्रंथकारतौ तामायाअविद्याका इसप्रकारतैं भेदवर्णनकरैहैं ॥ ता अज्ञानकी दोप्रकारकीशक्ति होवैहै ॥ एकतौ ज्ञानशक्ति होवैहै ॥ और दूसरी क्रियाशक्ति होवैहै ॥ तहां कार्यकाजनक जोकारणनिष्ठसामर्थ्यहै ताकानाम शक्तिहै ॥ ताकेविषेभी ज्ञानकीजनक जोशक्ति है सोज्ञानशक्ति कहीजावैहै ॥ और क्रियाकोजनक जोशक्तिहै सोक्रियाशक्ति कहीजावैहै ॥ तहां रज तम इनदोनोंगुणोंकरिकै नहींअभिभवकूंप्राप्तभया जोसत्त्वगुणहै ॥ सोसत्त्वगुण ज्ञानशक्ति कह्याजा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वैहै ॥ तहां ' सत्वात्संजायतेज्ञानं ' इसवचनकरिकै गीताविषे श्रीभगवान्ने सत्त्वगुणतैंज्ञानकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ यातैं तासत्त्वगुणकूं ज्ञानशक्तिरूपताविषे सोगीताकावचनहीप्रमाणहै ॥ और सत्त्वगुणक रिकै नहींअभिभवकूंप्राप्तभये जे रज तम येदोगुणहैं तेदोनोंगुण क्रियाशक्ति कहेजावैं हैं ॥ सोक्रि याशक्तिभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ आवरणशक्तिहोवैहै ॥ और दूसरी विक्षेपशक्तिहोवैहै ॥ तहां आवरणकीजनकशक्तिकूं आवरणशक्ति कहैं हैं॥ और विक्षेपकीजनकशक्तिकूं विक्षेपशक्ति कहैं हैं॥ तहां सत्त्व रज इनदोगुणोंकरिकै नहींअभिभवकूंप्राप्तभया जोतम गुणहै सोतमोगुण आवरणशक्ति कह्याजा वैहै ॥ यहवार्त्ता भगवान्भाष्यकारनेभीकहीहै ॥ तहांभाष्यवचन ' कृष्णं तमः आवरणात्मकत्वात् ' अ र्थयह ॥ 'अजामेकांलोहितशुक्लकृष्णां' इसमंत्रविषेस्थित जोकृष्ण शब्दहै ॥ सो तमोगुणकाहीवाचकहै ॥ तमोगुणकूं आवरणरूपहोणेतैं इति ॥ इसवचनकरिकै श्रीभाष्यकारोंने तातमोगुणकूंआवरणकपणा इस उक्तश्रुतिकेव्याख्यानाविषे कथनकऱ्याहै ॥ यातैं तिसतमोगुणविषे आवरणशक्तिरूपता संभवैहै ॥ यह आवरणशक्तिकास्वरूपकह्या ॥ अब ताआवरणशक्तिका लक्षणकहैं हैं ॥ ' नास्तिनप्रकाशतेइतिव्यवहा रहेतुः आवरणशक्तिः, अर्थयह ॥ ब्रह्महैनहीं तथा ब्रह्मभासतानहीं याप्रकारकेव्यवहारकाजोकारणहो वै सोआवरणशक्ति कह्याजावैहै इति ॥ इसीप्रकारतैं पूर्वज्ञानशक्तिकाभी ' अस्तिप्रकाशतेइतिव्यवहा रकारणं ज्ञानशक्तः, याप्रकारकालक्षण जानिलेणा ॥ यहआवरणशक्तिकालक्षण श्रीविद्यारण्यस्वामी नेभीकह्याहै ॥ ' नभातिनास्तिकूटस्थइत्यापादनमावृत्तिः ' अर्थयह कूटकीन्यांई निर्विकाररूपकरिकै जोस्थितहोवैहै ताकानाम कूटस्थह ॥ ऐसापरमात्मादेवहै ॥ सोपरमात्मा नहींहै तथाभासतानहीं याप्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कारकेव्यवहारकाजोकारणहै सो आवरणशक्ति कह्याजावैहै इति ॥ अब विक्षेपशक्तिकानिरूपणकरैं हैं ॥ तहां तम सत्त्व इनदोनोंगुणोंकरिकै नहींअभिभवकूंप्राप्तभया जोरजोगुणहै सोरजोगुण विक्षेपशक्ति कह्याजावैहै ॥ तहां ' रजसोलोभएवच ' इसगीतावचनविषे रजोगुणतैं लोभादिकोंकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ और लोभ मद मत्सर इत्यादिकोंकूं विक्षेपकीकारणता प्रसिद्धहीहै यातैं ताउक्तविक्षेपशक्तिविषे सोगीतावाक्यहीप्रमाणहै ॥ अब ताविक्षेपशक्तिकालक्षणकहैं हैं ॥ 'आकाशादिप्रपंचोत्पत्तिहेतुः विक्षेपशक्तिः ' अर्थयह ॥ आकाशादिकप्रपंचकेउत्पत्तिकाकारण जोशक्तिहै सोविक्षेपशक्ति कहीजावैहै ॥ यह विक्षेपशक्तिकालक्षण आचार्योंनेभी कथनकऱ्याहै ॥ 'विक्षेपशक्तिर्लिंगादिब्रह्मांडांतंजगत्सृजेत्' अर्थयह समष्टिव्यष्टि रूपलिंगशरीरतैंआदिलैके चतुर्दशभुवनब्रह्मांडपर्यंत सर्वजगत्कूं सो विक्षेपशक्तिही उत्पन्नकरैहै इति ॥ यातैंयह अर्थसिद्धभया सोपूर्वउक्तअज्ञानही ताउक्तआवरणशक्ति प्रधानहुआ अविद्या कह्याजावैहै ॥ और ताउक्तविक्षेपआदिशक्तिप्रधानहुआ माया कह्याजावैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताआवरणशक्तिप्रधानअज्ञानकूं मायारूपता क्योंनहींहोवै। तथा ताविक्षेपआदिशक्तिप्रधानअज्ञानकूं अविद्यारूपता क्योंनहींहोवै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शास्त्रवेत्तापुरुषोंने तामायाका तथा अविद्याका यहलक्षणकऱ्याहै ॥ 'स्वाश्रयाऽव्यामोहकरी माया' अर्थयह ॥ आपणेआश्रयकूं जो व्यामोहकीप्राप्तिनहींकरैहै सो मायाकहीजावैहै इति ॥ 'स्वाश्रयव्यामोहकरी अविद्या' अर्थयह ॥ आपणेआश्रयकूं जो व्यामोहकीप्राप्तिकरैहै सा अविद्याकहीजावै इति ॥ तहांताआवरणशक्तिकूंतो मोहकारीपणाहै ॥ यातैं ताआवरणशक्तिप्रधानअज्ञान अविद्याहीकह्याजावैहै ॥ मायाकह्याजावैनहीं ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

और ताविक्षेपआदिक शक्तिकूं सोमोहकारीपणाहैनहीं ॥ यातैं ताविक्षेपआदिशक्तिप्रधानअज्ञान मायाही कह्याजावैहै ॥ अविद्याकह्याजावैनहीं ॥ इहां विक्षेपआदि इसआदिशब्दकरिकै पूर्वउक्तज्ञानशक्तिकाभीग्रहणकरणा ॥ इसप्रकारका मायाअविद्याकाभेद स्मृतिविषेभीकह्याहै ॥ तहांस्मृति 'तरत्यविद्यांवितताहृदियस्मिन्निवेशिते । 'योगीमायाममेयायतस्मैविद्यात्मनेनमः' अर्थयह ॥ हृदयविषे जिसपरमात्माकेसाक्षात्कारहुए ब्रह्मवेत्तायोगीपुरुष ताआवरणशक्तिप्रधानअज्ञानरूपअविद्याकूं तथाताविक्षेपशक्तिप्रधानअज्ञानरूपमायाकूं नाशकरैहै तिसज्ञानस्वरूपअप्रमेयब्रह्मकेतांई हमारानमस्कारहै इति ॥ अब तामायाअविद्याविभागकेनिरूपणकाफल कैहैं ॥ ताउक्तमायाकरिकैउपहितजोचैतन्यहै ॥ सोमायाउपहितचैतन्यतौ ईश्वरकह्याजावैहै ॥ तथा जगत्काकारण कह्याजावैहै ॥ तथा अंतर्यामीकह्याजावैहै ॥ तहां 'एषसर्वेश्वरः' यह श्रुतितौ तामायाउपहितचैतन्यकूं ईश्वर कहेह ॥ और 'एषोंऽतर्यामी' यहश्रुति ताकूं अंतर्यामी कहेहै ॥ और 'एषोयोनिःसर्वस्य' यह श्रुति ताकूं सर्वकाकारण कहैहै ॥ यातैं तामायाउपहितचैतन्यके ईश्वरपणेविषे तथा अंतर्यामीपणेविषे तथा जगत्कारणपणेविषे यहउक्तश्रुतिही प्रमाणहै ॥ सोमायाउपहितचैतन्यही तत्पदकावाच्यअर्थहै ॥ और पूर्व उक्त अविद्याकरिकैउपहित जोचैतन्यहै ॥ सो जीव कह्याजावैहै ॥ तथाप्राज्ञ कह्याजावैहै ॥ सोजीवही त्वंपदकावाच्यअर्थहै ॥ इहां उपहितशब्दकरिकै प्रतिबिंबितकाग्रहणकरणा ॥ अर्थात् तामायाविषेप्रतिबिंबितचैतन्य ईश्वरकह्याजावैहै ॥ और ताअविद्याविषेप्रतिबिंबितचैतन्य जीवकह्याजावैहै ॥ यहवार्त्ता श्रीविद्यारण्यस्वामीने पंचदशीग्रंथविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक 'तमोरजःसत्वगुणाप्रकृतिर्द्विविधाचसा ॥ सत्वशुद्धचविशुद्धिभ्यां

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मायाऽविद्येचतेमते ॥१॥ मायाबिंबोवशीकृत्यतांस्यात्सर्वज्ञईश्वरः॥अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेक
धा ॥२॥ अर्थयह ॥ सच्चिदानंदब्रह्मकेप्रतिबिंबकरिकैयुक्त तथासत्त्वरजतमतीनगुणरूप जोप्रकृतिहै ॥
सोप्रकृति माया अविद्या इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां शुद्धसत्त्वगुणकीप्रधानताकरिकैतौ
सोप्रकृति मायाकहीजावैहै ॥ और मलिनसत्वगुणकीप्रधानताकरिकै सोप्रकृति अविद्याकहीजावैहै ॥
तहां तामायाविषेप्रतिबिंबितजोचैतन्यहै ॥ सो तामायाकूंआपणेवशकरिकै सर्वज्ञ तथाईश्वर होवैहै ॥
और ताअविद्याविषेप्रतिबिंबितजोचैतन्यहै ॥ सो जीवकह्याजावैहै ॥ सोजीवचैतन्य ताअविद्याकेवश
हुआ तिसअविद्याकीविचित्रतातैं आपभी देवमनुष्यादिरूपकरिकै अनेकप्रकारकाहीहोवैहै ॥ इहांयह
तात्पर्यहै ॥ सोपूर्वउक्त शुद्धसत्त्वगुणप्रधानमाया एकहीहोवैहै ॥ यातैं तामायाविषेप्रतिबिंबितईश्वरचैत
न्यभी एकहीहोवैहै ॥ और सोपूर्वउक्त मलिनसत्त्वप्रधानअविद्या तामलिनताकीविचित्रतातैं अनेकप्र
कारकीहीहोवैहै ॥ यातैं ताअविद्याविषेप्रतिबिंबितजीवचैतन्यभी अनेकप्रकारकाहीहोवैहै ॥ यातैं इस
उक्तपक्षविषे नानाजीवहीसिद्धहोवैहैं इति ॥ अब इसउक्तअर्थविषे श्रुतिप्रमाणभी कहैहैं ॥ 'अस्मान्मा
यीसृजतेविश्वमेतत्तस्मिंश्चान्योमाययासन्निरुद्धः। मायांतुप्रकृतिंविद्यान्मायिनंतुमहेश्वरम्' अर्थयह॥ मा
याउपाधिकपरमात्मा सृष्टिकेआदिकालविषे आकाशादिकब्रह्मांडांतजगत्कूं वेदकेशब्दोंतैं उत्पन्नकरता
भया ॥ अर्थात् सोपरमात्मा भू इसप्रकारकेवेदशब्दकूंउच्चारणकरिकै पृथिवीकूंउत्पन्नकरताभया ॥ इस
प्रकार अकाशआदिकशब्दोंकूंउच्चारणकरिकै तिनआकाशआदिकोंकूंभी उत्पन्नकरताभया॥यहवार्ता'स
भूरित्युक्त्वाभुवमसृजत्। वेदशब्देभ्यएवादौनिर्ममेसमहेश्वरः' इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचनोंविषे आतिप्रसि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्धहीहै ॥ तिसउत्पन्नहुएजगत्विषे सोअविद्याउपाधिकजीव पूर्वउक्तमायाकरिकै देहादिकोंविषेअहंमम अभिमानकरिकै बंधायमानहोवैहै ॥ और मायाकूं जगत्काउपादानकारण जानणा ॥ और तामाया उपाधिवालेचैतन्यकूं जगत्काकर्त्ता महेश्वर जानणा ॥ इहां यहअभिप्रायहै ॥ शुद्धब्रह्मकूंतौ जगत्की कारणताहैनहीं ॥ किंतु मायाउपाधिकपरमात्माकूंही जगत्कीकारणताहै ॥ तहां सोपरमात्मा तामा याउपाधिकीप्रधानताकरिकैतौ जगत्का उपादानकारणहै ॥ और आपणेचैतन्यरूपकीप्रधानताकरि कै ताजगत्का कर्त्तारूपनिमित्तकारणहै इति ॥ तहां पूर्वउक्तदोमतोंविषे अज्ञानकेएकहुएभी मायाअ विद्याकेभेदकूंसिद्धकरिकै जीवईश्वरकाभेद तथाजीवोंकानानापणा दिखाया ॥ अब जेग्रंथकार ताअ ज्ञानकूंएकमानिकै तथातामायाअविद्याकेभेदकूंनमानिकै बिंबप्रतिबिंबभावकरिकै ताजीवईश्वरकेभेदकूं मानैंहैं तथाजीवकूंएकही मानैंहैं ॥ तिनोंकेमतकानिरूपणकरहैं ॥ जैसे एकहीदेवदत्तनामापुरुष पाक पाठक्रियारूपनिमित्तकेभेदकरिकै पाचक पाठक इनदोनामोंकरिकै कह्याजावैहै ॥ तैसे सोएकहीअज्ञा न विक्षेपआवरणशक्तिरूपनिमित्तकेभेदकरिकै माया अविद्या इनदोनामोंकरिकै कह्याजावैहै ॥ तात्प र्ययह ॥ जैसे पाचक पाठक ये दोनोंशब्द ताएकहीदेवदत्तपुरुकेवाचकहैं ॥ तिनवाचकशब्दोंकेभेद करिकै तादेवदत्तपुरुषकाभेद होतानहीं ॥ तैसे माया अविद्या ये दोनोंशब्दभी ताएकहीअज्ञानकेवा चकहैं ॥ तिनवाचकशब्दोंकेभेदकरिकै ताअज्ञानकाभेद संभवतानहीं ॥ यातैं तामायाअविद्याका भेद नहींहै ॥ ऐसेएकअज्ञानरूपअविद्याविषे जोचैतन्यकाप्रतिबिंबहै सोतौ जीव कह्याजावैहै ॥ और सो अविद्याउपहितबिंबचैतन्य ईश्वर कह्याजावैहै ॥ इसप्रकार तामायाअविद्याकेभेदकूंनहींअंगीकारकरिकै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भी बिंबप्रतिबिंबभावकरिकै सोजीवईश्वरकाभेद संभवैहै ॥ यहवार्त्ता श्रीव्यासभगवान्नेभीकहीहै ॥ तहांसूत्र 'आभासएवच' अर्थयह जैसे जलादिकउपाधियोंविषे सूर्यचंद्रादिकोंका प्रतिबिंबहोवै है ॥ तैसे यहजीवभी चैतन्यका प्रतिबिंबरूपहीहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे सूर्यादिकोंकेप्रतिबिंबका जलादिक उपाधिहोवैहैं ॥ तैसे इसजीवरूपप्रतिबिंबका तथाबिंबभूतईश्वरका कौनउपाधिहै ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए ॥ अब मतभेदसे ताजीवईश्वरकेउपाधिकावर्णनकरैहैं ॥ तहां कैएकग्रंथकारतौ अंतःकरणकूंही ताजीवकाउपाधिमानैहैं ॥ काहेतैं अंतःकरणविशिष्टचैतन्यविषेही अहंकर्त्ता अहंभोक्ता याप्रकारतैं कर्तृत्वभोक्तृत्वादिकसंसारकाअनुभवहोवैहै ॥ और 'कार्योपाधिरयंजीवः' यहश्रुतिभी ताअंतःकरणरूपकार्यकूंही जीवकाउपाधिपणा कहैहै ॥ यातैं ताप्रतिबिंबरूपजीवका सोअंतःकरणही उपाधिहै ॥ तेअंतःकरण नानाहैं तथापरिच्छिन्नहैं ॥ यातैं तिनअंतःकरणोंविषे प्रतिबिंबरूपतेजीवभी नानाहैं तथापरिच्छिन्नहैं इति ॥ और कैएकग्रंथकारतौ ऐसेकहैहैं ॥ सोअंतःकरण अज्ञानकाकार्यहोणेतैं अस्वतंत्रहै ॥ यातैं ताअंतःकरणविषे बिंबत्वप्रतिबिंबत्वरूपतैं जीवपरमात्माकाभेदकपणा संभवतानहीं ॥ यातैं सोअंतःकरण जीवकाउपाधि नहींहै ॥ किंतु स्वतंत्रहोणेतैं सोअज्ञानही ताजीवकाउपाधिहै ॥ सोजीवकाउपाधिरूपअज्ञानभी एकनहींहै ॥ किंतु नानाहींहैं ॥ ताअज्ञानरूपउपाधिकेनानापणेकरिकै ताअज्ञानविषेप्रतिबिंबरूपजीवभी नानाहींहैं ॥ और ब्रह्मविषेआरोपितहोणेतैं तेअज्ञान परिच्छिन्नहैं ॥ यातैं तिनअज्ञानोंविषेप्रतिबिंबरूप तेजीवभी परिच्छिन्नहीहैं ॥ तथा परस्पर भेदवालेहैं ॥ यातैं पुण्यपापकर्मकेसुखदुःखरूपफलका व्यतिकरहोवैनहीं ॥ तहां एकके सुखीहुए वा दुःखीहुए जोसर्वोंकूं तासुख

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

की वादुःखकी प्राप्तिहै ताकानाम कर्मफलव्यतिकरहै ॥ सो जैसे एकजीवपक्षविषेप्राप्तहोवेहै तैसे इस नानाजीवपक्षविषे प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं तेनाअज्ञानही तार्बिंबरूपईश्वरका तथाप्रतिबिंबरूपजीवोंका परस्परभेदकरणेहारा उपाधिहैं ॥ याप्रकारका तात्पर्यसूत्रकाअर्थ नानाजीववादियोंकेमतविषेसिद्ध होवेहै इति ॥ और कैएकग्रंथकारतौ यहकहैहैं ॥ ताजीवईश्वरकाभेदकरणेहारा उपाधि स्वतंत्रहोणे तैं अज्ञानहीहै ॥ परंतु सोअज्ञान नानानहींहैं ॥ किंतु एकहीहै ॥ तिसएकअज्ञानविषे जोचैतन्यका प्रतिबिंबरूपजीवहै ॥ सोजीवभी ताअज्ञानरूपउपाधिकेएकपणेकरिकै एकहीहै ॥ तथा अपरिच्छिन्नहै॥ तहां 'अजामेकांलोहितशुक्लकृष्णां' यहश्रुतिही ताअज्ञानकेएकपणेविषे प्रमाणहै ॥ और 'इंद्रोमाया भिःपुरुरूपईयते' इसश्रुतिविषे जोमायाओंकाबहुतपणा कथनकऱ्याहै ॥ सो तामायारूपअज्ञानके शक्तियोंकेबहुतपणेकूं वा सत्वआदिकगुणोंकेबहुतपणेकूं लैकेकथनकऱ्याहै ॥ यातैं ताश्रुतिकाभीविरोधहोवैनहीं ॥ और 'अजोह्येकोजुषमाणोऽनुशेते' यहश्रुति ताजीवकेएकपणेविषेप्रमाणहै ॥ तथा 'आभासएवच, इसउक्तसूत्रविषे एकवचनकरिकै सूत्रकारनैंभी ताजीवका एकपणाही कथनकऱ्याहै ॥ यातैं सोजीव एकहीमान्याचाहिये ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जीवकूं जोएकमानोंगे ॥ तौ तुम्हारेमतविषे बंधमोक्षकीव्यवस्था कैसेहोवैगी ॥ अर्थात् तत्त्वज्ञानकरिकै कैएकजीवतौ मुक्तहोवैहैं ॥ और ताज्ञानकी अप्राप्तिकरिकै कैएकजीव बद्धहोवैहैं ॥ याप्रकारकी बंधमोक्षकीव्यवस्था जैसे नानाजीवपक्षविषे संभवैहै ॥ तैसे एकजीवपक्षविषे सोव्यवस्था संभवतीनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अज्ञानके तथाजीवके एकहुएभी ताएकअज्ञानकार्यभूत जेअंतःकरणहैं तेनानाहैं और अंतःकरणविशिष्टचैतन्यकाना

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

म प्रमाताहै यातैं तिनअंतःकरणोंकेनानाहुए तेप्रमाताभी नानाहींहैं ॥ तहां तत्त्वज्ञानकरिकै एकप्र
माताकेमुक्तहुएभी तातत्त्वज्ञानतैंरहित दूसरेप्रमाता बद्धहीहोवैहैं ॥ इसप्रकार प्रमातावोंकेभेदकूंअंगी
कारकरिकै ताएकजीवपक्षविषेभी सोबंधमोक्षकीव्यवस्था संभवैहै ॥ ॥ शंका॥ । तुमएकजीववा
दियोंकेमतविषे मोक्ष क्यावस्तुहै ॥जोकहो अविद्याकीनिवृत्तिही मोक्षहै ॥ ताकेविषेभी यहविचारक
ऱ्याचाहिये ॥ क्या कार्यअबिद्याकीनिवृत्ति मोक्षहै ॥ अथवा मूलाविद्याकीनिवृत्ति मोक्षहै ॥ तहां प्रथ
मपक्षतौ संभवतानहीं ॥ काहेतैं देहादिकोंविषे आत्मत्वादिकबुद्धिरूप जेभ्रांतिज्ञानहैं तिनोंकानाम का
र्यअविद्याहै तिनसकलभ्रांतिज्ञानोंकीनिवृत्तिहीसंभवतीनहीं ॥ और मूलाविद्याकेविद्यमानहुए पुनः
तिनभ्रांतिज्ञानोंकीउत्पत्ति अवश्यहोवेगी ॥ और यत्किंचित्भ्रांतिज्ञानकीनिवृत्तिकूं पुरुषार्थरूपताहींन
हीं है ॥ यातैं ताकार्यअविद्याकीनिवृत्तिकूं मोक्षरूपता संभवतीनहीं ॥ और जोऐसाकहो ॥ ताअज्ञान
कीजोआवरणशक्तिहै ताकानाम अविद्याहै ॥ तेआवरणशक्तिरूपअविद्या नानाहैं ॥ यातैं जिसप्रमा
ताकूं तत्त्वज्ञान उत्पन्नहोवैहै तिसप्रमाताकूं आपणेसंसारकाहेतुभूत ताअविद्याकीनिवृत्तिही मुक्ति
है ॥ और जिसप्रमाताकूं सोतत्त्वज्ञान नहींउत्पन्नभयाहै ॥ तिसप्रमाताकूं ताअविद्याकेविद्यमानहूए
बंधहोवैहै ॥ इसप्रकारतैं ताएकजीवपक्षविषेभी साबंधमोक्षकीव्यवस्था संभवैहै ॥ सोयहतुम्हाराकहणा
भी संभवतानहीं ॥ काहेतैं ताअविद्याकूं नानामानिकै जोबंधकाहेतु मानोंगे तौ ताअविद्याकेआश्र
यभूतजीवोंकाभी भेदहीमानणाहोवैगा ॥ ताकरिकै तुम्हारेमतविषेभी नानाजीववादकीही प्राप्तिहोवै
गी ॥ सोतुम्हारेकूंइष्टनहींहै ॥ किंवा मूलाविद्याकीनिवृत्तिकानाम मोक्षहै ॥ यहदूसरापक्ष जोअंगीका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रकरौ सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं तत्त्वज्ञानकरिकै ताएकमूलाविद्याकेनिवृत्तहुए सर्वकीमुक्तिहो णीचाहिये ॥ और जोऐसाकहो एकहीजीवहै इसपक्षविषे सर्वकीमुक्तिहोणीचाहिये यहकहणाही विरुद्धहै सोयहभीकहणासंभवतानहीं ॥ काहे तैं तुम्हारेमतविषे पूर्वउत्पन्नहुएशुकवामदेवआदिकोंकीमु क्ति अंगीकारहै अथवानहीं ॥ तहां प्रथमपक्ष जोअंगीकारकरौ तौ तिनशुकवामदेवआदिकोंकेतत्त्व ज्ञानकरिकै ताएकमूलाविद्याकेनिवृत्तहुए अस्मदादिकोंकूं अभीसंसारकीप्रतीतिनहींहोणीचाहिये ॥ और जोद्वितीयपक्ष अंगीकारकरौ तौ तिनशुकवामदेवआदिकोंकीमुक्तिकूंप्रतिपादनकरणेहाराशास्त्र अप्रमाणहोवैगा ॥ और तिनशुकवामदेवआदिकमहान्पुरुषोंकीभी जभीमुक्तनहींभई तभी अस्मदा दिकोंकूं तामुक्तिकीप्राप्तिकीक्याआशाहोवैगी ॥ किंवा 'यावदधिकारमवस्थितिराधिकारिकाणां' इससूत्रकेव्याख्यानविषे भगवान्भाष्यकारनैं यहकह्याहै ॥ उपासनाकरिकै इंद्रादिकपदकूंप्राप्तभये जेअ धिकारीपुरुषहैं तिनोंकूं कोईवरशापादिकनिमित्तकेवशतैं जन्मांतरकीप्राप्तिकेहुएभी तत्त्वज्ञानकाप्रति बंधहोतानहीं ॥ यातैं तिनअधिकारीपुरुषोंकूं ताइंद्रादिरूपअधिकारकेअंतविषे मोक्ष अवश्यकरिकैहो वैहै ॥ यहसर्वकथन ताएकजीवपक्षविषे मिथ्याहीहोवैगा ॥ किंवा साक्षात्कारकऱ्याहै प्रत्यक्अभिन्न ब्रह्म जिसनैं ऐसाब्रह्मवेत्तापुरुष आपणेशिष्योंकेतांई ताब्रह्मकाउपदेशकरैहै ॥ यहवार्ता श्रुतिस्मृतिवि षेप्रसिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'तद्विज्ञानार्थंसगुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिःश्रोत्रियंब्रह्मनिष्ठम्' अर्थयह ॥ ब्र ह्मकेसाक्षात्कारवास्तै सोअधिकारीपुरुष हस्तविषेकिंचित्भेटकूंलैके श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुकेसमीपजावै इति ॥ तहांस्मृति ॥ 'उपदेक्ष्यंतितेज्ञानंज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ॥ अर्थयह' तत्ववेत्ताज्ञानीपुरुष तुम्हारेतां

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ई ज्ञानकाउपदेशकरैंगे इति ॥ तहां एकजीवपक्षविषे साक्षात्कारवालेगुरुकाहीअभावहै ॥ यातैं गुरुशिष्यकीव्यवस्थाही संभवतीनहीं ॥ ताव्यवस्थाकेअभावहुए कोईकूंभी मोक्षकीप्राप्तिनहींहोवैगी ॥ किंवा ताएकजीवपक्षविषे वेदकेकर्मकांडका तथाज्ञानकांडका भिन्नभिन्नअधिकारी संभवतानहीं ॥ यातैं ताअधिकारीकेअभावतैं ताकर्मज्ञानकांडकूंभी अप्रमाणताही प्राप्तहोवैगी ॥ यातैं अज्ञानभी एकहीहै तथाताअज्ञानउपहितजीवभी एकहीहै यहएकजीवपक्ष समीचीननहींहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ 'अजामेकांलोहितशुक्लकृष्णाम्' ॥ इत्यादिकश्रुतियोंविषे तथा 'अज्ञानेनावृतंज्ञानं ममायादुरत्यया' इत्यादिकस्मृतियोंविषे ताअज्ञानका एकपणाही निश्चयहोवैहै ॥ यातैं सोअज्ञान एकहीमान्याचाहिये ॥ ताअज्ञानकाएकत्वसिद्धहुए ताअज्ञानउपहितजीवभी एकहीमान्याचाहिये ॥ ताएकजीवपक्षविषे स्वप्नकेदृष्टांततैं बंधमोक्षादिकसर्वव्यवस्था संभवैहैं ॥ सोदिखावैं है ॥ जैसे स्वप्नअवस्थाविषे इसस्वप्नद्रष्टापुरुषनैं आपणीभ्रांतिकरिकै कल्पनाकरेजेअनेकप्रमाताहैं ॥ तिनोंविषे किसीप्रमाताकेतौ बंधकूंदेखैहै ॥ और किसीप्रमाताकेमुक्तिकूंदेखैहै ॥ ताबंधमोक्षकेदर्शनकरिकै तास्वप्नद्रष्टापुरुषकूं सोबंधमोक्ष होतानहीं ॥ तैसेजगत्अवस्थाविषेभी ताएकजीवनैं कल्पनाकरेजेअनेकप्रमाताहैं ॥ तिनोंविषे कोईबद्धहोवैहै ॥ कोईमुक्तहोवैहै ॥ तिनोंकेबंधमोक्षकेदर्शनतैं ताएकजीवकूं सोबंधमोक्ष होतानहीं ॥ यातैं ताएकजीवपक्षविषे सोबंधमोक्षव्यवस्थाभीसंभवैहै ॥ इसप्रकार स्वप्नकेदृष्टांतकरिकै गुरुशिष्यादिकसर्वव्यवस्थाजानिलेणी ॥ यातैं इसएकजीवपक्षविषे तेपूर्वउक्तदोषप्राप्तहोवैंनहीं ॥ और ताएकजीवविषे अंतःकरणविशिष्टअनेकप्रमाता कल्पितहैं ॥ तिनप्रमाताओंविषे कोईप्रमाता सुखीहै कोईप्रमातादुःखीहै ॥ याप्रकारतैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सुखदुःखकीव्यवस्थाभी संभवैहै इति ॥ तहां प्रतिबिंबत्वधर्मविशिष्टचैतन्यकानाम जीवहै॥ और बिंब त्वधर्मविशिष्टचैतन्यकानामईश्वरहै॥इसउक्तपक्षविषे अंतःकरणादिरूपउपाधिकृतदोषताप्रतिबिंबरूपजी वविषेही वर्त्तैहैं ॥ ताबिंबभूतईश्वरविषेवर्त्ततेनहीं ॥ जिसकारणतैं सोउपाधि प्रतिबिंबकेपक्षपातीहीहोवै हैं ॥ बिंबकेपक्षपातीहोवैनहीं ॥ जैसे जलादिकउपाधिकेचलनादिकधर्मता प्रतिबिंबविषेहीप्रतीतहोवै है ॥ बिंबविषेप्रतीतहोतेनहीं इति ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व अज्ञानादिकोंविषेचैतन्यकेप्रतिबिंबकूं जीव कह्या ॥ सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं रूपवान्वस्तुकाही प्रतिबिंबहोवैहै॥रूपरहितवस्तुका प्रतिबिंबहोता नहीं ॥ जैसे रूपवान्सूर्यचंद्रादिकोंका जलादिकोंविषेप्रतिबिंबहोवैहै ॥ और ब्रह्मतौ रूपादिकगुणोंतैंर हितहै ॥ यातैं ताब्रह्मका अज्ञानविषेप्रतिबिंबही संभवतानहीं ॥ और जोयहकहो ॥ जैसे रूपरहितआ काशका जलविषेप्रतिबिंबहोवैहे॥तैसे रूपरहितब्रह्मक भी ताअज्ञानविषेप्रतिबिंब संभवैहै ॥ सोयहकह णाभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं रूपतैंरहितहोणेतैं ताआकाशका जलादिकोंविषेप्रतिबिंबसंभवतानहीं ॥ किंतु ताआकाशकेआश्रित जेअभ्र प्रभा नक्षत्र आदिकरूपवान्पदार्थ हैं तिनोंकाही जलादिकोंवि षेप्रतिबिंबपड़ैहै॥और जलादिकोंविषे आकाशकाप्रतिबिंबहै यहजोलोकोंकूं अनुभवहोवैहै सोभ्रमरूपही है यातैं बिंबप्रतिबिंबभावकरिकै जोब्रह्मका जीवईश्वरविभाग पूर्वकह्याहै सोसंभवतानहीं ॥ ॥ समा धान ॥ ॥ रूपवान्वस्तुकाही प्रतिबिंबहोवैहै याप्रकारकानियम सर्वत्रसंभवतानहीं ॥ किंतु कोईक स्थलविषे रूपरहितवस्तुकाभी प्रतिबिंब देखणेविषेआवैहै ॥ जैसे रूपादिकगुण रूपतैंरहितहोवैहै । तौ भी जपाकुसुमादिकोंकेलोहितादिकरूपोंका स्फटिकादिकोंविषेप्रतिबिंब प्रत्यक्षदेखणेविषेआवैहै॥ और

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोकहो रूपरहितद्रव्यका प्रतिबिंबनहींहोवैहै यहनियम हममानतेहैं ॥ तेरूपादिकगुण द्रव्यरूपनहींहैं॥ यातैं तिनरूपादिकोंकेप्रतिबिंबहुएभी ताउक्तनियमकाभंग होवैनहीं ॥ सोयहकहणाभीसंभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं रूपरहितआकाशद्रव्यकाभी जलादिकोंविषेप्रतिबिंब देखणेविषेआवैहै ॥ तहां जैसे बाह्य नीलतावाला तथाविशालतावाला आकाशप्रतीतहोवैहै॥तैसे कूपतडागआदिकोंकेस्वल्पजलविषेभी सो नीलताविशालतावालाआकाश प्रतीतहोवैहै ॥ तहां तास्वल्पजलविषे वास्तवतैंतौ सोविशालतादिवा लाआकाशहैनहीं ॥ यातैं ताजलविषेभासमानसोआकाश ताबाह्यआकाशका प्रतिबिंबरूपहीमानणा होवैगा और इनजलादिकोंविषे यहआकाशकाहीप्रतिबिंबहै याप्रकारकाअनुभव सर्वलोकोंकूंहोवैहै ॥ ताअनुभवका कोईबाधकहैनहीं ॥ यातैं ताअनुभवकूं भ्रमरूपतासंभवतीनहीं ॥ विरोधीज्ञानरूपबाधक केविद्यमानहुएही अनुभवकूं भ्रमरूपताहोवैहै॥जैसे 'नेदंरजतम्' इसाविरोधिज्ञानरूपबाधककेहुएही शुक्ति विषे 'इदंरजतम्' इसअनुभवकूं भ्रमरूपताहोवैहै॥तैसे यहआकाशकाप्रतिबिंबनहींहै याप्रकारका विरोधी ज्ञानरूपबाधक तहांहैनहीं ॥ यातैं सोउक्तअनुभव भ्रमरूपनहींहै ॥ इसप्रकार रूपरहितआकाशद्रव्यके प्रतिबिंबकेसिद्धहुए ताब्रह्मका बिंबप्रबिंबभावकरिकै सोजीवईश्वरविभाग संभवैहै इति ॥ और रूपर हितद्रव्यका प्रतिबिंबनहींहोवैहै इसअर्थविषे जोतुम्हारा आग्रहहोवै तौ हमसिद्धांती ब्रह्मकूं द्रव्यमान तेनहीं ॥ काहेतैं नैयायिकोंनै गुणकेआश्रयकूं तथासमवायिकारणकूंही द्रव्यमान्याहै ॥ और साक्षी चेताःकेवलोनिर्गुणश्च' यहश्रुति ब्रह्मकूं निर्गुणकहैहै ॥ यातैं ताब्रह्मकूं गुणोंकाआश्रयपणा संभवतान हीं ॥ और समवायकेअनंगीकारतैं ताब्रह्मकूं समवायिकारणपणाभी संभवैनहीं ॥ यातैं रूपरहितरूपा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दिकगुणोंकीन्यांई ताब्रह्मकाप्रतिबिंबमानणेविषे कोईभीविरोधनहींहै इति ।। अथवा अज्ञानविषे ब्रह्मके प्रतिबिंबकूंनहींअंगीकारकरिकैभी याप्रकारतैं सोजीवईश्वरकाविभाग बनिसकैहै ।। तहां ताअज्ञानरूप अविद्याकरिकैविशिष्ट जोचैतन्यहै सोतौ जीवकह्याजावैहै और ताअविद्याकरिकैउपहित जोचैतन्यहै सो ईश्वरकह्याजावैहै ।। यहवार्ता पूर्वआचार्योंनैंभीकहीहै ।। तहांश्लोक ।। ' बिंबत्वंप्रतिबिंबत्वंयथापूषणिकल्पितम्।जीवत्वमीश्वरत्वंचतथाब्रह्मणिकल्पितम् अर्थयह।।जैसे सूर्यविषे बिंबपणा तथाप्रतिबिंबपणा कल्पितहै ।। तैसे ब्रह्मविषे जीवपणा तथाईश्वरपणा कल्पितहै इति ।। और कैएकग्रंथकारतौ नाना अज्ञानोंकूंअंगीकारकरिकै याप्रकारतैं ताजीवईश्वरकाविभाग वर्णनकरैहैं ।। जैसे अनेकवृक्षोंकाजोसमूहहै सो वनकह्याजावैहै ।। तहांसोवनतौ समष्टि कह्याजावैहै ।। और प्रत्येक वृक्ष व्यष्टि कह्याजावैहै।। तैसे तिननानाअज्ञानोंकाजोसमूहहै सोतौ समष्टि कह्याजावैहै ।। और प्रत्येकअज्ञान व्यष्टि कह्याजावैहै ।। तहां तासमष्टिअज्ञानउपहितचैतन्यतौ ईश्वर कह्याजावैहै ।। और ताव्यष्टिअज्ञानउपहितचैतन्य जीव कह्याजावैहै ।। तेअज्ञान नानाहैं ।। यातैं तेजीवभी नानाहैं ।। तहां इसमतवालेका यहअभिप्रा यहै ।। श्रुतिस्मृतिआदिकशास्त्रोंविषे शुकवामदेवआदिकोंका मोक्ष कथनकऱ्याहै ।। और अस्मदादिक जीवोंकूं इदानींकालविषे संसारकीप्रतीतिहोवैहै ।। और प्रत्येकपुरुषविषे ' अहंअज्ञःन जानामि ' याप्रकारका भिन्नभिन्नअज्ञानविषयक अनुभवभीहोवैहै ।। और 'इंद्रोमायाभिःपुरुरूपईयते इसश्रुतिविषे भी तामायारूपअज्ञानका नानापणाही कथनकऱ्याहै ।। और इसश्रुतिविषेस्थितमायापदकेमुख्यअर्थ कापरित्यागकरिकै मायाकी शक्तियोंविषे वा सत्त्वआदिकगुणोंविषे तामायापदकीलक्षणाकरणेमें कोईभी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रमाणनहींहै ॥ यातैं तेअज्ञान नानाहीमानणेयोग्यहैं ॥ और 'अजामेकाम्' इत्यादिकउक्तश्रुतिस्मृति योंविषे जोअज्ञानका एकपणा कथनकऱ्याहै ॥ सोतौ ताअज्ञानसमूहकेएकत्वकूंलैकेकथनकऱ्याहै ॥ यातैं तिनश्रुतिस्मृतिवचनोंकाभी विरोधहोवैनहीं ॥ इसप्रकार अज्ञानकेनानात्वकरिकै जीवकेनानात्व सिद्धहुए जिसजीवकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोवैहै ॥ तिसजीवकूंही ताआपणेअज्ञानकीनिवृत्तिरूपमो क्ष होवैहै ॥ ताब्रह्मसाक्षात्कारतैंरहितपुरुषोंकूं ताअपणेआपणेअज्ञानकेवशतैं संसाररूपबंधहीरहैहै ॥ इ सप्रकारतैं बंधमोक्षव्यवस्थाभी इसनानाजीवपक्षविषे भलीप्रकारतैंसंभवैहै ॥ ताएकआज्ञानएकजीवपक्ष विषे सोबंधमोक्षकीव्यवस्थासंभवतीनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ अज्ञानकेभेदकरिकै जोजीवोंकाभेद अं गीकारकरौगे तौ जीवजीवकेप्रति प्रपंचकाभीभेदहीहोवैगा ॥ जोकदाचित् इसअर्थविषे तुम इष्टाप त्तिकरौगे ॥ तौ जोघट तुमनैं अनुभवकऱ्याहै सोईहीघट हमनैंभी अनुभवकऱ्याहै याप्रकारकी घटादि कप्रपंचकेएकताकूंविषयकरणेहारी प्रत्यभिज्ञाका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ जिसकारणतैं अन्यकेअज्ञानकल्पि तप्रपंचका अन्यकूं प्रत्यक्ष संभवतानहीं ॥ और बाधककेअभावहुए ताप्रत्यभिज्ञाकूं भ्रमरूपताभीसंभव तीनहीं ॥ और एकहोपरमेश्वर सर्वजगत्के उत्पात्तिस्थितिलयकाकारणहै इससर्वशास्त्रकेसिद्धांतकाभी विरोधहोवैगा ॥ किंवा इसउक्तदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै जोऐसामानोंगे ॥ समष्टिअज्ञानउपहितचैतन्य रूपईश्वरकरिकै रच्याहुआ यहप्रपंच सर्वजीवोंकेप्रति साधारणहै ॥ तौ अनिर्मोक्ष होवैगा ॥ अर्थात् किसीभीजीवका मोक्षनहींहोवैगा ॥ सोदिखावैं हैं ॥ तहांनिगुर्णब्रह्मभावकीप्राप्तिकानाम मोक्षहै ॥ और नानाअज्ञानपक्षविषे एकजीवकेतत्त्वज्ञानकरिकै एकअज्ञानकेनिवृत्तहुएभी तिनसर्वअज्ञानोंकीनि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वृत्ति होवैगीनहीं ॥ और तिनअज्ञानोंकेविद्यमानहुए ईश्वरका तथाजगत्कांभी बाधहोवैगानहीं ॥ ताअज्ञानईश्वरजगत्केविद्यमानहुए ताब्रह्मविषे निर्गुणपणाही संभवतानहीं ॥ यातैं सोनिर्गुणब्रह्मकी प्राप्तिरूपमोक्ष किसीभीजीवकूंनहींहोवैगा ॥ किंवा सिद्धांतविषे अद्वितीयब्रह्मकेज्ञानतैंही मोक्षमान्या है ॥ सोअद्वितीयब्रह्मकाज्ञान तानानाजीवपक्षविषे संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं ताज्ञानकालविषेभी तामुक्तपुरुषतैंभिन्न दूसरेजीव तथाईश्वर तथाअज्ञान तथाजगत् विद्यमानही हैं ॥ तिनोंकरिकै सोब्रह्म सद्वितीयही है ॥ याकारणतैंभी किसीजीवकामोक्ष नहींहोवैगा ॥ किंवा श्रुतिस्मृतिरूपशास्त्रकीप्रमाण तातैं जोकदाचित् जिसोकिसीप्रकारकरिकै ज्ञानतैंमोक्षकीप्राप्तिका उपपादनभीकरोगे तौभी सगुणब्रह्मकीप्राप्तिही मोक्षरूपसिद्धहोवैगी ॥ निर्गुणब्रह्मकीप्राप्तिकूं मोक्षरूपतासिद्धनहींहोवैगी ॥ सोअत्यंतअनिष्टहै ॥ काहेतैं 'अनंतरोऽबाह्यःकृत्स्नःप्रज्ञानघनएव । अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम् । यत्रत्वस्यसर्वमात्मैवाभूत्तत्केनकंपश्येत् ' इत्यादिकश्रुतियोंविषे निर्गुणब्रह्मकूंही मोक्षरूपकह्याहै ॥ तिनसर्वश्रुतियोंका विरोधहोवैगा ॥ यातैं नानाअज्ञानोंकूंअंगीकारकरिकै नानाजीवमानणे अयुक्तहैं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अज्ञानकेभेदकरिकै जीवोंकाभेद अवश्यमान्याचाहिये ॥ अन्यथा बंधमोक्षशास्त्रकी अप्रमाणताहीहोवैगी ॥ और इसनानाजीवपक्षविषे पूर्वकथनकऱ्या जो प्रत्येकजीवकेप्रति प्रपंचकाभेद सोहमारेकूं अंगीकारहोहै ॥ अर्थात् जीवजीवकेप्रति सोप्रपंच भिन्नभिन्नही है ॥ और प्रपंचकेनानापणेविषे जोपूर्व प्रत्यभिज्ञाकाविरोध कह्याथा सोभीसंभव तानहीं ॥ जिसकारणतैं सोप्रत्यभिज्ञा भ्रमरूपही है सोदिखावैंहैं॥जहां एकहीशुक्तिविषे दशपुरुषोंकूं रजतकाभ्रमहोवैहै॥ तहां एकएकपुरुषकेअज्ञानकरि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कैकल्पित सोरजत भिन्नभिन्नहीहोवैहै ॥ एकरजतहोवैनहीं ॥ जोकदाचित् तिनदशपुरुषोंकेभ्रमका एकहीरजत विषयहोवै तौ एकपुरुषकूं ताशुक्तिरूपअधिष्ठानकेज्ञानकरिकै तारजतभ्रमकेनिवृत्तहुएता अधिष्ठानज्ञानतैंरहित दूसरेपुरुषोंकूं सोरजत नहींप्रतीतहोणाचाहिये ॥ और तहां दूसरेपुरुषोंकूंतौ सो रजत प्रतीतहोवै है ॥ यातैं सोरजत एकनहीं है ॥ किंतु तिनदशपुरुषोंके प्रत्येकअज्ञानकरिकैकल्पित दशरजंत तहां उत्पन्नहोवैं हैं॥ और एकपुरुषकेअज्ञानकरिकैकल्पितरजतका अन्यपुरुषकूं प्रत्यक्षहोता नहीं ॥ तथापि तिनदशपुरुषोंकूं किसीप्रसंगपाइकै जोरजत तुमनैं अनुभवकऱ्याथा सोईहीरजत हमनैं भी अनुभवकऱ्याथा याप्रकारकी भ्रमरूपप्रत्यभिज्ञा जैसे उत्पन्नहोवैहै तैसे प्रसंगविषेभी प्रत्येकजी वकेअज्ञानकल्पितप्रपंचकेभेदहुएभी तथाअन्यकेअज्ञानकल्पितप्रपंचका अन्यकूंअप्रत्यक्षहुएभी जोघट तुमनैं अनुभवकऱ्याहै सोईहीघट हमनैंभी अनुभवकऱ्याहै याप्रकारकी भ्रमरूपप्रत्यभिज्ञा संभवैहै ॥ यातैं जीवजीवप्रति प्रपंचकेभेदमानणेविषे ताप्रत्यभिज्ञाकाविरोधहोवैनहीं ॥ अथवा तिनजीवोंकेनाना हुएभी समष्टिअज्ञानउपहितचैतन्यरूपईश्वरकरिकैरचित यहप्रपंच तिनसर्वजीवोंकेप्रति एकहीसाधारण है ॥ यातैं तापूर्वउक्तप्रत्यभिज्ञाकाभी विरोधहोवैनहीं तथा एकहीपरमेश्वर सर्वजगत्केउत्पत्तिस्थिति लयकाकारणहै इससर्वशास्त्रकेसिद्धांतकाभी विरोधहोवैनहीं ॥ तथा जीवजीवप्रति प्रपंचकेभेदमानणेमें जोकल्पनागौरवरूपदोष प्राप्तहोताथा सोभीअभीप्राप्तहोवैनहीं ॥ और श्रुतिआचार्यकेप्रसादतैं उत्पन्न भयाजो 'अहंब्रह्मास्मि' याप्रकारका ब्रह्मज्ञानहै ताब्रह्मज्ञानकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं आपणेआप णेअज्ञानकेनिवृत्तहुए तिसअज्ञानकेकार्यभूतालिंगशरीरादिकोंकीनिवृत्तितैं निर्गुणब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपमो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्षभी संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तानानाजीवपक्षविषे तामुक्तपुरुषतैंभिन्न दूसरेजीव तथा ईश्वर तथा जगत् विद्यमानहीहै ॥ यातैं मैंमुक्तहूं यहअन्यजीवबद्धहैं यहअन्यप्रपंचहै यहअन्यईश्वरहै याप्रकारकीभेददृष्टि तामुक्तपुरुषकूं अवश्यकरिकैहोवैंगी ॥ ताभेददृष्टिकेविद्यमानहूए अद्वितीय ब्रह्मकासाक्षात्कारही नहींहोवैगा ॥ तासाक्षात्कारकेअभावहुए निर्गुणब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपमोक्षही संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ 'इदंसर्वंयदयमात्मा वाचारंभणंविकारोनामधेय मायामात्रमिदंद्वैतमद्वैतंपरमार्थतः' इत्यादिकश्रुतियोंकेविचारकरिकै ताअधिकारीपुरुषनैं अज्ञानादिकसर्वजडप्रपंचका ब्रह्मविषेकल्पितपणानिश्चयकरिकै मिथ्यापणाहीनिश्चयकऱ्याहै ॥ और मिथ्यावस्तु द्वैतभावकूं करतानहीं ॥ यातैं ताअधिकारीपुरुषकूं अद्वितीयब्रह्मकासाक्षात्कार संभवैहै ॥ तासाक्षात्कारकरिकै तिसाविद्वान्पुषकूं ब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपमोक्ष संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसनानाजीवपक्षविषे आत्मज्ञानकरिकै आपणेअज्ञानकीनिवृत्तिहूएभी अन्यजीवोंकेअज्ञानकेविद्यमानहूए ब्रह्मविषे ईश्वरपणेकीनिवृत्ति नहींहोवैगी ॥ यातैं इसपुरुषकूं ज्ञानकरिकै सगुणब्रह्मभावकीहीप्राप्तिहोवैगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ लोकविषेभी अन्यवस्तुकेज्ञानतैं अन्यवस्तुकीप्राप्तिहोतीनहीं ॥ जैसे शुक्तिकेज्ञानतैं इसपुरुषकूं रजतकी प्राप्तिहोतीनहीं ॥ किंतु ताशुक्तिकीहीप्राप्तिहोवैहै ॥ तैसे गुरुशास्त्रकेउपदेशतैं इसअधिकारीपुरुषकूं निर्गुणब्रह्मकाहीज्ञानभयाहै ॥ सगुणब्रह्मकाज्ञानभयानहीं ॥ यातैं तानिर्गुणब्रह्मकेज्ञानतैं इसतत्त्ववेत्तापुरुषकूं तानिर्गुणब्रह्मकीहीप्राप्तिहोवैहै ॥ मायामयसगुणब्रह्मकीप्राप्तिहोवैनहीं ॥ जैसे शुक्तिविषे अन्यपुरुषकूं रजतभ्रांतिकालविषेभी दूसराविशेषदर्शीपुरुष ताशुक्तिकेज्ञानतैं ताशुक्तिकूंहीप्राप्तहोवैहै ॥ तारजतकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ जिसकारणतैं ताशु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्तिविषेसोरजतवास्तवतैंहैनहीं ॥ और अन्यपुरुषकेअज्ञान कल्पितरजतकूं अन्यपुरुषकेप्रत्यक्षज्ञानकी विषयताहोतीनहीं ॥ तैसे अन्यअज्ञानीपुरुषोंको आपणेआपणेअज्ञानकेवशतैं ताब्रह्मविषे जीवईश्वरजगत्रूपभ्रांतिकोविद्यमानकालविषेभी श्रुतिआचार्यकेप्रसादतैं दूसराविशेषदर्शीपुरुष मैंब्रह्महूं इसप्रकारकेअद्वितीयब्रह्मकेसाक्षात्कारतैं ताआनंदएकरसअद्वितीयनिर्विशेषब्रह्मकूंही प्राप्तहोवैहै ॥ तासगुणईश्वरकूंप्राप्तहोवैनहीं ॥ जिसकारणतैं सोसगुणईश्वर मायामयहोणेतैं तानिर्गुणब्रह्मतैंभिन्ननहींहै ॥ और भ्रांतिकरिकैदेख्याहुआपदार्थ वास्तवतैंहोतानहीं ॥ जैसे भ्रांतिकरिकैदेख्याहुआ शुक्तिविषेरजत ताशुक्तिविषे वास्तवतैंहोतानहीं ॥ तैसे ताअद्वितीयनिर्गुणब्रह्मविषे भ्रांतिकरिकैकल्पित सोजोवईश्वरजगत्भावभी वास्तवतैं ताब्रह्मविषेहैनहीं ॥ यातैं इसनानाजीवपक्षविषे सर्वजीवोंकेप्रति साधारणप्रपंचके वा असाधारणप्रपंचकेअंगीकारकियेहुएभी सोनिर्गुणब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपमोक्ष बनिसकेहै इति ॥ और कैएक ग्रंथकारतौ याप्राकारतैं ताजीवईश्वरकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ पूर्वकथनकऱ्याजो सर्वजगत्काकारणभूतअज्ञानहै ॥ ताअज्ञानउपहितजोचैतन्यहै अर्थात् ताअज्ञानविषेप्रतिबिंबितजोचैतन्यहै सोतौ ईश्वरकह्याजावैहै ॥ और ताअज्ञानकेकार्यभूतजेअंतःकरणहै ॥ ताअंतःकरणउपहितचैतन्य जीवकह्याजावैहै ॥ अर्थात् ताअंतःकरणविषेप्रतिबिंबितचैतन्य जीवकह्याजावैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'कार्योपाधिरयंजीवःकारणोपाधिरीश्वरः' अर्थयह ॥ अंतःकरणरूपकार्यउपाधिवालाचैतन्य जीवकह्याजावैहै ॥ और अज्ञानरूपकारणउपाधिवालाचैतन्य ईश्वरकह्याजावैहै इति ॥ किंवा 'स्वमपीतोभवति' इसश्रुतिनें सुषुप्तिविषे जीवका ब्रह्मविषे औपाधिकलय कथनकऱ्याहै ॥ अर्थात् उपाधिकेलयप्रयुक्तलय कथनकऱ्याहै ॥ तहां

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ताजीवका जोअंतःकरण उपाधिमानिये ॥ तौ ताअंतःकरणरूपउपाधिकेलयकरिकै ताजीवका औपाधिकलयसंभवैहै ॥ और ताजीवका जोअविद्याउपाधिमानिये ॥ तौ ताअविद्याका सुषुप्तिविषेलयहोतानहीं ॥ यातैं सुषुप्तिविषे जीवकेऔपाधिकलयकूंकथनकरणेहारा सोश्रुतिवचन असंगतहोवैगा ॥ यातैं ताश्रुतिवचनतैंभी अंतःकरणही जीवकाउपाधि सिद्धहोवैहै ॥ इसपक्षविषेभी अंतःकरणरूपउपाधियोंके नानापणेकरिकै तथापरिच्छिन्नपणेकरिकै तेजीवभी नानाहैं तथापरिच्छन्नहैं इति ॥ तहां जीवईश्वरकेस्वरूपनिर्णयविषे पूर्वकथनकऱ्येजेपंचपक्ष तिनोंविषे मायाउपहितचैतन्य जगत्कारणईश्वर है यहअर्थ तिनसर्वग्रंथकारोंकूंसंमतहै ॥ अर्थात् अज्ञानकेएकत्वनानात्वकरिकै अथवा अंतःकरणोंकेनानात्वकरिकै जीवकेएकत्वनानात्वविषे ग्रंथकारोंकेविवादहुएभी मायाउपहितचैतन्यईश्वरहै इसअर्थविषे कोईभीग्रंथकारका विवादनहींहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ईश्वरविषेविवादकेअभावहुएभी जीवकेएकत्वनानात्वविषे ग्रंथकारोंकापरस्परविवाद देखणेविषेआवै है ॥ तिनपक्षोंविषे कौनपक्ष ग्रहणकरणेयोग्यहै ॥ और कौनपक्ष परित्यागकरणेयोग्यहै ॥ ॥ समाधान ॥ सर्वव्यवहारोंकूं मायामयहोणेतैं तेसर्वपक्ष ग्रहणकरणेयोग्यहै ॥ तथा ते सर्वपक्ष परित्यागकरणेयोग्यहैं ॥ शंका ॥ ॥ जभी तेसर्वपक्ष परित्यागकरणेयोग्यहैं ॥ तभी तिनसर्वपक्षोंका त्यागकरणाही उचितहै ॥ कोईभीपक्ष ग्रहणकरणेयोग्यनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अध्यारोप अपवाद इनदोनोंकरिकैही अद्वितीयब्रह्मकाज्ञानहोवै है ॥ ताअध्यारोपअपवादतैं विना ताब्रह्मकाज्ञान होतानहीं ॥ तहां वास्तवतैं द्वैतप्रपंचतैंरहितब्रह्मविषे जोद्वैतप्रपंचकाआरोपहै ताकानाम अध्यारोपहै ॥ और ताआरोपितप्रपंचका जो 'नेहनानास्तिकिंचन' इत्या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दिकश्रुतिकरिकैनिषेधहै ताकानाम अपवादहै ॥ ताअध्यारोपअपवादकीसिद्धिवासतै तेसर्वपक्ष ग्रहण करणेयोग्यही हैं ॥ परंतु ताकेविषेभी इतनीविशेषताहै ॥ पूर्वउक्त जीवके एकत्वपक्षविषे वा नानात्वपक्षविषेजोपक्ष जिसमुमुक्षुके मनकूं भावताहोवै ॥ तिसपक्षकूं सोमुमुक्षु अंगीकारकरिकै प्रत्यक्आत्माकाविवेचनकरिकै अर्थात् अन्नमयादिकपंचकोशोंतैंआत्माकूंभिन्नकरिकै तिसप्रत्यक्आत्माकेब्रह्मरूपताकूं साक्षात्कारकरै ॥ अर्थात् अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेसाक्षात्कारकूंसंपादनकरै ॥ ताब्रह्मसाक्षात्कारकूंन संपादन करिकै ताजीवके एकत्वविषे तथा नानात्वविषे केवल विवादमात्रकूंहीनहींकरै ॥ जिसकारणतैं सर्वमतोंविषे दूषण तथा भूषण तुल्यहीहोवै हैं ॥ तात्पर्ययह ॥ इसमुमुक्षुजनकूं सोप्रत्यक्आत्माकाबोध जिसप्रकारकरिकैहोवै ॥ सोईहीप्रकार इसमुमुक्षुजनकूं संपादनकरणे योग्यहै ॥ सोईही शास्त्रकाअर्थ है ॥ यहवार्त्ता श्रीवार्तिकाचार्यनेभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'यययायाभवेत्पुंसांव्युत्तत्तिःप्रत्यगात्मनि' सासैवप्रक्रियेहस्यात्साध्वीसाचानवस्थिता' अर्थयह ॥ इनअधिकारीपुरुषोंकूं जिसजिसप्रक्रियाकरिकै प्रत्यक्आत्मविषयकबोधहोवै ॥ सासाप्रक्रियाही इसवेदांतशास्त्रविषेनिर्दोष तथा गुणभूत जानणी इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व मायाउपहिततत्पदार्थईश्वरकूं जगत्केजन्मादिकोंकाकारणपणाकह्या ॥ सोकारणपणाभी उपादानतारूपकरिकै तथाकर्तृत्वरूपकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां ताईश्वरकूं किसरूपकरिकैउपादानपणाहै तथा किसरूपकरिकैकर्त्तापणाहै ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए ॥ अब सोदोनोंप्रकारकाकारणपणायथाक्रमतैंनिरूपणकरेहैं ॥ तहां सोईश्वर ज्ञानशक्तिवालेअज्ञानउपहितस्वरूपकरिकैतौ जगत्काकर्त्ताहोवैहै ॥ ईहांयहतात्पर्य है ॥ ताज्ञानशक्तिवालेअज्ञानरूपउपाधितौंविना

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शुद्धब्रह्मकूं असंगपणेकरिकै कर्तापणासंभवतानहीं ॥ काहेतैं कार्यकाजोउपादानकारणहै ताउपादानकारणविषयक जोअपरोक्षज्ञानहै तथा इच्छारूपचिकीर्षा है तथा प्रयत्नरूपकृतिहै ॥ ताज्ञानचिकीर्षाकृतितीनोंवालाजोहोवैहै ॥ सो कर्त्ताकह्याजावै है यहकर्त्ताकालक्षण पूर्वकथनकरिआयेहैं ॥ सोइ सप्रकारकाकर्त्तापणा शुद्धब्रह्मविषे संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं 'असंगोह्ययंपुरुषः । असंगोनाहिसज्जते' इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै ताब्रह्मकाअसंगपणाही जान्याजावै है ॥ ऐसेअसंगब्रह्मविषे तेज्ञानइच्छाकृति संभवतेनहीं ॥ औ ताअज्ञानउपहितईश्वरविषेतौ तेज्ञानइच्छाप्रयत्न संभवै हैं ॥ यातैं ताउक्तश्वरकूंही सोजगत्काकर्त्तापणा सिद्धहोवैहै ॥ और सोईहीईश्वर विक्षेपादिशक्तिवालेअज्ञानउपहितरूपकरिकै जगत्काउपादानकारणहोवैहै ॥ तहां अज्ञानकी ज्ञानशक्ति विक्षेपशक्ति आवरणशक्ति इनतीनोंकास्वरूप पूर्वनिरूपणकरिआयेहैं ॥ सोईहांभीजानिलेणा ॥ इसप्रकार एकहीब्रह्मकूं जगत्का उपादानपणा तथा कर्तापणा संभवैहै ॥ तहांदृष्टांत ॥ जैसे ऊर्णनाभिनामाजंतुविशेष तंतुकूं उत्पन्नकरे है ॥ तातंतुरूपकार्यकेप्रति सोऊर्णनाभि आपणेशरीरकीअपेक्षाकरिकैतौ उपादानकारणहोवैहै ॥ और आपणेचेतनतारूपकरिकै कर्त्तारूपानिमित्तकारणहोवैहै ॥ तैसे पूर्वउक्तरीतिसैं सोएकहीब्रह्म जगत्का उपादानकारण तथा कर्त्तारूपानिमित्तकारण होवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताएकहींब्रह्मकूं जगत्का उपादानपणा तथानिमित्तपणाहै इसअर्थविषे कौनप्रमाणहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ब्रह्मविषे सोअभिन्ननिमित्तोपादानपणा साक्षात्श्रुतिप्रमाणकरिकैहींसिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'यथोर्णनाभिःसृजतेगृह्णाति च । यथापृथिव्यामौषधयःसंभवंति यथासतःपुरुषात्केशलोमानि तथाऽक्षरात्संभवतीहविश्वं । यथाऽग्नेःक्षु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्राविस्फुलिंगाव्युच्चरंतिएवमेवास्मादात्मनःसर्वेप्राणाः ॥ यःसर्वज्ञःसविश्वकृत्साहिसर्वस्यकर्त्ता' अर्थयह ॥ जैसे ऊर्णनाभिजंतु आपणेतैं तंतुवोंकूंउत्पन्नकरेहै ॥ तथा आपणेविषेही तिनतंतुवोंकूंलयकरेहै ॥ तैसे सोब्रह्मभी आपणेतैंही इसजगत्कूंउत्पन्नकरेहै ॥ तथा आपणेविषेहीलयकरेहै ॥ और जैसे पृथिवीतैं नानाप्रकारकेऔषध उत्पन्नहोवैहैं ॥ और जैसे इसपुरुषतैं केशलोम उत्पन्नहोवैहैं ॥ तैसे अक्षरब्रह्मतैं य हविश्व उत्पन्नहोवैहै ॥ और जैसे प्रज्वलितअग्नितैं क्षुद्रविस्फुलिंग उत्पन्नहोवैहैं ॥ तैसे इसआत्मातैं स र्वप्राणउत्पन्नहोवैहैं ॥ और जोपरमेश्वर सर्वज्ञहै ॥ सोपरमेश्वरही विश्वकूंकरणेहाराहै ॥ और सापरमे श्वरही सर्वकाकर्त्ताहै इति ॥ इत्यादिकअनेकश्रुतियांताब्रह्मकूं जगत्का अभिन्न निमित्तउपादानका रण कहेहैं ॥ तथा'अहंसर्वस्यप्रभवोमत्तः सर्वंप्रवर्त्तते' इत्यादिकस्मृतिभी तिसउक्तअर्थकूंकथनकरे है ॥ यातैं ताएकहीब्रह्मकूं जगत्का उपादानपणा तथा कर्त्तापणा संभवैहै ॥ किंवा इसउक्तईश्वरकूं जोसर्वज्ञनहींमानिये ॥ तौं ताईश्वरकूं सर्वजगत्काकर्त्तापणाही नहींसंभवैगा ॥ और तेउक्तश्रुतियां ताईश्वरकूं सर्वजगत्काकर्त्ताकहेहैं ॥ यातैं ताईश्वरकूं सर्वज्ञअवश्यमान्याचाहिये ॥ सोईश्वरकासर्वज्ञपणा श्रुतिप्रमाणकरिकैभीसिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'यःसर्वज्ञःसर्ववित् यस्यज्ञानमयंतपः' अर्थयह ॥ जोईश्वर सर्वज्ञहै अर्थात् सामान्यरूपतैंसर्वजगत्कूंजानणेहाराहै ॥ तथा जोईश्वर सर्ववित्है अर्थात् विशेषरूपतैं सर्वजगत्कूंजानणेहाराहै ॥ और जिसईश्वरका सर्वजगत्विषयकज्ञानमयहीतपहै इति ॥ ऐसेसर्वज्ञईश्वर कूं सर्वजगत्काकर्त्तापणा संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पुराणादिकोंविषेतौ ब्रह्मा विष्णु महेश इनतीं नोंतैंही जगत्की उत्पत्ति स्थिति लय कथनकऱ्याहै ॥ और तुमनें ईहां मायाउपाहितपरमेश्वरतैंहीं ज

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गत्की उत्पत्ति स्थिति लय कथनकऱ्याहै ॥ यातैं तिनपुराणादिकोंकेवचनोंकाविरोधप्राप्तहोवैगा ॥
॥ समाधान ॥ ॥ यहउक्त मायाउपहितपरमेश्वरही ब्रह्मा विष्णु महेश इनतीनरूपोंकूंप्राप्तहोवैं
है ॥ सोप्रकारदिखावैहैं ॥ पूर्वउक्तमायाविषेरह्याहुआ जो निरतिशयसत्त्वगुणहै ॥ सोसत्त्वगुण तापरमे
श्वरकीइच्छाकरिकै लोकोंकेअनुग्रहवासतै ब्रह्मा विष्णु महेश इनतीनमूर्त्तिआकारकरिकै परिणामकूंप्रा
प्तहोवैहै ॥ तहां दंडकमंडलुकूंधारणकरणेहारीचतुर्मुखमूर्त्तिकरिकैउपाहितहुआ सोपरमेश्वर जगत्कास्र
ष्टा ब्रह्माहोवैहैं ॥ और शंख चक्र गदा पद्म यह चारोंहैंहस्तविषेजिसके ऐसीचतुर्भुजमूर्त्तिकरिकैउपाहि
तहुआ सोपेरमश्वर जगत्केपालनकरणेहारा विष्णुहोवैहै ॥ और तीनहैंनेत्राजिसके तथा त्रिशूलहै हस्त
विषेजिसके ऐसीमूर्त्तिकरिकैउपहितहुआ सोपरमेश्वर जगत्कासंहारकर्त्ता महेश्वरहोवैहै ॥ इसप्रकार
सोएकपरमेश्वरही ब्रह्माविष्णुमहेशरूपहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'सब्रह्मासशिवःसेंद्रःसोऽक्षरःपरमः स्वराट्स
एवविष्णुः' अर्थयह ॥ सोमायाउपहितपरमेश्वरही ब्रह्मारूपहै तथा शिवरूपहै तथा इंद्ररूपहै तथा विष्णु
रूपहै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ पूर्वविद्वान्आचार्योंनेंभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'एकैवमूर्त्ति
र्विभिदेत्रिधासौ सामान्यमेषांप्रथमाऽवरत्वं हरेर्हरस्तस्यहरिःकदाचिद्वेधातयोस्तावपिधातुराद्यौ' अर्थ
यह ॥ साएकहीपरमेश्वरमूर्त्ति ब्रह्मा विष्णु महेश इसतीनप्रकारकेभेदकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और इनतीनोंका
प्रथमपणा तथा पश्चात्पणाभी समानहीहोवैहै ॥ तहां कोईकालविषेतौ विष्णुका महेश आदिहोवैहै ॥
और कोईकालविषे तामहेशका विष्णु आदिहोवैहै ॥ और कोईकालविषे ताविष्णुमहेशदोनोंका ब्रह्मा
आदिहोवैहै ॥ और कोईकालविषे तेदोनों ब्रह्माका आदिहोवैहै इति ॥ तहां ब्रह्मा विष्णु शिव यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तीनोंदेव अधिकारीजनोंनें आपणीआपणीभक्तिकेअनुसार उपासनाकरणेयोग्यहै ॥ और कैएकग्रंथ कारतौ ऐसेकहेहैं ॥ जगत्कास्रष्टा हिरण्यगर्भरूपब्रह्मा ईश्वरनहींहै ॥ किंतु जीवविशेषहै ॥ तथा अंत र्यामीपरमेश्वरकरिकैआविष्टहै ॥ तथा समष्टिलिंगशरीरकाअभिमानीहै ॥ तथा सत्यलोकविषेनिवासक रेणहाराहै ॥ ऐसेहिरण्यगर्भकीजीवरूपता 'सवैशरीरीप्रथमः' इत्यादिकश्रुतिप्रमाणकरिकैहीसिद्धहै ॥ और शिव विष्णु यह दोमूर्त्तितौ तामायाकेशुद्धसत्वगुणकापरिणामहोणेतैं ईश्वररूपहै ॥ यहवार्त्ता महा भारतविषेभी कहीहै ॥ तहांश्लोक 'रुद्रोनारायणश्चैवेत्येकंसत्वंद्विधाकृतम् ।लोकेचरतिकौंतेयव्यक्तिस्थं सर्वकर्मसु' अर्थयह ॥ हेकौंतेय तापरमेश्वरनै आपणीमायाका एकहीशुद्धसत्वगुण रुद्र नारायण इस रूपकरिकै दोप्रकारकाकऱ्याहै इति ॥ तिनदोनोंविषेभी विष्णुकीभक्तितौ मोक्षकेप्रति अंतरंगसाधन है ॥ और शिवादिकोंकीभक्तितौ किंचित्व्यवधानकरिकै मोक्षकासाधनहै ॥ जिसकारणतैं सत्त्वगुण काप्रवर्त्तकपणा विष्णुकूंहीहै ॥ यहवार्त्ता पुराणविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'आरोग्यंभास्कारादिच्छे च्छ्रियमिच्छेद्धुताशनात्।ज्ञानंमहेश्वरादिच्छेन्मोक्षमिच्छेज्जनार्द्दनात्' अर्थयह ॥ यहपुरुष सूर्यदेवतातैं तौ अरोगताकूं माँगे ॥ अर्थात् अरोगताकीप्राप्तिवासतैं सूर्यदेवताकीउपासनाकरै ॥ इसप्रकारकाअर्थ आ गेभीजानिलेणा ॥ और अग्निदेवतातैं संपदाकूंमाँगे ॥ और महेश्वरतैं ज्ञानकूंमाँगे ॥ औ विष्णुतैं मो क्षकूंमाँगे.इति ईहां कैएकशैवमतवालेतौ यहकहेहैं ॥ चंद्रमाहैशिरकाभूषण जिसका तथा नीलकंठ त्रि नयन उमासहित ऐसीजो शुद्धसत्त्वमूर्त्तिहै ॥ तामूर्त्तिकरिकैउपहितहुआ सोमायाउपहितपरमेश्वर परम शिवहोवैहै ॥ सोपरमशिवही मुमुक्षुजनोंनें उपासनाकरणेयोग्यहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'उमासहायंपरमेश्वरं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रभुं त्रिलोचनंनीलकंठंप्रशांतम्।ध्यात्वामुनिर्गच्छतिभूतयोनिं समस्तसाक्षिंतमसःपरस्तात्' अर्थयह ॥ जोपरमशिव उमासहितहै तथापरमईश्वरहै तथासमर्थहै तथातीनलोचनवालाहै तथानीलकंठहै तथाअतिशांतस्वभावहै ॥ ऐसेपरमशिवकाध्यानकरिकै ॥ यहमुमुक्षुजन परब्रह्मकूंप्राप्तहोवैहै ॥ जोपरब्रह्म मायाकेसंबंधतैं सर्वभूतोंकाकारणहै ॥ तथा सर्वकासाक्षीहै ॥ और वास्तवतैं ताअज्ञानरूपतमतैंपरहै इति ॥ तिसपरमशिवकीही ब्रह्मा विष्णु महेश यह तीनों विभूतिहैं ॥ तहां 'सब्रह्मासशिवःसेंद्रःसोऽक्षरःपरमःस्वराट्' इत्यादिकश्रुति ब्रह्मा विष्णु महेश इनतीनोंकूं तापरमशिवकीहीविभूतिरूपता कथनकरेहै ॥ तथा पुराणविषेभी यहवार्त्ताकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'यस्याज्ञयाजगत्स्रष्टाविरंचिःपालकोहरिः। संहर्त्ताकालरुद्राख्योनमस्तस्मैपिनाकिने' अर्थयह ॥ जिसपरमशिवकीआज्ञाकरिकै ब्रह्मा जगत्कूं उत्पन्नकरेहै और विष्णु पालनकरेहै ॥ और कालरुद्र संहारकरेहै ॥ तिसपरमशिवकेतांई हमारानमस्कारहै इति ॥ और कैएकवैष्णवमतवालेतौ यहकहेहैं ॥ शंख चक्र गदा पद्म यहचारिहैंचारोंहस्तोंविषेजिसके तथालक्ष्मीसहितविराजमान ऐसीजा निरतिशयसत्वमूर्त्तिहै॥ तामूर्त्तिकरिकैउपहितहुआ सोमायाउपहितपरमात्माही परमवासुदेव होवैहै ॥ सोपरमवासुदेवही मुमुक्षुजनोंनैं उपासनाकरणे योग्यहै ॥ और ब्रह्मा विष्णु शिव यहतीनों तापरमवासुदेवकीहीविभूतिहै ॥ और 'सब्रह्मासशिवःसेंद्रःसोऽक्षरःपरमःस्वराट्' इत्यादिकश्रुतिभी तिन ब्रह्मादिकतीनोंकूं तापरमवासुदेवकीहीविभूतिरूपता कथनकरेहै ॥ और 'तमेवविद्वानमृतइहभवतिनान्यःपंथाविद्यतेऽयनाय' इत्यादिकश्रुति तथा 'मोक्षमिच्छेज्जनार्दनात्' इत्यादिकपुराणकेवचन तापरमवासुदेवकेध्यानतैंही मोक्षकी प्राप्तिकथनकरेहैं ॥ यातैं मुमुक्षुजननेंसोपरमवा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सुदेवही ध्यानकरणेयोग्यहै इति ॥ और हैरण्यगर्भतौ यहकहेहै ॥ हिरण्यगर्भही मायाउपहितपरमेश्वर है ॥ तिसहिरण्यगर्भकीपरमेश्वरताविषे बहुतश्रुतिस्मृतिप्रमाण विद्यमानहैं ॥ यातैं सोहिरण्यगर्भही मुमुक्षुजनोंनेंउपासनाकरणेयोग्यहै इति तहां पूर्व शैवोंनैं तथा वैष्णवोंनें ब्रह्मा विष्णु महेश इनतीनमूर्त्तियोंतैं भिन्न एक परमशिव तथापरमवासुदेवकल्पनाकऱ्याहै ॥ परंतु तिसविषे कोईप्रमाण देखणेविषे आवतानहीं ॥ और तिनोंनें ताअर्थकीसिद्धिविषे जे 'सब्रह्माशिवः सेंद्रः' इत्यादिकश्रुतिवचन प्रमाणकहेहैं तेश्रुतिवचनतौ तामायाउपहितपरमेश्वरकूंहीकथन करेहैं ॥ यातैं तिनवचनोंकूं तीनमूर्त्तितेंभिन्न तापरमशिवविषे तथापरमवासुदेवविषे प्रमांणरूपतासंभवतीनहीं ॥ यातैं सोमायाउपहितपरमेश्वरही ब्रह्मा विष्णु महेश्वर इनतीनरूपोंकूंप्राप्तहोवैहै ॥ याकारणतैं तेतीनोंरूप समानहैं ॥ यहपूर्वउक्तमतही मुमुक्षुजनोंकूं आश्रयणकरणेयोग्यहै इति ॥ तहां पूर्व मायाउपहित तत्पदार्थरूपब्रह्मका जगत्केउत्पत्तिस्थितिलयकाकारणत्वरूप तटस्थलक्षण कथनकऱ्याथा॥अब तिसीलक्षणकेस्पष्टकरणेवासतैंतिसमायाउपहितपमेश्वरतैं आकाशादिकजगत्केउत्पत्तिक्रमकूं कथनकरेहैं ॥ तहां उत्पन्नहोणेयोग्यप्राणियाके पुण्यपापकर्मकरिकैसहकृतजोपूर्वउक्तविक्षेपादिशक्तिप्रधानमायाउपहितईश्वरहै ॥ सोईश्वर प्रथम अभीयहजगत्उत्पन्नकरणेयोग्यहै याप्रकारका संकल्पकरताभया ॥ तासंकल्पविशिष्टईश्वरतैंप्रथम आकाश उत्पन्नहोताभया ॥ ताआकाशतैं वायु उत्पन्नहोताभया ॥ तावायुतैं अग्नि उत्पन्न होताभया ॥ ताअग्नितैं जल उत्पन्नहोताभया ॥ ताजलतैं पृथिवी उत्पन्नहोतीभई ॥ तहांश्रुति 'तस्माद्वाएतस्मादात्मनआकाशःसंभूतआकाशाद्वायुर्वायोरग्निरग्नेरापःअद्भ्यःपृथिवी' अर्थयह ॥ तिसमायाउपहितब्रह्मतैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आकाश उत्पन्नहोताभया ॥ ताआकशतैंवायु तावायुतैंअग्नि ताअग्नितैंजल तिनजलोंतैं पृथिवी उत्प
न्नहोतभिई इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ अचेतन तथा कल्पित ऐसेआकाशादिकभूतोंकूं वायुआदिक
भूतोंकाउपादानकाकारणपणा कैसेसंभवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ईहांआकाशादिकोंकूं वायुआदि
कोंकाउपादानपणा विवक्षितनहींहै ॥ किंतु आकाशादिउपहितचैतन्यकूंही वायुआदिकोंका उपादान
पणा विवक्षितहै ॥ अर्थात् आकाशउपाहितचैतन्यतैं वायुउत्पन्नहोताभया ॥ तावायुउपहितचैतन्यतैं
अग्निउत्पन्नहोताभया ॥ ताअग्निउपहितचैतन्यतैं जलउत्पन्नहोताभया ॥ ताजलउपहितचैतन्यतैंपृथि
वीउत्पन्नहोतीभई ॥ इसप्रकार तिसउपाधिवालेचैतन्यकूंहीसर्वत्रकारणताहै ॥ जोकदाचित् कल्पि
तअचेतनकूंही कारणतामानिये ॥ तौचेतनब्रह्मकूं सर्वजगत्काकारणकहणेहारीश्रुतिकाविरोधप्राप्तहो
वैगा ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे मायाकूं कारण ब्रह्मकाउपाधिरूपताकरिकै आकाशादिकप्रपंचकाकारणप
णाहै ॥ तैसे आकाशादिकोंकुंभी ताकारणब्रह्मकाउपाधिरूपताकरिकैही वायुआदिकोंकाकारणपणा
है ॥ स्वतंत्रनहीं इति ॥ ईहांवैशेषिकशास्त्रवालेतौ ऐसाकहेहैं ॥ द्रव्य १ गुण २ कर्म ३ सामान्य ४
विशेष ५ समवाय ६ अभाव ७ यहसप्तहीपदार्थहोवैहैं ॥ तहां गुणादिकपदार्थ द्रव्यकेहीपरतंत्रहोवैहैं ॥
और सर्वभावकार्य समवायिकारण असमवायिकारण निमित्तकारण इनतीनकारणोंकरिकैजन्यहोवै
है ॥ तहां जन्यद्रव्य जन्यगुण कर्म यहतीनों भावकार्य कह्योजावैहैं ॥ तहां समवायिकारणतातौ ए
कद्रव्यपदार्थविषेहीहोवैहै ॥ गुणकर्मादिकोंविषेहोवैनहीं ॥ और असमवायिकारणता गुण कर्म इन दो
पदार्थोंविषेहीहोवैहै ॥ अन्यपदार्थोंविषेहोवैनहीं ॥ और निमित्तकारणतातौ द्रव्यादिकसर्वपदार्थोंविषे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होवै है ॥ तहां पृथिवी १ जल २ तेज ३ वायु ४ आकाश ५ काल ६ दिक् ७ आत्मा ८ मन ९ यह न व द्रव्यकह्येजावै हैं ॥ तहां पृथिवीआदिकचारिद्रव्योंकेपरमाणु तथा आकाशादिकपंचद्रव्य यहसर्व नि त्यद्रव्य कह्येजावैहैं तथानिरवयव कह्येजावैहैं ॥ और तिनपरमाणुवोंतैंउत्पन्नभये जेद्व्यणुकतैंआदिलैके ब्रह्मांडपर्यंतसर्वकार्यद्रव्य तेअनित्यद्रव्य कह्येजावै हैं तथा अवयवी कह्येजावैहैं ॥ तहां सृष्टिकेआदिका लविषे परमेश्वरकीइच्छाकरिकै तिनपरमाणुवोंविषे क्रियाउत्पन्नहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर दोदोपरमाणुवो का संयोगहोवै है ॥ तिनसंयुक्तदोपरमाणुवोंतैं प्रथम द्व्यणुकरूपकार्य उत्पन्नहोवैहै ॥ ताद्व्यणुकरूप कार्यका तेदोपरमाणुतौ समवायिकारणहोवै हैं ॥ और तिनदोपरमाणुवोंकासंयोग असमवायिकारण होवैहै ॥ और ईश्वरइच्छादिक निमित्तकारणहोवैहै ॥ इसप्रकार आगेत्र्यणुकादिककार्योंकेभी समवा यिकारणादिक जानिलेणे ॥ इसप्रकार ताद्व्यणुकरूपकार्यकीउत्पत्तितैअनंतर पुनःक्रियाकरिकैसंयुक्त तीनद्व्यणुकोंतैं त्र्यणुकरूपकार्य उत्पन्नहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर पुनःक्रियाकरिकैसंयुक्तचारित्र्यणुकोंतैं चतुरणुकरूपकार्य उत्पन्नहोवैहै ॥ इसप्रकारकेक्रमकरिकै यह महान्पृथिवी महान्जल महान्तेज महा न्वायु उत्पन्नहोवैहैं ॥ यातैं तेपरमाणुही सर्वजगत्काउपादानकारणहै ॥ सोमायाउपहितब्रह्म जगत् काउपादानकारणनहींहै ॥ इसप्रकार वैशेषिकशास्त्रवालेमानेहै ॥ सोयहवैशेषिकशास्त्रकामत न्यायप्र काशग्रंथविषे हमनें बहुतविस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ जिसकूंजाननेकीइच्छाहोवै तिसनें तहां सैंजा निलेणा इति ॥ सोयहवैशेषिकोंकामतभी समीचीननहींहै ॥ काहेतैं शक्तिसादृश्यादिकबहुतपदार्थोंके विद्यमानहुएभी सप्तहीपदार्थहैं यहवैशेषिकोंकीप्रतिज्ञा असंगतहै ॥ तहां मणिमंत्रादिकों कीसमीपता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हूए वह्नितैं दाहरूपकार्य होतानहीं ॥ और तिनमणिमंत्रादिकोंकेदूरकरणेतैं तावह्नितैं सोदाहहोवै है ॥ ताकरिकै तावह्निविषे दाहकेअनुकूलशक्तिका विनाश तथा उत्पत्ति अवश्यमानणाहोवैगा ॥ अ थात् तिनमणिमंत्रादिकोंकेविद्यमानहुए सादाहानुकूलशक्ति नष्टहोइजावैहै ॥ और तिनमणिमंत्रादि कोंकेदूरकरणेतैं साशक्ति पुनः उत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं तावह्निविषे सादाहानुकूलशक्ति अवश्यमानीचा हिये ॥ इसप्रकार मृत्तिकादिकसर्वकारणोंविषे आपणेआपणेघटादिककार्यकेअनुकूलशक्तिरहेहै ॥ साश क्ति तिनद्रव्यादिकसप्तपदार्थोंतै भिन्नहीपदार्थ है ॥ तहांवैशेषिक ताउक्तस्थलविषे मणिमंत्रादिकप्रतिबंध ककेअभावकूंही तादाहकाकारण मानेहैं ॥ सोतिनोंकाकहणा श्रुतिसूत्रतैंविरुद्धहोणेतैं असंगतहै ॥ त हांश्रुति ॥ ' कथमसतःसज्जायेत ' अर्थयह ॥ अभावरूपअसत्तैं सत्कार्यकीउत्पत्ति कदाचित्भीहोती नहीं इति ॥ तहांसूत्र ॥ ' नासतोऽदृष्टत्वात् ' अर्थयह ॥ अभावरूपअसत्तैं कार्यकीउत्पत्ति युक्तनहीं है ॥ जिसकारणतैं लोकविषे असत्नरशृंगादिकोंतैं किसीभीकार्यकीउत्पत्ति देखणेविषेआवतीनहीं किंतु सत्मृत्तिकादिकोंतैंही घटादिककार्योंकीउत्पत्ति देखणेविषेआवैहै इति ॥ यातैं प्रतिबंधकाभावकूं कार्यकाकारणमानणा इसश्रुतिसूत्रतैंविरुद्धहोणेतैं असंगतहै ॥ इसप्रकार 'चंद्रवत्मुखं' इत्यादिकअनुभव तैं मुखादिकोंविषे चंद्रादिकोंकासादृश्य सिद्धहोवैहै ॥ यातैं सोसादृश्यभी ताशक्तिकीन्यांई तिनद्रव्या दिकसप्तपदार्थोंतैंभिन्नहीपदार्थहै॥इससशक्तितादृश्यका विस्तारतैंनिरूपणतौ न्यायप्रकाशकेचतुर्थपरिच्छे दविषे कऱ्याहै ॥ सोतहांसैंजानिलेणा ॥ इसप्रकार शक्तिसादृश्यादिकअधिकपदार्थोंकेविद्यमानहुए सप्तहीपदार्थ हैं यह वैशेषिककाकहणा असंगतहै॥ किंवा अंधकाररूपदशमद्रव्यकेविद्यमानहुए नवहींद्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

व्यहैं यहभीवैशेषिकोंकाकहणा असंगतहै ॥ तहां नीलंतमश्चलति इसप्रत्यक्षप्रतीतितैं ताअंधकाररूपत
मविषे नीलरूप तथाचलनक्रिया सिद्धहोवैहै ॥ और गुणका तथाक्रियाका आश्रय द्रव्यहीहोवैहै ॥
यातैं ताअंधकाररूपतमकूं द्रव्यरूपतासंभवैहै ॥ और वैशेषिक तातमकूं आलोककाअभावरूप माने
हैं ॥ सोतिनोंकाकहणा असंगतहै काहेतैं जोजोअभावहोवैहै ॥ सोसो प्रतियोगीसापेक्षप्रतीतिका
ही विषयहोवैहै ॥ प्रतियोगीनिरपेक्षप्रतीतिकाविषय कोईभीअभावहोतानहीं ॥ जैसे घटाभाव पटाभा
व इत्यादिकअभाव घटपटादिरूपप्रतियोगीसापेक्षप्रतीतिकेही विषयहोवैहैं ॥ और यहअंधकाररूपतम
तौ ताआलोकरूपप्रतियोगीसापेक्षाप्रतीतिकाविषयहोतानहीं ॥ यातैं ताअंधकारकूं आलोकाभावरूप
तामानणेविषे कोईभीप्रमाणनहीं है॥ किंतु उक्तयुक्तितैं ताअंधकारकूं दशमद्रव्यहीमान्याचाहिये ॥तहां
ताअंधकाररूपतमकी द्रव्यरूपता तथाआलोकाभावरूपता न्यायप्रकाशकेद्वितीयपरिच्छेदकेअंतविषे
विस्तारतैंनिरूपणकरीहै ॥ सो तहांसैंजानिलेणी ॥ किंवा वैशेषिकोंनै आत्माकूंभी ज्ञानादिकगुणों
का आश्रयरूपकरिकै तथासमवायिकारणरूपकरकै द्रव्यहींमान्याहै ॥ सोभीतिनोंकाकहणा असंग
तहै ॥ काहेतैं श्रुतिस्मृति विद्वानोंकाअनुभव इनतीनोंकरके आत्माका निर्गुणपणा तथा सत्चित्आ
नंदरूपताही निश्चयहोवैहै ॥ तहां 'साक्षीचेताकेवलोनिर्गुणश्च' यहश्रुतितौ ताआत्माकूं निर्गुण क
हेहै ॥ और 'सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म आनंदोब्रह्म' यहश्रुति ताआत्माकूं सत्चित्आनंदरूप कहेहै ॥ यातैं
सोआत्मा द्रव्यरूपनहींहै ॥ तहां सोआत्मा अद्रव्यहोणेतैं गुणादिकोकीन्यांई परतंत्रहोवैगा ॥ यह
जोवैशेषिककहेहैं ॥ सोभी असंगतहै ॥ काहैतैं श्रुतिस्मृतियोंविषे ताआत्माकूंही सर्वकल्पनावोंकाअ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धिष्ठान तथासर्वकाप्रेरक कह्याहै ॥ ऐसेआत्माकूं अद्रव्यरूपताकरिकै परतंत्रकहणा तिनश्रुतिस्मृतिवा क्योंतैं विरुद्धहै ॥ यातैं अद्रव्यरूपहुआभी सोआत्मा सर्वकाअधिष्ठानहोणेतैं तथा सर्वकाप्रेरकहोणेतैं स्वतंत्रहीहै ॥ याकारणतैंभी नवहीद्रव्यहैं यहतिनोंकीप्रतिज्ञा असंगतहै ॥ किंवा तिनवैशेषिकोंनै आकाशादिकअनेकनित्यपदार्थ मानेहैं ॥ सातिनोंकीकल्पनाभी श्रुतितैंविरुद्धहोणेतैं असंगतहै ॥ जिस कारणतैं श्रुति ब्रह्मतैंभिन्न सर्वजगत्कूं अनित्यहीकहेहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' अतोऽन्यदार्तम् । मायामात्र मिदंद्वैतमद्वैतंपरमार्थतः ' अर्थयह ॥ इसब्रह्मतैंभिन्नसर्वजगत् आर्त काहिये मिथ्याहै ॥ और यहसर्वद्वै तप्रपंच मायामात्रहै अर्थात् मिथ्याहै ॥ अद्वैतब्रह्महीं परमार्थसत्यहै इति ॥ किंवा ' आत्मनआकाशः संभूतः तन्मनोऽकुरुत ' इसश्रुतिविषे आकाशकी तथा मनकी ब्रह्मतैउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ और ' जा तस्यंहिध्रुवोमृत्युः ' इसवचनकरिकै श्रीभगवान्नें उत्पत्तिमानपदार्थका नियमतैंनाश कह्याहै ॥ यातैं उत्पत्तिविनाशवालेहोणेतैं तेआकाशादिक अनित्यहीहोवैंगे ॥ किंवा तिनवैशेषिकोंनें परमाणुवोंकूं जो निरवयव तथानित्य मान्याहै ॥ सोभी असंगतहै ॥ काहेतैं लोकविषे जोजोपदार्थ रूपादिगुणवा लाहोवैहै तथापरिच्छिन्नहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ सावयव तथाअनित्यहीहोवैहै ॥ जैसे घटपटादिकपदा र्थ हैं ॥ तैसे तेपरमाणुभी तुमारेमतविषे रूपादिकगुणोंवालेहैं तथापरिच्छिन्नहैं ॥ यातैं तेपरसाणुभी घटा दिकोंकीन्यांई सावयव तथाअनित्यहीहोवैंगे ॥ किंवा परमाणुवोंकूं सावयवमानणेविषे जोवैशेषिकों नैं अनवस्थादोषकीप्राप्तिकहीहै ॥ सोभी असंगतहै ॥ जिसकारणतैं ईश्वररूपपरमकारणविषेही ताअवय वधाराकीविश्रांति संभवैहै ॥ किंवा सूक्ष्मभूतोंतैंभिन्नपरमाणुवोंकेसद्भावविषे कोईभीप्रमाण नहींहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

किंतु सूक्ष्मभूतोंकाही परमाणुनामहै ॥ तिनसूक्ष्मभूतोंकीउत्पत्ति पूर्वउक्तरीतिसें ईश्वरतैंहीहोवेहै ॥ याकारणतैंभी तेपरमाणु सावयव तथाअनित्यही सिद्धहोवैहैं ॥ किंवा तिनवैशेषिकोंनें संयुक्तदोपरमाणुवोंतैं द्व्यणुककीउत्पत्तिकहीहै ॥ सोभी संभवतीनहीं ॥ काहेतैं तिनवैशेषिकोंनें परमाणुवोंकूंतों निरवयव मान्याहै ॥ और संयोगकूं अव्याप्यवृत्ति मान्याहै ॥ तहां जिसद्रव्यविषे सोसंयोगरहेहै ॥ तिसीद्रव्यविषे तासंयोगकाअभावभीरहेहै ॥ जैसे एकहीवृक्षके शाखादेशविषे पक्षीकासंयोगहोवैहै और मूलदेशविषे तासंयोगकाअभावहोवैहै यहही तासंयोगविषे अव्याप्यवृत्तिपणाहै ॥ सोसंयोग सावयवद्रव्योंकाहीसंभवैहै ॥ निरवयवद्रव्योंका सोसंयोग संभवतानहीं ॥ और वैशेषिकोंनें तेपरमाणु निरवयवही मानेहैं ॥ यातैं तिनपरमाणुवोंकेसंयोगकेअसंभवहुए तिनपरमाणुवोंतैं द्व्यणुककीउत्पत्ति कहणी अत्यंतविरुद्धहै ॥ किंवा 'येऽनाश्रुतंश्रुतंभवति' इत्यादिकश्रुतिनैं एककारणब्रह्मकेज्ञानकरिकै सर्वकेज्ञानकीप्रतिज्ञाकरीहै ॥ साप्रतिज्ञा ब्रह्मतैंभिन्न परमाणुआदिकोंकूंअनादि तथा नित्य मानणेविषे बाधितहोवैंगी ॥ जोकदाचित् साप्रतिज्ञा बाधितहोवे ॥ तौ तिसप्रतिज्ञातैंअनंतर मृत्तिकादिकदृष्टांतोंकरिकै कार्यका कारणतैंअव्यतिरेकपणेकूंसिद्धिकरिकै ताप्रतिज्ञातअर्थकाजोउपपादनकऱ्याहै सोअनर्थकहोवैंगा ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ ब्रह्मतैंभिन्नसर्वजगत् ताब्रह्मतैंउत्पन्नहोवेहै तथाताब्रह्मविषेहीलयहोवेहै इति॥ ईहां सांख्यशास्त्रवालेतौ त्रिगुणात्मकप्रधानतैंही महत्तत्वादिक्रमकरिकै जगत्कीउत्पत्ति मानेहैं ॥ यहसांख्यकामत आगेस्पष्टहोवैंगा ॥ सोयहसांख्ययोंकामतभी समीचीननहींहै काहेतैं तिनसांख्ययोंनें ताप्रधानकूं जड तथा नित्य तथास्वतंत्र मान्याहै ॥ सोप्रधानही जगत्काकारणहै इस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थविषे कोईभीप्रमाणनहीं है ॥ और 'मायांतुप्रकृतिंविद्यात् । अजामेकांलोहितशुक्लकृष्णांबह्वीःप्रजाः सृजमानांस्वरूपाः' इत्यादिकश्रुतियांतौ सिद्धांतसंमतमायाकूंहीं जगत्काकारण कहेहैं ॥ ताप्रधानकूं कहतीयांनहीं ॥ यातैं ताप्रधानकूं जगत्काउपादानकारणपणा संभवतानहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ सो प्रधान कपिलस्मृतिकरिकैसिद्धहै ॥ यातैं ताप्रधानकूं अप्रामाणिककहणा अयुक्तहै ॥ ॥ समाधा न ॥ ॥ श्रुतिकेविरोधहुए ताकपिलस्मृतिकूं प्रमाणरूपतानहीं है ॥ श्रुतिमूलकस्मृतिही प्रमाणरूप होवेहै ॥श्रुतिविरुद्धस्मृति प्रमाणरूपहोवेनहीं ॥ यातैं मायाउपहितब्रह्मतैंही आकाशादिककरिकै प्र पंचकीउत्पत्तिहोवेहै यहपूर्वउक्तसिद्धांतमतही सर्वोंकूं अंगीकारकऱ्याचाहिये इति ॥ अब पूर्वउक्तआ काशादिकपंचभूतोंतैं सूक्ष्मशरीरोंकी तथास्थूलभूतोंकी उत्पत्तिकाप्रकार वर्णनकरेहैं ॥ तहां पूर्वईश्वर काउपाधिरूपकरिकैकथनकरीजामायाहै ॥सामाया सत्त्व, रज, तम, यहतीनगुणरूपहै ॥और कारणके गुणही कार्यकेगुणोंकाआरंभकहोवैहैं ॥ यातैं तामायाकेकार्यरूप तेआकाशादिकपंचभूतभी सत्त्व, रज, तम, यहतीनगुणरूपहीहोवैहैं ॥ और तेआकाशादिकपंचभूत प्रत्यक्षव्यवहारकेअयोग्यहोणेतैं सूक्ष्मक ह्येजावैहैं ॥ औरपंचीकरणकेअभावतैं अपचीकृत कह्येजावैहैं ॥ ऐसेअपंचीकृतसूक्ष्मभूतोंतैं सप्तदशलिं गरूप सूक्ष्मशरीर उत्पन्नहोताभया॥ तेसप्तदशलिंग यहहैं ॥पंचज्ञानइंद्रिय पंचकर्मइंद्रिय पंचप्राण मन बुद्धि ॥ तहां श्रोत्र १ त्वक् २ चक्षु ३ रसन ४ घ्राण ५ यहपंचइंद्रिय ज्ञानकेसाधनहोणेतैं ज्ञानइंद्रि य कह्येजावैहैं ॥ और वाक् १ पाणि २ पाद ३ पायु ४ उपस्थ ५ यहपंचइंद्रिय क्रियाकेसाधनहोणे तैं कर्मइंद्रिय कह्येजावैहैं ॥ तहां शब्दज्ञानकासाधनइंद्रिय श्रोत्रकह्याजावैहै ॥ और स्पर्शज्ञानकासाध

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नइंद्रिय त्वक्कह्याजावैहै ॥ और रूपज्ञानकासाधनइंद्रिय चक्षुकह्याजावैहै ॥ और रसज्ञानकासाधनइं
द्रिय रसनकह्याजावैहै ॥ और गंधज्ञानका साधनइंद्रिय घ्राण कह्याजावैहै ॥ और वचनक्रियाकासाधन
इंद्रिय वाक्कह्याजावैहै ॥ और ग्रहणक्रियाका साधनइंद्रिय पाणि कह्याजावैहै ॥ और गमनक्रियाका
साधनइंद्रिय पाद कह्याजावैहै ॥ और विसर्गक्रियाकासाधनइंद्रिय पायु कह्याजावैहै ॥ और सुखक्रिया
कासाधनइंद्रिय उपस्थकह्याजावैहै ॥ यद्यपि मन बुद्धि चित्त अहंकार इसभेदकरिकै अंतःकरण चारि
प्रकारकाहोवैहै ॥ तथापि ईहांमनविषे चित्तका तथा बुद्धिविषे अहंकारका अंतर्भावमानिकै मन बुद्धि इ
नदोनोंकाहीग्रहणकऱ्याहै ॥ अब तिनआकाशादिकपंचभूतोंतैं तिनसप्तदशलिंगोंकेउत्पत्तिकाक्रमकहे
हैं ॥ तहां 'सत्वात्संजायतेज्ञानम्' इसगीतावचनविषे सत्त्वगुणतैं ज्ञानकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ और
श्रोत्रादिकपंचज्ञान इंद्रियोंविषे पूर्वउक्तरीतिसे ज्ञानकीसाधनता स्पष्टही है ॥ यातैं तिनआकाशादिकपं
चभूतोंकेअमिलितसात्विकअंशतैं श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रिय उत्पन्नहोवैहैं ॥ तहां आकाशकेसात्विकअं
शतैं श्रोत्रइंद्रिय उत्पन्नहोवैहै ॥ और वायुकेसात्विकअंशतै त्वक्इंद्रिय उत्पन्नहोवैहै ॥ और तेजकेसा
त्विकअंशतै चक्षुइंद्रिय उत्पन्नहोवैहै ॥ और जलकेसात्विकअंशते रसनइंद्रिय उत्पन्नहोवैहै ॥ और पृ
थिवीकेसात्विकअंशतैं घ्राणइंद्रिय उत्पन्नहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तेश्रोत्रादिकपंचइंद्रिय उक्तक्रमतैं
आकाशादिकपंचभूतोंतैंउत्पन्नहुएहैं यहवार्ता कैसेजानीजावै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शब्द स्पर्श रूप
रस गंध इनपांचगुणोंकेमध्याविषे जिसजिसगुणकूं जोजोइंद्रिय ग्रहणकरेहै ॥ सोसोइंद्रिय तिसतिसगुण
वालाहीहोवैहै यहनियमहै ॥ जैसे श्रोत्रइंद्रिय शब्दगुणकूं ग्रहणकरेहै ॥ यातैं सोश्रोत्रइंद्रिय शब्दगुणवा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लाहीहै ॥ तैसे त्वकादिकइंद्रियभी तिसतिसरूपर्शादिकगुणकूं ग्रहणकरेहैं यातैं तेत्वकादिकइंद्रियभी तिसतिसरूपर्शादिकगुणवालेहीहोवैंगे ॥ और तिसतिसशब्दादिकगुणवालेद्रव्यकूं आकाशादिरूपता सिद्धहीहै ॥ इसप्रकारकीयुक्तिकरिकै तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं यथाक्रमतैं तिनआकाशादिकभूतोंका कार्यपणाही सिद्धहोवैहै ॥ जोकदाचित् तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंकूं आकाशादिकभूतोंकाकार्यपणा न हींमानिये ॥ तौ तिनश्रोत्रादिकइंद्रियोंविषे शब्दादिकगुणोंकाग्राहकपणाही नहींहोवैगा ॥ किंवा केवल इसउक्तयुक्तिकरिकैही श्रोत्रादिकइंद्रियोंविषे आकाशादिकभूतोकाकार्यपणा सिद्धनहींहै ॥ किंतु श्रुतिप्रमाणकरिकैभी सिद्धहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' श्रोत्रमाकाशे वायौत्वक् अग्नौचक्षुरप्सुजिह्वा पृथिव्यां घ्राणं ' इसश्रुतिविषे आकाशादिकभूतोंकेसात्विकअंशतैं यथाक्रमतैं श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंकी उत्पत्ति कथनकरीहै ॥ यातैं आकाशादिकभूतोंकेसात्विकअंशतैं श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंकीउत्पत्तिमानणी श्रुतियुक्तिकरिकैसिद्धहै इति ॥ और तिनआकाशादिकपंचभूतोंके जेमिलितसात्विकअंशहैं तिनोंतैं अंतःकरण उत्पन्नहोवैहै ॥ तहां सोअंतःकरण तिनश्रोत्रादिकपंचइंद्रियद्वारा तिनशब्दादिकपांचोंगुणोंकूं ग्रहणकरेहै॥यातैं ताअंतःकरणकूं तिनआकाशादिकपंचभूतोंकेमिलितसात्त्विकअंशोंकाकार्यपणा अवश्यमान्याचाहिये ॥ जोकदाचित् ताअंतःकरणकूं तिनपंचभूतोंकाकार्यपणा नहींमानिये ॥ तौ ताअंतःकरणकूं तिनशब्दादिकपंचगुणोंका ग्राहकपणाही नहींसंभवैगा इति ॥ ईहां सांख्यशास्त्रवालेतौ ऐसाकहेहैं ॥ सोअंतःकरण बुद्धि १ अहंकार २ मन ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां मूलप्रकृतितैं बुद्धि उत्पन्नहोवैहै ॥ जिसबुद्धिकूं महत्तत्वभी कहेहैं ॥ तामहत्तत्वनामाबुद्धितैं अहंकार उत्प

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न्नहोवैहै ॥ सोअहंकार सत्त्व रज तम इनतीनगुणोंकेभेदकरिकै सात्विक राजस तामस यहतीनप्रकार काहोवैहै ॥ तहां सात्विकअहंकारतैं तौ श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रिय तथावाकादिकपंचकर्मइंद्रिय एकमन यहएकादशइंद्रिय उत्पन्नहोवैहै ॥ और तामसअहंकारतैं शब्द १स्पर्श २ रूप ३ रस ४ गंध ५ यहपंच तन्मात्रा उत्पन्नहोवैहैं ॥ और राजस अहंकारतौ तिनदोनोंअहंकारोंका प्रवर्त्तकहोणेतैं केवल सहकारी मात्रहोवैहै ॥ और तिनपंचतन्मात्रावोंतैं यथाक्रमतैं आकाश १ वायु २ अग्नि ३ जल ४ पृथिवी ५ यहपं चमहाभूत उत्पन्नहोवैहैं ॥ यहवार्त्ता सांख्यतत्त्वकौमुदीविषेभी कहीहै ॥ तहांश्लोक 'मूलप्रकृतिरविकृ तिर्महदाद्याःप्रकृतिविकृतयःसप्त षोडकस्तुविकारोनप्रकृतिर्नविकृतिःपुरुषः' अर्थयह ॥ सत्व रज तम इन तीनगुणोंकोजोसाम्यअवस्थाहै ताकानाम प्रधानहै ॥ सोप्रधान जगत्कामूलकारणहोणेतैं मूलप्रकृति कह्याजावैहै ॥ सा मूलप्रकृति किसीकाभीविकृतिनहींहै ॥ ईहां सर्वत्र प्रकृतिशब्दकरिकै परिणामीउपादान कारणका ग्रहणकरणा और विकृतिशब्दकरिकै कार्यका ग्रहणकरणा ॥ और महत्तत्त्व अहंकार पं चतन्मात्रा यहसप्त प्रकृतिभीहोवैहैं तथाविकृतिभीहोवैहैं ॥ तहां मूलप्रकृतिकीअपेक्षाकरिकैतौ महत्तत्त्व विकृतिहै ॥ और अहंकारकी अपेक्षाकरिकै प्रकृतिहै ॥ ऐसे अहंकारभी तामहत्तत्त्वकीअपेक्षाकरिकैतौ विकृतिहै ॥ और इंद्रियतन्मात्रावोंकोअपेक्षाकरिकै प्रकृतिहै ॥ इसप्रकार तेपंचतन्मात्राभी ताअहंकार कीअपेक्षाकरिकैतौ विकृतिहैं ॥ और पंचमहाभूतोंकीअपेक्षाकरिकै प्रकृतिहैं ॥ और पूर्वउक्त एकादश इंदिय तथापंचमहाभूत यहषोडशतौ विकृतिहीहोवैहै ॥ किसीकेभीप्रकृतिहोतेनहीं ॥ और असंगहोणे तैं पुरुषतो प्रकृतिभीनहींहोवैहै तथाविकृतिभीनहींहोवैहै इति ॥ इससांख्यमतका विस्तारतैंनिरूपणतौ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न्यायप्रकाशग्रंथकेद्वितीयपरिच्छेदविषे आत्मनिरूपणविषे हमनै कऱ्याहै ॥ सो तहां सैंजानिलेणा इति ॥ सोयहसांख्ययोंकामतभी श्रुतिसूत्रतैंविरुद्धहोणेतैं असंगतहै ॥ काहेतैं ब्रह्मसूत्रकारश्रीव्यासभगवान नैं 'ईक्षतेर्नाशब्दं' इत्यादिकसूत्रोंकरिकै ताप्रधानकारणवादका खंडनहीकऱ्याहै ॥ इससूत्रकायहअर्थहै ॥ वैदिकशब्दकरिकैअप्रतिपादितहोणेतैं अप्रामाणिक ऐसाजोप्रधानहै ॥ सोप्रधान जगत्काकारणनहींहै ॥ जिसकारणतैं 'तदैक्षतबहुस्यां' इसश्रुतिनें जगत्केकारणविषे ज्ञानरूपईक्षण कथनकऱ्याहै ॥ सोईक्षण चेतनविषेहीसंभवै है ॥ जडप्रधानविषेसंभवतानहीं ॥ यातैं सोप्रधानकारणवाद असंगत है ॥ किंवा 'अन्नमयंहिसोम्यमनःआपोमयःप्राणःतेजोमयीवाक्' इसश्रुतितैं तथा 'श्रोत्रमाकाशोवायौत्वक्' इसपूर्वउक्तश्रुतितैं अंतःकरण प्राण इंद्रिय इनतीनोंविषे भूतोंकाकार्यपणाही निश्चयहोवैहै ॥ और सांख्ययोंनें तिनोंकूं भूतोंकाकार्य मान्यानहीं ॥ यातैंभी सोसांख्ययोंकामत श्रुतिप्रमाणतैंविरुद्धहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तुमवेदांतियोंकेमतविषेभी ब्रह्म असंगहै ॥ ऐसेअसंगब्रह्मविषे ताईक्षणपूर्वक जगत्काउपादानपणा मानणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ ऐसेविरुद्धअर्थकूंश्रुतिभी कैसेप्रतिपादनकरैगी ॥ ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शुद्धब्रह्मकूं असंगरूपहोणेतैं यद्यपि जगत्काउपादानपणा संभवतानहीं ॥ तथापि मायाउपहितब्रह्मकूं सोउपादानपणा संभवैहै ॥ और श्रुतिनेंभी तामायाउपहितब्रह्मकूंहीं जगत्काउपादानपणा कथनकऱ्याहै ॥ यहवार्त्ता पूर्वहीविस्तारतैं प्रतिपादनकरिआयेहैं इति ॥ ईहां नैयायिकतौ मनकूं निरवयव मानेहैं तथाअणुमानेहैं तथानित्यमानेहैं ॥ यहनैयायिकोंकामत न्यायप्रकाशकेद्वितीयपरिच्छेदविषे मनकेनिरूपणविषे विस्तारतैंप्रतिपादनकऱ्याहै ॥ सोयहनैयायिकोंतामतभी श्रु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तितैंविरुद्धहोणेतैं असंगतहै ॥ काहेतैं मनकूं जोनित्यमानिये तौ ॥ 'एकमेवाद्वितीयंब्रह्म' एकतौ इ
सश्रुतिकाविरोध प्राप्तहोवैगा ॥ और दूसरा 'एतस्माज्जायतेप्राणोमनःसर्वेंद्रियाणिच तन्मनोऽकुरुत' इ
त्यादिकश्रुतियोंविषे तामनकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ और जोजोभावकार्यहोवैहै ॥ सोसो अनित्यही
होवैहै ॥ जैसे घटपटादिक भावकार्यहोणेतैं अनित्यहै ॥ तैसे भावकार्यहोणेतैं सोमनभी अनित्यहीहो
वैगा ॥ किंवा नैयायिकोंने मनकूं मूर्त्तद्रव्य मान्याहै ॥ और जोजोमूर्त्तद्रव्यहोवैहै सोसो परिच्छिन्न
हीहोवैहै ॥ और जोजो परिच्छिन्नहोवै है सोसो सावयवहीहोवैहै ॥ और जोजो सावयवहोवैहै सो
सो अनित्यहीहोवै है ॥ याप्रकारकानियम घटपटादिकमूर्त्तद्रव्योंविषे देखणेमें आवैहै ॥ यातैं मूर्त्तद्रव्य
होणेतैं सोमनभी सावयव तथाअनित्यहीहोवैगा ॥ किंवा नैयायिकोंने मनकूं अणुमान्याहै तथाताम
नकेसंयोगतैं आत्माविषे सुखदुःखादिकोंकीउत्पत्ति मानीहै ॥ सोभी असंगतहै ॥ काहेतैं ताअणुमन
केसंयोगजन्य सोसुखभी किसीअणुप्रदेशविषेहीहो वैगा ॥ सर्वअंगव्यापिनहींहो वैगा ॥ और शीतल
गंगाजलविषेनिमग्नपुरुषकूं सर्वअंगव्यापिसुखकाअनुभवहोवै है ॥ यातैं सोमन अणुनहीं है ॥ किंवा मेरे
कूंपादविषेपीडाहै और शिरविषेसुखहै इसप्रकार एकहीकालविषे सुखदुःखकाअनुभवहोवै है ॥ सोभी नै
यायिकों केमतविषे असंगतहो वैगा ॥ जिसकारणतैं ताअणुमनका एककालविषे तापादशिरदोनोंकेसा
थि संयोगसंभवतानहीं इति ॥ तहां भूतोंककार्यरूपमनाविषे विभुपणासंभवतानहीं तथा विभुमनका
विभुआत्माकेसाथि संयोगसंभवता नहीं ॥ इनउक्तयुक्तियोंकरिकै मनकाविभुपणाभी खंडनहुआजान
णा ॥ तहां मीमांसक मनकूंविभुमानेहैं ॥ सोमनकेविभुपणेकाप्रतिपादन तथानैयायिकोंकीरीतिसें ता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

काखंडन न्यायप्रकाकेद्वितीयपरिच्छेदविषे मनकेनिरूपणविषे विस्तारतैंकथनकऱ्याहै ॥ सो तहांसैंजा
निलेणा ॥ यातैं आकाशादिकपंचभूतों केमिलितसात्विकअंशोंतैं सो अंतःकरण उत्पन्नहो वै है तथासाव
यवहै यहसिद्धांतसिद्धभया इति और सो अंतःकरण संकल्पनिश्चय अभिमान स्मरण इनचारिवृत्ति
यों केभेदकरिकै मन १ बुद्धि २ अहंकार ३ चित्त ४ यहचारिप्रकारकाहोवै है ॥ तहां संकल्पवृत्तिवाला
अंतःकरण मनकह्याजावै है ॥ और निश्चयवृत्तिवालाअंतःकरण बुद्धिकह्याजावै है ॥ और अभिमावृत्ति
वालाअंतःकरण अहंकारकह्याजावै है ॥ और स्मरणवृत्तिवालाअंतःकरण चित्तकह्याजावै है इति ॥ अब
कर्मइंद्रियोंकेउत्पत्तिकाप्रकार वर्णनकरेहैं ॥ तहां पूर्वउक्तआकाशादिकपंचसूक्ष्मभूतों के परस्परअमिलि
तराजसअंशोंतैं कर्मइंद्रिय उत्पन्न होवै हैं ॥ तहां आकाशकेराजसअंशतैं वाक्इंद्रिय उत्पन्नहोवै है ॥ और
वायुकेराजसअंशतैं हस्तइंद्रिय उत्पन्नहोवै है ॥ और तेजकेराजसअंशतैं पादइंद्रिय उत्पन्नहोवै है ॥ और
जलकेराजसअंशतैं पायुइंद्रिय उत्पन्नहोवैहै ॥ और पृथिवीकेराजसअंशतैं उपस्थइंद्रिय उत्पन्नहोवै है ॥
ईहां कैएकग्रंथकारतौ जलकेराजसअंशतैं उपस्थइंद्रियकीउत्पत्तिमानेहै ॥ ओर पृथ्वीकेराजसअंशतैं
पायुइंद्रियकीउत्पत्तिमानेहै ॥ तहां 'कस्मिन्नापःप्रतिष्ठिताइतिरेतसि' इसश्रुतिविषे जलोंकीरेतविषेस्थि
तिकथनकरीहै ॥ यातैं ताउपस्थइंद्रियकी जलतैंहीउत्पत्तिमानणी उचितहै इति ॥ अब प्राणोंकेउत्पत्ति
कावर्णनकरेहैं ॥ तहां पूर्वउक्तआकाशादिकपंचसूक्ष्मभूतों के मिलितराजसअंशोंतैं प्राण उत्पन्नहोवे है ॥
सोप्राणभी क्रियाकेभेदतैं वा स्थानकेभेदतैं प्राण १ अपान २ व्यान ३ उदान ४ समान ५ यहपंच
प्रकारकाहोवै है ॥ तहां सर्वदाऊर्ध्वगमनवालावायु प्राणकह्याजावै है ॥ यद्यपि उदानवायुभी ऊर्ध्वगमन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वालाहोवैहै ॥ तथापि सोउदान मरणकालविषेही ऊर्ध्वगमनवालाहोवैहै ॥ सर्वदा उर्ध्वगमनवालाहोवै नहीं ॥ और यहप्राणतौ सर्वदा उर्ध्वगमनवालाहोवैहै॥ यातैं इसप्राणकेलक्षणकी ताउदानविषेअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ और सोप्राण नासिकातैं लैके नाभिपर्यंतस्थानोंविषे रहेहै ॥ तहां 'वायुःप्राणोभूत्वानासिकेप्राविशत्' इसऐतरेयश्रुतिनें ताप्राणकी नासिकादिस्थानविषेही स्थितिकही है ॥ और अधोगमनवालावायु अपानकह्याजावै है ॥ सोअपान नाभितैं लैकेपायुपर्यंतस्थानोंविषे रहेहै ॥ तहां 'मृत्युरपानोभूत्वानाभिंप्राविशत्' इसश्रुतिनें ताअपानकी नाभिआदिकस्थानविषेही स्थितिकही है ॥ और सर्वओरतैंगमनकरणेहारावायु व्यानकह्याजावै है ॥ सो व्यानवायु समग्रशरीरविषेरहे है ॥ और मरणकालविषे उर्ध्वगमनकरणेहारावायु उदानकह्याजावै है ॥ सोउदान कंठस्थानविषेरहे है ॥ और भोजनकऱ्ये हुएअन्नके तथा पानकऱ्येहुजलके स्थूल मध्यम सूक्ष्म इनतीनभागोंकूं तिसतिसस्थानविषे प्राप्तकरणेहारावायु समानकह्याजावैहै ॥ तहां विष्ठामूत्रकाहेतुभूत जोअन्नजलकास्थूलभागहै तिसकूं शरीरतैं बाह्यनिकासणेवासतै सोसमानवायु अपानविषे प्राप्तकरेहै ॥ और मांसरुधिरकाहेतुभूत जोअन्नजलका मध्यमभागहै तिसकूं नाडीद्वारा सर्वअंगोंविषे प्राप्तकरेहै ॥ और मनप्राणदोनोंकाउपकारक जोताअन्नजलकासूक्ष्मभागहै तिसकूं तामनप्राणविषे प्राप्तकरेहै ॥ याकारणतैंही श्रुतिविषे मनकूं अन्नमय कह्याहै ॥ और प्राणकूं जलमय कह्याहै ॥ सोयहसमानवायुभी समग्रशरीरविषेरहेहै ॥ और कोईकग्रंथविषे जोइससमानका नाभिस्थानकह्याहै ॥ सो मुख्यताकूंलैकेकह्याहै ॥ अर्थात् तासमानवायुका सो नाभि मुख्यस्थानहै इति ॥ ईहां कैएकशावालेतौ नाग १ कूर्म २ कृकल ३ देवदत्त ४ धनंजय ५

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इनपंचवायुवोंकूंमिलाइकै सोप्राणवायु दशप्रकारकाकहेहैं ॥ तहां उदगारकरणेहारावायु नागकह्या जावैहै॥ और नेत्रोंकेउन्मीलनकूंकरणेहारावायु कूर्मकह्याजावैहै ॥ और छिक्काकूंकरणेहारावायु कृकलक ह्याजावैहै ॥ और जृंभणकूंकरणेहारावायु देवदत्तकह्याजावैहै ॥ और शरीरकेपोषणकूंकरणेहारावायु धनंजयकह्याजावैहै इति ॥ तहां पूर्वउक्तप्राणादिकपंचवायुवोंतैं इननागादिकपंवायुवोंकूं पृथक्मान णेविषे एकतौ गौरवदोषकीप्राप्तिहोवैहै ॥ और दूसरा तिननागादिकपांचोंविषे श्रुतिआदिकप्रमाणका भी अभावहै ॥ यातैं वेदांतग्रंथोंविषे तिननागादिकपांचोंका तिनप्राणादिकपांचोंविषे अंतर्भावमानि कै तेपंचहीप्राण कथनकऱ्येहैं ॥ इति ॥ अब पूर्वउक्त इंद्रियोंके तथा अंतःकरणके देवतावोंका वर्णनकरे हैं ॥ तहां श्रोत्र १ त्वक् २ चक्षु ३ रसन ४ घ्राण ५ इनपंचज्ञानइंद्रियोंके यथाक्रमतैं दिक् १ वायु २ आदित्य ३ वरुण ४ अश्वी ५ यहपंचदेवताहोवै हैं ॥ ईहां कोईकग्रंथविषे घ्राणका पृथिवीदेवताभी क ह्याहै ॥ और वाक् १ पाणि २ पाद ३ पायु ४ उपस्थ ५ इनपंचकर्मइंद्रियोंके यथाक्रमतैं वह्नि १ इंद्र २ उपेंद्र ३ मृत्यु ४ प्रजापति ५ यहपंचदेवताहोवैहैं ॥ और मन १ बुद्धि २ अहंकार ३ चित्त ४ इनचारिअंतःकरणोंके यथाक्रमतैं चंद्र १ चतुर्मुख २ शंकर ३ अच्युत ४ यहचारिदेवताहोवैहैं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ श्रोत्रादिकइंद्रियोंके तेदिकादिकअधिष्ठातादेवताहैं इसअर्थविषे कौनप्रमाणहै ॥ ॥ स माधान ॥ ॥ सुबालउपनिषदविषे, 'श्रोत्रमध्यात्मंश्रोतव्यमधिभूतंदिशस्तत्राधिदैवतम्' इत्यादिकवच नोंकरिकै ज्ञानकर्मइंद्रियोंके तथाअंतःकरणके तेपूर्वउक्तसर्वदेवता कथनकरेहैं॥ यातैं तेइंद्रियअंतःकरण केअधिष्ठातादेवता श्रुतिप्रमाणतैंहीसिद्धहैं ॥ किंवा तेअधिष्ठातादेवता केवल श्रुतिप्रमाणकरिकैहीसिद्ध

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नहीं हैं ॥ किंतु अनुमानप्रमाणकरिकैभीसिद्धहैं ॥ सोदिखावैहैं ॥ इसलोकविषे जोजोअचेतनकारण होवैहै ॥ सोसो चेतनकेआश्रितहुआही कार्यकाजनकहोवैहै ॥ जैसे मृत्तिका अचेतनकारणहोणेतैं चेतनकुलालकेआश्रितहुएही घटादिककार्यकूं उत्पन्नकरैं हैं ॥ तैसे तेइंद्रियभीअचेतनकारणहोणेतैं चेतनदेवतावोंकेआश्रितहुएही आपणेआपणेकार्यकूं उत्पन्नकरेंगे ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जीवचेतनही तिनसर्वइंद्रियोंका अधिष्ठाताहोवैगा ॥ ताजीवचेतनतैंभिन्न दूसरेअधिष्ठातादेवतामानणेव्यर्थ हैं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जीवचेतनकूं जोइंद्रियोंकाप्रेरकमानिये ॥ तौ सोजीवचेतन आपणेअनुकूलअर्थविषेही तिनइंद्रियोंकूं प्रवृत्तकरेगा ॥ प्रतिकूलअर्थविषेप्रवृत्तकरैंगानहीं ॥ सोऐसादेखणेविषेआवतानहीं ॥ किंतु जीवचेतनकूंप्रतिकूल जोशत्रुकादर्शन तथादुर्गंधादिकोंकाज्ञानहै तिसकूंभी तेचक्षुघ्राणादिकइंद्रिय उत्पन्नकरेहैं ॥ यातैंयहजान्याजावैहै ॥ सोजीवचेतन तिनइंद्रियोंका प्रेरकनहीं है ॥ किंतु तेउक्तदेवताही प्रेरकहैं ॥ तेदेवता ताजीवकेपापकर्मकेवशतैं प्रतिकूलअर्थविषेभी तिनइंद्रियोंकूंप्रवृत्तकरेहैं इति ॥ तहां इतनेंपर्यंत सप्तदशलिंगरूपसूक्ष्मशरीरकानिरूपणकऱ्या ॥ अब तैत्तिरीयउपनिषदविषे कथनकऱ्येजे कार्यकारणरूप अन्नमयादिकपंचकोशहैं तिनोंका स्थूल सूक्ष्म कारण इनतीनशरीरोंविषे अंतर्भाववर्णनकरे हैं ॥ तहां अन्नमय १ प्राणमय २ मनोमय ३ विज्ञानमय ४ आनंदमय ५ यहपंच आत्माकेआच्छादकहोणेतैं कोशकह्याजावैहैं ॥ तहां आगेकथनकरेंगेजोस्थूलशरीर सो अन्नमयकोश कह्याजावैहै ॥ सोअन्नमयकोशभी कार्य कारण इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां अस्मदादिकजीवोंका व्यष्टिस्थूलशरीरतौ कार्यरूपअन्नमयकोशहै ॥ और विराट्का समष्टिस्थूलशरीरतौ कारणरूपअन्नमयको

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ज्ञहै ॥ इसप्रकार आगे प्राणमयादिककोशोंकाभी व्यष्टिसमष्टिरूपतैं कार्यकारणभाव जानिलेणा ॥ और पूर्वकथनकऱ्याजो सप्तदशलिंगरूपसूक्ष्मशरीरहै सो प्राणमय मनोमय विज्ञानमय यहतीनकोशरूपहैं ॥ तहां पूर्वउक्त वाकादिकपंचकर्मइंद्रियोंसहित जोप्राणहै सो प्राणमयकोश कह्याजावैहै ॥ और तिनकर्मइंद्रियोंसहित जोमनहै सो मनोमयकोश कह्याजावैहै ॥ और पूर्वउक्त श्रोत्रादिकपंचज्ञानइंद्रियोंसहित जाबुद्धिहै सो विज्ञानमयकोश कह्याजावैहै ॥ यहविज्ञानमयकोशही आत्माविषे कर्त्तापणेकाउपाधिहै ॥ अर्थात् वास्तवतैंअकर्त्ताहुआभीआत्मा इसविज्ञानमयकोशविशिष्टहुआ कर्त्ताकह्याजावैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'विज्ञानंयज्ञंतनुतेकर्माणितनुतेपिच' अर्थयह ॥ यहविज्ञानमयउपाधिवालाजीवात्मही यज्ञकूंकरेहै तथासर्वकर्मोंकूंकरेहै इति ॥ अब पंचमेआनंदमयकोशकेकहणेवासते प्रथम ताअंतःकरणकेसात्विकवृत्तिकाविभाग कहेहैं ॥ तहां ताउक्तअंतःकरणकीसात्विकवृत्ति दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतो निश्चयवृत्ति ॥ दूसरी सुखाकारवृत्ति ॥ तहां निश्चयवृत्तिवालाअंतःकरणतौ बुद्धिकह्याजावैहै ॥ तिसबुद्धिकूं विज्ञानमयकोशरूपहोणेतैं ताबुद्धिउपाधिवाला जीवात्मा कर्त्ता ज्ञाता प्रमाता कह्याजावैहै ॥ और दूसरीसुखाकारवृत्तिवालाअंतःकरण आत्माविषे भोक्तापणेकाउपाधिहै ॥ अर्थात् वास्तवतैंअभोक्ताहुआभीआत्मा तासुखाकारवृत्तिवालेअंतःकरणकरिकैविशिष्टहुआ भोक्ताकह्याजावैहै ॥ तहां तेसुखाकारवृत्तियां तैत्तिरीयउपनिषदविषे प्रिय मोद प्रमोद नामकरिकैकथनकरोहैं ॥ तहां इष्टवस्तुकेदर्शनैजन्यसुखकूं प्रियकहेहैं ॥ और ताइष्टवस्तुकेप्राप्तिजन्यसुखकूं मोदकहेहैं ॥ और ताइष्टवस्तुकेभोगजन्यसुखकूं प्रमोदकहेहैं ॥ सोभोक्तापणेकाउपाधिरूपअंतःकरणही अज्ञानपर्यंत आनंदमयकोश कह्याजवा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ ताआनंदमयकोशरूपउपाधिवाला चेतनआत्मा भोक्ताकह्याजावैहै ॥ और कैएकग्रंथकारतौ के वलअज्ञानकूंही आनंदमयकोश कहेहैं इसआनंदमयकोशका कारणशरीरविषे अंतर्भावहै ॥ इन पंचकोशोंकाविस्तारतैंनिरूपणतौ आत्मपुराणकेदशमअध्यायविषे हमनेंकऱ्याहै ॥ सो तहांसेजानिलेणा इति ॥ अब पूर्वउक्तसूक्ष्मशरीरकाविभाग कहेहैं ॥ तहां सोसप्तदशलिंगरूपसूक्ष्मशरीर समष्टि व्यष्टि इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां पूर्वकथनकऱ्येजे अपंचीकृत आकाशादिकपंचभूत हैं॥ तथा तिनभूतोंकेकार्यरूप जेइंद्रियअंतःकरणप्राणरूप सप्तदशलिंगहैं ॥ तेसर्वमिलिकै समष्टिसूक्ष्मशरीर कह्याजावैहै ॥ तासमष्टिसूक्ष्मशरीररूपउपाधिवालाचैतन्य हिरण्यगर्भ प्राण सूत्रात्मा इननामोंकरिकै कह्याजावैहै॥ तहां सोसमष्टिसूक्ष्मशरीर ज्ञानशक्तिवालेअंतःकरणज्ञानइंद्रियोंकरिकैघटितहोणेतैं ज्ञानशक्तिवालाहै ॥ याकारणतैं ताशरीरउपहितचैतन्यकूं हिरण्यगर्भ कहेहैं ॥ और सोसमष्टिसूक्ष्मशरीर क्रियाशक्तिवालेप्राणकर्मइंद्रियोंकरिकैघटितहोणेतैं क्रियाशक्तिवालाहै॥ याकारणतैं ताशरीरउपहितचैतन्यकूं प्राण कहेहैं ॥ और पटविषेसूत्रकीन्यांई सोसमष्टिसूक्ष्मशरीर सर्वब्रह्मांडविषेव्यापकहै ॥ याकारणतैं ताशरीरउपहितचैतन्यकूं सूत्रात्मा कहेहैं ॥ अथवा पूर्वउक्तअपंचीकृतपंचभूतोंतैं एकपृथक्ही सर्वत्रव्यापकलिंगशरीर उत्पन्नहोवैहै ॥ सोलिंगशरीरही समष्टि कह्याजावैहै ॥ तासमष्टिलिंगशरीरउपहितचैतन्य हिरण्यगर्भ कह्याजावैहै इति ॥ अब प्रसंगतैं समष्टिका तथाव्यष्टिका लक्षण कहेहैं ॥ तहां जैसे नैयायिकोंकेमतविषे गोत्वजाति सर्वगोव्यक्तियोंविषे अनुस्यूतहोइकैरहेहै ॥ तैसे सर्वव्यष्टिव्यक्तियोंविषे जो अनुस्यूतहोइकैरहेहै सो समष्टि कह्याजावैहै ॥ तहांप्रमाण ॥ ‘ तेभ्यःसमभवत्सूत्रंलिगं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्वात्मकंमहत् ' अर्थयह ॥ तिनअपंचीकृतपंचभूतोंतैं एकसर्वत्रव्यापक सूत्रनामा समष्टिसूक्ष्मशरीर उ
त्पन्नहोताभया ॥ सोसमष्टिसूक्ष्मशरीर परमात्माकाबोधकहोणेतैं लिंग कह्याजावैहै ॥ और इसीसमष्टि
सूक्ष्मशरीरकूं सांख्यशास्त्रवाले महत्तत्त्व इसनामकरिकैकहेहैं इति॥ ईहां कैएकग्रंथकारतौ यहकहेहैं ॥
जैसे अनेकवृक्षोंकेसमुदायकूं वनकहेहैं ॥ तैसे सर्वव्यष्टिलिंगशरीरोंकाजोसमुदायहै सो समष्टि कह्या
जावैहै ॥ और एकएकवृक्षकीन्यांई प्रत्येकलिंगशरीर व्यष्टि कह्याजावैहै इति ॥ तहां जैसे एकगोव्य
क्ति दूसरीगोव्यक्तियोंविषे अनुस्यूतहोवैनहीं ॥ किंतु तिनोंतैंव्यावृत्तहोवैहै ॥ तैसे एकलिंगशरीर दूस
रेलिंगशरीरोंविषे अनुस्यूतहोवैनहीं ॥ किंतु तिनोंतैं व्यावृत्तहोवैहै ॥ यहव्यावृत्तपणाही तालिंगशरीर
विषे व्यष्टिपणाहै ॥ ऐसेव्यष्टिलिंगशरीरकरिकैउपहितहुआ चैतन्य तैजस कह्याजावैहै ॥ तहां तेजकावि
काररूपजोअंतःकरणहै तत्उपहितहोणेतैं चैतन्य तैजस कह्याजावैहै ॥ तहां जैसे घटत्वादिकजातिका
तथाघटादिकव्यक्तिका तादात्म्यहोवैहै॥तैसे तासमष्टिलिंगशरीरका तथाव्यष्टिलिंगशरीरकाभीतादात्म्य
हीहोवैहै ॥ तासमष्टिव्यष्टिलिंगशररिरूपदोनोंउपाधियोंकेतादात्म्यहुए तत्उपहित सूत्रात्मा तैजस इन
दोनोंकाभी तादात्म्यहीहोवैहै ॥ तहां ' भिन्नत्वेसत्यऽभिन्नसत्ताकत्वं तादात्म्यं' अर्थयह ॥ जेदोपदार्थ
व्यवहारदृष्टितैं पररस्परभिन्नहुएभी वास्तवतैं एकसत्तावालेहोवैहैं ॥ तिनदोपदार्थोंका तादात्म्यसंबंध होवै
है ॥ जैसे तंतुपटादिकोंका तथागुणगुणीआदिकोंका तादात्म्यसंबंधहै ॥ तहां हिरण्यगर्भकीअभेदउपास
नाकरिकै इसपुरुषकूं ताहिरण्यगर्भभावकीप्राप्तिरूपफलहोवै है॥याकारणतैं ईहां समष्टिव्यष्टिसूक्ष्मशरीर
रूपउपाधिका तादात्म्यवर्णनकरिकै ताहिरण्यगर्भतैजसदोनोंकातादात्म्य वर्णनकऱ्याहै॥ यातैं सोवर्णन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निष्फलनहींहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ नैयायिकोंने जातिव्यक्तिदोनोंका तादात्म्यसंबंध अंगीकारक
च्यानहीं ॥ किंतु समवायसंबंधही अंगीकारकच्याहै ॥ यातैं जातिव्यक्तिकेतादात्म्यदृष्टांतकरिकै समष्टि
व्यष्टिका तादात्म्यमानणा अत्यंतविरुद्धहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ लक्षण प्रमाण इनदोनोंकरिकैहीवस्तु
कीसिद्धिहोवैहै ॥ यहशास्त्रकारोंकानियमहै और तासमवायका कोईलक्षण तथा प्रमाण संभवतानहीं ॥
यातैं सोसमवाय अंगीकारकरणेयोग्यनहींहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ' नित्यसंबंधः समवायः ' अर्थयह ॥
नित्य ऐसाजोसंबंधहै सो समवायकह्याजावैहै ॥ यहसमवायकालक्षण विद्यामानहै ॥ तथा तासमवाय
विषे प्रत्यक्षादिकप्रमाणभी विद्यमानहैं ॥ यातैं तासमवायके लक्षणप्रमाणकाअभावकहणा असंगतहै
॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ' एकमेवाद्वितीयंब्रह्म ' इत्यादिकश्रुतियोंनें ब्रह्मकूं अद्वितीय कह्याहै ॥ सा
ब्रह्मकीअद्वितीयरूपता समवायकूंनित्यमानणेविषे संभवतीनहीं ॥ यातैं ताअद्वैतश्रुतितैंविरुद्धहोणेतैं
सोसमवायकानित्यपणा संभवतानहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तुमारेमतविषेभी अज्ञान तथाताअज्ञानका
चेतनकेसाथिसंबंध इत्यादिकपदार्थ अनादिमानेहैं ॥ तथा भावरूपमानेहैं ॥ और जोजोपदार्थ अनादि
भावरूपहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ नित्यहीहोवैहैं ॥ यातैं तिनअज्ञानादिकनित्यपदार्थोंकेविद्यमानहुए सोब्र
ह्मकाअद्वितीयपणा कैसेसंभवेगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ वेदांतासिद्धांतविषे तेअज्ञानादिक ब्रह्मविषे
अध्यस्तमानेहैं ॥ याकारणतैं ताअधिष्ठानब्रह्मतैं तेअज्ञानादिक भिन्नसत्तावालेनहींहैं ॥ यातैं तिनअ
ज्ञानादिकोंकेविद्यमानहुएभी सोब्रह्मकाअद्वितीयपणासंभवैहै ॥ और तेअज्ञानादिक अनादिभावरूपहु
एभी ब्रह्मविषेआरोपितहैं ॥ यातैं ताब्रह्मकेज्ञानकरिकै तेअज्ञानादिक निवृत्तहोइजावैहैं ॥ अनारोपित

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनादिभावपदार्थही नित्यहोवैहै ॥ साअनारोपितअनादिभावरूपता एकअधिष्ठानब्रह्मविषेहीहै ॥ तिन अज्ञानादिकोंविषेहैनहीं ॥ यातैं तुमारेसमवायकीन्यांई तेअज्ञानादिकभी अनित्यही हैं ॥ यातैं नित्यसंबंध समवायहै यहसमवायकालक्षण संभवतानहीं ॥ किंवा युक्तिसेविचारकरिकैदेखिये तौभी तासमवायकास्वरूपसिद्धहोतानहीं ॥ तहां तुमनैयायिकोंनें गुणगुणीका तथाक्रियाक्रियावालेका तथाअवयवअवयवीका तथाजातिव्यक्तिका तथाविशेषनित्यद्रव्योंका समवायसंबंध अंगीकारकऱ्याहै ॥ सोसमवाय तिनगुणगुणीआदिक आपणेसंबंधियोंतैं भिन्नहै अथवा अभिन्नहै ॥ तहां प्रथम भिन्नपक्ष जोअंगीकारकरो ताकेविषेभी यहकह्याचाहिये ॥ सोसमवाय तिनसंबंधियोंविषे किससंबंधकरिकैरहेहै ॥ संयोगसंबंधकरिकैरहेहै अथवा समवायसंबंधकरिकैरहेहै ॥ अथवा किसीअन्यसंबंधकरिकैरहेहै ॥ तहां प्रथम संयोगपक्षतौ संभवतानहीं ॥ काहेतैं दोद्रव्योंकाही संयोगसंबंधहोवैहै ॥ और सोसमवाय द्रव्यहैनहीं ॥ तैसे तेगुणकर्मादिकभी द्रव्यहैनहीं ॥ यातैं तासमवायका तिनसंबंधियोंविषे संयोगसंबंधकरिकैवर्त्तणा संभवतानहीं ॥ और सोसमवाय तिनआपणेसंबंधियोंविषे समवायसंबंधकरिकैरहेहै यह द्वितीयपक्ष जोअंगीकारकरोगे ॥ तौ आत्माश्रय १ अन्योन्याश्रम २ चक्रिका ३ अनवस्था ४ यहचारिदूषण प्राप्तहौवैंगे ॥ सोदिखावेहैं सोसमवाय जिससमवायकरिकै आपणेसंबंधियोंविषेरहेहै ॥ सोसमवाय तासमवायतैंअभिन्नहैअथवाभिन्नहै ॥ जोकहोअभिन्नहै तौ आत्माश्रयदोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ तहां तासमवायकूं आपणीस्थितिविषे जोआपणीअपेक्षाहै यहही आत्माश्रयदोषहै ॥ और जोकहो सोसमवाय भिन्नहै ॥ तौ सोद्वितीयसमवायभी ताप्रथमसमवायकीन्यांई आपणेसंबंधियोंविषे कि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सीसमवायकरिकैहीरहैगा ।। तहां सोद्वितीयसमवाय जोआपणेकरिकैहीआपरहैगा ॥ तौ पूर्वकीन्यांई पुनःआत्माश्रयदोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ और सोद्वितीयसमवाय जोप्रथमसमवायकरिकैरहैगा तौ अन्योन्याश्रयदोषकीप्राप्तिहोवैगी ।। तहां प्रथमसमवायतौ द्वितीयसमवायकरिकैरह्या ॥ और सोद्वितीयसमवाय ताप्रथमसमवायकरिकैरह्या ॥ यहही अन्योन्याश्रयदोषहै ॥ और इसअन्योन्याश्रयदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै सोद्वितीयसमवाय किसीतीसरेसमवायकरिकैरहैहै यहजोमानोंगे तोसो तृतीयसमवाय भीजो है तो आपणेकरिकैआपरहैगा ॥ तौ पूर्वकीन्यांई पुनः आत्माश्रयदोष प्राप्तहोवैगा ॥ और जोद्वितीयसमवायकरिकैरहैगा ।। तौ पूर्वकीन्यांई पुनः अन्योन्याश्रयदोष प्राप्तहोवैगा ॥ और सोतृतीयसमवाय जोप्रथमसमवायकरिकैरहैगा ॥ तौ चक्रिकादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ तहां प्रथमसमवायकूं आपणीस्थितिवासतै द्वितीयसमवायकीअपेक्षा ॥ और ताद्वितीयसमवायकूं आपणीस्थितिवासतै तृतीयसमवायकीअपेक्षा ॥ और तातृतीयसमवायकूंआपणीस्थितिवासतै पुनःताप्रथमसमवायकीअपेक्षा ॥ यहही चक्रिकादोषहै ॥ और ताचक्रिकादोषकेनिवृत्तिकरणेवासतै जो तातृतीयसमवायकीस्थितिवासतै चतुर्थसमवाय ताचतुर्थकीस्थितिवासतै पंचमसमवाय इसप्रकार विश्रांतितैंरहित समवायोंकीधारामानोंगे तौ अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ यातैं सोसमवाय समवायसंबंधकरिकै आपणेसंबंधियोंविषेरहैहै यहद्वितीयपक्ष संभवतानहीं ॥ और सोसमवाय अन्यकिसीसंबंधकरिकैरहैहै यहतृतीयपक्ष जोअंगीकारकरो ॥ सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं संयोग समवाय इनदोनोंसंबंधोंतैंभिन्न तीसराकोई संबंध तुमारेसैंनिरूपणहोइसकतानहीं ॥ जोकहो सोसमवाय स्वरूपसंबंधकरिकैरहैहै ॥ सोभी संभव

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तानहीं ॥ जिसकारणतैं तास्वरूपसंबंधविषे कोईभीप्रमाणनहीं है ॥ और जोकदाचित् तुम तास्वरूप संबंधकूंअंगीकारकरोगे ॥ तौ जिनगुणगुणीआदिकोंका तुमोंनें समवायसंबंध मान्याहै ॥ तिनगुणगुणीआदिकोंकाभी सोस्वरूपसंबंधही संभवहोइसकेहै ॥ यातैं तहां समवायकीसिद्धिहीनहींहोवैगी ॥ और सोसमवाय आपणेसंबंधियोंतैंअभिन्नहै ॥ यहआदिद्वितीयपक्ष जोअंगीकारकरो ॥ सोभी संभवता नहीं ॥ काहेतैं तुमनैयायिकोंनें तासमवायकूं तिनगुणगुणीआदिकपदार्थोंतैं भिन्नहीपदार्थमान्याहै ॥ तिसतुमारेसिद्धांतकीहानिहोवैगी ॥ यातैंकोईप्रकारकरिकैभी तासमवायकेस्वरूपकीसिद्धिहोतीनहीं ॥ किंवा प्रमाणकेअभावहोणेतैंभी तासमवायकीसिद्धो होइसकतीनहीं ॥ तहां तासमवायविषे प्रत्यक्षप्रमाणभी संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं तुमोंनैं तासमवायकूं अतिइंद्रियही मान्याहै ॥ अतिइंद्रियअर्थविषे इंद्रियरूपप्रत्यक्षप्रमाणकीप्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ और 'घटेरूपंसमवेतम्' यहसमवायविषयकप्रतीतितौ केवल तुमोंनेंही कल्पनाकरी है ॥ सर्वशास्त्रवालोंकूं साप्रतीति संमतनहीं है ॥ यातैं ताप्रतीतिकूं प्रमाणरूपताहीनहीं है ॥ इसप्रकार हेतुरूपलिंगकेअभावतैं तासमवायविषे अनुमानप्रमाणभी संभवतानहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ 'रूपीघट इतिविशिष्टबुद्धिः विशेषणविशेषसंबंधविषया विशिष्टबुद्धित्वात् दंडी पुरुषइतिबुद्धिवत्' अर्थयह ॥ रूपवालाघटहै यहविशिष्टबुद्धि रूपविशेषणके तथा घट विशेष्यके संबंधकूंविषयकरेहै ॥ विशिष्टबुद्धिहोणे तैं ॥ लोकविषे जाजाविशिष्टबुद्धिहोवै है ॥ सासा विशेषणविशेष्यदोनोंकेसंबंधकूं अवश्य विषयकरेहै ॥ जैसे दंडीपुरुषः यहविशिष्टबुद्धि दंडरूपविशेषणके तथापुरुषरूपविशेष्यकेसंयोगसंबंधकूंविषयकरेहै ॥ तैसे रूपवान्घटः यहविशिष्टबुद्धिभी तारूपगुणरूपविशेषणके तथा ता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

घटरूपविशेष्यके समवायसंबंधकूंहीविषयकरेहै ॥ इसप्रकारकेअनुमानप्रमाणकेविद्यमाहुए तासमवाय विषे अनुमानप्रमाणकाअभावकहणा असंगतहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ पूर्वउक्तरीतिसे तासमवायके स्वरूपकीहीसिद्धिहोतीनहीं ॥ यातैं इसअनुमानकरिकै तारूपघटके तादात्म्यसंबंधकीहीसिद्धिहोवैहै ॥ तासमवायकीसिद्धिहोवैनहीं ॥ इसप्रकार लक्षण प्रमाण दोनोंकेअनिरूपणहुए तासमवायकीसिद्धि हो इसकैनहीं ॥ तासमवायकेअसिद्धहुए ताजातिव्यक्तिका तादात्म्यसंबंधहीसिद्धहोवैहै ॥ यातैं ताजाति व्यक्तिकेतादात्म्यदृष्टांतकरिकै तासमष्टिव्यष्टिसूक्ष्मशरीरोंकातादात्म्य संभवैहै ॥ ईहां कैएकनैयायिक तास मवायकूं अतीन्द्रिय मानेहैं॥और कैएकनैयायिक तासमवायकूं प्रत्यक्षमानेहैं॥तथा कैएकनैयायिक तासमवायकूं एकमानेहैं ॥ और कैएकनैयायिक तासमवायकूं नानामानेहैं ॥ तेसर्वनैयायिकोंके मत न्यायप्रकाशकेचतुर्थपरिच्छेदविषे समवायनिरूपणविषे विस्तारतैंनिरूपणकरेहैं ॥ जिसकूंजानणेकी इच्छाहोवै ॥ तिसनें तहांसेजानिलेणे इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ॥ पूर्वआपने समष्टिसूक्ष्मशरीरका तथा व्यष्टिसूक्ष्मशरीरका तादात्म्य वर्णनकऱ्या सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं कार्यका आपणेउपादानकार णविषे तादात्म्यहोवैहै ॥ जैसे पटरूपकार्यका आपणेतंतुरूपउपादानकारणविषे तादात्म्यहोवैहै ॥ और ताव्यष्टिसूक्ष्मशरीरका सोसमष्टिसूक्ष्मशरीर उपादाननहीं है ॥ किंतु पूर्वउक्तरीतिसे आकाशादिकपंचसू क्ष्मभूतही उपादानहैं ॥ यातैं समष्टिव्यष्टिसूक्ष्मशरीरोंका तादात्म्यवर्णनकरणा असंगतहै ॥ ॥ समा धान ॥ ॥ जेअपंचीकृतसूक्ष्मभूत ताव्यष्टिसूक्ष्मशरीरकेउपादानहैं ॥ तेहीसूक्ष्मपंचभूत तासमष्टिसूक्ष्म शरीरकेअंतर्गतहै ॥ यातैं तासमष्टिसूक्ष्मशरीराविषे ताव्यष्टिसूक्ष्मशरीरकाउपादानपणा संभवैहै ॥ ताउ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पादानउपादेयभावकेसंभवहुए तिनदोनोंका तादात्म्यभीसंभवैहै इति ॥ अब ताउक्तसूक्ष्मशरीरकूं पुर्य्यष्टकरूपकरिकैवर्णनकरेहैं ॥ तहां सोपूर्वउक्तसूक्ष्मशरीरही अविद्या १ काम २ कर्म ३ इनतीनोंकरिकैयुक्तहुआ पुर्य्यष्टक इसनामकरिकैकह्याजावैहै ॥ तहां अष्टपुरियोंकेसमूहकानाम पुर्य्यष्टकहै ॥ तेअष्टपुरी यहहैं ॥ पंचज्ञानइंद्रिय १ पंचकर्मइंद्रिय २ चतुष्टयअंतःकरण ३ पंचप्राण ४ पंचसूक्ष्मभूत ५ अविद्या ६ काम ७ कर्म ८ ॥ तहां इंद्रिय अंतःकरण प्राण पंचभूत इनोंकातौ पूर्वनिरूपणकरिआयेहैं ॥ यातैं अब अविद्या काम कर्म इनतीनोंकानिरूपणकरेहैं ॥ ईहां अविद्याशब्दकरिकै कार्यअविद्या ग्रहणकरणी ॥ तहां अन्यविषेअन्यबुद्धिकानाम कार्यआविद्याहै ॥ साकार्यअविद्याभी चारिप्रकारकीहोवैहै ॥ अनित्यविषेनित्यत्वबुद्धि १ अशुचिविषेशुचित्वबुद्धि २ असुखविषेसुखबुद्धि ३ अनात्मविषेआत्मबुद्धि ४ ॥ तहां कर्मउपासनाकाफलरूपहोणेतैं अनित्य ऐसेजे स्वर्गब्रह्मलोकादिकहैं ॥ तिनोंविषे जानित्यत्वबुद्धिहै सा प्रथमअविद्याकहीजावैहै ॥ और मलमूत्रादिकोंकरिकैपूर्वहोणेतैं अशुचि ऐसा जो आपणाशरीरहै तथास्त्रीपुत्रादिकोंकाशरीरहै ॥ तिनशरीरोंविषे जाशुचित्वबुद्धिहै सा दूसरीअविद्या कहीजावैहे ॥ और पीडारूपदुःखविषे जासुखबुद्धिहै ॥ तथा तादुःखकेसाधनब्रह्महत्यासुरापानादिकोंविषे जासुखसाधनबुद्धिहै ॥ सा तीसरीअविद्या कहीजावैहै ॥ और अनात्मरूपदेहइंद्रियादिकोंविषे जाअहंइसप्रकारकीआत्मबुद्धिहै ॥ सा चतुर्थीअविद्या कहीजावैहै इति ॥ और यहवस्तुहमारेकूंप्राप्तहोवै याप्रकारकी जाअंतःकरणकीवृत्तिविशेषहै ताकानाम रागहै ॥ तारागकाहीनाम कामहै ॥ और कर्मतौ संचित १ आगामी २ प्रारब्ध ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ सोतीनप्रकारकाहीक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

र्म विहित १ निषिद्ध २ इसभेदकरिकै पुनःदोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां श्रुतिस्मृतिरूपशास्त्रने जिसकर्म केकरणेकाविधानकऱ्याहै ॥ सोकर्म विहित कह्याजावैहै ॥ जैसे संध्यावंदन अग्निहोत्र आदिककर्म हैं ॥ और ताश्रुतिस्मृतिरूपशास्त्रनें जिसकर्मकेकरणेका निषेधकऱ्याहै ॥ सोकर्म निषिद्ध कह्याजावै है ॥ जैसे ब्रह्महत्यासुरापानादिककर्म हैं ॥ तहां ताविहितकर्मतैंतौ इसपुरुषविषे धर्म उत्पन्नहोवैहै ॥ और तानिषिद्धकर्मतैं अधर्म उत्पन्नहोवैहै ॥ ताधर्मअधर्मकूंही शास्त्रविषे अदृष्ट अपूर्व इसनामकरिकैकहे हैं ॥ तहां सोधर्मरूपअदृष्टतौ इसपुरुषकूं सुखरूपफलकीप्राप्तिकरेहै ॥ और सोअधर्मरूपअदृष्ट इसपुरुष कूं दुःखरूपफलकोप्राप्तिकरेहै ॥ अब संचित आगामी प्रारब्ध इनतीनोंकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ तहां पूर्व जन्मोंविषे वा इसजन्मविवे कऱ्याहुआजोकर्म आपणेफलकूंनदेकरिकै केवल अदृष्टरूपकरिकैरहेहै ॥ सो कर्म संचितकह्याजावैहै ॥ और तत्त्वज्ञानतैंपश्चात्कऱ्याजोकर्महै ॥ सोकर्म आगामि कह्याजावैहै ॥ और तिनसंचितकर्मोंतैंनिकसिकै जोकर्म इसवर्त्तमानशरीरका आरंभकहोवैहै ॥ सोकर्म प्रारब्ध क ह्याजावैहै इति ॥ अब प्रसंगतैं तिनकर्मोंकेनाशकावर्णनकरेहैं ॥ तहां संचित आगामि इनदोनोंकर्मो कातौ फलकेभोगकरिकैनाशहोवैहै ॥ अथवा विरोधीकर्मकरिकैनाशहोवैहै ॥ अथवा ब्रह्मज्ञाकरिकै नाशहोवैहै ॥ यद्यपि क्रियारूपकर्मका ताफलभोगादिकातैंविना आपहीनाशहोइजावैहै ॥ तथापि ई हांकर्मशब्दकरिकै ताकर्मजन्यधर्मअधर्मरूपअदृष्टका ग्रहणकरणा ॥ ताअदृष्टका तिनभोगादिकोंकरि कैहीनाशहोवैहै ॥ और प्रारब्धकर्मकातौ केवल फलकेभोगकरिकैहीनाशहोवैहै ॥ तत्त्वज्ञानकरिकै वा विरोधीकर्मकरिकै नाशहोतानहीं ॥ तहां 'अवश्यमेवभोक्तव्यं कृतंकर्मशुभाशुभम् । नाभुक्तंक्षीयतेकर्म क

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ल्पकोटिशतैरपि' अर्थयह ॥ इसपुरुषनें कऱ्याहुआ शुभकर्म वा अशुभकर्म अवश्यभोगताहै ॥ कल्प कोटिशतोंकरिकैभी भोगतैंविना सोकर्म नाशहोतानहीं ॥ इत्यादिकवचनतौ भोगकरिकै ताकर्मका नाश कहेहैं ॥ और 'प्रायश्चित्तैरपेत्येनोयदज्ञानकृतंभवेत् ' अर्थयह ॥ अज्ञानकरिकैकऱ्याजोपापहै ॥ सोपाप प्रायश्चित्तोंकरिकैनिवृत्तहोवैहै ॥ इत्यादिकवचन प्रायश्चित्तरूपविरोधीकर्मकरिकैभी तापापकर्म कानाशकहेहैं ॥ याकेविषेभी इतनीविशेषताहै ॥ पापकर्मोंकातौ प्रायश्चितरूपविरोधीकर्मकरिकै नाशहोवैहै ॥ और पुण्यकर्मोंका कर्मनाशानदीकेजलस्पर्शादिरूपविरोधिकर्मकरिकै नाशहोवैहै ॥ और 'क्षीयंतेचास्यकर्माणितस्मिन्दृष्टेपरावरे । ज्ञानाग्निःसर्वकर्माणिभस्मसात्कुरुतेतथा' अर्थयह ॥ 'अहंब्रह्मास्मि' याप्रकारकेब्रह्मसाक्षात्कारहुए उसविद्वान्पुरुषके प्रारब्धकर्मतैंभिन्नसर्वकर्मनाशहोवै हैं ॥ और ज्ञानरूपअग्नि सर्वकर्मोंकूं भस्मकरेहै ॥ इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचन ब्रह्मज्ञानकरिकैभी ताकर्मकानाशकहे हैं ॥ और 'प्रारब्धंभोगतोनश्येत् । भोगेनत्वितरेक्षपयित्वासंपद्यते' अर्थयह ॥ प्रारब्धकर्मतौ केवल भोगकरिकैहीनिवृत्तहोवैहै ॥ और विद्वान्पुरुष फलकेभोगतैंप्रारब्धकर्मोंकानाशकरिकै शरीरपाततैंअनंतर निर्विशेषब्रह्मभावकूं प्राप्तहोवैहै ॥ इत्यादिकवचनतौ ताप्रारब्धकर्मका केवलभोगकरिकैहीनाश कहेहै ॥ यातैं भोगादिकोंकरिकै सोकर्मकानाश उक्तश्रुतिस्मृतिआदिकप्रमाणोंकरिकैहीसिद्धहै ॥ ॥ ॥ शंका ॥ ॥ संचितकर्मोंकातौ प्रायश्चित्त करिकै वा तत्त्वज्ञानकरिकैनाशहोवो ॥ परंतु तत्त्वज्ञानतैंअनंतरकऱ्येहुए जेआगामिकर्म हैं तिनोंका तिसतत्त्वज्ञानकरिकैनाश कैसेसंभवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ज्ञानवान्पुरुषकूं ताब्रह्मज्ञानकेप्रभावतैं तिनआगामिकर्मोंका लेपहोतानहीं ॥ याकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

णतैं तेआगामिकर्म तिसतत्त्ववेत्तापुरुषकेप्रति फलकाजनकहोतेनहीं ॥ यहही तिनआगामिकर्मोंका नाश जानणा ॥ यहवार्त्ता श्रीव्यासभगवान्नेभी ब्रह्मसूत्रोंविषेकहीहै ॥ तहांसूत्रम् ॥ 'तदधिगमउत्तरपूर्वाधयोरश्लेषविनाशौतद्व्यपदेशात्' अर्थयह ॥ ब्रह्मसाक्षात्करकेहुए ज्ञानवान् पुरुषके पूर्वलेसंचित पापकर्मोंकातौ नाशहोइजावैहै ॥ और ज्ञानतैंउत्तरकाल्येहुए आगामिपापोंका ताज्ञानवानकूं लेपही नहींहोवैहै ॥ यहदोनोंवार्त्ता श्रुतिविषे कथनकरीहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'तद्यथेषीकातूलमग्नौप्रोतंप्रदूयेतैवं हास्यसर्वेपाप्मानःप्रदूयंते' अर्थयह ॥ जैसे मुंजकीइषीकाकातूल अग्निविषेपायाहुआ शीघ्रही दग्धहोइजावैहै ॥ तैसे इसविद्वान्पुरुषके पूर्वलेसर्वसंचितपापकर्म ब्रह्मज्ञानरूपअग्निकरिकै शीघ्रही दग्दहोइजावैहै ॥ यहश्रुतितौ तत्त्ववेत्तापुरुषकेपूर्वलेसंचितपापकर्मोंकेनाशकूंकहेहैं ॥ 'यथापुष्करपलाशआपोनश्लिष्यत एवमेवंविदिपापंकर्मनश्लिष्यते' अर्थयह ॥ जैसे जलविषेस्थितकमलकेपत्रकूं सोजललिपायमानकरतानहीं ॥ तैसे इसविद्वान्पुरुषकूं पापकर्म लिपायमानकरतेनहीं ॥ यहश्रुति ताविद्वान् पुरुषविषे आगामिपापकर्मका अलेपपणा कहेहै ॥ तहां उक्तसूत्रविषे तथाश्रुतिविषे स्थितजोपापशब्दहै ॥ सोपापशब्द पुण्यकाभी उपलक्षण जानणा ॥ जिसकारणतैं 'सुहृःसाधुकृत्यंद्विषंतःपापकृत्यं' इसश्रुतिविषे तत्त्ववेत्ता पुरुषके आगामिपुण्य कर्मोंकी सेवाकरणेहारेभक्तजनोंकूं प्राप्तिकहीहै और पापकर्मोंकी द्वेषकरणेहारेनिंदकपुरुषोंकूं प्राप्तिकहीहै ॥ यातैं तापापशब्दकरिकै पुण्यपापदोनोंकाग्रहणकरणा युक्तहै इति ॥ किंवा ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै विद्वान्पुरुषके केवलकर्मोंकाहीनाशनहींहोवह ॥ किंतु अविद्यादिकपंचक्लेशोंकाभी नाशहोवैहै ॥ तहां योगशास्त्रविषे अविद्या १ अस्मिता २ रा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ग ३ द्वेष ४ अभिनिवेश ५ यहपंचक्लेशकहेहैं ॥ तहां कार्यअविद्या कारणअविद्या यहदोप्रकारकी अविद्याहोवैहै ॥ सादोनोंप्रकारकीअविद्या पूर्वनिरूपणकरिआयेहैं ॥ और अहंकारकाकारणरूप जासूक्ष्मअवस्थाहै सा अस्मिता कहीजावैहै ॥ इसीअस्मिताकूं सांख्यमतवाले तथायोगमतवाले महत्तत्व इसनामकरिकैकहेहैं ॥ और वेदांतशास्त्रविषे ताअस्मिताकूं सामान्यअहंकार इसनामकरिकैकथनकरे हैं ॥ और यहवस्तु हमारेकूंप्राप्तहोवै याप्रकारकी जाअंतःकरणकीवृत्तिविशेषहै ताकानाम राग है ॥ और क्रोधकानाम द्वेषहै ॥ और अहंममरूपतैंग्रहणकऱ्येजेदेहादिकपदार्थहैं ॥ तिनोंकेत्याग कूं नहींसहारणा याकानाम अभिनिवेशहै ॥ इनपंचक्लेशोंका विस्तारतैंनिरूपणतौ आत्मपुराणके अष्टमेंअध्यायविषे कऱ्याहै ॥ सो तहांसेजानिलेणा ॥ इनपंचक्लेशोंकीभी ताब्रह्मज्ञानकरिकैही निवृत्ति होवैहै ॥ तहांस्मृति ॥ 'ज्ञात्वादेवंमुच्यतेसर्वपाशैः' अर्थयह ॥ यहअधिकारीपुरुष स्वयंप्रकाशपरब्रह्मकूं 'अहंब्रह्मास्मि' याप्रकार साक्षात्कारकरिकै अविद्यादिकपंचक्लेशरूपपाशोंतैं मुक्तहोवैहै इति ॥ तहां इतनेंपर्यंत सूक्ष्मशरीरकेउत्पत्तिकाप्रकार वर्णनकऱ्या ॥ अब स्थूलभूलतोंकेउत्पत्तिकाप्रकार वर्णनकरेहैं तहां पंचीकरणभावकूंप्राप्तभयेजेपंचभूतहैं ते स्थूलभूत कह्येजावैहै ॥ तेस्थूलभूत पूर्वउक्तअपंचीकृतपंचभूतोंके तामसअंशतैंउत्पन्नहोवैहैं ॥ सोपंचभूतोंकापंचीकरण इसप्रकारहोवैहै ॥ तहां तमोअंशप्रधानजेपूर्वउक्तआकाशादिकपंचसूक्ष्मभूतहैं ॥ तिनभूतोंविषे एकएकभूतके प्रथम समानदोदोभाग कऱ्ये ॥ तिनदोनोंभागोंविषे एकएकभागकूं पृथक्राखिकै दूसरेभागके पुनःचारिचारिभागकऱ्ये ॥ तिनचारिभागोंकूं यथाक्रमतैं जोदूसरेचारिभूतोंकेअर्द्धभागविषे मिलावणाहै याकानाम पंचीकरणहै ॥ जैसे एक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आकाशके समानदोभागकऱ्ये ॥ तिनदोनोंविषे एकभागतौ पृथक्राख्या ॥ और दूसरेभागकेपुनः चारिभागकऱ्ये ॥ तिनचारोंभागोंविषे एकभागतौ वायुविषेमिलाया ॥ और दूसराभाग तेजविषेमिलाया ॥ और तीसराभाग जलविषेमिलाया ॥ और चतुर्थभाग पृथिवीविषेमिलाया ॥ इसप्रकार वायुकेभी समानदोभागकरिकै एकभागकूंपृथक्राखिकै दूसरेभागकेपुनःचारिभागकरिकै तिनोंविषे एकभाग आकाशविषेमिलाया ॥ दूसराभाग तेजविषेमिलाया ॥ तीसराभाग जलविषेमिलाया ॥ चतुर्थभाग पृथिवीविषेमिलाया ॥ यहरीति तेजादिकतीनभूतोंविषेभी जानिलेणी ॥ इसप्रकारतैं आकाशादिकपंचभूतोंका अर्द्धअर्द्धभागतौ आपणासिद्धहोवैहै ॥ और अर्द्धअर्द्धभाग वायुआदिकचारिभूतमय सिद्धहोवैहै ॥ और कैएकग्रंथकारतौ एकएकभूतके विषमदोदोभागकरिकै अर्थात् एकभागतौ चारिअंशरूप दूसराभाग एकअंशरूप करिकै ताएकअंशरूपअल्पभागके पुनःपंचभागकरिकै तिनपंचभूतोंविषे यथाक्रमतैं एकएकभागकेमिलावणेकरिकै पंचीकरणमानेहैं ॥ यहपंचीकरणकाप्रकार आत्मपुराणकेएकादशेअध्यायविषे स्पष्टकरिकैलिख्याहै ॥ सो तहांसैं जानिलेणा इति ॥ ईहां वाचस्पतिमिश्रका यहमतहै ॥ छांदोग्यउपनिषद्विषे तेज जल पृथिवी इनतीनभूतोंकीउत्पत्तिकथनकरिकै ' तासांत्रिवृत्तंत्रिवृत्तमेकैकंकरवाणी ' इसश्रुतिकरिकै तिनतेजादिकतीनभूतोंका त्रिवृत्करणही कथनकऱ्याहै ॥ तहां एकतेजके समानदोभागकऱ्ये ॥ तिनदोभागोंविषे एकभागकूंपृथक्राखिकै दूसरेभागके पुनःदोभागकऱ्ये ॥ तिनदोनोंभागोंविषे एकभाग जलविषेमिलाया ॥ दूसराभाग पृथिवीविषेमिलाया ॥ यहरीति जलविषे तथापृथिवीविषेभी जानिलेणी ॥ याकानाम त्रिवृत्करणहै ॥ इसत्रिवृत्करणविषे साउक्तश्रुति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तथाव्यासभगवान्काभसूत्र प्रमाणहै ॥ और ताउक्तपंचीकरणविषे कोईश्रुतिसूत्र प्रमाणहैनहीं ॥ यातैं सोपंचीकरणकाप्रतिपादन असंगतहै इति ॥ और आचार्यतौ ऐसाकहेहैं ॥ तैत्तिरीयश्रुतिविषे आकाशादिकपंचभूतोंकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ ताश्रुतिकेविरोधनिवृत्तकरणेवासतै ताछांदोग्यश्रुतिविषे भी आकाशवायुकीउत्पत्तितैंअनंतरही तेजादिकतीनभूतोंकीउत्पत्ति ग्रहणकरणी ॥ और ताछांदोग्यश्रुतिविषे तथाव्याससूत्राविषे जोत्रिवृत्करण कह्याहै ॥ सोत्रिवृत्करण तापंचीकरणकाभी उपलक्षणहै ॥ जोकदाचित् तापंचीकरणकूंनहींमानिये ॥ तौ आकाशवायुके शब्दस्पर्शगुणकी पृथिवीआदिकोंविषे प्रतीतिनहींहोणीचाहिये ॥ और पृथिवीआदिकोंविषे ताशब्दस्पर्शगुणकीप्रतीतिहोवैहै ॥ यातैं प्रामाणिकहोणेतैं सोपंचीकरण अवश्यमान्याचाहिये इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ उक्तपंचीकरणकरिकै जोसर्वभूतोंका एकीभावमानोंगे तौ यहपृथिवीहै यहजलहै ॥ इसप्रकारकाविशेषव्यवहार नहींसंभवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तापंचीकरणकेहुएभी तिनपृथिवीआदिभूतोंविषे आपणाआपणाअंश अधिकहोवैहै ॥ और इतरभूतोंकाअंश अल्पहोवैहै ॥ ताअधिकअंशकूंलैकेही यहपृथिवीहै यहजलहै याप्रकारकाविशेषव्यवहार होवैहै ॥ यातैं तापंचीकरणकेमानणेविषेभी सोविशेषव्यवहार संभवैहै ॥ यहहीव्यवस्था ' वैशेष्यात्तुतद्वादस्तद्वादः ' इससूत्राविषे श्रीव्यासभगवान्नें तथाश्रीभाष्यकारोंनें कथनकरीहै इति ॥ अब इसउक्तपंचीकरणकाप्रयोजन कहेहै ॥ इसप्रकार तिनआकाशादिकपंचभूतोंकेपंचीकरणहुएतैंअनंतर तापंचीकृतआकाशविषेतौ एकशब्दगुण अभिव्यक्तहोताभया ॥ और तापंचीकृतवायुविषे शब्द स्पर्श यहदोगुण अभिव्यक्तहोतेभये ॥ और तापंचीकृततेजविषे शब्द स्पर्श रूप यहतीनगु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ण अभिव्यक्तहोतेभये ॥ और तापंचीकृतजलविषे शब्द स्पर्श रूप रस यहचारिगुण अभिव्यक्तहोतेभ
ये ॥ और तापंचीकृतपृथिवीविषे शब्द स्पर्श रूप रस गंध यहपंचगुण अभिव्यक्तहोतेभये ॥ यद्यापितेश
ब्दादिकपंचगुण यथाक्रमतैं अपंचीकृतआकाशादिकभूतोंविषेभीथे ॥ तथापि तिनअपंचीकृतभूतोंविषे
तेशब्दादिकगुण प्रत्यक्षकेयोग्यनहींथे ॥ और पंचीकरणहुएतैंअनंतर तिनपंचीकृतभूतोंविषे तेशब्दादि
कगुण प्रत्यक्षकेयोग्यहोतेभये ॥ यहही तिनशब्दादिकोंविषे अभिव्यक्तपणाहै ॥ तिनपंचगुणोंविषेभी
एकएकभूतका एकएकगुणही असाधारण जानणा ॥ और दूसरेगुणतौ कारणतैंप्राप्तहुएजानणे ॥ जैसे पृ
थिवीविषे आपणाअसाधारणगुण एकगंधहै ॥ और दूसरेशब्दादिकचारिगुण आकाशादिककारणोंके
गुणहैं ॥ इसप्रकार जलादिकोंविषेभी जानिलेणा ॥ और तिनपंचीकृतपृथिवीआदिकभूतोंतैं ब्रह्मांड उ
त्पन्नहोताभया ॥ तथा तिसब्रह्मांडकेअंतर्गत सप्तऊपरिकेलोक तथासप्तनीचेकेलोक यहचतुर्दशलोक
उत्पन्नहोतेभये ॥ और ताब्रह्मांडरूपविराट्पुरुषतैं मनु शतरूपा यहदोनों उत्पन्नहोतेभये ॥ और तिन
दोनोंतैं मनुष्यादिकसृष्टि उत्पन्नहोतीभई ॥ तहां जिसप्रकारतैं ताविराटपुरुषतैं मनुशतरूपाकीउत्पत्ति
भईहै ॥ तथा तामनुशतरूपातैं मनुष्यादिकसृष्टिकीउत्पत्तिभईहै ॥ सोप्रकार आत्मपुराणकेचतुर्थअध्या
यविषे हमनें विस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ सो तहांसेजानिलेणा ॥ और ताब्रह्मांडकेअंतर्गत जापंची
कृतपृथिर्यीहै ॥ तापृथिवीतैं व्रीहियवादिकऔषधि उत्पन्नहोतेभये ॥ तिनऔषधियोंतैं व्रीहियवादिकअ
न्न उत्पन्नहोतेभये ॥ ताअन्नकूं स्त्रियां तथा पुरुष भोजनकरतेभये ॥ तहां पुरुषशरीराविषेतौ सोअन्न शु
क्ररूपपरिणामकूंप्राप्तहोताभया ॥ जिसशुक्रकूं रेतभीकहेहैं ॥ और तास्त्रीशरीराविषे सोअन्न शोणितरू

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पपरिणामकूंप्राप्तहोताभया ॥ तहां पुरुषकेवीर्यकानाम शुक्रहै और स्त्रीकेवीर्यकानाम शोणितहै ॥ ता पितामाताकेशुक्रशोणिततै मनुष्यादिकस्थूलशरीर उत्पन्नहोतेभये ॥ और सोस्थूलशरीरभी जरायुज १ अंडज २ स्वेदज ३ उद्भिज्ज ४ इसभेदकरिकै चारिप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां माताकेउदराविषे गर्भकूं आच्छादनकरणेहारा जोचर्मविशेषहै ताकानाम जरायुहै ॥ ताजरायुतैंउत्पन्नहोणेहारेशरीर जरायुज कह्येजावैहैं ॥ जैसे मनुष्य गौ अश्व अजा आदिकशरीरहैं ॥ और अंडतैंउत्पन्नहोणेहारेजेशरीरहैं ते अंडजकह्येजावैह ॥ जैसे पक्षीसर्पादिकशरीरहैं ॥ और उष्णताविशेषरूपस्वेदतैंउत्पन्नहोणेहारे जेशरीरहैं ते स्वेदजकह्येजावैहैं ॥ जैसे यूक मशक मत्कुण कृमि आदिकशरीरहै ॥ और भूमिकूंभेदनकरिकै आपणेआपणेबीजतैं जेशरीर उत्पन्नहोवैहै ॥ तेशरीर उद्भिज्ज कह्येजावैहै ॥ जैसे वृक्ष लता तृण आदिकशरीरहैं ॥ तहां मनुष्यादिकशरीरोंकीन्यांई वृक्षलतादिकभी जीवात्माकेशरीरहोवैहै ॥ यहवार्त्ता न्यायप्रकाशकेद्वितीयपरिच्छेदविषे पृथिवीकेनिरूपणविषे विस्तारतैंकथनकरीहै ॥ सो तहांसैंजानिलेणी इति ॥ अब तास्थूलशरीरिका अन्यप्रकारतैंभेदकहेहैं ॥ सोउक्तस्थूलशरीर समष्टि १ व्यष्टि २ इसभेदकरिकै पुनःदोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां पूर्वउक्त पंचीकृतपंचमहाभूत तथा तिनभूतोंकाकार्यब्रह्मांड तथा ताब्रह्माण्डकेअंतर्वर्त्तीकार्य यहसर्वमिलिकै समष्टिस्थूलशरीर कह्याजावैहै ॥ अथवा जैसे अनेकगोव्यक्तियोंविषे गोत्वजाति अनुस्यूतहोवैहै ॥ तैसे जोशरीर सर्वव्यष्टिस्थूलव्यक्तियोंविषेअनुस्यूतहोवैहै ॥ तथा पंचीकृतपंभमहाभूतोंकाकार्यहोवैहै ॥ तथा सर्वब्रह्मांडरूपहोवै ॥ तथा व्यापकहोवैहै ॥ सोशरीर समष्टिस्थूलशरीर कह्याजावैहै ॥ अथवा जैसे अनेकवृक्षोंकेसमूहकानाम वनहै ॥ तैसे सर्वव्यष्टिस्थूलशरीरोंका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोसमुदायहै ॥ सो समष्टिस्थूलशरीर कह्याजावैहै ॥ ऐसेसमष्टिस्थूलशरीरकरिकैउपहितजोचैतन्यहै ॥ सो विराट् वैश्वानर इनदोनामोंकरिकै कह्याजावैहै ॥ तहां विविधप्रकारतैंप्रकाशमानहोणेतैं ताकूं विराट् कहेहैं ॥ और सर्वनरोंकाअभिमानीहोणेतैं ताकूं वैश्वानर कहेहैं ॥ और जैसे एकगोव्यक्तितैं दूसरीगोव्यक्ति व्यावृत्तहोवैहै ॥ तैसे पररस्परव्यावृत्त जोप्रत्येकस्थूलशरीरहै ॥ सो व्यष्टिस्थूलशरीर कह्याजावैहै ॥ ताव्यष्टिस्थूलशरीरकरिकैउपहितजोचैतन्यहै ॥ सो विश्व इसनामकरिकै कह्याजावैहै ॥ तहां सोचैतन्य सूक्ष्मशरीरकूंनपरित्यागकरिकैही तास्थूलशरीरविषेप्रवेशकरेहै ॥ याकारणतैं ताकूं विश्वकहेहैं ॥ और जैसे घटादिकव्यक्तिका तथाघटत्वादिकजातिका पररस्पर तादात्म्यहोवैहै ॥ तैसे इससमष्टिस्थूलशरीरका तथाव्यष्टिस्थूलशरीरकाभी पररस्पर तादात्म्यहीहै॥तिनदोनोंउपाधियोंकेतादात्म्यहुएता वैश्वानर विश्व दोनोंउपहितचैतन्योंकाभी तादात्म्यहीहोवैहै ॥ तहां समष्टिस्थूलशरीरकेअंतर्गत जेपंचीकृतपंचभूतहैं तिनोंकाकार्यपणा इसव्यष्टिस्थूलशरीरविषेहै ॥ और उपादानकरणका तथाउपादेयकार्यका पररस्परतादात्म्यलोकविषेप्रसिद्धही है ॥ यातैं तिनदोनोंस्थूलशरीरोंकातादात्म्य संभवैहै ॥ और यहविश्वनामाजीव जबी मैंवैश्वानरहूं याप्रकारकीअभेदउपासनाकरेहै ॥ तबी तावैश्वनरकेसाक्षात्कारकरिकै इसजीवकूं तावैश्वानरकेआनंदकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं ताविश्ववैश्वानरकेतादात्म्यकावर्णन निष्फलनहीं है ॥ किंतु ताउक्तफलकेप्राप्तिकाहेतुहोणेतैं सफलहै ॥ अथवा यहअधिकारीपुरुष प्रथम श्रुतिउक्तप्रकारतैं विश्ववैश्वानर तैजस सूत्रात्मा प्राज्ञ ईश्वर इनसर्वोंकेस्वरूपकूंजानैं ॥ तिसतैंअनंतर प्रथम मैंहीवैश्वारनहूं इसप्रकार विश्वकूं वैश्वानररूपकरिकैंचिंतनकरै ॥ तिसतैंअनंतर मैंहीसूत्रात्माहूं इसप्रका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रतैं तैजसकूं सूत्रात्मारूपकरिकैंचिंतनकरै ।। तिसतैअनंतर मैंहीईश्वरहूं इसप्रकारतैं प्राज्ञकूं ईश्वररूपक रिकैंचिंतनकरै ॥ तिसतैंअनंतर समष्टिव्यष्टिरूपस्थूलसूक्ष्मकारणउपाधिवाला तथाॐकारकावाच्यरूप ऐसाजोपरब्रह्महैसोमैंहूं ॥ इसप्रकार आत्माकूं सर्वात्मरूपकरिकै चिंतनकरै ।। तिसतैंअनंतर मनकाएका ग्रताकेहुएयहअधिकारीपुरुष सर्वजगत्कूंस्थूलसूक्ष्मादिक्रमकरिकै अखंडएकरसआनंदरूपनिर्विशेषप रब्रह्मविषे लयकरै ॥ अर्थात् स्थूलकूं सूक्ष्मविषेलयकरै ॥ और सूक्ष्मकूं कारणविषेलयकरै ।। और ता कारणकूं परब्रह्मविषेलयकरै ॥ तिसतैंअनंतर ताएकाग्रमनकरिकै मैं अखंडएकरसब्रह्मानंदरूपहूं इसप्र कारतैं आपणेआत्माकूंसाक्षात्कारकरै ॥ इसप्रकारकेअभिप्रायकरिकैही पूर्व समष्टिव्यष्टिउपाधियोंका तादात्म्यवर्णनकरिकै तत्उपहितचैतन्योंका तादात्म्यवर्णनकऱ्याहै ॥ यातैं सोतादात्म्यकावर्णन नि ष्फलनहीं है ॥ किंतु उक्तरीतितैं आत्मसाक्षात्काररूपफलकाहेतुहोणेतैं सफलहै॥यहवार्त्ता अन्यग्रंथवि षेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक 'समाधिकालात्प्रागेवं विचिंत्यातिप्रयत्नतः ॥ स्थूलसूक्ष्मक्रमात्सर्वं चिदात्म निविलापयेत्' अर्थयह ॥ यहअधिकारीपुरुष समाधितैंपूर्वकालविषे पूर्वउक्तरीतिसें विश्ववैश्वानरादि कोंकेअभेदकाचिंतनकरिकै अतिप्रयत्नतैं सर्वजगत्कूंतास्थूलसूक्ष्मादिक्रमतैं चेतनआत्माविषेलयकरै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ कल्पतरुकार आचार्यनेंभीकह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' निर्विशेषंपरंब्रह्म साक्षा त्कर्तुमनीश्वराः ॥ येमंदास्तेऽनुकंप्यं ते सविशेषनिरूपणैः ॥ १ ॥ वशीकृतेमनस्येषांसगुणब्रह्मशीलनात् ॥ तदेवाविर्भवेत्साक्षादपेतोपाधिकल्पनम्'॥२॥अर्थयह ॥ जेमंदपुरुष निर्विशेषब्रह्मकेसाक्षात्कारकरणेविषे समर्थनहीं है ॥ तेमंदपुरुष सविशेषब्रह्मकेनिरूपणकरिकैही गुरुशास्त्रनैं अनुगृहीत करतेहैं ॥ तासगुण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ब्रह्मकीउपासनातैं तिनपुरुषोंकेएकाग्रहुएमनविषे सोईहीसर्वउपाधियोंतै रहित निर्विशेषब्रह्म साक्षात्कार होवैहै इति ॥ किंवा इसउक्तअर्थविषे श्रुतिभीप्रमाणहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'एषसर्वेषुभूतेषुगूढोत्मानप्रकाशते॥ दृश्यतेत्वग्र्ययाबुद्ध्यासूक्ष्मयासूक्ष्मदर्शिभिः' अर्थयह ॥ यहआत्मा सर्वभूतोंविषेस्थितहुआभी गूढहोणे तैं अर्थात् अज्ञानकरिकै आवृत्तहोणेतैं सर्वप्राणियोंकूं प्रतीतहोतानहीं ॥ किंतु विचारकरिकैअतिसूक्ष्महुई बुद्धिकरिकैही सूक्ष्मदर्शीपुरुषोंनें सोआत्मा साक्षात्कारकरताहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्वआपनें स्थूल सूक्ष्म कारण इनतीनव्यष्टिशरीरोंके यथाक्रमतैंअभिमानी विश्व तैजस प्राज्ञ यहतीनजीव कथनकऱ्ये ॥ ते तीनोंजीव स्वतंत्रहैं ॥ अथवा तेतीनों एकहींचैतन्यकी अवस्थाविशेषहैं ॥ तहां प्रथम स्वतंत्रपक्ष जो अंगीकारकरौ सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं जोकदाचित्तेतीनोंजीव स्वतंत्रहोवैंगे तौ तिनोंका परस्परभेदभीअवश्यहोवैगा ॥ यातैं सुषुप्तिअवस्थाविषे प्राज्ञनामाजीवनें अनुभवकऱ्येजेसुखादिकपदार्थ हैं ॥ तथा स्वप्नअवस्थाविषे तैजसनामाजीवनें अनुभवकऱ्येजे गजरथादिकपदार्थहैं ॥ तिनपदार्थोंका जाग्रत्अवस्थाविषे विश्वनामाजीवकूं स्मरणनहींहोवैगा ॥ जिसकारणतैं अन्यकरिकैअनुभवकऱ्येहुएपदार्थोंका अन्यकूं स्मरणहोतानहीं ॥ जोकदाचित् अन्यकरिकैअनुभूतपदार्थोंका अन्यकूं स्मरणहोताहोवै ॥ तौ चैत्रनामापुरुषकरिकैअनुभवकऱ्येहुएपदार्थोंका मैत्रनामापुरुषकूंभी स्मरणहोणाचाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ विश्व तैजस प्राज्ञ यहतीनोंजीव स्वतंत्रनहींहै ॥ किंतु एकहीप्रत्यक्आत्माकी तेतीनों अवस्थाविशेषहैं ॥ यातैं सोस्मणरकीअनुपपत्तिरूपदोष प्राप्तहोवैनहीं तहां जिसप्रकारतैं तेविश्वादिकतीनों एकहीजीवात्माकीअवस्थाविशेषहैं सोप्रकार दिखावैहैं ॥ एकही सोजीवात्मा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जाग्रत्अवस्थाविषे व्यष्टिस्थूलशरीर सूक्ष्मशरीर कारणअविद्या इनतीनोंकाअभिमानीहुआ विश्व इस नामकरिकै कह्याजावैहै ॥ और सोईहीजीवात्मा स्वप्नअवस्थाविषे सूक्ष्मशरीर कारणअविद्या इनदोनों काअभिमानीहुआ तैजस इसनामकरिकै कह्याजावैहै ॥ और सोईहीजीवात्मा सुषुप्तिअवस्थाविषे एक कारणअविद्याकाअभिमानीहुआ प्राज्ञ इसनामकरिकै कह्याजावै है ॥ और सोईहीजीवात्मा समाधि अवस्थाविषे स्थूल सूक्ष्म कारण इनतीनशरीरोंकेअभिमानतैं रहितहुआ शुद्धपरमात्मारूपहोवैहै ॥ यद्य पि यहजीवात्मा एकस्थूलशरीरमात्रकेअभिमानतैंही विश्वसंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथा एकसूक्ष्मशरीरमात्र केअभिमानतैंही तैजससंज्ञाकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथापि ईहां स्थूल सूक्ष्मकारण इनतीनशरीरोंके अभिमा नतैं जोजीवात्माकी विश्वसंज्ञाकहीहै ॥ तथा सूक्ष्म कारण इनदोनोंशरीरोंकेअभिमानतैं जोतैजससं ज्ञानकहीहै ॥ सो त्वंपदार्थकेशोधनविषे उपयोगीजोअन्वयव्यतिरेकहै तिसकेजनावणेवासतैकहीहै ॥ सो अन्वयव्यतिरेकयहहै जाग्रत्अवस्थाविषेतौ स्थूल सूक्ष्म कारण इनतीनशरीरोंकासाक्षीरूपकरिकै आत्माका भानहोवैहै ॥ और स्वप्नअवस्थाविषे सूक्ष्म कारण इनदोनोंशरीरोंकासाक्षीरूपकरिकै आत्मा का भानहोवैहै ॥ और सुषुप्तिअवस्थाविषेतौ एकअविद्यारूपकारणशरीरकासाक्षीरूपकरिकै आत्मा का भानहोवैहै ॥ और समाधिअवस्थाविषेतौ शुद्धस्वप्रकाशचैतन्यरूपकरिकै ताआत्माका भानहोवै है ॥ यहही ताआत्माका जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति समाधि इनचारिअवस्थावोंविषे अन्वयहै ॥ और स्वप्न अवस्थाविषे जाग्रत्केस्थूलशरीरकाभानहोतानहीं ॥ और सुषुप्तिअवस्थाविषे स्वप्नकेसूक्ष्मशरीरकाभी भानहोतानहीं ॥ और समाधिअवस्थाविषे सुषुप्तिकेकारणशरीरकाभी भानहोतानहीं ॥ यहही स्थूल

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सूक्ष्म कारण इनतीनशरीरोंका व्यतिरेकहै ॥ तहां सर्वअनात्माकारवृत्तियोंतैं रहितहोइकै जा चित्तकी केवलआत्माकारअवस्थाहै ताकानाम समाधिहै ॥ तिससमाधिअवस्थाविषे इसपुरुषका देहादिकसर्वप दार्थोंविषे अभिमान निवृत्तहोइजावैहै ॥ यातैं तासमाधिअवस्थाविषे तिनस्थूलादिकतीनोंशरीरोंका व्यतिरेकहीहोवैहै ॥ और तासमाधिअवस्थाविषे यहजीव सर्वअभिमानतैंरहितहोणेतैं शुद्धपरमात्मरू पहीहोवैहै ॥ तहां जोजोपदार्थ व्यावृत्तहोवैहै ॥ सोसर्व अनात्माहीहोवैहै ॥ और जो सर्वत्रअन्वित होवैहै सो आत्माहीहोवैहै ॥ याप्रकारकेनिश्चयकानाम त्वंपदार्थशोधनहै ॥ सोत्वंपदार्थकाशोधन तापूर्वउक्तअन्वयव्यतिरेककरिकैहीसिद्धहोवैहै इति ॥ अब ताउक्तजीवात्माको जाग्रत् १ स्वप्न २ सु षुप्ति ३ मूर्छा ४ मरण ५ यहपंचअवस्था निरूपणकरेहैं ॥ तहां पूर्वकथनकऱ्येजे श्रोत्रादिकइंद्रियोंके दिकादिकअधिष्ठातादेवताहैं ॥ तिनदेवतावोंकरिकैअनुगृहीत श्रोत्रादिकइंद्रियोंकरिकै शब्दादिकविषयों काअनुभव इसपुरुकूं जिसअवस्थाविषेहोवैहै ॥ साअवस्था जाग्रत्अवस्था कहीजावैहै ॥ और जाग्र त्अवस्थाविषे सुखदुःखरूपभोगकेदेणेहारे जेपुण्यपापरूपकर्महैं ॥ तिनकर्मोंकेउपरामहुए तथाश्रोत्रादि कइंद्रियोंकेउपरामहुए जाग्रत्केअनुभवजन्यसंस्कारोंतैं इसपुरुषकूं जिसअवस्थाविषे शब्दादिकविषय तथा तिनोंकेज्ञान उत्पन्नहोवैहैं ॥ साअवस्था स्वप्नअवस्था कहीजावैहै ॥ और जिसअवस्थाविषे जाग्र त्स्वप्नदोनोंकेभोगदेणेहारेकर्मोंकीउपरामताकरिकै स्थूलसूक्ष्मशरीरकेअभिमानकीनिवृत्तिद्वारा सर्वावि शेषज्ञानोंकीउपरामतारूप बुद्धिकीकारणअज्ञानरूपकरिकैस्थातिहोवैहै॥ साअवस्था सुषुप्तिअवस्था क हीजावैहै ॥ और मुद्गरप्रहारादिकनिमित्तकरिकैजन्य जोदुःखरूपविषादहै ॥ ताविषादकरिकै जिसअव

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्थाविषे इसपुरुषकेसर्वविशेषज्ञानोंकीउपरामताहोवैहै ॥ साअवस्था मूर्छाअवस्था कहीजावैहै ॥ यहमूर्छाअवस्था जाग्रतादिकअवस्थावोंतैंभिन्नहीअवस्थाहै ॥ यहवार्त्ता श्रीव्यासभगवाननें 'मुग्धेऽर्द्धसंपत्तिःपरिशेषात्' इससूत्रविषेकथनकरीहै ॥ इससूत्रका यहअर्थहै ॥ मुद्गरप्रहारादिकानिमित्तकरिकै इसपुरुषकूं जामूर्छाहोवैहै सामूर्छा जाग्रतादिकचारिअवस्थावोंविषे कोईअवस्थाकेअंतर्भूतहै ॥ अथवा तिनचारोंअवस्थावोंतैं कोई भिन्नअवस्थाहै ॥ इसप्रकारकेसंशयहुएतैंअनंतर याप्रकारका वादीकापूर्वपक्ष प्राप्तभया श्रुतिस्मृतिआदिकोंविषे इसजीवात्माकी जाग्रतादिकचारिअवस्थाहीकथनकरीहै ॥ तिनोंतैंभिन्न मूर्छाअवस्था कथनकरीनहीं यातैं सामूर्छा तिनजाग्रतादिकअवस्थावोंविषेही अंतर्भूतहै ॥ ताकेविषेभी विशेषज्ञानोंकीउपरामता सुषुप्तिविषे तथामूर्छाविषे समानहोवैहै ॥ यातैं सामूर्छा सुषुप्तिविषेही अंतर्भूतहै ॥ तासुषुप्तितैं भिन्नअवस्था मूर्छानहीं है ॥ ऐसेपूर्वपक्षकेप्राप्तहुए ताउक्तसूत्रकारिकै श्रीव्यासभगवाननें यहसिद्धांतकऱ्याहै । सामूर्छाअवस्था तिनजाग्रतादिकचारिअवस्थावोंतैं भिन्नअवस्था है ॥ तहां जागत्स्वप्नअवस्थाविषे विशेषज्ञानोंकाअभावहोतानहीं ॥ और तामूर्छाअवस्थाविषेतौ सर्वविशेषज्ञानोंकाअभावहोवैहै ॥ याकारणतैं सामूर्छाअवस्था ताजाग्रत्स्वप्नअवस्थाविषेभी अंतर्भूतनहीं है ॥ और मरणअवस्थातैंअनंतर इसपुरुषका पुनःउत्थानहोतानहीं ॥ और मूर्छाअवस्थातैंअनंतरतौ इसपुरुषका पुनः उत्थानहोवैहै ॥ याकारणतैं सामूर्छाअवस्था तामरणअवस्थाविषेभी अंतर्भूतनहीं है ॥ और सुषुप्तपुरुषका मुख प्रसन्नरहैहै ॥ तथा शरीर निःष्कंपहोवैहै ॥ और मूर्छितपुरुषका मुख विकराल होवहै ॥ तथा शरीरभी कंपसहितहोवैहै ॥ याकारणतैं तामूर्छाका सुषुप्तिअवस्थाविषेभी अंतर्भावनहीं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ किंतु परिशेषतैं सामूर्छा तिनजाग्रतादिकचारिअवस्थावोंतैं भिन्नहीअवस्था सिद्धहोवैहै ॥ और उक्तरीतिसैं तासुषुप्तिकी तथा मूर्छाकी परस्परविलक्षणताकेहुएभी सर्वविशेषज्ञानोंकाअभाव दोनोंविषे तुल्यही होवैहै ॥ याकारणतैं सामूर्छा अर्द्धसुषुप्ति कहीजावै है इति ॥ और इसशरीरकेभोगेदणेहारेकर्मोंकोनिवृत्तिकरिकैसामान्यविशेषरूपदोप्रकारकेदेहाभिमानकेनिवृत्तहुएभावीदेवादिकशरीरकीप्राप्तिपर्यंत जा उक्तसप्तदशतत्वोंकोपिंडीभावअवस्थाहै ॥ साअवस्था मरणअवस्था कहीजावैहै ॥ इहांयहतात्पर्य है ॥ सोदेहाभिमान सामान्य विशेष इसभेदकरिकै दोप्रकरकाहोवैहै ॥ तहांसुषुप्तिविषे विशेषदेहाभिमानके निवृत्तहुएभी इसपुरुषकूं सामान्यदेहाभिमान रहेहै ॥ तादेहाभिमानकरिकैही यहपुरुष तासुषुप्तितैंउत्थानकूंप्राप्तहोवै है ॥ जोकदाचित् इसपुरुषकूं तासुषुप्तिविषे सोसामान्यदेहाभिमानभीनहींहोता ॥ तौ इसपुरुषका तासुषुप्तितैंउत्थानहीनहींहोता ॥ जैसे मरणअवस्थावालेपुरुषका पुनःउत्थाननहींहोवै है॥यातैं ताउत्थानरूपहेतुततैं इसपुरुषका तासुषुप्तिविषे सोसामान्यदेहाभिमान अनुमानकऱ्याजावैहै॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे तथास्वप्नअवस्थाविषे इसपुरुषकूं मैंमनुष्यहूं मैंब्राह्मणहूं इसप्रकारकाविशेषदेहाभिमानरहेहै॥ और मरणअवस्थाविषे इसपुरुषका सोदोनोंप्रकारकादेहाभिमान निवृत्तहोइजावहैइति ॥ ईहां कैएकग्रंथकारतौ तामरणअवस्ताकूं तामूर्छाअवस्थातैंभिन्नअवस्था मानतेनहीं ॥ किंतुतामरणअवस्थाका तामूर्छाअवस्थाविषेही अंतर्भावमानेहै ॥ तहांमूर्छाकूंप्राप्तहुएपुरुषके जोकदाचित् इसदेहविषे भोगदेणे हारेकर्म बाकीरहेहैं ॥ तौ तिस मूर्छातैं इसपुरुषका पुनःउत्थानहोवैहै ॥ और जोकदाचित् ते कर्म नहींरहेहैं ॥ तौ इसपुरुषका मरणहीहोवैहै ॥ यातैं सामरणअवस्था तामूर्छाअवस्थाके अंतर्भूतही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है इति ॥ किंवा जैसे विश्व तैजस प्राज्ञ यह तीनों एकहीजीवात्माकी अवस्थाविशेषहैं ॥ तैसे वैश्वा
नर हिरण्यगर्भ ईश्वर यहतीनोंभीएकही परमात्माकी अस्थाविशेषहैं॥ तहां एक ही परमात्मादेव सम
ष्टिस्थूलशरीर तथासूक्ष्मशरीर तथातिनदोनोंकाकारणमाया इनतीनोंकरिकैउपहितहुआ वैश्वा
नर इसनाम करिकै कह्याजावैहै ॥ और सोईही परमात्मादेव समष्टिसूक्ष्मशरीर तथाताकाकारणमाया
इनदोनोंकरिकैउपहितहुआ हिरण्यगर्भ इसनामकरिकैकह्याजावैहै ॥ और सोहीपरमात्मा केवल एक
मायाकरिकैउपहितहुआ ईश्वर इसनामकरिकैकह्याजावैहै इति ॥ अब वैश्वानर हिरण्यगर्भ ईश्वर इनती
नोंकेउपासनाकाफलकहैं हैं॥ तहां यहजीव जबी मैंहींवैश्वानरहूं इसप्रकारतैं तावैश्वानरकीअभेदउपास
नाकरैहै ॥ तबी इसजीवकूं तावैश्वानरभावकीप्राप्तिरूपफल प्राप्तिहोवैहै ॥ और यहजीव जबी मैंहीहिर
ण्यगर्भहूंइसप्रकारतैं ताहिरण्यगर्भकीअभेदउपासनाकरैहै ॥ तबीइसजीवकूं ताहिरण्यगर्भभावकीप्रा
प्तिरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ और यह जीव जबी मैंहीईश्वरहूं याप्रकारतैं ताईश्वरकीअभेदउपासनाकरैहै ॥
तबी इसजीवकूं ताईश्वरभावकी प्राप्तिरूपफल प्राप्तहोवैहै ॥ इसीअभेदउपासनाकूं शास्त्रविषेअहंग्रहउपा
सना कहैं हैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ वैश्वानर हिरण्यगर्भ ईश्वर यहतीनों एकहीपरमात्माकी अव
स्थाविशेषहैं ॥ इसतुम्हारेकहणेकरिकै तीनोंविषे ईश्वरपणाहीसिद्धहोवैहै ॥ सोसंभवतानहीं ॥ काहेतैं
'योऽशनायापिपासेशोकंमोहंजरांमृत्युमत्येति' इसश्रुतिनें अशना पिपासा शोक मोह जरा मरण इ
त्यादिकसर्वधर्मोंतैंरहित ईश्वरकूंकह्याहै ॥ और वैश्वानर हिरण्यगर्भ इनदोनोंविषेतौ श्रुतिनें क्षुधा भय
जन्म मरण बंध मोक्ष इत्यादिकधर्म कथनकऱ्येहैं॥तेसर्वधर्म जीवकेहीप्रसिद्धहैं॥तहां हिरण्यगर्भ विराट्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पुत्रकूंउत्पन्नकरिकै क्षुधातुरहुआ ताविराट्पुत्रकेभक्षणकरणेवासतै प्रवृत्तहोताभया॥तिसकूंदेखिकै भय भीतहुआ सोविराट् भाण ऐसेशब्दकूंकरताभया ॥ इसप्रकारके तेक्षुधाभयादिकजीवकेधर्म आत्मपुराणकेचतुर्थअध्यायविषे स्पष्टकरिकैकहेहैं ॥ यातैं तावैश्वानरहिरण्यगर्भविषे ईश्वररूपता संभवतीनहीं ॥ किंतु जीवरूपताहीसंभवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ बहूतश्रुतिस्मृतिआदिकोंविषे तावैश्वानरहिरण्यगर्भकूं ईश्वररूपाताहीकहीहै ॥ और कोईकश्रुतिस्मृतिविषे जो तावैश्वानरहिरण्यगर्भके जन्मादिकधर्म प्रतिपादनकऱ्येहैं ॥ सो इसअधिकारीपुरुषकूं अनित्यादिकदोषदृष्टिकरिकै तिसहिरण्यगर्भादिकपदतैं वैराग्यकीप्राप्तिवासतै कथनकऱ्येहैं ॥ कोई वैश्वानरहिरण्यगर्भकेजीवपणेविषे तिनवचनोंकातात्पर्यनहीं हे ॥ जोकदाचित् श्रुतिप्रतिपादित क्षुधाभयादिकजीवधर्मोंकेसंबंधतैं तावैश्वानरहिरण्यगर्भकूं जीवरूप मानिये तौ जीवविषेप्रसिद्ध जेइच्छादिकधर्महैं ॥ तिनोंकूं ईश्वरविषेप्रतिपादनकरणेहारीजो ' सोऽकामयत तदैक्षत तन्मनोऽकुरुत ' इत्यादिकश्रुतिहै ताश्रुतितैं ताईश्वरकूंभी जीवरूपताहोणीचाहिये ॥ यातैं सोवैश्वानर तथाहिरण्यगर्भ ईश्वररूपहीं है जीवरूपनहीं यहसिद्धभया ॥ तहां जोपुरुष तिस ईश्वरकीअभेदउपासनाकरैहै सोपुरुष तिसईश्वरभावकूंही प्राप्तहोवैहै ॥ यहउक्तउपासनाकाफल श्रुतिस्मृतिविषेभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' तंयथायथोपासतेतथैवभवति ' अर्थयह ॥ यहअधिकारीपुरुष तिसपरमात्माकूं जिसजिसवैश्वानरादिरूपकरिकै उपासनाकरैहै तिसतिसरूपविशिष्टपरमेश्वरभावकूंही सोअधिकारीपुरुष प्राप्तहोवैहै इति ॥ और यहहीउपासनाफल श्रीसदाशिवने रघुनाथके प्रति कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' येनाकारेणयेमर्त्या मामेवैकमुपासते । तेनाकारेणतेभ्योऽहं प्रसन्नोवांछि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तंददे ' अर्थयह ॥ यहजीव मुझएकहीपरमेश्वरकूं जिसजिसआकारकरिकैउपासनाकरै है ॥ तिसीतिसी आकारकरिकै मैंपरमेश्वर प्रसन्नहुआ तिनउपासकोंकेतांईवांछितअर्थ प्राप्तकरूंहुं इति ॥ यहउक्तअर्थही श्रीकृष्णभगवान्ने गीताविषे 'यंयंवापिस्मरन्भावं त्यजत्यंतेकलेवरम् । तंतमेवैतिकौंतेय सदातद्भावभावितः ' इसश्लोककरिकै कथनकऱ्याहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्वउक्तरीतिसे भावनाकेउत्कर्षकरिकै तिसईश्वरकेसाक्षात्कारवालेपुरुषकूं तिसईश्वरभावकीप्राप्तिरूपफलप्राप्तिहोवो ॥ परंतु ताभावनाकीमंदताहुए तिसउपासकपुरुषकूं किसफलकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताभावनाकेमंदताहुए इसपुरुषकूं सोपूर्वउक्तफल प्राप्तहोवैनहीं ॥ किंतु तामंदभावनाकीतारतम्यताकरिकै ताउपासकपुरुषकूं सार्ष्टि १ सारूप्य २ सामीप्य ३ सालोक्य ४ यहचारिप्रकारकाफल प्राप्तहोवैहै॥तहां आपणेमनुष्यभावकीविस्मृतिपूर्वक जो तिसउपास्यदेवभावकीप्राप्तिहै ॥ यहही ताभावनाविषे उत्कर्षपणाहै ॥ और आपणेमनुष्यभावके किंचित्स्मरणपूर्वक जो ताउपास्यदेवभावकीप्राप्तिहै यहही ताभावनाविषे मंदताहै ॥ तहां जगत्कीउत्पत्तिआदिकव्यापारकूंछोडिकै इसउपासकपुरुषकूं जो परमेश्वरकेसमान ऐश्वर्य तथा भोगोंकीप्राप्तिहै याकानाम सार्ष्टिहै ॥ और इसउपासकपुरुषकूं ताईश्वरकेसमानरूपकीजोप्राप्तिहै ताकानाम सारूप्यहै ॥ और ताईश्वरकेसमीपवर्त्तिपणेकानाम सामीप्यहै ॥ और ताईश्वरकेलोकविषेरहणेकानाम सालोक्यहै ॥ इसप्रकारकेचारिफलोंकूं सोउपासकपुरुष तामंदभावनाकीतारतम्यतातैं प्राप्तहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' साम्नःसायुज्यंसलोकतांजयति ' अर्थयह ॥ यहउपासकपुरुष ताभावनाकीतारतम्यताकरिकै हिरण्यगर्भके सायुज्यसालोक्यादिकोंकूंप्राप्तहोवैहै इति ॥ तहां पूर्व तत्पदार्थकेवाच्यार्थनि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रूपणप्रसंगकरिकै सगुणब्रह्मकेउपासकपुरुषोंकूं तिसतिसउपासनाकरिकै तिसतिससगुणब्रह्मकीप्राप्तिरूपफल निरूपणकऱ्या ॥ अब निर्गुणब्रह्मकेउपासकपुरुषोंकूं तिसनिर्गुणब्रह्मकीप्राप्तिरूपफल वर्णनकरेहैं॥ तहां जेपुरुष विवेकादिकचारिसाधनोंकरिकैसंपन्नहैं ॥ तथा मंदबुद्धिवालेहोणेतैं वेदांतशास्त्रकेविचारकरणेविषे असमर्थहैं ॥ तथा निर्गुणब्रह्मकेजानणेकीजिनोंकूंइच्छाहै ॥ तेपुरुष श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुकेमुखतैं तानिर्गुणब्रह्मकास्वरूपनिश्चयकरिकैसर्वस्थूलसूक्ष्मकारण उपाधितैंरहिततथासत्चित्आनंदस्वरूपऐसा निर्गुणब्रह्म मैंहूं याप्रकारकी निर्गुणब्रह्मकीउपासनाकरै ॥तानिर्गुणब्रह्मकीउपासनाकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं इसीशरीरविषे जीवत्अवस्थाविषे अथवा मरणअवस्थाविषे अथवा ब्रह्मलोकविषे तानिर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारहोइकै तानिर्गुणब्रह्मभावकीप्राप्तिरूपफल होवैहै ॥ जैसे मणिकीप्रभाविषे मणिबुद्धिकरिकैप्रवृत्तहुएपुरुषकूं तामणिकीप्राप्तिरूपफलहोवैहै ॥ तैसे निदिध्यासनरूप तानिर्गुणब्रह्मकीउपासनाकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं तानिर्गुणब्रह्मकीप्राप्तिरूपफलहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' ज्ञानप्रसादेनविशुद्धसत्वस्ततस्तुतंपश्यतिनिष्फलंध्यायमानः ' अर्थयह ॥ तानिर्गुणब्रह्मकीउपासनाकरिकै अतिशुद्धहुआहैचित्तजिसका ऐसासोध्यानकरताहुआपुरुष तानिर्गुणब्रह्मकूंसाक्षात्कारकरैहै इति ॥ तहां विचारविषेअसमर्थपुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं निर्गुणब्रह्मकेस्वरूपकूं परोक्षनिश्चयकरिकै मैंहीनिर्गुणब्रह्महूं याप्रकारको तानिर्गुणब्रह्मकीउपासनाकरै ॥ ताउपासनातैं तिसपुरुषकूं निर्गुणब्रह्मकासाक्षात्कारहोवैहै ॥ यहउक्त अर्थ श्रीभगवान्नेभी गीताविषे अर्जुनकेप्रतिकह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' अन्येत्वेवमजानंतःश्रुत्वान्येभ्य उपासते । तेपिचातितरंत्येवमृत्युंश्रुतिपरायणाः ' अर्थयह ॥ जेपुरुष मंदबुद्धिवालेहोणेतैं आप वेदांतशा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दात्म्यहै अंतःकरणउपहितसाक्षीचैतन्यविषे तादात्म्यनहींहै तथापि पूर्वउक्तरीतिसैं अंतःकरणकीवृत्तिकेबहिरानिर्गमनकालविषे तावटावच्छिन्नचैतन्यका तासाक्षीचैतन्यसेअभेदहीहोवैहै ॥ यातैं तिनघटादिकोंका तासाक्षीचैतन्यविषे तादात्म्य संभवैहै इति ॥अब इसउक्तप्रत्यक्षप्रमाकाफल वर्णनकरैं हैं ॥ तहां ताउक्तप्रत्यक्षप्रमाविषे दोअंशहैं ॥ एकतौ अंतःकरणकीवृत्तिरूपअंशहै ॥ और दूसरा चैतन्यरूपअंश है ॥ तहां वृत्तिअंशकरिकैतौ घटादिकविषयोंके आवरणकोनिवृत्ति होवैहै ॥ और चैतन्यअंशकरिकै अज्ञानकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ यह स्वामीनृसिंहाश्रमकामतहै ॥ और आचार्यतौ ऐसामानैं हैं ॥ ताउक्तप्रत्यक्षप्रमाकरिकैही ताआवरणशक्तिसहितअज्ञानकोनिवृत्तिहोवैं है ॥ तिसतैंअनंतर अंतःकरणउपहितचैतन्यरूपसाक्षीकरिकै घटादिकविषयोंका स्फुरणहोवैहै ॥ अब प्रसंगतैं तासाक्षीकास्वरूप वर्णनकरैं हैं ॥ 'उदासीनत्वेसतिबोद्धा साक्षी' अर्थयह ॥ जोचैतन्य निर्विकारउदासीनहुआ बुद्धिआदिकोंकूं प्रकाशकरैहै अर्थात् प्रमाता प्रमाण प्रमेय इत्यादिकसर्वोंकूं प्रकाशकरैहै॥ सोचैतन्य साक्षी कह्याजावैहै ॥तहां लोकविषेभी जोपुरुष पररूपरविवादकरतेहुएदोपुरुषोंतैंभिन्नहोवैहै ॥ तथा तिनदोनोंके विवादकूं अपरोक्षरूपकरिकैजानैहै ॥ तथा उदासीनहोवैहै अर्थात् पक्षपाततैंरहितहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूं साक्षीकहैहैं ॥ तैसे जोचैतन्य उदासीनहुआ बुद्धिआदिकसर्वोंकूं प्रकाशकरैहै ॥ सोचैतन्य साक्षी कह्याजावैहै ॥ तहां 'बोद्धा साक्षी' इतनामात्रही जो तासाक्षीकालक्षणकरते तालक्षणविषे 'उदासीनत्वेसति' यहपद नहीं कथनकरते तौ पररस्परविवादकरणेहारेपुरुषोंविषेभी सोसाक्षीपणा होणाचाहिये ॥ जिसकारणतैं स्वपरव्यवहारकाबोद्धापणा तिनपुरुषोंविषेभीहै ॥ परंतु तिनपुरुषोंकूं कोईसाक्षीकहतानहीं ॥ यातैं तासा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्षीका उदासीन यहविशेषण कथनकऱ्याहै ॥ तिनविवादकर्त्तापुरुषोंविषे सोउदासीनपणाहैनहीं ॥ यातैं तिनोंविषे तासाक्षीकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा 'उदासीनःसाक्षी' इतनामात्रहीं जो ता साक्षीकालक्षण करते तालक्षणविषे बोद्धा यहपद नहींकथनकरते तौ ताविवादस्थलविषे स्तंभादिकोंकूंभीउदासीनपणाहै ॥ यातैं तेस्तंभादिकभी साक्षीहोणा चाहिये ॥ और तिनस्तंभादिकोंकूं को ईसाक्षीकहतानहीं ॥ यातैं तालक्षणविषे 'बोद्धा' यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तिनजडस्तंभादिकोंविषे सो बोद्धापणाहैनहीं ॥ यातैं तिनोंविषे तासाक्षीकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं तैसे इहांप्रसंगविषे केवलबोद्धापणातौ भोक्ताजीवविषेभीहै ॥ परंतु ताजीवविषे उदासीनपणा नहीं है और केवलउदासीनपणातौ देहइंद्रियादिकजडपदार्थोंविषेभीहै ॥ परंतु तिनोंविषे बोद्धापणानहींहै ॥ यातैं ताभोक्ताजीवविषे तथादेहइंद्रियादिकोंविषे तासाक्षीकेलक्षणकी अतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ यहहीसाक्षीकालक्षण 'साक्षीचेताःकेवलोनिर्गुणश्च' इसश्रुतिनें कथनकऱ्याहै ॥ तहां इसश्रुतिविषे 'चेताः' इसपदककरिकै बोद्धा कह्याहै ॥ और 'केवल' इसपदकरिकै उदासीन कह्याहै ॥ यातैं 'चेताःकेवलःसाक्षी' । यहसाक्षीकालक्षण ताश्रुतितैंसिद्धहोवै है और नैयायिक आत्माकूं ज्ञानादिकगुणोंवाला मानैं है ॥ तिनोंकेमनकेखंडनकरणेवासतै ताश्रुतिने आत्माकूं निर्गुणकह्याहै ॥ और ताश्रुतिविषेस्थित चकारकरिकै आत्माकूं निष्क्रिय कह्याहै ॥ ताकरिकै आत्माकूं मध्यमपरिमाणवाला तथा सक्रिय मानणेहारे दिगंबरोंकामतभी खंडनहुआजानणा ॥ किंवा यहउक्तसाक्षीकास्वरूपही पंचदशीकेनाटकदीपविषे श्रीविद्यारण्यस्वामीनें नृत्यशालाविषेस्थितदीपककेदृष्टांतकरिकै निरूपणकऱ्याहै ॥ यातैं तासाक्षीकरिकै घटादिकविषयोंका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्फुरण संभवैहै इति ॥ तहां पूर्व प्रत्यक्षप्रमाका फलसाहित निरूपणकऱ्या ॥ अब ताप्रत्यक्षप्रमाकाविभाग वर्णनकरैं हैं ॥ तहां सोउक्तप्रत्यक्षप्रमा बाह्यप्रत्यक्षप्रमा १ अंतरप्रत्यक्षप्रमा २ इनभेदोंकीरकै दोप्रकारकोहोवैहै ॥ तहां बाह्यअर्थकूंविषयकरणेहारी प्रत्यक्षप्रमाकूं बाह्यप्रत्यक्षप्रमा कहैं हैं ॥ और अंतरअर्थकूंविषयकणेहारी प्रत्यक्षप्रमाकूं अंतरप्रत्यक्षप्रमा कहेहैं ॥ तिनदोनोंप्रमाविषे प्रथम बाह्यप्रत्यक्षप्रमा शब्द १ स्पर्श २ रूप ३ रस ४ गंध ५ इनपंचविषयोंकेभेदतैं पंचप्रकारकीहोवैहै ॥ अर्थात् शब्दप्रमा १ स्पर्शप्रमा २ रूपप्रमा ३ रसप्रमा ४ गंधप्रमा ५ यहपंचप्रकारकी बाह्यप्रत्यक्षप्रमाहोवैहै ॥ और तापंच प्रकारकी बाह्यप्रत्यक्षप्रमाके यथाक्रमतैं करणरूप श्रोत्र १ त्वक् २ चक्षु ३ रसन ४ घ्राण ५ यहपंच ज्ञानइंद्रियहैं ॥ यातैं तेपंचज्ञानइंद्रिय बाह्यप्रत्यक्षप्रमाण कहेजावैं हैं ॥ और दूसरी अंतरप्रत्यक्षप्रमाभी आत्मगोचरा १ सुखादिगोचरा २ इनभेदोंकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां आत्माकूंविषयकरणेहारी जाप्रमाहै ताकानाम आत्मगोचराहै ॥ और सुखदुःखादिकोंकूंविषयकरणेहारी जोप्रमाहै ताकानाम सुखादिगोचराहै ॥ और सोआत्मगोचरप्रमाभी विशिष्टात्मविषया १ शुद्धात्मविषया २ इनभेदोंकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां अहंजीवः यहप्रमातौ विशिष्टआत्माविषयक होवैहै । और अहंब्रह्मास्मि यहप्रमा शुद्धआत्माविषयक होवैहै ॥ और अहंसुखी अहंदुःखी इत्यादिकप्रमा सुखदुःखादिविषयक होवैहै ॥ अब ताअंतरप्रत्यक्षप्रमाके करणका निरूपणकरैं हैं ॥ तहां वाचस्पतिमिश्रकातौ यहमतहै ॥ अंतरइंद्रिय रूपजोमनहै ॥ सोमनही ताउक्तअंतरप्रत्यक्षप्रमाका करणहै ॥ काहेतैं जैसे बाह्यरूपादिकोंकेसाक्षात्कारकाकरणरूपकरिकै चक्षुआदिकइंद्रियोंकीसिद्धिहोवैहै ॥ तैसे अंतर सुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्कारकाक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रणरूपकरिकै मनरूपअंतरइंद्रियकीभी सिद्धि संभवैहै ॥ और सुखदुःखादिकोंकूं व्यवहारिकपणाहोणेतैं तिनसुखदुःखादिकोंकेज्ञानकूंभी व्यावहारिकपणाही संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तामनकूं विशिष्टआत्माकेसाक्षात्कारकीकारणताकेहुएभी शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारकीकरणता संभवतीनहीं ॥ जोकदाचित् तामनकूं शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारका करणमानोंगे तौ आत्मसाक्षात्काराविषे मनकीकरणताकूंनिषेधकरणेहारी 'यतोवाचोनिवर्त्ततेअप्राप्यमनसासह । यन्मनसानमनुते' इत्यादिकश्रुतियोंका विरोध प्राप्तहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ 'मनसैवानुद्रष्टव्यम् । दृश्यतेत्वग्र्ययाबुद्धचा' इत्यादिकश्रुतियोंने तामनकूंही शुद्धआत्माकेसाक्षात्काराविषे करणपणा कथनकऱ्याहै ॥ यातैं आत्मसाक्षात्काराविषे मनकी करणताकूंनिषेधकरणेहारी सोउक्तश्रुति अशुद्धमनविषयकहै ॥ अर्थात् अशुद्धमनकरिकै आत्माकासाक्षात्कारहोतानहीं ॥ यातैं मनसैवानुद्रष्टव्यम् इसउक्तश्रुतिकरिकै शुद्धमनकूंही आत्मसाक्षात्कारकीकरणता सिद्धहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ 'तंत्वौपनिषदंपुरुषंपृच्छामि' इसश्रुतिविषे औपनिषद इसवचनकरिकै आत्माकूं उपनिषदरूपशब्दप्रमाणजन्यज्ञानकाविषय कह्याहै ॥ और ताआत्माकूं जोमानसप्रत्यक्षकाविषय मानोंगे तौ इसउक्तश्रुतिकाविरोध प्राप्तहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शास्त्रआचार्यकरिकैसंस्कृतशुद्धमनकूंही हम ब्रह्मात्मसाक्षात्कारविषे करणमानैं हैं ॥ यातैं तामनकूं उपनिषदरूपशास्त्रकीअपेक्षाहोणेतैं ताऔपनिषदश्रुतिका विरोधहोवैनहीं ॥ परंतु ताउपनिषदरूपशब्दकूं आत्मसाक्षात्कारविषे करणतानहींहै ॥ किंतु ताशुद्धमनकूंहीकरणताहै ॥ किंवा विशिष्टआत्माकेसाक्षात्काराविषे तामनकूं करणपणा सिद्धहीहै ॥ यातैं शुद्धआत्माकेसाक्षात्काराविषेभी तामनकूंहो करणमान्याचाहिये ॥ तामनतैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भिन्न कोईकरणमानणेविषे एकतौ कल्पनागौरवदोष प्राप्तहोवैहै ॥ और दूसरा ताअर्थकासाधक कोईप्रमाणभीनहींहै ॥ यातैं अंतरप्रत्यक्षप्रमाका सोमनही करणहै इति ॥ अब इसउक्तमतकेखंडनपूर्वक आचार्योंकामत वर्णनकरेहैं ॥ तहां मनकूं जोइंद्रियरूपतासिद्धहोवै तौ तामनकूं अंतरप्रत्यक्षप्रमाकेप्रति करणपणासिद्धहोवै ॥ परंतु तामनविषे इंद्रियरूपताही संभवतीनहीं॥ जिसकारणतैं 'इंद्रियेभ्यःपराह्यर्थाअर्थेभ्यश्चपरंमनः।इंद्रियेभ्यःपरंमनः'इत्यादिकश्रुतिस्मृतियोंविषे तामनकूं इंद्रियोंतैंपृथक्करिकै कथनकऱ्याहै ॥ जोकदाचित् सोमनभी इंद्रियहोता तौ यहउक्तश्रुतिस्मृति तामनकूं इंद्रियोंतैंपृथक् नहींकहती ॥ यातैं सोमन इंद्रियनहींहै यहनिश्चयहोवैहै ॥ किंवा सुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्कारविषे जोमनकूं करणपणा सिद्धहोवै तौ तामनकूं इंद्रियरूपतासंभवै ॥ परंतु तामनकूं करणरूपताहीसंभवतीनहीं ॥ काहेतैं सर्ववृत्तियोंकेप्रति तामनकूंही उपादानकारणताहै यहवार्त्ता पूर्वकथनकरिआयेहैं ॥ और जोपदार्थ जिसकार्यका उपादानकारणहोवैहै सोपदार्थ तिसकार्यका करणहोतानहीं ॥ जैसे घटरूपकार्यकेउपादानकारणरूपमृत्तिकाकूं ताघटकेप्रति करणरूपतानहींहै ॥ किंतु दंडादिकोंकूंही करणरूपताहै ॥ तैसे सर्ववृत्तियोंकेउपादानकारणरूपमनकूंभी तिनवृयोंत्तिकेप्रति करणरूपता संभवतीनहीं ॥ ताकरणताकेअसंभवहुए तामनकूं इंद्रियमानणा व्यर्थहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ मनकूं जोइंद्रियरूप नहींमानोंगे तौ अंतरसुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्काराविषे अप्रमात्वही प्राप्तहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकासाक्षात्काराकोईप्रमाणकरिकैजन्यहैनहीं ॥ यातैं तासाक्षात्कारविषे अप्रमापणा हमारेकूं अंगीकारहीहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ सुखादिकोंकेसाक्षात्कारकूं जोअप्रमारूपमानोंगे तौ ताअप्रमाज्ञानकेविषयहुए तेसुख

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दुःखादिक शुक्तिरजतादिकोंकीन्यांई प्रातीतिकहीहोवैंगे ॥ अर्थात् तास्वविषयकप्रतीतिके समकालवृत्तिहीहोवैंगे ॥ ताकरिकै तिनसुखदुःखादिकोंविषे व्यावहारिकपणा नहींसिद्धहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकासाक्षात्कार अप्रमारूपहीहोवैहै ॥ याकारणतैं अंतःकरण तथा ताकेधर्मसुखदुःखादिक शुक्तिरजतकीन्याईं प्रातीतिकहीहोवैं हैं ॥ व्यावहारिकहोवैंनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकूं जोप्रातीतिकमानोंगे तौ तिनोंकूं हर्षशोकादिरूपअर्थक्रियाकाजनकपणा नहींहोवैगा ॥ व्यावहारिकपदार्थही ताअर्थक्रियाकाजनकहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ व्यावहारिकपदार्थकीन्यांई कहां प्रातीतिकपदार्थभी ताअर्थक्रियाका जनकहोवैहै ॥ जैसे प्रातीतिक शुक्तिरजत इसपुरुषके प्रवृत्तिरूपअर्थक्रियाका जनकहोवैहै ॥ तथा प्रातीतिकरज्जुसर्प इसपुरुषके भयपलायनादिरूपअर्थक्रियाका जनकहोवैहै ॥ तैसे तिनप्रातीतिकसुखदुःखादिकोंकूंभी हर्षशोकादिरूपअर्थक्रियाकाजनकपणा संभवैहै ॥ ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे अंतर सुखदुःखादिकोंकासाक्षात्कार प्रमाणकरिकैअजन्यहोणेतैं अप्रमारूपहै ॥ तैसे अंतर आत्माकेसाक्षात्कारकूंभी प्रमाणकरिकैअजन्यहोणेतैं अप्रमारूपताही प्राप्तहोवैगी ॥ जोकदाचित् ताआत्मसाक्षात्कारविषेभी तुम अप्रमापणाही अंगीकारकरोगे तौ ताअप्रमाज्ञानकाविषयहोणेतैं सोआत्माभी सुखदुःखादिकोंकीन्यांई प्रातीतिकहीहोवैगा ॥ और आत्माकाप्रातीतिकपणा कोईभीआस्तिकवादीकूं इष्टनहीं है ॥ यातैं ताआत्मसाक्षात्कारविषे मनकूं अवश्यकरण मान्याचाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सुखदुःखादिकोंकेसाक्षात्कारकीन्यांई आत्मसाक्षात्कारविषे जोअप्रमापणा कहतेहो॥सोक्या विशिष्टआत्माके साक्षात्कारकूं अप्रमापणाकहतेहो ॥ अथवा शुद्धआत्माकेसाक्षात्कारकूं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अप्रमापणा कहतेहो ॥ तहां प्रथमपक्ष जोअंगीकारकरो सोतौ हमारेकूंभी इष्टहै ॥ अर्थात् विशिष्ट आत्माकेसाक्षात्कारकूं हमभी अप्रमारूपहीमानैं हैं ॥ और जोद्वितीयपक्षअंगीकारकरो सो संभवता नहीं काहेतैं 'अहंब्रह्मास्मि' ॥ याप्रकारका शुद्धआत्माकासाक्षात्कार तत्त्वमसिआदिकवेदांतवाक्यकरि कैजन्यहोणेतैं प्रत्यक्षप्रमारूपहीं है ॥ यातैं ताशुद्धआत्माकेसाक्षात्काराविषे अप्रमापणा संभवतानहीं ॥ ॥ ॥ शंका ॥ ॥ वाक्यकूं नियमतैं परोक्षज्ञानकाहीजनकपणाहोवैहै ॥ अपरोक्षज्ञानकाजनकपणाहोतानहीं ॥ यातैं तावेदांतवाक्यतैं आत्माकाअपरोक्षज्ञान संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ कहां शब्दतैंभी अपरोक्षहीज्ञानहोवैहै ॥ जैसे दशमस्त्वमसि इसवाक्यतैं तादशमपुरुषकूं आपणाअपरोक्षज्ञानहीहोवैहै ॥ तैसे तत्त्वमसिआदिकवाक्यतैंभी इसअधिकारीपुरुषकूं आत्माकाअपरोक्षज्ञानहीहोवैहै ॥ यहवार्त्ता आगे शाब्दप्रमाकेनिरूपणाविषे कहैंगे ॥ ॥ इतिप्रत्यक्षप्रमानिरूपणम् ॥ १ ॥ अब दूसरी अनुमितिप्रमाकानिरूपणकरैं हैं ॥ तहां 'लिंगज्ञानजन्यज्ञानम् अनुमितिः' अर्थयह ॥ लिंगकेज्ञानकरिकैजन्य जोज्ञानहै सो अनुमिति कह्याजावैहै ॥ जैसे 'अयंपर्वतः वह्निमान् धूमवत्त्वात् योयोधूमवान्सवह्निमान् यथामहानसः' अर्थयह ॥ यहपर्वत वह्निवालाहै धूमवालाहोणेतैं जोजो धूमवालाहोवैहै ॥ सोसो वह्निवालाहीहोवैहै ॥ जैसे महानसहै ॥ अन्नपकावणेकेस्थानकानाम महानसहै इति ॥ तहां इसप्रसिद्धअनुमानविषे पर्वततौ पक्षहै ॥ और वह्नि साध्यहै ॥ और धूम लिंगहै ॥ और महानस दृष्टांतहै ॥ तहां यहपर्वत धूमवालाहै इसप्रकारकेलिंगज्ञानतैं इसपुरुषकूं यहपर्वत वह्निवालाहै ॥ याप्रकारकाअनुमितिज्ञान होवैहै ॥ यातैं सोउक्तअनुमितिकालक्षण संभवैहै ॥ अब सिद्धांतविषे ताअ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नुमितिकेलक्षणकूंघटावैं हैं ॥ 'जीवः ब्रह्माभिन्नः सच्चिदानंदलक्षणत्वात् ब्रह्मवत्' अर्थयह ॥ यहजीवा त्मा ब्रह्मसेअभिन्नहै सत्चित्आनंदरूपहोणेतैं ॥ जोजो सच्चिदानंदरूपहोवैहै ॥ सो ब्रह्मतैंअभिन्नहीहो वैहै ॥ जैसे ब्रह्म सच्चिदानंदरूपहोणेतैं ब्रह्मतैंअभिन्नहीं है ॥ तैसे यहजीवभी सच्चिदानंदरूपहोणेतैं ब्रह्मसैं अभिन्नहीहोवैगा इति ॥ तहां इसअनुमानविषेभी जीवतौ पक्षहै ॥ और ब्रह्मकाअभेद साध्यहै ॥ और सच्चिदानंदरूपत्व लिंगहै ॥ और ब्रह्म दृष्टांतहै ॥ तहां यहजीव सच्चिदानंदरूपहै याप्रकारकेलिंगज्ञान तैंअनंतर इसअधिकारीपुरुषकूं यहजीव ब्रह्मसैंअभिन्नहै याप्रकारकाअनुमितिज्ञान होवैहै ॥ यातैं सोउ क्तअनुमितिकालक्षण इहांभी संभवैहै इति ॥ अब प्रसंगतैं पक्षादिकोंकेस्वरूपका वर्णनकरैं हैं ॥ तहां अ नुमितिज्ञानतैंपूर्व इसपुरुषकूं जिसपदार्थविषे साध्यकासंशयहोवैहै ॥ सोपदार्थ पक्ष कह्याजावैहै ॥ जैसे प्रसिद्धअनुमानविषे पर्वतोवह्निमान् इसअनुमितितैंपूर्व इसपुरुषकूं तापर्वतविषे वह्निकासंशयरहै है ॥ या तैं सोपर्वत ताउक्तअनुमानविषे पक्ष कह्याजावैहै ॥ और इसपुरुषकूं तापक्षविषे लिंगज्ञानकरिकै जिस पदार्थकाज्ञान होवैहै सोपदार्थ साध्य कह्याजावैहै ॥ जैसे ताप्रसिद्धअनुमानविषे इसपुरुषकूं पर्वतरू पपक्षविषे धूमरूपलिंगकेज्ञानतैं वह्निकाज्ञानहोवैहै ॥ यातैं सोवह्नि ताअनुमानविषे साध्य कह्याजावै है ॥ और इसपुरुषकूं साध्य लिंग दोनोंका जिसपदार्थविषे निश्चयहोवै है सोपदार्थ दृष्टांत कह्याजा वैहै ॥ जैसे ताप्रसिद्धअनुमानविषे इसपुरुषकूं महानसविषे वह्निरूपसाध्यका तथा धूमरूपलिंगका नि श्चयहीहै ॥ यातैं सोमहानस ताउक्तअनुमानविषे दृष्टांत कह्याजावैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसलिंग केज्ञानकरिकै सोअनुमिति जन्यहोवैहै ॥ तालिंगका क्यास्वरूपहै ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए ॥ अब ता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लिंगकालक्षणकहैं हैं ॥ ' व्याप्त्याश्रयः लिंगम् ' अर्थयह ॥ साध्यकेव्याप्तिका जोआश्रयहोवैहै सो लिंग कह्याजावैहै ॥ जैसे ताप्रसिद्धअनुमानविषे वह्निरूपसाध्यकेव्याप्तिकाआश्रय धूमहै ॥ यातैं सोधूम लिंग कह्याजावैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसव्याप्तिकाआश्रयहुए धूमादिक लिंगकहेजावैं हैं ॥ तिसव्याप्तिका क्यास्वरूपहै ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए ॥ अब ताव्याप्तिकास्वरूप वर्णनकरैं हैं ॥ तहां ' साधनसाध्ययोर्नियतसामानाधिकरण्यं व्याप्तिः ' अर्थयह ॥ साधन साध्य दोनोंका जोअव्यभिचरित सामानाधिकरण्यहै ताकानाम व्याप्तिहै ॥ जैसे प्रसिद्धअनुमानविषे धूमरूपसाधनका तथा वह्निरूपसाध्यका अव्यभिचरितसामानाधिकरण्यहै ॥ अर्थात् तावह्निरूपसाध्यकूंछोडिकै सोधूमरूपसाधन कदाचित्भी स्वतंत्ररहतानहीं ॥ यहही ताधूमविषे तावह्निकीव्याप्तिहै ॥ और वह्नितौ ताधूमकूंछोडिकै तप्तलोहींपडविषेरहेहै ॥ यातैं तावह्निविषे ताधूमकी सोउक्तव्याप्तिहैनहीं ॥ तहां इसउक्तव्याप्तिकाआश्रयहोणेतैं धूमादिकसाधनतौ व्याप्य कहेजावैं हैं ॥ और ताव्याप्तिकेनिरूपकहोणेतैं वह्निआदिकसाध्य व्यापक कहेजावैं हैं ॥ लिंग साधन हेतु यहतीनोंशब्द एकहीअर्थकेवाचकहोवैं हैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ॥ इसउक्तव्याप्तिका उसपुरुषकूं किसउपायतैंज्ञानहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जहांजहां धूमरहैहै तहांतहां वह्निअवश्यरहैहै ॥ याप्रकारकाजो महानसादिकोंविषे वारंवार धूमवह्निकेसहचारकादर्शनहै तासहचारदर्शनतैंही इसपुरुषकूं धूम वह्निकाव्याप्यहै याप्रकारका व्याप्तिज्ञानहोवैहै ॥ परंतु जिससाधनविषे यहसाधन साध्यकेअभाववालेमेंवृत्तिहै याप्रकारका व्यभिचारज्ञानहोवैहै ॥ तिससाधनविषे तासहचारदर्शनकेहुएभी तासाध्यकेव्याप्तिका ज्ञानहोतानहीं ॥ जैसे जहां जहां पार्थिवत्वहोवै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है तहांतहां लोहलेख्यत्वहोवैहै ॥ याप्रकारकेसहचारदर्शनकेहुएभी हीरकादिकोंविषे तालोहलेख्यत्वकें अभावहुएभी सोपार्थिवत्व देखणेमेंआवैहै ॥ यातैं तासहचारदर्शनतैं तापार्थिवत्वविषे तालोहलेख्यत्वके व्याप्तिका ज्ञानहोतानहीं ॥ यातैं सोव्यभिचारज्ञान ताव्याप्तिज्ञानका प्रतिबंधकहोवैहै ॥ ताप्रतिबंधक केअभावसहित सोसहचारज्ञानही ताव्याप्तिज्ञानकाकारणहोवैहै ॥ तहां काष्ठादिकपार्थिवपदार्थोंविषे जोलोहकेशस्त्रतैं अक्षरादिकोंकालिखनाहै ताकानाम लोहलेख्यत्वहै इति ॥ इतनेकहणेकरिकै ताअनुमानकीयहरीति सिद्धहोवैहै ॥ महानसादिकोंविषे धूमवह्निकेसहचारदर्शनतैं इसपुरुषकूं धूम वह्निके व्याप्तिवालाहै याप्रकारका व्याप्तिज्ञानहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर कोईकालविषे पर्वतकेसमीपगएहुए तापुरुषकूं तापर्वतविषे यहपर्वत धूमवालाहै याप्रकारका ताधूमरूपलिंगकाज्ञानहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर तापूर्वअनुभवकरीहुईव्याप्तिकेसंस्कार उद्बुद्धहोवैहैं ॥ तिसतैंअनंतर तापुरुषकूं यहपर्वत वह्निवालाहै याप्रकारकाअनुमितिज्ञान होवैहै ॥ तहां सोव्याप्तिज्ञानतौ ताअनुमितिप्रमाकाकरणहोणेतैं अनुमानप्रमाणहै ॥ और ताव्याप्तिकेउद्बुद्धसंस्कार ताकरणका अवांतरव्यापारहै ॥ और सोअनुमिति प्रमा फलहै ॥ और सोलिंगज्ञान संस्कारोंकाउद्बोधकहोणेतैं सहकारीकारणहै इति ॥ अबताउक्तअनुमितिप्रमाका विभागवर्णनकरैहैं ॥ तहां सोउक्तअनुमितिप्रमा स्वार्थानुमिति १ परार्थानुमिति २ इनभेदोंकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहांइसपुरुषकूंदूसरेकेउपदेशतैंविनाही व्याप्तिलिंगज्ञानादिकोंकरिकै जाअनुमितिहोवैहै ॥ सो स्वार्थानुमिति कहीजावैहै ॥ सोस्वार्थानुमितिकीरीति पूर्वनिरूपणकरीहै ॥ अब दूसरी परार्थानुमितिकाप्रकार वर्णनकरैं हैं ॥ तहां पूर्वउक्तरीतिसैं आप पर्वतविषेवह्निकानिश्चयकरिकै दूसरेपुरुषकेप्रति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोतावह्निकानिश्चयकरावणाहै ताकानाम परार्थानुमितिहै ॥ सापरार्थानुमिति न्यायकरिकेसिद्धिहोवै है ॥ तहां अवयवोंकेसमुदायकानाम न्यायहै ॥ और ताअनुमानवाक्यविषेस्थित जेप्रतिज्ञादिकवाक्य हैं तिनोंकानाम अवयवहै ॥ तहां नैयायिकतौ प्रतिज्ञा १ हेतु २ उदाहरण ३ उपनय ४ निगमन ५ इनपंचअवयवोंकेसमुदायकूं न्यायकहेहैं ॥ जैसे प्रसिद्धअनुमानविषे 'पर्वतोवह्निमान्' यह प्रतिज्ञा वाक्यहै ॥ १ ॥ और 'धूमवत्त्वात्' यह हेतुवाक्यहै ॥ २ ॥ और 'योयोधूमवान्सवह्निमान्यथा महानसः' यह उदाहरणवाक्यहै ॥ ३ ॥ और 'तथाचायम्' अर्थयह यहपर्वत तामहानसकीन्याई धूम वालाहै यह उपनयवाक्यहै ॥ ४ ॥ और 'तस्मात्तथा' अर्थयह ॥ धूमवालाहोणेतैं यहपर्वत तामहान सकीन्यांई वह्निवालाहीं है ॥ यह निगमनवाक्यहै ॥ ५ ॥ इनप्रतिज्ञादिकपंचअवयवोंकेलक्षण न्यायप्र काशकेषष्ठपरिच्छेदविषे अनुमाननिरूपणविषे कथनकऱ्येहैं ॥ तेतहांसैं जानिलेणे ॥इसप्रकारकेप्रतिज्ञा दिकपंचअवयवोंकेसमुदायरूपन्यायतैं ताअन्यपुरुषकूंभी व्याप्तिलिंगादिकोंकाज्ञानहोइकै तावह्निकीअ नुमितिहोवैहै ॥ इसीकानाम परार्थानुमितिहै इति ॥ और वेदांतसिद्धांतविषेतौ प्रतिज्ञा १ हेतु २ उदा हरण ३ इनतीनअवयवोंकेसमुदायकानाम न्यायहै ॥ अथवा उदाहरण १ उपनय २ निगमन ३ इन तीनअवयवोंकेसमुदायकानाम न्यायहै ॥ इसीन्यायतैं ताअन्यपुरुषकूं अनुमितिज्ञानविषेउपयोगीव्या प्तिआदिकोंकाज्ञानहोवैहै ॥ यातैं पंचअवयवमानणेनिष्फलही है इति ॥ तहांपूर्व 'पर्वतोवह्निमान्' इसलौ किकअनुमानवाक्यविषे तेप्रतिज्ञादिकअवयव दिखाये ॥ अबजीवब्रह्मकेअभेदसाधक वैदिकअनुमान वाक्यविषेभी तेप्रतिज्ञादिकअवयव निरूपणकरेहैं तहां 'जीवः परस्मान्नभिद्यते १ सच्चिदानंदलक्षण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्वात् २ यःसच्चिदानंदलक्षणः सपरस्मान्नभिद्यतेयथापरमात्मा ३ तथाचायम् ४ तस्मात्तथा ५' अर्थयह यहजीव परमात्मातैंभिन्ननहीं है ॥ यहतौ प्रतिज्ञावाक्यहै ॥ १ ॥ और सत्चित्आनंदरूपहोणेतैं यह हेतुवाक्यहै ॥ २ ॥ और जोजो सच्चिदानंदरूपहोवैहै सोपरमात्मातैंभिन्नहोतानहीं जैसेपरमात्माहै ॥ यह उदाहरणवाक्यहै ॥ ३ ॥ और जीवपरमात्माकीन्यांई सच्चिदानंदरूपहै ॥ यह उपनय वाक्यहै ॥ ४ ॥ और सच्चिदानन्दरूपहोणेतैं यह जीव तापरमात्मातैंअभिन्नहीहै ॥ यह निगमनवाक्यहै ॥ ५ ॥ इस प्रकारके प्रतिज्ञादिकतीनअवयवोंके वा उदाहरणादिकतीनअवयवोंके समुदायरूपन्यायतैं इसअधिकारीपुरुषकूं व्याप्तिलिंगादिकोंकाज्ञानहोइकै जीवब्रह्मकेअभेदविषयकअनुमितिप्रमा होवैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताजीवात्माविषे जबी किसीप्रमाणकरिकै सच्चिदानंदरूपता सिद्धहोवै ॥ तबी तासच्चिदानंदरूपत्वहेतुतैं ताजीवविषे ब्रह्मकाभेद सिद्धहोवै ॥ परंतु ताजीवकीसच्चिदानंदरूपताविषे कोईभीप्रमाणनहीं है ॥ यातैं सोसच्चिदानंदरूपत्वहेतु ताजीवरूपपक्षविषेअवृत्तिहोणेतैं स्वरूपासिद्धनामाहेत्वाभासहै ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए ॥ अब श्रुति स्मृति युक्ति अनुभव इनचारोंकरिकै ताजीवात्माविषे सत्चित्आनंदरूपतासिद्धकरेहैं ॥ तहां ' अविनाशीवाअरेऽयमात्मा । सन्मात्रोनित्यःशुद्धोबुद्धः ' अर्थयह ॥ हेमैत्रेयी यहआत्मा विनाशतैंरहितहै ॥ और यहआत्मा सत्तामात्रहै तथानित्यहै तथाशुद्धहै तथाज्ञानस्वरूपहै ॥ इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै इसजीवात्माको सत्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और 'नित्यःसर्वगतःस्थाणुरचलोयं सनातनः ' अर्थयह ॥ यहआत्मा नित्यहै तथासर्वत्रव्यापकहै तथाकूटस्थहै तथाअचलहै तथासनातन है ॥ इत्यादिक गीतास्मृतिकेवचनोंकरिकैभी ताजीवात्माकी सत्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और यहजीवात्मा जोसत्यनहींहोवै तौ कृतनाश तथा अकृताभ्यागम इनदोनोंदोषोंकीप्राप्तिहोवैगी ॥ तहां क

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

च्येहुएपुण्यपापकर्मका जोफलभोगतैंविना विनाशहै ताकानाम कृतनाशहै ॥ और पूर्वनहींकच्येहुए कर्मका जोफलभोगहै ताकानाम अकृताभ्यागमहै ॥ इत्यादिकयुक्तिकरिकैभी ताजीवात्माकी सत्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और 'अहंअस्मि' याप्रकारकेअनुभवतैंभी ताआत्माकी सत्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ यातैं सोजीवात्मा सत्यरूपहीहै ॥ और 'अत्रायंपुरुषः स्वयंज्योतिर्भवति । आत्मैवास्यज्योतिर्भवति योऽयंविज्ञानमयः । त्रिषुधामसुयद्भोग्यंभोक्ताभोगश्चयद्भवेत्॥तेभ्योविलक्षणःसाक्षीचिन्मात्रोऽहंसदाशिवः' अर्थयह ॥ इससस्वप्नअवस्थाविषे यहआत्माही स्वयंज्योतिहै ॥ अर्थात् तास्वप्नअवस्थाविषे सूर्यचंद्रादिक बाह्यज्योतियोंकेअभावहुएभी ताआत्मारूपज्योतिकरिकैही सर्वव्यवहारहोवैहै ॥ और इससंघातका आत्माहीज्योतिहोवैहै ॥ और यहआत्मा विज्ञानरूपहै ॥ और जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति इनतीनअवस्थाओंविषे यथाक्रमतैंविद्यमान जे विश्व तैजस प्राज्ञ यहतीनभोक्ताहैं ॥ तथा तिनोंके जेस्थूलसूक्ष्मादिकभोग्य पदार्थ हैं॥ तथा अंतःकरणकी वा अज्ञानकी वृत्तिरूपजोभोगहै ॥ तिनसर्वोंतैंविलक्षण जोचैतन्यमात्रसाक्षीहै सोमैंहूं ॥ इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै ताजीवात्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और 'यथाप्रकाशयत्येकःकृत्स्नंलोकमिमंरविः । क्षेत्रंक्षेत्रीतथाकृत्स्नंप्रकाशयतिभारत' अर्थयह ॥ हेअर्जुन । जैसे एकही सूर्यभगवान् संपूर्णलोकोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ तैसे यहआत्मा संपूर्णसंघातकूं प्रकाशकरेहै॥ इत्यादिकस्मृतियोंकरिकैभी ताजीवात्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और जोकदाचित् यहआत्मा चैतन्यरूप नहींहोवै ॥ तौ प्रकाशककेअभावतैं इसजगत्विषे अंधताप्राप्तहोवैगी ॥ इत्यादिकयुक्तियोंकरिकैभी ताजीवात्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और 'अहंअनुभवामि' याप्रकारकेअनुभवतैंभी ताआ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्माकी चैतन्यरूपता सिद्धहोवैहै ॥ यातैं सोजीवात्मा चैतन्यरूपहांहै॥और 'योवैभूमातत्सुखम् । कोह्येवान्यत्कःप्राण्यात्यदेषआकाशआनंदोनस्यात् । एषह्येवानंदयाति' अर्थयह ॥ देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित जोआत्माहै सोई सुखरूपहै ॥ और जोकदाचित् यहआत्मा आनंदरूप नहींहोवै । तौ अपानकेव्यापारकूं तथा प्राणकेव्यापारकूं तथादेहइंद्रियादिकोंकेव्यापारकूं कौनकरेगा ॥ किंतु कोईभीनहींकरैगा ॥ जिसकारणतैं लोकोंकाजीवन आनंदपूर्वकहीहोवैहै ॥ अतिदुःखकेप्राप्तहुए प्राणोंकावियोगही देखणेमें आवैहै ॥ इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै ताजीवात्माकी आनंदरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और 'योंऽन्तःसुखोंऽतरारामस्तथांऽतर्ज्योतिरेवयः'इत्यादिक गीतास्मृतिवचनकरिकैभी ताजीवात्माकी आनंदरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और जोकदाचित् यहआत्मा आनंदरूपनहींहोवै ॥ तौ सर्वलोकोंकी आपणेआत्माविषे परमप्रीति नहींहोणीचाहिये ॥ और सर्वलोंकोकी आपणेआत्माविषेतौ परमप्रीतिही देखणेमेंआवैहै ॥ और सुषुप्तितैंउठ्येहुएपुरुषकूं मैंसुखीसोताभया याप्रकारकास्मरणहोवैहै ॥ सोस्मरण अनुभवतैंविनाहोतानहीं ॥ यातैं सुषुप्तिविषे सुखकेअनुभवकोकल्पनाकरावैहै ॥ तहां सुषुप्तिविषे कोईविषयजन्यआनंदतौहैनहीं ॥ किंतु आपणेस्वरूपकाहीआनंदहै ॥ इत्यादिकयुक्तियोंतैंभी ताजीवात्माकी आनंदरूपता सिद्धहोवैहै ॥ और मैं कदाचित्भीअप्रियनहींहोवो याप्रकारकेअनुभवतैंभी ताजीवात्माकी आनंदरूपता सिद्धहोवैहै ॥ यातैं यहजीवात्मा आनंदरूपहीहै ॥ इसप्रकार श्रुति स्मृति युक्ति अनुभव इनचारोंकरिकै इसजीवात्माकी सत्चित्आनंदरूपतासिद्धहोणेतैं सोसच्चिदानंदरूपत्वहेतु ताजीवात्मारूपपक्षविषे वृत्तिहोणेतैं स्वरूपासिद्धनामाहेत्वाभासनहींहै इति ॥ किंवा ताउक्तअनुमानविषेपक्षरूपजीवात्माकी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सच्चिदानंदरूपता जैसेश्रुतिआदिकप्रमाणोंकरिकैसिद्धहै ॥ तैसे तादृष्टांतरूपपरमात्माकी सच्चिदानंदरूपताभी श्रुतिप्रमाणतैंहीसिद्धहै ॥ तहांश्रुति 'सत्यंज्ञानमनंतंब्रह्म आनंदोब्रह्म' अर्थयह ॥ ब्रह्म सत्यरूपहै तथाज्ञानरूपहै तथाअनंतरूपहै तथाआनंदरूपहै इति ॥ यातैं सोसच्चिदानंदरूपत्वहेतु तापरमात्मारूपदृष्टांत विषेभी विद्यमानही है ॥ यद्यपि ताउक्तअनुमानविषे जीवात्मातैंअभिन्नब्रह्मकूं दृष्टांतरूपता संभवतीनहीं ॥ जिसकारणतैं सर्वत्र पक्षतैंभिन्नही दृष्टांतहोवैहै ॥ तथापि जीवब्रह्मकाकल्पितभेदमानिकै ताब्रह्मकूं दृष्टांतरूपता संभवैहै ॥ और वास्तवतैंतौ ताजीवब्रह्मकाअभेदही है ॥ सोजीवब्रह्मकाअभेद प्रथमपरिच्छेदविषे भेदवादकेखंडनपूर्वक विस्तारतैंकथनकरिआयेहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ मैंब्रह्मरूपहूं याप्रकारकीउक्तअनुमिति सर्वपुरुषोंकूं उत्पन्न होवैहै ॥ अथवाकोईकपुरुषकूंहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जिसपुरुषनें ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैंश्रद्धाभक्तिपूर्वक वेदांतशास्त्रकाश्रवणकऱ्याहै ॥ तथा प्रथमपरिच्छेदविषेकथनकरीरीतिसे तत्त्वंपदार्थकाशोधनकऱ्याहै ॥ तिसपुरुषकूंही आपणेआत्माविषे सच्चिदानंदरूपत्वहेतुकेज्ञानतैं'अहंब्रह्मास्मि' याप्रकारकी जीवब्रह्माकेअभेदविषयकअनुमिति उत्पन्नहोवैहै ॥ वेदांतश्रवणादिकोंतैंरहितपुरुषकूं साअभेदविषयकअनुमिति उत्पन्नहोतीनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ 'तं त्वौपनिषदंपुरुषंपृच्छामि' इसश्रुतिनें ताब्रह्मकूं केवलउपनिषदरूपशब्दप्रमाणकाविषयकह्याहै ॥ जोकदाचित् ताब्रह्मविषे अनुमानप्रमाणकीविषयतामानोंगे ॥ तौ ताउक्तश्रुतिकाविरोधहोवैगा ॥ यातैं ताब्रह्मविषे उक्तअनुमानकीविषयता संभवतीनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताब्रह्मविषे अनुमानकूं स्वतंत्रप्रमाणतानहीं है ॥ अथवा वेदांतकासहकारित्वरूपकरिकैभी प्रमाणतानहीं है ॥ तहां जोप्रथमपक्ष अं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गीकारकरो ॥ सोतौ हमारेकूंभीइष्टहै ॥ अर्थात् पुरुषकीकल्पनारूपअनुमानप्रमाणकूं अतिइंद्रियब्रह्मविषे स्वतःप्रमाणरूप हमभी मानतेनहीं ॥ और जोद्वितीयपक्ष अंगीकारकरो ॥ सो संभवतानहीं ॥ काहेतैं 'आत्मावाऽरेद्रष्टव्यःश्रोतव्योमंतव्यः' इसश्रुतिने तथा 'श्रोतव्यःश्रुतिवाक्येभ्योमंतव्यउपपत्तिभिः' इसस्मृतिने आत्माकेसाक्षात्कारवासते मननकाविधानकऱ्याहै ॥ और अनुमानादिरूपयुक्तियों करिकै जोआत्माकाविचारहै ताकानाम मननहै ॥ इसप्रकार मननविषे उपयोगीपणेकरिकै ताअनुमानकूं वेदांतशास्त्रकीसहकारिताकरिकै प्रमाणरूपता हमारेकूं अंगीकारहीहै ॥ जोकदाचित् सर्वप्रकारतैं ताअनुमानकूं अप्रमाणरूपही मानिये ॥ तौश्रुतिस्मृतियोंविषे जोमननकाविधानकऱ्याहै सोव्यर्थही होवैगा ॥ यातैं वेदांतशास्त्रकीसहकारितारूपकरिकै ताअनुमानकीप्रमाणता अवश्यमानीचाहिये ॥ याकारणतैंही 'अहंब्रह्मास्मि । अयमात्माब्रह्म' इत्यादिकश्रुतियोंकरिकैसिद्ध जीवब्रह्मकेअभेदकूं ताउक्तअनुमानकरिकैसिद्धकऱ्याहै ॥ तहां जिसअर्थकूं वेदांतशास्त्र प्रतिपादनकरेहै ॥ तिसीअर्थकूं जोअनुमान सिद्धकरेहै सोअनुमान तावेदांतशास्त्रका सहकारी कह्याजावैहै इति ॥ किंवा 'नेहनानास्तिकिंचन । वाचारंभणंविकारोनामधेयम् । मायामात्रमिदंद्वैतम्' इत्यादिकश्रुतियोंकरिकै जैसे प्रपंचकामिथ्यापणा सिद्धहै ॥ तैसे अनुमानकरिकैभी सोमिथ्यापणा सिद्धहोवैहै ॥ सोदिखावै हैं ॥ 'व्यवहारिकप्रपंचःमिथ्यादृश्यत्वात् शुक्तिरूप्यवत्' अर्थयह ॥ यहआकाशादिक व्यावहारिकप्रपंच मिथ्याहोणेकूंयोग्यहै ॥ दृश्यरूपहोणेतैं ॥ जोजोपदार्थ दृश्यरूपहोवैहै ॥ सोसोपदार्थ मिथ्याहीहोवैहै ॥ जैसे शुक्तिरजत दृश्यरूपहोणेतैं मिथ्याहीहै इति ॥ इसअनुमानकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं ब्रह्मतैंभिन्नसर्वप्रचंविषे मि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

थ्यात्वअनुमिति उत्पन्नहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसप्रपंचविषे मिथ्यापणाक्याहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सत्असत्तैंविलक्षणतारूप जोअनिर्वचनीयपणाहै यहही ताप्रपंचविषेमिथ्यापणाहै ॥ तहां प्रपंच कूं जोसत्यमानिये ॥ तौ ब्रह्मकीन्यांई ताप्रपंचका बाधनहींहोवैगा ॥ और ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै ताप्रपंचकाबाधहोवैहै ॥ यातैं सोप्रपंच सत्यतैंभीविलक्षणहै ॥ और ताप्रपंचकूं जोअसत्यमानिये तौ नरशृंग वंध्यापुत्रकीन्यांई ताप्रपंचका प्रत्यक्षनहींहोवैगा ॥ और ताप्रपंचकाप्रत्यक्ष सर्वकूंहोवैहै ॥ यातैं सोप्रपंच असत्यतैंभीविलक्षणहै ॥ और सत्असत् दोनोंका परस्परविरोधहोणेतैं सत्असत्उभयरूपताभी ताप्रपंचविषे संभवतीनहीं ॥ इसप्रकारका अनिर्वचनीयपणाही ताप्रपंचविषे तथाशुक्तिरजताविषे मिथ्यापणा है॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसदृश्यत्वरूपहेतुतैं प्रपंचविषे मिथ्यापणा सिद्धकरतेहो ॥ सोदृश्यत्वहेतु व्यभिचारीहोणेतैं असत्हेतुहीहै ॥ काहेतैं दर्शनकेविषयत्वकानाम दृश्यत्वहै ॥ और वृत्तिज्ञानकानाम दर्शनहै ॥ तावृत्तिज्ञानकाविषयत्वरूपदृश्यत्व ब्रह्मविषेभीरहेहै ॥ और ताब्रह्मविषे सोउक्तमिथ्यात्वरूपसाध्य हैनहीं ॥ यातैं तामिथ्यात्वरूपसाध्यकेअभाववालेब्रह्मविषेवृत्तिहोणेतैं सोदृश्यत्वहेतु व्यभिचारीही है ॥ समाधान ॥ ॥ ताउक्तअनुमानविषे दृश्यत्वशब्दकरिकै वृत्तिज्ञानकाविषयत्वरूपदृश्यत्व विवक्षितनहींहै ॥ किंतु तावृत्तिविषेआरूढजोफलचैतन्यहै ताकाविषयत्वरूपदृश्यत्वही विवक्षितहै ॥ तहां ताब्रह्मविषे आवरणकीनिवृत्तिवासतै वृत्तिकीविषयताहुएभी स्वप्रकाशरूपहोणेतैं ताफलचैतन्यकीविषयताहैनहीं ॥ यातैं ताब्रह्मविषेअवृत्तिहोणेतैं सोदृश्यत्वहेतु व्यभिचारीनहींहै ॥ किंतु सत्हेतुहै ॥ ईहां यहतात्पर्यहै ॥ एक सत्हेतुहोवैहै ॥ दूसरा असत्हेतुहोवैहै ॥ तहां सत्हेतुतैंतौ तिसतिससाध्यकीसिद्धि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होवैहै ॥ और असत्हेतुतैं तासाध्यकीसिद्धिहोतीनहीं ॥ तिसीअसत्हेतुकूं दुष्टहेतु कहेहैं तथाहेत्वाभास कहेहैं ॥ सोहेत्वाभासभी सव्यभिचार १ विरुद्ध २ असिद्ध ३ सत्प्रतिपक्ष ४ बाधित ५ इसभेदकरिकै पंचप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां प्रथम सव्यभिचारभी साधारण १ असाधारण २ अनुपसंहारी ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ और तीसरा असिद्धभी आश्रयासिद्ध १ स्वरूपासिद्ध २ व्याप्यत्वासिद्ध ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ इनपंचहेत्वाभासोंकेलक्षण तथाउदाहरण न्यायप्रकाशकेषष्ठपरिच्छेदविषे अनुमाननिरूपणविषे हमने विस्तारतैंनिरूपणकऱ्येहैं॥ग्रंथविस्तारकेभयतैं इहांनिरूपणकऱ्येनहीं ॥ जिसकूं जिज्ञासाहोवै तिसने तहांसेजानिलेणे इति ॥ इहां नैयायिक ताअनुमानकूं केवलान्वयि १ केवलव्यतिरेकि २ अन्वयव्यतिरेकि ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकामानेहैं ॥ तहां जिसअनुमानकेसाध्यका कहांभी अत्यंताभाव नहींहोवै ॥ सोअनुमान केवलान्वयि कह्याजावैहै ॥ जैसे ' घटोऽभिधेयःप्रमेयत्वात् ' इत्यादिकअनुमानहैं ॥ इहां अभिधेयत्वरूपसाध्यका कहांभीअत्यंताभावनहींहै ॥ किंतु पदकावाच्यत्वरूपअभिधेयत्व सर्वपदार्थोंविषेरहेहै ॥ तथा प्रमाज्ञानकाविषयत्वरूपप्रमेयत्वभी सर्वपदार्थोंविषेरहेहै ॥ यातैं यहउक्तअनुमान केवलान्वयि कह्याजावैहै ॥ और जिसअनुमानकेसाध्यका तथाहेतुका कहांभी सहचारदर्शन नहींहोवे किंतु तासाध्यहेतुकेअभावोंकाही सहचारदर्शनहोवै ॥ सोअनुमान केवलव्यतिरेकि कह्याजावैहै ॥ जैसे ' पृथिवी इतरेभ्योभिद्यते गंधवत्त्वात् यन्नैवंतन्नैवं यथाजलादिः ' इत्यादिक अनुमानहैं ॥ ईहां पृथिवीतैंइतरजलादिकपदार्थोंकेभेदरूपसाध्यका तथागंधरूपहेतुका तापृथिवीरूपपक्षकूंछोडिकै अन्यत्रकहांभी सहचारहैनहीं ॥ किंतु तासाध्यहेतु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केअभावोंकाही जलादिकोंविषे सहचारहै ॥ यातैं यहउक्तअनुमान केवलव्यतिरेकि कह्याजावैहै ॥ और जिसअनुमानके साध्यहेतुदोनोंका तथातिनदोनोंकेअभावोंका अन्यत्र सहचारदर्शनहोवैहै ॥ सो अनुमान अन्वयव्यतिरेकि कह्याजावैहै ॥ जैसे ' पर्वतोवह्निमान् ॥ धूमवत्त्वात् ' यह प्रसिद्धअनुमान है ॥ इहां वह्निरूपसाध्यका तथाधूमरूपहेतुका महानसविषे सहचार देखणेमेंआवैहै ॥ और तिनदोनों केअभावोंका जलह्रदविषे सहचार देखणेमेंआवैहै ॥ यातैं यहउक्तअनुमान अन्वयव्यतिरेकि कह्याजा वैहै॥ इनतीनप्रकारकेअनुमानोंका विस्तारतैंनिरूपण न्यायप्रकाशकेषष्ठपरिच्छेदविषेकऱ्याहै ॥ सो त हांसेजानिलेणा इति ॥ सोयहनैयायिकोंकामत असंगतहै ॥ काहेतैं ' नेहनानास्तिकिंचन ' इत्यादि कश्रुतियां ब्रह्मविषे सर्वप्रपंचकाअत्यंताभाव कथनकरेहैं ॥ यातैं ब्रह्मतैंभिन्न किसीभीपदार्थविषे अत्यं ताभावकाअप्रतियोगीपणानहीं है ॥ किंतु सर्वअनात्मपदार्थ ताअत्यंताभावकेप्रातियोगीही हैं ॥ यातैं ताअनुमानविषे केवलअन्वयिरूपता संभवतीनहीं ॥ इसप्रकार सोकेवलव्यतिरेकिअनुमानभी संभवता नहीं ॥ काहेतैं जिनपदार्थोंका पररस्पर व्याप्यव्यापकभावहोवैहै ॥ तिनपदार्थोंकाही परस्पर साधनसा ध्यभावहोवैहै यहनियमहै ॥ इसनियमका ताकेवलव्यतिरेकिअनुमानविषे भंगहोवैहै ॥ जिसकारणतैं ताउक्तकेवलव्यतिरेकिअनुमानविषे गंध इतरभेद इनदोनोंकातौ साधनसाध्यभाव मान्याहै ॥ और इत रभेदाभाव तथागंधाभाव इनदोनोंका व्याप्यव्यापकभाव मान्याहै ॥ जोकदाचित् अन्यपदार्थोंकेव्या प्तिज्ञानतैं अन्यपदार्थकीअनुमितिहोतीहोवै ॥ तौ पर्वताविषे वह्निव्याप्यधूमकेज्ञानतैं जलकीभी अनु मितिहोणीचाहिये ॥ यातैं ताअनुमानविषे केवलव्यतिरेकिरूपताभी संभवतीनहीं ॥ ताकेवलअन्वयि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के तथाकेवलव्यतिरेकिकै असंभवहुए ताअनुमानविषे अन्वयव्यतिरेकिरूपताभी संभवतीनहीं ॥ यातैं सोअनुमान वेदांतसिद्धांतविषे एकअन्वयिरूपहीहोवैहै ॥ तहां पूर्वउक्तअन्वयव्याप्तिवालेअनुमानका नाम अन्वयिहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसपुरुषकूं पूर्वउक्त साधन साध्य दोनोंकासामानाधिकरण्यरूपअन्वयव्याप्तिकाज्ञान नहींभयाहै ॥ किंतु साध्याभाव साधनाभाव इनदोनोंकासामानाधिकरण्यरूपव्यतिरेकव्याप्तिकाहीज्ञान भयाहै ॥ तिसपुरुषकूंभी ताव्यतिरेकव्याप्तिकेज्ञानतैं तासाध्यकीअनुमिति होवैहै सोनहींहोणीचाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताअन्वयव्याप्तिकेज्ञानतैं रहित पुरुषकूं ताव्यतिरेकव्याप्तिकेज्ञानतैं तासाध्यकीअनुमिति नहींहोती ॥ किंतु तहां अर्थापत्तिप्रमाणतैंही तासाध्यकीप्रमाहोवैहै ॥ जैसे पृथिवीमात्रविषेस्थितगंधगुण तापृथिवीविषे जलादिकइतरपदार्थोंकेभेदतैं बिना अनुपपन्नहुआ तापृथिवीविषे ताइतरभेदकीकिलपनाकरावैहै इति ॥ ॥ इतिअनुमितिप्रमानिरूपणम् ॥ २ ॥ ॥ अब तीसरी उपमितिप्रमाकानिरूपणकरेहैं॥तहां 'सादृश्यप्रमितिः उपमितिः'अर्थयह ॥ सादृश्यकूंविषयकरणेहारीजाप्रमाहै सा उपमितिप्रमा कहीजावैहै ॥ जैसे नगरविषेदेख्याहै गोपिंड जिसपुरुषने ॥ तथा गवयपशुकेजानणेकीहैइच्छा जिसपुरुषकूं ॥ सोपुरुष किसीवनवासीपुरुषतैं पूँछताभया ॥ जो गवयपशु कैसाहोवैहै ॥ आगेतैं सोवनवासीपुरुष तानगरवासीपुरुषकेप्रति गौकेसदृशगवयहोवैहै याप्रकारकावचन कहताभया ॥ तावचनकूंश्रवणकरिकै सोनगरवासीपुरुष कोईकालविषे वनकूं जाताभया ॥ तावनविषे तागवयपिंडकूंदेखिकै यहगवय गौकेसदृशहै याप्रकारकाज्ञान तापुरुषकूंहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर इसगवयकेसदृश हमारीगौहै याप्रकारकाज्ञान तिसपुरुषकूंहोवैहै ॥ इसीज्ञानकानाम उपमितिप्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

माहै ॥ तहां तागवयपशुनिष्ठ जोगौकेसादृश्यकाज्ञानहै सोतौ ताउपमितिप्रमाकाकरणहोणेतैं उप मानप्रमाणहै ॥ और आपणीगौनिष्ठ जो तागवयकेसादृश्यकाज्ञानहै सोज्ञान ताउपमानप्रमाणका फलरूप उपमितिप्रमाहै इति ॥ यहलौकिकउदाहरण ताउपमितिकाकह्या ॥ अब ताउपमितिका वै दिकउदाहरण कहेहैं ॥ आकाशका असंगपणा तथाव्यापकपणा निश्चयकऱ्याहै जिसपुरुषने और ब्रह्मके असंगपणेकूं तथाव्यापकपणेकूं जिसपुरुषनें जान्यानहीं ऐसाअधिकारीपुरुष ब्रह्मवेत्तागुरुसे पूछेहै ॥ हेभगवन् ब्रह्मकाक्यास्वरूपहै ॥ तिसतैंअनंतर सोगुरु ताशिष्यकेप्रति आकाशकीन्यांई सोब्रह्म असंगहै तथाव्यापकहै इसप्रकारकाउत्तर कहेहै ॥ तिसतैंअनंतर सोशिष्य एकांतदेशमेंविचारकरिकै आपणेब्रह्मरूपआत्माविषे असंगव्यापकतारूपकरिकै आकाशकेसादृश्यकूंअनुभवकरेहै ॥ अर्थात् आ काशकीन्यांई असंग तथाव्यापक ब्रह्म मैंहूं याप्रकारकाअनुभव ताअधिकारीपुरुषकूंहोवैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ आत्माविषे असंगतारूप तथाव्यापकतारूप आकाशकासादृश्यहै ॥ इसअर्थविषे कौनप्र माणहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ श्रुति स्मृति आचार्यवाक्य इनतीनोंकरिकै सोअर्थसिद्धहै ॥ तहांश्रु तिं 'आकाशवत्सर्वगतश्चनित्यः' अर्थयह ॥ आत्मा आकाशकीन्यांई सर्वत्रव्यापकहै तथानित्यहै ॥ इ सश्रुतिने आत्माकूं आकाशकीन्यांई व्यापककह्याहै ॥ और 'यथासर्वगतंसौक्ष्म्यादाकाशंनोपलिप्यते । स र्वत्रावस्थितोदेहेतथात्मानोपलिप्यते' अर्थयह ॥ जैसे सर्वत्रस्थितहुआभीआकाश आपणेअसंगस्वभाव तैं कोईपदार्थकरिकैलिपायमानहोतानहीं ॥ तैसे सर्वदेहोंविषेस्थितहुआभी यहआत्मा आपणेअसंगस्व भावतैं कोईपदार्थकरिकै लिपायमानहोतानहीं इति ॥ इसगीतास्मृतिने आत्माकूं आकाशकीन्यांई

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

असंगकह्याहै॥ और 'दृशिस्वरूपंगगनोपमंपरं' इसवचनकरिकै आचार्योंनेभी आत्माकूं आकाशकीन्यांई व्यापककह्याहै॥ यातैं आत्माविषे आकाशकीसदृशताकूंलैकै सोउक्तउपमितिकाउदाहरण संभवैहै इति॥ अथवा शुक्तिरजत स्वप्नपदार्थ आदिकोंविषे मिथ्यापणेकूंनिश्चयकरिकै आकाशादिकप्रपंचकेस्वरूपजानणेकी इच्छाकरताहुआ यहअधिकारीपुरुष यहप्रपंच शुक्तिरजतादिकोंकीन्यांई मिथ्याहै याप्रकारके गुरुकेवचनकूंश्रवणकरिकै एकांतदेशमेंविचारकरिकैइसप्रपंचविषे शुक्तिरजतादिकोंकेमिथ्यात्वरूपसादृश्यकूं अनुभवकरेहै॥ अर्थात् यहआकाशादिकप्रपंच शुक्तिरजतादिकोंकीन्यांई मिथ्याहीहै॥ याप्रकारकाअनुभव ताअधिकारीपुरुषकूंहोवैहै॥ यहउपमितिकाउदाहरणभी वेदांतसिद्धांतविषे अनुकूलहै इति॥ इहां नैयायिकतौ तागवयनिष्ठगोसादृश्यज्ञानतैंअनंतर गवय गवयपदकावाच्यहै याप्रकारकेज्ञानकूंही उपमितिप्रमा मानेहैं॥ तथा ताउपमानकूं सादृश्यविशिष्टपिंडज्ञान १ वैधर्म्यविशिष्टपिंडज्ञान २ असाधारणधर्मविशिष्टपिंडज्ञान ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारका मानेहैं॥ सोनैयायिकोंकामत न्यायप्रकाशकेषष्ठपरिच्छेदविषे उपमाननिरूपणविषे विस्तारतैंप्रतिपादनकऱ्याहै॥ जिसकूं जिज्ञासाहोवै तिसने तहांसे जानिलेणा इति॥ ॥ इतिउपमितिप्रमानिरूपणम्॥ ३॥ ॥ अब चतुर्थीशाब्दीप्रमाका निरूपणकरेहैं॥ तहां 'वाक्यकरणिकाप्रमा शाब्दीप्रमा' अर्थयह॥ वाक्यरूपकरणकरिकैजन्यजाप्रमाहै सा शाब्दीप्रमा कहीजावैहै॥ जैसे तत्त्वमसि इसवैदिकवाक्यकूंश्रवणकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं जा 'अहंब्रह्मास्मि' याप्रकारकीप्रमाहोवैहै॥ तथा घटमानय गामानय इत्यादिकलौकिकवाक्योंकूंश्रवणकरिकै इसपुरुषकूं घटगौआदिकोंकेआनयनकी जाप्रमाहोवैहै॥ ताप्रमाकानाम शाब्दीप्रमाहै इति॥ तहां जिस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वाक्यकरिकै साक्षाव्दीप्रमा जन्यहोवैहै तावाक्यकालक्षणकहेहैं ॥ 'आकांक्षायोग्यतासन्निधिमत्पदस मुदायः वाक्यम्' अर्थयह ॥ आकांक्षा योग्यता सन्निधि इनतीनोंवालेजेपदहैं तिनपदोंकेसमुदायकाना म वाक्यहै ॥ जैसे तत्त्वमसि इत्यादिकवैदिकवाक्य तत् त्वंआदिकपदोंका समुदायरूपहैं ॥ तथा घट मानय इत्यादिकलौकिकवाक्य घट आनय इत्यादिकपदोंका समुदायरूपहैं इति ॥ अब जिनपदोंकेस मुदायकानाम वाक्यहै तिनपदोंकालक्षणकहेहैं ॥ तहां 'वर्णसमूहः पदम्' अर्थयह ॥ ककारादिवर्णों काजोसमूहहै ताकानाम पदहै ॥ जैसे कलश इत्यादिकपद ककारादिकवर्णोंका समूहरूपहैं ॥ तहां तापदकेघटक ककारादिकवर्णोंविषे जोएकज्ञानकीविषयताहै यहही समूहपणाहै ॥ यद्यपि नैयायिकों केमतविषे तेककारादिकवर्ण शब्दरूपहोणेतैं क्षणिकहैं अर्थात् तृतीयक्षणविषे नाशवान्हैं ॥ तथा ति नवर्णोंकासमुदायरूपपदभी क्षणिकहैं ॥ तथा तिनपदोंकासमुदायरूपवाक्यभी क्षणिकहैं ॥ तथा तिन वाक्योंकासमुदायरूपवेदभी क्षणिकहैं ॥ तथापि वेदांतसिद्धांतविषे तेवर्ण क्षणिकनहींहैं ॥ किंतु आका शादिकोंकीन्यांई सृष्टिकेआदिकालविषे मायाउपहितईश्वरतैं तिनवर्णोंकी उत्पत्तिहोवैहै ॥ और प्रलय कालविषे तिनवर्णोंकाविनाशहोवैहै ॥ मध्यकालविषे तिनवर्णोंका उत्पत्ति विनाश होतानहीं ॥ याका रणतैंही 'सोऽयंगकारः' इत्यादिकप्रत्यभिज्ञानकूंभी प्रमाणरूपताहोवैहै ॥ और 'उत्पन्नोगकारःविनष्टो गकारः' इत्यादिकप्रतीतितौ तिनगकारादिकवर्णोंकेउच्चारणकेउत्पत्तिविनाशकूंही विषयकरेहै ॥ गका रादिकवर्णोंकेउत्पत्तिविनाशकूंविषयकरतीनहीं ॥ यातैं वर्ण पद वाक्य वेद यहसर्व शब्दरूपहोणेतैं क्ष णिकहैं यहनैयायिकोंकामत असंगतहै ॥ और मीमांसकतौ तिनवर्णोंकूं तथावर्णसमुदायरूपवेदकूं उ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्पत्तिविनाशतैंरहित नित्यमानेहैं ॥ सोमीमांसकोंकामतभी असंगतहै ॥ जिसकारणतैं 'छंदांसिजज्ञिरेतस्माद्यजुस्तस्मादजायत अस्यमहतोभूतस्यनिःश्वांसितमेवैतद्यद्दग्वेदोयजुर्वेदः' इत्यादिकश्रुतिने सृष्टिकेआदिकालविषे मायाउपहितईश्वरतैं वेदोंकीउत्पत्तिकथनकरीहै ॥ और 'अतएवचनित्यत्वम्' इससूत्रविषे श्रीव्यासभगवान्ने वेदोंका प्रलयपर्यंतस्थायित्वरूपनित्यपणा कथनकऱ्याहै ॥ यातैं सोमीमांसकोंकामतभी असंगतहै इति ॥ तहां पूर्वआकांक्षा योग्यता सन्निधि इनतीनोंवालेपदोंकेसमूहकूं वाक्य कह्याथा ॥ ताकेविषे प्रथम आकांक्षाकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ तहां 'अन्वयानुपपत्तिः आकांक्षा' अर्थ यह ॥ जिसपदका जिसपदतैंविना अन्वय नहींसंभवैहै ॥ तिसपदका जो तिसपदकेसाथ समभिव्याहारहै ताकानाम आकांक्षाहै ॥ जैसे 'घटमानय' इसवाक्यतैं श्रोतापुरुषकूं घटकेलेआवणेकाबोधहोवैहै ॥ सोबोध केवल घटं इसकारकपदतैंभी होतानहीं ॥ तथा केवल आनय इसक्रियापदतैंभी होतानहीं ॥ किंतु तिनदोनोंपदोंकेविद्यमानहुएही सोबोधहोवैहै ॥ यातैं ताघटपदकूं जोआनयपदकासमभिव्याहारहै ॥ तथा ताआनयपदकूं जोघटपदकासमभिव्याहारहै ॥ यहही तिनदोनोंपदोंकूं परस्पर आकांक्षाहै ॥ समभिव्याहारनाम समीपताकाहै ॥ यद्यपि आकांक्षानाम इच्छाकाहै ॥ साइच्छा चेतनकाहीधर्महोवैहै ॥ जडपदोंकाधर्म होतीनहीं ॥ तथापि तेपद श्रोतापुरुषकी स्वविषयकआकांक्षाकेजनकहोवैहैं ॥ यातैं तिनपदोंकूंभी आकांक्षावाला कह्याहै इति ॥ अब योग्यताकावर्णनकरेहैं ॥ तहां 'वाक्यार्थाबाधः योग्यता' अर्थयह ॥ वाक्यकेअर्थका जोप्रमाणांतरकरिकैअबाधहै ताकानाम योग्यता है ॥ जैसे 'घटमानय' इसवाक्यकाअर्थ जोघटकाआनयनहै ताका कोईभीप्रत्यक्षादिकप्रमाणकरिकैबा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धहोतानहीं ॥ यहही तिनघटादिकपदोंविषे योग्यताहै इति ॥ अब सन्निधिकावर्णनकरेहैं ॥ तहां ' पदा नामविलंबोच्चारणं सन्निधिः ' अर्थयह ॥ पदोंका जोविलंबतैंरहितउच्चारणहै ताकानाम सन्निधिहै ॥ जैसे ' घटमानय ' इसवाक्यविषे घटं इसपदतैंउत्तर विलंबतैंरहित जो आनय इसपदकाउच्चारणहै ताकानाम सन्निधिहै इति ॥ इसप्रकारके आकांक्षा योग्यता सन्निधि इनतीनोंवालेपदोंकाजोसमुदायहै ताकानाम वाक्यहै ॥ तहां ' पदसमुदायः वाक्यम् ' इतनामात्रही जो तावाक्यकालक्षणकरते तौ प्रहरादि ककालकाविलंबकरिकै उच्चारणकऱ्येहुए घटादिकपदोंकेसमुदायविषे तावाक्यकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहो ती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे सन्निधिवालेपदोंकूं वाक्यकह्याहै ॥ तहां प्र हरप्रहरतैंपीछेउच्चारणकऱ्येहुए तिनघटादिकपदोंविषे साअविलंबतैंउच्चारणरूपसन्निधि हैनहीं ॥ यातैं ता पदसमुदायविषे तावाक्यकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा ' सन्निधिमत्पदसमुदायः वाक्यम् ' इ तनामात्रही जो तावाक्यकालक्षणकरते ॥ तौ ' अग्निनासिंचेत् ' अर्थयह ॥ अग्निकरिकै वृक्षोंकासिंच नकरे ॥ इसअप्रमाणभूतवाक्यविषेभी तावाक्यकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ जिसकारणतैं साउक्तसन्नि धि इनपदोंविषेभीहै ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे तिनपदोंका योग्यताविशे षण कथनकऱ्याहै ॥ तहां अग्निविषे सिंचनकीकरणता प्रत्यक्षप्रमाणकरिकैबाधितहै ॥ यातैं तेपद ता उक्तयोग्यतावालेनहीं हैं ॥ यातैं अग्निनासिंचेत् इसपदसमुदायविषे तावाक्यकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवै नहीं ॥ किंवा ' योग्यतासन्निधिमत्पदसमुदायः वाक्यम् ' इतनामात्रही जो तावाक्यकालक्षणकरते ॥ तौ ' गौरश्वःपुरुषोहस्ती ' इसपदसमुदायविषे तावाक्यकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ जिसकारणतैं सा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उक्त सन्निधि तथायोग्यता इनपदोंविषभीहै ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तिनपदोंका आ
कांक्षाविशेषण कथनकऱ्याहै ॥ तहां तेगौअश्वादिकपद परस्परआकांक्षावालेहैंनहीं ॥ यातैं तापदसमू
हविषे तावाक्यकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोवैनहीं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसप्रकारकेउक्तवाक्यकूं जो
शाब्दीप्रमाकीकरणताहोवै ॥ तौ अव्युत्पन्नपुरुषकूंभी तावाक्यतैं शाब्दीप्रमाहोणीचाहिये ॥ तहां इस
पदका यहअर्थ है याप्रकारकेज्ञानतैंरहितपुरुषकानाम अव्युत्पन्नहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जैसे सोवा
क्य ताशाब्दोप्रमाका कारणहोवैहै ॥ तैसे तावाक्यनिष्ठपदोंकेसंगतिकाज्ञानभी ताशाब्दीप्रमाकाकार
णहोवैहै ॥ ताअव्युत्पन्नपुरुषकूं सोसंगतिकाज्ञानहैनहीं ॥ यातैं तावाक्यकेश्रवणहुएभी ताअव्युत्पन्नपु
रुषकूं सावाक्यार्थप्रमा होतीनहीं ॥ तहां शाब्दीप्रमा वाक्यार्थप्रमा शाब्दबोध यहतीनोंशब्द एकही
अर्थकेवाचकहोवैहैं ॥ अब तासंगतिकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ तहां ' पदपदार्थयोःस्मार्यस्मारकभावसंबं
धः संगतिः ' अर्थयह ॥ पद पदार्थ इनदोनोंका जो स्मार्यस्मारकभावसंबंधहै ताकानाम संगतिहै ॥
जैसे घटपदकूंश्रवणकरिकै इसपुरुषकूं घटरूपअर्थकीस्मृतिहोवैहै ॥ तहां घटपदतौ तास्मृतिकाजनकहो
णेतैं स्मारक कह्याजावैहै ॥ और सोघटरूपअर्थ तास्मृतिकाविषयहोणेतैं स्मार्य कह्याजावैहै ॥ इसप्र
कारकेस्मार्यस्मारकभावसंबंधकानाम संगतिहै ॥ इसीसंगतिकूं शास्त्रकार वृत्तिभीकहेहैं इति ॥ और
सावृत्तिरूपसंगति शक्ति १ लक्षणा २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ यद्यपि अन्यशास्त्रोंविषे श
क्ति १ गौणी २ लक्षणा ३ इसभेदकरिकै सावृत्ति तीनप्रकारकी कथनकरीहै ॥ तथापि ईहां तागौणी
वृत्तिका लक्षणाविषेअंतर्भावमानिकै सावृत्ति दोप्रकारकीकथनकरीहै ॥ अब तादोप्रकारकोवृत्तिविषे प्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

थम शक्तिवृत्तिकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां ' पदपदार्थयोर्वाच्यवाचकभावसंबंधः शक्तिः ' अर्थयह ॥ पदप दार्थ इनदोनोंका जोवाच्यवाचकभावसंबंधहै ताकानाम शक्तिहै ॥ जैसे घटपद तथाघटरूपअर्थ दोनों का वाच्यवाचकभावसंबंधहै ॥ तहां घटपदतौ वाचकहै ॥ और घटरूपअर्थ वाच्यहै ॥ तहां पदजन्यज्ञा नकाजोविषयहोवैहै सो वाच्य कह्याजावैहै ॥ और पदार्थकेस्मृतिकाजोजनकहोवैहै सो वाचक कह्या जावैहै ॥ इसीशक्तिकूं शास्त्रविषे मुख्यावृत्ति इसनामकरिकैभी कथनकरेहैं इति ॥ और सामुख्यावृत्ति रूपशक्तिभी योग १ रूढि २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां ' अवयवशक्तिः योगः ' अर्थय ह ॥ पदके प्रकृतिप्रत्ययरूपअवयवोंविषे जाअर्थकाबोधकशक्तिहै ताकानाम योगशक्तिहै ॥ जैसे पाचका दिकपदोंकी पाककर्त्तादिरूपअर्थविषे योगशक्तिहै ॥ तहां पच्धातुतैंअनंतर अक्प्रत्यय आइकै पाचक यहशब्द सिद्धहोवैहै ॥ तहां पच्धातुकीतौ पाकमेंशक्तिहै ॥ और अक्प्रत्ययकी कर्तामेंशक्तिहै ॥ तिन दोनोंअवयवोंकीशक्तितैं पाककर्त्तापुरुषकाबोधहोवैहै ॥ इसीयोगशक्तिवालेपाचकादिकपदोंकूं शास्त्रवि षे यौगिकपद कहेहैं इति ॥ और ' समुदायशक्तिः रूढिः ' अर्थयह ॥ पदके प्रकृतिप्रत्ययरूपअवयव समुदायविषे जाअर्थकाबोधक एकशक्तिहै ताकानाम रूढिशक्तिहै ॥ जैसे घटादिकपदोंकी घटादिरूप अर्थविषे रूढिशक्तिहै ॥ इसीरूढिशक्तिवालेपदोंकूं शास्त्रविषे रूढपद कहेहैं इति ॥ इहां नैयायिक साश क्ति योग १ रूढि २ योगरूढि ३ यौगिकरूढि ४ इसभेदकरिकै चारिप्रकारकीमानेहैं ॥ और ताशक्ति कीचारिप्रकारताकरिकै तापदकूंभी योग १ रूढ २ योगरूढ ३ यौगिकरूढ ४ इसभेदकरिकै चारिप्रका रका मानेहैं ॥ तहां पंकज आदिकपदोंकूं योगरूढ मानेहैं ॥ और उद्भिद आदिकपदोंकूं यौगिकरूढ मा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नेहैं॥यहनैयायिकोंकामत न्यायप्रकाशकेषष्ठपरिच्छेदविषे शब्दप्रमाणकेनिरूपणाविषे विस्तारतैंकथनक
र्याहै ॥ सोतहांसेजानिलेणा इति ॥ अब ताउक्तशक्तिकेज्ञानकाप्रकार वर्णनकरेहैं ॥ ताशक्तिका इस
पुरुषकूं व्यवहारतैंज्ञानहोवैहै ॥ जैसे गुरुपितादिरूपउत्तमवृद्धपुरुषके घटमानय इसवचनकूंश्रवणकरिकै
शिष्यपुत्रादिरूप मध्यमवृद्धपुरुष ताघटकेलेआवणेवासतै प्रवृत्तहोवैहै ॥और ताउत्तमवृद्धपुरुषकेसमीप
स्थित जोबालकहै सोबालक तामध्यमवृद्धपुरुषके गमनआगमनरूपप्रवृत्तिकूंदेखिकै तामध्यमवृद्धपुरु
षकेज्ञानका अनुमानकरेहै सोअनुमान यहहै ॥ ' इयंप्रवृत्तिः ज्ञानसाध्या प्रवृत्तित्वात् मदीयप्रवृत्तिव
त् ' अर्थयह ॥ इसमध्यमवृद्धपुरुषकी जायहप्रवृत्तिहै सा ज्ञानकरिकैजन्यहै ॥ प्रवृत्तिरूपहोणेतैं ॥ जा
जाप्रवृत्तिहोवैहै सा ज्ञानकरिकैजन्यहीहोवैहै ॥ जैसे हमारीप्रवृत्ति इष्टसाधनताज्ञानकरिकैजन्यहोवैहैं इ
ति ॥ इसप्रकार सोबालक तामध्यमपुरुषकीप्रवृत्तिकेहेतुभूतज्ञानकाअनुमानकरिकै तिसतैंअनंतर तिस
ज्ञानविषे ताउत्तमवृद्धपुरुषकेवाक्यजन्यताका अनुमानकरेहै ॥ सोअनुआन यहहै ॥ 'इदंज्ञानं एतद्वाक्य
जन्यं एतद्वाक्यान्वयव्यतिरेकानुविधायित्वात् दंडजन्यघटादिवत् ' अर्थयह ॥ इसमध्यमपुरुषकेप्रवृत्ति
काहेतुभूतजोज्ञानहै ॥ सोज्ञान इसउत्तमवृद्धपुरुषके घटमानय इसवाक्यकरिकेजन्यहै ॥ इसवाक्यकेअ
न्वयव्यतिरेककेअनुसारीहोणेतैं ॥ जोजोपदार्थ जिसपदार्थके अन्वयव्यतिरेककेअनुसारीहोवैहै ॥ सो
सोपदार्थ तिसपदार्थकरिकैजन्यहीहोवैहै ॥ जैसे दंडकेविद्यमानहुए घटरूपकार्यकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ औ
र तादंडकेअभावहुए ताघटरूपकार्यकीउत्पतिहोतीनहीं ॥ याप्रकारका जोदंडका अन्वयव्यतिरेकहै
तिसकेअनुसारीही घटहोवैहै ॥ यातैं सोघट तादंडकरिकैजन्यहीहोवैहै ॥ तैसे इसउत्तमवृद्धपुरुषके घट

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मानय इसवाक्यके अन्वयव्यतिरेकेअनुसारीहोणेतैं सोमध्यमपुरुषज्ञान इसवाक्यकरिकैहीजन्यहै इति ॥ इसप्रकार सोबालक तामध्यमपुरुषकेज्ञानविषे 'घटमानय' इसवाक्यजन्यताकाअनुमाकरिकै पश्चात् तामध्यमपुरुषकृतघटकेआनयनकूंदेखकै ताघटपदकी तिसघटव्यक्तिविषेशक्तिकूंनिश्चयकरेहै ॥ अर्थात् घटमानय इसवाक्यविषेस्थित घटपदकी इसघटव्यक्तिविषेशक्तिहै ताप्रकारका ताबालककूं शक्तिज्ञानहोवैहै ॥ इसप्रकार ताबालककूं प्रथम वृद्धव्यवहारतैंही घटादिकपदोंकेशक्तिकाज्ञानहोवैहै ॥ तिसतैंअनंतर व्याकरण १ उपमान २ कोश ३ आप्तवाक्य ४ वाक्यशेष ५ विवरण ६ सिद्धपदकीसमीपता ७ इनोंतैंभी पदोंकेशक्तिकाज्ञानहोवैहै ॥ तिनव्याकरणादिकोंतैं जिसप्रकार पदोंकेशक्तिकाज्ञान होवैहै॥सोप्रकार न्यायप्रकाशकेषष्ठपरिच्छेदविषे शब्दप्रमाणकेनिरूपणविषे हमने विस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ ग्रंथकेविस्तारभयतैं इहां निरूपणकऱ्यानहीं ॥ जिसकूं जाननेकीइच्छाहोवै तिसने तहांसेजानिलेणा इति ॥ अब ताशक्तिविषयभूतअर्थका मतभेदसे निरूपणकरेहै ॥ तहां नैयायिकतौ यहकहे हैं ॥ इसपदतैं श्रोतापुरुषकूं इसअर्थकाबोधहोवो याप्रकारकी जाईश्वरकीइच्छाहै ताकानाम शक्तिहै ॥ और नवीननैयायिकतौ उक्तप्रकारकी जीवकीइच्छाकूंभी शक्तिमानेहैं ॥ साघटादिकपदोंकीशक्तिघटादिरूपपदार्थविषेही होवैहै॥ घटादिकपदार्थोंकेरूप संबंधरूपसंसर्गविषे साशक्तिहोतीनहीं॥जिसकारणतैं घटपदकेश्रवणतैं श्रोतापुरुषकूं ताघटरूपअर्थकाही स्मरणहोवैहै ॥ तासंसर्गकास्मरण होतानहीं ॥ और घटमानय इत्यादिकवाक्यविषेस्थितघटादिकपदोंकेअर्थोंकापरस्परसंसर्गरूपजो वाक्यार्थहै ॥तावाक्यार्थकातौ तिनघटादिकपदोंकेसमभिव्याहारतैंही बोधहोवैहै ॥ यातैं तासंसर्गविषे घटादिकपदोंकी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शक्तिमानणी निष्फलहै इति ॥ और मीमांसकतौ यहकहेहैं ॥ घटादिकपदोंकी केवल घटादिरूपअर्थ विषेही शक्तिनहींहोवैहै ॥ किंतु कार्यान्वितघटादिकोंविषेही घटादिकपदोंकीशक्ति होवैहै ॥ इहां पुरुष केप्रयत्नरूपकृतिकरिकैसाध्यजाक्रियाहै ताकानाम कार्यहै ॥ ताकार्यकेसंबंधवालेकानाम कार्यान्वित है ॥ जैसे घटमानय इसवाक्यविषे घटकाआनयनरूपक्रिया तापुरुषकेप्रयत्नकरिकैसाध्यहोणेतैं कार्य है ॥ ताआनयनरूपकार्यकेसंबंधवाला घटहै ॥ यातैं सोघट कार्यान्वित कह्याजावैहै ॥ तिसकार्यान्वि घटविषेही घटपदकीशक्तिहै ॥ इसप्रकार पटादिकपदोंकीभी ताकार्यान्वितपटादिकोंविषेही शक्तिजा नणी ॥ जोकदाचित् घटादिकपदोंकी कार्यान्वितघटादिकोंविषेशक्तिनहींमानिये तौ घटादिकपदा थोंकेसंसर्गरूपवाक्यार्थकाबोध नहींहोवैगा ॥ तथा पूर्वउक्तरीतिसे बालककूं प्रथम कार्यान्वितघटादि कोंविषेही घटादिकपदोंकेशक्तिकाज्ञानहोवैहै सोभीनहींहोवैगा ॥ जिसकारणतैं कृतिसाध्यत्वरूपकार्य ताकाज्ञानही पुरुषकेप्रवृत्तिकाहेतु होवैहै ॥ केवल इष्टसाधनताज्ञान पुरुषकेप्रवृत्तिकाहेतु होतानहीं॥चं द्रमंडलादिकोंविषे इष्टसाधनताज्ञानकेहुएभी इसपुरुषकीप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ यद्यपि विषभक्षण कूपपतन आदिकोंविषे ताकार्यताज्ञानकेहुएभी इसपुरुषकीप्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ तथापि इष्टसाधनताज्ञानकेसमान कालीन जोकार्यताज्ञानहै सोईही इसपुरुषकेप्रवृत्तिकाहेतुहोवैहै ॥ तिनविषभक्षणादिकोंविषे इसपुरुषकूं इष्टसाधनताज्ञानहैनहीं ॥ यातैं प्रवृत्तिहोवैनहीं ॥ यातैं ताकृतिसाध्यत्वरूपकार्यताकेवाचक जे लिङ् लोट् तव्य इत्यादिकपदहैं ॥ तिनपदोंकरिकैघटितवाक्यही प्रमाणवाक्यहोवैहै ॥ जैसे घटमानय इत्या दिक लौकिकवाक्यहैं ॥ तथा 'स्वर्गकामोयजेत' इत्यादिक वैदिकवाक्यहैं ॥ तिनलिङादिकपदोंतैंरहित

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वाक्य प्रमाणहोतेनहीं ॥ जैसे भूतलेघटः इत्यादिक लौकिकवाक्यहैं ॥ तथा 'तत्त्वमसि' इत्यादिक वैदिकवाक्यहैं इति ॥ और वेदांतसिद्धांतकातौ यहमतहै ॥ घटादिकपदोंकी केवल घटादिरूपअर्थविषे वा कार्यान्वितघटादिकोंविषे शक्तिनहीं है ॥ किंतु इतरान्वितघटादिकोंविषेही तिनघटादिकपदोंकीशक्ति है ॥ यद्यपि बालककूं प्रथम कार्यान्वितघटादिकोंविषेही घटादिकपदोंकेशक्तिकाज्ञानहोवैहै ॥ तथापि पश्चात् गौरवदोषतैं ताकार्यअंशकापरित्यागकरिकै इतरान्वितघटादिकोंविषेही तिनघटादिकपदोंके शक्तिकाज्ञानहोवैहै॥सोइतरपदार्थकार्यहोवै अथवा ताकार्यतैंभिन्न होवै ॥और जैसे घटमानय इसकार्यपर वाक्यतैं शक्तिकेग्रहणकाप्रकार पूर्वदिखायाथा ॥ तैसे 'पुत्रस्तेजातः' इत्यादिकसिद्धार्थपरवाक्यतैंभीसोशक्तिकाग्रहणहोवैहै ॥ जैसे कोईधनीपुरुषकूं पुत्रजन्म्याथा ॥ तिसपुत्रकेपदकीरकैअंकितवस्त्रकूंलेकेवार्त्ताहारपुरुष ताधनीपुरुषकेसमीपजाइकै तावस्त्रकूंताकेआगेराखिकै 'पुत्रस्तेजातः'याप्रकारकावचन कहताभया ॥ ताकूंश्रवणकरिकै तिसधनीपुरुषकूं पुत्रकेजन्मकेज्ञानतैं हर्षहोताभया ॥ ताहर्षतैं ताकामुख विकासमानहोताभया ॥ तिसकूंदेखिकै पुत्रपदकीशक्तिज्ञानतैंरहित दूसराकोईपुरुष तामुखविकासनरूपहेतुकरिकै ताधनीपुरुषकेहर्षकाअनुमानकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर ताहर्षविषे ज्ञानजन्यत्वकाअनुमानकरताभया ॥ तिसतैंअनंतर ताज्ञानविषे अन्वयव्यतिरेककरिकै 'पुत्रस्तेजातः' इसवाक्यजन्यत्वकाअनुमानकरताभया॥तिसतैंअनंतर ताउत्पत्तिवालेबालकपिंडविषे तापुत्रपदकीशक्तिकानिश्चयकरताभया इति॥ यातैं जैसे घटमानय स्वर्गकामोयजेत इत्यादिककार्यपरवाक्य प्रमाणरूपहै ॥ तैसे भूतलेघटः तत्त्वमसि इत्यादिक सिद्धार्थपरवाक्यभी प्रमाणरूपहीं है इति ॥ और सापूर्वउक्त घटादिकपदोंकीशक्ति घटत्वादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कजातिविषेही है घटादिकव्यक्तियोंविषे नहीं है ॥ जोकदाचित् साशक्ति घटादिकव्यक्तियोंविषे मा
नियेतौ तेघटादिकव्यक्तियां अनंतहैं ॥ यातैं तेशक्तियांभी अनंतमानणियां होवैंगी ॥ तथा जिस
घटव्यक्तिविषे घटपदकेशक्तिकाज्ञानभयाहै ॥ तिसव्यक्तितैंभिन्नघटकाभी ताघटपदतैं बोधहोवैहै सोभी
नहींहोणाचाहिये ॥ जिसकारणतैं ताघटव्यक्तिविषे ताघटपदकेशक्तिकाज्ञानभयानहीं ॥ और साघट
त्वजाति सर्वघटव्यक्तियोंविषे एकहै ॥ यातैं ताजातिविषेशक्तिमानणेमें सोशक्तिकाअनंतपणा तथा व्य
भिचारदोष प्राप्तहोवैनहीं ॥ यातैं घटादिकपदोंकी घटत्वादिकजातिविषेही शक्तिमानणी उचितहै ॥
॥ ॥ शंका ॥ ॥ घटादिकपदोंकी जोघटत्वादिकजातिविषेहीशक्ति मानोंगे ॥ तौ घटमानय इस
वाक्यकूंश्रवणकरिकै श्रोतापुरुषकूं ताघटपदतैं घटत्वजातिकाही बोधहोवैगा ॥ घटव्यक्तिकाबोध होवै
गानहीं ॥ और ताघटव्यक्तिकेबोधतैंविना ताघटव्यक्तिका आनयनभी संभवैगानहीं ॥ ॥ समाधा
न ॥ ॥ ताश्रोतापुरुषकूं ताघटपदतैं घटत्वजातिकाहीबोधहोवैहै ॥ परंतु ताघटव्यक्तितैंविना ताघट
त्वजातिका स्वतंत्र आनयनसंभवतानहीं ॥ यातैं ताश्रोतापुरुषकूं आक्षेपतैं ताघटव्यक्तिकाबोधहोवै
है ॥ अथवा ताघटपदकीलक्षणातैं ताघटव्यक्तिकाबोधहोवैहै ॥ तहां कैएकग्रंथकार समानवृत्तिवेद्यत्व
कूंही आक्षेपकहेहैं ॥ और कैएक अनुमानकूं आक्षेपकहेहैं ॥ और कैएक अर्थापत्तिकूं आक्षेपकहेहैं ॥
यहतीनोंपक्ष न्यायप्रकाशकेषष्ठपरिच्छेदविषे स्पष्टकरिकैनिरूपणकऱ्येहैं ॥ ते तहांसे जानिलेणे इति ॥
अथवा घटत्वादिकजातिविशिष्टघटादिकव्यक्तिविषेही घटादिकपदोंकीशक्तिहै ॥ केवलजातिविषे वा
केवलव्यक्तिविषे साशक्तिनहीं है ॥ परंतु जातिविषेशक्तितौ ज्ञातहुई शाब्दबोधका उपयोगीहोवैहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

और व्यक्तिविषेशक्तितौ स्वरूपतैंही उपयोगीहोवैहै ॥ ज्ञानहुई उपयोगीहोतीनहीं ॥ इसप्रकारकीश
क्तिकूंही शास्त्राविषे कुबजशक्तिकहेहैं ॥ इति ॥ ॥ शंका ॥ पूर्व घटादिकपदोंकी इतरान्वितघटा
दिकोंविषे शक्तिकहीथी ॥ और अभी तिनघटादिकपदोंकी घटत्वजातिविषे वा घटत्वजातिविशिष्टघट
व्यक्तिविषे शक्तिसिद्धकरी ॥ यातैं पूर्वउत्तरग्रंथकाविरोधप्राप्तहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ साशक्ति
आनुभाविका १ स्मारिका २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकोहोवैहै ॥ तहां पूर्व इतरान्वितघटादिकोंविषे
घटादिकपदोंकी आनुभाविकाशक्ति कहीथी ॥ और अबी घटत्वजातिविषे वा घटत्वजातिविशिष्टघट
व्यक्तिविषे घटपदकी स्मारिकाशक्ति कथनकरीहै ॥ यातैं तापूर्वउत्तरग्रंथका विरोधहोवैनहीं ॥ इसप्रकार
मीमांसकोंकेमतविषेभी कार्यान्वितघटादिकोंविषे घटादिकपदोंकी आनुभाविका शक्तिहै ॥ और घट
त्वादिकजातिविषे स्मारिकाशक्तिहै इति ॥ तहां इतनेपर्यंत प्रथम शक्तिवृत्तिकानिरूपणकऱ्या ॥ अब
दूसरी लक्षणावृत्तिकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां ' शक्यसंबंधःलक्षणा ' अर्थयह ॥ पूर्वउक्तशक्तिवृत्तिका जो
विषयहोवैहै ताकानाम शक्यहै ॥ इसीशक्यकूं वाच्यभीकहेहैं ॥ ताशक्यपदार्थका जोलक्ष्यमाणपदार्थ
केसाथ संबंधहै ताकानाम लक्षणाहै ॥ जैसे किसीआप्तवक्तापुरुषने मंडपस्थपुरुषकेभोजनकरावणेकेअ
भिप्रायकरिकै ' मंडपंभोजय ' याप्रकारकावचन किसीपुरुषकेप्रति कह्या ॥ तावचनकूंश्रवणकरिकै सो
श्रोतापुरुष जडमंडपविषे भोजनकर्तृत्वकीअयोग्यताकूंजानिकै तामंडपपदकी मंडपस्थपुरुषविषेलक्षणा
करेहै ॥ तहां मंडपपदकाशक्यअर्थ जोगृहविशेषहै ताका तापुरुषकेसाथ संयोगसंबंधहै ॥ इसीकाना
म लक्षणाहै इति ॥ अब तालक्षणावृत्तिकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ तहां सालक्षणावृत्ति केवललक्षणा १

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आत्मत्वबुद्धिहै सोअयथार्थअनुभवहीहै ॥ ताअयथार्थअनुभवजन्यसंस्काकारतैं उत्पन्नभईजा तिनअहंकारादिकोंविषेआत्मभावकीस्मृतिहै ॥ सास्मृति अयथार्थआत्मस्मृति कहीजावेहै ॥ अथवा वास्तवतैंकर्त्तापणेतैंरहितआत्माविषे कर्तृत्वबुद्धिरूपअयथार्थअनुभवजन्यसंस्कारतैं उत्पन्नभईजा कर्त्तापणेकीस्मृति हे ॥ सास्मृति अयथार्थआत्मस्मृति कहीजावैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ स्वप्नविषे जोपदार्थोंकाज्ञानहोवैहै ॥ सोभी अयथार्थस्मृतिरूपहीहै यातैं तास्वप्नकेज्ञानका इहां ग्रहण क्योंनहींकऱ्या ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोस्वप्नकाज्ञान स्मृतिरूपनहींहै ॥ किंतु अनुभवरूपहीहै ॥ काहेतैंसोस्वप्नकाज्ञान जो कदाचित् स्मृतिरूपहोता तौ तास्वप्नविषे लोकोंकूं सरथः याप्रकारकाही रथादिकपदार्थोंकाज्ञानहोता ॥ परंतु ऐसाज्ञानहोतानहीं ॥ किंतु मैं रथकूंदेखताहूं याप्रकारकाअनुभवही तास्वप्नविषेहोवैहै ॥ यातैं सोस्वप्नकाज्ञान अनुभवरूपहीहै स्मृतिरूपनहीं ॥ इसअर्थकूं आगेभीनिरूपणकरेंगे इति ॥ तहां इतनैंपर्यंत स्मृतिकानिरूपणकऱ्या ॥ अब अनुभूतिकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां 'स्मृतिभिन्नंज्ञानं अनुभूतिः' अर्थयह ॥ पूर्वउक्तस्मृतिज्ञानतैंभिन्नजोज्ञानहै सो अनुभूति कह्याजावैहै ॥ इसीअनुभूतिकूं अनुभवभी कहैहैं ॥ जैसे अयंघटः इदंरजतं इत्यादिकज्ञान तास्मृतिज्ञानतैंभिन्नहोणेतैं अनुभवरूपहैं ॥ तहां । ज्ञानं अनुभूतिः ॥ इतनामात्रही जो ताअनुभवकालक्षणकरते तौ स्मृतिज्ञानविषे ताअनुभवकेलक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै तालक्षणविषे । स्मृतिभिन्नम् । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ और । स्मृतिभिन्नंअनुभूतिः । इतनामात्रही जो ताअनुभवकालक्षणकरते तौ तास्मृतिज्ञानतैंभिन्न जेघटादिकहैं तिनोंविषे तालक्षणकीअतिव्याप्तिहोती ॥ ताअतिव्याप्तिदोषकेनिवृत्तकरणेवासतै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तालक्षणविषे । ज्ञानं । यहपद कथनकऱ्याहै इति ॥ अब ताअनुभूतिकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ साउक्त अनुभूतिभी यथार्थ १ अयथार्थ २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां अबाधितअर्थकूंविषयकरणेहारीजाप्रमाहै ताकानाम यथार्थअनुभूतिहै ॥ साप्रमारूपयथार्थअनुभूति द्वितीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ यातैं इहां पुनःनिरूपणकरतेनहीं ॥ अब अयथार्थअनुभूतिकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां 'बाधितार्थविषयानुभूतिः अयथार्थानुभूतिः' अर्थयह ॥ विषयकेअभावकीजाप्रमाहै ताकानाम बाधहै ॥ ताबाधका जोविषयहोवै ताकानाम बाधितहै ॥ सोबाधितअर्थ है विषयजिसका ऐसीजाअनुभूतिहै । साअनुभूति अयथार्थअनुभूति कहीजावैहै ॥ जैसेनेदंरजतं इसबाधज्ञानकेविषयहोणेतैं बाधितजेशुक्तिरजतादिकहैं तिनोंकूं विषयकरणेहारी इदंरजतं इत्यादिकअनुभूति अयथार्थअनुभूति कहीजावैहै ॥ तहां प्रमाज्ञानविषे इसअयथार्थानुभूतिकेलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै इसलक्षणविषे । बाधितार्थविषय । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ और बाधितअर्थकूंविषयकरणेहारी अयथार्थस्मृतिविषे इसलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै इसलक्षणविषे । अनुभूतिः । यहपद कथनकऱ्याहै इति ॥ और साअयथार्थअनुभूतिभी संशय १ निश्चय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां 'एकस्मिन्धर्मीमाणिभासमानाविरुद्धनानाकोटिकज्ञानं संशयः' अर्थयह ॥ एकहीधर्मीविषे भासमान जे परस्पराविरुद्ध नानाकोटिह ॥ तिनोंकूंविषयकरणेहाराज्ञान संशय कह्याजावैहै ॥ जैसे । स्थाणुर्वापुरुषो वा।यहज्ञान एकही स्थाणुरूपधर्मीविषे वा पुरुषरूपधर्मीविषे स्थाणुत्वपुरुषत्वरूपाविरुद्धनानाकोटियोंकूं विषयकरेहैं ॥ यातैं सोज्ञान संशय कह्याजावैहै इति ॥ और सोउक्तसंशयभी प्रमाणसंशय १ प्रमेयसं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां प्रमाणविषे जा असंभावनाहै ताकानाम प्रमाणसंशय है ॥ और प्रमेयविषे जा असंभावनाहै ताकानाम प्रमेयसंशयहै ॥ तहां सोप्रमाणसंशयभी प्रमासंशय १ करणसंशय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां प्रमाणकरिकैजन्यप्रमाज्ञानविषे जोसंशय है ताकानाम प्रमासंशयहै ॥ और ताप्रमाणकेस्वरूपविषे जोसंशयहै ताकानाम करणसंशयहै ॥ तहां पूर्वअदृष्टस्थलविषेस्थितजलकेसाथि चक्षुइंद्रियकेसंबंधहुएतैंअनंतर इसपुरुषकूं इदंजलं याप्रकारका प्रमाज्ञानहोवैहै ॥ परंतु इसपुरुषनैं तास्थलविषे पूर्वकभी जलदेख्यानहीं ॥ यातैं तापुरुषकूं तिसजलज्ञानविषे यहज्ञान प्रमाहै वा नहीं ॥ याप्रकारका ताजलज्ञानके प्रमात्वकूं तथाताप्रमात्वकेअभावकूं विषयकरणेहारा संशय उत्पन्नहोवैहै ॥ सोसंशय प्रमासंशय कह्याजावैहै ॥ सोप्रमासंशय ताप्रमाज्ञानके प्रमात्वकेनिश्चयतैंही निवृत्तहोवैहै ॥ तहां 'तद्वतितत्प्रकारकत्वं प्रमात्वम्' अर्थयह ॥ ज्ञाननिष्ठ जो तिसधर्मवालवस्तुविषे तद्धर्मविषयकत्वहै यहही प्रमात्वहै ॥ जैसे 'अयंघटः' इसज्ञानविषे जो घटत्व धर्मवालेघटविषे ताघटत्वधर्मविषयकत्वहै यहही प्रमात्वहै ॥ इसीप्रमात्वकूं प्रामाण्यभी कहेहैं ॥ तहां सोप्रमाज्ञाननिष्ठप्रमात्व नैयायिकोंकेमतविषेतौ परतःग्राह्य होवैहै ॥ और मीमांसकोंकेमतविषे तथा वेदांतसिद्धांतविषे सोप्रमात्व स्वतःग्राह्य होवैहै ॥ और ताप्रमात्वकीस्वतःग्राह्यताविषेभी मीमांसकोंके नानामतहैं ॥ तेमीमांसकोंकेमत तथासोनैयायिकोंकामत इहां ग्रंथकेविस्तारभयतैं लिख्येनहीं ॥ और न्यायप्रकाशकेषष्ठपरिच्छेदविषे तेसर्वमत स्पष्टकरिकैलिख्येहैं॥जिसकूं जिज्ञासाहोवै तिसनैं तहांसेजानिलेणे ॥ अब वेदांतसिद्धांतसंमत प्रमात्वकेस्वतःग्राह्यताका निरूपणकरेहैं ॥ तहां 'यावत्स्वाश्रयग्राह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कग्राह्यत्वं स्वतोग्राह्यत्वम्' अर्थयह ॥ ताप्रमात्वधर्मकाआश्रयभूत जोप्रमाज्ञानहै ॥ ताप्रमाज्ञानके जि
तनेकीग्राहकहैं तिनोंकरिकै जो ताप्रमात्मविषेग्राह्यपणाहै यहही ताप्रमात्वविषे स्वतःग्राह्यताहै ॥ जैसे
ताप्रमात्वधर्मकाआश्रयरूप अयंघटः यहवृत्तिज्ञानहै ॥ तावृत्तिज्ञानकूंग्रहणकरणेहारा साक्षीचैतन्यहै ॥
तासाक्षीचैतन्यनैं तावृत्तिज्ञानकीन्यांई ताकाप्रमात्वभीग्रहणकरीताहै ॥ यहही ताप्रमात्वविषे स्वतःग्रा
ह्यताहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे प्रमाज्ञानकाप्रमात्व स्वतःग्राह्य होवैहै ॥ तैसे इदंरजतं इत्यादि
कअप्रमाज्ञानकाअप्रमात्वभी स्वतःग्राह्यहीहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोअप्रमात्वधर्मतौ परतः
ग्राह्यहीहोवैहै ॥ स्वतःग्राह्यहोतानहीं ॥ तहां 'तदभाववतितत्प्रकारकत्वं अप्रमात्वम्' अर्थयह ॥ ज्ञा
नविषे जो तिसधर्मकेअभाववालेवस्तुमें तद्धर्मविषयकत्वहै यहही अप्रमात्वहै ॥ जैसे इदंरजतं इसज्ञा
नविषे वास्तवतैंरजतकेअभाववालीशुक्तिमें जोरजतविषयकत्वहै यहही अप्रमात्वहै ॥ तहां ताअप्रमा
त्वकाघटक जो शुक्तिविषेरजतकाअभावहै ॥ ताअभावकूं सोवृत्तिज्ञान विषयकरतानहीं ॥ यातैं तार
जताभावघटितअप्रमात्वकूं सोसाक्षीचैतन्यभी ग्रहणकरिसकतानहीं ॥ किंतु सोसाक्षीचैतन्य केवल ता
अप्रमात्वधर्मकेआश्रयभूतज्ञानमात्रकूंही ग्रहणकरेहै ॥ जोकदाचित् वृत्तिज्ञानकेअविषयभूतअर्थकूंभी
सोसाक्षी प्रकाशकरताहोवै ॥ तौ घटादिआकारवृत्तिकालविषे पटादिकोंकाभी तासाक्षीचैतन्यकरिकै
प्रकाशहोणाचाहिये ॥ यातैं प्रमात्वकीन्यांई सोअप्रमात्व स्वतःग्राह्य नहींहै ॥ किंतु परतःग्राह्यहै ॥ त
हां 'स्वाश्रयग्राहकातिरिक्तसामग्रीग्राह्यत्वं परतोग्राह्यत्वम्' अर्थयह ॥ ताअप्रमात्वधर्मकाआश्रयभूत जो
अप्रमाज्ञानहै ॥ तिसकाग्राहक जासामग्रीहै ॥ तासामग्रीतैंभिन्नसामग्रीकरिकै जोग्राह्यत्वहै ॥ यहही

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ताअप्रमात्वविषे परतःग्राह्यताहै ॥ जैसे उक्तअप्रमात्वधर्मका आश्रयभूत इदंरजतं यहअप्रमाज्ञानहै ॥ ताअप्रमाज्ञानकाग्राहकतौ साक्षीचैतन्यहै ॥ सोसाक्षीचैतन्य ताअप्रमात्वधर्मकूं ग्रहणकरतानहीं ॥ किंतु तासाक्षीचैतन्यतैंभिन्न जाअनुमानरूपसामग्रीहै ॥ ताकरिकैही सोअप्रमात्वधर्म ग्रहणहोवैहै ॥ यहही ताअप्रमात्वविषे परतःग्राह्यत्वहै ॥ अब ताअनुमानकाप्रकार दिखावैहैं ॥ तहां इसपुरुषकी इष्टसाधनताज्ञानतैंअनंतरही प्रवृत्तिहोवैहै ॥ साप्रवृत्तिभी संवादिप्रवृत्ति १ विसंवादिप्रवृत्ति २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकोहोवैहै ॥ तहां सफलप्रवृत्तिकानाम सेवादिप्रवृत्तिहै ॥ और निष्फलप्रवृत्तिकानाम विसंवादिवृत्तिहै ॥ ताविसंवादि प्रवृत्तिकरिकैही ताअप्रमात्वकाअनुमानहोवैहै ॥ सोअनुमान यहहै 'शुक्तौरजतज्ञानं अप्रमा विसंवादि प्रवृत्तिजनकत्वात् यन्नैवंतन्नैवंयथाप्रमा' अर्थयह ॥ शुक्तिविषे जो इदंरजतं यहज्ञानहै ॥ सोज्ञान अप्रमारूपहै ॥ निष्फलप्रवृत्तिकाजनकहोणेतैं ॥ जोजोज्ञान अप्रमारूपनहींहोवैहै ॥ सोसोज्ञान निष्फलप्रवृत्तिकाजनकभीनहींहोवैहै ॥ जैसे प्रमाज्ञानहै इति ॥ इसप्रकारकेअनुमानकरिकै यहपुरुष तारजतज्ञानविषे अप्रमात्वकूं निश्चयकरेहै ॥ यहही ताअप्रमात्वविषे परतःग्राह्यताहै ॥ किंवा जैसे ताप्रमात्वकेज्ञानविषे स्वतःपणाहै ॥ तैसे ताप्रमात्वकोउत्पत्तिविषेभी स्वतःपणाही है ॥ तहां ज्ञानकेउत्पत्तिकी जा सामान्यसामग्रीहै ॥ तासामग्रीमात्रकरिकै जोजन्यताहै यहही ताप्रमात्वकीउत्पत्तिविषे स्वतःपणाहै ॥ इसप्रकार ताअप्रमात्वकेज्ञानविषे जैसे परतःपणाहै ॥ तैसे ताअप्रमात्वकीउत्पत्तिविषेभी परतःपणाहीहै ॥ तहां ज्ञानकेउत्पत्तिकीसामान्यसामग्रीतैंभिन्नजोदोषहै तादोषकरिकै जोजन्यपणाहै ॥ यहही ताअप्रमात्वकीउत्पत्तिविषे परतःपणाहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उक्तरीतिसे ताप्रमात्वकी उत्पत्तिविषे तथाज्ञानविषे जोस्वतःपणा मानोंगे तौ पूर्वअदृष्टस्थलविषे इदं जलं इसप्रकारकेज्ञानतैंअनंतर इसपुरुषकूं यहजलकाज्ञान प्रमाहै वा नहीं याप्रकारका जोसंशयहोवैहै सो नहींहोणाचाहिये ॥ काहेतैं तुमारे मतविषे ताज्ञानकाप्रमात्व साक्षीचैतन्यकरिकै निश्चितहीहै ॥ और निश्चितअर्थविषे संशयहोतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तिसस्थलविषे तासंशयकाउत्पादकजोदोष है ॥ तादोषघटितसंशयकीसामग्री ताप्रमात्वग्राहकसामग्रीतैं प्रबलहै ॥ यातैं ताजलज्ञानविषे ताप्रमात्व काअनिश्चयहोणेतैं सोप्रमात्वकासंशय संभवैहै ॥ इसप्रकार तास्वतःग्राह्यप्रमात्वकेनिश्चयकरिकै ताउ क्तप्रमासंशयकीनिवृत्ति बनिसकेहै इति ॥ अब करणसंशयका तथाताकेनिवृत्तिकेउपायका वर्णनकरे हैं ॥ तहां तत्त्वमसिआदिकवेदांतवाक्य अद्वितीयब्रह्मविषे प्रमाणहै वा नहीं याप्रकारकी जा वेदांतवा क्यरूपप्रमाणविषे असंभावनाहै ताकानाम करणसंशयहै ॥ सोकरणगतसंशय ब्रह्मवेत्तागुरुकेमुखतैं वे दांतशास्त्रकेश्रवणतैं निवृत्तहोवैहै ॥ ताश्रवणकास्वरूप द्वितीयपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं ॥ या तैं पुनः इहां निरूपणकरतेनहीं ॥ सोउक्तश्रवण शारीरकमीमांसाके प्रथमअध्यायकेपठनकरिकै सिद्धहो वैहै इति ॥ तहां इतनेंपर्यंत प्रमाणगतसंशयकानिरूपणकऱ्या ॥ अब दूसरे प्रमेयगतसंशयका तथा ता केनिवृत्तिकेउपायका निरूपणकरहैं ॥ तहां प्रमाणजन्यज्ञानकाजोविषयहै ताकानाम प्रमेयहै ॥ ताप्र मेयविषे जोसंशयहोवैहै ताकानाम प्रमेयसंशयहै ॥ सोप्रमेयगतसंशयभी अनात्मगतसंशय १ आत्म गतसंशय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां अनात्मारूपजेस्थाणुआदिकहैं तिनोंविषे जो इ सपुरुषकूं 'स्थाणुर्वापुरुषोवा' इत्यादिकसंशयहोवैहै सोसंशय अनात्मगतसंशय कह्याजावैहै ॥ यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अनात्मगतसंशय साधारणधर्मकेदर्शनतैंजन्यहोवैहै ॥ जैसे स्थाणुका तथा पुरुषका साधारणधर्म जो साढेतीनहस्तपरिमाणउच्चपणाहै ताकेदर्शनतैं सोउक्तसंशय उत्पन्नहोवैहै ॥ और तिनस्थाणुआदिकों केअसाधारणधर्मकाज्ञानरूप जो विशेषदर्शनहै तिसतैं ताउक्तसंशयकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तहां स्थाणुपणे कानिश्चयकरावणेहारे जे वक्रकोटरादिकहैं तेतौ स्थाणुकासाधारणधर्महै ॥ और पुरुषपणेकेनिश्चय करावणेहारे जे हस्त पाद शिर आदिकअवयवहैं ते पुरुषकाअसाधारणधर्महै ॥ ताअसाधारणधर्मके ज्ञानतैं ताउक्तसंशयकीनिवृत्तिहोइजावैहै इति ॥ और इसपुरुषकूं जो आपणेआत्माविषे संशयहोवैहै ॥ सोसंशय आत्मगतसंशय कह्याजावैहै ॥ सोआत्मगतसंशय विप्रतिपत्तिकरिकैजन्यहोणेतैं अनेकप्रका रकाहोवैहै ॥ तहां परस्परविरुद्धअर्थकेप्रतिपादक जे वादियोंकेअनेकवचनहैं ताकानाम विप्रतिपत्ति है ॥ साविप्रतिपत्ति श्रीभगवान्भाष्यकारनें वर्णनकरीहै ॥ सोदिखावैहैं ॥ तहां चैतन्यविशिष्ट जो यह स्थूलदेहहै सोईही आत्माहै ॥ इसप्रकार प्राकृतजीव तथालोकायतिक मानेहैं ॥ और चक्षुआदिकइं द्रियही आत्माहैं ॥ इसप्रकार कैएकदूसरे मानेहैं ॥ और मनही आत्माहै ॥ इसप्रकार कैएकदूसरे माने हैं ॥ और क्षणिकविज्ञानही आत्माहै इसप्रकार कैएकदूसरे मानेहैं ॥ और शून्यही आत्माहै इसप्रका र कैएकदूसरे मानेहैं ॥ और देहइंद्रियादिकोंतैंभिन्न संसारी कर्त्ता भोक्ता आत्माहै इसप्रकार कैएकदू सरे मानेहैं ॥ और आत्मा केवल भोक्ताहीहै कर्त्तानहींहै इसप्रकार कैएकदूसरे मानेहैं ॥ और कर्त्ता भोक्तातैंभिन्न सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् ईश्वरही आत्माहै इसप्रकार कैएकदूसरे मानेहैं ॥ और आत्मा उ पाधिकेसंबंधतैंकर्त्ताभोक्ताहुआभी वास्तवतैंशुद्धहीहै इसप्रकार कैएकदूसरे मानेहैं ॥ और तेपूर्वउक्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वादी तिसतिसदेहादिरूपआत्माकीसिद्धिवासतैं यथायोग्य युक्तिप्रमाणादिकभी कथनकरैं हैं ॥ इसप्रकार परस्परविरुद्धअर्थकेप्रतिपादक वादियोंकेवचनरूपविप्रतिपत्तितैं इसपुरुषकूं सोआत्माकासंशय अनेकप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां सोआत्मा यद्यपि वास्तवतैं एकअद्वितीयरूपहै ॥ तथापि उपाधिकेभेदकरिकै सोआत्मा परमात्मा १ जीवात्मा २ यहदोप्रकारका कह्याजावैहै ॥ तहां तत्त्वमसि इसमहावाक्यविषे स्थित तत्पदकाअर्थरूप जो मायाउपहितब्रह्महै ताकानाम परमात्माहै ॥ और त्वंपदकाअर्थरूप जो तीनशरीरउपहितचैतन्यहै ताकानाम जीवात्माहै ॥ तिनदोनोंविषे प्रथम तत्पदार्थपरमात्माविषे तेअनेकप्रकारकेसंशय दिखावैहैं ॥ तहां सोब्रह्म अद्वितीयहै अथवा सद्वितीयहै ॥ और अद्वितीयरूपहुआभी सोब्रह्म आनंदगुणवालाहै अथवा आनंदस्वरूपहै ॥ और सोब्रह्म ज्ञानगुणवालाहै अथवा ज्ञानस्वरूपहै ॥ और सोब्रह्म सत्ताजातिवालाहै अथवा सत्तास्वरूपहै ॥ और सोब्रह्म सगुणहै अथवा निर्गुणहै ॥ इत्यादिकअनेकप्रकारकेसंशय इसपुरुषकूं तिसतत्पदार्थब्रह्मविषेहोवैहैं ॥ अब त्वंपदार्थजीवात्माविषेभी तेअनेकप्रकारकेसंशय दिखावै हैं ॥ तहां यहआत्मा देहइन्द्रियादिकोंतैं भिन्नहै अथवा नहीं ॥ और देहइंद्रियादिकोंतैंभिन्नहुआभी सोआत्मा कर्त्ता है अथवा अकर्त्ता है और अकर्त्ताहुआभी सोआत्मा चिद्रूपहै अथवा अचिद्रूपहै ॥ और चिद्रूपहुआभी सोआत्मा आनंदरूपहै अथवा नहीं ॥ और आनंदरूपहुआभी सोआत्मा परिणामीहै अथवा कूटस्थहै ॥ और कूटस्थहुआभी सोआत्मा सत्ताजातिवालाहै अथवा सत्तारूपहै ॥ इत्यादिकअनेकप्रकारकेसंशय इसपुरुषकूं तात्वंपदार्थजीवात्माविषे होवै हैं ॥ अब तत्त्वंपदार्थकीएकतारूपवाक्यार्थविषे संशय दिखावै हैं ॥ इसजीवात्माकूं सतचित्आनंद

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रूपताहुएभी परमात्माकेसाथि इसजीवात्माकीएकता संभवतीहै अथवानहीं ॥ अब मोक्षकेसाधनावि षे संशय दिखावैहैं ॥ जीवब्रह्मकीएकताकेहुएभी ताएकताकाज्ञान मोक्षकासाधनहै अथवानहीं ॥ और ताज्ञानकूं मोक्षकीसाधनताहुएभी सोज्ञान कर्मसहितहुआ मोक्षकासाधनहै अथवा केवलज्ञान मोक्षका साधनहै ॥ इत्यादिकसर्वसंशय आत्मगतसंशय कह्येजावै हैं ॥ तेसर्वआत्मगतसंशय तर्करूपमननकरि कै निवृत्तहोवैहैं ॥ तहां 'अनिष्टप्रसंजकः तर्कः' अर्थयह ॥ जायुक्ति प्रतिवादीकेअनिष्टकीसिद्धि करे हैं ॥ सायुक्ति तर्क कहीजावैहै ॥ अर्थात् व्याप्यकाआरोपणकरिकै जोव्यापककाआपादनहै ताका नाम तर्कहै ॥ तहां व्याप्तिकेआश्रयकानाम व्याप्यहै ॥ और व्याप्तिकेनिरूपककानाम व्यापकहै ॥ व्याप्तिकास्वरूप पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं ॥ जैसे पर्वतविषे धूमकूंदेखताहुआभी जो प्रतिवादी तापर्वतविषे आग्नि नहींमानेहै ताप्रतिवादीकेप्रति याप्रकारकातर्क कह्याजावैहै ॥ धूमव ह्निका कार्यकारणभाव सर्वलोकविषेप्रसिद्धहै ॥ और कारणतैंविना कार्यहोतानहीं यहवार्त्ताभी सर्व लोकविषेप्रसिद्धहै ॥ यातैं इसपर्वतविषे जोवह्निनहींहोवै ॥ तौ तावह्निकाकार्यधूमभी नहींहोणाचा हिये इति ॥ तहां तापर्वतविषे धूमकाअभाव ताप्रतिवादीकूंअनिष्टहै ॥ ताप्रतिवादीकेअनिष्टकीसिद्धि इसउक्ततर्कतैंहोवै है ॥ और इसउक्ततर्कविषे वह्निअभावरूपव्याप्यकाआरोपणकरिकै धूमाभावरूपव्या पकका आपादनकऱ्याजावैहै ॥ यातैं सोउक्ततर्ककालक्षण इसप्रसिद्धतर्कविषे संभवैहै ॥ इसप्रकार आ गेवक्ष्यमाणतर्कोंविषेभी ताउक्तलक्षणकासमन्वय जानिलेणा इति ॥ अब तेआत्मसंशयकेनिवर्त्तकत र्कनिरूपणकरैहैं ॥ तिनतर्कोंविषेभी प्रथम तत्पदार्थरूपपरमात्माके अद्वितीयपणेकासाधकतर्क कहेहैं॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोकदाचित् यहआकाशादिकप्रपंच सत्यहोवै तौ ब्रह्मकूंअद्वितीयरूपकहणेहारी 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' इसश्रुतिका विरोधहोवैगा ॥ अर्थात् सद्वितीयब्रह्मकूं अद्वितीयरूपकहणेहारी साश्रुति मिथ्यावादीहोणैतैं अप्रमाणरूपहोवैगी ॥ और ताश्रुतिकीअप्रमाणता आस्तिकवादीकूं अनिष्टहीहै ॥ यातैं ताप्रपंचकूं मिथ्याही मान्याचाहिये ॥ ताप्रपंचकेमिथ्याहुए ताअद्वैतश्रुतिकाविरोधहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ब्रह्मकूं जोअद्वितीयमानिये ॥ तौ भेदकूंप्रतिपादनकरणेहारीश्रुतियोंका विरोधहोवैहै ॥ तिनश्रुतियों केविरोधतैं साअद्वैतश्रुति ताअद्वैतकाप्रतिपादक नहींहैं ॥ किंतु किसीअन्यहीअर्थकाप्रतिपादकहै ॥ यातैं ताप्रपंचकीसत्यतामानणेविषेभी ताअद्वैतश्रुतिकाविरोधहोवैनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ इस अधिकारीपुरुषकूं जोअर्थ इष्टफलकाहेतुहोवैहै ॥ तथा प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै अज्ञातहोवैहै ॥ तिस अर्थविषेही श्रुतिका तात्पर्यहोवैहै ॥ तहां सोअद्वैततौ प्रत्यक्षादिकप्रमाणोंकरिकै अज्ञातहै ॥ तथा ताअद्वैतब्रह्मकेज्ञानतैं इसअधिकारीपुरुषकूं 'ब्रह्मवेदब्रह्मैवभवति । तरतिशोकमात्मवित्' इत्यादिकश्रुतियोंनैं मोक्षरूपनिरतिशयपुरुषार्थकीप्राप्ति कथनकरी है ॥ यातैं ताश्रुतिका ताअद्वैतविषेही तात्पर्य संभवैहै ॥ अन्यकिसीअर्थविषे तात्पर्य संभवतानहीं ॥ और द्वैतरूपभेदतौ प्रत्यक्षादिकप्रमाणकरिकैज्ञातहै ॥ तथा ताभेदकेज्ञानतैं किसीइष्टफलकीभीप्राप्तिहोतीनहीं ॥ उलटा 'उदरमंतरंकुरुतेऽथतस्यभंयभवति मृत्योःसमृत्युमाप्नोतियइहनानेवपश्यति' इत्यादिकश्रुतियोंनैं ताभेददर्शीपुरुषकूं अनर्थकीहीप्राप्ति कथनकरीहै ॥ और 'अथयोऽन्यांदेवतामुपास्तेऽन्योसावन्योहमस्मीतिनसवेदयथापशुः' इसश्रुतिनैं ताभेददर्शीपुरुषकूं पशुकीतुल्यताकहिके ताभेदकीनिंदाहीकरीहै ॥ यातैं ताभेदविषे श्रुतिकातात्पर्य संभव

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तानहीं ॥ जोकदाचित् साश्रुति भेदकूंहीकथनकरैगी तौ प्रत्यक्षसिद्धभेदकीअनुवादकताकरिकै ता श्रुतिकूं अप्रमाणताही प्राप्तहोवैगी ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ फलवान्अज्ञातअर्थकाबोधकहोणेतैं साअद्वैतश्रुतितौ प्रबलहै ॥ और फलशून्यज्ञानअर्थकाबोधकहोणेतैं साभेदश्रुति दुर्बलहै ॥ और लोकविषेभी प्रबलकरिकैही दुर्बलकाबाधहोवैहै ॥ कोईदुर्बलकरिकै प्रबलकाबाधहोतानहीं ॥ यातैं ताभेदश्रुतिकेविरोधकरिकै ताअद्वैतश्रुतिकूं अन्यपरता संभवतीनहीं ॥ किंतु ताअद्वैतश्रुतिकेविरोधकरिकै ताभेदश्रुतिकूंही अन्यपरता संभवैहै ॥ यातैं ताअद्वैतश्रुतिकेविरोधतैं ताप्रपंचविषे सत्यपणा संभवतानहीं ॥ इस प्रकार ब्रह्मकेअद्वितीयपणेकासाधकतर्ककरिकै सोब्रह्म अद्वितीयहै वा सद्वितीयहै याप्रकारकेसंशयकी निवृत्तिहोवैहै इति ॥ अब तापरमात्माके आनंदरूपताकासाधकतर्क कहेहैं ॥ सोपरमात्मा जोकदाचित् आनंदरूपनहींहोवै ॥ तौ तापरमात्माकेप्राप्तिकूं पुरुषार्थरूपतानहींहोवैगी ॥ जिसकारणतैं आनंदकी प्राप्तिही पुरुषार्थरूपहोवैहै ॥ और तापरमात्माकेप्राप्तिकूं जो अपुरुषार्थरूपमानोगे तौ तापरमात्माकेप्राप्तिकूं पुरुषार्थरूपकहणेहारे 'आत्मलाभान्नपरंविद्यते । पुरुषान्नपरंकिंचित्साकाष्ठासापरागतिः' इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचनोंका विरोधहोवैगा ॥ सोश्रुतिकाविरोध सर्वकूं अनिष्टहीहै यातैं तापरमात्माकूं आनंदरूपही मान्याचाहिये ॥ इसप्रकारकेतर्कतैं सोपरमात्मा आनंदरूपहै वा नहीं याप्रकारके संशयकीनिवृत्तिहोवैहै इति ॥ अब तापरमात्माके चैतन्यरूपताकासाधकतर्क कहेहैं ॥ सोपरमात्मा जोकदाचित् चैतन्यरूपनहींहोवै तौ घटादिकोंकीन्यांई सूर्यचंद्रादिकजगत्का प्रकाशक नहींहोवैगा ॥ और तापरमात्माकूं जो जगत्काप्रकाशक नहींमानोंगे तौ तापरमात्माकूं सूर्यचंद्रादिकसर्व

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जगत्काप्रकाशक कहणेहारे जे 'तस्यभासासर्वमिदंविभाति । तच्छुभ्रंज्योतिषांज्योतिः । ज्योतिषाम पितज्ज्योतिस्तमसःपरमुच्यते' इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचनहैं ॥ तिनोंकाविरोध प्राप्तहोवैगा ॥ सोश्रुति स्मृतिवचनोंकाविरोध सर्वकूं अनिष्टहीहै ॥ यातैं तापरमात्माकूं चैतन्यरूपही मान्याचाहिये ॥ इसप्र कारकेतर्ककरिकै सोपरमात्मा चैतन्यरूपहै वानहीं याप्रकारकेसंशयकीनिवृत्तिहोवैहै इति ॥ अब ताप रमात्माके निर्गुणभावकासाधकतर्क कहेहैं ॥ सोपरमात्मा जोकदाचित् सगुणहोवै ॥ तौ तापरमात्माके निर्विशेषस्वरूपकूंकथनकरणेहारे जे 'अस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्' इत्यादिक श्रुतिस्मृतिवचनहैं॥ तिन सर्ववचनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ सोश्रुतिस्मृतिकाविरोध सर्वकूं अनिष्टहीहै ॥ यातैं तापरमात्माकूं निर्गुणही मान्याचाहिये ॥ इसप्रकारकेतर्कतैं सोपरमात्मा सगुणहै वा निर्गुणहै याप्रकारकेसंशयकीनि वृत्तिहोवैहै इति अब त्वंपदार्थरूपआत्माके आनंदरूपताकासाधकतर्क कहेहैं ॥ यहआत्मा जोकदा चित् आनंदरूप नहींहोवै तौ कोईभीजीव आपणेस्वार्थवासतै प्रवृत्तनहींहोवैगा ॥ और सर्वप्राणि योंकी आपणेस्वार्थवासतैही प्रवृत्तिदेखनेमेंआवैहै ॥ तालोकप्रसिद्धिका विरोध प्राप्तहोवैगा ॥ तथा या ज्ञवल्क्यमुनिनैं मैत्रेयीस्त्रीकेप्रति 'नवाअरेपत्युःकामायपतिःप्रियोभवति आत्मनस्तुकामायपतिःप्रियो भवति' इत्यादिकश्रुतिवचनोंकरिकै पतिजायादिकसर्वपदार्थोंकूं आपणेआत्मावासतैही प्रियकह्याहै ॥ तिनश्रुतिवचनोंकाभी विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ यातैं ताआत्माकूं आनंदरूपही मान्याचाहिये ॥ इसप्रका रकेतर्कतैं आत्मा आनंदरूपहै वा नहीं याप्रकारकेसंशयकीनिवृत्तिहोवैहै इति ॥ अब ताआत्माके चैत न्यरूपताकासाधकतक कहेहैं ॥ यहआत्मा जोकदाचित् चैतन्यरूप नहींहोवै तौ घटादिकोंकीन्यांई

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जडताकरिकै सावयवहोणेतैं अनात्माहीहोवैगा ॥ ताकरिकै प्रकाशकचैतन्यकेअभावतैं जगत्विषे अं
धताही प्राप्तहोवैगी ॥ तथा आत्माकूंचैतन्यरूपकहणेहारे जे 'योऽयंविज्ञानमयःप्राणेष्वहृद्यंतर्ज्योतिःपुरु
षः। अत्रायंपुरुषःस्वयंज्योतिर्भवति । क्षेत्रंक्षेत्रीतथाकृत्स्नंप्रकाशयतिभारत 'इत्यादिक श्रुतिस्मृतिवचनहैं
तिनसर्ववचनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ सोश्रुतिस्मृतिकाविरोध सर्वकूं अनिष्टही है ॥ यातैं ताआत्मा
कूं चैतन्यरूपही मान्याचाहिये ॥ इसप्रकारकेतर्कतैं आत्मा चैतन्यरूपहै वानहीं याप्रकारकेसंशयकी
निवृत्तिहोवैहै इति ॥ अब आत्माके अकर्त्तापणेकासाधकतर्क कहेहै ॥ यहआत्मा जोकदाचित् कर्त्ता
होवैगा तौ विकारीपणेकरिकै परिणामीहोणेतै अनित्यहीहोवैगा ॥ जो आत्माकूं अनित्यमानों
गे तौ आत्माकूंनित्यकहणेहारे जे 'अविनाशीवाअरेऽयमात्मा । नित्यःसर्वगतःस्थाणुः' इत्यादिक
श्रुतिस्मृतिवचनहै ॥ तिनसर्ववचनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ सोश्रुतिस्मृतिकाविरोध सर्वकूं अनिष्टही
है ॥ यातैं ताआत्माकूं अकर्त्ताही मान्याचाहिये ॥ इसप्रकारकेतर्कतैं यहआत्मा कर्त्ता है वा अकर्त्ता
है याप्रकारकेसंशयकीनिवृत्तिहोवै है इति ॥ अब तत्त्वंपदाथक अभेदकासाधकतर्क कहेहैं ॥ सोतत्प
दार्थरूपपरमात्मा जोकदाचित् इस त्वंपदार्थरूपजीवात्मातैं भिन्नहोवै तौ घटादिकोंकीन्यांई अनात्म
भावकरिकै अनित्यहीहोवैगा ॥ और तापरमात्माकूं जोअनित्यमानिये तौ तापरमात्माकूं नित्यरूप
कहणेहारे जे श्रुति स्मृति इतिहास पुराण आदिकोंकेवचनहैं तिनसर्वोंका विरोध प्राप्तहोवैगा ॥
किंवा ताजोवब्रह्मका जोभेदमानिये तौ ताजीवब्रह्मकेअभेदकूंकथनकरणेहारे जे 'तत्त्वमसि । अहंब्र
ह्मास्मि । अयमात्माब्रह्म । क्षेत्रज्ञंचापिमांविद्धिसर्वक्षेत्रेषुभारत' इत्यादिक श्रुतिस्मृतिवचनहैं तिनसर्वव

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ सोश्रुतिस्मृतिआदिकोंकाविरोध सर्वकूं अनिष्टहीहै ॥ यातैं तापरमात्मा कूं इसजीवात्मातैंअभिन्नही मान्याचाहिये ॥ इसप्रकारकेतर्कतैं सोपरमात्मा इसजीवात्मातैं भिन्नहै वा अभिन्नहै याप्रकारकेसंशयकीनिवृत्तिहोवैहै इति ॥ अब केवलज्ञानविषे मोक्षकीसाधनताकासाधकतर्क कहेहैं ॥ जोकदाचित् कर्ममिश्रितज्ञान मोक्षकासाधनहोवै तौ स्वर्गादिकोंकीन्यांई कर्मजन्यहोणेतैं तामोक्षकूंभीअनित्यपणाही प्राप्तहोवैगा ॥ और तामोक्षकूंजो अनित्यमानिये तौ मुक्तपुरुषोंकूंभी पुनः संसारकीप्राप्तिहोवैगी ॥ ताकरिकै मुक्तपुरुषकूं पुनःसंसारकीप्राप्तिकानिषेधकरणेहारे 'नसपुनरावर्त्तते यद्गत्वाननिवर्त्ततेतद्धामपरमंमम' इत्यादिक श्रुतिस्मृतिवचनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ तथा केवलज्ञा नतैंमोक्षकीप्राप्तिकूंकथनकरणेहारे जे 'ज्ञानादेवतुकैवल्यम्। नान्यःपंथाविद्यतेऽयनाय। ज्ञानेनतुतदज्ञानं येषांनाशितमात्मनः' इत्यादिक श्रुतिस्मृतिवचनहैं ॥ तिनसर्ववचनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ सोश्रुति स्मृतिवचनोंकाविरोध सर्वआस्तिकोंकूं अनिष्टहै ॥ यातैं सोकर्ममिश्रितज्ञान मोक्षकासाधननहीं है ॥ किंतु अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका अभेदज्ञानही तामोक्षकासाधन मान्याचाहिये ॥ इसप्रकारकेतर्कतैं कर्ममिश्रितज्ञान मोक्षकासाधनहै अथवा केवलज्ञान मोक्षकासाधनहै याप्रकारकेसंशयकीनिवृत्तिहो वैहै इति ॥ इसप्रकारके श्रुतिउक्ततर्करूपमननकरिकैही सोपूर्वउक्त आत्मगतसंशय निवृत्तहोवै है ॥ इ सतर्करूपमननकालक्षण पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं सो इहांभीजानिलेणा ॥ यह उक्तमनन शारीरकमीमांसाके द्वितीयअध्यायकेपठनकरिकै सिद्धहोवै है इति ॥ तहां पूर्व संशय निश्च य इसभेदकरिकै दोप्रकारका अयथार्थअनुभव कह्याथा ॥ताकेविषे प्रथम संशयका अबपर्यंत निरूपण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कऱ्या ॥ अब दूसरे निश्चयका निरूपणकरेहैं ॥ तहां ' संशयविरोधिज्ञानं निश्चयः' अर्थयह ॥ पूर्वउक्त संशयका विरोधीजोज्ञानहै सो निश्चयकह्याजावैहै ॥ तहां इसपुरुषकूं जिसपदार्थका निश्चयहोवैहै ॥ तिसपदार्थविषे संशयहोतानहीं ॥ यातैं तानिश्चयविषे संशयकाविरोधीपणा स्पष्टही है इति ॥ और सो उक्तनिश्चयभी यथार्य १ अयथार्थ २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां ' अविसंवादिज्ञानं यथार्थनिश्चयः ' अर्थयह ॥ फलविषेपर्यवसानवाला जोज्ञानहै ताकानाम यथार्थनिश्चयहै अर्थात् जिसवस्तुकेनिश्चयतैंअनंतर प्रवृत्तहुएपुरुषकूं तावस्तुकोप्राप्तिहोवैहै सोनिश्चय ययार्थनिश्चय कह्याजावै है॥ सोयथार्थनिश्चय पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे प्रमारूपकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ और इसतृतीयपरिच्छेद विषे पूर्व यथार्थस्मृतिरूपकरिकै कथनकऱ्याहै अर्थात् यथार्थअनुभवका तथायथार्थस्मृतिका नाम यथार्थनिश्चयहै इति ॥ और ' विसंवादिज्ञानं अयथार्थनिश्चयः ' अर्थयह ॥ फलतैंरहितजोज्ञानहै ताका नाम अयथार्थनिश्चयहै॥ अर्थात् जिसवस्तुकेनिश्चयतैंअनंतर प्रवृत्तहुएपुरुषकूं तावस्तुको प्राप्ति नहींहोवैहै ॥ सोनिश्चय अयथार्थनिश्चय कह्याजावैहै ॥ इति सोअयथार्थनिश्चयभी तर्क १ विपर्यय २ इसभेदकरिकै दोप्रकारका होवै है ॥ तहां तर्कका लक्षण तथा उदाहरण इसीपरिच्छेदविषे पूर्व निरूपणकरिआयेहैं ॥ यातैं पुनः इहांनिरूपणकरतेनहीं ॥ तहां वह्निवाले तथाधूमवाले पर्वतविषे वह्निकेअभावकूं तथा धूमकेअभावकूं विषयकरणेहारा जो इसपर्वतविषे वह्निनहींहोवै तौ धूमभीनहींहोवैगा ॥ याप्रकारका तर्क है तातर्कविषे अयथार्थनिश्चयपणा स्वष्टहींहै इति ॥ अब विपपर्ययका निरूपणकरेहैं ॥ तहां ' मिथ्याज्ञानं विपर्ययः ' अर्थयह ॥ जोज्ञान मिथ्याहोवैहै। सोज्ञान विपर्यय कह्याजावैहै ॥ जै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से शुक्तिविषे इदंरजतं यहज्ञान तथारज्जुविषे अयंसर्पः यहज्ञान मिथ्याज्ञानहोणेतैं विपर्यय कह्याजावै है ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताज्ञानविषे मिथ्यापणा क्याहै ॥ अर्थात् बाध्वत्वकानाम मिथ्यापणाहै ॥ अथवा निर्विषयत्वकानाम मिथ्यापणाहै ॥ तहां कोईभीज्ञानका आपणेस्वरूपकरिकैबाधहोतानहीं ॥ यातैं बाध्यत्वकानाम मिथ्यापणाहै यहप्रथमपक्षतौ संभवतानहीं ॥ और कोईभीज्ञान निर्विषयहोतानहीं ॥ यातैं सोद्वितीयपक्षभी संभवतानहीं ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए अब तामिथ्याज्ञानकालक्षणकहेहैं ॥ 'अतास्मिंस्तद्बुद्धिः मिथ्याज्ञानम्' अर्थयह॥ तिसअर्थतैंरहितवस्तुविषे जो तिसअर्थकीबुद्धिहै ताकानाम मिथ्याज्ञानहै ॥ जैसे रजततैंरहितशुक्तिविषे जो इदंरजतं यहरजतबुद्धिहै ताकानाम मिथ्याज्ञानहै ॥ तहां यद्यपि ज्ञानका स्वरूपतैंबाधहोतानहीं ॥ तथापि विषयकेबाधतैं ताज्ञानकाबाध कह्याजावैहै ॥ सोबाध्यत्वही ताज्ञानविषे मिथ्यापणाहै इति ॥ और सोउक्तविपर्ययरूपभ्रमभी निरुपाधिकभ्रम १ सोपाधिकभ्रम २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहांजोभ्रम अधिष्ठानकेज्ञानतैं निवृत्तहोइजावैहै ॥ सोभ्रमतौ निरुपाधिकभ्रम कह्याजावैहै ॥ और जोभ्रम अधिष्ठानकेज्ञानहुएभी निवृत्तनहींहोवैहै । सोभ्रम सोपाधिकभ्रम कह्याजावैहै ॥ तहां सो निरुपाधिकभ्रमभी बाह्य १ अंतर २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां शुक्तिरज्जुआदिकोंविषे जो इदंजरतं अयंसर्पः इत्यादिकभ्रमज्ञानहोवैहै ॥ सोभ्रमज्ञानतौ बाह्यनिरुपाधिकभ्रम कह्याजावैहै ॥ और मैं अज्ञानीहूं ब्रह्मकूंनहींजानताहूं याप्रकारकाजोभ्रम है ॥ सोभ्रम अंतरनिरुपाधिकभ्रम कह्याजावैहै ॥ तहां शुक्तिरज्जुआदिकअधिष्ठानकेज्ञानतैं 'इदंरजतं अयंसर्पः' इत्यादिकभ्रमकीनिवृत्तिहोइजावैहै ॥ तथा आत्मारूपअधिष्ठानकेज्ञानतैं अहंअज्ञः याप्रकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केभ्रमकीनिवृत्तिहोइजावैहै ॥ यातैं ताउक्तभ्रमविषे निरुपाधिकभ्रमरूपता संभवैहै इति ॥ इसप्रकार दू
सरा सोपाधिकभ्रमभी बाह्य १ अंतर २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां रक्तगुणतैंरहित शुद्ध
स्फटिकविषे रक्तवर्णवालेजपाकुसुमादिकद्रव्यकीसमीपताहुए जो 'लोहितःस्फटिकः' । याप्रकारकाभ्रम
होवैहै ॥ सोभ्रम बाह्यसोपाधिकभ्रम कह्याजावैहै ॥ तहां यहस्फटिक शुद्धहै रक्तनहींहै याप्रकारके ता
स्फटिकरूपअधिष्ठानकेज्ञानहुएभी जबपर्यंत ताजपाकुसुमादिकउपाधिकी तहां तैंनिवृत्ति नहींहोवैहै ॥
तबपर्यंत लोहितःस्फटिकः इसभ्रमकीनिवृत्ति होतीनहीं ॥ यातैं लोहितःस्फटिकः इसभ्रमविषे सोपाधि
कभ्रमरूपता संभवैहै ॥ इसप्रकार तत्त्ववेत्तापुरुषकूं जोआकाशादिकप्रपंचकाअनुभव होवैहै ॥ सोभी
बाह्यसोपाधिकभ्रम कह्याजावैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ लोहितःस्फटिकः इसभ्रमविषेतौ जपाकुसुमादिक
उपाधि विद्यमानहै ॥ यातैं ताभ्रमकूंतौ सोपाधिकपणा संभवैहै ॥ परंतु ताप्रपंचभ्रमविषे कोईउपाधि
देखणेविषेआवतानहीं॥यातैं ताप्रपंचभ्रमकूं सोपाधिकपणा संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ता
प्रपंचभ्रमविषेभी प्रारब्धकर्मसहित विक्षेपशक्तिवालाअज्ञानही उपाधिरूपहै ॥ काहेतैं अहंब्रह्मास्मि इस
प्रकारके अधिष्ठानब्रह्मकेज्ञानकरिकै आवरणशक्तिवालेअज्ञानकेनिवृत्तहुएभी विक्षेपशक्तिवालेअज्ञानके
वशतैं प्रारब्धकर्मकेनाशपर्यंत तत्त्ववेत्तापुरुषकूंभी सोआकाशादिकप्रपंचकाअनुभव होवैहै ॥ यातैं लो
हितःस्फटिकः इसभ्रमकीन्यांई ताप्रपंचभ्रमकूंभी सोपाधिकपणा संभवैहै इति ॥ और मैं कर्त्ताहूं मैं भो
क्ताहूं याप्रकारकी जा आत्माविषे कर्तृत्वभोक्तृत्वबुद्धिहै ॥ साबुद्धि अंतरसोपाधिकभ्रम कह्याजावैहै ॥
ताभ्रमविषे सोअंतःकरणही उपाधिरूपजानणा ॥ काहेतैं यहआत्मा वास्तवतैंतौ असंगनिर्विकारहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ऐसेआत्माविषे स्वरूपतैंतौ सोकर्तृत्वभोक्तृत्व संभवतानहीं ॥ किंतु ताअंतःकरणविषेरहेहुए तेकर्तृत्व वक्तृत्वादिकधर्म अविवेकत ताआत्माविषे आरोपणकऱ्येजावैहैं ॥ यातैं अहंकर्त्ता अहंभोक्ता इत्यादिकबुद्धिविषे सोपाधिकभ्रमरूपता संभवैहै ॥ इसप्रकार स्वप्नविषे जो रथादिकपदार्थोंकाज्ञान होवैहै ॥ सोज्ञानभी अंतरसोपाधिकभ्रमहीहै ॥ स्मृतिरूप नहींहै ॥ काहेतैं सोस्वप्नकाज्ञान जोकदाचित् स्मृतिरूपहोता तौ सरथः याप्रकारकाही ताज्ञानकाआकारहोता ॥ परंतु तास्वप्नविषे सरथः इसप्रकारकाज्ञान होतानहीं ॥ किंतु अयंरथः रथंपश्यामि याप्रकारकाहीज्ञान होवैहै ॥ यातैं सोस्वप्नकाज्ञान सोपाधिक भ्रमरूप अयथार्थअनुभवहीहै ॥ स्मृतिरूपनहीं ॥ यातैं तास्वप्नकूं अयथार्थस्मृतिरूपमानणेहारे ताकिं कोंकामत असंगतहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तास्वप्नज्ञानकूं जो स्मृतिरूपनहींमानोंगे ॥ किंतु अनुभवरूपमानोंगे ॥ तौ ताअनुभवकेविषयभूत रथादिकपदार्थोंकीभी तहां उत्पत्तिमानणीहोवैंगी ॥ और स्वप्नविषे तिनरथादिकोंकीउत्पत्ति संभवतीनहीं ॥ काहेतैं जाग्रत्अवस्थाविषे जितनेदेशविषे तथाजितनेंकालविषे तिनरथादिकोंकीउत्पत्तिहोवैहै ॥ तितनादेशकाल तास्वप्नविषेहैनहीं ॥ और प्रसिद्धरथादिकोंकेउत्पत्तिकी जा काष्ठतक्षादिक सामग्रीहै ॥ सासामग्रीभी तास्वप्नविषे हैनहीं ॥ और कारणसामग्रीतैंविना कार्यकीउत्पत्तिहोतीनहीं ॥ यातैं स्वप्नविषे तिनरथादिकोंकीउत्पत्ति संभवतीनहीं॥ यातैं स्वप्नविषे सोरथादिकोंकाज्ञान स्मृतिरूपही मान्याचाहिये ॥ और सोस्वप्नकाज्ञान निद्रादोषकरिकैजन्यहै ॥ यातैं सरथः इसज्ञानकेस्थानविषे अयंरथः याप्रकारकाभ्रम होवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जैसे हट्टादिकोंविषेस्थित व्यावहारिकरजतकीउत्पादकसामग्रीतैं प्रातिभासिकरजतकेउत्पत्तिकीसामग्री विलक्षणहीहोवै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ तैसे जाग्रत्अवस्थाकेरथादिकोंकी उत्पादकसामग्रीतैं सास्वप्नरथादिकोंकीउत्पादकसामग्रीभो विल
क्षणहीहोवैहै ॥ साविलक्षणसामग्री दिखावैहैं॥ जाग्रत्अवस्थाविषे सुखदुःखादिरूपभोगकेदेखणेहारे जेपु
ण्यपापकर्महैं तिनकर्मोंकेउपरामहुए ॥ तथा स्वप्नकेभोगदेणेहारे जेकर्महैं तिनोंकेउद्भवहुए ॥ तथा च
क्षुआदिकइंद्रियोंकेलयहुए ॥ जाग्रत्के रथादिकसर्वविषयोंकी जे संस्काररूपवासनाहै तथाइंद्रियादि
कोंकी जे संस्काररूपवासनाहै तिनसर्ववासनाओंका आश्रयभूत तथानिद्रादोषकरिकैयुक्त ऐसाजोअं
तःकरणहै ॥ सोअंतःकरणही तास्वप्नअवस्थाविषे तिनरथादिविषयाकारपरिणामकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तथा
तिनरथादिकोंकेग्राहकचक्षुआदिकइंद्रियाकारपरिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तथातिनरथादिविषयाकारवृत्ति
रूपपरिणामकूं प्राप्तहोवैहै ॥ इसप्रकार जाग्रत्केरथादिकोंकीसामग्रीतैं स्वप्नकेप्रातिभासिकरथादिकोंकी
सामग्रो विलक्षणहींहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसे जाग्रत्अवस्थाविषे प्रमाता प्रमाण प्रमेय व्यव
हारहोवैहै ॥ तैसे स्वप्नविषेभी सो प्रमाता प्रमाण प्रमेय व्यवहारहोवैहै ॥ यातैं स्वप्नकेपदार्थोंकूं प्राति
भासिकहणा संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जाग्रत्केपदार्थ भूतोंकेकार्यहोणेतैं चिरकालपर्य
तस्थायीहैं ॥ और स्वप्नकेरथादिकपदार्थ वासनाविशिष्टअंतःकरणकेपरिणामहोणेतैं वासनामयहैं ॥ या
कारणतैंही तेस्वप्नकेपदार्थ अल्पकालपर्यंतस्थायीहैं॥इसप्रकार स्वप्नकेपदार्थोंविषे जाग्रत्केपदार्थोंतैंवि
लक्षणताहोणेतैं सोप्रातिभासिकपणा संभवैहै ॥ और जैसे शुक्तिविषेरजतकाज्ञान दोषकरिकैजन्यहोवै
है ॥ तैसे स्वप्नकेपदार्थोंकाज्ञानभी निद्रारूपदोषकरिकैजन्यहोवैहै ॥ यातैं ताज्ञानविषे भ्रमरूपताभीसं
भवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जाग्रत्अवस्थाविषे सूर्यादिकज्योतियोंकेप्रकाशकरिकैसहकृत चक्षुआदि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कइंद्रिय विद्यमानहैं ॥ यातैं तिनइंद्रियोंकरिकै रूपादिकपदार्थोंकाज्ञान संभवैहै॥ और स्वप्नअवस्थाविषेतौ तिनचक्षुआदिकइंद्रियोंका अभावहोवैहै ॥ यातैं तास्वप्नविषे तिनरूपादिकपदार्थोंकाअनुभव कैसे संभवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तास्वप्नविषे जो वासनाविशिष्टअंतःकरण विषयइंद्रियादिरूपपरिणामकूं प्राप्तभयाहै ॥ ताअंतःकरणउपहित साक्षीचैतन्यही तास्वप्नकेरथादिकपदार्थोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ स्वप्नविषे सोसाक्षी आप किसीदूसरेसाक्षीकरिकैप्रकाशितहुआतिनरथादिकोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ अथवा अप्रकाशितहुआ प्रकाशकरेहै ॥ तहां जोप्रथमपक्ष अंगीकारकरोगे ॥ तौ अनवस्थादोषकी प्राप्तिहोवैगी ॥ काहेतैं ताप्रथमसाक्षीकीन्यांई सोदूसरासाक्षीभी किसीतीसरेसाक्षीकरिकैप्रकाशितहुआही प्रकाशकरैगा ॥ तैसे सोतीसरासाक्षीभी किसीचतुर्थसाक्षीकरिकैप्रकाशितहुआही प्रकाशकरैगा ॥ इसप्रकार पूर्वपूर्वसाक्षीकेप्रकाशवासतै उत्तरउत्तरसाक्षीकेअंगीकारकरणेतैं अनवस्थादोषकी प्राप्ति होवैगी ॥ और जोदूसरापक्ष अंगीकारकरोगे ॥ तौ अज्ञायमानहोणेतैं जडहुआ सोसाक्षी तिनस्वप्नपदार्थोंकूं कैसेप्रकाशकरैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोसाक्षीचैतन्य स्वयंप्रकाशमानहै ॥ अर्थात् आपही आपणेकरिकैप्रकाशमानहै ॥ यातैं तासाक्षीविषे सापूर्वउक्तअनवस्था तथा जडता प्राप्तहोवैनहीं ॥ ऐसास्वप्रकाशसाक्षीही तिनस्वप्नपदार्थोंकूं प्रकाशकरेहै ॥ याकारणतैंही तास्वप्नअवस्थाविषे तासाक्षीचैतन्यकास्वप्रकाशपणा जानणेकूंसुगमहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ 'येनसूर्यस्तपतितेजसेद्धः । तमेवभांतमनुभातिसर्वम्। तस्यभासासर्वमिदंविभाति । नतत्रसूर्योभातिनचंद्रतारकम्' इत्यादिकश्रुतियोंनैं तासाक्षीचैतन्यकूं सूर्यचंद्रादिकसर्वजगत्का प्रकाशकपणा कह्याहै ॥ तथा तिनसूर्यचंद्रादिकज्योतियोंकरि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कै अप्रकाशितपणाकह्याहै ॥ यहहीतासाक्षीचैतन्यविषे स्वप्रकाशपणाहै ॥ यातैंसोसाक्षीचैतन्यका स्वप्रकाशपणा जाग्रत्अवस्थाविषेभी निर्णीतहींहै।।ताजाग्रत्अवस्थाकूंछोडिकै स्वप्नअवस्थाविषेतासाक्षीचैतन्यकेस्वप्रकाशपणेकूं सुविज्ञेयकहणा अनुचितहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ यद्यपि विवेकीपुरुषोंकूं जाग्रत्अवस्थाविषेभी सोसाक्षीकास्वप्रकाशपणा सुविज्ञेयहै ।। तथापि अविवेकी पुरुषोंकूंताजाग्रत् अवस्थाविषे सोसाक्षीकास्वप्रकाशपणा दुर्विज्ञेयहीहै ॥ काहेतैं ताजाग्रत्अवस्थाविषे इसपुरुषके गमन आगमनादिकव्यवहार सूर्यरूपज्योतिकरिकैहोवैहै ॥ और तासूर्यरूपज्योतिकेअभावहुए चंद्ररूपज्योतिकरिकै तेव्यवहार होवैहैं ॥ और ताचंद्ररूपज्योतिकेभीअभावहुए अग्निरूपज्योतिकरिकै ते व्यवहार होवैहैं ॥ और ताअग्निरूपज्योतिकेभीअभावहुए गाढअंधःकारविषे शब्दरूपज्योतिकरिकै तेव्यवहार होवैहैं ॥ इसप्रकार जाग्रत्अवस्थाविषे व्यवहारकेसाधक सूर्यादिकअनेकज्योतियोंकरिकै मिल्याहुआ सोसाक्षीचैतन्यरूपज्योतिहै ॥ यातैं ताजाग्रत्अवस्थाविषे अविवेकीपुरुषोंकूं तासाक्षीचैतन्यकेस्वप्रकाशपणेका निर्णयहोइसकैनहीं ॥ और स्वप्नअवस्थाविषेतौ तेजाग्रत्अवस्थाकेसूर्यचंद्रादिकसर्वज्योति लयहोइजावैहैं ॥ और तास्वप्नअवस्थाविषेभी जाग्रत्अवस्थाकीन्यांई तेसर्वव्यवहार होवै हैं ॥ और जोजो व्यवहारहोवैहै सोसो किसीज्योतिकरिकैही साध्यहोवैहै ॥ यातैं तिनस्वप्नव्यवहारोंकासाधकभी कोईज्योति अवश्यमान्याचाहिये ॥ यद्यपि तास्वप्नविषे अंतःकरण तथाअज्ञान विद्यमानहै ॥ तथापि सोअंतःकरण तहां विषयादिआकारपरिणामकूं प्राप्तभयाहै ॥ यातैं ताअंतःकरणकूंभी ज्योतिपणा संभवतानहीं ॥ और अज्ञानतौ तमकीन्यांई प्रकाशककाविरोधीही है ॥ यातैं ताअज्ञानकूंभी ज्योतिपणा संभवता ॥१९९॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नहीं ॥ परिशेषतैं सोसाक्षीचैतन्यरूपज्योतिही तिनस्वप्नव्यवहारोंकासाधकरूपकरिकै सिद्धहोवैहै ॥ इस प्रकारतैं अविवेकीपुरुषोंकूंभी तास्वप्नअवस्थाविषे तासाक्षीचैतन्यकास्वप्रकाशपणा निर्णयहोइसकैहै॥ यातैं स्वप्नअवस्थाविषे साक्षीचैतन्यकास्वप्रकाशपणा सुविज्ञेयहै यहकहणा संभवैहै ॥ इसीअभिप्रायकरिकै ' अत्रायंपुरुषःस्वयंज्योतिर्भवति ' इसबृहदारण्यकश्रुतिनैं स्वप्नअवस्थाविषेही तासाक्षीआत्माकूं स्वयंज्योति कह्याहै ॥ इहां स्वयंज्योति स्वप्रकाश स्वयंप्रकाशमान इनतीनोंशब्दोंका एकहीअर्थजानणा ॥ तहां साक्षीकालक्षणतौ पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे कथनकरिआयेहैं ॥ अब प्रसंगतैं तासाक्षीचैतन्यकेस्वप्रकाशताकालक्षणकहेहैं ॥ तहां ' चैतन्याविषयत्वं स्वप्रकाशत्वम् ' अर्थयह ॥ इंद्रियजन्यवृत्तिविषे प्रतिबिंबितजोचैतन्यहै ताकानाम फलचैतन्यहै ॥ ताफलचैतन्यका जोअविषयपणाहै ॥ यहही तासाक्षीचैतन्यविषे स्वप्रकाशपणाहै ॥ अथवा ' अवेद्यत्वेसतिअपरोक्षव्यहारयोग्यत्वं स्वप्रकाशत्वम् ' अर्थयह ॥ उक्तफलचैतन्यकाअविषयहुआ जोअपरोक्षव्यवहारकायोग्यपणाहै यहही तासाक्षीचैतन्यविषे स्वप्रकाशपणाहै ॥ इहां अपरोक्षव्यवहारकरिकै प्रमाणजन्यवृत्तिकाग्रहणकरणा ॥ तहां अपरोक्षव्यवहारकेयोग्यघटादिकोंविषे इसलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै । अवेद्यत्वेसति । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ तिनघटादिकोंविषे सो फलचैतन्यकाअविषयत्वरूपअवेद्यपणा हैनहीं ॥ और अवेद्यधर्माधर्मविषे इसलक्षणकीअतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै । अपरोक्षव्यवहारयोग्यत्वम् । यहपद कथनकऱ्याहै ॥ सोअपरोक्षव्यवहारयोग्यत्व ताधर्माधर्मविषेहैनहीं ॥ यातैं तहां अतिव्याप्तिहोवैनहीं इति ॥ ॥ शंका ॥ तास्वप्रकाशसाक्षीकरिकै तिनस्वप्नकेपदार्थोंकाप्रकाश होवो ॥ तथापि तेरथादिकपदार्थ तास्वप्नविषे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नवीनही उत्पन्नहोवै हैं ॥ इसविषे कौनप्रमाणहै? ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ साक्षात् वेदकीश्रुतिही ताअ
र्थविषेप्रमाणहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'नतत्ररथानरथयोगानपंथानोभवंति अथरथान्रथयोगान्पथःसृजति'
अर्थयह ॥ जाग्रत्अवस्थाविषे जेव्यावहारिक रथहैं ॥ तथा तिनरथोंविषेजुडणेहारे जेअश्वहैं ॥ तथा ति
नअश्वोंकेचलणेयोग्य जेमार्गहैं ॥ तिनसर्वोंका स्वप्नविषे अभावहै ॥ तोभी तास्वप्नविषे रथोंकूं तथाअ
श्वोंकूं तथामार्गोंकूं उत्पन्नकरेहैं इति ॥ यहश्रुति तास्वप्नविषे जाग्रत्केरथादिकोंकेअभावकूं तथाप्राति
भासिकरथादिकोंकीउत्पत्तिकूं कथनकरेहैं ॥ यातैं तिनरथादिकोंकूंविषयकरणेहारा सोस्वप्नकाज्ञान अ
नुभवरूपही है स्मृतिरूपनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसप्रकार तास्वप्नकेज्ञानकूं जोअनुभवरूप मानोंगे
तौ तिनस्वप्नकेरथादिकपदार्थोंकी जाग्रत्विषेभी अनुवृत्ति होणीचाहिये ॥ काहेतैं जेपदार्थ जिसअधि
ष्ठानविषे कल्पितहोवै हैं ॥ तिसअधिष्ठानकेज्ञानतैंही तिनपदार्थोंकानाश होवैहै ॥ और तेस्वप्नकेपदार्थ
ब्रह्मचैतन्यविषेही कल्पितहैं ॥ यातैं ताब्रह्मचैतन्यकेसाक्षात्कारकरिकैही तिनस्वप्नपदार्थोंकानाश हो
वैगा ॥ सोअधिष्ठानब्रह्मकासाक्षात्कार इसपुरुषकूं हैनहीं ॥ और ताअधिष्ठानसाक्षात्कारतैंभिन्न दूसरा
कोई तिनस्वप्नपदार्थोंकानिवर्त्तक हैनहीं ॥ यातैं जाग्रत्अवस्थाविषे तिनस्वप्नपदार्थोंकीअनुवृत्ति अवश्य
होणीचाहिये ॥ जोकदाचित् इसअर्थविषे इष्टापत्तिकरोगे तौ सर्वलोकोंकेअनुभवकाविरोध होवैगा ॥
अर्थात् सर्वलोक स्वप्नकेपदार्थोंका जाग्रत्विषेअभावही मानेहैं ॥ यातैं तास्वप्नकेज्ञानविषेअनुभवरूपता
संभवतीनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ कार्यकानाश दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ बाध होवैहै ॥ दूसरा
लय होवैहै ॥ तहां अधिष्ठानकेवास्तवस्वरूपकेसाक्षात्कारकरिकै जो कार्यका आपणेउपादानकारणरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अज्ञानसहित नाशहै ताकानाम बाधहै॥जैसे शुक्तिरूपअधिष्ठानकेसाक्षात्कारकरिकै रजतरूपकार्यका आपणेउपादानकारणअज्ञानसहित नाशहोवैहै ॥ इसीकानाम बाधहै ॥ और ताउपादानकारणकेविद्यमानहुएभी ताकार्यका जो तिरोभावमात्रहै ताकानाम लयहै ॥ तहां स्वप्नकेरथादिकपदार्थ अंतःकरण मायाद्वारा शुद्धचैतन्यविषे अध्यस्तहैं ॥ और ताशुद्धचैतन्यरूपअधिष्ठानकासाक्षात्कार इसपुरुषकूं जाग्रत्कालविषे हैनहीं ॥यातैं शुक्तिरजतकीन्यांई तिनस्वप्नपदार्थोंका बाधरूपनाशतौ होतानहीं ॥ परंतु सोस्वप्न पूर्वउक्तरीतिसे सोपाधिकभ्रमहै ॥ यातैं जैसे जपाकुसुमादिरूपउपाधिकीनिवृत्तितैं स्फटिकविषे लोहितकोनिवृत्ति होवैहै ॥ तैसे उपाधिकीनिवृत्तितैं तिनस्वप्नपदार्थोंकीभी निवृत्तिसंभवैहै ॥ यातैं जाग्रत्अवस्थाविषे तिनस्वप्नपदार्थोंकीअनुवृत्ति संभवतीनहीं ॥ तहां जाग्रत्केसंस्कार तथास्वप्नविषेभोगदेणेहाराकर्म तथानिद्रादोष इनतीनोंकरिकैविशिष्ट जोअंतःकरणहै ॥ सोअंतःकरणही तास्वप्नभ्रमविषे उपाधिहै ॥ ताअंतःकरणरूपउपाधिकीनिवृत्तितैं जाग्रत्अवस्थाविषे तिनस्वप्नपदार्थोंकीनिवृत्ति होवैहै॥ यद्यपि जाग्रत्अवस्थाविषे सोअंतःकरण स्वरूपतैं विद्यमानही है ॥ तथापि ताजाग्रत्अवस्थाविषे सोअंतःकरण स्वप्नभोगप्रदकर्मनिद्रादोषविशिष्टनहीं है ॥ तहांजोपदार्थ आपणेविषेस्थितधर्मोंकूं आपणेसंबंधीविषे आरोपणकरेहै ॥ सोपदार्थ उपाधि कह्याजावैहै ॥ जस जपाकुसुम आपणेविषेस्थितरक्तवर्णकूं आपणेसंबंधी स्फटिकविषे आरोपणकरेहै ॥ यातैं सोजपाकुसुम उपाधि कह्याजावैहै ॥तैसे सोअंतःकरणभी आपणेकर्तृत्वभोक्तृत्वादिकधर्मोंकूं आपणेसंबंधीआत्माविषे आरोपणकरेहै ॥ यातैं सोअंतःकरणभी उपाधिकह्याजावैहै ॥ इसप्रकार स्वप्नज्ञानकूं सोपाधिकभ्रमरूपहोणेतैं अनुभवरूपताही संभवैहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इति॥इहां कैएकग्रंथकारतौ यहकहेहैं॥सोस्वप्नअध्यास सोपादिकभ्रम नहीं है॥ किंतु शुक्तिरजतभ्रमकी न्यांई निरूपाधिकभ्रमही है॥ ॥ शंका॥ ॥ तास्वप्नअध्यासकूं जोनिरूपाधिकभ्रम मानोंगे तौति नस्वप्नपदार्थोंकी जाग्रत्विषेभी अनुवृत्ति होणीचाहिये॥ काहेतैं तानिरुपाधिकभ्रमकी अधिष्ठानकेज्ञान तैंही निवृत्तिहोवैहै॥ और तास्वप्नभ्रमकाअधिष्ठान ब्रह्मचैतन्यहै॥ ताब्रह्मचैतन्यका इसपुरुषकूंजाग्रत् अवस्थाविषे साक्षात्कारहैनहीं॥ यातैं तिनस्वप्नपदार्थोंका जाग्रत्अवस्थाविषे बाधहोवैगानहीं॥ ॥ स माधान॥ ॥ जैसे रजतभ्रमकाअधिष्ठान जाशुक्तिहै॥ ताशुक्तिके नहींसाक्षात्कारहुएभी तथा तारज तभ्रमकेउपादानकारणरूपअज्ञानकेविद्यमानहुएभी तारजतभ्रमकी विरोधीदंडादिकपदार्थकेज्ञानकारिकै निवृत्तिहोइजावैहै॥ तैसे स्वप्नभ्रमकेअधिष्ठानरूपब्रह्मचैतन्यके नहींसाक्षात्कारहुएभी विरोधी जाग्रत्ज्ञा नकरिकैतिनस्वप्नपदार्थोंकीनिवृत्ति बनिसकेहै॥ यातैं तिनस्वप्नपदार्थोंकी जाग्रत्विषे अनुवृत्ति होवैन हीं॥ यातैं तारजतभ्रमकीन्यांई सोस्वप्नभ्रमभी निरूपाधिकभ्रमही है॥॥ शंका॥ ॥ तास्वप्नभ्रमकूं जो निरुपाधिकभ्रम मानोंगे तौ ब्रह्मवेत्ताज्ञानीपुरुषोंकूं सोस्वप्नभ्रम नहींहोणाचाचाहिये॥ काहेतैं ति नस्वप्नपदार्थोंकाअधिष्ठान जोब्रह्मचैतन्यहै॥ ताब्रह्मकेसाक्षात्कारकारिकै तिनब्रह्मवेत्तापुरुषोंका सोस्वप्न भ्रमकाउपादानकारणरूपज्ञान निवृत्तहोइगयाहै॥ ॥ समाधान॥ ॥ ताब्रह्मसाक्षात्कारकारिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुएभी ताअज्ञानकेकार्यभूतअंतःकरणादिकोंकी प्रारब्धकर्मकेनाशपर्यंत निवृत्तिहोतीन हीं॥ और पूर्वउक्तरीतिसे तिनस्वप्नपदार्थोंका अंतःकरणही साक्षात्उपादानकारणहै॥ यातैं प्रारब्धके नाशपर्यंत तिनब्रह्मवेत्तापुरुषोंकूंभी सोस्वप्नभ्रम संभवैहै॥ जोकदाचित् ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै अज्ञान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कीनिवृत्तितैंअनंतर तत्त्ववेत्तापुरुषकूं स्वप्नभ्रम नहींमानोंगे तौ तिसतत्त्ववेत्तापुरुषकूं जाग्रत्अवस्था विषेभी शब्दादिकविषयोंकाअनुभव नहींहोणाचाहिये ॥ और जाग्रत्अवस्थाविषे सोतत्त्ववेत्तापुरुषका व्यवहार प्रत्यक्षप्रतीतहोवैहै ॥ यातैं तिसतत्त्ववेत्तापुरुषकूं सोस्वप्नभ्रमभी मान्याचाहिये ॥ परंतु सोत त्त्ववेत्तापुरुष अज्ञानीपुरुषकीन्यांई आपणेस्वरूपविषे कोईव्यवहार मानतानहीं इति ॥ तहां पूर्वनिरु पाधिक सोपाधिक इसभेदकरिकै दोप्रकारकाविपर्यय कह्याथा ॥ ताका अबपर्यंत निरूपणकऱ्या ॥ अब ताउक्तविपर्ययकाही अन्यप्रकारतैंविभाग कहेहैं ॥ सोपूर्वउक्त भ्रमरूपविपर्यय पुनःदोप्रकारकाहो वैहै ॥ एकतौ अंतःकरणकीवृत्तिरूप होवैहै ॥ दूसरा अविद्याकीवृत्तिरूप होवैहै ॥ तहां स्वप्नकेपदार्थों काज्ञान तथामनोराज्य तथानष्टहुएपुत्रादिकोंकाप्रत्यक्ष इत्यादिकभ्रमतौ अंतःकरणकीवृत्तिरूप होवैहै॥ और शुक्तिविषेरजतकाज्ञान तथारज्जुविषेसर्पकाज्ञान इत्यादिकभ्रम अविद्याकीवृत्तिरूप होवैहै ॥ इस प्रकार पूर्वउक्तसंशयभी अविद्याकीवृत्तिरूपही होवैहै इति ॥ इतनैंपर्यंत विपर्ययकानिरूपणक ऱ्या ॥ अब ताविपर्ययकेनिवृत्तिकाउपाय वर्णनकरेहैं ॥ तहां पूर्वउक्त अहंअज्ञः इत्यादिक निरुपाधि क विपर्ययतौ निदिध्यासनकरिकै निवृत्तहोवैहै॥ और सोपाधिकविपर्ययतौ तिसतिसउपाधिकीनिवृत्ति त निवृत्तहोवैहै ॥ तहां पूर्वउक्त विपरीतभावनारूपविपर्ययकानिवर्त्तक जो निदिध्यासनहै ॥ ताकास्व रूप पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं ॥ सो इहांभी जानिलेणा ॥ सोनिदिध्यासन शारीर कमीमांसाके तृतीयअध्यायकेपठनकरिकै सिद्धहोवैहै ॥ इसप्रकार श्रवणकरिकै प्रमाणगतअसंभावना केनिवृत्तहुए ॥ तथा मननकरिकै प्रमेयगतअसंभावनाकेनिवृत्तहुए तथा निदिध्यासनकरिकै विपरी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तभावनाकेनिवृत्तहुए इसअधिकारीपुरुषकूं तत्त्वमसिआदिकवाक्यतैं 'अहंब्रह्मास्मि' याप्रकारकाअप
रोक्षज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ ताअपरोक्षज्ञानतैं अज्ञानकीनिवृत्तिपूर्वक परमानंदकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ॥
शंका ॥ ॥ श्रवणमननानिदिध्यासनकूंकरतेहुएभी कितनैंकपुरुषोंकूं सोब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोतान
हीं ॥ याकेविषे क्याकारणहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताआत्मज्ञानकीउत्पत्तिविषे जैसे सापूर्वउक्त
असंभावना तथाविपरीतभावना प्रतिबंध होवैहै ॥ तैसे भूत १ भावी २ वर्त्तमान ३ यहतीनप्रकारका
दूसराभी प्रतिबंध होवैहै ॥ सोप्रतिबंध जिनपुरुषोंविषे विद्यमानहोवैहै ॥ तिनपुरुषोंकूं श्रवणादिकोंके
करतेहुएभी सोआत्मज्ञान उत्पन्नहोतानहीं ॥ और जिनपुरुषोंकूं सोप्रतिबंध नहींहोवैहै ॥ तिनपुरुषों
कूं विचारकऱ्येहुएतत्त्वमसिवाक्यतैं सोब्रह्मसाक्षात्कार अवश्यहोवैहै ॥ यहवार्त्ता श्रीव्यासभगवान्नैंभी
ब्रह्मसूत्रोंविषेकहीहै ॥ तहांसूत्र ॥ 'ऐहिकमप्यप्रस्तुतप्रतिबंधेतद्दर्शनात् ' अर्थयह ॥ फलदेणेवासतै स
न्मुखभयाजोकर्मविशेषहै ताकानाम प्रस्तुतप्रतिबंधहै ॥ अथवा ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिकाविरोधी जा
वासनाविशेषहै ताकानाम प्रस्तुतप्रतिबंधहै ॥ ऐसेप्रस्तुतप्रतिबंधकेअभावहुए इसपुरुषकूं श्रवणमनना
दिकोंतैं इसीजन्मविषे ब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै ॥ और ताप्रस्तुतप्रतिबंधकेविद्यमानहुए इसपुरुषकूं जन्मां
तरविषेभी सोब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै ॥ जैसे वामदेवादिकोंकूंहुआहै इति ॥ तहां प्रतिबंधयुक्तपुरुषकूं आ
त्माकीदुर्विज्ञेयता श्रुतिस्मृतिनैंभी कथनकरीहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' श्रवणायापिबहुभिर्योनलभ्यःशृंण्वंतो
पिबहवोयंनाविद्युः ' अर्थयह ॥ यहआत्मा बहुतपुरुषोंकूंतौ श्रवणवासतैभी प्राप्तहोतानहीं ॥ और बहु
तपुरुषतौ इसआत्माकूं श्रवणकरतेहुएभी किसीप्रतिबंधकेवशतैं साक्षात्कारकरिसकतेनहीं इति ॥ इसी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थकूं 'आश्चर्यवच्चैनमन्यःशृणोति श्रुत्वाप्येनंवेदनचैवकश्चित्' इत्यादिकस्मृतिवचनभी कथनकरेहैं इति ॥ अब भूत १ भावी २ वर्त्तमान ३ इनतीनप्रतिबंधोंकास्वरूप तथाताकोनिवृत्तिकाउपाय वर्णन करेहैं ॥ तहां पूर्वअनुभवकऱ्या जोकोईप्रियविषयहै तिसकेदृढसंस्कारकेवशतैं ब्रह्मचिंतनकालविषे जो ताविषयका पुनःपुनःस्मरणहै ताकानाम भूतप्रतिबंधहै ॥ सोभूतप्रतिबंध ताविषयउपहितब्रह्मकेचिंतन करिकै निवृत्तहोवैहै ॥ जैसे किसीसंन्यासीकूं पूर्वगृहस्थआश्रमविषे अनुभवकऱ्येहुए महिषीआदिकप दार्थकेपुनःपुनःस्मरणकरिकै जभी श्रवणकरतेहुएभी तत्त्वज्ञान नहींउत्पन्नभया ॥ तभी गुरुनैं ताभूतप्र तिबंधकीनिवृत्तिकरणेवासतै तासंन्यासीकेप्रति तामहिषीउपहितब्रह्मकेचिंतनका उपदेशकऱ्या ॥ ता चिंतनकरिकै तासंन्यासीका सोभूतप्रतिबंध निवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर तासंन्यासीकूं श्रवणा दिकोंतैं आत्मज्ञान होताभया ॥ याप्रकारकोगाथा लोकपरंपरातैंसिद्धहै इति ॥ और दूसरा भावीप्र तिबंधतौ प्रारब्धकर्मकाशेष १ तथाब्रह्मलोककीइच्छा २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ ताभावीप्र तिबंधकेविद्यमानहुए इसपुरुषकूं श्रवणादिकोंकेकरतेहुएभी सोआत्मज्ञान उत्पन्नहोतानहीं ॥ ॥ शं का ॥ ॥ प्रारब्धकर्मकूं जोज्ञानकाप्रतिबंधक मानोंगे ॥ तौ किसीभीपुरुषकूं सोब्रह्मसाक्षात्कार नहीं होवैगा ॥ जिसकारणतैं शरीरकीस्थितिपर्यंत सोप्रारब्धकर्म नाशहोतानहीं ॥ और ताप्रारब्धकर्मरूप प्रतिबंधकेवशतैं जभी किसीकूंभी सोब्रह्मसाक्षात्कार नहींभया ॥ तभी ताब्रह्मसाक्षात्कारके श्रवणादि असाधनोंकूंविधानकरणेहारे 'आत्मावाअरेश्रोतव्योमंतव्योनिदिध्यासितव्यः' इत्यादिकश्रुतिवचन अप्रमाणहोवैंगे ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सो प्रारब्धकर्म दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ फलाभिसंधिकृत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रारब्ध होवैहै ॥ दूसरा केवलप्रारब्ध होवैहै ॥ तहां इसकर्मकरिकै हमारेकूं स्वर्गरूपफलकीप्राप्तिहोवैहै याप्रकारकीजाफलकीइच्छाहै ताकानाम फलाभिसंधिहै ॥ ताफलाभिसंधिकरिकैकऱ्याजोकर्महै ताका नाम फलाभिसंधिकृतहै ॥ और ताफलाभिसंधितैंविना कऱ्याजोकर्महै ताकानाम केवलप्रारब्धहै ॥ तहां फलाभिसंधिकृतप्रारब्धकर्मकातौ ताफलकेभोगकरिकैही नाशहोवैहै ॥ अन्यकिसीउपायकरिकै नाशहोतानहीं ॥ तिसफलाधिसंधिकृतकर्मकेविद्यमानहुए इसपुरुषकूं श्रवणादिकोंकेकरतेहुएभी सोब्रह्म साक्षात्कार उत्पन्नहोतानहीं ॥ काहेतैं इच्छाघटितसामग्री सर्वत्र प्रबलहीहोवैहै ॥ जैसे लोकविषे दोव स्तुकेज्ञानकीसामग्रीकेविद्यमानहुएभी इसपुरुषकूं जिसवस्तुकेज्ञानकीइच्छाहोवैहै तिसीवस्तुका प्रथम ज्ञानहोवैहै ॥ अन्यवस्तुकाज्ञान होतानहीं ॥ यातैं ताफलइच्छासहितप्रारब्धकर्मकूं प्रबलहोणैतैं ताके विद्यमानहुए इसपुरुषकूं श्रवणादिकोंकेकरतेहुएभी सोब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोवैनहीं ॥ किंतु ताफला भिसंधिकृतप्रारब्धकर्मकेफलभोगतैंअनंतरही इसपुरुषकूं सोब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोवैहै ॥अब ताफला भिसंधिकृतकर्मकीप्रबलताविषे श्रुतिप्रमाणभीकहेहैं ॥ 'सयथाकामोभवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भव ति तत्कर्मकुरुते यत्कर्मकुरुते तदाभिसंपद्यते' अर्थयह ॥ यहपुरुष जिसजिसफलकीकामनावालाहो वैहै ॥ तिसतिसफलकेअनुकूलकर्मकेसंकल्पवालाहोवैहै ॥ और जिसजिसकर्मकेसंकल्पवालाहोवैहै ॥ तिसतिसकर्मकूंकरैहै ॥ और जिसजिसकर्मकूंकरैहै तिसतिसकर्मकेअनुसार तिसतिसस्वर्गादिरूपफ लकूंप्राप्तहोवैहै इति इसप्रकारका फलाभिसंधिकृतप्रारब्धकर्मही भावीप्रतिबंध कह्याजावैहै ॥ और दू सराजो फलकीइच्छातैंरहित केवलप्रारब्धकर्महै ॥ सोभी पुण्य १ पाप २ इसभेदकरिकै दोप्रकारका

॥१५९॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होवैहै ॥ जिनदोनोंविषे केवलपुण्यप्रारब्धतौ पापकीनिवृत्तिद्वारा इसपुरुषके तत्त्वज्ञानकाहीहेतुहोवैहै॥ तहांश्रुतिस्मृति ॥ 'धर्मेणपापमपनुदति । ज्ञानमुत्पद्यतेपुंसांक्षयात्पापस्यकर्मणः । कषायेकर्मभिःपक्वेत तोज्ञानंप्रवर्त्तते ' अर्थयह ॥ यहपुरुष धर्मकरिकै पापकूंनिवृत्तकरै ॥ और इनअधिकारीपुरुषोंकूं पाप कर्मकेनाशतैंही आत्मज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ और पुण्यकर्मोंकरिकै पापादिकोंकेनिवृत्तहुएतैंअनंतर इस पुरुषकूं ताशुद्धअंतःकरणविषे आत्मज्ञान उत्पन्नहोवैहै इति ॥ इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचनोंकरिकै ताकेव लपुण्यप्रारब्धकूं पापकीनिवृत्तिद्वारा आत्मज्ञानकीकारणता सिद्धहोवैहै ॥ और दूसरा जोपापप्रारब्ध है सोतौ फलाभिसंधिकृतहोवै ॥ अथवा ताफलाभिसंधितैंरहित केवलहोवै दोनोंप्रकारका सोपापप्रार ब्ध आत्मज्ञानका प्रतिबंधकहीहोवैहै ॥ तहां सोपापप्रारब्ध किसीप्रबलपुण्यकर्मकरिकै तिरोभावकूंप्राप्त हुआ निवृत्तहोवैहै अन्यथा ज्ञानकेउत्पत्तिका प्रतिबंध करैहै ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ सोप्रारब्धशेष रूपभावीप्रतिबंध जबपर्यंत फलभोगकरिकैनिवृत्तनहींहोता ॥ तबपर्यंत श्रवणादिकोंकेकरतेहुएभी इस पुरुषकूं आत्मज्ञान उत्पन्नहोतानहीं ॥ और जभीफलकेभोगकरिकै सोभावीप्रतिबंध निवृत्तहोवै है ॥ त भी इसपुरुषकूं तिनश्रवणादिकसाधनोंकरिकै सोआत्मज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं ताआत्मसाक्षात्कारवा सतै तिनश्रवणादिकसाधनोंकाविधानकरणेहारीश्रुतिकूंभी अप्रमाणता होवैनहीं इति ॥ ॥ शंका॥ ॥ यहउक्तभावीप्रतिबंध कितनेकालपीछे निवृत्तहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ इसभावीप्रतिबंध कीनिवृत्तिविषे कालकानियम नहीं है ॥ किंतु किसीकातौ एकजन्मकरिकैभी सोप्रतिबंध निवृत्तहोवै है ॥ और किसीका दोतीनजन्मोंकरिकैभी निवृत्तहोवैहै ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क ॥ 'आगामिप्रतिबंधोहि वामदेवेसमीरितः । एकेनजन्मनाक्षीणो भरतस्यत्रिजन्मभिः' अर्थयह ॥ सोपूर्वउक्त प्रारब्धशेषरूपभावी प्रतिबंध वामदेवविषे तथा भरतविषे होताभयाहै ॥ तहां वामदेवकातौ सोप्रतिबंध एकजन्मकरिकै निवृत्तहोताभयाहै॥ और भरतका तीनजन्मोंकरिकै निवृत्तहोताभयाहै॥यातैं ताभावीप्रतिबंधकीनिवृत्तिविषे कोई कालकानियम नहीं है ॥ सोवामदेवकावृत्तांत आत्मपुराणकेप्रथम अध्यायविषे विस्तारतैंकथनकऱ्याहै इति॥तहां पूर्व प्रारब्धशेष ब्रह्मलोककी इच्छा यहदोप्रकारका भावी प्रतिबंध कह्याथा ताकेविषे प्रारब्धशेषरूपप्रथमप्रतिबंधका अबपर्यंत निरूपणाकऱ्या ॥ अब ब्रह्मलोक कीइच्छारूप दूसरेभावीप्रतिबंधका निरूपणकरेहैं ॥ जिसपुरुषकूं मनविषे ब्रह्मलोककेप्राप्तिकीइच्छाहै ॥ सोपुरुष श्रवणादिकोंकूंकरताहुआभी आत्मज्ञानकूं प्राप्तहोतानहीं ॥ यातैं साब्रह्मलोककी इच्छाभी ता आत्मज्ञानकीउत्पात्तिविषे भावीप्रतिबंधहै ॥ यहवार्त्ता श्रीविद्यारण्यस्वामीनैंभी कहीहै तहांश्लोक ॥ 'ब्रह्मलोकाभिवांछायां सम्यक्सत्यांनिरुध्यताम् । विचारयेद्यआत्मानं नतुसाक्षात्करोत्ययम्' अर्थयह ॥ जिसपुरुषकूं ब्रह्मलोककेप्राप्तिकी अत्यंतउत्कटइच्छाहै ॥ सोपुरुष ताइच्छाकूंरोकिकै श्रवणादिकोंकूं करताहुआभी आत्माकूंसाक्षात्कार करतानहीं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ब्रह्मलोककेप्राप्तिकासाधनरूप जेउपासनाहै ॥ तेउपासनाभी तिसपुरुषनैं करीनहीं॥ जिसकरिकै ब्रह्मलोककूंजावै ॥ और जेश्रवणादि क तिसपुरुषनैं कऱ्येहैं॥ तिनश्रवणादिकोंतैं तिसपुरुषकूं ताइच्छारूपप्रतिबंधकेवशतैं आत्मज्ञानकीभी प्राप्तिहुईनहीं ॥ यातैं सोपुरुष दोनोंफलोंतैंभ्रष्टहुआ अधःपतनही होवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोपुरुष मरणतैंअनंतर तिनश्रवणादिकोंकेप्रभावतैं ब्रह्मलोकविषेजाइकै तहां निर्गुणब्रह्मकूं'अहंब्रह्मास्मि'

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

याप्रकार साक्षात्कार करेहै ॥ तासाक्षात्कारतैं तहां विदेहकैवल्यरूपमोक्षकूं प्राप्तहोवैहै ॥ यहवार्त्ता श्रु
तिविषेभी कथनकरीहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' वेदांतविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयःशुद्धसत्वाःतेब्र
ह्मलोकेषुपरांतकाले परामृतात्परिमुच्यंतिसर्वे ' अर्थयह ॥ वेदांतकेश्रवणजन्यज्ञानकरिकै भलीप्रकारतैं
निश्चयकऱ्याहै अद्वितीयब्रह्मरूपअर्थ जिनोंनैं ॥ तथा श्रुतिस्मृतिविहितसर्वकर्मोंकेत्यागपूर्वक ज्ञाना
भ्यासरूपयोगतैं शुद्धहुआहैअंतःकरण जिनोंका ऐसेजेसंन्यासीहैं ॥ तेसंन्यासी किसीप्रतिबंधकेवश
तैं इहां ब्रह्मसाक्षात्कारकेनहींउत्पन्नहुएभी तिनश्रणादिकोंकेप्रभावतैं ब्रह्मलोकविषेजाइकै तहां निर्गुण
ब्रह्मकूं साक्षात्कारकरेहैं ॥ और ताब्रह्मलोककेअधिपतिहिरण्यगर्भकेअंतकालविषे तेसंन्यासी ताउत्पन्नहु
एब्रह्मसाक्षात्कारतैं विदेहकैवल्यरूपमोक्षकूं प्राप्तहोवैहैं इति ॥ यहउक्तअर्थही ' ब्रह्मणासहतेसर्वे संप्राप्ते
प्रतिसंचरे । परस्यांतेकृतात्मानः प्रविशंतिपरंपदम् ' इसस्मृतिविषेभी कथनकऱ्याहै ॥ तथा यहउक्तअर्थ
ही ' नहिकल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिंतातगच्छति ' इत्यादिकवचनोंकरिकै श्रीभगवान्नैं गीताविषेभी कथ
नकऱ्याहै ॥ यातैं तिसपुरुषके तेश्रवणादिक निष्फलनहींहै ॥ किंतु ब्रह्मलोककीप्राप्तिद्वारा आत्मज्ञानकी
उत्पत्तिकरिकै मोक्षकेहीसाधनहोवैहैं इति ॥ अब तीसरे वर्त्तमानप्रतिबंधकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां सोवर्त्त
मानप्रतिबंध विषयासक्ति १ बुद्धिमंदता २ कुतर्क ३ विपर्ययदुराग्रह ४ इसभेदकरिकै चारिप्रकारकाहो
वैहै ॥ तहां शब्दस्पर्शादिकविषयोंविषेजोरागहै ताकानाम विषयासक्तिहै ॥ और श्रवणकऱ्येहुएअर्थके
ग्रहणकरणेविषे तथाधारणकरणेविषे जोबुद्धिकीअकुशलताहै ताकानाम बुद्धिमंदताहै ॥ और श्रुतितैं
विरोधी जेतर्कहैं तिनोंकानाम कुतर्कहै ॥ और वास्तवतैंअकर्त्ताअभोक्ताआत्माके कर्त्ताभोक्तापणेविषे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोदुराग्रहहै अर्थात् आत्मा कर्त्ताभोक्ताही है याप्रकारका जोअभिमानहै ताकानाम विपर्ययदुराग्रहहै ॥ इनचारोंप्रतिबंधोंविषे कोईभीप्रतिबंधकेविद्यमानहुए इसपुरुषकूं श्रवणादिकोंकेकरतेहुएभी सोआत्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोतानहीं ॥ यातैं तेचारों ताआत्मज्ञानके वर्त्तमानप्रतिबंध कह्येजावैं ॥ इनप्रतिबंधोंकीहै जभीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तभीही इसपुरुषकूं तिनश्रवणादिकोंकरिकै सोआत्मज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ यातैं अब तिनचारिप्रतिबंधोंकेनिवृत्तिकाउपाय कथनकरे हैं ॥ तहां शमदमादिकोंकरिकैतौ विषयासक्तिरूपप्रतिबंधकी निवृत्तिहोवैहै ॥ और वेदांतकेश्रवणकरिकै बुद्धिमंदतारूपप्रतिबंधकी निवृत्तिहोवैहै ॥ और मननकरिकै कुतर्करूपप्रतिबंधकी निवृत्तिहोवैहै॥ और ॥ निदिध्यासनकरिकै विपर्ययदुराग्रहरूपप्रतिबंधकी निवृत्तिहोवैहै ॥ यहउक्तसर्वअर्थ श्रीविद्यारण्यस्वामीनैं ' प्रतिबंधोवर्त्तमानो विषयासक्तिलक्षणः । प्रज्ञामाद्यंकुतर्कश्चविपर्ययदुराग्रहः ॥ शमाद्यैःश्रवणाद्यैर्वा तत्रतत्रोचितैःक्षयं नीतेऽस्मिन्प्रतिबंधेतु स्वस्य ब्रह्मत्वमश्नुते ' इनदोश्लोकोंकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ तहां श्रवण मनन निदिध्यासन इनतीनोंकास्वरूप पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं ॥ सो इहांभीजानिलेणा ॥ अब शमदमादिकोंकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ तहां शम १ दम २ उपराति ३ तितिक्षा ४ श्रद्धा ५ समाधान ६ यह शमादिषट्संपत्ति कहीजावैहैं ॥ तहां जैसे श्रवण मनन निदिध्यासन यहतीनों ताउक्तप्रतिबंधकीनिवृत्तिद्वारा आत्मज्ञानकीउत्पत्तिविषे अंतरंगसाधनहैं ॥ तैसे यहशमादिषट्संपत्तिभी ताउक्तप्रतिबंधकीनिवृत्तिद्वारा अंतरंगसाधनहीं है ॥ तहां अंतरमनका जोविषयचिंतनतैंनिग्रहहै ताकानाम शमहै ॥ और श्रोत्रादिकबाह्य इंद्रियोंका जोशब्दादिकविषयोंतैंनिग्रहहै ताकानाम दमहै ॥ और विधिपूर्वक सर्वकर्मोंकाजोसंन्यास

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ताकानाम उपरतिहै ॥ और शीतउष्ण सुखदुःख मानअपमान निंदास्तुति. इत्यादिकद्वंद्वधर्मोंकाजो सहनेहै ताकानाम तितिक्षाहै ॥ और गुरुवेदांतवचनोंविषे जोविश्वासहै ताकानाम श्रद्धाहै ॥ और श्रवणादिकोंकेकरणेविषे जोचित्तकीएकाग्रताहै ताकानाम समाधानहै ॥ तहां विजातीयवृत्तियोंका तिरस्कारकरिकै जोलक्ष्यवस्तुगोचर सजातीयवृत्तियोंकाप्रवाहहै यहहीताचित्तकीएकाग्रता जानणी ॥ किंवा इसशमादिषट्संपत्तिविषे आत्मज्ञानकीअंतरंगसाधनता श्रुतिनैंभी कथनकरीहै ॥ तहां श्रुति 'शांतोदांतउपरतस्तितिक्षुःसमाहितोभूत्वाऽऽत्मन्येवात्मानंपश्यति' अर्थयह ॥ शम दम उपरति तितिक्षा श्रद्धा समाधान इसषट्संपत्तिवालापुरुष आपणेअंतःकरणविषे आत्माकूं साक्षात्कारकरेहै इति ॥ इसीउक्तअर्थकूं श्रीव्यासभगवान्नैंभी 'शमदमाद्युपेतःस्यात्' इत्यादिकसूत्रकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ यातैं श्रवणादिकोंकीन्यांई ताशमादिषट्संपत्तिविषे आत्मज्ञानकीअंतरंगसाधनता संभवैहै इति ॥ अब ताआत्मज्ञानकेबहिरंगसाधनोंकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां स्वर्गादिकफलकी इच्छातैंरहितहोइकै कऱ्येजेयज्ञदानादिककर्महैं ॥ तेयज्ञदानादिककर्म ताआत्मज्ञानके बहिरंगसाधनहैं ॥ काहेतैं निष्कामयज्ञदानादिककर्मोंकरिकै इसपुरुषके अंतःकरणकीशुद्धिहोवैहै ॥ ताशुद्धअंतःकरणविषे आत्माकेजाननेकीइच्छारूप विविदिषा उत्पन्नहोवैहै ॥ ताविविदिषातैंअनंतर श्रवणादिकोंकरिकै इसपुरुषकूं आत्मसाक्षात्कार होवैहै ॥ इसप्रकारकी परंपराकरिकै तिनयज्ञदानादिककर्मोंकूंभी ताआत्मज्ञानकोसाधनताहै ॥ यातैं तिनयज्ञदानादिकोंविषे आत्मज्ञानकीबहिरंगसाधनता संभवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'तमेतंवेदानुवचनेनब्राह्मणाविविदिषंतियज्ञेनदानेनतपसानाशकेन' अर्थयह ॥ अधिकारीब्राह्मण इसआत्माकूं वेदानुवचनकरिकै तथायज्ञ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करिकै तथादानकरिकै जानणेकीइच्छाकरे हैं ॥ तहां इसश्रुतिविषे वेदानुवचन इसशब्द करिकै वेदकेअध्ययनका ग्रहणकरणा ॥ और यज्ञशब्दकरिकै अग्निहोत्रादिकयज्ञोंका ग्रहणकरणा ॥ और दानशब्दकरिकै तायज्ञतैंबाह्यदानका ग्रहणकरणा ॥ और हितकारी तथापरिमित तथापवित्र ऐसे अन्नकाजोभोजनहै ताकानाम तपहै ॥ इसीकारणतैं श्रुतिविषे तिसउक्ततपका अनाशक यहविशेषण कथनकऱ्याहै ॥ तहां जोतप शरीरकेनाशकाहेतु नहींहोवै सोतप अनाशक कह्याजावैहै ॥ इहां कैए कग्रंथकारतौ ' तपसानाशकेन ' इसउक्तश्रुतिवचनविषे ' अनाशकेन ' इसप्रकारका पदच्छेद नहींकरते ॥ किंतु ' नाशकेन ' इसप्रकारका पदच्छेदकरिकै तावचनका यहअर्थ करेहैं ॥ शरीरकेनाशकाहेतु जो अनशनव्रतहै ॥ तथा श्रीगंगायमुनाकेसंगमरूपप्रयागविषे जो बुद्धिपूर्वक शरीरकात्यागहै ॥ तथा शरीरकूंक्षीणकरणेहारे जे कृच्छ्रचांद्रायणादिकव्रतहैं ॥ तिनोंकानाम तपहै ॥ याकारणतैंही ' तपोनानशनात्परम् ' यहश्रुति अनशनव्रतकूं सर्वतपोंतैउत्कृष्टतप कहेहै ॥ और प्रयागविषे बुद्धिपूर्वक शरीरकेत्यागकरणेहारेपुरुषकूं विविदिषाद्वारा ब्रह्मसाक्षात्कारकीप्राप्ति श्रुतिस्मृतिइतिहासपुराणोंविषे कथनकरी है ॥ यातैं ताश्रुतिविषेस्थित तपशब्दकरिकै ताअनशनादिरूपतपकाही ग्रहणकरणा इति ॥ इहां कैए कग्रंथकारतौ ऐसाकहेहैं ॥ प्रयागादिकोंविषे बुद्धिपूर्वकमरण जो शास्त्रोंमें कह्याहै सोयथार्थहै ॥ परंतु इसकलियुगतैंभिन्न त्रेतादिकयुगोंविषे सोमरण कथनकऱ्याहै ॥ इसकलियुगविषेतौ सोबुद्धिपूर्वकमरण सर्वप्रकारतैं निषिद्धहीहै ॥ और तिसमरणविधायकवचनोंकी जोयुगभेदतैंव्यवस्था नहींकरिये तौ भी तेवचन ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इनतीनवर्णोंतैंभिन्न शूद्रादिकोंकेमरणका विधानकरेहैं ॥ त्रैवर्णिकपुरु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

षोंकेमरणका विधानकरतेनहीं ॥ याकारणतैंही धर्मशास्त्रविषे ब्राह्मणादिकोंकूं मरणांतिकप्रायश्चित्तका निषेधकऱ्याहै इति ॥ तहां पूर्वउक्तश्रुतिविषे कथनकऱ्येजे वेदाध्ययन यज्ञ दान तपरूपकर्महैं ॥ तेसर्व समुच्चितहुए तावित्रिविदिषाकेसाधनहोवैहैं ॥ इसप्रकार कैएकग्रंथकार मानेहैं ॥ और कैएकग्रंथकारतौ तिनयज्ञादिककर्मोंकूं विकल्पकरिकै तावित्रिविदिषाकाहेतु मानेहैं ॥ अर्थात् वेदाध्ययनरूपकर्मकरिकैभी सा विविदिषाहोवैहै ॥ तथा यज्ञदानादिरूपकर्मकरिकैभी साविविदिषाहोवैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्व उक्तयज्ञदानादिककर्मोंकूं साक्षात्ही मुक्तिकासाधनपणा संभवैहै ॥ यातैं तिनकर्मोंकूं विविदिषाकाहेतुपणाकहणा असंगतहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अविद्याकीजानिवृत्तिहै अथवा ब्रह्मभावकीजाप्राप्ति है ताकानाम मुक्तिहै ॥ सामुक्ति केवल आत्मज्ञानकरिकैही संभवेहै ॥ कर्मकरिकै सामुक्ति संभव तीनहीं ॥ काहेतैं रजतभ्रमकाकारणरूप जोशुक्तिकाअज्ञानहै ॥ ताअज्ञानकीनिवृत्ति ताशुक्तिरूपअधिष्ठानकेसाक्षात्कारतैंही होवैहै ॥ अन्यकिसीउपायतैं होवैनहीं ॥ और ब्रह्मात्मभावरूपमोक्षतौ अनादिहै ॥ यातैं तामोक्षकूंभी कर्मकरिकैसाध्यपणा संभवतानहीं ॥ यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'भ्रांत्याप्रतीतःसंसारो विवेकान्नतुकर्मभिः । नरज्ज्वारोपितःसर्पो घंटाघोषान्निवर्त्तते' अर्थ यह ॥ जैसे भ्रांतिकरिकै रज्जुविषेआरोपणकऱ्याजोसर्प है ॥ सोसर्प तारज्जुरूपअधिष्ठानकेज्ञानतैंही निवृत्तहोवै है ॥ घंटाघोषमंत्रादिकोंतैं निवृत्तहोतानहीं ॥ तैसे आत्माविषे भ्रांतिकरिकैआरोपित जोसंसारहै ॥ सोसंसार ताअधिष्ठानआत्माकेसाक्षात्काररूपविवेकतैंही निवृत्तहोवैहै कर्मोंकरिकै सोसंसारनिवृत्तहोतानहीं इति ॥ किंवा 'नकर्मणानप्रजयानधनेनत्यागेनैकेऽमृतत्वमानशुः । नास्त्यकृतःकृते

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

न' इत्यादिकश्रुतियोंनैं कर्मोंकूं साक्षात्मोक्षकीसाधनताका निषेधकऱ्याहै ॥ और 'ज्ञानादेवतुकैवल्यं । नान्यःपंथाविद्यतेऽयनाय' इत्यादिकश्रुतियोंनैं आत्मज्ञानकूंही साक्षात्मोक्षकासाधन कह्याहै ॥ याकारणतैंभी तिनकर्मोंकूं साक्षात्मोक्षकीसाधनता संभवतीनहीं ॥ किंतु पूर्वउक्तरीतिसे तिनकर्मोंकूं अंतःकरणकीशुद्धिद्वारा विविदिषाकाहीहेतुपणा संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्वउक्तश्रुतिविषेकथन कऱ्येहुए यज्ञादिककर्मोंकूं ताविविदिषाकाहेतुपणारहो ॥ तथापि तयज्ञादिककर्म नित्य नैमित्तिक काम्य प्रायश्चित्त इस भेदकरिकै चारिप्रकारकेहोवै हैं ॥ तेचारोंप्रकारकेयज्ञादिककर्म ताविविदिषाकेहेतु होवैहैं ॥ अथवा केवल नित्यकर्महीं ताविविदिषाकेहेतुहोवैहैं ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए ॥ तहां कैएकग्रंथकारतौ ऐसाकहेहैं ॥ ताउक्तश्रुतिविषे विविदिषाकाहेतुरूपकरिकै केवल यज्ञदानादिककर्ममात्र कथनकरे हैं ॥ तिनकर्मोंविषे नित्यरूपता वा नैमित्तिकादिरूपता ताश्रुतिनैं कहीनहीं ॥ यातैं फलकीइच्छातैंरहितहोइकैकऱ्येहुएनित्य नैमित्तिककाम्य प्रायश्चित्तरूप सर्वयज्ञादिककर्म अंतःकरणकी शुद्धिद्वारा ताविविदिषाकेहेतुहोवैहैं ॥ और सगुणब्रह्मकीउपासनातौ चित्तकीएकाग्रताका हेतुहोवैहै इति ॥ और आचार्यतौ ऐसाकहे हैं ॥ 'काम्यानांकर्मणांन्यासंसंन्यासंकवयोविदुः' इत्यादिकस्मृतिनैं काम्यकर्मोंके अनुष्ठानकानिषेधकरिकै फलकीइच्छातैंरहित अग्निहोत्रादिकनित्यकर्मोंकेअनुष्ठानका विधानकऱ्याहै ॥ यातैं ताउक्तश्रुतिनैंभी निष्कामअग्निहोत्रादिकनित्यकर्महीं ताविविदिषाकाहेतुरूपकरिकैविधानकऱ्ये हैं ॥ नैमित्तिककाम्यप्रायश्चितरूपकर्म विधानकऱ्येनहीं इति ॥ तहां तिनयज्ञादिककर्मोंविषे आत्मज्ञानकी बहिरंगसाधनता श्रीव्यासभगवान्नैभी ब्रह्मसूत्रोंविषे कहीहै ॥ तहांसूत्र ॥ 'सर्वापेक्षायज्ञादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रुतेरश्ववत्' अर्थयह ॥ ब्रह्मविद्याकूं आपणीउत्पत्तिविषे तिनयज्ञादिकर्मोंकी अपेक्षाहोवैहै ॥ जि सकारणतैं सापूर्वउक्तश्रुति ब्रह्मविद्याकीउत्पत्तिविषे तिनयज्ञादिककर्मोंकूंसाधनता कथनकरेहै परंतु साब्रह्मविद्या मोक्षरूपफलकीउत्पत्तिविषे तिनयज्ञादिककर्मोंकीअपेक्षा करतीनहीं ॥ जिसकारणतैं ता मोक्षरूपफलविषे तिनकर्मोंकीयोग्यताहीनहीं है और जिसपदार्थकी जहां योग्यताहोवैहै ॥ तिसप दार्थकीही तहांअपेक्षाहोवैहै ॥ जैसे अश्वकी हलकेआकर्षणकरणेविषे योग्यताहोतीनहीं ॥ किंतु रथ केआकर्षणकरणेविषेही योग्यताहोवैहै ॥ यातैंसोअश्व रथविषेही जोड्याजावैहै ॥ ताहलविषे जोड्या जातानहीं ॥ तैसे तिनयज्ञादिककर्मोंकूं तामोक्षकेउत्पत्तिकरणेकी योग्यतानहीं है ॥ किंतु चित्तकीशुद्धि द्वारा विविदिषाकूंउत्पन्नकरिकै ताब्रह्मविद्योकउत्पत्तिकरणेकीही योग्यताहै ॥ यातैं तिनयज्ञदानादिक कर्मोंकूं आत्मज्ञानकीबहिरंगसाधनता संभवैहै इति ॥ इसप्रकार अंतरंगबहिरंगसाधनोंकरिकै सर्वप्रति बंधोंतैंरहितहुएपुरुषका मननानिदिध्यासनकरिकैसंस्कृत जोचित्तरूपदर्पणहै ॥ ताशुद्धचित्तसहकृत जो विचारकर्‍याहुआ तत्त्वमसिआदिक महावाक्यहै ॥ तामहावाक्यतैंउत्पन्नहुआजो अहंब्रह्मास्मि याप्रका रका अप्रतिबद्धसाक्षात्कारहै ॥ ताआत्मसाक्षात्कारकरिकै इसअधिकारीपुरुषका अज्ञान नाशहोइजा वैहै ॥ और पूर्वअनेकजन्मोंविषेसंपादनकर्‍येजे पुण्यपापरूपकर्म हैं ॥ तेसंचितकर्मभी ताआत्मज्ञानक रिकै नाशहोइजावै है ॥ और ताआत्मज्ञानतैंअनंतरकर्‍येजे आगामिकर्महैं ॥ तिनआगामिकर्मोंकातौ इसविद्वान्पुरुषकूं ताआत्मज्ञानकेप्रभावतैं स्पर्शहीनहींहोता ॥ और प्रारब्धकर्मनैं प्राप्तकर्‍येजे अन्नपा नादिकविषयहैं ॥ तिनविषयोंकूंअनुभवकरताहुआ यहविद्वान्पुरुष अखंडएकरससच्चिदानंदब्रह्मात्मरूप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करिकै स्थितहोवैहै ॥ यहही आत्मज्ञानका मोक्षरूपफलहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुएतैंअनंतर विद्वान्पुरुषकूं तुमनैं विषयोंकाअनुभव कह्या ॥ सो संभवतानहीं॥काहेतैं ताविषयानुभवकाकारण जोदेहाभिमानहै सो ताविद्वान्पुरुषविषे हैनहीं ॥ और जोऐसाकहो ॥ तादेहाभिमानतैंविनाही प्रारब्धकर्मकेवशतैं ताविद्वान्पुरुषकूं सोविषयानुभव संभवैहै॥ सोयह तुमाराकहणा भी संभवतानहीं ॥ काहेतैं लोकविषे तादेहाभिमानकूंही अन्वयव्यतिरेककरिकै ताविषयानुभवकीकारणता सिद्धहै॥ तहां जाग्रत्स्वप्नविषे तादेहाभिमानकेविद्यमानहुए सोविषयानुभव होवैहै ॥ और सुषुप्ति अवस्थाविषे तादेहाभिमानकेअभावहुए सोविषयानुभव होतानहीं ॥ इसप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै तादेहाभिमानकूंही ताविषयानुभवकेप्रति कारणतासिद्धहोवै है ॥ तादेहाभिमानकेअभावहुए केवलप्रारब्धकर्मकेवशतैं ज्ञानवान्पुरुषकूं सोविषयानुभव संभवतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥ सोप्रारब्धकर्म ताविषयानुभवका अदृष्टकारणहै ॥ और सोदेहाभिमान ताविषयानुभवका दृष्टकारणहै॥और अदृष्टकारणसामग्री दृष्टकारणसामग्रीतैंविना कोईकार्यकूं उत्पन्नकरिसकतीनहीं जो उत्पन्नकरतीहोवै ॥ तौ मृत्तिकाकुलालादिकदृष्टसामग्रीतैंविनाही ताअदृष्टसामग्रीतैं घटादिककार्य उत्पन्नहोणेचाहिये ॥ यातैं तादेहाभिमानकेअभावहुए ज्ञानवान्पुरुषकूं केवलप्रारब्धकर्मतैं सोविषयानुभव संभवतानहीं ॥ किंवा तादेहाभिमानतैंविनाही ज्ञानवान्पुरुषका जो विषयानुभवादिकव्यवहार मानोंगे ॥ तौ श्रीभाष्यकारोंनै ' तमेतमविद्याख्यमात्मानात्मनोरितरेतराध्यासंपुरस्कृत्यसर्वेप्रमाणप्रमेयव्यवहारालौकिकावैदिकाश्चप्रवृत्ताः' इसवचनकरिकै सर्वलौकिकवैदिकव्यवहारोंकी अध्यासपूर्वकप्रवृत्ति कथनकरीहै ॥ ताभाष्यवचनका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भी विरोधहोवैगा ॥ किंवा ' व्यवहारः अध्यासपूर्वकः व्यवहारत्वात् ' इसअनुमानकरिकै सर्वव्यवहारोंविषे अध्यासपूर्वकता सिद्धकरीहै ॥ सोयहअनुमानभी व्यभिचारीहोवैगा ॥ जिसकारणतैं ज्ञानवान्पुरुषकेव्यवहारविषे ताव्यवहारत्वरूपहेतुकेविद्यमानहुएभी सोअध्यासपूर्वकत्वरूपसाध्य हैनहीं॥और जोऐसाकहो ॥ ज्ञानवान्पुरुषविषेभी बाधितानुवृत्तिकरिकै सोदेहाभिमान रहेहै ॥ यातैं ताज्ञानवान्के व्यवहारविषे अध्यासपूर्वकत्वरूपसाध्यकेविद्यमानहुए सोव्यवहारत्वरूपहेतु तहांव्यभिचारीहोवैनहीं ॥ तथा ताभाष्यवचनकाभी विरोधहोवैनहीं ॥ सोयह तुम्हाराकहणाभी संभवतानहीं॥ काहेतैं जैसे शुक्तिकेसाक्षात्कारकरिकै ताशुक्तिको अज्ञानकीनिवृत्तितैं रजतभ्रमकीनिवृत्तिहुए पुनःतारजतभ्रमकीअनुवृत्ति देखणेमेंआवतीनहीं ॥ तैसे आत्मसाक्षात्कारकरिकै अज्ञानकीनिवृत्तितैं देहाभिमानकेनिवृत्तहुए पुनः तादेहाभिमानकीअनुवृत्तिकहणी अत्यंतविरुद्धहै ॥ जोकदाचित् आत्मज्ञानकरिकैबाधितदेहाभिमानकीभी पुनः अनुवृत्तिमानोंगे ॥ तौ शुक्तिज्ञानकरिकैबाधितरजतभ्रमकीभी पुनः अनुवृत्तिहोणीचाहिये ॥ और जोऐसाकहो ॥ जैसे सोपाधिकभ्रमस्थलविषे शुक्लःस्फाटिकः इसप्रकारके अधिष्ठानकेसाक्षात्कारकेविद्यमाहुएभी जपाकुसुमादिरूपउपाधिकेसमीपस्थितहुए लोहितःस्फाटिकः याप्रकारकाअनुभव सर्वजनोंकूं प्रसिद्धहै॥तैसे इहांभी अधिष्ठानआत्माकेसाक्षात्कारकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुएभी उपाधिकी स्थितिपर्यंत ज्ञानवान्पुरुषकूं सोदेहाभिमान तथातादेहाभिमानपूर्वक सोविषयानुभव संभवैहै॥ सोयह तुम्हाराकहणाभी असंगतहै॥काहेतैं ताजपाकुसुमकीन्याईं इहां कोईउपाधि निरूपणहोइसकतानहीं ॥ तात्पर्ययह ॥अज्ञानकूं वा अज्ञानकेकार्यकूंही उपाधि कहणाहोवैगा॥तेदोनों आत्मज्ञानकरिकै निवृत्तहोइ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गयेहैं॥यातैं आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुए ताअज्ञानकेकार्यकीभीनिवृत्तिहोणेतैं ताज्ञानवान्पुरु
षकूं प्रारब्धकर्मकेवशतैं विषयोंकाअनुभवकहणा सर्वथाअसंगतहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ अहंब्रह्मास्मि
याप्रकारकेआत्मज्ञानकरिकै निवृत्तहुआहै अज्ञान जिसका ऐसेज्ञानवान्पुरुषकूं ताप्रारब्धकर्मकेवशतैं सो
विषयानुभव संभवैहै॥और ताविषयानुभवका कारणरूप जोदेहाभिमानहै ॥ सोदेहाभिमानभी ताज्ञान
वान्पुरुषविषे बाधितानुवृत्तिकरिकैरहैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥तादेहाभिमानका कारणरूप जोअज्ञानहै
सो आत्मज्ञानकरिकै निवृत्तहोइगयाहै ॥ और उपादानकारणकेनाशहुएतैंअनंतर कार्यकीअनुवृत्ति क
हांभी देखणेविषेआवतीनहीं ॥ यातैं ज्ञानवान्पुरुषविषे तादेहाभिमानकीअनुवृत्तिकहणी असंगतहै ॥
॥ ॥ समाधान ॥ ॥ उपादानकारणकेनाशहुएभी कार्यकीअनुवृत्ति देखणेमेंआवैहै ॥ जैसे नैयायि
कोंकेमतविषेतं तुआदिकउपादानकारणकेनाशतैंअनंतर एकक्षणपर्यंत पटादिककार्यकीअनुवृत्ति अंगी
कारकरीहै ॥ तैसे सिद्धांतविषेभी अज्ञानरूपउपादानकारणकेनाशतैंअनंतर देहाभिमानादिरूपकार्यकी
अनुवृत्ति संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ नैयायियोंकासिद्धांततौ श्रुतिस्मृतिआदिकप्रमाणतैंरहितहै ॥
तिससिद्धांतकूं जोतुम अंगीकारकरोगे तौ तुम्हारेसिद्धांतविषेभी अप्रमाणता प्राप्तहोवैगी ॥ ॥ स
माधान ॥ ॥ अज्ञानकीनिवृत्तितैंअनंतरभी ज्ञानवान्पुरुषविषे बाधितानुवृत्तिकरिकै देहाभिमानादि
क रहैहैं इसअर्थकूं हम केवल नैयायिकोंकेसिद्धांतमात्रतैंही सिद्धनहींकरते ॥ किंतु इसहमारेसिद्धांतके
साधक श्रुतिस्मृति युक्ति अनुभव आदिक अनेकप्रमाण विद्यमानहैं ॥ यातैं नैयायिकोंकेमतकीन्यांई
हमारेसिद्धांतविषे अप्रमाणता प्राप्तहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जोपदार्थ उपादानकारणका निवर्त्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क होवैहै ॥ सोपदार्थ ताकेकार्यकाभी निवर्त्तक होवैहै ॥ जैसे अग्नि तंतुरूपउपादानकारणकोनिवृत्ति करताहुआ ताकेपटरूपकार्यकोभी निवृत्तिकरैहै ॥ तैसे सोआत्मज्ञानभी अज्ञानरूपउपादानकारणकी निवृत्तिकरताहुआ ताअज्ञानकेकार्यकीभी अवश्य निवृत्तिकरैगा ॥ और सोदेहाभिमानभी ताअज्ञान का कार्यहै ॥ यातैं तादेहाभिमानकेनिवृत्तहुए ज्ञानवान्पुरुषकूं सोविषयानुभव संभवतानहीं ॥ ॥ स माधान ॥ ॥ यद्यपि सोआत्मज्ञान अज्ञानका तथाताअज्ञानकेकार्यका निवर्त्तकहै ॥ तथापि धनुष तैंछूटेहुएबाणकीन्याईं आपणेफलदेणेविषेप्रवृत्तहुआ प्रारब्धकर्म ताज्ञानतैं प्रबलहै ॥यातैं सोप्रारब्ध ता अज्ञानकेकार्यकीनिवृत्तिविषे प्रतिबंधक होवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताप्रारब्धकर्मकूं जो आप्तज्ञानतैं प्रबल मानोंगे तौ ताप्रबलप्रारब्धकर्मरूपप्रतिबंधकेविद्यमानहुए ताआत्मज्ञानतैं अज्ञानकीभी निवृ त्ति नहींहोणीचाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताआत्मज्ञानविषे एकतौ अज्ञानकानिवर्त्तकत्व अंश है ॥ और दूसरा अज्ञानकेकार्यकानिवर्त्तकत्व अंशहै ॥ तहां अज्ञानतैंविनाभी ज्ञानवान्पुरुषकूं प्रारब्ध कर्मकेफलकाभोग बनिसकैहै ॥ यातैं ताआत्मज्ञानविषे जो अज्ञाननिवर्त्तकत्व अंशहै ॥ ताका सोप्रार ब्धकर्म प्रतिबंधक होतानहीं ॥ और ताअज्ञानकेकार्यरूप जे देहइंद्रियादिकहैं तिनोंतैंविना इसपुरुष कूं सोप्रारब्धकर्मकेफलकाभोग संभवतानहीं ॥ यातैं ताआत्मज्ञानविषे जो अज्ञानकेकार्यकानिवर्त्तक त्व अंशहै ताका सोप्रारब्धकर्म प्रतिबंक होवैहै ॥ अर्थात् सोप्रारब्धकर्म आपणेफलभोगदेणेवासतै तादेहइंद्रियादिरूपकार्यकूं निवृत्तहोणेदेतानहीं ॥ यातैं आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुएभी ज्ञानवा न्पुरुषकूं बाधितानुवृत्तिकरिकै तादेहाभिमानकेविद्यमानहुए सोप्रारब्धकर्मकरिकैप्राप्तकऱ्याहुआ विष

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यानुभव संभवैहै ॥ यहवार्त्ता श्रीव्यासभगवान्नेभी ब्रह्मसूत्रोंविषेकहीहै तहांसूत्र ॥ 'भोगेनत्वित रेक्षपायित्वासंपद्यते' अर्थयह ॥ आत्मज्ञानकरिकै संचितकर्मोंकेनाशहुए तथाआत्मज्ञानतैंअनंतरकरे हुए आगामिकर्मोंकेअस्पर्शहुए बाकीरहेहुएप्रारब्धकर्मोंकूं भोगतैंनिवृत्तकरिकै यहज्ञानवान्पुरुष नि र्विशेषब्रह्मकूं प्राप्तहोवैहै ॥ अर्थात् विदेहकैवल्यरूपमोक्षकूं प्राप्तहोवैहै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ श्रीवा र्त्तिककारनैंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'शास्त्रर्थस्यसमाप्तत्वान्मुक्तिःस्यात्तावतापिते । रागादयःसंतुकी मंनतद्भावोऽपराध्यते 'अर्थयह ॥ वेदांतशास्त्रकाअर्थरूप जो जीवब्रह्मकाएकत्वहै ॥ ताएकत्वसाक्षात्का रकरिकैही इसपुरुषकूं मुक्तिकीप्राप्तिहोवैहै ॥ ऐसेज्ञानवान्पुरुषविषे रागद्वेषादिक बाधितानुवृत्तिकरिकै रहो ॥ तिनरागादिकोंकेविद्यमानहुएभी ताज्ञानवान्पुरुषकूं मुक्तिविषे किंचित्मात्रभी हानिनहीं है इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ सर्ववेदांतरहस्यकेजानणेहारे श्रीविद्यारण्यस्वामीनैंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक॥ 'अप्रेक्ष्यचिदात्मानं पृथक्पश्यन्नहंकृतिम् । इच्छंस्तुकोटिवस्तूनि नबाधोग्रंथिभेदतः॥१॥ ग्रंथिभेदेपिसं भाव्याइच्छाःप्रारब्धदोषतः।बुद्धापिपापबाहुल्यादसंतोषोयथातव ॥ २ ॥ ' अर्थयह ॥ जोपुरुष चैतन्य आत्माकूं अहंकारादिकोंतैं पृथक्जानैहै ॥ तथा तिनअहंकारादिकोंकूं ताचैतन्यआत्मातैं पृथक्जानै है ॥ सोज्ञानवान्पुरुष जोकदाचित् कोटिवस्तुवोंकीभीइच्छाकरै तौभी ताअध्यासरूपग्रंथिकेभेदनतैं ताज्ञानवान्पुरुषकी किंचित्मात्रभी हानिहोतीनहीं ॥ और ताअध्यासरूपग्रंथिकेनिवृत्तहुएभी तिसज्ञा नवान्पुरुषविषे प्रारब्धदोषतैं इच्छासंभवैहै ॥ जैसे अहंकारादिकोंतैं आत्माकूं पृथक्जानिकैभी पापक र्मोंकीबाहुल्यतातैं तुम्हारेकूं असंतोष हुआहै इति॥यातैं ज्ञानवान्पुरुषकूंभी प्रारब्धकर्मकेफलभोगवास

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तै बाधितानुवृत्तिकरिकै सोदेहाभिमान तथारागद्वेषादिक संभवैं हैं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तिनविद्यारण्य स्वामीआदिकआचार्योंनैंही किसीस्थलविषे ताज्ञानवान्पुरुषविषे रागादिकोंका निषेधभीकऱ्याहै ॥ त हांश्लोक ॥ 'रागोलिंगमबोधस्यचित्तव्यायामभूमिषु । नचाध्यात्माभिमानोपिविदुषोऽस्त्यासुरत्वतः । वि दुषोप्यासुरत्वंचेन्निष्फलंब्रह्मदर्शनम्' अर्थयह ॥ इसपुरुषकेचित्तविषे जोविषयोंकारागहै ॥ सोरागही इस पुरुषके अज्ञानकेजनावणेहारा चिह्नहै ॥ अर्थात् तारागरूपलिंगतैंही इसपुरुकेअज्ञानका अनुमान कऱ्याजावैहै और इसपुरुषविषे अभिमानही असुरभावकीप्राप्तिकरैहैं ॥ यातैं विद्वान्पुरुषकूं अध्या त्मअभिमानभी होतानहीं ॥ जोकदाचित् ताअभिमानकरणेतैं विद्वान्पुरुषविषेभी सोअसुरभाव होवै गा तौ सोब्रह्मसाक्षात्कारही निष्फलहोवैगा इति ॥ इत्यादिकवचनोंकरिकै ताज्ञानवान्पुरुषविषे रा गादिकोंका तथादेहाभिमानका निषेधकऱ्याहै ॥ यातैं ताज्ञानवान्पुरुषविषे तेरागादिक संभवतेनहीं ॥ ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ उक्तवचनोंकरिकै आचार्योंनैं ज्ञानवान्विषे जो रागादिकोंकानिषेधकऱ्या है सो दृढअध्यासपूर्वक रागादिकोंकानिषेधकऱ्याहै ॥ अर्थात् जैसे अज्ञानीपुरुषविषे आत्माअहं कारादिकोंकेदृढअध्यासपूर्वक रागादिक होवैहैं ॥ तैसे ज्ञानवान्पुरुषविषे दृढअध्यासपूर्वक तेरागादि क होतेनहीं ॥ जोकदाचित् इनवचनोंका ऐसाअभिप्राय नहींमानिये तौ ज्ञानवान्विषे रागादि कोंकूंकहणेहारे पूर्वउक्तवचनोंकेसाथि इनवचनोंका विरोधहोवैगा ॥ तथा 'सर्वथावर्त्तमानोपिनसभू योभिजायते' इसवचनकरिकै श्रीभगवान्नैं सर्वप्रकारतैंवर्त्तमानहुएभीज्ञानवान्कूं जन्मकाअभाव कथनकऱ्याहै ॥ ताभगवान्केवचनकाभी विरोधहोवैगा ॥ ताविरोधकेनिवृत्तकरणेवासतै तिनरागकेनिषेध

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कवचनोंका तादृढअध्यासपूर्वकरागादिकोंकेनिषेधविषेही तात्पर्य मान्याचाहिये ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जभी ज्ञानवान्पुरुषविषे रागादिक तुमनैंअंगोकारकरे तभी ताज्ञानवान्का यथेष्टाचरणभी तुम्हारेकूं अंगीकारहोवैगा ॥ तहांशास्त्रमर्यादाकाउल्लंघनकरिकै निषिद्धविषयोंविषे जोप्रवृत्तिहै ताकानाम यथेष्टाचरणहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताज्ञानवान्पुरुषका यथेष्टाचरण हम अंगोकारकरतेनहीं॥किंतु प्रारब्धकर्मकेफलभोगविषेअनुकूल जे आभासमात्र रागद्वेषादिकहैं तिनोंकीअनुवृत्ति हम ज्ञानवान्विषे अंगीकारकरैं हैं ॥ सोआभासमात्ररागद्वेषकीअनुवृत्ति आत्मज्ञानकाविरोधी होवैनहीं ॥ जोकदाचित् साआभासमात्ररागद्वेषादिकोंकीअनुवृत्तिभी ताआत्मज्ञानकाविरोधी होतीहोवै तौ किसीभी पुरुषकूं सोआत्मज्ञान नहींहोवैगा ॥ यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'कादाचित्करागलेशं चिकित्सितुमशक्नुवन् । योब्रह्मनिष्ठांसंद्वेष्टि कदास्यात्तत्त्वनिश्चयः' अर्थयह ॥ चित्तविषे कदाचित्उत्पन्न हुआजोलेशमात्ररागहै॥ तारागकीनिवृत्तिकरणेविषेअसमर्थहुआ जो पुरुष ब्रह्मनिष्ठाविषेद्वेषकरैहै ॥ तिस पुरुषकूं कोईकालविषेभी आत्माकानिश्चय होतानहीं इति ॥ यातैं प्रारब्धकर्मकीसमाप्तिपर्यंत ज्ञानवान् पुरुषविषे सोदेहाभिमान तथारागद्वेषादिक बाधितानुवृत्तिकरिकैरैहैं यहसिद्धभया ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ज्ञानवान्पुरुषकूं जो बाधितदेहाभिमानकीअनुवृत्ति मानोंगे तौ शुक्तिसाक्षात्कारवान्पुरुषकूं बाधित रजतभ्रमकीभी पुनःअनुवृत्तिहोणीचाहिये ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शुक्तिविषे जोरजतभ्रमहै सो निरुपाधिकभ्रमहै ॥ यातैं ताशुक्तिकेज्ञानकूं तारजतभ्रमकीनिवृत्तिकरणेविषे कोईप्रतिबंधक नहीं है॥ यातैं ताशुक्तिकेज्ञानकार्यकै निवृत्तहुएतारजतभ्रमकी पुनः आवृत्तिहोतीनहीं ॥ और यहदेहाभिमानादिकतौ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सोपाधिकभ्रमहै ॥ तहां प्रारब्धकर्महो उपाधिरूपहै ॥ यातैं आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानकोनिवृत्तहुएभी ता प्रारब्धकर्मरूपउपाधिकीस्थितिपर्यंत ज्ञानवान्पुरुषविषे बाधितानुवृत्तिरूपतैं तिनदेहाभिमानादिकोंकी स्थिति संभवैहै इति ॥ अथवा ऐसामानणा ॥ आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुएभी ताअज्ञानका ले शमात्र बाकीरहैं हैं ॥ जिसअज्ञानलेशकूं लेशाऽविद्या कहैं हैं ॥ ताअज्ञानलेशकीअनुवृत्तिकरिकैही ज्ञान वान्पुरुषकूं सोप्रारब्धकर्मकाभोग होवैहै ॥ यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै॥तहांश्लोक ॥ 'द्वैतच्छा यारक्षणायास्तिलेश अस्मिन्नर्थेस्वानुभूतिःप्रमाणम्' अर्थयह ॥ आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुएभी आभासमात्रद्वैतकेरक्षणकरणेवासतै ताअज्ञानकालेश बाकीरहैहै॥ इसअर्थविषे आपणाअनुभवही प्रमा णहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ आत्मज्ञानकरिकैनिवृत्तहुएअज्ञानका बाकी लेशरहैहै यहपूर्व आपनैं कह्या ॥ तहां सोअज्ञानकालेश क्याहै ॥ अर्थात् ताअज्ञानके किसीअवयवकानाम लेशहै ॥ अथवा ता अज्ञानके शक्तिकानाम लेशहै ॥तहां प्रथमपक्ष जोअंगीकारकरो सो संभवतानहीं ॥ काहेतैं सिद्धांतवि षे ताअज्ञानकूं निरवयव तथासावयव अंगीकारकऱ्यानहीं ॥ किंतु दोनोंतैंविलक्षण अनिर्वचनीय अंगी कारकऱ्याहै ॥ और ताअज्ञानकूं सावयवमानिकै ताअज्ञानकेअवयवकूं जोलेशमानिये तौभी आत्म ज्ञानकरिकै ताअज्ञानरूपअवयवीकेनिवृत्तहुएतैंअनंतर ताअवयवकीअनुवृत्ति संभवतीनहीं॥और अज्ञा नकेशक्तिकानाम लेशहै॥यहद्वितीयपक्ष जोअंगीकारकरो सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं आत्मज्ञानकरि कै ताशक्तिवालेअज्ञानकेनाशहुएतैंअनंतर ताअज्ञानरूपआश्रयतैंविना ताशक्तिकीस्थितिही संभवतीन हीं ॥ यातैं अज्ञानलेशकीअनुवृत्तिकरिकै ज्ञानवान्पुरुषकूं प्रारब्धकर्मकाभोग संभवतानहीं ॥ ॥ स

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

माधान ॥ ॥ आत्मज्ञानकरिकै आवरणशक्ति तथातादात्म्यअध्यास यहदोनों निवृत्तहोइजावै हैं ॥ और विक्षेपशक्तिवालाअज्ञान ताआत्मज्ञानतैंअनंतरभी रहैहै ॥ ताविक्षेपशक्तिवालेअज्ञानकूंही लेशकहैं हैं ॥ और जैसे आवरणशक्तिका आत्मज्ञानकेसाथि विरोधहै ॥ तैसे ताविक्षेपशक्तिका आत्मज्ञानकेसाथि विरोधहैनहीं ॥ यातैं ताविक्षेपशक्तिवालेअज्ञानकीअनुवृत्तिकरिकै ज्ञानवान्पुरुषकूं सोप्रारब्धकर्मका भोग संभवैहै॥ ॥ शंका ॥ ॥ताविक्षेपशक्तिवालेअज्ञानकरिकै ज्ञानवान्पुरुषकूं जैसे प्रारब्धभोग कीप्राप्तिहोवैहै ॥ तैसे जन्मांतरकीभीप्राप्तिहोवैगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ताज्ञानवान्कूं जन्मांतरके प्राप्तिका कोईनिमित्तहैनहीं ॥ काहेतैं सोअज्ञान आपणेस्वरूपतैंतौ जन्मकाहेतु होतानहीं ॥ किंतु धर्म अधर्म यहदोनोंही इसपुरुषके जन्मकेहेतु होवैहैं ॥ सोधर्माधर्मभी संचितरूपही जन्मकाहेतु होवैहै ॥ तासंचितधर्माधर्मकेस्थितिकाहेतु आवरणशक्तिवालाअज्ञानहै ॥ ताअज्ञानकी आत्मज्ञानकरिकै निवृत्तिहुए तेसंचितकर्मभी नाशहोइजावैहैं ॥ और आत्मज्ञानतैंअनंतरकरेहुएआगामिकर्मोंका ताज्ञानवान्पुरुषकूं लेपहोतानहीं ॥ और प्रारब्धकर्मोंका भोगकरिकैनाशहोवैहै ॥ इसप्रकार शरीरकेआरंभककारणकेअभावतैं ताज्ञानवान्पुरुषकूं जन्मांतरकीप्राप्ति संभवैनहीं ॥ और जैसे अग्निकरिकैदग्धकऱ्याहुआ व्रीहियवादिकबीज तृप्तिकाहेतुहुआभी अंकुरकाहेतु होतानहीं ॥ तैसे सोविक्षेपशक्तिवालाअज्ञान इसज्ञानवान्पुरुषके प्रारब्धकर्मकेफलभोगविषेउपयोगीविषयदर्शनकाहेतुहुआभीजन्मांतरकाहेतु होतानहीं ॥ और आत्मज्ञानकरिकै ताआवरणशक्तिवालेअज्ञानकीनिवृत्तिकालविषे जिसप्रारब्धकर्मनैं आपणेफलभोगदेणेवासतै ताविक्षेपशक्तिवालेअज्ञानलेशका रक्षणकऱ्याथा ॥ तिसप्रारब्धकर्मरूपप्रतिबं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धककेनिवृत्तहुएतैंअनंतर सोअज्ञानलेश आपही निवृत्तहोइजावै है ॥ ताअज्ञानलेशकीनिवृत्तिवासतै पुनः आत्मज्ञानकीअपेक्षा होवैनहीं ॥ जिसकारणतैं ताअज्ञानलेशकेस्थितिकाप्रयोजक जोआवरणशक्तिवालाअज्ञानथा सो पूर्वही आत्मज्ञानकरिकै निवृत्तहोइगयाहै ॥ यातैं आत्मज्ञानकरिकै अज्ञानके निवृत्तहुएभी ताउक्त अज्ञानलेशकीअनुवृत्तिकरिकै ज्ञानवान्पुरुषकूं सोप्रारब्धकर्मकाभोग संभवैहै इति ॥ अथवा इहां ऐसीव्यवस्थाकरणी ॥ आत्माकाआवरण तथाअहंकारादिकोंकेसाथि आत्माका तादात्म्यअध्यास यहदोनों केवल अज्ञानकरिकैही कल्पेहुएहैं ॥ याकारणतैंही आत्मज्ञानकीउत्पत्तिकरिकै तेदोनों नाशहोइजावैहैं ॥ अर्थात् तेदोनों निरुपाधिकभ्रमरूपहैं ॥ यातैं अधिष्ठानआत्माकेसाक्षात्कारकरिकै तिनदोनोंकीनिवृत्ति संभवैहै ॥ और विक्षेपतौ कर्मसहितअविद्याकरिकै कल्पाहुआहै ॥ यातैं ब्रह्मविद्याकरिकै ताअविद्याकेनिवृत्तहुएभी ताप्रारब्धकर्मकेनाशपर्यंत सोविक्षेप नाशहोतानहीं ॥ ताविक्षेपकूं सोपाधिकभ्रमरूपताहोणेतैं ॥ तहां कर्मसहितविक्षेपशक्तिवालाअज्ञानही उपाधिहै ॥ और जिसकालविषे फलभोगकरिकै सोप्रारब्धकर्म नाशहोवैहै ॥ तिसकालविषे सोविक्षेपशक्तिवालाअज्ञान आपही नाशहोइजावैहै ॥ ताकीनिवृत्तिवासतै ज्ञानकी वा योगकी अपेक्षाहोतीनहीं ॥ जैसे तैलवर्तिकेनाशहुएतैंअनंतर प्रदीप आपही नाशहोइजावैहै ॥ तैसे आत्मज्ञानकरिकै ताआवरणशक्तिवालेअज्ञानकेनिवृत्तहुए तथा संचितकर्मोंकेनिवृत्तहुए तथाफलभोगकरिकै प्रारब्धकर्मकेनिवृत्तहुए सोविक्षेपशक्तिवालाअज्ञान आपही निवृत्तहोइजावैहै ॥ यहउक्तअर्थ अन्यग्रंथविषेभीकह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'अविद्यावृत्तितादात्म्ये विद्ययैवविनश्यतः । विक्षेपस्यस्वरूपंतु प्रारब्धक्षयमीक्षते' अर्थयह ॥ अविद्याकृतआ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वरण तथा अहंकारादिकोंकेसाथि आत्माका तादात्म्यअध्यास यहदोनोंतौ अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकी विद्याकरिकैही नाशहोवैहै ॥ और विक्षेपकास्वरूपतौ प्रारब्धकर्मकेनाशकूं देखताहै ॥ अर्थात् प्रारब्ध कर्मकेनाशतैंपूर्व सोविक्षेपकास्वरूप नाशहोतानहीं ॥ किंतु ताप्रारब्धकर्मकेनाशतैंअनंतरही नाशहोवै है इति॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ ज्ञानवान्पुरुषकूं जो विषयोंकाअनुभवहोवैहै सो स्फाटिकविषेलोहित भ्रमकीन्यांई सोपाधिकभ्रमहै ॥ यातैं सोविषयानुभव ताआत्मसाक्षात्कारका विरोधीनहीं है ॥ यातैं आ त्मज्ञानकरिकैअज्ञानकेनिवृत्तहुएतैंअनंतर प्रारब्धकर्मनेंप्राप्तकऱ्येहुएअन्नपानादिकविषयोंकूंअनुभवकर ताहुआभी ज्ञानवान्पुरुष अखंडएकरससच्चिदानंदब्रह्मरूपतैंस्थितहोवैहै ॥ यहपूर्वउक्त आत्मज्ञानकाफल संभवैहै इति ॥ सोयहउक्तफल शारीरकमीमांसाशास्त्रके चतुर्थअध्यायकेपठनकरिकै सिद्धहोवैहै ॥ तहां शारीरकमीमांसाशास्त्रके प्रथमअध्यायकेपठनकरणेतैं श्रवणकीसिद्धि ॥ और द्वितीयअध्यायकेपठनक रणेतैं मननकीसिद्धि ॥ और तृतीयअध्यायकेपठनकरणेतैं निदिध्यासनकी ॥ और चतुर्थअध्या यकेपठनकरणेतैं आत्मसाक्षात्काररूपफलकीसिद्धि ॥ यहपूर्वउक्तप्रकार सांप्रदायिकआचार्य मानेहैं इति ॥ और कैएकग्रंथकारतौ यहकहेहैं ॥ श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुकेमुखतैं जो ताचतुरअध्यायरूपसंपूर्ण शारीरकमीमांसाशास्त्रकापठनहै ताकानाम श्रवणहै ॥ और तापठनकऱ्येहुएशास्त्रकेअर्थका जो युक्तियों करिकैचिंतनहै ताकानाम मननहै ॥ और तामननकऱ्येहुएशास्त्रकेअर्थकी जो पुनःपुनः चित्तविषेआवृ त्तिहै ताकानाम निदिध्यासनहै ॥ ताश्रवणमननिदिध्यासनतैंअनंतर इसपुरुषकूं अहंब्रह्मास्मि याप्रका रकासाक्षात्कार होवैहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ उपनयनरूपसंस्कारतैंरहितहोणेतैं तावेदांतशास्त्रकेअ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ध्ययनकेअनधिकारी जे मैत्रेयीआदिकस्त्रीहैं ॥ तथा विदुरादिकशूद्रहैं ॥ तिनोंकूंभी श्रुतिस्मृतिइतिहा
सपुराणोंविषे आत्मज्ञानकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ और तावेदांतशास्त्रकेअधिकारी जे जनकजडभरता
दिकहैं ॥ तिनोंकूंभी ताशारीरकमीमांसाशास्त्रकेश्रवणादिकोंतैंविनाही केवल सिद्धगीतादिकोंकेश्रवण
मात्रकरिकै आत्मज्ञानकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ यातैं संपूर्णशारीरकमीमांसाशास्त्रकेपठनतैं सोश्रवण
सिद्धहोवैहै यहपूर्वउक्तनियम संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शुद्धहैअंतःकरणजिनोंका ऐसेजे
व्युत्पन्न वा अव्युत्पन्न मुख्यअधिकारीहैं ॥ तिनमुख्यअधिकारियोंकूंतौ जीवब्रह्मकेएकत्वकूंप्रतिपादनक
रणेहारे एकश्लोकमात्रकरिकै अथवा अर्द्धश्लोकमात्रकरिकैही सोब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोवैहै ॥ तहां इस
पदकी इसअर्थविषे शक्तिहै और इसपदकी इसअर्थविषे लक्षणाहै याप्रकारतैं जिनपुरुषोंकूं पदपदार्थके
शक्तिलक्षणारूपसंगतिका ज्ञानहै ॥ तेपुरुष व्युत्पन्न कह्येजावै हैं ॥ और जेपुरुष तापदपदार्थकेसंगति
ज्ञानतैंरहितहैं तेपुरुष अव्युत्पन्न कह्येजावैहैं ॥ और जिनपुरुषोंनैं सगुणब्रह्मकेसाक्षात्कारपर्यंत उपा
सनाकरीहै ऐसेकृतोपासकपुरुष मुख्यअधिकारी कह्येजावै हैं ॥ अथवा पूर्वजन्मविषे श्रवणमननादिक
सामग्रीकरिकैसंपन्नहुएभी जेपुरुष किसीप्रतिबंधकेवशतैं पुनःमनुष्यशरीरकूंप्राप्तहुएहैं ॥ तेपुरुष मुख्यअ
धिकारी कह्येजावै हैं ॥ ऐसेव्युत्पन्नमुख्यअधिकारीकूं तथा अव्युत्पन्नअधिकारीकूं आत्मज्ञानकीउ
त्पत्तिविषे तासंपूर्णशास्त्रकेश्रवणादिकोंकी अपेक्षा हैनहीं ॥ किंतु वाक्यमात्रकेश्रवणतैंही तिनोंकं सोआ
त्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्वउक्तरीतिसैं व्युत्पन्नमुख्यअधिकीरयोंकूंतौ तावा
क्यमात्रतैं ताब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्ति होवो ॥ परंतु अव्युत्पन्नमुख्यअधिकारियोंकूं तावाक्यमात्रतैं ब्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्ति संभवतीनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ शब्दकीअचिंत्यशक्तिहोवैहै ॥ यातैं ता अव्युत्पन्नमुख्यअधिकारीकूंभी तावाक्यमात्रकेश्रवणतैं ताब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्ति बनिसकेहै ॥ जैसे निद्राविषेसोयेहुएपुरुषकूं तहां तासंगतिज्ञानकेअभावहुएभी अन्यपुरुषकेवाक्यमात्रश्रवणतैं जाग्रत्होवै है ॥ तैसे ताअव्युत्पन्नमुख्यअधिकारीकूं तावाक्यमात्रकेश्रवणतैं ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिविषे कोईभी बाधक नहीं है ॥ इहां यहतात्पर्य हे ॥ जैसे निद्रातैंउठयेहुएपुरुषकूं घटादिकोंकेसाथि चक्षुआदिकइंद्रियके सन्निकर्षहुएतैंअनंतर अयंघटः याप्रकारका चाक्षुषसाक्षात्कार उत्पन्नहोवैहै ॥ तैसे पूर्वअनेकजन्मोंकेपुण्यकर्मकेपरिपाकवशतैं परमेश्वरअनुगृहीत शुद्धअंतःकरणवालेपुरुषकूं एकश्लोकमात्रकेश्रवणकरिकै अथवा अर्धश्लोकमात्रकेश्रवणकरिकै अथवा वाक्यमात्रकेश्रवणकरिकै सोब्रह्मसाक्षात्कार अवश्य उत्पन्न होवैहै ॥ और जैसे विक्षिप्तचित्तवालेउन्मत्तपुरुषोंकूं घटादिकपदार्थोंकेसाथि चक्षुआदिकइंद्रियोंकेसंबंध हुएभी तिनघटादिकोंविषे विपरीतव्यवहारही देखणेमेंआवैहै ॥ तैसे स्वस्थचित्तवालेपुरुषोंकूंभी ताइंद्रिय अर्थकेसन्निकर्षतैं अनंतर सोविपरीतव्यवहारही होताहोवैगा याप्रकारकीकल्पना करीजावैनहीं ॥ इस प्रकार विषयोंकेप्राप्तिकीइच्छावाले तथाराजसतामसवृत्तियोंकरिकैस्थूलचित्तवाले ऐसेजे कैएकपंडितहैं तिनपंडितोंकूं ताब्रह्मसाक्षात्कारकेउत्पत्तिकाअभावदेखिकै तिनमुख्यअधिकारियोंकूं वाक्यमात्रकेश्रवणतैं ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिविषे असंभावना करीजातीनहीं ॥ यातैं तिनपूर्वउक्तमुख्यअधिकारियोंकूं तावाक्यमात्रकेश्रवणतैं ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिविषे कोईभीबाधक नहीं है ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जबी पूर्वउक्तरीतिसै मुख्यअधिकारियोंकूं वाक्यमात्रकेश्रवणतैंही ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिभई ॥ तभी अनुप

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

योगीहोणेतैं ताशारीरकमीमांसादिकशास्त्रकाआरंभही निष्फलहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ पूर्व उक्तमुख्यअधिकारियोंतैंभिन्न जे अमुख्यअधिकारी हैं तिनोंकेबोधवासतैही ताशारीरकमीमांसादिक शास्त्रका आरंभहै ॥ अर्थात् तिनअमुख्यअधिकारियोंकूं तावाक्यमात्रकेश्रवणतैं सोब्रह्मसाक्षात्कार हो तानहीं ॥ किंतु ताशारीरकमीमांसादिकशास्त्रकेपठनतैंही सोब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै ॥ यातैं अमुख्यअ धिकारियोंकेवासतै ताशारीरकमीमांसादिकशास्त्रकाआरंभभी सफलही है ॥ तहां मुख्यअधिकारीपुरु षोंकूं श्लोककरिकै वा अर्द्धश्लोककरिकै ब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै यहवार्त्ता महाभारतविषे श्रीव्यासभगवान् नेंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'आत्मानंविंदतेयस्तु सर्वभूतगुहाशयम्।श्लोकेनयदिवार्द्धेन क्षीणंतस्यप्रयो जनम्' अर्थयह ॥ देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहित तथासर्वभूतोंकेबुद्धियोंकासाक्षी ऐसाजो सच्चिदानंदस्व रूप आत्माहै ॥ तिसआत्माकूं जोअधिकारीपुरुष एकश्लोककरिकै अथवा अर्द्धश्लोककरिकै अहंब्रह्मा स्मि याप्रकारतैं साक्षात्कारकरेहै ॥ तिसज्ञानवान्पुरुषका सर्वप्रयोजन क्षीणहोवैहै ॥ अर्थात् मनुष्यलो कतैंआदिलैके ब्रह्मलोकपर्यंत जितनैंकीआनंद लोकोकूं प्रयोजनरूपकरिकैप्रसिद्धहै ॥ तेसर्वआनंद ब्र ह्मानंदकेअंतर्भूतही हैं ॥ ताब्रह्मानंदकेप्राप्तहुए इसज्ञानवान्पुरुषकूं किसीभीलोककेआनंदकीइच्छा हो तीनहीं इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थही नैष्कर्म्यसिद्धिग्रंथविषे आचार्यों नैं 'वाक्यश्रवणमात्रेणपिशाचव दवाप्नुयात्' इत्यादिकवचनकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ यातैं तिनमुख्यअधिकारियोंकूं वाक्यमात्रकेश्रवण तैं ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्ति संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्वकथनकऱ्येजे व्युत्पन्न तथा अव्युत्पन्न यहदोप्रकारके मुख्यअधिकारीहैं ॥ तिनदोनोंकूं वाक्यमात्रकेश्रवणतैं उत्पन्नहुएब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

किंचित् कर्त्तव्य रहेहैं अथवा नहींरहेहैं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तिनदोनोंप्रकारके मुख्यअधिकारियोंविषे जे अव्युत्पन्नमुख्यअधिकारीहैं तिनोंकूंतौ ताब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर ब्रह्माकारवृत्तियोंकाप्रवाहरूप ध्याननिष्ठा अपेक्षितहै ॥ काहेतैं तिनअव्युत्पन्नअधिकारियोंकीबुद्धि आप शास्त्रविषेकुशलनहीं है ॥ किंतु अन्यपुरुषोंकेउपदेशकेअधीनहै ॥ यातैं तिनअव्युत्पन्नपुरुषकूं वाक्यमात्रकेश्रवणतैं उत्पन्न हुआभी सो ब्रह्मसाक्षात्कार भेदवादीपुरुषोंकेसंगकेदोषतैं उत्पन्नभई असंभावनाविपरीतभावनाकरिकै प्रतिबद्ध होइजावैहै ॥ और प्रतिबद्धज्ञानतैं अज्ञानकीनिवृत्ति तथापरमपुरुषार्थकीप्राप्ति होतीनहीं ॥ और तेअव्युत्पन्नमुख्यअधिकारी जभी ताध्याननिष्ठाविषेरहैंगे ॥ तभी तिनोंकूं भेदवादीपुरुषोंकासंग होवैगानहीं ॥ तासंगकेअभावहुए साअसंभावना तथाविपरीतभावनाभी तिनोंकूं होवैगीनहीं ॥ यातैं ताप्रतिबंधतैंरहितब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै तिनअव्युत्पन्नमुख्यअधिकारियोंकूं अज्ञानकीनिवृत्ति तथापरमपुरुषार्थकीप्राप्ति अवश्यहोवैहै ॥ यातैं तिनअव्युत्पन्नमुख्यअधिकारियोंकूं ब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर साध्याननिष्ठा अवश्यअपेक्षितहै इति ॥ यहउक्तअर्थ गीताविषे श्रीभगवान्नेंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'अन्येत्वेवमजानंतः श्रुत्वान्येभ्यउपासते ॥ तेपिचातितरंत्येव मृत्युंश्रुतिपरायणाः' अर्थयह ॥ जेपुरुष आप शास्त्रकेविचारकरणेविषे कुशलनहींहैं ॥ तेपुरुष जभी दूसरेश्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुवोंकमुखतैं ब्रह्मकेस्वरूपकूं श्रवणकरिकै ताब्रह्मका निरंतर ध्यानकरैं हैं ॥ तभी तेश्रवणपरायणपुरुषभी ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै अज्ञानकूंनाशकरैं हैं इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ श्रीविद्यारण्यस्वामीनेंभी ध्यानदीपविषे कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'अत्यंतबुद्धिमांद्याद्वा सामग्र्या वाप्यसंभवात् ॥ योविचारंनलभते ब्रह्मोपासीतसोऽनिशम् ॥ मरणेब्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ह्मलोकेवा तत्त्वंज्ञात्वाविमुच्यते'॥ अर्थयह ॥ बुद्धिकीअत्यंतमंदतातैं अथवा विचारकीसामग्रीकेअभाव तैं जोपुरुष ब्रह्मकेविचारकूं नहींप्राप्तहोवैहै ॥ सोपुरुष निरंतर तानिर्गुणब्रह्मकेध्यानकूंकरै ॥ सोध्यानकरता पुरुष मरणकालविषे अथवा ब्रह्मलोकविषे तानिर्गुणब्रह्मकेस्वरूपकूंसाक्षात्कारकरिकै मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ पतंजलिभगवान्नैंभी योगसूत्रोंविषेकह्याहै ॥ तहांसूत्र ॥ 'ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽतरायाभावश्च' अर्थयह ॥ तिसपरमात्माकेध्यानतैं इसपुरुषकूं प्रत्यक्आत्माकासाक्षात्कार होवैहै ॥ और ताआत्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिविषे जितनैंकीप्रतिबंधक होवैं हैं तिनसर्वप्रतिबंधकोंकीभी ताध्यानतैंही निवृत्तिहोवैहै इति ॥ यातैं तिनअव्युत्पन्नमुख्यअधिकारियोंकूं ताब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर ताध्याननिष्ठाकीअपेक्षा अवश्यहै यहसिद्धभया ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्वउक्तरीतिसे अव्युत्पन्नमुख्यअधिकारियोंकूं ब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर ताध्याननिष्ठाकीअपेक्षारहो ॥ परंतु जेअधिकारी शास्त्रविषेव्युत्पन्नहैं तिनोंकूं ताध्याननिष्ठाकीअपेक्षा नहींहोवैगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सर्वव्युत्पन्नअधिकारियोंकूं ताध्याननिष्ठाकीअपेक्षाकाअभाव कहतेहो ॥ अथवा कोईकव्युत्पन्नअधिकारीकूं ताध्याननिष्ठाकीअपेक्षाकाअभाव कहतेहो ॥ तहां जोदूसरापक्ष अंगीकारकरो सोतौ हमारेकूंभी अंगीकारहै ॥ और जोप्रथमपक्ष अंगीकारकरो सो संभवतानहीं ॥ काहेतैं न्यायमीमांसादिकनानाशास्त्रोंकेविचारकरिकैतथापूर्वजन्मोंकेपापकर्मकेवशतैं जेपंडितजन संशयविपरीतभावनाकरिकै ग्रस्तहैं॥तिनव्युत्पन्नपंडितोंकूं वेदांतकेविचारतैंउत्पन्नहुआभी सोब्रह्मसाक्षात्कार अप्रामाण्यशंकाकरिकै दूषितहीहोवैहै॥याकारणतैं सोब्रह्मसाक्षात्कार अज्ञानकीनिवृत्तिकरणेविषे समर्थहोवैनहीं ॥ ऐसेव्युत्पन्नपंडितोंकूंतौ तासंशयविपरीत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भावनारूपप्रतिबंधकीनिवृत्तिकरणेवासतै साध्याननिष्ठा अवश्यअपेक्षित होवैहै ॥ ताध्याननिष्ठाकरिकै तासंशयविपरीतभावनारूपप्रतिबंधकेनिवृत्तहुए ताअप्रतिबद्धब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै तिनव्युत्पन्नपंडितों कूंमोक्षरूपपरमपुरुषार्थकीप्राप्ति होवैहै ॥ और जेव्युत्पन्नअधिकारी परमेश्वरकेअनुग्रहकरिकै ताअसंभाव नाविपरीतभावनातैंरहितहैं ॥ तिनव्युत्पन्नअधिकारीपुरुषोंकूंतौ ताब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर ताध्याननि ष्ठाकीअपेक्षा होतीनहीं इति ॥ किंवा ध्यानकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकीहेतुता श्रीव्यासभगवान्नैंभी ब्रह्मसू त्रोंविषे कहीहै ॥ तहांसूत्र ॥ ' अपिसंराधनेप्रत्यक्षानुमानाभ्याम् ' अर्थयह ॥ यहअधिकारीपुरुष ध्यान कालविषे एकाग्रचित्तकरिकै आपणेआत्मारूपतैंब्रह्मकूं साक्षात्कारकरैहै ॥ जिसकारणतैं श्रुतिनैं तथा स्मृतिने ताध्यानतैंही ब्रह्मसाक्षात्कारकीप्राप्ति कथनकरीहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' ज्ञानप्रसादेनविशुद्धसत्त्वस्त तस्तुतंपश्यतिनिष्कलंध्यायमानः।काश्चिद्धीरःप्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन् ' अर्थयह॥शुद्ध अंतःकरणवालापुरुष निर्गुणब्रह्मकाध्यानकरताहुआ तानिर्गुणब्रह्मकूं साक्षात्कारकरैहै ॥ और बाह्यरूपा दिकविषयोंतैं निवृत्तकऱ्येहैंचक्षुआदिकइंद्रियाजिसनें ऐसाजोकोई ध्याननिष्ठपुरुषहै ॥ सोईही मोक्षकीइ च्छाकरताहुआ प्रत्यक्आत्माकूं साक्षात्कारकरैहै इति ॥तहांस्मृति ॥ ' यंविनिद्राजितश्वासाः संतुष्टाःसं जितेंद्रियाः । ज्योतिःपश्यंतियुंजानास्तस्मैयोगात्मनेनमः' अर्थयह ॥ निद्रातैंरहित तथाप्राणायामकरि कै जीत्येहैंश्वासजिनोंने तथायथालाभविषेसंतुष्ट तथाजीत्येहैंचक्षुआदिकइंद्रियाजिनोनैं ऐसेपुरुष ध्यान योगकूंकरतेहुए जिसपरमात्मज्योतिकूं साक्षात्कारकरैहैं ॥तिसयोगरूपपरमात्माकेतांई हमारा नमस्का रहै इति ॥ किंवा यह उक्तअर्थ अन्यग्रंथविषेभीकह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' बहुव्याकुलहैचित्ताना विचारात्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्त्वधीर्नचेत् । योगोमुख्यस्ततस्तेषां धीदर्पस्तेननश्यति' अर्थयह ॥ बहुतव्याकुलचित्ताजिनोंका ऐसेपुरुषोंकूं जोकदाचित् विचारकरणेतैं आत्मज्ञान नहींहोवै तौ ऐसेपुरुषोंकूं सोध्यानरूपयोगही मुख्यसाधनहै ॥ जिसकारणतैं तिनपुरुषोंकीबुद्धिके संशयविपरीतभावनादिकदोष ताध्यानकरिकैही निवृत्तहोवैहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ पूर्वउक्तरीतिसे संशयविपरीतभावनावालेपुरुषतौ तासंशयविपरीतभावनाकीनिवृत्तिकरणेवासतै ताध्यानकूंकरो ॥ परंतु जेज्ञानवान्पंडित तासंशयविपरीतभावनातैंरहितहैं तेभी ध्यानकरतेहुए देखणेमेंआवैहैं ॥ तेज्ञानवान्पाडित किसवासतैं ध्यानकरैं हैं ॥ ॥ समाधान ॥ संशयविपरीतभावनातैंरहित तेज्ञानवान्पंडित जभी अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकीवृत्तियोंकाप्रवाहरूपध्यानकूं करैं हैं ॥ तभी तिनोंकूं बाह्यविक्षेपकीनिवृत्तिकरिकै ब्रह्मानंदरूपदृष्टसुख विशेषहोवैहै ॥ तादृष्टसुखवासतैंही तेज्ञानवान्पुरुष ध्यानकूंकरैं हैं ॥ दूसराकोई ताध्यानकाप्रयोजन नहींहै ॥ जिसकारणतैं संशयविपरीतभावनारूपप्रतिबंधकीनिवृत्ति तथाआत्माकासाक्षात्कार यहदोनों तिनविद्वान्पुरुषोंकूं पूर्व प्राप्तहीहैं ॥ परिशेषतैं ताध्यानका सोदृष्टसुखही फलहै ॥ यहवार्त्ता श्रीभागवान्नेभी गीताविषेकहीहै तहांश्लोक ॥ 'अनन्याश्चितयंतोमां येजनाःपर्य्युपासते । तेषांनित्याभियुक्तानां योगक्षेमंवहाम्यहम्' अर्थयह ॥ मैंपरमेश्वरतैंभिन्नमायिकपदार्थोंविषे नहीं है रागजिनोंका तिनोंकानाम अनन्यहै ॥ ऐसेअनन्यहोइकै मैंप्रत्यक्अभिन्नपरमात्माकूं चिंतनकरतेहुए जे साधनचतुष्टयसंपन्नआधिकारीपुरुष मैंनिर्गुणपरमात्माका निरंतरध्यानकरैं हैं अर्थात् विजातीयवृत्तियोंकापरित्यागकरिकै सजातीयवृत्तियोंकेप्रवाहरूपध्यानकूं करैं हैं ॥ ऐसेमेरेध्यानपरायणतत्त्ववेत्तापुरुषोंकूं मैंपरमेश्वर योगकी तथाक्षेमकी प्राप्तिकरूंहूं ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तहां अप्राप्तअर्थकीजाप्राप्तिहै ताकानाम योगहै ॥ और प्राप्तअर्थका जो परिरक्षणहै ताकानाम क्षेमहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ अखंडएकरसआनंदरूपरूपब्रह्मात्माविषे निष्ठावाले जेज्ञानवान्पुरुषहैं ॥ तिनोंकूं कोईअप्राप्तआनंदहैनहीं ॥ काहेतैं मनुष्यलोकतैंलेके ब्रह्मलोकपर्यंत सर्वआनंदोंका जिसब्रह्मानंदविषे अंतर्भावहै ॥ सोब्रह्मानंद तिनज्ञानवान्पुरुषोंकूं आपणाआत्मारूपकरिकै नित्यप्राप्तहीहै ॥ और उत्पत्तिविनाशतैंरहितहोणेतैं ताब्रह्मानंदका रक्षणभी संभवतानहीं ॥ अनित्यवस्तुकाही रक्षणहोवैहै ॥ यातैं ज्ञानवान्पुरुषोंकूं मैंपरमेश्वर योगक्षेमकीप्राप्तिकरूंहूं यहभगवान्कावचन असंगतहै॥ ॥ समाधान ॥ ॥ यद्यपि तिनज्ञानवान्पुरुषोंकूं कोई आप्राप्तअंश हैनहीं॥ और सोब्रह्मानंद तिनोकूं नित्यहीप्राप्तहै ॥ यातैं तिनज्ञानवानोंका कोईयोगक्षेम हैनहीं ॥ तथापि इहां योगक्षेमशब्दकरिकै यहअर्थ ग्रहणकरणा ॥ देहादिकसर्वअनात्मपदार्थोंविषे आत्मत्वबुद्धिकापरित्यागकरिकै इसज्ञानवान्पुरुषकी जो ब्रह्मानंदरूपकरिकैस्थितिहै ताकानाम योगहै ॥ और प्रबलप्रारब्धकेयोगकरिकैभी जो ताब्रह्मनिष्ठातैंअप्रच्युतिहै ताकानाम क्षेमहै ॥ इसप्रकारका योगक्षेम ताज्ञानवान्पुरुषविषेभी संभवैहै ॥ यातैं 'योगक्षेमंवहाम्यहम्' इसउक्तवचनकरिकै श्रीभगवान् इसप्रकारकेयोगक्षेमकूंही कहताभयाहै ॥ यातैं ध्याननिष्ठज्ञानवान्पुरुषोंकूं निरंतर सोदृष्टसुख प्राप्तहोवैहै ॥ यहअर्थ इसउक्तगीतावचनतैंसिद्धहोवैहै इति ॥ यहहीअर्थ श्रीभगवान्नें 'मच्चित्तामद्गतप्राणा बोधयंतःपरस्परम्। कथयंतश्चमांनित्यं तुष्यंतिचरमंतिच' इसश्लोकविषेभी कथनकऱ्याहै ॥ इनगीताश्लोकोंकाअर्थ हमनें गीतागूढार्थदीपिकानामाटीकाविषे विस्तारतैंकथनकऱ्याहै ॥ जिसकूं जिज्ञासाहोवै तिसनैं तहांसेजानिलेणा इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जैसेमुमुक्षुजनों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केप्रति श्रवणादिकोंकी अवश्यकर्त्तव्यताकाबोधक विधिहोवैहै ॥ तैसे संशयविपरीतभावनातैंरहित ज्ञा
नवान्पुरुषोंकेप्रतिभी ताध्यानकी अवश्यकर्त्तव्यताकाबोधक विधि क्योंनहींहोवै ॥ अर्थात् ज्ञानवान्
पुरुषोंनैंभी सोध्यान अवश्यकरणा याप्रकारकी वेदकीआज्ञा क्योंनहींहोवै ॥ और जोऐसाकहो ॥ ता
ज्ञानवान्पुरुषकूं ध्यानकाविधानकरणेहारा कोईवेदकावाक्यहैनहीं ॥ यातैं ताज्ञानवान्पुरुषकूं ताध्या
नकाविधिनहीं ॥ सोयह तुम्हाराकहणाभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं 'तमेवधीरोविज्ञायप्रज्ञांकुर्वीतब्राह्म
णः' अर्थयह ॥ धैर्यवान्ब्राह्मण तिसपरमात्माकूं साक्षात्कारकरिकै पश्चात् तापरमात्माकाध्यानकरै ॥
इसश्रुतिनें ताज्ञानवान्पुरुषकूंभीध्यानकाविधान कऱ्याहै ॥ और जोऐसाकहो ॥ उत्पन्नहुएआत्मसा
क्षात्कारकरिकैही इसज्ञानवान्पुरुषकूं मोक्षरूपपरमपुरुषार्थकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं ताआत्मज्ञानतैंअनं
तर सोध्यानकरणा निष्फलही है ॥ सोयह तुम्हाराकहणा संभवतानहीं ॥ काहेतैं इदानींकालविषे ब्रह्म
साक्षात्कारकेविद्यमानहुएभी ताध्यानरहितपुरुषोंकूं पूर्वअज्ञानअवस्थाकीन्याईंसुखदुःखादिरूपसंसारकी
प्रतीति बनीरहैहै॥यातैं ताब्रह्मसाक्षात्कारमात्रकरिकै इसपुरुषकूं तामोक्षरूपपुरुषार्थकीप्राप्ति होतीनहीं ॥
किंतु ब्रह्मवेत्तागुरुकेसमीपजाइकै श्रवणादिकोंतैं ब्रह्मकूंसाक्षात्कारकरिकै यहपुरुष जभी जीवत्कालप
र्यंत ताब्रह्मकेध्यानकाअभ्यासकरैहै ॥ तभीही इसपुरुषकूं तामोक्षकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यातैं तामोक्षकीप्राप्ति
वासतै ज्ञानवान्पुरुषकूंभी जीवत्कालपर्यंत सोध्यान अवश्यकर्त्तव्यहै ॥ जोकदाचित् सोज्ञानवान्पुरुष
ध्यानपरायण नहींहोवेगा तौ यथेष्टाचरणकीप्राप्तिकरिकै नरककूंही प्राप्तहोवैगा ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रं
थविषेभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ निःसंगताम्मुक्तिपदंयतीनां संगादशेषाःप्रभवंतिदोषाः ॥ आरूढयोगोपि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निपात्यतेऽधः संगेनयोगीकिमुतालपसिद्धिः' अर्थयह ॥ विषयासक्तबहिर्मुखजनोंकेसंगका जोपरित्याग है ताकानाम निःसंगताहै ॥ सानिःसंगताही संन्यासियोंकूं मुक्तिकेप्राप्तिका मार्गहै ॥ जिसकारणतैं ता संगतैं इसपुरुषकूं कामादिकअनेकदोष उत्पन्नहोवैहैं॥तीनदोषोंकीप्राप्तितैं ज्ञानवान्पुरुषभी अधःपतन होवैहै ॥ तौ मुमुक्षुजनकी क्यावार्त्ता है इति ॥ यातैं तायथेष्टाचरणकीनिवृत्तिकरणेवासतै संशयविपरीतभावनातैंरहितज्ञानवान्पुरुषोंकूंभी जीवत्कालपर्यंत सोब्रह्मकाध्यान अवश्यकरणेयोग्यहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ संशयविपरीतभावनातैंरहित ज्ञानवान्पुरुषकूं ताध्यानकरणेकाविधि नहींहै ॥काहेतैं जिसपुरुषकूं दृढअध्यासपूर्वक देहाभिमानहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूंही अपाणआत्माविषे कर्तृत्वबुद्धि होवैहै ॥ और सोआत्माविषेकर्तृत्वबुद्धिवालापुरुषही शास्त्रकेविधिनिषेधका अधिकारीहोवैहै ॥ जैसे अज्ञानी पुरुषहैं ॥ और ज्ञानवान्पुरुषकूं तादेहाभिमानकेअभावतैं साकर्तृत्वबुद्धि हैनहीं ॥ यातैं सोज्ञानवान् पुरुष ताशास्त्रकेविधिनिषेधका अधिकारीनहीं है ॥ तात्पर्ययह ॥ सोदेहाभिमानदोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ कर्मजन्यहोवैहै ॥ दूसरा भ्रांतिजन्यहोवैहै ॥ तहां कर्मजन्यदेहाभिमानतौ ताकर्मकेनाशतैंअनंतरही निवृत्तहोवैहै ॥ और दूसरा भ्रांतिजन्यदेहाभिमानतौ अज्ञानकालविषेरहेहै ॥ जभी आत्मज्ञानकरिकै ताअज्ञानकीनिवृत्तितैं भ्रांतिकीनिवृत्तिहोवैहै ॥ तभी सोभ्रांतिजन्यदेहाभिमानभी निवृत्तहोइजावैहै ॥ ऐसेदेहाभिमानतैंरहितहोणेतैं कर्तृत्वबुद्धितैंरहित जोज्ञानवान्है ॥ तिसज्ञानवान्पुरुषतैं शास्त्रप्रतिपादितसर्वअधिकार निवृत्तहोवैहै ऐसेज्ञानवान्पुरुषकूं सोध्यानाविधि कैसेसंभवैगा ॥ किंतु नहींसंभवैगा ॥ इसीअभिप्रायकरिकै श्रीविद्यारण्यस्वामीने पंचदशीग्रंथविषे तिनज्ञानवान्पुरुषोंकाअनुभव कह्या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है तहांश्लोक ॥ ' व्याचक्षतांतेशास्त्राणि वेदानध्यापयंतुवा । येऽत्राधिकारिणोमर्त्या नाधिकारोऽक्रिय त्वतः ॥ १ ॥ शृण्वंत्वज्ञाततत्त्वास्ते जानन्कस्माच्छृणोम्यहम् मन्यंतांसंशयापन्ना नमन्येऽहमसंशयः॥२॥ विपर्यस्तोनिदिध्यासेत्किंध्यानमविपर्यये' अर्थयह ॥ जेपुरुष कर्त्तृत्वबुद्धिवालेहोणेतैं अधिकारीहैं ॥ ते पुरुषही शास्त्रोंकूंव्याख्यानकरैं ॥ तथा वेदोंकूंपढावैं ॥ और मैंतौ अक्रियहूं ॥ यातैं हमारेकूं कोईभी अधिकार नहीं है ॥ और जिनपुरुषोंने प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मकूं नहींजान्याहै ॥ तेपुरुष वेदांतशास्त्रकेश्रव णकूंकरो ॥ और मैंतौ ताप्रत्यक्अभिन्नब्रह्मकूं अपरोक्षजानताहूं ॥ यातैं मैं किसवासते श्रवणकूंकरूं ॥ और जेपुरुष ताआत्माविषेसंशयवालेहैं ॥ तेपुरुष तासंशयकीनिवृत्तिकरणेवासते मननकूंकरो ॥ और मैंतौ सर्वसंशयोंतैंरहितहूं ॥ यातैं मैं किसवासते मननकूंकरूं ॥ और जेपुरुष विपरीत भावनावालेहैं ॥ तेपुरुषतौ ताविपरीतभावनाकीनिवृत्तिवासते निदिध्यासनकूंकरो ॥ और मैंतौ ताविपरीतभावनातैं रहि तहूं ॥ यातैं हमारेकूं ताध्यानकरणेका क्याप्रयोजनहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ज्ञानवान्पुरुषकूं जो ध्यानकीकर्त्तव्यता नहींमानोंगे ॥ तौ आत्मज्ञानतैंअनंतर ताध्यानकाविधानकरणेहारी जा ' तमेव धीरोविज्ञायप्रज्ञांकुर्वीतब्राह्मणः ॥ यहपूर्वउक्तश्रुतिहै सा अप्रमाणहोवैगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सा श्रुति आत्माकेअपरोक्षज्ञानतैंअनंतर ताध्यानका विधानकरतीनहीं ॥ किंतु वेदांतकेश्रवणमात्रजन्य ब्र ह्मकेपरोक्षज्ञानतैंअनंतरही ताब्रह्मकेअपरोक्षज्ञानकीप्राप्तिवासते तानिदिध्यासनरूपध्यानका विधानकरे है ॥ यातैं ताश्रुतिकूंभी अप्रमाणताहोवैनहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर ज्ञानवान् पुरुषकूं जोध्यानकीकर्त्तव्यता नहींमानोंगे ॥ तौ ताज्ञानवान्पुरुषकूं चित्तकीबहिर्मुखताकरिकै यथेष्टा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चरणकीप्राप्ति होवैगी ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोज्ञानवान्पुरुष भ्रांतिजन्यदेहाभिमानतैंरहितहै ॥ यातैं यथेष्टाचरणविषे प्रवृत्तहोवैनहीं ॥ तादेहाभिमानवालेपुरुषही यथेष्टाचरणविषे प्रवृत्तहोवैहैं ॥ तात्पर्यय ह ॥ जोपुरुष मुमुक्षुदशाविषभी शमदमादिकोंकरिकै तायथेष्टाचरणतैं निवृत्तहोवैहै ॥ सोपुरुष ज्ञानदशा विषे तायथेष्टाचरणविषे कैसेप्रवृत्तहोवैगा ॥ किंतु नहींप्रवृत्तहोवैगा ॥ और 'निःसंगतामुक्तिपदंयती नां' यहपूर्वउक्तवचनतौ आत्मज्ञानतैंरहित साधकपुरुषविषयकहै ॥ तत्त्ववेत्तासिद्धपुरुषविषयक सोवच न नहीं है ॥ यातैं तावचनतैं ध्यानतैंरहितज्ञानवान्पुरुषका अधःपतन सिद्धहोवैनहीं ॥ किंवा ज्ञानवान् पुरुषकूं ध्यानकाविधि नहींहै यह उक्तअर्थ श्रीव्यासभागवान्नेभी ब्रह्मसूत्रोंविषे कथनकऱ्याहै ॥ तहां सूत्र ॥ 'अनुज्ञापरिहारौदेहसंबंधाज्ज्योतिरादिवत्' अर्थयह ॥ यहकार्य अवश्यकरणेयोग्यहै याप्रका रका जो शास्त्रकृतविधिहै ताकानाम अनुज्ञाहै ॥ और यहकार्य नहींकरणेयोग्यहै याप्रकारका जो शास्त्रकृत निषेधहै ताकानाम परिहारहै ॥ सोअनुज्ञापरिहाररूप विधिनिषेध इसपुरुषकूं आत्मज्ञानतैंपू र्व देहाभिमानतैं प्राप्तहोवैहै ॥ और आत्मज्ञानकालविषे तादेहाभिमानकेनिवृत्तहुए ताज्ञानवान्पुरुषकूं सोशास्त्रकृतविधिनिषेध प्राप्तहोतानहीं जैसे इमशानकाअग्नितौ परित्यागकऱ्याजावैहै ॥ और दूसरा अग्नि ग्रहणकऱ्याजावैहै ॥ तथा जैसे मनुष्यशरीरका विष्ठामूत्र परित्यागकऱ्याजावैहै ॥ और गौशरी रका विष्ठासूत्र ग्रहणकऱ्याजावैहै ॥ तैसे देहाभिमानीअज्ञानीपुरुषोंकूंतौ सोशास्त्रकृत विधिनिषेध हो वैहै ॥ और तादेहाभिमानतैंरहित ज्ञानवान्पुरुषोंकूं सोविधिनिषेध होतानहीं इति ॥ किंवा ज्ञानवान् पुरुषकूं किंचित्मात्रभी कर्त्तव्यनहीं है यहउक्तअर्थ श्रीभगवान्नेभी गीताविषे 'यस्त्वात्मरतिरेवस्यादा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्मतृप्तश्चमानवः । आत्मन्येवचसंतुष्टस्तस्यकार्यंनविद्यते॥१॥ नैवतस्यकृतेनार्थोनाकृतेनेहकश्चन । नचा स्यसर्वभूतेषुकश्चिदर्थव्यपाश्रयः' ॥ २ ॥ इनदोश्लोकोंकरिकै कथनकरयाहै ॥ किंवा यहउक्तअर्थ पुराण विषेभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' ज्ञानामृतेनतृप्तस्य कृतकृत्यस्ययोगिनः । नैवास्तिकिंचित्कर्त्तव्य मस्तिचेन्नसतत्त्ववित् ' अर्थयह ॥ जोपुरुष अहंब्रह्मास्मि याप्रकारके आत्मज्ञानरूपअमृतकेपानकरिकै तृप्तभयाहै ॥ याकारणतैंही कृतकृत्यहै ॥ अर्थात् जोसंपादनकरणेयोग्यथा सो संपादनकऱ्याहैजिसनैं ॥ ऐसेज्ञानवान्पुरुषकूं किंचित्मात्रभी कर्त्तव्यनहींहै ॥ और जिसपुरुषकूं किंचित्मात्रभी कर्त्तव्यहै ॥ सोपुरुष ज्ञानवानहीनहीं है इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ श्रीभगवान्भाष्यकारनेभी ' अहंब्रह्मास्मीत्येत दवासानाएवसर्वेविधयःसर्वाणिचशास्त्राणिविधिप्रतिषेधमोक्षपराणि ' इत्यादिकवचनकरिकै कथनकऱ्या है ॥ इसभाष्यवचनका यहअर्थ है ॥ इसपुषरुषकूं जबपर्यंत अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका साक्षात्कार नहीं उत्पन्नभया ॥ तबपर्यंतही इसपुरुषऊपरि सर्वविधियां हैं ॥ और विधि निषेध मोक्ष इनतीनोंकेप्रतिपाद कशास्त्रभी तबपर्यंतहीं हैं ॥ और ताब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तितैंअनंतर ताज्ञानवान्पुरुषऊपरि तेविधियां भीनहीं है तथा तेशास्त्रभीनहीं हैं ॥ काहेतैं देहइंद्रियादिकोंविषे अहंममअभिमानतैंरहित जोज्ञानवान्पु रुषहै ॥ ताज्ञानवान्पुरुषकूं प्रमाणतापणा संभवतानहीं और प्रमातातैंविना प्रमाणकीप्रवृत्ति होतीन हीं ॥ यातैं ताज्ञानवान्पुरुषकूं किंचित्मात्रभी कर्त्तव्यनहीं है इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ ब्रह्मवेत्ताविद्वा न्पुरुषोंनेभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ गौणमिथ्यात्मनोऽसत्त्वे पुत्रदेहादिबाधनात् । तत्सद्ब्रह्माहम स्मीति बोधेकार्यंकथंभवेत् ' अर्थयह ॥ आत्मा तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ गौणआत्मा होवैहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दूसरा मिथ्याआत्मा होवैहै ॥ तीसरा मुख्यआत्मा होवैहै ॥ तहां पुत्रभार्यादिकतौ गौणआत्मा कह्ये जावैहैं ॥ और अन्नमयादिकपंचकोश मिथ्याआत्मा कह्येजावैहैं ॥ और तिनपंचकोशोंकाअधिष्ठान रूप जो सत् चित् आनंद एकरस साक्षीआत्माहै सो मुख्यआत्मा कह्याजावैहै ॥ तहां गौणआत्मा मिथ्याआत्मा इनदोनोंकेमिथ्यात्वनिश्चयहुए इसपुरुषकी तिनपुत्रभार्यादिकोंविषे तथाअन्नमयादिकपंचकोशोंविषे आत्मत्वबुद्धि निवृत्तहोइजावैहै ॥ तिसतैंअनंतर सर्वकाअधिष्ठानभूत सच्चिदानंद एकरस ब्रह्म मैंहूं याप्रकारकासाक्षात्कार उत्पन्नहोवैहै ॥ तासाक्षात्कारकेउत्पन्नहुए इसज्ञानवान्पुरुषकूं किंचित्मात्रभी कर्त्तव्य रहतानहीं इति ॥ किंवा इसउक्तअर्थकूं 'एषनित्योमहिमाब्राह्मणस्यनवर्द्धतेकर्मणा नोकनीयान्। एतद्बुध्वाबुद्धिमान्स्यात्कृतकृत्यश्चभारत' इत्यादिकअनेकश्रुतिस्मृतियां कथनकरैहैं ॥ यातैं संशयविपरीतभावनातैंरहित ज्ञानवान्पुरुषकूं किंचित्मात्रभी ध्यानादिकोंकीकर्त्तव्यता नहींहै ॥ परंतु सो ज्ञानवान्पुरुषभी जभी ध्यानपरायण होवैहै तभी तिसकूं ब्रह्मानंदरूपदृष्टसुख अधिकहोवैहै ॥ और सोज्ञानवान्पुरुष जभी ध्यानपरायण नहींहोवैहै ॥ तभी तिसकूं बाह्यव्यवहारकीबाहुल्यताकरिकै केवल दृष्टदुःखमात्रही होवैहै ॥ कोईसंशयविपरीतभावनाकीउत्पत्तिकरिकै मोक्षकाप्रतिबंध होतानहीं ॥ काहेतैं बहुकाल श्रवणमननानिदिध्यासनकरिकै निश्चयकऱ्याहै ब्रह्मात्मतत्त्वजिसने ऐसाजो करतलामलककीन्यांई आपणेअद्वयानंदस्वरूपकूंअनुभवकरणेहारा ज्ञानवान्पुरुषहै ॥ तिसज्ञानवान्पुरुषकूं प्रारब्धकर्मकेवशते किंचित्मात्र बाह्यव्यवहारकरिकै तेसंशयविपरीतभावनादिक संभवतेनहीं ॥ यातैं प्रारब्धकर्मकेवशतैं खानपानादिकव्यवहारोंकेहुएभी ताज्ञानवान्पुरुषकूं मोक्ष अवश्यप्राप्तहोवैहै ॥ तामो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्षका कोईभी प्रतिबंध करिसकतानहीं इति ॥ यहवार्त्ता श्रीव्यासभगवान्नेभी ब्रह्मसूत्रोंविषे कहीहै ॥ तहांसूत्र ॥ 'तन्निष्ठस्यमोक्षोपदेशात्' अर्थयह ॥ तिसब्रह्मात्माविषेहैनिष्ठाजिसकी ऐसाजो ज्ञानवान्पुरुषहै ॥ तिसज्ञानवान्पुरुषकूंही श्रुतिस्मृतिनें मोक्षकीप्राप्ति कथनकरीहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'तस्यतावदेव चिरंयावन्नविमोक्षेऽथसंपत्स्ये' अर्थयह ॥तिसज्ञानवान्पुरुषकूं विदेहमोक्षाविषे तबपर्यंतही विलंबहै ॥ जबपर्यंत भोगकरिकै प्रारब्धकर्मतैंरहितनहींभया ॥ ताप्रारब्धकर्मकीनिवृत्तितैंअनंतर सोज्ञानवान्पुरुष निर्विशेषब्रह्मभावरूपविदेहमोक्षकूं अवश्यप्राप्तहोवैहै इति ॥ तहांस्मृति ॥ 'यएवंवेत्तिपुरुषं प्रकृतिंचगुणैःसह। सर्वथावर्त्तमानोपि नसभूयोऽभिजायते' अर्थयह ॥ हेअर्जुन जोपुरुष देशकालवस्तुपरिच्छेदतैंरहितआनंदस्वरूपपरमात्माकूं अहंब्रह्मास्मि याप्रकार आपणाआत्मारूपकरिकै जानेहैं ॥ तथा सत्त्व रज तम इनतीनोंगुणोंसहित मायारूपप्रकृतिकूं मिथ्याजानेहै ॥ सोविद्वान्पुरुष सर्वप्रकरतैंवर्त्तमानहुआभी अर्थात् प्रबलप्रारब्धकर्मकेवशतैं कदाचित् यथेष्टाचरणकूंकरताहुआभी पुनःजन्मकूंप्राप्तहोतानहीं इति ॥ इसी आपणेअभिप्रायकूं श्रीभगवान् अष्टादशेअध्यायविषे प्रगटकरताभयाहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' यस्यनाहंकृतोभावो बुद्धिर्यस्यनलिप्यते । हत्वापिसइमाँल्लोकान्नहंतिननिबध्यते' अर्थयह ॥ हेअर्जुन जिसज्ञानवान्पुरुषकूं मैंकर्मकाकर्त्ताहूं याप्रकारकीभावनानहींहै ॥ तथा मैं इसकर्मकेफलकूंभोगोंगा याप्रकारतैं जिसज्ञानवान्पुरुषकीबुद्धि कर्मकेफलविषे लिपायमानहोतीनहीं ॥ सोज्ञानवान्पुरुष जोकदाचित् इनसर्वलोकोंकूंहननभीकरै ॥ तौभी ताहननक्रियाका कर्त्ता होतानहीं ॥ तथा ताहननक्रियाजन्यअनिष्टफलकेसाथिभी संबंधवाला होतानहीं इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ शेषभगवान्नेंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'ह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यमेधशतसहस्राण्यथकुरुतेब्रह्महाकोटिसहस्राणि परमार्थविन्नपुण्यैर्नचपापैःस्पृश्यतेविमलः' अर्थयह ॥अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेसाक्षात्कारवाला जोतत्त्ववेत्तापुरुषहै ॥ सोतत्त्ववेत्तापुरुष जोकदाचित् शतसहस्र अश्वमेधयज्ञोंकूंकरैहै ॥ अथवा लक्षब्राह्मणोंकूंहननकरैहै ॥ तौभी सोतत्त्ववेत्तापुरुष ताअश्वमेधजन्यपुण्योंकरिकै तथाताब्रह्महत्याजन्यपापोंकरिकै लिपायमानहोतानहीं ॥ जिसकारणतैं सोतत्त्ववेत्तापुरुष विमलहै ॥ अर्थात् अविद्यादिकमलतैंरहितहै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ श्रीविद्यारणस्वामीनेंभी कथन कऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'पूर्णेबोधेतहन्यौद्वौ प्रतिबद्धौयदातदा । मोक्षोविनिश्चितःकिंतु दृष्टदुःखंननश्यति' अर्थयह ॥ वैराग्य १ बोध २ उपरति ३ इनतीनोंविषे इसपुरुषकूं जबी आत्माकासाक्षात्काररूपबोधतौ पूर्णहोवैहै ॥ और किसीपापप्रारब्धकेवशतैं वैराग्य उपरति यहदोनों प्रतिबद्धहोवैहैं ॥ तबी इसपुरुषकूं मोक्षतौ निश्चयकरिकैहोवैहैं ॥ परंतु तौवैराग्यउपरतिकेअभावतैं इसपुरुषका दृष्टदुःख निवृत्त होतानहीं इति ॥ इहांयहतात्पर्यहै ॥ वैराग्य बोध उपरति यहतीनों परस्परसहायकहोणेतैं विशेषकरिकैतौ इकट्ठेहीरहेहैं ॥ परंतु कोईस्थलविषे इनतीनोंका परस्पर वियोगभीहोवैहै ॥ तहां महान्तपकरिकैयुक्त तथापरमेश्वरकेअनुग्रहवाला ऐसाजो उत्तमअधिकारीहै ॥ तिसविषेतौ तेतीनों इकट्ठेहीररहेहैं ॥ और मध्यमअधिकारीविषे किसीपापप्रारब्धकेवशतैं तिनोंका वियोगभीहोवैहै ॥ तावियोगविषेभी इतनाभेदहै ॥ जिसपुरुषकूं वैराग्य उपरति यहदोनोंता पूर्णहोवैहैं ॥ और आत्मसाक्षात्काररूपबोध प्रतिबद्ध होवैहै ॥ तिसपुरुषकूं मोक्षकीप्राप्ति होतीनहीं ॥ किंतु तिसतपकेबलतैं उत्तमलोककीप्राप्तिहोवैहै ॥ और जिसपुरुषकूं सोबोधतौ पूर्णहोवैहै ॥ और किसीपापप्रारब्धकेवशतैं वैराग्य उपरति यहदोनों प्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तिबद्ध होवैहैं ॥ तिसपुरुषकूं मोक्षतौ अवश्यहोवैहै ॥ परंतु दृष्टदुःख निवृत्तहोतानहीं इति ॥ अब प्रसंगतैं वैराग्य बोध उपरति इनतीनोंके साधन तथास्वरूप तथाफल तथापूर्णताकाअवधि यहचारों निरूपणकरैं हैं ॥ तहां इसलोकके तथापरलोकके विषयोंविषे सातिशय अनित्यता आदिकदोषोंकी जा दृष्टिहै ॥ सादोषदृष्टितौ वैराग्यका साधनहै ॥ और इसलोकपरलोककेविषयोंकेत्यागकी जाइच्छाहै सो वैराग्यका स्वरूपहै ॥ और विनाप्रयत्नतैंप्राप्तहुएभोगोंविषेभी जोचित्तकी अदीनताहै सो वैराग्यका फलहै ॥ और सर्वलोकोंतैंउत्कृष्टजोब्रह्मलोकहै तिसकूंभी तृणकीन्याईं तुच्छजानणा यह वैराग्यके पूर्णताकाअवधिहै इति ॥ और श्रवण मनन निदिध्यासन यहतीनों तावोधके साधनहैं ॥ और मिथ्या देहादिकोंतैं जोप्रत्यक्आत्माकाविवेचनहै सो वोधका स्वरूपहै ॥ और अहंकारादिकोंकेसाथि आत्माकातादात्म्यअध्यासरूपग्रंथिका जो पुनः अनुदयहै सो तावोधका फलहै ॥ और जैसे अज्ञानीपुरुषोंकूं देहविषे दृढआत्मत्वबुद्धिहोवैहै तैसे परमात्माविषे जा दृढआत्मत्वबुद्धिहै सो तावोधकेपूर्णताका अवधिहै इति ॥ और यमनियमादिक उपरतिके साधनहैं ॥ और मनकेसर्ववृत्तियोंकाजोनिरोधहै सो उपरतिका स्वरूपहै ॥ और लौकिकवैदिकसर्वव्यवहारोंका जोअभावहै सो ताउपरतिका फलहै ॥ और सुषुप्तिकीन्याईं सर्वपदार्थोंकी जाविस्मृतिहै सो ताउपरतिकेपूर्णताका अवधिहै इति ॥ तहां असंभावनाविपरीतभावनातैं जोरहितपणाहै यहही ताब्रह्मसाक्षात्काररूपबोधकेपूर्णताका अवधिहै ॥ सोबोधकेपूर्णताकाअवधि विष्णुपुराणविषे पराशरमुनिनेंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'अहंहरिःसर्वमिदंजनार्दनो नान्यत्ततःकारणकार्यजातम् । इदंमनोयस्यनतस्यभूयो भवोद्भवाद्वंद्वगदाभवंति' अर्थयह ॥ मैं तथा हसर्वजगत् परमात्मरूपहीहै ॥ तिसपरमात्मातैंभिन्न कोईभी कारण तथा कार्य हैनहीं ॥ इसप्रकारकी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्वात्मबुद्धि जिसपुरुषकूं प्राप्तभई है ॥ तिसपुरुषकूं पुनः संसारतैंउत्पन्नभये शीतउष्णमानअपमानादि कद्वंद्वरूपरोग प्राप्तहोतेनहीं इति ॥ किंवा यहबोधकेपूर्णताकाअवधि स्कंदपुराणविषेस्थितब्रह्मगीताविषे ब्रह्माकेप्रति महादेवनेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'अहंहिसर्वनचकिंचिदन्यन्निरूपणायामनिरूपणायाम्। इयंहिवेदस्यपराहिनिष्ठा ममानुभूतिश्चनसंशयश्च' अर्थयह ॥ मैंही सर्वजगत्रूपहूं ॥ मेरेतैंभिन्न कोईभीवस्तुनहींहै ॥ याप्रकारका जोसर्वात्मभावहै ॥ यहही सर्ववेदोंका परमतात्पर्य है ॥ और हमाराभी यहहीअनुभवहै ॥ इससर्वात्मभावविषे तुमने कदाचित्भी संशयनहींकरणा इति ॥ किंवा यहबोधकेपूर्णताकाअवधि उपदेशसहस्रीग्रंथविषे आचार्योंनेभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' देहात्मज्ञानवज्ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम्। आत्मन्येवभवेद्यस्य सनेच्छन्नपिमुच्यते' अर्थयह॥ जैसे अज्ञानीपुरुषोंकूं आपणेदेहविषे अहंमनुष्यः याप्रकारका दृढज्ञानहोवैहै ॥ तैसे जिसपुरुषकूं प्रत्यक्आत्माविषे अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका संशयविपरीतभावनातैंरहित दृढ़ज्ञान भयाहै ॥ जोज्ञान तादेहात्मज्ञानका नाशकरणेहाराहै ॥ ऐसेज्ञानवालापुरुष मोक्षकीनहींइच्छाकरताहुआभी अवश्य मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै इति ॥ किंवा यहबोधकेपूर्णताकाअवधि श्रीविद्यारण्यस्वामीनेभी तृप्तिदीपविषे कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' असंदिग्धाविपर्यस्तबोधोदेहात्मनीक्ष्यते । तद्वदत्रेतिनिर्णेतुमयमित्यभिधीयते' अर्थयह॥ लौकिकपुरुषोंकूं आपणेदेहरूपआत्माविषे जैसे संशयविपरीतभावनातैंरहित मैंमनुष्यहूं मैंब्राह्मणहूं याप्रकारकाज्ञान देखणेविषेआवै है ॥ तैसे इसअधिकारीपुरुषनें मुक्तिकीसिद्धिवासते प्रत्यक्आत्माविषे संशयविपरीतभावनातैंरहित अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकाबोधही संपादनकरणेयोग्यहै ॥ इसप्रकारके निर्णयकरणेवासतेही श्रुतिविषे अयं यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पद कथनकऱ्याहै ॥ साश्रुति आगेकथनकरेंगे इति ॥ इत्यादिक अनेक श्रुतिस्मृतिआचार्यवाक्यरूप प्रमाणोंकरिकै सोबोधकेपूर्णताकाअवधि सिद्धहै ॥ यातैं यहअर्थ सिद्धभया ॥ पूर्वउक्त विवेकादिकच तुष्टयसाधनसंपन्नपुरुषकूं श्रवणमननानिदिध्यासनकरिकै अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका ब्रह्मसाक्षात्कार हो वैहै ॥ ताब्रह्मसाक्षात्कारतैं अविद्याकीनिवृत्ति तथाब्रह्मभावरूपमुक्ति होवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ब्रह्म साक्षात्कारतैं इसपुरुषकूं अविद्याकीनिवृत्ति तथाब्रह्मभावरूपमुक्ति होवैहै ॥ इसअर्थविषे कौनप्रमाण है ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ इसअर्थकूं साक्षात्वेदकीश्रुति तथास्मृति कथनकरेहैं ॥ तहांश्रुति ॥ ' त मेवविदित्वाऽतिमृत्युमेति । तरतिशोकमात्मवित् ।ब्रह्मविद्ब्रह्मैवभवति।एवमेवैषसंप्रसादोऽस्माच्छरीरात्स मुत्थायपरंज्योतिरुपसंपद्यस्वेनरूपेणाभिनिष्पद्यते । सउत्तमःपुरुषः । आत्मानंचेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः किमिच्छन्कस्यकामायशरीरमनुसंज्वरेत् । यत्पूर्णानंदैकबोधस्तद्ब्रह्माहमस्मीतिकृतकृत्योभवति' अर्थयह॥यहअधिकारीपुरुष तिसपरमात्माकूं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका साक्षात्कारकरिकै संसारकेकारण भूतअज्ञानरूपमृत्युकूं नाशकरेहै ॥ और आत्माकेसाक्षात्कारवालापुरुष शोककूं तरेहै अर्थात् संसार केकारणरूपअज्ञानकूं नाशकरेहै ॥ और ब्रह्मकेसाक्षात्कारवालापुरुष ब्रह्मरूपहीहोवैहै ॥ और यहसंप्र सादनामाजीव विचारतैं स्थूलसूक्ष्मशरीरकेअभिमानकूंपरित्यागकरिकै अहंब्रह्मास्मि याप्रकारतैं परब्रह्म कूं आपणाआत्मारूपजानिकै तापरब्रह्मरूपहींहोवैहै ॥ और जोअधिकारी ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै ब्रह्म रूपहुआहै ॥ सोअधिकारी उत्तमहै तथापुरुषहै ॥ तहां ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै निवृत्तहोइगयाहै अज्ञान रूपतम जिसका ताकानाम उत्तमहै ॥ और सर्वत्रपूर्णकानाम पुरुषहै ॥ और नित्यअपरोक्षरूप तथा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्वकासाक्षीरूप परमात्मा मैंहूं याप्रकारतैं जबी कोईपुरुष प्रत्यक्आत्माकूं साक्षात्कारकरेहै ॥ तभी सो ज्ञानवान्पुरुष किसकीइच्छाकरताहुआ किसकेवासतै शरीरकूं आश्रयकरिकै तपायमानहोवैगा ॥ किंतु नहींतपायमानहोवैगा ॥ और जोब्रह्म अपरिच्छिन्नआनंदरूपहै तथाएकहै तथाबोधरूपहै सोब्रह्म मैंहूं याप्रकारकेज्ञानवालापुरुष कृतकृत्यहीहोवैहै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ गीताविषे श्रीकृष्णभगवान्नेभी कह्याहै ॥ ' एतद्बुध्वाबुद्धिमान्स्यात्कृतकृत्यश्चभारत । ज्ञानीत्वात्मैवमेमतं' अर्थयह ॥ हेअर्जुन इसब्रह्मात्मतत्त्वकूं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका साक्षात्कारकरिकै यहपुरुष बुद्धिमान्होवैहै तथाकृत्यकृत्यहोवैहै ॥ और ज्ञानवान्पुरुष मैंपरमेश्वरका आत्मारूपही है इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ शेषभगवान्नेंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक॥वृक्षाग्राच्युतपादोयद्वदनिच्छन्नपिक्षितौपतातिद्वद्वणपुरुषज्ञोऽनिच्छन्नपिकेवलीभवति'अर्थयह ॥ जैसे वृक्षकेऊपरितैंगिरचाहुआ पुरुष भूमिविषेपतनकी नहींइच्छाकरताहुआभी ताभूमिविषे अवश्य पडेहै॥ तैसे आत्मसाक्षात्कारवान्पुरुष मोक्षकीनहींइच्छाकरताहुआभी अवश्य मोक्षकूंप्राप्तहोवैहै इति॥ इत्यादिक अनेकश्रुतिस्मृतिवचन ब्रह्मसाक्षात्कारतैं अविद्याकीनिवृत्ति तथाब्रह्मभावरूपमुक्तिकीप्राप्ति कथनकरेहैं ॥ यातैं विचारकऱ्येहुएतत्त्वमसिआदिकमहावाक्यतैंउत्पन्नहुए अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेसाक्षात्कारकरिकै इसतत्त्ववेत्तापुरुषकूं नित्यनिरतिशय अखंड एकरस आनंद ब्रह्मभावरूपमुक्ति प्राप्तहोवैहै यहसिद्धभया इति ॥ ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीस्वामिउद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वामिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृततत्त्वानुसंधाने तृतीयःपरिच्छेदःसमाप्तः ॥ ३ ॥ ॥ श्रीहरुभ्योनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ ॥ ७ ॥ ॥ ७ ॥

इति श्रीस्वामिचिद्घनानंदगिरिकृतप्राकृततत्त्वानुसंधाने तृतीयःपरिच्छेदःसमाप्तः ॥ ३ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ श्रीस्वामिचिद्घनानन्दगिरिकृतप्राकृत-तत्त्वानुसन्धानेचतुर्थपरिच्छेदः ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ॐ श्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥ श्रीशङ्कराचार्येभ्योनमः ॥ अथ चतुर्थपरिच्छेदप्रारंभः ॥ तहां पूर्व तृतीयपरिच्छेदकेअंतविषे ब्रह्मसाक्षात्कारतैं मुक्तिकीप्राप्ति कथन करी ॥ सामुक्ति जीवन्मुक्ति १ विदेहमुक्ति २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां कैएकग्रंथकार जीवन्मुक्तिकूं अंगीकारकरतेनहीं ॥ किंतु एकविदेहमुक्तिही मानेहैं ॥ तिनोंकेमतकेखंडनकरणेवासतै प्रथम तिनोंकामत निरूपणकरेहैं ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै इसविद्वानपुरुषकूं एकविदेहमुक्तिही होवैहै ॥ जीवन्मुक्ति होतीनहीं ॥ काहेतैं ताजीवन्मुक्तिविषे कोईभीप्रमाण नहीं है ॥ तथा ताजीवन्मुक्तिका कोईलक्षणभी संभवतानहीं ॥ तथा ताजीवन्मुक्तिका कोईसाधनभी संभवतानहीं ॥ तथा ताजीवन्मुक्तिका कोईआधिकारीभी संभवतानहीं ॥ तथा ताजीवन्मुक्तिका कोईफलरूपप्रयोजनभी संभवतानहीं ॥ औरलक्षणप्रमाणादिकोंतैंही वस्तुकीसिद्धिहोवैहै॥तिनलक्षणाप्रमाणादिलोंकाअभावहोणेतैं साजीन्वमुक्ति अंगीकारकरणेयोग्यनहीं है ॥ अब प्रमाणकेअभावतैं ताजीवन्मुक्तिकेअभावकूं सिद्धकरेहैं ॥ ताजीवन्मुक्तिविषे कोईभी श्रुतिस्मृतिवचन प्रमाणनहींहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ' विमुक्तश्चविमुच्यते । सजीवन्मुक्तउच्यते । स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते ' इत्यादिक श्रुतिस्मृतिवचनही ताजीवन्मुक्तिविषे प्रमाणरूपहै। यातैं ताजीवन्मुक्तिविषे प्रमाणकाअभावकहणा असंगतहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तिनश्रुतिस्मृतिवचनो का ब्रह्मविद्याकीस्तुतिकरिकै ब्रह्मविषेही तात्पर्य है ॥ ताजीवन्मुक्तिविषे तात्पर्यनहीं है॥ यातैं तिनवचनोंतैं ताजीवन्मुक्तिकीसिद्धि होइसकैनहीं अब लक्षणकेअभावतैं ताजीवन्मुक्तिकेअभावकूं सिद्धकरेहैं ॥ अज्ञानकेवृनित्तिकानाम तहां जीवन्मुक्तिहै ॥ अथवा ब्रह्मभावकानाम जीवन्मुक्तिहै ॥ अथवा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का जो अनारंभकपणाहै ताकानाम विदेहमुक्तिहै सोयहाविदेहमुक्ति ज्ञानकीउत्पत्तिकेसमकालहीहो वैहै ॥ अर्थात् इसपुरुषकूं जिसकालविषे आत्मज्ञान होवैहै तिसीकालविषे साविदेहमुक्ति होवैहै ॥ काहेतैं आत्मज्ञानकरिकैनिवृत्तहुए संचितकर्मकाभी नाशहोइजावैहै ॥ और सोसंचितकर्महीं भावीशरीरका आरंभक होवैहै ॥ यातैं इसपुरुषकूं आत्मज्ञानकीउत्पत्तिकालविषे साभावीशरीरकाअ नारंभकत्वरूपविदेहमुक्ति बनिसकेहै ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'तीर्थेश्वपच गृहेवानष्टस्मृतिरपित्यजन्देहम् ज्ञानसमकालमुक्तःकैवल्यंयातिहतशोकः' अर्थयह ॥ श्रीकाशीआदिक तीर्थविषे अथवा चांडालकेगृहविषे शरीरकूंपरित्यागकरताहुआ ॥ तथा सन्निपातादिकदोषकेवशतैं ब्र ह्मात्मस्मृतितैंरहितहुआभी ज्ञानवान्पुरुष कैवल्यमोक्षकूंही प्राप्तहोवैहै ॥ जिसकारणतैं सोतत्त्ववेत्तापुरुष आत्मज्ञानकेसमकालही मुक्तहै ॥ तथा सर्वशोकोंतैंरहितहै इति ॥ तहां इतनैंपर्यंत विदेहमुक्तिका निरू पणकऱ्या ॥ अब जीवन्मुक्तिका निरूपणकरेहैं ॥ तहां प्रथम ताजीवन्मुक्तिकालक्षण कहेहैं ॥ श्रवणा दिकोंकरिकैउत्पन्नभयाहै ब्रह्मसाक्षात्कार जिसकूं ऐसाजो विद्वत्संन्यासीहै ॥ तिसविद्वत्संन्यासीकूं जी वत्अवस्थाविषे जो कर्तृत्वभोक्तृत्वादिरूपसर्वबंधप्रतीतिकीनिवृत्तिहै ताकानाम जीवन्मुक्तिहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ यहजीवन्मुक्तिकालक्षण संभवतानहीं ॥ काहेतैं भोगदेणेहारेप्रारब्धकर्मकोविद्यमानहुए ज्ञा नवान्पुरुषकूंभी साकर्तृत्वादिकबंधकीप्रतीति अवश्यकरिकैहोवैगी ॥ जिसकारणतैं ताकर्तृत्वभोक्तृत्व बुद्धितैंविना सोप्रारब्धकर्मकेफलकाभोग संभवतानहीं ॥ यद्यपि सोकर्तृत्वादिकबंध साक्षीआत्मातैंतौ ज्ञा नकरिकैहीनिवृत्तहाइगयाहै ॥ तथापि जलगतद्रवत्वधर्मकीन्यांई तथाअग्निगतउष्णत्वधर्मकीन्यांई अंतः

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करणकास्वाभाविकधर्मरूप सोकर्तृत्वादिकबंध ताअंतःकरणतैं निवृत्तहोणेकूंअशक्यहै ॥ यातैं कर्तृत्वा
दिकसर्वबंधप्रतीतिकेनिवृत्तिकानाम जीवन्मुक्तिहै यहलक्षण संभवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जैसे
तत्त्वज्ञानतैं प्रारब्धकर्म प्रबलहोवैहै ॥ तैसे ताप्रारब्धकर्मतैंभी योगाभ्यास प्रबलहोवैहै ॥ यातैं तायोगा
भ्यासकरिकै यद्यपि ताप्रारब्धभोगकेअनुकूलकर्तृत्वादिकबंधप्रतीतिकी आत्यंतिकनिवृति होतीनहीं ॥
तथापि तायोगाभ्यासकरिकै ताकर्तृत्वादिकबंधप्रतीतिका अभिभव अवश्यहोवैहै॥यातैं सोपूर्वउक्त जी
वन्मुक्तिकालक्षण संभवैहै ॥ जोकदाचित् प्रारब्धकर्मतै योगाभ्यासकूं प्रबल नहींमानिये ॥ तौ पुरुषप्रय
त्नकूंही व्यर्थताहोवैगी ॥ तापुरुषप्रयत्नकेव्यर्थहुए चिकित्साशास्त्रतैंआदिलैके मोक्षशास्त्रपर्यंत सर्वशा
स्त्रोंकाआरंभ निष्फलहोवैगा ॥ ॥ शंका ॥ ॥ योगाभ्यासकरिकै जो प्रारब्धकर्मका प्रतिबंध मानों
गे ॥ तौ 'नाभुक्तंक्षीयतेकर्मकल्पकोटिशतैरपि' इसवचनका विरोधहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥
ताप्रारब्धकर्मकेविरोधी जे योगाभ्यासादिकहैं तिनोंके नहींविद्यमानहुएही सोउक्तवचन सार्थक हो
वैहै ॥ अर्थात् जिसप्रारब्धकर्मका कोईयोगाभ्यासादिक प्रतिबंधक नहीं है ॥ सोप्रारब्धकर्म भोगतैं
विना निवृत्तहोतानहीं ॥ जोकदाचित् किसीउपायकरिकैभी ताप्रारब्धकर्मकाप्रतिबंध नहींहोताहोवै
तौ प्रारब्धकर्मविषेअत्यंतभक्तिवालेवादीकूंभी शास्त्रकेवचनोंका विरोधहोवैगा ॥ सोवचन यहहै ॥
श्लोक ॥ 'जन्मांतरकृतंपापं व्याधिरूपेणबाधते ।तच्छांतिरौषधैर्दानैर्जपहोमार्चनादिभिः' अर्थयह ॥ इ
सपुरुषनै पूर्वजन्मविषे कऱ्याजोपापकर्म सोपापकर्म है इसपुरुषकूं इसजन्मविषे ज्वरादिकव्याधिरूप
करिकै दुःखकीप्राप्तिकरेहै ॥ तिसकीशांति औषधोंकरिकै तथा दानोंकरिकै तथा जप होम अर्चन आ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जीवत्अवस्थाविषे कर्तृत्वभोक्तृत्वादिरूपबंधकीनिवृत्तिकानाम जीवन्मुक्तिहै ॥ तहां प्रथमलक्षण वा द्वि
तीयलक्षण जोअंगीकारकरो सो संभवतानहीं ॥ जिसकारणतैं विदेहमुक्तिविषेभी साअज्ञानकी नि
वृत्ति तथासोब्रह्मभाव विद्यमानही है ॥ ताविदेहमुक्तिविषे तिनदोनोंलक्षणोंकी अतिव्याप्तिहोवैगी ॥
और अतिव्याप्तिदोषवालालक्षण आपणेलक्ष्यअर्थकीसिद्धि करिसकतानहीं ॥ यातैं ताप्रथमद्वितीयलक्ष
णतैं ताजीवन्मुक्तिकीसिद्धि होइसकतीनहीं ॥ और जोतृतीयलक्षण अंगीकारकरो सोभी संभवता
नहीं ॥ काहेतैं जीवत्अवस्थाविषे भोगदेणेहारेप्रारब्धकर्मकेविद्यमानहुए ताकर्तृत्वादिकबंधकीनिवृत्ति
संभवतीनहीं यातैं सोतृतीयलक्षणभी असंभवदोषवालाहोणेतैं ताजीवन्मुक्तिकीसिद्धि करिसकैनहीं ॥
किंवा जीवत्अवस्थाविषे सोकर्तृत्वादिकबंध साक्षीचैतन्यतैं निवृत्तकरतेहो अथवा अहंकारतैं निवृ
त्तकरतेहो ॥ तहां जोप्रथमपक्ष अंगीकारकरो सो संभवतानहीं ॥ काहेतैं तासाक्षीचैतन्यविषे वास्तव
तैंतो सोबंधहैनहीं ॥ किंतु अंतःकरणकेतादात्म्यअध्यासतैं सोबंध प्रतीतहोवैहै ॥ जबी आत्मसाक्षात्का
रकरिकै तिसतादात्म्यअध्यासकीनिवृत्ति होवैहै ॥ तभी सोआरोपितबंधभी निवृत्तहोइजावैहै ॥ यातैं
तासाक्षीतैंबंधकीनिवृत्तिकरणेवासतै जीवन्मुक्तिकासंपादनकरणा व्यर्थही है ॥ और जोद्वितीयपक्ष अं
गीकारकरो सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं भोगकेदेणेहारेप्रारब्धकर्मकेविद्यमानहुए ताअहंकारगतस्वा
भाविकबंधकीनिवृत्ति संभवतीनहीं ॥ तात्पर्यंयह ॥ जिसधर्मीका जो स्वाभाविकधर्म होवैहै ॥ सोस्वा
भाविकधर्म ताधर्मीकेविद्यमानहुए निवृत्तहोतानहीं ॥ जैसे अग्निका उष्णत्वधर्म तथा जलका द्रवत्वधर्म
ताअग्निजलरूपधर्मीकेविद्यमानहुए निवृत्तहोतानहीं ॥ तैसे अहंकारका स्वाभाविकधर्मरूप सोकर्तृत्वादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कबंधभी ताअहंकाररूपधर्मीकेविद्यमानहुए निवृत्तहोवैगानहीं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताअहंकारगत कर्तृत्वादिकबंधका यद्यपि स्वरूपतैंनाश नहींहोता ॥ तथापि योगाभ्यासकरिकै ताबंधका अभिभव होवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जैसे आत्मज्ञानतैं सोप्रारब्धकर्म प्रबलहोवैहै ॥ तैसे तायोगाभ्यासतैंभी सोप्रारब्धकर्म प्रबलहोवैहै ॥ और ताप्रारब्धकर्मकाभोग कर्तृत्वादिकअभिमानतैंविना संभवतानहीं ॥ यातैं ताप्रबलप्रारब्धकर्मकेविद्यमानहुए सोयोगाभ्यास ताकर्तृत्वादिकबंधका अभिभव करिसकैगा नहीं ॥ यातैं जीवत्अवस्थाविषे कर्तृत्वादिकबंधकेनिवृत्तिकानाम जीवन्मुक्तिहै यहउक्त जीवन्मुक्तिका लक्षण संभवतानहीं इति ॥ अब साधनकेअभावतैं ताजीवन्मुक्तिकेअभावकूं सिद्धकरेहैं ॥ तहां जीवन्मुक्तिकूंमानणेहारेवादीसे यहपूँछाचाहिये ॥ ताजीवन्मुक्तिका आत्मज्ञान साधनहै अथवा योग साधन है ॥ तहां प्रथमपक्ष जोअंगीकारकरो सो संभवतानहीं ॥ काहेतैं सोआत्मज्ञान विदेहमुक्तिकाही साधनहै ॥ ताजीवन्मुक्तिका साधननहीं ॥ और 'ज्ञानादेवतुकैवल्यम्' इत्यादिकश्रुतियोंनैं आत्मज्ञानतैं मुक्तिकीप्राप्ति कथनकरीहै ॥ कोईजीवन्मुक्तिकीप्राप्ति कथनकरीनहीं ॥ यातैं सोआत्मज्ञान विदेहमुक्तिकाही साधनहै ॥ तैसे द्वितीयपक्षभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं जैसे श्रवणादिक आत्मज्ञानकेसाधनहैं तैसे सोयोगभी आत्मज्ञानकाही साधनहै ॥ यातैं तायोगकूंभी जीवन्मुक्तिकीसाधनता संभवैनहीं ॥ अब अधिकारीकेअभावतैं ताजीवन्मुक्तिकेअभावकूं सिद्धकरेहैं ॥ तहां ताजीवन्मुक्तिविषे मुमुक्षुकूंतौ अधिकारीपणा संभवतानहीं ॥ किंतु ज्ञानवान्कूंही ताजीवन्मुक्तिका अधिकारी कहणाहोवैगा ॥ सो भी संभवतानहीं ॥ काहेतैं 'ज्ञानामृतेनतृप्तस्य कृतकृत्यस्ययोगिनः । नैवास्तिकिंचित्कर्त्तव्यमस्तिचेन्न

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सतत्त्ववित् ॥ तस्यकार्यंनविद्यते' इत्यादिकवचनोंनैं ज्ञानवान्कूं कर्त्तव्यताका निषेधकऱ्याहै ॥ जो ज्ञानवान्कूं जीवन्मुक्तिकाअधिकारी मानोंगे तौ ताज्ञानवान्कूं ताजीवन्मक्तिकेसाधनोंकीकर्त्तव्यता अवश्यहोवैगी ॥ ताकरिकै तिनउक्तवचनोंका विरोधहोवैगा ॥ किंवा देहाभिमानवाळापुरुषही कर्त्ताहोवैहै ॥ और ज्ञानवान्पुरुष तादेहाभिमानतैंरहितहै ॥ यातैं कर्त्तापणेतैंभीरहितहै ॥ ताकर्त्तापणेके अभावहुए ताज्ञानवान्पुरुषकी ताजीवन्मुक्तिकेसाधनोंविषे प्रवृत्तिसंभवतीनहीं ॥ यातैं ताज्ञानवान्पुरुषकूं ताजीवन्मुक्तिविषे अधिकार संभवतानहीं ॥ और अधिकारतैंविना ताजीवन्मुक्तिकेसाधनोंकाअभ्यासभी संभवतानहीं इति ॥ अब फलरूपप्रयोजनकेअभावतैं ताजीवन्मुक्तिअभावकूं सिद्धकरेहैं ॥ ॥ तहां जीवन्मुक्तिकूंमानणेहारेवादीतैं यहपूँछाचाहिये ॥ ताजीवन्मुक्तिका क्याप्रयोजनहै ॥ अर्थात् प्रयोजनतैंविना मंदपुरुषकीभी प्रवृत्तिहोतीनहीं ॥ तौ बुद्धिमान्पुरुषकी ताप्रयोजनतैंविना कैसेप्रवृत्ति होवैगी ॥ यातैं ताजीवन्मुक्तिकेसंपादनविषे पुरुषकीप्रवृत्तिवासतै ताजीवन्मुक्तिका कोईप्रयोजन अवश्यकह्याचाहिये ॥ तहां उत्पन्नहुएआत्मज्ञानकारक्षण ताजीवन्मुक्तिका प्रयोजनहै ॥ अथवा दुःखकानाश प्रयोजनहै ॥ अथवा स्वरूपसुखकाआविर्भाव प्रयोजनहै ॥ तहां प्रथमपक्ष जोअंगीकारकरो सो संभवतानहीं ॥ काहेतैं तत्त्वमसिआदिकप्रमाणकरिकैजन्य तथाअज्ञानकेनिवृत्तकरणेविषेसमर्थ जो आत्मज्ञानहै ॥ तिसआत्मज्ञानका कोईभीबाधक हैनहीं ॥ और बाधकतैंही रक्षणहोवै है ॥ यातैं ताज्ञानकारक्षणही निरूपणहोइसकतानहीं ॥ इसप्रकार दुःखकानाश तथासुखकाआविर्भाव यहदोनोंभी ताजीवन्मुक्तिका प्रयोजन नहीं हैं ॥ जिसकारणतैं तेदोनों आत्मज्ञानकरिकैही प्राप्तहोवैहैं ॥ और जोवस्तु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जिससाधनकरिकै प्राप्तहोवैहै सोवस्तु तिससाधनकाही फलहोवैहै ॥ अन्यसाधनकाफल होतानहीं ॥ यातैं दुःखकानाश तथासुखकाआविर्भाव यहदोनों आत्मज्ञानकाहीफलहै ॥ ताजीवन्मुक्तिकाफलनहीं है ॥ इसप्रकार प्रमाण स्वरूपलक्षण साधन अधिकारी प्रयोजन इनपांचोंकेअभावहोणेतैं ताजीवन्मुक्ति काअंगीकार निरर्थकही है ॥ यातैं आत्मज्ञानतैं एकविदेहमुक्तिहीहोवैहै ॥ जीवन्मुक्तिहोतीनहीं इति ॥ इसप्रकार कोईकग्रंथकार जीवन्मुक्तिकाखंडनकरिकै एकविदेहमुक्तिही अंगीकाकरेहैं ॥ तिनों केमतकेखंडनकरणेवासतै अब तामुक्तिकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ सापूर्वउक्तमुक्ति दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ विदेहमुक्ति होवैहै ॥ दूसरी जीवन्मुक्ति होवैहै ॥ यद्यपि जीवन्मुक्तितैंपश्चात् विदेहमुक्तिहोवै है ॥ यातैं प्रथम ताजीवन्मुक्तिकाही निरूपणकरणा उचितहै ॥ तथापि साजीवन्मुक्ति विवादकरिकै ग्रस्तहै ॥ यातैं ताकानिरूपण अतिविस्तारतैंहोवैहै ॥ और विदेहमुक्तिविषे किसीका विवादहैनहीं ॥ यातैं ताकानिरूपण थोडेमेंहोवैहै यातैं सूचीकटाहन्यायकरिकै प्रथम विदेहमुक्तिकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां अहंब्रह्मास्मि याप्रकारके तत्त्वज्ञानवालेपुरुषका भोगकरिकैप्रारब्धकर्मकेनाशहुए जोवर्त्तमानश रीरकानाशहै ताकानाम विदेहमुक्तिहै ॥ यहविदेहमुक्ति श्रीव्यासभगवान्नेंभी ब्रह्मसूत्रोंविषे कथनक रीहै ॥ तहांसूत्र ॥ 'भोगेनत्वितरेक्षपायित्वासंपद्यते' अर्थयह ॥ ज्ञानवान्पुरुष सुखदुःखकेअनुभवरूप भोगतैंपुण्यपापरूपप्रारब्धकर्मकानाशकरिकैशरीरनाशतैंअनंतर अखंडएकरसआनंदब्रह्मात्मरूपतैंस्थि तहोवैहै ॥ पुनः जन्मकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ काहेतैं तिसज्ञानवान्पुरुषका आत्मज्ञानकरिकै अज्ञान तथासं चितकर्म नाशहोइजावैहैं ॥ और ताआत्मज्ञानकेप्रभावतैं ताज्ञानवान्पुरुषकूं आगामिपुण्यपापकर्मका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्पर्शहीहोतानहीं ॥ और प्रतिबंधरूपप्रारब्धकर्मका भोगकरिकैनाशहुएतैंअनंतर वासनासहितविक्षेप शक्तिवालाअज्ञानभी नाशहोइजावैहै ॥ यातैं जन्मकीप्राप्तिकरणेहारे संचितकर्मादिककारणकेअभाव हुए सोज्ञानवान्पुरुष पुनः जन्मकूं प्राप्तहोतानहीं ॥ किंतु इसवर्त्तमानशरीरकेनाशतैंअनंतर सोज्ञानवान् पुरुष निर्विशेषब्रह्मरूपही होवैहै इति ॥ यह उक्तविदेहमुक्तिकास्वरूप 'तस्यतावदेवचिरंयावन्नविमोक्ष्येऽथसंपत्स्ये' इसश्रुतिनैंभी कथनकऱ्याहै ॥ यातैं साविदेहमुक्ति श्रुतिसूत्रप्रमाणकरिकैसिद्धहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसपुरुषकूं अनेकजन्मोंकीप्राप्तिकरणेहारा प्रारब्धकर्म विद्यमानहोवैहै ॥ तिसपुरुकूं प्रथमजन्मविषे आत्मज्ञानकेउत्पन्नहुए दूसराजन्म होवैहै अथवा नहींहोवैहै ॥ तहां प्रथमपक्ष जो अंगी कारकरोगे तौ ज्ञानकूं पाक्षिकपणा होवैगा ॥ अर्थात् ताआत्मज्ञानकूं नियमतैं जन्मनिवृत्तिकाहेतु पणा नहींहोवैगा ॥ और दूसरापक्ष जोअङ्गीकारकरोगे ॥ तौ 'नाभुक्तंक्षीयतेकर्मकल्पकोटिशतैरपि' इसवचनकाविरोध प्राप्तहोवैगा ॥ ऐसीशंकाकेप्राप्तहुए ॥ इहां कैएकग्रंथकारतौ ऐसा समाधान करेहैं ॥ 'यावदधिकारमवस्थितिराधिकारिकाणां' इससूत्रविषे श्रीव्यासभगवाननें तथा श्रीभाष्यकारोंनें यहअर्थ निरूपकऱ्याहै ॥ सृष्टिकेआदिकालविषे जगत्व्यवहारकेचलावणेवासतै परमेश्वरनें स्थापनकऱ्येजे देवतादिक अधिकारीपुरुषहैं ॥ तिनअधिकारीपुरुषाकूं तितनैंकालपर्यंत सोअधिकार होवैहै ॥ तित नैंकालपर्यंत तिनोंकीस्थितिहोवैहे ॥ मध्यविषे किसीवरशापकेवशतैं तिनअधिकारीपुरुषोंकूं जन्मांतर कीप्राप्तिहुएभी आत्मज्ञानकाबाध होतानहीं ॥ तथा ताअधिकारकीसमाप्तिकालविषे तिनोकूं मोक्षभी अवश्यहोवैहैं इति ॥ इसप्रकार जिसपुरुषका प्रारब्धकर्म अनेकजन्मकेदेणेहाराहै तिसपुरुषकूं प्रथम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जन्मविषे तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यप्रमाणकेबलतैं आत्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिहुएतैंअनंतर ताप्रबलप्रारब्धकर्मकेवशतैं जन्मांतरकीप्राप्तिहुएभी ताज्ञानकाबाधहोतानहीं ॥ जिसकारणतैं सोप्रारब्धकर्मकाफल ताआत्मज्ञानका विरोधीहोतानहीं ॥ जोकदाचित् सोप्रारब्धकर्मकाफल ताआत्मज्ञानकाविरोधी होताहोवै तौ देवतादिकअधिकारीपुरुषोंके आत्मज्ञानकाभी ताप्रारब्धकर्मकेफलकरिकै बाधहोणाचाहिये ॥ और तिसपुरुषकूं ताअत्मासाक्षात्कारतैं सोब्रह्मभावरूपमोक्षभी अवश्यप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं ताआत्मज्ञानका सोपाक्षिकपणाभी होवैनहीं ॥ तथा 'नाभुक्तंक्षीयतेकर्म ' इसवचनकाभी विरोधहोवैनहीं इति ॥ और कैएकग्रंथकारतौ ताउक्तशंकाका यहसमाधान करेहैं ॥ 'यस्तुविज्ञानवान्भवत्यमनस्कःसदाशुचिः ।सतुतत्पदमाप्नोतियस्माद्भूयोनजायते । यएवंवेत्तिपुरुषंप्रकृतिंचगुणैःसह । सर्वथावर्त्तमानोपिनसभूयोऽभिजायते ' इत्यादिकश्रुतिस्मृतियोंनैं ज्ञावान्पुरुषकेजन्मका निषेधकऱ्याहै ॥ यातैं जिसपुरुषका सोप्रारब्धकर्म अनेकजन्मकाहेतुहोवेहै ॥ तिसपुरुषकूं ताप्रथमजन्मविषे श्रवणादिकोंतैं सोआत्मज्ञान उत्पन्नहोतानहीं ॥ किंतु अंत्यजन्मविषेही सोआत्मज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ यहवार्त्ता श्रीवसिष्ठभगवान् नैंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' यस्येदंजन्मपाश्चात्यं तमाश्चेवमहामते । विशंतिविद्याविमला मुक्तावेणुमिवोत्तमम् ' अर्थयह ॥ हेमहामतिबलाराम जिसपुरुषका यहअंत्यजन्महोवेहै ॥ तिसपुरुषविषेही यहनिर्मलब्रह्मविद्या प्रवेशकरेहै जैसे उत्तमजातिवालेवेणुविषे मोती प्रवेशकरेहै इति ॥ यातैं पूर्वउक्तदोनोंप क्षोंविषे भोगकरिकैप्रारब्धकर्मकेनाशहुए तथादेहकेपातहुए सोज्ञानवान्पुरुष ब्रह्मात्मरूपकरिकैस्थितहोवैहै यहअर्थसिद्धभया इति ॥ और कैएकग्रंथकारतौ ताविदेहमुक्तिका यहस्वरूप कहेहैं ॥ भावीशरीर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दिकोंकरिकै होवैहै इति ॥ इत्यादिकवचनों नैं ताप्रारब्धपापकर्मकेशांतिवासतै औषधादिक उपाय क थनकऱ्येहैं ॥ तिनसर्ववचनोंका विरोधहोवैगा ॥ यातैं योगाभ्यासकरिकै ताप्रारब्धकर्मकाअभिभव सं भवैहै ॥ किंवा प्रारब्धकर्मकीअपेक्षाकरिकै योगाभ्यासादिक शास्त्रीयप्रयत्नकी प्रबलता वासिष्ठभगवा न्नेंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' आबाल्यादलमभ्यस्तैः शास्त्रसत्संगमादिभिः। गुणैःपुरुषयत्नेन सोऽर्थः संप्राप्यतेहितः ' अर्थयह ॥ पुरुषप्रयत्न दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ अशास्त्रीय होवैहै ॥ दूसरा शास्त्रीय होवैहै ॥ तहां श्रुतिस्मृतिरूपशास्त्रकरिकैनिषिद्ध जोप्रयत्नहै ताकानाम अशास्त्रीयप्रयत्नहै ॥ जैसे चोरीहिंसादिकप्रयत्नहैं ॥ और श्रुतिस्मृतिरूपशास्त्रनैं विधानकऱ्याजोप्रयत्नहै ताकानाम शास्त्रीयप्रय त्नहै ॥ जैसे यज्ञदानादिकप्रयत्नहैं ॥ तहां यहपुरुष अशास्त्रीयपुरुषप्रयत्नकरिकैतौ नरककूंही प्राप्तहो वैहै ॥ और बाल्यावस्थातैंलैकै अभ्यासकऱ्येजे अध्यात्मशास्त्रसत्समागम शांति दांति आदिकगुण हैं ॥ तिनगुणोंकरिकैयुक्त दूसरेशास्त्रीयपुरुषप्रयत्नकरिकै यहपुरुष मोक्षरूपपरमपुरुषार्थकूं प्राप्तहोवैहै इ ति॥यहउक्तअर्थही'उच्छास्त्रंशास्त्रितंचेति पौरुषंद्विविधंस्मृतम्। तत्रोच्छास्त्रमनर्थायपरमार्थायशास्त्रितम्' इसश्लोककरिकैभी कथनकऱ्याहै ॥ यातैं योगाभ्यासरूपशास्त्रीयप्रत्नकरिकै ताप्रारब्धकर्मकाअभिभव संभवैहै ॥ यातैं सोपूर्वउक्त कर्तृत्वादिकबंधप्रतीतिकीनिवृत्तिरूप जीवन्मुक्तिकालक्षण निर्दोषहै इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिकेअधिकारीका निरूपणकरेहैं ॥ तहां श्रवणादिकोंकरिकै उत्पन्नभयाहैब्रह्मसाक्षात्कार जिसकूं ॥ तथा चित्तकेविश्रांतिकीहैकामनाजिसकूं ॥ ऐसाजो विद्वत्संन्यासीहै सोईही ताजीवन्मुक्ति काअधिकारीहै ॥ अर्थात् ताजीवन्मुक्तिकीप्राप्तिवास्तैं ताकेसाधनरूप मनोनाश वासनाक्षयकूं करणे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हाराहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै निवृत्तहोइगयाहै अज्ञान तथादेहाभिमान जिस का ऐसाजो विद्वत्संन्यासीहै ॥ तिसकूं कोईकार्यका कर्त्तापणाही संभवतानहीं ॥ ताकर्त्तापणेतैंविना तिसविद्वत्संन्यासीकूं ताजीवन्मुक्तिकाअधिकारीपणा कैसेसंभवैगा ॥ किंतु नहींसंभवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ आत्मज्ञानकरिकै आवरणशक्तिवालेअज्ञानकेनाशहुएभी प्रारब्धकर्मकेवशतैं विक्षेपशक्तिवालेअज्ञानलेशकीस्थिति सर्वग्रंथकारोंनैं अंगीकारकरीहै ॥ यहवार्त्ता तृतीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंकथनकरिआयेहैं ॥ यातैं ताविद्वान्पुरुषकूंभी बाधितानुवृत्तिकरिकै सोदेहाभिमान तथाकर्त्तापणा बनिसकेहै ॥ ताकरिकै तिसविद्वान्पुरुषकूं जीवन्मुक्तिकाअधिकारीपणाभी संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ 'ज्ञानामृतेनतृप्तस्य कृतकृत्यस्ययोगिनः ।नैवास्तिकिंचित्कर्त्तव्यमस्तिचेन्नसतत्त्ववित्।तस्यकार्यंनाविद्यते' इत्यादिक पूर्वउक्तस्मृतिवचनोंनैं कृतकृत्यरूपज्ञानवान्कूं सर्वकर्त्तव्यताका निषेधकऱ्याहै ॥ जबी ज्ञानवान्पुरुषकूंभी जीवन्मुक्तिवासतै मनोनाश वासनाक्षयरूपसाधनोंकीकर्त्तव्यता मानोंगे ॥ तभी तिनवचनोंका विरोधप्राप्तहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोज्ञानवान् दोप्रकारका होवैहै ॥ एकता कृतोपास्ति होवैहै ॥ दूसरा अकृतोपास्ति होवैहै ॥ तहां जिसपुरुषनैं आत्मसाक्षात्कारतैंपूर्व सगुणब्रह्मकेसाक्षात्कारपर्यंत उपासनाकरी है ॥ सोज्ञावान्पुरुषतौ कृतोपास्ति कह्याजावैहै ॥ और जिसनैं सा उपासना नहींकरीहै ॥ सोज्ञानवान् अकृतोपास्ति कह्याजावैहै ॥ तहां कृतोपास्तिज्ञानवान्कूंतौ ताज्ञानतैंउत्तर जीवन्मुक्तिवासतै किंचित्मात्रभी कर्त्तव्यता होतीनहीं ॥ जिसकारणतैं ताकृतोपास्तिज्ञानवान्का सोमनोनाश तथावासनाक्षय पूर्वहीसिद्धहै ॥ यातैं आत्मज्ञानकीप्राप्तिकालविषेही सोकृतोपा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्तिपुरुष जीवन्मुक्तिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और ज्ञानवान्पुरुषकेप्रति कर्त्तव्यताकानिषेधकरणेहारे जे श्रुतिस्मृतिवचन पूर्वकहैहैं ॥ तेवचनभी इसकृतोपास्तिज्ञानवान्पुरुषकेप्रतिही सर्वकर्त्तव्यताकानिषेध करेहैं ॥ और लौकिकवैदिकव्यापारकरिकै चित्तकीविश्रांतितैंरहित जो अकृतोपास्तिज्ञानवान्है ॥ तिसकूंतौ ज्ञानतैंउत्तर जीवन्मुक्तिकेवासतै मनोनाशवासनाक्षयकीकर्त्तव्यताहोणेतैं निरंकुश कृतकृत्यपणा नहीं है ॥ यातैं ताअकृतोपास्तिज्ञानवान्कूं जीवन्मुक्तिवासतै सोमनोनाश तथावासनाक्षय अवश्यकर्त्तव्य है ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ऐसेचित्तविश्रांतितैंरहित अकृतोपास्तिपुरुषकूं आत्मज्ञानही नहींउत्पन्नहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ ज्ञानतौ प्रमाण वस्तु दोनोंकेअधीन होवैहै ॥ यातैं सर्वकूं साधारण होवैहै ॥ जैसे घटादिकवस्तुकेसाथि चक्षुआदिकप्रमाणकेसंबंधहुए सर्वलोकोंकूं अयंघटः यहज्ञान समानही होवैहै ॥ तैसे तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यकेश्रवणतैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकाज्ञान कृतोपास्तिनामा अकृतोपास्तिनामा सर्वअधिकारियोंकूं तुल्यहीहोवैहै ॥ जोकदाचित् ऐसानहींमानिये तौ याज्ञवल्क्य कहोळ जनक अजातशत्रु इत्यादिकगृहस्थोंकूं सोआत्मज्ञान नहींहोणाचाहिये ॥ जो इसअर्थाविषे इष्टापत्तिकरोगे तौ तिनयाज्ञवल्क्यादिकोंकेदृष्टांतकरिकै अस्मदादिकपुरुषोंविषे कोईभीपुरुषकी ज्ञानके श्रवणादिकसाधनोंविषे प्रवृत्तिनहींहोवैगी ॥ अर्थात् जबी याज्ञवल्क्यादिकमहान्पुरुषोंकूंभी श्रवणादिकोंकरिकै आत्मज्ञानकीउत्पत्ति नहींभई ॥ तभी अस्मदादिकोंकूं ताज्ञानकीउत्पत्ति कैसेहोवैगी ॥ याप्रकारकी असंभावनाकरिकै किसीभीपुरुषकी श्रवणादिकोंविषेप्रवृत्ति नहींहोवैगी ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ श्रवणादिकोंकरिकैउत्पन्नभयाहैब्रह्मसाक्षात्कार जिसकूं तथाचित्तकेविश्रांतिकीहैइच्छाजिसकूं ऐ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

साजो विद्वत्संन्यासीहै ॥ सोईही ताजीवन्मुक्तिका अधिकारीहै ॥ यातैं अधिकारीकेअभावतैं जीव न्मुक्तिकाअभावकहणा मिथ्याहै इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिविषे प्रमाणकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां ताजा वन्मुक्तिविषे श्रुति स्मृति इतिहास पुराण इनचारोंकेवचन प्रमाणहैं ॥ तेवचन यथाक्रमतैंदिखावैहैं ॥ तहांश्रुति ॥ 'विमुक्तश्चविमुच्यते' अर्थयह ॥ यद्यपि यहपुरुष आत्मज्ञानतैंपूर्वही मुमुक्षुदशाविषे राग द्वेषादिकोंतैं मुक्तहै ॥ जिसकारणतैं 'शांतोदांतः' इत्यादिकश्रुतिनैं शमदमादिकसाधनयुक्तपुरुषकूंही श्रवणादिकोंकाअधिकारी कह्याहै ॥ तथापि ताआत्मज्ञानतैंपूर्व तिनरागद्वेषादिकोंतैंमुक्ति यत्नसाध्य होवैहै ॥ और आत्मज्ञानतैंअनंतरतौ योगाभ्यासकरिकै वासनाक्षय तथामनोनाश दोनों अतिदृष्टहो वैहै ॥ यातैं ताज्ञानवान्पुरुषविषे आभासरूपरागद्वेषादिकभी संभवतेनहीं ॥ यातैं ताज्ञानकालविषे तिनरागद्वेषादिकोंतैं मुक्ति स्वतःसिद्धहोवैहै ॥ इसीअभिप्रायकरिकै ताजीवन्मुक्तपुरुषकूं श्रुतिनैं विमुक्ति कह्याहै ॥ ऐसाविमक्तजीवन्मुक्तपुरुष भोगकरिकैप्रारब्धकर्मकेनाशहुए इसशरीरकेनाशतैंअनंतर भावी बंधतैं विशेषकरिकैमुक्तहोवैहै इति॥ यहश्रुति तत्त्वज्ञानतैंअनंतर विदेहमुक्तितैंविलक्षण जीवन्मुक्तिकूं क थनकरेहै ॥ तथा 'तद्यथाऽहिनिर्ल्वयनीवल्मीकेमृताप्रत्यस्ताशयीतएवमेवेदंशरीरंशेते अथायमशरीरोऽमृ तःप्राणोब्रह्मैवतेजएव' इत्यादिकश्रुतियांभी ताजीवन्मुक्तिकूं कथनकरेहैं ॥ यातैं साजीवन्मुक्ति ताउ क्तश्रुतिप्रमाणकरिकै सिद्धहै इति ॥ किंवा वसिष्ठभगवान्नेंभी साजीवन्मुक्ति कथनकरीहै ॥ तहांश्लो क ॥ 'योजागर्त्तिसुषुप्तिस्थो । यस्यजाग्रन्नविद्यते यस्यनिर्वासनोबोधः सजीवन्मुक्तउच्यते' अर्थयह ॥ जोब्रह्मवेत्तापुरुष इंद्रियोंकेनहींलयहुए जागताहै ॥ अर्थात् जाग्रत्अवस्थाकूं अनुभवकरेहैं ॥ और

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ताजाग्रत्अवस्थाविषेभी चक्षुआदिकइंद्रियोंकरिकै रूपादिकविषयोंकूं ग्रहणकरतानहीं ॥ यातैं सोब्रह्मवेत्तापुरुष ताजाग्रत्अवस्थाविषेस्थितहुआभी सुषुप्तिविषेस्थित कह्याजावैहै ॥ याकारणतैंही इंद्रियोंकरिकैअर्थकाज्ञानरूपजाग्रत् जिसब्रह्मवेत्ताकूं नहींविद्यमानहै ॥ और जिसब्रह्मवेत्ताका आपणेअखंडएकरसआनंदकाअनुभव शुभअशुभसर्ववासनावोंतैंरहितहै ॥ सोब्रह्मवेत्तापुरुष जीवन्मुक्त कह्याजावैहै इति ॥ किंवा गीताकेद्वितीयअध्यायविषे श्रीभगवान्नेंभी सोजीवन्मुक्तपुरुष स्थितप्रज्ञनामकरिकै कथनकऱ्या है॥तहांश्लोक ॥ 'प्रजहातियदाकामान्सर्वान्पार्थमनोगतान् । आत्मन्येवात्मनातुष्टःस्थितप्रज्ञस्तदोच्यते' अर्थयह ॥ हेअर्जुन जिसअवस्थाविषे यहविद्वान्पुरुष मनविषेस्थितसर्वकामोंका परित्यागकरैहै ॥ तथा अखंडएकरसआनंदरूपप्रत्यक्आत्माविषे योगाभ्यासतैंवशकऱ्येहुएमनकरिकै आपणेस्वरूपानंदकूंअनुभवकरताहुआ संतुष्टहोवैहै ॥ तिसकालविषे सोविद्वान्पुरुष स्थितप्रज्ञ कह्याजावैहै ॥ तहां नहींचलायमानहै अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकीप्रज्ञा जिसकी ताकानाम स्थितप्रज्ञहै ॥ इहांयहतात्पर्यहै ॥ प्रज्ञा दोप्रकारकीहोवैहै एकतौ स्थिरप्रज्ञा होवैहै ॥ और दूसरी अस्थिरप्रज्ञा होवैहै ॥ तहां जन्मांतरोंकेपुण्यसमूहकेपरिपाकतैं आकाशतैंपतनहुएफलकीन्यांई तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यकेश्रवणमात्रकरिकै इसपुरुषकूं जीवब्रह्मकेएकत्वकूंविषयकरणेहारा जो अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकाज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ सोज्ञानतौ व्यवहारकीबाहुल्यताकरिकै तथाविषयोंकीआसक्तिकरिकै विस्मरण होइजावैहै ॥ यातैं सोज्ञान अस्थिरप्रज्ञा कह्याजावैहै ॥ और योगाभ्यासकरिकैवशकऱ्याहैचित्तजिसनैं ऐसेपुरुषकीबुद्धि जभी परपुरुषविषेआसक्तस्त्रीकेबुद्धिकीन्यांई निरंतर ब्रह्मात्मतत्त्वकूंही चिंतनकरैहै ॥ अन्यवस्तुकूं चिंतनकर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तीनहीं ॥ तभी साबुद्धि स्थिरप्रज्ञा कहीजावैहै ॥ इसीअभिप्रायकरिकै श्रीवसिष्ठभगवान्नैंभी कह्याहै तहांश्लोक ॥ ‘ परव्यसनिनीनारी व्यग्रापिगृहकर्मणि । तदेवास्वादयत्यंतः परसंगरसायनम् ॥१॥ एवंत त्त्वेपरेशुद्धे धीरोविश्रांतिमागतः । तदेवास्वादयत्यंतर्बहिर्व्यवहरन्नपि’ ॥ २ ॥ अर्थयह ॥ परपुरुषविषे आसक्त जानारीहै ॥ सानारी बाह्यतैं गृहकेसर्वकार्योंकूं करतीहुईभी अंतरचित्तविषे तापरपुरुषकेसंग जन्यसुखकूं चिंतनकरेहै ॥ इसप्रकार जोज्ञानवान्पुरुष शुद्धपरमात्मतत्त्वविषे विश्रांतिकूंप्राप्तभयाहै ॥ सोज्ञानवान्पुरुष बाह्यतैं लौकिकवैदिकव्यवहारोंकूं करताहुआभी अंतरचित्तविषे तिसपरमात्मतत्त्वकूंही निरंतर चिंतनकरेहै इति ॥ किंवा यहउक्तजीवन्मुक्तपुरुषही गीताकेद्वादशेअध्यायविषे श्रीभगवान्नें भगवद्भक्तनामकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ‘ अद्वेष्टासर्वभूतानां मैत्रःकरुणएवच । निर्ममोनिरहंकारः समदुःखसुखःक्षमी ॥ १ ॥ संतुष्टःसततंयोगी यतात्माद्दढनिश्चयः । मय्यार्पितमनोबुद्धिर्योमद्भक्तः समेप्रियः’ ॥ २ ॥ अर्थयह ॥ जोपुरुष सर्वभूतोंकेद्वेषतैंरहितहै ॥ तथा मैत्रीकरुणावालाहै तथा अहंमम अभिमानतैंरहितहै ॥ तथा समानहैसुखदुःख जिसकूं ॥ तथा क्षमावालाहै ॥ तथा सर्वदा संतुष्टहै ॥ तथा मनकेनिग्रहवालाहै ॥ तथा दृढनिश्चयवालाहै ॥ तथा मैंपरमात्मामाविषे अर्पणकऱ्याहैमनबुद्धिजिसनें ॥ ऐसाजो मैंपरमेश्वरकाभक्तहै सो मैंपरमेश्वरकूं अत्यंतप्रियहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ इसगीतावचन विषे श्रीभगवान्नैं कथनकऱ्येजे अद्वेष्टादिकगुणहैं ॥ तेगुणतौ साधकमुमुक्षुविषेभी ‘शांतोदांतः’ इत्या दिकश्रुतिप्रमाणतैं सिद्धहैं ॥ यातैं तासाधकमुमुक्षुतैं ताजीवन्मुक्तपुरुषाविषे कोईविशेषता सिद्धहोवैन हीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ साधकमुमुक्षुविषे तेअद्वेष्टादिकगुण प्रयत्नसाध्य होवै हैं ॥ और जीवन्मुक्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पुरुषविषे तेअद्वेष्टादिकगुण स्वभावसिद्ध होवै हैं ॥ यातैं तासाधकमुमुक्षुतैं ताजीवन्मुक्तपुरुषविषे विशेषता संभवैहै यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभी कहीहै तहांश्लोक ॥ 'उत्पन्नात्मैक्यबोधस्य ह्यद्वेष्टृत्वादयो गुणाः। अयत्नतोभवंत्यस्य नतुसाधनरूपिणः' अर्थयह॥ अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकाबोध जिसपुरुषकूं उत्पन्नभयाहै ॥ तिसविद्वान्पुरुषकूं तेअद्वेष्टृत्वादिकगुण विनाहीप्रयत्नतैंहोवै हैं ॥ मुमुक्षुकीन्यांई साधनरूपहोतेनहीं इति ॥ किंवा यहउक्तजीवन्मुक्तपुरुषही श्रीभगवान्नें गीताकेचतुर्दशअध्यायविषे 'प्रकाशंचप्रवृत्तिंच मोहमेवचपांडव । नद्वेष्टिसंप्रवृत्तानि ननिवृत्तानिकांक्षति ॥ १ ॥ उदासीनवदासीनो गुणैर्योनविचाल्यते।गुणावर्त्ततइत्येवं योवतिष्ठतिनेंगते॥२॥समदुःखसुखःस्वस्थः समलोष्टाश्मकांचनः।तुल्यप्रियाप्रियोधीरस्तुल्यनिंदात्मसंस्तुतिः ॥ ३ ॥ मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्योमित्रारिपक्षयोः । सर्वारंभपरित्यागी गुणातीतःसउच्यते ॥ ४ ॥ इनचारिश्लोकोंकरिकै गुणातीतनामकरिकैकथनकऱ्याहै ॥ इनगीताकेश्लोकोंकाअर्थ गीतागूढार्थदीपिकाविषे हमनें विस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ सो तहांसेजाननिलेणा इति ॥ किंवा यहउक्तजीवन्मुक्तपुरुषही महाभारतविषे श्रीव्यासभगवान्नें ब्राह्मणनामकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'निराशिषमनारंभं निर्नमस्कारमस्तुतिम् अक्षीणंक्षीणकर्माणं तंदेवाब्राह्मणं विदुः ' अर्थयह ॥ जोंपुरुष इष्टवस्तुकीप्रार्थनातैंरहितहै ॥ तथा सर्वआरंभतैंरहितहै ॥ तथा नमस्कारतैंरहितहै ॥ तथा आपणीपरकीस्तुतिनिंदातैंरहितहै॥ तथा विनाप्रयत्नतैंप्राप्तहुएवस्तुविषेभी दीनतातैंरहितहै ॥ तथा निवृत्तहोइगएहैं सर्वलौकिकवैदिककर्म जिसके ऐसेतत्त्ववेत्तापुरुषकूं देवता ब्राह्मण कहेहैं इति ॥ किंवा यहउक्तजीवन्मुक्तिपुरुषही स्कंदपुराणविषे अतिवर्णाश्रमीनामकरिकै कथनकऱ्या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ तहांश्लोक ॥ ' यथास्वप्नप्रपंचोऽयं मयिमायाविजृंभितः एवंजाग्रत्प्रपंचोपि मयिमायाविजृंभितः ॥ इतियोवेदवेदांतैः सोऽतिवर्णाश्रमीभवेत् ' अर्थयह ॥ जैसे मैंप्रत्यक्आत्माविषे यहस्वप्नप्रपंच मायाकरि कैकल्पितहै ॥ तैसे यहजाग्रत्प्रपंचभी मेरेविषे मायाकरिकैकल्पितहै ॥ इसप्रकार जोपुरुष वेदांतवचनों करिकै सर्वप्रपंचकल्पनाकेअधिष्ठानरूपआत्माकूं साक्षात्कारकरे है ॥ सोतत्त्ववेत्तापुरुष अतिवर्णाश्रमी कह्याजावैहै इति ॥ इसप्रकार ताजीवन्मुक्तिविषे श्रुति स्मृति इतिहास पुराण इनचारोंके अनेकवचन प्रमाणहैं ॥ यातैं ताविदेहमुक्तिकीन्यांई साजीवन्मुक्तिभी अवश्यअंगीकारकरीचाहिये इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिकेसाधनोंका निरूपणकरेहैं ॥ तहां सापूर्वउक्त जीवन्मुक्ति तत्त्वज्ञान १ वासनाक्षय २ मनोनाश ३ इनतीनोंकेअभ्यासतैं सिद्धहोवैहै ॥ यातैं तेतीनों ताजीवन्मुक्तिकेसाधनहैं ॥ तहां तिनत त्त्वज्ञानादिकतीनोंकी जा अतिप्रयत्नतैं पुनःपुनःआवृत्तिहै ॥ यहही तिनतिनोंका अभ्यासहै ॥ सोत त्त्वज्ञानादिकतीनोंकाअभ्यासभी एककालविषेकऱ्याहुआही जीवन्मुक्तिकाहेतुहोवैहै ॥ जिसकारणतैं अन्वयव्यतिरेककरिकै तिनतीनोंका पररूपर कार्यकारणभाव सिद्धहै ॥ ताकेविषे प्रथम तत्त्वज्ञान वास नाक्षय इनदोनोंका पररूपर कार्यकारणभाव दिखावै हैं ॥ तहां यहदृश्यमानसर्वप्रपंच मिथ्याहै ॥ और अद्वितीयआत्मा पारमार्थिकहैं ॥ यातैं यहआत्माही सर्वरूपहै॥ ताआत्मातैंभिन्न कोईभीवस्तुनहीं है॥ याप्रकारकेतत्त्वज्ञानकेउत्पन्नहुए विषयकेअभावतैं रागद्वेषादिरूपवासना क्षयहोइजावैहै ॥ और तात त्त्वज्ञानकेअभावहुए विषयोंविषे सत्यपणा निवृत्तहोवैनहीं ॥ यातैं उत्तरोत्तर सोरागद्वेषादिरूपवासना काप्रवाह बनारहेहै ॥ इसप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै तिसतत्त्वज्ञानकूं वासनाक्षयकेप्रति कारणता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सिद्धहोवै है ॥ इसप्रकार वासनाक्षयकूंभी तत्त्वज्ञानकेप्रति कारणताहै ॥ तहां विवेककरिकै तथादोषदर्शनकरिकै तथामैत्रीकरुणादिकविरोधीवासनाकरिकै जभी इसपुरुषकी रागद्वेषादिरूपवासना क्षयहोवै है तभीही इसपुरुषकूं श्रुतिआचार्यकेप्रसादतैं निर्मलमनविषे सोतत्त्वज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ और तावासनाक्षयकेअभावहुए सोमन रागद्वेषादिकोंकरिकै दूषितहोवैहै ॥ तादूषितमनवालेपुरुषकूं शमदमादिकसाधनसंपत्तिकेअभावतैं श्रवणादिक संभवैगेनहीं ॥ ताकरिकै सोतत्त्वज्ञान उत्पन्नहोवैगानहीं ॥ इसप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै तावासनाक्षयकूं तातत्त्वज्ञानकेप्रति कारणता सिद्धहोवैहै इति ॥ अब तत्त्वज्ञान मनोनाश इनदोनोंका परस्पर कार्यकारणभाव दिखावै हैं ॥ तहां तत्त्वज्ञानकेहुए इसपुरुषकूं प्रपंचकेमिथ्यात्वकानिश्चयहोवै है ॥ तामिथ्यात्वनिश्चयकरिकै शुक्तिरजतकीन्यांई ताप्रपंचका बाधहोवै है ॥ ताबाधितप्रपंचविषे सोमन प्रवृत्तहोतानहीं ॥ और सत्यरूपकरिकैनिश्चयकऱ्याजोआत्माहै ॥ सो आत्मा तामनकाविषयहैनहीं ॥ यातैं ताआत्माविषेभी सोमन प्रवृत्तहोइसकतानहीं ॥ इसप्रकार अंतर्बाह्यप्रवृत्तितैंरहितहुआ सोमन काष्ठोतैंरहितवह्निकीन्यांई आपही लयहोइजावैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'यथा निरिंधनोवह्निः । स्वयोनावुपशाम्यति तद्वद्वृत्तिक्षयाच्चित्तं स्वयोनावुपशाम्यति' अर्थयह ॥ जैसे काष्ठादिरूपइंधनतैंरहितहुआ वह्नि आपणे सामान्यतेजरूपकारणविषे लयहोवैहै ॥ तैसे अंतर्बाह्यसर्ववृत्तियोंकेनाशतैंचित्तभी आपणे अधिष्ठानरूपकारणविषे लयहोवैहै ॥ यहही तामनकानाशहै इति ॥ और तातत्त्वज्ञानकेअभावहुए ताप्रपंचविषे सत्यपणा निवृत्तहोतानहीं ॥ तिसतैं पदार्थकारवृत्तियोंकरिकै वृद्धिकूंप्राप्तहुआ सोमन अत्यंतस्थूलहोवै है ॥ ऐसेस्थूलताकूंप्राप्तहुएमनका नाशहोतानहीं ॥ इस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै तातत्त्वज्ञानकूं तामनोनाशकेप्रति कारणता सिद्धहोवैहै ॥ इसप्रकार ता मनोनाशकूंभी तत्त्वज्ञानकेप्रति कारणताहै ॥ तहां मनकेनाशहुए सर्वद्रतवृत्तियोकीनिर्वृत्तिहोणेतैं सर्वउपाधियोंतैंरहित इसपुरुषकूं श्रुतिआचायकेप्रसादतैं ब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै ॥ और तामनोनाशकअ भावहुए विक्षिप्तचित्तवालेपुरुषकूं सोब्रह्मसाक्षात्कार होतानहीं ॥ इसप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै ताम नोनाशकूं तत्त्वज्ञानकीकारणता सिद्धहोवैहै इति ॥ अब वासनाक्षय मनोनाश इनदोनोंका पररूपर कार्य कारणभाव दिखावे हैं ॥ तहां वासनाक्षयकेअभावहुए रागद्वेषादिकोंकरिकै स्थूलभावकूंप्राप्तहुआचित्त विषयोंकेसन्मुखहोइकै तिसतिसविषयकेआकार परिणामकूंप्राप्तहोवैहै ॥ ताविषयाकारहुएमनका कदा चित्भी नाशहोतानहीं ॥ और वासनाकेक्षयहुए वृत्तियोंकीउत्पत्तिहोतीनहीं ॥जिसकारणतैं तेवासना ही वृत्तियोंकेउत्पत्तिकाबीजहै ॥ बीजकेनाशहुए अंकुरकीउत्पत्तिहोतीनहीं ॥ यातैं मनकानाशहोवैहै ॥ इसप्रकारकेअन्वयव्यतिरेककरिकै तावासनाक्षयकूं मनोनाशकीकारणता सिद्धहोवैहै ॥ इसप्रकार ता मनोनाशकूंभी तावासनाक्षयकेप्रति कारणताहै ॥ तहां मनकेनाशहुए कोईप्रकारकीभीवृत्ति उत्पन्नहो तीनहीं ॥ यातैं सर्ववासना क्षयहोवै हैं ॥ और तामनोनाशकेअभावहुए प्रारब्धकर्मकेवशतैं विषयभोग विषेप्रवृत्तहुए चित्तविषे रागादिकअनेकवासना उत्पन्नहोवै हैं ॥ अर्थात् जैसे घृतादिकहविषकरिकै अग्नि वृद्धिकूंप्राप्तहोवै है ॥ तैसे विषयभोगकरिकै तेरागादिकवासनाभी वृद्धिकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ इसप्रकारकेअ न्वयव्यतिरेककरिकै तामनोनाशकूं वासनाक्षयकीकारणता सिद्धहोवैहै इति ॥ इसप्रकार तत्त्वज्ञान वासनाक्षय मनोनाश इनतीनोंका पररूपर कार्यकारणभावहोणेतैं तिनतीनोंका एककालविषेही अभ्या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सकरणा उचितहै ॥ तिसअभ्यासतैं इसपुरुषकूं जीवन्मुक्तिकीप्राप्तिहोवैहै ॥ यहवार्त्ता वसिष्ठभगवान्
नेंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'वासनाक्षयविज्ञानमनोनाशामहामते । समकालंचिराभ्यस्ताभवंतिफलदा
यिनः' अर्थयह ॥ हेमहामतिराम वासनाक्षय तत्त्वज्ञान मनोनाश यहतीनों एकट्ठेही बहुतकालपर्यंत
अभ्यासकऱ्येहुए इसपुरुषकूं जीवन्मुक्तिरूपफलकीप्राप्तिकरेहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ विवेकादिक
साधनचतुष्टयकीप्राप्तितैंअनंतर तत्त्वज्ञानकीप्राप्तिवासतै विविदिषासंन्यासकूंकरिकै श्रवणमननिदिध्या
सनकूंकरणेहारेपुरुषकूं सोतत्त्वज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ और तातत्त्वज्ञानकीउत्पतितैंअनंतरजीवन्मुक्ति
कीप्राप्तिवासतै विद्वत्संन्यासकूंकरिकै तत्त्वज्ञान वासनाक्षय मनोनाश इनतीनोंकेअभ्यासकूंकरणेहा
रेपुरुषकूं ताजीवन्मुक्तिकीप्राप्तिहोवैहै ॥ याप्रकारकाअर्थ पूर्वकहणेतैंसिद्धहोवैहै ॥ तहां श्रवणमननादि
कोंतैंअनंतर तत्त्वमसिआदिकप्रमाणजन्य तत्त्वज्ञानका अभ्यास किसप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां प्रथम ज्ञा
नवान्पुरुषकूं तिसतत्त्वज्ञानकीकर्त्तव्यताही संभवतीनहीं ॥ काहेत सोतत्त्वज्ञान महावाक्यरूपप्रमाण
काफलरूपहोणेतैं पूर्वसिद्धहीहै ॥ असिद्धवस्तुकीही कर्त्तव्यताहोवैहै ॥ सिद्धवस्तुकी कर्त्तव्यताहोतीन
हीं ॥ और सोज्ञान विषयरूपवस्तुकेअधीनहोवैहै ॥ यातैं सोज्ञान करणेकूं वा नहींकरणेकूं वा अन्यथा
करणेकूं शक्यहोतानहीं ॥ यातैं ताज्ञानकी कर्त्तव्यता संभवतीनहीं ॥ इसप्रकार ताज्ञानवान्पुरुषकूंज्ञा
नकेसाधनरूपश्रवणादिकोंकीभी कर्त्तव्यता युक्तनहीं है ॥ जिसकारणतैं फलरूपज्ञानकेउत्पन्नहुए तिनश्र
वणादिकोंकाअनुष्ठान व्यर्थही है ॥ यातैं उत्पन्नहुएतत्त्वज्ञानका अभ्यास निरूपणहोइसकतानहीं ॥
समाधान ॥ ॥ श्रवणादिकोंतैंउत्पन्नभयाजो 'अहंब्रह्मास्मि' याप्रकारका तत्त्वज्ञानहै ॥ तातत्त्वज्ञानका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यहहीअभ्यासहै ॥ जो कोईभीप्रकारकरिकै ताब्रह्मात्मतत्त्वका पुनःपुनः चिंतनकरणा ॥ अर्थात् वेदां तशास्त्रके श्रवणकरिकै अथवा कथनकरिकै अथवा पुस्तककेअवलोकनकरिकै अथवा पठनपाठनकरि कैं जो ताब्रह्मात्मतत्त्वका पुनःपुनः अनुसंधानहै ॥ यहही तातत्त्वज्ञानका अभ्यासजानणा ॥ यह त त्त्वज्ञानकेअभ्यासकास्वरूप अन्यग्रंथविषेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' तच्चिंतनंतत्कथनमन्योन्यंतत्प्रबो धनम् । एतदेकपरत्वंचब्रह्माभ्यासंविदुर्बुधाः' अर्थयह ॥ जीवब्रह्मकाएकत्वरूपजोतत्त्वहै ॥ तिसतत्त्वका जो पुनःपुनःचिंतनहै ॥ तथा अधिकारीमुमुक्षुजनोंकेप्रति जो तिसतत्त्वका कथनहै ॥ तथा आपणेस मानविद्वान्पुरुषोंकेसाथिमिलिकै जो तिसतत्त्वका परस्परबोधनहै ॥ इत्यादिक कोईप्रकारकरिकैभी जो एकब्रह्मात्मतत्त्वकेचिंतनपरायणताहै ॥ तिसकूं विद्वान्पुरुष ब्रह्माभ्यास कहेहैं इति ॥ ॥ शंका ॥ कोईप्रकारकरिकैभी ब्रह्मात्मतत्त्वके चिंतनकूं जो ब्रह्माभ्यास कहोगे ॥ तौ अनधिकारीपुरुषोंकेप्रति ताब्रह्मात्मतत्त्वकेउपदेशकूंभी ब्रह्माभ्यासरूपता होणीचाहिये ॥ ऐसीशंकाकोनिवृत्तकरणेवासतै अब प्र संगतैं ताब्रह्मविद्याके अधिकारीका तथा अनधिकारीका निरूपणकरेहैं ॥ तहां जोपुरुष विवेकादिकच तुष्टयसाधनोंकरिकै संपन्नहोवैहै ॥ तथा नम्रतावालाहोवैहै ॥ तथा शिष्यभावकरिकैयुक्तहोवै है ॥ तथा गुरुईश्वरविषे भक्तिवालाहोवैहै ॥ तथा गुरुवेदांतवाक्योंविषे विश्वासवालाहोवैहै ॥ सोपुरुषही ब्रह्मविद्याका अधिकारीहोवैहै ॥ ऐसेअधिकारीपुरुषकेप्रतिही तत्त्ववेत्तापुरुषनैं ब्रह्मविद्याका उपदेशकरणा ॥ और ऐसाअधिकारीपुरुषही ताब्रह्मविद्याकेश्रवणादिकोंतैं आत्मज्ञानकूं तथा मोक्षकूं प्राप्तहोवैहै ॥ इसीअर्थकूं ' तस्मैसविद्वानुपसन्नायप्राहेति सम्यक्प्रशांतचित्ताय शमान्विताय येनाक्षरंपुरुषंवेद सत्यंप्रोवाचतां

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तत्त्वतोब्रह्मविद्यांतस्मैमृदितकषायायतमसःपारंदर्शयतिभगवान्सनत्कुमारः'इत्यादिकश्रुतियां कथनकरे हैं ॥ तथा इसीअर्थकूं 'यइमंपरमंगुह्यंमद्भक्तेष्वभिधास्यति । भक्तिंमयिपरांकृत्वामामेवैष्यत्यसंशयः॥१॥ नचतस्मान्मनुष्येषुकश्चिन्मेप्रियकृत्तमः । भवितादचमेतस्मादन्यःप्रियतरोभुवि' ॥२॥ इत्यादिकगीतावचनभी कथनकरेहैं ॥ और जोपुरुष पूर्वउक्तअधिकारीकेलक्षणोंतैंरहितहै सोपुरुष अनधिकारी कह्या जावैहै ॥ ऐसेअनधिकारीपुरुषकेतांई तत्त्ववेत्तापुरुषनैं ब्रह्मविद्याकाउपदेश नहींकरणा ॥ और ऐसाअनधिकारीपुरुष ताब्रह्मविद्याकूंश्रवणकरताहुआभी आत्मज्ञानकूं तथामोक्षकूं प्राप्तहोतानहीं ॥ यहअर्थ भी 'वेदांतेपरमंगुह्यंपुराकल्पेप्रचोदितम् । नाप्रशांतायदातव्यंनापुत्रायाशिष्यायवैपुनः' इत्यादिकश्रुतिवचनोंकरिकै सिद्धहै ॥ तथा 'इदंतेनातपस्कायनाभक्तायकदाचन । नचाशुश्रूषवेवाच्यंनचमांयोऽभ्यसूयति' इत्यादिकगीतावचनकरिकैभी सिद्धहै॥ तथा अन्यस्मृतिविषेभीकह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'अशिष्यायाविरक्ताय यत्किंचिदुपदिश्यते । तत्प्रयात्यपवित्रत्वं गोक्षीरंश्वदृतौयथा' अर्थयह ॥ जोपुरुष शिष्यभावतैंरहितहै ॥ तथा वैराग्यतैंरहितहै ॥ ऐसेअनधिकारी पुरुषकेतांई जोकोईउपदेशकरताहै सोउपदेश अपवित्रभावकूंही प्राप्तहोवैहै॥ जैसे श्वानकीत्वचाविषेपायाहुआ गौकाक्षीर अपवित्रताकूंप्राप्त होवैहै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ अन्यस्मृतिविषेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'नापृष्टःकस्यचिद्ब्रूयान्नचान्यायेनपृच्छतः । जानन्नपिचमेधावीजडवल्लोकमाचरेत्' अर्थयह ॥ यहविद्वान्पुरुष प्रश्नकर्त्यैतैंविना कोईकूंभी उपदेशनहींकरे ॥ तथा अन्यायकरिकैपूँछणेहारेपुरुषकेप्रतिभी उपदेशनहींकरे ॥ किंतुसर्वअर्थकूंजानताहुआभी यहविद्वान्पुरुष लोकविषे जडकीन्यांई विचरेहै इति ॥ यातैं अधिकारिपुरुषोंकेप्रति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोब्रह्मात्मतत्त्वकाउपदेशहै ॥ सोउपदशहो ब्रह्माभ्यास कह्याजावैहै ॥ अनधिकारीपुरुषोंकेप्रतिब्रह्मा
मतत्वकाउपदेश ब्रह्माभ्यास कह्याजावैनहीं यहसिद्धभया इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तत्वज्ञानतैंपूर्व
भी मुमुक्षुजनकूं वासनाक्षयकाअभ्यास तथामनोनाशकाअभ्यास अपेक्षितही है ॥ काहेतैं जिसपुरुष
त्काचित्त विषयोंविषेआसक्तहै ॥ तथा शमदमादिकोंतैंरहितहैं ॥ तथा एकाग्रतातैंरहितहै ॥ तिसपुरुष
कूं सोतत्वज्ञान उत्पन्नहोतानहीं ॥ यातैं तत्वज्ञानतैंपूर्वभी सोवासनाक्षयमनोनाश काअभ्यास अवश्य
कऱ्याचाहिये ॥ जभी आत्मज्ञानतैंपूर्वही सोवासनाक्षयमनोनाश सिद्धभया ॥ तभी ताआत्मज्ञानतैंपश्चा
त् जीवन्मुक्तिवासतैं तावासनाक्षयमनोनाशकेअभ्यासकरणेका कुछप्रयोजन नहींहै ॥ किंतु तापूर्वसिद्ध
वासनाक्षयमनोनाशकेअभ्यासतैंही इसतत्त्ववेत्तापुरुषकूं जीवन्मुक्तिकीप्राप्तिहोवैगी ॥ ॥ समाधान ॥
यद्यपि तत्त्वज्ञानतैंपूर्वभी तातत्त्वज्ञानकीप्राप्तिवासतै सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास अपेक्षितहै ॥
तथापि तत्त्वज्ञानतैंपूर्व विविदिषासंन्यासीकूं सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यासतौ गौणहोवैहै ॥ और
श्रवणमननादिकोंकाअभ्यास प्रधानहोवैहै ॥ काहेतैं श्रवण मनन निदिध्यासन यहतीनोंतौ तत्त्वमसिआ
दिकवेदांतवाक्योंकाविचाररूपहोणेतैं आत्मज्ञानकेप्रति अंतरंगसाधनहै ॥ और वासनाक्षयमनोनाशतौ
अंतःकरणकाशोधकहोणेतैं तिनश्रवणादिकोंकेसहकारीहैं ॥ यातैं तत्त्वज्ञानतैंपूर्व यथाकथंचित् वासना
क्षयमनोनाशकाअभ्यासकरिकै निरंतर श्रवणमननादिकोंकूंकरणेहारे विविदिषासंन्यासीकूं आत्मज्ञान
उत्पन्नहोवैहै ॥ और विद्वत्संन्यासीकूंतौ सोतत्त्वज्ञानकाअभ्यास गौणहोवैहै ॥ और वासनाक्षयमनोना
शकाअभ्यास प्रधानहोवैहै ॥ काहेतैं तत्त्वज्ञानकीउत्पत्तितैंपूर्वही वेदांतश्रवणादिकोंकेअभ्यासका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रयोजन होवैहै ॥ तत्त्वज्ञानकीउत्पत्तितैंअनंतर तिनश्रवणादिकोंकेअभ्यासका कोईप्रयोजनहोतानहीं ॥ किंतु प्रारब्धकर्मनें प्राप्तकऱ्येविषयभोगकालविषेही वासनाकेअभिभवकरणेवासतै किंचित्मात्र श्रवणादिकोंकाअभ्यास अपेक्षितहोवैहै ॥ यातैं विद्वत्संन्यासीकूं सोतत्त्वज्ञानकाअभ्यास गौणहोवैहै ॥ और ताविद्वत्संन्यासीनैं तत्त्वज्ञानतैंपूर्व वासनाक्षयमनोनाशका दृढअभ्यास कऱ्यानहीं ॥ यातैं ताके चित्त कीविश्रांति होतीनहीं ॥ और चित्तकीविश्रांतितैंविना दृष्टदुःखकीनिवृत्ति होतीनहीं ॥ यातैं ताचित्त कीविश्रांतिवासतै तिसविद्वत्संन्यासीकूं आत्मज्ञानतैंअनंतर सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास अवश्य अपेक्षितहै ॥ यातैं ताविद्वत्संन्यासीकूं सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास प्रधानहै ॥ ताअभ्यासतैंहीं तिसविद्वत्संन्यासीकूं जीवन्मुक्तिकीप्राप्तिहोवैहै ॥ इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ चतुष्टयसाधनसंपन्नअधिकारीपुरुषकूं श्रवणमननादिकोंकरिकै असंभावनाविपरीतभावनारूपप्रतिबंधकेनिवृत्तहुए तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यतैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका अपरोक्षज्ञान उत्पन्नहोवैहै ॥ ताअपरोक्षज्ञानतैं अज्ञानकृतआवरणकीनिवृत्तिहोइकै ब्रह्मानंदरूपपरमपुरुषार्थकीप्राप्तिहोवैहै॥ और तापरमपुरुषार्थकीप्राप्तितेपरे दूसरा कोईकर्त्तव्य बाकीरहतानहीं ॥ और ' तस्यकार्यंनविद्यते ' इत्यादिक श्रुतिस्मृतिवचनभी ताज्ञानवान्कूं कर्त्तव्यताका निषेधकरे हैं ॥ और जोऐसाकहो ॥ चित्तकीविश्रांतिवासतै तिसतत्त्ववेत्तापुरुषकूंभी वासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास बाकीकर्त्तव्यहै ॥ सोयहकहणाभीसंभवतानहीं ॥ काहेतैं महावाक्यजन्यअपरोक्षज्ञानकाविषयभूत जो नित्यनिरतिशयब्रह्मानंदहै ॥ ताब्रह्मानंदविषेसंलग्नहुएमनकी अन्यतुच्छविषयोंविषे प्रवृत्ति संभवतीनहीं ॥ यातैं ताज्ञानवान्कूं साचित्तकीविश्रांति स्वभावासिद्धही है ॥ ता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्पर्यंयह ॥ जैसे सार्वभौमराज्यकेआनंदकूंअनुभवकरणेहारा चक्रवर्त्तिराजा एकग्रामकेअधिपतिकेतुच्छ सुखकी इच्छाकरतानहीं ॥ तैसे अखंडएकरसब्रह्मानंदकूंअनुभवकरणेहारा ज्ञानवान्पुरुषकाचित्त तुच्छ विषयसुखकी इच्छाकरैगानहीं ॥ यातैं ज्ञानवान्पुरुषकूं साचित्तकीविश्रांति स्वभावसिद्धही है ॥ ताचित्तविश्रांतिकेवासतै ताज्ञानवान्कूं किंचित्भी कर्त्तव्यनहीं है ॥ यातैं तत्त्वज्ञानतैंअनंतर वासनाक्षयमनोनाशकेअभ्यासकीकर्त्तव्यताका नियमकरणा व्यर्थ है ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ वेदांतशास्त्रके दोप्रकार केअधिकारी होवैहैं ॥ एकतौ मुख्यअधिकारी होवैहैं ॥ दूसरे अमुख्यअधिकारी होवैहैं ॥ तहां जेपुरुष सगुणब्रह्मकेसाक्षात्कारपर्यंत उपासनाकूंकरिकै परमेश्वरकेप्रसादतैं विषयोंविषेदोषदृष्टिकरिकै विवेकवैराग्यादिकसाधनसंपन्नहुए श्रवणादिकोंविषे प्रवृत्तहोवै हैं ॥ तेपुरुषतौ मुख्यअधिकारी कह्येजावैहैं ॥ ऐसे मुख्यअधिकारीयोंकूंतौ एकवार श्रवणादिकोंकरिकै जीवन्मुक्तिविषेपर्यवसानवाला तत्त्वज्ञानउत्पन्नहोवैहै ॥ अर्थात् तिनमुख्यअधिकारियोंकूं तत्त्वज्ञानकेसमकालही जीवन्मुक्तिहोवैहै ॥ जिसकारणतैं तिन मुख्यअधिकारियोंकूं तातत्त्वज्ञानतैंपूर्वही ताउपासनाकरिकै साचित्तकीएकाग्रतारूप चित्तविश्रांति सिद्धहै ॥ ऐसेकृतोपास्तिमुख्यअधिकारियोंकूं तत्त्वज्ञानतैंअनंतर सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यासअपेक्षितनहीं है ॥ और पूर्वउक्तश्रुतिस्मृतिवचनभी ऐसेमुख्यअधिकारीकूंही तत्त्वज्ञानतैंअनंतर कर्त्तव्यताका निषेध करेहैं ॥ और तासगुणब्रह्मकीउपासनातैंरहित जे इदानींकालकेपुरुष विवेकादिकसाधनसंपन्नहोइकै ब्रह्मजिज्ञासातैं श्रवणादिकोंविषे प्रवृत्तहोवैहैं ॥ तेअकृतोपास्तिपुरुष अमुख्यअधिकारी कह्येजावैहैं ॥ ऐसेअमुख्यअधिकारियोंकूं तिनश्रवणादिकोंकरिकै सोतत्त्वसाक्षात्कारतौ अवश्य उत्पन्नहोवैहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

परंतु ताज्ञानतैंपूर्व तिनोंनैं वासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास भलीप्रकारतैंकऱ्यानहीं ॥ यातैं तिनपुरुषों केचित्तकीविश्रांति होतीनहीं ॥ और तिनअमुख्यअधिकारीपुरुषोंकूं श्रवणादिकोंतैंउत्पन्नभया जोब्रह्मसाक्षात्कारहै ॥ सोसाक्षात्कार महावाक्यरूपप्रमाणकरिकैंजन्यहोणेतैं तथाब्रह्मात्मरूपविषयकेअबाधतैं प्रमारूपभीहै ॥ तथा अज्ञानकीनिवृत्तिकरणेविषे योग्यभीहै ॥ परंतु वायुवालेदेशविषेस्थितदीपकीन्यांई प्रारब्धकर्मसंपादितभोगवासनाकरिकै कंपायमानहोणेतैं सोसाक्षात्कार कदाचित् असंभावनाविपरीत भावनारूपप्रतिबंधकेसंभवतैं अज्ञानकीनिवृत्तिकरणेविषे समर्थ नहींहोवैहै ॥ यातैं तिनअकृतोपास्तिअमुख्यअधिकारियोंकूं तासंभावितप्रतिबंधकीनिवृत्तिकरणेवासतै तत्त्वज्ञानतैंअनंतर सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास अवश्य करणेयोग्यहै ॥ इसीअभिप्रायकरिकै श्रीव्यासभगवान्नैं ब्रह्मसूत्रोंविषे 'आवृत्तिरसकृदुपदेशात्। आप्रायणात्तत्रापिहिदृष्टं' इससूत्रकरिकै अमुख्यअधिकारियोंकेप्रति अभ्यासकी आवृत्ति कथनकरी है ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ पूर्वउक्त मुख्यअधिकारियोंकूं तत्त्वज्ञानतैंअनंतर वासनाक्षयमनोनाशकेअभ्यासकी नहींअपेक्षाहुएभी तिनअमुख्यअधिकारियोंकूं तत्त्वज्ञानतैंअनंतर चित्तकी विश्रांतिवासतै सोवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास अवश्य अपेक्षितहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ वासनाकेक्षयकरणेविषे इसपुरुषकी तभी प्रवृत्तिसंभवै ॥ जभी इसपुरुषकूं तावासनाकेस्वरूपकाज्ञानहोवै ॥ तावासनाकेज्ञानतैंविना तावासनाकेनिवृत्तकरणेविषे इसपुरुषकीप्रवृत्ति संभवतीनहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तावासनाका साधारणलक्षण तथातावासनाकाविभाग तथातावासनाकाफल तथातिसतिसवासनाका विशेषलक्षण श्रीवसिष्ठभगवान्नैं कथनकऱ्याहै ॥ सोसर्व तावसिष्ठभगवान्केवचनोंकरिकै इहांदिखावै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हैं ॥ ताकेविषे प्रथम तावासनाका साधारणलक्षण कहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ ' दृढभावनयात्यक्तपूर्वापर विचारणम् । यदादानंपदार्थस्य वासनासाप्रकीर्त्तित ' अर्थयह ॥ जिसदृढभावनाकरिकै पूर्वअपरकेविचारतैंविनाही पदार्थोंकाग्रहणहोवैहै ॥ अर्थात् हमारीभाषा सर्वभाषावोंतैं समीचीनहै ॥ तथा हमारादेश सर्वदेशोंतैंसमीचीनह ॥ तथा हमाराकुल सर्वकुलोंतैंउत्तमहै ॥ तथा हमारेपुत्रादिक सर्वतैंसमीचीनहैं ॥ इत्यादिकअभिनिवेश जिसभावनाकरिकैहोवैहै ॥ साभावना विद्वानपुरुषोंनैं वासना कहीतीहै इति ॥ अव तावासनाका विभाग तथाफल वर्णनकरेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ 'वासनाद्विविधाप्रोक्ता शुद्धाचमलिनातथा । मलिनाजन्मनोहेतुः शुद्धाजन्मविनाशिनी' अर्थयह ॥ साउक्तवासना दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ शुद्धवासना होवैहै ॥ और दूसरी मलिनवासना होवैहै ॥ तहां मलिनवासनातौ इसपुरुषके जन्मकाकारणहोवैहै ॥ और शुद्धवासना जन्मकेनिवृत्तिकाकारणहोवैहै इति ॥ अव तामलिनवासनाका स्वरूपलक्षण कहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ 'अज्ञानसुघनाकारघनाहंकारशालिनी । पुनर्जन्मकरीप्रोक्ता मलिनावासनाबुधैः ' अर्थयह ॥ ब्रह्मकेस्वरूपकाआवरक जोअज्ञानहै ॥ ताअज्ञानकरिकै घनीभूतहुआहैआकार जिसका ऐसाजो घनअहंकारहै ॥ ताअहंकारसहितजावासनाहै ॥ सावासना विद्वान्पुरुषोंने मलिनवासना कहीहै ॥ सामलिनवासनाही इसपुरुषकूं पुनःजन्मकीप्राप्ति करेहै ॥ तहां भ्रांतिज्ञानकीजा परंपराहै यहही ताअहंकारका घनाकारहै ॥ सोअहंकारका घनाकारपणा श्रीभगवान्नें गीताकेषोडशअध्यायविषे आसुरसंपत्केनिरूपणप्रसंगविषे 'इदमद्यमयालब्धमिमंप्राप्स्येमनोरथं । इदमस्तीदमपिमे भविष्यतिपुनर्धनं ॥१॥ असौमयाहतःशत्रुर्हनिष्येचापरानपि । ईश्वरोहमहंभोगीसिद्धोहंबलवान्सुखी॥२॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आढ्योभिजनवानस्मिकोन्योस्तिसदृशोमया । यक्ष्येदास्यामिमोदिष्यइत्यज्ञानविमोहिताः' ॥३॥ इनतीनश्लोकोंकरिकै कथनकऱ्याहै इति ॥ अब शुद्धवासनाका स्वरूपलक्षण वर्णनकरेहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'पुनर्जन्मांकुरंत्यक्त्वास्थितंसंभ्रष्टबीजवत् देहार्थंधियतेज्ञातज्ञेयाशुद्धेतिचोच्यते' अर्थयह ॥ जावासना जन्मकेमूलकूंनाशकरिकै दग्धबीजकीन्यांई देहकीस्थितिवासतै स्थितहोवैहै ॥ तथा जिसवासनाकरिकै अखंडएकरसआनंदवस्तु जान्याजावैहै ॥ सावासना शुद्धवासना कहीजावैहै इति ॥ अब पूर्वउक्तमलिनवासनाकाविभाग वर्णनकरेहैं ॥ तहां जन्मकीप्राप्तिकरणेहारी सामलिनवासना यद्यपि अनंतहोवैहै ॥ तथापि स्मृतिविषे सामलिनवासना संक्षेपतैं तीनप्रकारकी कथनकरी है ॥ तहांश्लोक ॥ 'लोकवासनयाजंतोर्देहवासनयापिच । शास्त्रवासनयाज्ञानंयथावन्नैवजायते' अर्थयह ॥ सापूर्वउक्तमालिनवासना लोकवासना १ शास्त्रवासना २ देहवासना ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकीहोवैहै ॥ तिनतीनोंवासनावों विषे कोईभीवासना जिसपुरुषकूंहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूं तावासनारूपप्रतिबंधकेवशतैं आत्माकायथार्थज्ञान उत्पन्नहोतानहीं इति ॥ अब लोकवासनाका निरूपणकरेहैं ॥ तहां जिसआचरणकेधारणकरणेतै सर्वलोक हमारी स्तुतिकरै कोईभीलोक हमारीनिंदा नहींकरै ॥ ऐसेआचरणकूं मैं धारणकरूं ॥ याप्रकारका जोअभिनिवेशहै ताकानाम लोकवासनाहै ॥ सालोकवासना शतकोटिजन्मोंकरिकैभी संपादनकरणेकूंअशक्यहै ॥ काहेतैं सर्वदूषणोंतैंरहित तथासर्वशुभगुणोंकरिकैसंपन्न तथानमस्कारस्मरणादिकोंकरिकै सर्वपुरुषार्थोंकीप्राप्तिकरणेहारे जेरामकृष्णादिकईश्वरहै ॥ तिनोंकीभी सर्वलोक स्तुतिकरतेनहीं ॥ किंतु कैएकश्रेष्ठपुरुषतौ स्तुतिकरेहैं ॥ और कैएकनीचपुरुष निंदाभीकरेहैं ॥ जभी रामकृष्णादि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कईश्वरोंकीभी सर्वलोक स्तुति नहींकरेहैं ॥ तभी अस्मदादिकजीवोंकी सर्वलोक स्तुति कैसेकरेंगे किंतुनहींकरैंगे ॥ यातैं सालोकवासना संपादनकरणेकूंअशक्यहै ॥ यातैं इसअधिकारीपुरुषनै तालोकवासनाकापरित्यागकरिकै आपणेहितकूंही संपादनकरणा ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभीकहीहै ॥ तहां श्लोक ॥ 'विद्यतेनखलुकाश्चिदुपायः सर्वलोकपरितोषकरोयः । सर्वथास्वहितमाचरणीयं किंकरिष्यतिजनो बहुजल्पः' अर्थयह ॥ जिसउपायकरिकै सर्वलोक स्तुतिकरैं ॥ ऐसाकोईउपाय लोकशास्त्रविषे हैनहीं ॥ यातैं इसअधिकारीपुरुषनें तालोकवासनाकापरित्यागकरिकै सर्वप्रकारतैं आपणेहितकूंसंपादनकरणा ॥ लोकोंकीनिंदास्तुतिकी तरफ नहींदेखणा ॥ जिसकारणतैं तेलोक निंदास्तुतिकरिकै कोईहानिलाभ करिसकतेनहीं इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ भर्तृहरिनेंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ निंदंतुनीतिनिपुणायदिवा स्तुवंतु लक्ष्मीःसमाविशतुगच्छतुवायथेष्टं । अद्यैववामरणमस्तुयुगांतरेवा न्याय्यात्पथः प्रविचलंतिपदंन धीराः' अर्थयह ॥ नीतिविषेकुशलपुरुष निंदाकरो अथवा स्तुतिकरो ॥ और लक्ष्मी प्राप्तहोवो अथवा चलीजावो ॥ और आजदिनविषे मरणहोवो अथवा युगांतरविषेहोवो ॥ परंतु धैर्यवान्विवेकीपुरुष शास्त्रविहितमार्गतैं एकपदमात्रभी चलायमानहोतेनहीं ॥ अर्थात् लोककृतनिंदास्तुतिआदिकोंकीउपेक्षाकरिकै विवेकीपुरुष आपणेहितकूंही संपादनकरेहैं इति ॥ किंवा तालोकवासनाविषेअभिनिवेशवालेपुरुषकूं आत्मज्ञान नहींउत्पन्नहोवैहै यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'नलोकचित्तग्रहणेरतस्यन भोजनाच्छादनतत्परस्य नशब्दशास्त्राभिरतस्यमोक्षो नचातिरम्यावसथप्रियस्य' अर्थयह ॥ जोपुरुष सर्वप्रकारतैं लोकोंकेचित्तरंजनकरणेविषे प्रीतिवालाहै ॥ तथा जोपुरुष भोजनआच्छादनविषेही तत्परहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तथा जोपुरुष व्याकरणादिकअनात्मशास्त्रविषे अभिनिवेशवालाहै ॥ तथा जोपुरुष अत्यंतरमणीकगृहोंविषे प्रीतिवालाहै ऐसेपुरुषकूं मोक्ष प्राप्तहोतानहीं ॥ यातैं मोक्षकीइच्छावालेपुरुषनैं सालोकवासना सर्वप्रकारतैं परित्यागकरणी इति ॥ अब शास्त्रवासनाका निरूपणकरेहैं ॥ तहां शास्त्रकेतात्पर्यकूं नग्रहणकरिकै ताशास्त्रकेअध्ययनादिकोंकी जावासनाहै ताकानाम शास्त्रवासनाहै ॥ साशास्त्रवासना भी पाठवासना १ अर्थवासना २ अनुष्ठानवासना ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां समग्रआयुषपर्यंत वेदशास्त्रोंकेपाठकाही अध्ययनकरतेरहणा ताशास्त्रकेतात्पर्यकूंनहींजानणा याकानाम पाठवासनाहै ॥ सापाठवासना भरद्वाजकूं होतीभई है ॥ तहां भरद्वाजऋषि आयुषकेतीनभागपर्यंत अर्थात् ७५ पंचसप्ततिवर्षपर्यंत वेदोंकेपाठकूं अध्ययनकरताभया ॥ तथा अतिजीर्णवृद्धअवस्थाकूंप्राप्तहोताभया ॥ ऐसेभरद्वाजकूंदेखिकै देवराजइंद्र ताभरद्वाजकेसमीपआइकै कहताभया ॥ हेभरद्वाज जो कदाचित् मैं तुम्हारेतांई आयुषका चतुर्थभाग देवों तौ तिसचतुर्थभागआयुषकरिकै तू क्यासंपादनकरैंगा ॥ ऐसेइंद्रकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोभरद्वाजऋषि ताचतुर्थआयुषभागविषेभी मैं वेदोंकेपाठकाहीअध्ययनकरोंगा याप्रकारकावचन कहताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोइंद्र ताभरद्वाजकी पाठवासनाकेनिवृत्तकरणेवासतै ताभरद्वाजकेप्रति वेदोंकूंपर्वतरूपकरिकै दिखावताभया ॥ तिनवेदरूपपर्वतोंतैं एकएकमुष्टिलेकै ताभरद्वाजकेप्राति कहताभया ॥ हेभरद्वाज अबपर्यंत तुमनें यहमुष्टिमात्रवेद अध्ययनकरेहैं यहपर्वतरूपवेद बाकी अध्ययनकरणेकूंरहतेहैं ॥ ऐसेइंद्रकेवचनकूंश्रवणकरिकै सोभरद्वाजतापाठवासनातैं निवृत्तहोताभया ॥ तिसतैंअनंतर सोइंद्र ताभरद्वाजकेप्राति ब्रह्मविद्याकाउपदेश करता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भया ॥ यहगाथा तैत्तिरीयकश्रुतिविषे भरद्वाजोपाख्यानविषे प्रसिद्धहै इति ॥ और वेदशास्त्रोंकेतात्पर्य
कूंनजानिकरिकै समग्रआयुषयर्पंत तिनवेदशास्त्रोंकेअर्थका अध्ययनकरीजाणा याकानाम अर्थवास
नाहै ॥ साअर्थवासनाभी तापाठवासनाकोन्यांई दुःसंपाद्यहोणेतैं मलिनवासनाही है ॥ याकारणतैंही
विद्वान्पुरुषोंनैं यहकह्याहै ॥ तहांश्लोक 'अनंतशास्त्रंबहुंवेदितव्यमल्पश्चकालोबहवश्चविघ्नाः । यत्सा
रभूतंतदुपासितव्य हंसोयथाक्षीरमिवांबुमिश्र ॥ १ ॥ अधीत्यचतुरोवेदान् धर्मशास्त्राण्यनेकशः । यस्तुब्र
ह्मनजानाति दर्वीपाकरसंयथा ॥ २ ॥ 'अर्थयह ॥ शास्त्र अनंतहैं ॥ तथा शास्त्रप्रतिपादितपदार्थभी
अनंतहैं ॥ तेपदार्थ अल्पकालकरिकै जानेजातेनहीं ॥ और इसपुरुकीआयुष अत्यंतअल्पहै ॥ ताअल्प
आयुषविषेभी रोगादिकअनेकविघ्न प्राप्तहोवैहैं ॥ ऐसेविघ्नयुक्तअल्पआयुषकरिकै तिनसर्वशास्त्रोंकाअर्थ
जानणेकूंअशक्यहै ॥ यातैं जैसे हंसपक्षी जलमिश्रितक्षीरतैं क्षीरमात्रकूंही ग्रहणकरेहै ॥ तैसे इसअधिका
रीपुरुषनेंभी सर्वशास्त्रोंकासारभूत जोब्रह्मात्मरूपअर्थ है सोईही ग्रहणकरणेयोग्यहै इति ॥ किंवा जोपु
रुष चारिवेदोंकेअर्थकूं अध्ययनकरेहै ॥ तथा अनेकधर्मशास्त्रोंकेअर्थकूं अध्ययनकरेहै ॥ परंतु अहंब्रह्मा
स्मि याप्रकारतैं ब्रह्मकूंजानतानहीं ॥ सोपुरुष दर्वीकेतुल्यहै ॥ अर्थात् जैसे दर्वी अनेकप्रकारकेव्यंज
नोंविषेफिरेहै ॥ परंतु तिनव्यंजनोंकेरसकूंजानतीनही ॥ कडछीकानाम दर्वी है इति ॥ और श्रुतिस्मृति
रूपशास्त्रनें विधानकऱ्येजेकर्म हैं ॥ तिनकर्मोंकेअनुष्ठानविषेही समग्रआयुष व्यतीतकरणी याकानाम
अनुष्ठानवासनाहै ॥ साअनुष्ठानवासना निदाघकूं होतीभईहै ॥ तहां ऋभुनामाऋषिनें पुनःपुनःउपदेश
कऱ्याहुआभी सोनिदाघ ताअनुष्ठानवासनाकरिकै ब्रह्मात्मतत्वकूं नहींजानताभया ॥ तीसरेवार ताऋ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भुकेउपदेशतैं अतिक्लेशतैं सर्वअनुष्ठानकापरित्यागकरिकै ब्रह्मात्मतत्वकूं साक्षात्कार करताभया ॥ यह वार्त्ता विष्णुपुराणविषे विस्तारतैंकथनकरीहै ॥ यातैं सापूर्वउक्त तीनोंप्रकारकीशास्त्रवासना आत्मज्ञान का प्रतिबंधकही है इति ॥ अब देहवासनाका निरूपणकरेहैं तहां इसभौतिकस्थूलशरीविषे जोअ भिनिवेशहै ताकानाम देहवासनाहै ॥ सादेहवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ देहविषयक होवैहै ॥ दूसरी देहसंबंधीगुणविषयक होवैहै ॥ तहां मनुष्योऽहं ब्राह्मणोऽहं याप्रकारकीजावासनाहै सा देह विषयकवासना कहीजावैहै ॥ और दूसरी देहसंबंधीवासनाभी शास्त्रीय १ लौकिक २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां प्रथम शास्त्रीयवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ एकतौ गुणाधानप्रयुक्त होवैहै ॥ दूसरी दोषनिवृत्तयुक्त होवैहै ॥ तहां शास्त्रविहित गंगास्नानादिकोंकरिकै जो देहविषे सद्गुणों केधारणकीवासनाहै ॥ सावासना गुणाधानप्रयुक्त कहीजावैहै ॥ और शौचआचमनादिकोंकरिकै जो देहतैं दोषोंकेनिवृत्तकरणेकीवासनाहै ॥ सावासना दोषनिवृत्तिप्रयुक्त कहीजावैहै इसप्रकार सालौकि कवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहै ॥ तहां तैलपानमरिचभक्षणादिकोंकरिकै जो देहविषे सौंदर्यादिकगुणों केधारणकरणेकीवासनाहै सा प्रथमहै ॥ और मलनिवर्त्तकऔषधजलादिकोंकरिकै जो देहतैं मलके निवृत्तकरणेकीवासनाहै सा दूसरीहै ॥ यहसर्वदेहवासना ज्ञानकाप्रतिबंधकहोणेतैं तथाजन्मांतरका हेतुहोणेतैं मलिनवासनाही है इति ॥ किंवा लोकवासना शास्त्रवासना देहवासना इनउक्ततीनवासना वोंतैंअन्यभी ज्ञानकेप्रतिबंधकमलिनवासना गीताकेषोडशेअध्यायविषे श्रीभगवान्नें 'दंभोदर्पोऽभिमा नश्चक्रोधःपारुष्यमेवच' इत्यादिकवचनकरिकै दंभदर्पादिआसुरसंपत्रूपकरिकै कथनकरीहै ॥ इसप्रकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्त्रीपुत्रादिकविषयोंकी जेअभिलाषाहे तेभी मलिनवासनाहीं हैं ॥ तेसर्वमलिनवासना ज्ञानकाप्रतिबंध कहोणेतैं मुमुक्षुजनोंनें निवृत्तकरणेयोग्यहैं ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तिनमलिनवासनावोंकीनिवृत्ति किस उपायतैंहोवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तेमलिनवासना पूर्वउक्तरीतितैं अनेकप्रकारयाहैं ॥ यातैं वसिष्ठादिकमुनियोंनें तिनवासनावोंके निवृत्तिकेउपायभी अनेकप्रकारके कहेहैं ॥ तहां नित्यअनित्य वस्तुकाविवेक तथाविषयोंविषेदोषोंकादर्शन तथामहात्माजनोंकासत्संग तथाविषयीजनोंकेसंगकाप रित्याग तथामैत्रीकरुणादिकविरोधीवासनाकीउत्पत्ति इत्यादिकउपायोंकरिकै तिनमलिनवासनावोंकी निवृत्ति होवैहै ॥ यातैं तिनविवेकादिकउपायोंकरिकै आपणेअंतःकरणविषे जो तिनमलिनवासनावों कीउत्पत्ति नहींहोणेदेणी यहही तावासनाक्षयकाअभ्यासहै ॥ तहांश्लोक ॥' दृश्यासंभववोधेन रागद्वे षादितानवे । रतिर्नवोदितायातु बोधाभ्यासंविदुःपरम्' अर्थयह ॥ यहदृश्यमानसर्वप्रपंच अधिष्ठानआत्मा तैंभिन्नरूपकरिकै वास्तवतैंनहीं है ॥ याप्रकारका जो दृश्यप्रपंचकेअसंभवकाबोधहै ॥ तावोधकरिकै प्रपं चरूपविषयकेअभावतैं रागद्वेषादिरूपवासनाकेनिवृत्तहुए इसपुरुषकी आपणेस्वरूपानंदकेअनुभवावि षे जादृढप्रीति उत्पन्नहोवैहै ॥ तिसकूं विद्वान्पुरुष वासनाक्षयकाअभ्यास कहेहैं इति ॥ अब अन्यप्र कारतैं तिसमलिनवासनाके निवृत्तिकेउपायकूंप्रतिपादनकरणेहारेवाक्यकूंकहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ 'असं गव्यवहारित्वाद्भवभावनवर्ज्जनात् । शरीरनाशदर्शित्वाद्वासनानप्रवर्त्तते' अर्थयह ॥ मैंअसंगहूं याप्रकारके वृत्तियोंकाप्रवाहरूप जोव्यवहारहै ॥ ताव्यवहारकेनिरंतरकरणेतैं इसपुरुषविषे दूसरीवासना प्रवृत्त होतीनहीं ॥ तथा प्रपंचकेस्मरणका जोपरित्यागहै तिसतैंभी दूसरीवासना प्रवृत्तहोतीनहीं ॥ तथा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

निरंतर आपणेशरीरकेमरणकाजोदर्शनहै तिसतैंभी दूसरीरागादिरूपवासना प्रवृत्तहोतीनहीं इति ॥ तहां आपणेमरणकेदर्शनतैं रागादिरूपवासना नहींहोवैहै यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'मस्तकस्थायिनंमृत्युं यदिपश्येदयंजनः । आहारोपिनरोचेत किमुतान्याविभूतयः' अर्थयह ॥ आपणेमस्तकऊपरिस्थितजोमृत्युहै ॥ तिसमृत्युकूं जोकदाचित् यहपुरुष देखे तौ इसपुरुषकूं भोजनभी प्रियनहींलागेगा तौ अन्यविभूतियां कैसेप्रियलोगगी किंतु नहींलागेगी इति ॥ अब संसारविषेदोषकाप्रतिपादकवचन कहेहैं ॥ श्लोक ॥ 'दुःखंजन्मजरादुःखंदुःखंमृत्युःपुनःपुनः ॥ संसारमंडलंदुःखं पच्यंतेयत्रजंतवः ' अर्थयह ॥ जन्मभी दुःखरूपहै ॥ तथा जराभी दुःखरूपहै ॥ तथा पुनःपुनःमरणभी दुःखरूपहै ॥ इहांबहुतक्याकहैं ॥ यहसर्वसंसारमंडल दुःखरूपही है ॥ जिससंसारमंडलविषे यहसर्वअज्ञानीजीव पुनःपुनः जन्ममरणादिकोंकूंप्राप्तहोवैहैं ॥ इसप्रकार आत्मातैंभिन्न सर्वजगत्कूं दुःखरूपकरिकै चिंतनकरणेहारेपुरुषकी रागद्वेषादिरूप सर्वमलिनवासना निवृत्तहोवै हैं इति ॥ किंवा विषयलंपटपुरुषोंकेसंगका जोपरित्यागहै सोभी मलिनवासनाकीनिवृत्तिद्वारा इसपुरुषके मोक्षकासाधन होवैहै ॥ यहवार्त्ता विष्णुपुराणविषेभी कथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'निःसंगतामुक्तिपदंयतीनां संगादशेषाः प्रभवंतिदोषाः । आरूढयोगोपिनिपात्यतेऽधः संगेनयोगीकिमुतालपसिद्धिः' अर्थयह ॥ विषयासक्तपुरुषोंकेसंगकापरित्यागरूपजा निःसंगताहै ॥ सानिःसंगताही संन्यासियोंकूं मुक्तिकेप्राप्तिका मार्ग है ॥ जिसकारणतैं तिनविषयासक्तपुरुषोंकेसंगतैं इसपुरुषविषे रागद्वेषमोहादिकसर्वदोष प्राप्तहोवै हैं ॥ तिन मलिनवासनारूपदोषोंनैं योगारूढपुरुषभी अधःपतनकरीताहै ॥ तौ योगारूढहोणेकीइच्छावालापुरुष

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्यूंनहीं अधःपतनकरीयेगा इति ॥ किंवा इसतत्त्ववेत्तापुरुषनें सर्वप्रकारतैं विषयलंपटपुरुषोंकेसंगतैंर
हितहोणा यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभीकही है ॥ तहांश्लोक ॥ 'तस्माच्चरैतवैयोगी सतांधर्ममगर्हयन् ।
जनायथावमन्येरन्गच्छेयुर्नैवसंगतिम् ' अर्थयह ॥ यहतत्त्ववेत्तापुरुष श्रेष्ठपुरुषोंकेधर्मकूं नहींदूषितकर
ताहुआ इसप्रकारतैं लोकविषेविचरे ॥ जैसे यहविषयासक्तलोक अपमानकरतेहुए संगतिकूंनहींप्राप्तहो
वे इति ॥ किंवा यहवार्त्ता भारतविषेभीकहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' अहेरिवगणाद्भीतः सन्मानान्नरकादि
व । कुणपादिवचस्त्रीभ्यस्तंदेवाब्राह्मणंविदुः' अर्थयह ॥ जैसे देहाभिमानीपुरुष सर्पतैंभयकूंप्राप्तहोवै है ॥
तैसे जोविद्वान्पुरुष लोकोंकेसमूहतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे लोक नरकतैं भयकूंप्राप्तहोवै हैं ॥
तैसे जोविद्वान्पुरुष सन्मानतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ और जैसे लोक मृतकशरीरतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तैसे
जोपुरुष स्त्रीजनोतैं भयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तिसविद्वान्पुरुषकूं देवता ब्राह्मणकहेहैं ॥ अर्थात् जीवन्मुक्त
कहेहै इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ श्रीभागवतविषेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'संगंत्यजेतमिथुनव्रतिनांमुमुक्षुः
सर्वात्मनानविसृजेद्बहिरिंद्रियाणि । एकश्चरन्रहसिचित्तमनंतईशे युंजीततद्व्रतिषुसाधुषुचेत्प्रसंगः ॥१ ॥
स्त्रीणांतत्संगिनांसंगं त्यक्त्वादूरतआत्मवान् क्षमीविविक्तआसीनश्चिंतयेन्मामतंद्रितः'॥ २ ॥ अर्थयह ॥
मुमुक्षुजन विषयासक्तस्त्रीपुरुषोंकेसंगकूं सर्वप्रकारतैं परित्यागकरै ॥ तथा चक्षुआदिकएकादशइंद्रियों
कूं बाह्यरूपादिकाविषयोंविषे प्रवृत्तनहींकरै ॥ जिसकारणतैं इंद्रियोंकूंविषयोंविषेप्रवृत्तकरणेतैं मनुभग
वान्नें 'अकुर्वन्विहितंकर्म निंदितंचसमाचरन् । प्रसज्जन्निंद्रियार्थेषु नरःपतनमृच्छति' इसवचनकरिकै
नरककीप्राप्ति कथनकरीहे॥किंतु यहमुमुक्षुजन एकांतदेशविषे एकाकीस्थितहोइकै अपरिच्छिन्नईश्वर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विषे चित्तकूंजोडे ॥ अर्थात् निरंतर ब्रह्मकाध्यानकरै ॥ और जोकदाचित् सोचित्त आपणेचंचलस्व
भावतैं तापरब्रह्मविषेस्थितनहींहोवै ॥ तौ तापरब्रह्मविषेप्रीतिवालेजेमहात्माहैं तिनोंका संगकरै ॥ १ ॥
किंवा यहमुमुक्षुजन स्त्रियोंके तथास्त्रीआसक्तपुरुषोंके संगकूं दूरतैंपरित्यागकरिकै एकांतदेशविषेस्थित
होइकै मैंपरमेश्वरकूं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारतैंध्यानकरै इति ॥ २॥ ताध्यानकाफल स्मृतिविषेभी कह्याह ॥
तहांश्लोक ॥ 'अहमस्मिपरंब्रह्म वासुदेवाख्यमव्ययः । इतियस्यस्थिराबुद्धिः समुक्तोनात्रसंशयः' अर्थ
यह ॥ वासुदेवहैनामजिसका ऐसाजो उत्पत्तिविनाशतैंरहितपरब्रह्महै ॥ सोपरब्रह्म मैंहूं इसप्रकारकीस्थि
रबुद्धि जिसपुरुषकीहै सोपुरुष मुक्तही है ॥ इसअर्थविषे किंचित्मात्रभी संशयनहीं है इति ॥ किंवा
यहब्रह्मध्यानकाफल विष्णुपुराणविषे यमराजनैंभी मृत्युकेप्रति कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥' सकलमिद
महंचवासुदेवः परमपुमान्परमेश्वरःसएकः । इतिमतिरचलाभवत्यनंते हृदयगतेव्रजताम्विहायदूरात्' अर्थ
यह ॥ यहसर्वजगत् तथामैं वासुदेवरूपही हैं ॥ सोवासुदेव परमपुरुषहै तथापरमेश्वरहै तथाएकअद्विती
यहै ॥ इसप्रकारकीअचलबुद्धि जिनपुरुषोंकी हृदयदेशविषेस्थितपरमात्माविषे होवैहै ॥ हेमृत्यु तिनपु
रुषोंकूं तुमनें दूरतैंपरित्यागकरिकैचलना ॥ अर्थात् परब्रह्मकेध्यानपरायणपुरुषोंकूं पुनःमृत्युकीप्राप्तिहो
तीनहीं इति ॥ यातैंयहसिद्धभया ॥ जोपुरुष विषयासक्तस्त्रीपुरुषोंकेसंगकापरित्यागकरिकै ब्रह्मकाचि
तनकरेहै तिसपुरुषकी तेसर्वमलिनवासना निवृत्तहोवैहैं इति ॥ अब सत्संगकूं वासनाकीनिवृत्ति
द्वारा मोक्षकीसाधनताकाप्रतिपादकवचन कहेहैं ॥ श्लोक ॥ 'महत्सेवांद्वारमाहुर्विमुक्तेस्तमोद्वारंयोषि
तांसंगिसंगम् । महांतस्तेसमचित्ताःप्रशांता विमन्यवःसुहृदःसाधवोये' अर्थयह ॥ विद्वान्पुरुष महत्पुरुषा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केसेवाकूं मुक्तिकासाधन कहे हैं ॥ और स्त्रियोंकेसंगीपुरुषोंकेसंगकूं नरककेप्राप्तिकासाधन कहेहैं ॥ तहां महत्पुरुष किसकानामहै ॥ जेपुरुष समचित्तहैं अर्थात् समब्रह्मविषेहैं चित्त जिनोंका ॥ अथवा शत्रुमित्रविषेहैं समचित्तजिनोंका तथा जेपुरुष अतिशयकरिकै शांतस्वभाववाले हैं तथा क्रोधतैंर हितहैं तथा सुहृद्हैं अर्थात् अनुपकारीपरिभीउपकारकरणेहारेहैं तथा साधुहैं अर्थात् शम दमकरिकैसंपन्नहैं ॥ ऐसेगुणोंवालेपुरुषही महत्पुरुष कह्येजावै हैं ॥ ऐसेमहत्पुरुषोंका जो श्रद्धाभक्तिपूर्वक संगहै सोसंगभी तामलिनवासनाकीनिवृत्तिद्वारा मोक्षकाहीसाधन होवैहै इति ॥ किंवा स्त्रीतत्संगियोंकेसंगविषे नरककीसाधनताभी शास्त्रविषेकही है ॥ तहांश्लोक ॥ 'योषिद्धिरण्याभरणांबरादिद्रव्येषुमायारचितेषुमूढः। प्रलोभितात्माह्युपभोगबुद्ध्या पतंगवन्नश्यतिनष्टदृष्टिः' अर्थयह ॥ स्त्री सुवर्ण आभूषण वस्त्र इत्यादिक जेमायारचितपदार्थ हैं तिनपदार्थोंविषे लोभकूंप्राप्तभयाहैमनजिसका ऐसा जो अविवेकीपुरुषहै सो तिनपदार्थोंविषे उपभोगबुद्धिकरिकै पतंगकीन्यांई नाशहोवैहै ॥ जिसकारणतैं सोपुरुष विवेकदृष्टितैंरहितहै इति ॥ अब मैत्रीकरुणादिकविरोधीवासनाकरिकै तिनमलिनवासनावोंकीनिवृत्ति कहेहैं ॥ तेमैत्रीआदिकविरोधीवासना पतंजलिभगवान्नैं योगसूत्रोंविषेकहीहै ॥ तहां सूत्र ॥ 'मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्यविषयाणांभावनातश्चित्तप्रसादनम्' अर्थयह ॥ मैत्री १ करुणा २ मुदिता ३ उपेक्षा ४ यहचारिप्रकारकी शुभवासना होवैहैं ॥ तहां सुखीप्राणियोंविषे यहसर्वहमारेही हैं ॥ याप्रकारकी जाभावनाहै ताकानाम मैत्रीहै ॥ और दुःखीप्राणीयोंविषे जैसे हमारेकूं दुःखमतहोवै तैसे इनप्राणियोंकूंभी दुःखमतहोवै याप्रकारकी जाभावना ताकानाम करुणा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है ॥ और पुण्यवान्पुरुषोंकूंदेखिकै जा प्रसन्नताहै ताकानाम मुदिताहै ॥ और पापीपुरुषोंतैं जा उदासीनताहै ताकानाम उपेक्षाहै ॥ इसप्रकारकी मैत्रीआदिकचारिभावनावालेपुरुषकी राग द्वेष असूया मद मात्सर्य आदिक सर्वमलिनवासना निवृत्तहोइजावैहैं ॥ तिसतैं इसपुरुषकाचित्त शुद्धहोवैहै इति ॥ इसप्रकार गीताकेषोडशअध्यायविषे श्रीभगवान्नें 'अभयंसत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः । दानंदमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तपआर्जवम् ॥१॥ अहिंसासत्यमक्रोधस्त्यागःशांतिरपैशुनं । दयाभूतेष्वलोलुत्वं मार्दवं ह्रीरचापलम् ॥२॥ तेजःक्षमाधृतिःशौचमद्रोहोनातिमानिता । भवंतिसंपदंदैवीमभिजातस्यभारत' ॥३॥ इनतीनश्लोकोंकरिकै कथनकरीजा दैवीसंपत्है ॥ तादैवीसंपत्रूपविरोधीवासनाकेअभ्यासकरिकै दंभ दर्पादिक आसुरीसंपत्रूपमलिनवासना निवृत्तहोइजावैहै ॥ इसप्रकार तागीताकेत्रयोदशअध्यायविषे श्रीभगवान्ने 'अमानित्वमदंभित्वमहिंसाक्षांतिरार्जवम् । आचार्योपासनंशौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः । इंद्रियार्थेषुवैराग्यमनहंकारएवच । जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम् ॥२॥ असक्तिरनभिष्वंगः पुत्रदारगृहादिषु । नित्यंचसमचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ॥ ३ ॥ मयिचानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनसंसदि ॥४॥ अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनं । एतज्ज्ञानमितिप्रोक्तमज्ञानंयदतोन्यथा' ॥५॥ इनपंचश्लोकोंकरिकै कथनकऱ्येजे अमानित्व अदंभित्व आदिक ज्ञानकेसाधनहैं ॥ तिनअमानित्वादिकसाधनोंकेअभ्यासकरिकै तिनोंतैंविपरीत भ्रांतिज्ञानकेसाधन मानदंभादिक निवृत्तहोइजावैहैं ॥ इनगीताश्लोकोंकाअर्थ गीतागूढार्थदीपिकाविषे हमनैं विस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ सो तहांसेजानिलेणा ॥ ग्रंथविस्तारकेभयतैं इहांलिख्यानहीं इति ॥ इसप्रकार सोविद्वत्संन्यासी जभी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संकल्पपूर्वक तिनमैत्रीआदिकशुभवासनावोंकूं तथादैवीसंपत्कूं तथाअमानित्वादिकधर्मोंकूं अभ्यासक
रिकै संपादनकरेहै ॥ तभीसूर्यकेउदयहुए जैसे तम निवृत्तहोवैहै तैसे ताविद्वत्संन्यासीकी तेपूर्वउक्त
सर्वमलिनवासना निवृत्तहोवै हैं ॥ तिसतैंअनंतर सोविद्वत्संन्यासी अजिह्वत्वादिकषट्धर्मोंकूं अभ्यासक
रिकै संपादनकरै ॥ तेअजिह्वत्वादिकधर्म स्मृतिविषेकथनकरेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ ' अजिह्वःषंडकःपंगुरंधो
बधिरएवच । मुग्धश्चमुच्यतेभिक्षुःषड्भिरेतैर्नसंशयः ' अर्थयह ॥ अजिह्व १ षंडक २ पंगु ३ अंध ४
बधिर ५ मुग्ध ६ इनषट्धर्मोंकेसेवनकरणेतैं संन्यासी जीवन्मुक्तिकूंप्राप्तहोवैहै ॥ यातैं तासंन्यासीनैं तेषट्
धर्म अवश्यसंपादनकरणे इति ॥ अब तिनअजिह्वत्वादिकषट्धर्मोंके शास्त्रप्रमाणकरिकै यथाक्रमतैं
लक्षण कहेहैं ॥ अथअजिह्वलक्षणम् ॥ श्लोक ॥ 'इदमिष्टमिदंनेति योऽश्नन्नपिनसज्जते । हितंसत्यंमितंवक्ति
तमजिह्वंप्रचक्ष्यते ' अर्थयह ॥ जोसंन्यासी अन्नादिकोंकूंभक्षणकरताहुआभी यहअन्न स्वादुहै यहअन्न
अस्वादुहै याप्रकारकावचन कहतानहीं तथा हितकारी सत्य प्रमित याप्रकारकेवचनकूं उच्चारणकरेहै
सोसंन्यासी अजिह्व कह्याजावैहै इति ॥ अथषंडकलक्षणं ॥ श्लोक ॥ ' अद्यजातांयथानारीं तथाषोडश
वार्षिकीम् । शतवर्षांचयोदृष्ट्वा निर्विकारःसषंडकः' अर्थयह ॥ जैसे आजदिनविषेजन्मीहुई अतिबालका
स्त्रीकूंदेखिकै तथाशतवर्षकीअतिवृद्धस्त्रीकूंदेखिकै कामरूपविकार उत्पन्नहोतानहीं ॥ तैसे जोसंन्या स
षोडशवर्षकीयुवास्त्रीकूंदेखिकैभी कामरूपविकारतैंरहितहोवैहै ॥ सोसंन्यासी षंडक कह्याजावैहै ॥ नपुं
सककानाम षंडकहैं इति ॥ अथपंगुलक्षणम् ॥ श्लोक ॥ 'भिक्षार्थमटनंयस्य विण्मूत्रकरणायच । योजनी
न्नपरंयाति सर्वथापंगुरेवसः ' अर्थयह ॥ जिससंन्यासीका भिक्षाकेवासतैंही गमन होवैहै ॥ तथा विष्ठा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मूत्रकेपरित्यागकरणेवासतै गमन होवैहै ॥ अन्यकिसीप्रयोजनवासतै गमन होतानहीं ॥ तथा जोसं न्यासी एकयोजनतैंअधिकमार्ग चलतानहीं सोसंन्यासी पंगु कह्याजावैहै इति ॥ अथअंधलक्षणम् ॥ श्लोक ॥ 'तिष्ठतोव्रजतोवापि यस्यचक्षुर्नदूरगम् । चतुर्युगांभुवंत्यक्त्वा परिव्राट्सोंऽधउच्यते' अर्थयह ॥ जिससंन्यासीका स्थितहुए वा चलतेहुए चक्षुइंद्रिय चतुर्युगभूमिकूंछोडिकै दूरनहींजावैहै ॥ सोसंन्यासी अंध कह्याजावैहै । इहां चारिहस्तकानाम युगहै ॥ चतुर्युगभूमि षोडशहस्तपरिमाण होवैहै इति ॥ अथबधिरलक्षणं ॥ श्लोक ॥ ' हिताहितंमनोरामं वचःशोकावहंचयत् । श्रुत्वापिनशृणोतियो बधिरःसप्र कीर्त्तितः ' अर्थयह ॥ जोसंन्यासी हर्षकीप्राप्तिकरणेहारेअनुकूलवचनकूं तथाशोककीप्राप्तिकरणेहारेप्र तिकूलवचनकूं श्रवणकरिकैभी नहींश्रवणकरेहै ॥ अर्थात् हर्षशोककूंप्राप्तहोतानहीं ॥ सोसंन्यासी बधिर कह्याजावैहै इति ॥ अथमुग्धलक्षणम् ॥ श्लोक ॥ 'सान्निध्येविषयाणांच समर्थोऽविकलेंद्रियः । सुप्तवद्वर्त्त तेनित्यं सभिक्षुर्मुग्धउच्यते' अर्थयह ॥ विषयोंकेसमीपप्राप्तहुए जोसंन्यासी समर्थहुआभी तथासर्वइंद्रि योंकरिकैसंपन्नहुआभी तिनविषयोंविषे प्रवृत्तहोतानहीं ॥ किंतु सुषुप्तपुरुषकीन्यांई तिनविषयोंतैंउपरा मरहेहै ॥ सोसंन्यासी मुग्ध कह्याजावैहै इति ॥ इसप्रकार अजिह्वत्वादिकषट्धर्मोंकाअभ्यासकरिकै पश्चात् चिन्मात्रवासनाका अभ्यासकरै ॥ तहां यह नामरूपात्मकसर्वजगत् चैतन्यविषेकल्पितहोणेतैं स्वतःसत्तास्फुरणतैंरहितहै ॥ यातैं ताअधिष्ठानचैतन्यकेसत्तास्फुरणपूर्वकही ताजगत्का सत्तास्फुरणहो वैहै ॥ इसप्रकार जगत्विषे नामरूपदोनोंअंशोंकूं मिथ्यात्वनिश्चयतैं उपेक्षाकरिकै सर्वत्रपरिपूर्ण अस्ति भातिप्रियरूप अधिष्ठानचैतन्य मैंहूं याप्रकारकी जा निरंतरभावनाहै ताकानाम चिन्मात्रवासनाहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

साचिन्मात्रवासनाभी दोप्रकारकीहोवैहैं ॥ एकतौ कर्त्ता कर्म करण इसत्रिपुटीकेस्मरणपूर्वक चिन्मात्र वासना होवैहै ॥ और दूसरी तात्रिपुटीकेस्मरणतैंरहित केवलचिन्मात्रवासना होवैहै ॥ तहां इससर्वजगत्कूं मैं आपणेमनकरिकै चिन्मात्ररूप जानताहूं । इसप्रकारतैंकरीहुई जाभावनाहै साभावनातौ प्रथम त्रिपुटीपूर्वकचिन्मात्रवासनाहै ॥ इस चिन्मात्रवासनाका संप्रज्ञातसमाधिकोटिविषे अंतर्भावहै ॥ अर्थात् इसप्रथमचिन्मात्रवासनाकूंही योगशास्त्रवाले संप्रज्ञातसमाधि कहे हैं ॥ और कर्त्ता कर्म करण इसत्रिपुटीकेस्मरणतैंरहित मैंचिन्मात्रहूं याप्रकारकीजाभावनाहै साभावना केवलचिन्मात्रवासना कही जावैहै ॥ इस केवलचिन्मात्रवासनाका असंप्रज्ञातसमाधिकोटिविषे अंतर्भावहै ॥ अर्थात् इस केवलचिन्मात्रवासनाकूंही योगशास्त्रवाले असंप्रज्ञातसमाधि कहेहैं ॥ तहां सर्वजगत्कूं चिन्मात्ररूपता शुक्रनैं बलिकेप्रति कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'चिदिहास्तीहचिन्मात्रं सर्वंचिन्मयमेवतत् । चित्त्वंचिदहमेते च लोकाश्चिदितिसंग्रहः' अर्थयह ॥ हेराजन् इससर्वजगत्विषे चैतन्यही अधिष्ठानरूपतै व्याप्यकरिकै रह्याहै ॥ यातैं यहसर्वजगत् चैतन्यमात्रहीहै ॥ तूभी चैतन्यरूपहीहै ॥ तथा मैंभी चैतन्यरूपहीहूं ॥ तथा यहसर्वलोकभी चैतन्यरूपही हैं इति ॥ इसप्रकार चिन्मात्रवासनाके दृढअभ्यासकियेहुए पूर्वउक्तसर्वमलिनवासना निवृत्तहोवैहैं ॥ यहही वासनाक्षयकाअभ्यासहै इति ॥ अब मनोनाशकेकहणेवासतैं प्रथम मनकास्वरूप कहेहैं ॥ लाक्षासुवर्णादिकोंकीन्यांई सावयव तथाकामादिकवृत्तिरूपकरिकेपरिणामवाला जो अंतःकरणहै सोअंतःकरणही मननरूपहोणेतैं मन कह्याजावैहै ॥ सोमन सत्त्व रज तम यहतीनगुणरूपहोवैहै ॥ काहेतैं सत्त्व रज तम इनतीनगुणोंके यथाक्रमतैंविकाररूप जे सुख दुःख मोह यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तीनधर्म हैं॥ तेतीनोंधर्म तामनकेआश्रितहुए प्रतीतहोवैहैं ॥ यातैं तामनविषे सत्त्वादित्रिगुणरूपताही सिद्धहोवैहै ॥ तहां सोमन राजसतामसवृत्तियोंकरिकै वृद्धिकूंप्राप्तहुआ अतिस्थूल होवैहै ॥ सोस्थूल मन आत्माकेसाक्षात्कारवासतै योग्यनहींहोवैहै ॥ काहेतैं दुर्विज्ञेयहोणेतैं आत्मा अतिसूक्ष्महै ॥ ऐसेसूक्ष्मआत्माका स्थूलमनकरिकै साक्षात्कार संभवतानहीं ॥ जैसे स्थूलकुदालकरिकै सूक्ष्मवस्त्रकासीवना संभवतानहीं ॥ किंतु सूक्ष्मसूचीकरिकैही तासूक्ष्मवस्त्रकासीवना संभवैहै ॥ तैसे सूक्ष्ममनकरिकैहीं तासूक्ष्मआत्माकासाक्षात्कार संभवैहै ॥ और 'दृश्यतेत्वग्र्ययाबुद्ध्यासूक्ष्मयासूक्ष्मदर्शिभिः' यहश्रुतिभी अतिसूक्ष्मबुद्धिकरिकैही आत्माकासाक्षात्कार कहेहैं ॥ यातैं आत्माकेसाक्षात्कारवासतैं मनकीसूक्ष्मता अवश्यअपेक्षितहै ॥ सामनकीसूक्ष्मता राजसतामसवृत्तियोंकेनिरोधकरिकै सिद्धहोवैहै ॥ यातैं तिनवृत्तियोंकेनिरोधकरिकै जो मनकेसूक्ष्मताकासंपादनहै यहही तामनकानाशहै ॥ ईहां यहतात्पर्य है ॥ सो मनकानाश अरूपनाश १ सरूपनाश २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां तामनका पुनःउत्थानतैंरहित जो स्वरूपतैंहीनाशहै ताकूं अरूपनाश कहेहैं ॥ और स्वरूपतैं तामनकेविद्यमानहुएभी उपायकरिकै जो तामनकेवृत्तियोंकानाशहै ताकूं स्वरूपनाश कहेहैं ॥ तहां मनकेअरूपनाशकरिकैतो इसतत्त्ववेत्तापुरुषकूं विदेहमुक्तिकीप्राप्ति होवै है ॥ और मनकेसरूपनाशकरिकै जीवन्मुक्तिकीप्राप्ति होवैहै ॥ यातैं ईहां मनोनाशशब्दकरिकै सोसरूपनाशहीं विवक्षितहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ राजस तामसवृत्तियोंकेनिरोधकरिकै मनकीसूक्ष्मताकेसंपादनकूं आपने मनोनाश कह्या ॥ सोवृत्तियोंकानिरोध किसउपायतैं होवैहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ तावृत्तिनिरोधकेउपाय वसिष्ठभगवान्नें चारिप्रकार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केकहेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ 'अध्यात्मविद्याधिगमः साधुसंगमएवच । वासनासंपरित्यागः प्राणस्पंदनिरो
धनम् ॥ एतास्तुयुक्तयःपुष्टाः संतिचित्तजयेकिल' अर्थयह ॥ अध्यात्मविद्याधिगम १ साधुसंगम २ वास
नासंपरित्याग ३ प्राणस्पंदनिरोधन ४ यहचारिप्रकारकेउपाय चित्तकेजयकरणेविषे प्रबलकारणहैं ॥
तहां प्रत्यक्आत्माकूं ब्रह्मरूपकरिकैकथनकरणेहारी जाविद्याहै ताकानाम अध्यात्मविद्याहै ॥ ताअ
ध्यात्मविद्याकीजाप्राप्तिहै ताकानाम अध्यात्मविद्याऽधिगमहै ॥ सोभी चित्तकेजयका साधनहै ॥ काहेतैं
यहनामरूपात्मकसर्वजगत् मिथ्याही है ॥ मैंहीं सर्वत्रपरिपूर्ण परमानंदएकरसहूं ॥ मेरेतैंभिन्न कोईभी
कारण वा कार्य नहीं हैं ॥ मैंहीं सर्वरूपहूं ॥ याप्रकारकीअध्यात्मविद्याकेप्राप्तहुए यहतत्त्ववेत्तापुरुष
सर्वदृश्यप्रपंचकूं मिथ्यारूपकरिकैजानेहैं ॥ यातैं ताविद्वान्पुरुषकामन तादृश्यप्रपंचविषेभी प्रवृत्तहो
वैनहीं ॥ और आत्मातौं मनवाणीकाअविषयहै ॥ यातैं ताआत्माविषेभी सोमन प्रवृत्तहोवैनहीं ॥ इसप्र
कार अंतरबाह्यप्रवृत्तितैंरहितहुआ सोमन सर्ववृत्तियोंकेअनुदयतैं इंधनरहितअग्निकीन्यांई आपणेअ
धिष्ठानरूपकारणविषे लयहोवैहै ॥ यातैं साअध्यात्मविद्याकीप्राप्ति तामनोनाशविषे मुख्यकारणहै ॥
और जोपुरुष बुद्धिकीमंदताकरिकै ताअध्यात्मविद्याकेसंपादनकरणेविषे असमर्थ है॥ तिसपुरुषकेप्रति
दूसरा साधुसंगम उपायहै ॥ काहेतैं तेमहात्मापुरुष इसअधिकारीपुरुषकूं पुनःपुनः प्रत्यक्आत्माकीब्र
ह्मरूपता तथाजगत्कामिथ्यापणा स्मरणकरावैहै तथाबोधनकरे हैं ॥ ताकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं
अध्यात्मविद्याकीप्राप्तिहोइकै सोमनोनाश होवैहै ॥ यातैं सोसाधुसंगमभी ताअध्यात्मविद्याकीप्राप्ति
द्वारा तामनोनाशका उपायहै ॥ किंवा जोपुरुष विद्यामद धनमद कुलमद आचारमद इत्यादिक मदोंक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रिकैयुक्तहुआ तासाधुसंगमकूंभी नहींकरिसकता ॥ तिसपुरुषकेप्रति तामनकेनिरोधका वासनासंपरि त्यागरूप उपायहै ॥ तहां विवेककरिकै जो तामदादिरूपमलिनवासनाकीनिवृत्तिहै ताकानाम वासना संपरित्यागहै ॥ अब तिनविद्यामदादिकोंकास्वरूप तथातामदकेनिवर्त्तक विवेकास्वरूप वर्णनकरेहैं इसभूमिलोकविषे एकमैंहीं पंडितहूं ॥ मेरें तैंअन्य दूसराकोईपंडितहैनहीं ॥ जेपुरुष पंडितकहावतेहैं ते कुछभीनहींजानते ॥ याप्रकारका जोमानसअभिमानहै ॥ सोअभिमान विद्यामद कह्याजावैहै ॥ ता विद्यामदकी याप्रकारकेविवेकतैं निवृत्तिहोवैहै ॥ पंडितपणेकेअभिमानवाले जे बालाकिशाकल्यआदि कहुएहैं ॥ तिनोंकाभी अजातशत्रुयाज्ञवल्क्यादिकविद्वान्पुरुषोंकरिकै पराभव होताभयाहै ॥ और मनु ष्यों तैं लैके श्रीदक्षिणामूर्तिपर्यंत तारतम्यताकरिकै विद्याकाउत्कर्षपणा देखणेविषेआवैहै ॥ सर्वकाआ दिगुरुजो श्रीदक्षिणामूर्ति सदाशिवहै ॥ तिसविषेहीनिरतिशय विद्याकाउत्कर्षपणाहै ॥ दूसरेसर्वपंडितों विषे सातिशय विद्याकाउत्कर्षपणाहै ॥ यातैं हमारेकूंभी कोईअधिकपंडित पराभवकरैंगा ॥ इसप्रकारके निरंतरचिंतनकरणेतैं सोविद्यामद निवृत्तहोइजावैहै ॥ और मैंहीं धनवान्हूं मेरेसमान कोईधनवान् नहीं है ॥ याप्रकारका जो मानसअभिमानहै ताकानाम धनमदहै ॥ ताधनमदकी इसप्रकारकेविवेकतैं निवृत्तिहोवैहै ॥ लक्षपतिपुरुषनें जो व्यवहारकरताहै ॥ सो व्यवहार अलक्षपतिपुरुषनें करिसक्ता नहीं ॥ यातैं तालक्षपतिपुरुषकरिकै ताअलक्षपतिपुरुषका पराभव होवैहै ॥ इसप्रकार कोटिपतिपुरुषक रिकै तालक्षपतिपुरुषकाभी पराभव होवैहै ॥ मैंरंककी क्यागणती है मेरेतैंअधिक कुबेरकेतुल्य बहुत धनवान्हैं ॥ याप्रकारके निरंतरचिंतनकरणेतैं सोधनमद निवृत्तहोइजावैहै ॥ इसप्रकार हमाराकुल

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्वतैंश्रेष्ठहै याप्रकारका अभिमानरूपजोकुलमदहै ॥ तथा हमाराआचार सर्वतैंश्रेष्ठहै याप्रकारका अभिमानरूप जोआचारमदहै ॥ तिनदोनोंमदोंकोभी यथायोग्यविवेकतैं निवृत्तिहोइजावैहै ॥ इसप्रकार विवेककरिकै जोपुरुष विद्यामदादिक मलिनवासनावोंकी निवृत्तिकरेहै ॥ तिसपुरुषका साधुसंगमादिकों कीप्राप्तिकरिकै सोमनोनाश सिद्धहोवैहै ॥ यातैं सोवासनासंपरित्यागभी तामनोनाशका उपायहै इति ॥ किं वा तिनमलिनवासनावोंकी अतिप्रबलतातैं जोपुरुष ताउक्तविवेककरिकै तिनवासनावोंकेपरित्याग करणेविषे समर्थ नहीं होइसकेहै ॥ तिसपुरुषकेप्रति शास्त्रने प्राणस्पंदकानिरोधनरूपउपाय कथनकऱ्या है ॥ अर्थात् सोपुरुष प्राणकोनिरोधकरिकै तामनोनाशकूं सिद्धकरै ॥ अब ताप्राणनिरोधकेउपायका निरूपणकरेहैं ॥ तहां श्लोक ॥ 'प्राणायामदृढाभ्यासाद्युक्त्याचगुरुदत्तया । आसनाशनयोगेन प्राणस्पंदोनिरुध्यते ' अर्थयह ॥ योगाभ्यासकरणेहारेगुरुनैं प्राप्तकरी जायुक्तिहै ॥ तायुक्तिकरिकै कऱ्याजो प्राणायामका दृढअभ्यासहै ॥ तिसअभ्यासतैं तथाआसनयोगकरिकै तथाअशनयोगकरिकै प्राणोंकेगति कानिरोधहोवैहै इति ॥ अब इसीश्लोककेअर्थकूं विस्तारतैंकथकरेहैं ॥ ताकेविषे प्रथम प्राणायामकाप्रकार दिखावैहैं ॥ सोप्राणायाम पूरक १ रेचक २ कुंभक ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां वामनासिकाकरिकै बाह्यवायुका जो अंतरपूरणहै ताकानाम पूरकहै ॥ और दक्षिणनासिकाकरिकै ताअंतरवायुका जो बाह्यपरित्यागहै ताकानाम रेचकहै ॥ और ताप्राणवायुका जो रोकणाहै ताकानाम कुंभकहै ॥ सोकुंभकभी अंतर १ बाह्य २ इसभेदकरिकै दोप्रकारकाहोवैहै ॥ तहां पूरणकऱ्येहुए वायुका जो हृदयदेशविषे रोकणाहै ताकानाम अंतरकुंभकहै ॥ और रेचनकऱ्येहुएप्राणवायुका जो शरीरकेबाह्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

देशविषे रोकणाहै ताकानाम बाह्यकुंभकहै ॥ तहां षोडशमात्रावोंकरिकैतौ पूरककरणा ॥ और वत्तीस मात्रावोंकरिकै रेचककरणा ॥ और चौंसठमात्रावोंकरिकै कुंभककरणा ॥ अर्थात् पूरकतैंद्विगुणा रेचक करणा ॥ और रेचकतैंद्विगुणा कुंभक करणा ॥ ईहां मात्रानाम कालपरिमाणकाहै ॥ सो आत्मपुरा णके एकादशअध्यायविषे विस्तारतैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ इसप्रकारके प्राणायामकेअभ्यासतैं सोप्राणके गतिकानिरोध होवैहै ॥ ताप्राणनिरोधतैं सोमनोनाश होवै है ॥ किंवा ताप्राणायामकूं प्राणनिरोधद्वारा मनोनाशकीउपायता श्रुतिविषेभी कथनकरीहै ॥ सो दिखावै हैं ॥ योगी दोप्रकारका होवैहै ॥ एकतौ दैवीसंपत्रूपशुभवासनावाला योगी होवैहै ॥ और दूसरा तादैवीसंपत्तैंरहित आसुरीसंपत्रूप मलिनवासनावाला योगी होवैहै ॥ तहां प्रथमयोगीकूंतौ श्रुतिनें पूर्वमंत्रकरिकै निरंतरब्रह्मकाचिंतनरू पराजयोग उपदेशकऱ्याहै ॥ सोपूर्वमंत्र यहहै ॥ 'त्रिभिरुन्नतंस्थाप्यसमंशरीरं हृदींद्रियाणिमनसासन्नि वेश्य । ब्रह्मोडुपेनप्रतरेतविद्वान् स्रोतांसिसर्वाणिभयावहानि' अर्थयह ॥ यहविद्वान्योगीपुरुष एकांतदे शविषे पवित्रआसनऊपरि आपणेशरीरकूं कटिग्रीवादिकदेशतैंसम स्थापनकरिकै तथाआपणेहृदयविषे मनसहितसर्वइंद्रियोंका निरोधकरिकै अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका निरंतरचिंतनकरै ॥ ताब्रह्मचिंतनरूप नौकाकरिकै सोविद्वान्योगी भयकीप्राप्तिकरणेहारे मायारूपनदीकेप्रवाहोंकूं तरै इति ॥ और दूसरेयो गीकेप्रतितौ श्रुतिनें दूसरेमंत्रकरिकै प्राणनिरोधकाउपायरूप हठयोग उपदेशकऱ्याहै ॥ सोद्वितीयमंत्र यहहै ॥ ' प्राणान्प्रपीडयेहसंयुक्तचेष्टः क्षीणेप्राणेनासिकयोच्छ्वसीत । दुष्टाश्वयुक्तमिववाहमेनं विद्वान्मनो धारयेदप्रमत्तः' अर्थयह ॥ युक्तहैंअहारविहारादिकचेष्टाजिसकी ऐसायोगीपुरुष पूर्वउक्त पूरक रेचक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कुंभक क्रमतैं प्राणायामकूंकरिकै प्राणोंकेगतिकानिरोधकरै ॥ तिसतैंअनंतर जैसे प्रमादतैंरहितसारथी पुरुष दुष्टअश्वयुक्तरथकूं बलात्कारसैं श्रेष्ठमार्गविषे धारणकरेहै ॥ तैसे प्रमादतैंरहित सोविद्वानयोगी दुष्ट इंद्रिययुक्त मनकूं विषयोंतैंनिवृत्तकरिकै आनंदएकरसब्रह्मविषे धारणकरै ॥ अर्थात् तिसब्रह्मविषे एकाग्र चित्तवालाहोवै इति ॥ अब आसनयोगका निरूपणकरेहैं ॥ तहां आसनयोगकास्वरूप तथा ताआसनयोगकेसाधन तथाताआसनयोगकाफल यहतीनों पतंजलिभगवान्नें यथाक्रमतैं 'स्थिरसुखमासनम् ॥ ॥ १ ॥ प्रयत्नशैथिल्यानंतसमापत्तिभ्याम् ॥ २ ॥ ततोद्वंद्वानभिघातः' ॥ ३ ॥ इनतीनसूत्रोंकरिकै कथनकरेहैं ॥ इनतीनसूत्रोंका यहअर्थहै ॥ चलायमानतातैंरहित तथासुखकीप्राप्तिकरणेहारा जो आसन है । सोईही योगकाअंगभूतआसन कह्याजावैहै ॥ १ ॥ सोआसन प्रयत्नशैथिल्यअनंतसमापत्ति इनदोनोंसाधनोंतैं सिद्धहोवैहै ॥ तहांलौकिकवैदिककर्मोंका जोत्यागहै ताकानाम प्रयत्नशैथिल्यहै ॥ तहां जोपुरुष लौकिकवैदिककर्मोंविषे प्रवर्त्तमानहै ॥ तिसपुरुषका सोस्थिरआसन होइसकतानहीं ॥ यातैं तालौकिकवैदिककर्मकात्यागभी ताआसनका साधनहै ॥ और जोअनंतभगवान् आपणेसहस्र फणोंऊपरि इसपृथिवीकूंधारणकरिकैवर्त्तमानहै ॥ सोअनंतभगवान् मैंहूं याप्रकारका जोचिंतनहै ताका नाम अनंतसमापत्तिहै ॥ इसअनंतसमापत्तिकरिकै ताआसनकेप्रतिबंधकदुरित नाशहोवै हैं ॥ २ ॥ और तिसआसनकेजयकरणेतैं इसयोगीका शीतउष्णादिकद्वंद्वोंकरिकै ताडनहोवैनहीं ॥ अर्थात् शीत उष्णादिकद्वंद्वोंकीजानिवृत्तिहै यहही ताआसनयोगकाफलहै इति ॥ ३ ॥ अब अशनयोगकानिरूपणकरेहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'द्वौभागौपूरयेदन्नैर्जलेनैकंप्रपूरयेत् मारुतस्यप्रचारार्थं चतुर्थमवशेषयेत् ' अर्थ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यह ॥ योगाभ्यासकरणेहारापुरुष आपणेउदरके दोभागोंकूंतौ अन्नकरिकै पूरणकरै ॥ और एकभाग कूं जलकरिकै पूरणकरै ॥ और प्राणवायुके सुखपूर्वकसंचारवासतै एकभागकूं खालीराखै इति ॥ इस प्रकार प्राणायाम आसनयोग अशनयोग इनतीनोंकरिकै प्राणकेगतिकानिरोध होवैहै ॥ ताप्राणके निरोधहुए सर्वचित्तकीवृत्तियां निरुद्ध होवै हैं ॥ जिसकारणतैं चित्तकेवृत्तियोंकाउदय प्राणकीगतिकेअधीनही होवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जोपदार्थ जिसवस्तुकेअधीनहोवैहै ॥ सोपदार्थ तावस्तुकेनिरोधहुए निरुद्धहोवैहै ॥ जैसे पट तंतुवोंकेअधीनहोणेतैं तिनतंतुवोंकेनिरोधहुए निरुद्धहोवैहै ॥ तथा जैसे बाह्यइंद्रिय चित्तकेअधीनहोणेतैं ताचित्तकेनिरोधहुए निरुद्धहोवैहैं ॥ तैसे चित्तकीवृत्तियां प्राणगतिकेअधीनहोणेतैं ताप्राणकेनिरोधहुए निरुद्धहोवै हैं ॥ तिसतैंअनंतर स्वभावतैंही आत्माअनात्माकार जो अंतःकरणहै ॥ सोअंतःकरण अनात्माकारवृत्तियोंकेनिरोधहुए एकआत्माकारही होवैहै ॥ इसप्रकारतैं जोचित्तकेवृत्तियोंकानिरोधहै सोनिरोधही मनोनाश कह्याजावैहै ॥ ऐसेमनोनाशकेप्राप्तहुए इसविद्वान्पुरुषकूं ताआत्मएकाकारमनकरिकै आनंदएकरसअपरिच्छिन्नरूपप्रत्यक्आत्मा अनुभवहोवैहै ॥ इसी उक्तअर्थकूं पूर्ववृद्धआचार्योंनैं 'आत्मानात्माकारंस्वभावतोऽवस्थितंसदाचित्तं आत्मैकाकारतयातिरस्कृतानात्मदृष्टिंविदधीत' इसश्लोककरिकै कथनकऱ्याहै ॥ और इसीउक्तवृत्तियोंकेनिरोधकूं पातंजलशास्त्रवाले योगनामकरिकैकहे हैं ॥ तहां पतंजलिसूत्र ॥ 'योगश्चित्तवृतिनिरोधः' अर्थयह ॥ चित्तकेसर्ववृत्तियोंका जोनिरोधहै ताकानाम योगहै ॥ तहां प्रमाण १ विपर्यय २ विकल्प ३ निद्रा ४ स्मृति ५ यहपंचप्रकारकी चित्तकीवृत्तियां होवैहैं ॥ तहां प्रमाणजन्य जो प्रमाज्ञानहै ताकानाम प्रमाणवृत्तिहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तहां योगशास्त्रविषेतौ प्रत्यक्ष १ अनुमान २ शब्द ३ यहतीनहीप्रमाण मानेहैं ॥ यातैं तिनोंकेमतावि
षे साप्रमावृत्तिभी तीनप्रकारकी होवैहै ॥ और वेदांतसिद्धांतविषे सोप्रमाण प्रत्यक्ष १ अनुमान २ उप
मान ३ शब्द ४ अर्थापत्ति ५ अनुपलब्धि ६ इसभेदकरिकै षट्प्रकारका मान्याहै ॥ यातैं वेदांतसि
द्धांतविषे साप्रमावृत्तिभी षट्प्रकारकीही होवैहै ॥ साषट्प्रकारकीप्रमावृत्ति द्वितीयपरिच्छेदविषे विस्ता
रतैंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ और मिथ्याज्ञानकानाम विपर्ययहै ॥ और संशयकानाम विकल्पहै ॥ और
संस्कारजन्यज्ञानकानाम स्मृतिहै ॥ इनतीनोंकास्वरूप पूर्वतृतीयपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपणकरि
आयेहैं ॥ और तामसीवृत्तिकानाम निद्राहै ॥ इनपंचप्रकारकीवृत्तियोंका जोनिरोधहै ताकानाम यो
गहै ॥ अथवा पूर्वकथनकरीजे मैत्रीकरुणादिक दैववृत्तियां हैं ॥ तथा दंभदर्पादिक आसुरवृत्तियां हैं ॥
तिनसर्ववृत्तियोंकेनिरोधकानाम योगहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तिनवृत्तियोंकेनिरोधका कौंनसाध
नहै ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ पतंजलिभगवान्ने 'अभ्यासवैराग्याभ्यांतन्निरोधः' इससूत्रकरिकैअभ्यास
वैराग्य इनदोनोंकूंही तावृत्तिनिरोधका साधन कह्याहै ॥ तथा श्रीभगवान्नैभी गीताविषे 'असंशयं
महाबाहो मनोदुर्निग्रहंचलं । अभ्यासेनतुकौंतेय वैराग्येणचगृह्यते' इसश्लोककरिकै ताअभ्यासवैराग्यकूंही
मनकेनिग्रहकासाधन कह्याहै ॥ तहां जिसवस्तुविषे दोषदृष्टितैंवैराग्यहोवै है ॥ तिसवस्तुविषे मनकी
प्रवृत्ति होतीनहीं ॥ यातैं तावैराग्यकूं मनकेनिग्रहकीसाधनता संभवैहै ॥ तावैराग्यकास्वरूप द्विती
यपरिच्छेदविषे विस्तारतैंनिरूपणकरिआयेहैं ॥ यातैं पुनःइहांनिरूपणकरतेनहीं ॥ और अभ्यासतौं
तायोगकेप्रति अंतरंगसाधनहै ॥ ताअंतरंगसाधनकी बहिरंगसाधनोंतैंविना सिद्धिसंभवतीनहीं ॥ यातैं

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उपायसहित तिनबहिरंगसाधनोंकानिरूपणकरिकै ताअभ्यासकेनिरूपणकरणेवासतै प्रथम ताफलरूपवृत्तिनिरोधका विभाग वर्णनकरे हैं ॥ सोचित्तकीवृत्तियोंकानिरोधरूपयोग दोप्रकारका होवैहैं ॥ एकतौ संप्रज्ञातसमाधिरूपनिरोध होवैहै ॥ और दूसरा असंप्रज्ञातसमाधिरूपनिरोध होवैहै ॥ तहां कर्त्ता कर्म करण इसत्रिपुटीकेअनुसंधानतैंरहित जो एकलक्ष्यवस्तुविषयक सजातीवृत्तियोंकाप्रवाहहै ताकानाम संप्रज्ञातसमाधिहै ॥ तहां इससंप्रज्ञातसमाधिका अगंभूतजोसमाधिहै ताकेविषे तात्रिपुटीकेअनुसंधान पूर्वक सजातीयवृत्तियोंकाप्रवाह होवैहै ॥ ताअंगसमाधिविषे इससंप्रज्ञातसमाधिकेलक्षणकी अतिव्याप्तिकेनिवृत्तकरणेवासतै इहां त्रिपुटीकेअनुसंधानतैंरहितपणा कह्याहै ॥ यहसंप्रज्ञातसमाधिस्वरूप अन्यग्रंथविषेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'विलाप्यविकृतिंकृत्स्नांसंभवव्यत्ययक्रमात् । परिशिष्टंतुचिन्मात्रं सदानंदंविचिंतयेत् ॥ १ ॥ ब्रह्मकारमनोवृत्तिप्रवाहोऽहंकृतिंविना । संप्रज्ञातःसमाधिःस्याद्ध्यानाभ्यासप्रकर्षजः' ॥ २ ॥ अर्थयह ॥ चेतनविषेअध्यस्त जितनाकी अज्ञान तथा ताअज्ञानकाकार्यप्रपंचहै तिससर्वप्रपंचकूं उत्पत्तिक्रमतैंविपरीतक्रमतैं स्थूलसूक्ष्मादिक्रमकरिकै चिदात्माविषेलयकरिकै अर्थात् ताचिदात्मातैं यहप्रपंच भिन्ननहीं है याप्रकारकानिश्चयकरिकै बाकीरह्याजो सदानंदरूपचिन्मात्रहै तिसकूं गुरुउपदिष्टमहावाक्यतैं अभेदरूपकरिकैंचिंतनकरै ॥ अर्थात् मैं सच्चिदानंदब्रह्मरूपहींहूं याप्रकारकाचिंतनकरै ॥ १ ॥ और त्रिपुटीकाअनुसंधानरूपअहंकृतितैंविना जो अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकी मनकेवृत्तियोंकाप्रवाहहै ॥ सोप्रवाह संप्रज्ञातसमाधि कह्याजावैहै ॥ सोसंप्रज्ञातसमाधि ध्यानाभ्यासकेप्रकर्षतैं उत्पन्नहोवैहै इति ॥ अब योगशास्त्रकीरीतिसें इससंप्रज्ञातसमाधिरूपयोगके अष्टअंगोंकावर्णनकरेहैं ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तहां यम १ नियम २ आसन ३ प्राणायाम ४ प्रत्याहार ५ धारणा ६ ध्यान ७ समाधि ८ यहअष्ट तासंप्रज्ञातसमाधिके अंगहोवै हैं ॥ ताकेविषेभी यमादिकपंचतौ तासंप्रज्ञातसमाधिकेबहिरंगसां धनहैं ॥ और धारणादिकतीन अंतरंगसाधनहैं ॥ अथयमवर्णनम् ॥ अहिंसा १ सत्य २ अस्तेय ३ ब्रह्मचर्य ४ अपरिग्रह ५ इसभेदकरिकै सोयम पंचप्रकारका होवैहै ॥ तहां शरीर मन वाणी इनतीनोंक रिकै कोईभीप्राणीकूं पीडानहींकरणी याकानाम अहिंसाहै ॥ और ययार्थवचनकाजोउच्चारणहै ताका नाम सत्यहै ॥ और बलात्कारसे वा छलकपटसे जो परायेधनादिकोंका नहींहरणहै ताकानाम अस्तेयह ॥ और शरीरयात्राविषेउपयोगीपदार्थोंतैं अधिकपदार्थोंका जोअसंग्रहहै ताकानाम अपरिग्रह है ॥ और अष्टांगमैथुनतैं जोरहितपणाहै ताकानाम ब्रह्मचर्य है ॥ ताअष्टांगमैथुनकास्वरूप शास्त्रविषे यहकह्याहै तहांश्लोक ॥ 'स्मरणंकीर्त्तनंकेलिः प्रेक्षणंगुह्यभाषणं । संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृत्तिरेवच ॥ १ ॥ एतन्मैथुनमष्टांगं प्रवदंतिमनीषिणः । विपरीतंब्रह्मचर्यमनुष्ठेयंमुमुक्षुभिः ॥ २ ॥ सत्संगसन्निधि त्यागदोषदर्शनतोभवेत् ' अर्थयह ॥ स्मरण १ कीर्त्तन २ केलि ३ प्रेक्षण ४ गुह्यभाषण ५ संकल्प ६ अध्यवसाय ७ क्रियानिर्वृति ८ इनअष्टोंकानाम अष्टांगमैथुनहै ॥ तहांभोग्यबुद्धिकरिकै स्त्रियोंका चित्तविषे चिंतनकरणा याकानाम स्मरणहै ॥ और वाणीसे तिनस्त्रियोंकेगुणोंकाकथनकरणा याकानाम कीर्त्तनहै ॥ और तिनस्त्रियोंकेसाथि द्यूतादिकक्रीडाकरणी याकानाम केलिहै ॥ और भोग्यबुद्धिकरि कै जो तिनस्त्रियोंकादेखणाहै ताकानाम प्रेक्षणहै ॥ और एकांतदेशविषे जो तिनस्त्रियोंकेसाथिभाषण है ताकानाम गुह्यभाषणहै ॥ और तिनस्त्रियोंकेप्राप्तिकीजाइच्छाहै ताकानाम संकल्पहै ॥ और

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तिनस्त्रियोंकेप्राप्तिका जो बुद्धिविषेनिश्चयकरणाहै ताकानाम अध्यवसायहै ॥ और तिनस्त्रियोंका जोसं भोगहै ताकानाम क्रियानिर्वृत्तिहै ॥ इनअष्टोंकूं विद्वान्पुरुष अष्टांगमैथुन कहेहैं ॥ और इसअष्टांगमै थुनतैं जोरहितपणाहै तिसकूं ब्रह्मचर्य कहेहैं ॥ सोब्रह्मचर्य मुमुक्षुजनोंनैं अवश्यसंपादनकरणा ॥ जिसकारणतैं 'यदिच्छंतोब्रह्मचर्यंचरंति सत्येनलभ्यस्तपसाह्येषआत्मा।सम्यग्ज्ञानेनब्रह्मचर्येणनित्यं अंतः शरीरेज्योतिर्मयोहिशुभ्रोयंपश्यंतियतयःक्षीणदोषाः'इत्यादिकश्रुतियां ताब्रह्मचर्यकूंही आत्मज्ञानकातथा मोक्षका साधनकहेहैं ॥ सोब्रह्मचर्य सत्संगतैं सिद्धहोवैहै ॥ तथा विषयासक्तस्त्रीपुरुषोंकेसन्निधित्यागतैं सिद्धहोवैहै ॥ तथा देहकेदोषदर्शनतैं सिद्धहोवैहै ॥ तहां सत्संगकूं ब्रह्मचर्यकीसाधनता आचार्योंनैं 'कातवकांताधरगतचिंता वातुलतवकिंनास्तिनियंता । त्रिजगतिसज्जनसंगतिरेका भवतिभवार्णवतरणे नौका ' इसवचनकरिकै कथनकरीहै ॥ यातैं तासत्संगकूं ब्रह्मचर्यकीसाधनता संभवैहै ॥ और देहवि षेदोषोंकादर्शन प्रह्लादनैं कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' मांसासृक्पूयविण्मूत्रस्नायुमज्जास्थिसंहतौ । देहेचेत्प्रीतिमान्मूढो भवितानरकेपिसः' अर्थयह ॥ मांस रुधिर पूय विष्ठा मूत्र नाडी मज्जा अस्थि इत्या दिकमलिनपदार्थोंकासमूहरूप जोयहदेहहै ॥ तादेहविषे जोमूढपुरुष प्रीतिवालाहै ॥ सोमूढपुरुष नरक विषेभी प्रीतिवालाहोवैंगा इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ भगवान्नैंभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'स्वदेहाशु चिगंधेन नविरज्येतयःपुमान् । वैराग्यकारणंतस्य किमन्यदुपदिश्यते' अर्थयह जोपुरुष आपणेदेहके अशुचिगंधकरिकै वैराग्यकूं नहींप्राप्तहोवैहै ॥ तिसपुरुषकूं दूसरा वैराग्यकाकारण क्याउपदेशकरणा इति ॥ इसप्रकार आपणेदेहके तथास्त्रीकेदेहके दोषोंकूंचिंतनकरणेहारेपुरुषकूं तादेहविषे रागहोवैनहीं॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यातैं ॥ तादोषदर्शनकूं ब्रह्मचर्यकीसाधनता संभवै ह ॥ इसप्रकार तासन्निधित्यागकूंभी ताब्रह्मचर्यकी साधनताहै ॥ याकारणतैंही स्मृतिनैं मुमुक्षुजनकेप्रति स्त्रीकेसंभाषणादिकोंका निषेधकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥' नसंभाषेत्स्त्रियंकांचित्पूर्वदृष्टांचनस्मरेत्॥ कथांचवर्जयेत्तासां नपश्येल्लिखितामपि' अर्थयह ॥ यह मुमुक्षुजन किसीभीस्त्रीकेसाथि संभाषण नहींकरै ॥ तथा पूर्वदेखीहुईस्त्रीका चित्तविषेस्मरणभी नहींकरै ॥ और तिनास्त्रियोंकीकथाकाभी परित्यागकरै ॥ तथा चित्रकीलिखिहुईस्त्रीकूंभी नहींदेखै इति ॥ १ ॥ अथ नियमवर्णनं ॥ सोनियम शौच १ संतोष २ तप ३ स्वाध्याय ४ ईश्वरप्रणिधान ५ इसभेदकरिकै पंचप्रकारका होवैहै ॥ तहां शौच अंतर १ बाह्य २ इसभेदकरिकै दोप्रकारका होवैहै ॥ तहां मैत्रीकरुणादिकोंकरिकै अंतःकरणकूं रागद्वेषादिकोंतैंरहितकरणा याकानाम अंतरशौचहै ॥ और जलमृत्तिकादिकोंकरिकै शरीरकूंशुद्धकरणा याकानाम बाह्यशौचहै ॥ और यथालाभविषे जाप्रसन्नताहै ताकानाम संतोषहै ॥ और हित मित पवित्र ऐसेअन्नका जोभोजनहै ताकानाम तपहै और प्रणवादिकपवित्रमंत्रोंका जोजपहै ताकानाम स्वाध्यायहै ॥ और अनुष्ठानकऱ्येहुएनित्यादिककर्मोंका जो परमेश्वरविषे समर्पणहै ताकानाम ईश्वरप्रणिधानहै इति ॥ २ ॥ अथ आसनवर्णनम् ॥ ताआसनका स्वरूप तथासाधन तथाफल पूर्व वर्णन करिआये हैं ॥ सो इहांभीजानिलेणा ॥ सोउक्तआसन शारीरक १ बाह्य २ इसभेदकरिकै दोप्रकारका होवैहै ॥ तहां पद्म स्वस्तिक भद्र इत्यादिकआसन शारीरकआसन कह्याजावैहै ॥ इनआसनोंकास्वरूप आत्मपुराणकेअष्टमअध्यायविषे हमनैं निरूपणकाऱ्याहै ॥ सो तहांसेजानिलेणा ॥ और सर्वउपद्रवोंतैंरहित एकांतदेशविषे जो कुशा मृगचर्म वस्त्रादिरूपआसनहै सो बाह्यआसन कह्याजावैहै इति ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

॥ ३ ॥ अथ प्राणायामवर्णनम् ॥ सोप्राणायाम पूरक १ रेचक २ कुंभक ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकार का होवैहै ॥ यहप्राणायाम पूर्व वर्णनकरिआयेहैं ॥ सो इहांभीजानिलेणा इति ॥ ४ ॥ और चक्षुआ दिकइंद्रियोंका जो रूपादिकविषयोंतैंनिवारणहै ताकानाम प्रत्याहारहै इति ॥ ५ ॥ इनयमादिकपंच बहिरंगसाधनोंकेसिद्धहुएतैंअनंतर इसअधिकारीपुरुषनैं तासंप्रज्ञातसमाधिके धारणा ध्यान समाधि इनतीनअंतरंगसाधनोंविषे प्रयत्नकरणा ॥ तहां बहिरंगसाधनोंकेसंपादनपूर्वक अंतरंगसाधनोंकासंपा दनकरणा यहशास्त्रउक्तअनुक्रम अजितचित्तपुरुषकेवासतैहै॥ और जिसपुरुषकूं पूर्वजन्मकेपुण्यपरिपा कवशतैं अंतःकरणकीशुद्धिहुए प्रथमही तेधारणादिकअंतरंगसाधन प्राप्तहुएहैं ॥ तिसपुरुषनैं तिनयमा दिकपंचबहिरंगसाधनोंविषे पुनःप्रयत्न करणानहीं इति ॥ अथ धारणावर्णनम् ॥ तहां मूलाधार १ मणिपूरक २ स्वाधिष्ठान ३ अनाहत ४ आज्ञा ५ विशुद्ध ६ इनषट्चक्रोंविषे किसीएकचक्राविषे जोचित्तकास्थापनहै ॥ अथवा प्रत्यक्आत्माविषे जो चित्तकास्थापनहै अर्थात् तिसएकप्रत्यक्आत्माका जोस्मरणहै ताकानाम धारणाहै ॥ इनषट्चक्रोंकास्वरूप आत्मपुराणके एकादशअध्यायाविषे विस्तार तैंनिरूपणकऱ्याहै ॥ सो तहांसेजानिलेणा इति॥६॥ अथ ध्यानवर्णनम् ॥ तहां चैतन्यरूपलक्ष्यवस्तुविषे जो सजातीयवृत्तियोंका प्रवाहकरणाहै ताकानाम ध्यानहै ॥ सो सजातीयवृत्तियोंकाप्रवाहभी दोप्र कारका होवैहै ॥ एकतौ विजातीयवृत्तियोंकरिकै विच्छिन्न होवैहै ॥ और दूसरा विजातीयवृत्तियोंक रिकै अविच्छिन्न होवैहै ॥ तहां प्रथमप्रवाहतौ ध्यान कह्याजावैहै ॥ और दूसराप्रवाह समाधि कह्या जावैहै ॥ तहां सोसमाधिभी दोप्रकारकाहोवैहै ॥ एकतौ कर्त्ता कर्म करण इसत्रिपुटीकेअनुसंधानपूर्वक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होवैहै ॥ और दूसरा तात्रिपुटीकेअनुसंधानतैंरहित होवैहै ॥ तहां प्रथमसमाधितौ अंगरूपसमाधि कह्याजावैहै ॥ और दूसरासमाधि अंगीरूपसमाधि कह्याजावैहै ॥ तहां साधनकानाम अंगहै ॥ और फलकानाम अंगीहै इति ॥ ८ ॥ अब तासमाधिकेविघ्नोंकानिरूपणकरेहैं ॥ तहां संप्रज्ञातसमाधिकीउत्पत्तिविषे लय १ विक्षेप २ कषाय ३ रसास्वाद ४ यहचारिविघ्नहोवैहैं तिनविघ्नोंकेविद्यमानहुए सोसंप्रज्ञातसमाधि होतानहीं ॥ तहां निद्राकानाम लयहै ॥ और विषयोंका जोपुनःपुनःअनुसंधानहै ताकानाम विक्षेपहै ॥ और रागद्वेषादिकोंकरिकै जो चित्तका स्तब्धीभावहै ताकानाम कषायहै ॥ और समाधिकेआरंभकालविषे जो सविकल्पकआनंदका आस्वादनहै ताकानाम रसास्वादहै इति ॥ अब श्रीगौडपादाचार्यकेवचनोंकरिकै तिनलयादिकविघ्नोंकेनिवृत्तिकाउपाय वर्णनकरेहैं ॥ तहांश्लोक ॥ 'लयेसंबोधयेच्चित्तं विक्षिप्तंशमयेत्पुनः ।सकषायंविजानीयात्समप्राप्तंनचालेयत् ॥ १ ॥ नास्वादयेद्रसंतत्र निःसंगःप्रज्ञयाभवेत्' अर्थयह ॥ योगाभ्यासकरतेहुए इसपुरुषकाचित्त जभी निद्रारूपलयकेसन्मुखहोवै। तभी सोअभ्यासवान्पुरुष प्राणायामकरिकै तथानिद्राशेषकीनिवृत्तिकरिकै तथास्वल्पभोजनादिकों करिकै ताचित्तकूं निद्रातैंजाग्रत्करे ॥ और विक्षेपकूंप्राप्तहुएचित्तकूं विषयोंविषेदोषदर्शन ब्रह्मकाचिंतन सत्संगउपासना आदिकउपायकरिकै एकाग्रकरै ॥ अर्थात् ताविषयचिंतनरूपविक्षेपतैंरहितकरै ॥ तहां ब्रह्मकेचिंतनतैं चित्त विक्षेपतैंरहितहोवैहै यहवार्त्ता भगवान्नैंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'विषयान्धायतश्चित्तं विषयेषुविषज्जते मामनुस्मरताश्चित्तं मय्येवप्रविलीयते' अर्थयह ॥ विषयोंकूंचिंतनकरणेहारेपुरुषकाचित्त तिनविषयोंविषेही संबंधवाला होवैहै। और मैंपरमेश्वरकूंस्मरणकरणेहारेपुरुषकाचि ॥२०७॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्त मैंपरमेश्वरविषेही लयहोवैहै इति ॥ किंवा सत्संगकूं विक्षेपकेनिवृत्तिकीकारणता वासिष्ठभगवान्नें कथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' संतःसदैवगंतव्याः यद्यप्युपादिशंतिन याहिस्वैरकथास्तेषामुपदेशाभवंति ताः ' अर्थयह ॥ इसमुमुक्षुजननैं महात्माजनोंकेसमीप सर्वदा गमनकरणा ॥ यद्यपि तेमहात्माजन इसमुमुक्षुकेप्रति साक्षात्उपदेश नहींकरतेहोवैं ॥ तथापि तिनमहात्माजनोंकी जेस्वाभाविककथाहैं ॥ तेकथाही इसमुमुक्षुकेप्रति उपदेशरूप होवैहैं इति ॥ किंवा आचार्योंनैंभी ' संगःसत्सुविधीयतां । भगवतोभक्तिर्दृढाधीयतां ' इत्यादिकवचनकरिकै तासत्संगकीकर्त्तव्यता कथनकरीहै ॥ इसप्रकार विक्षेपकूं निवृत्तकरिकै पश्चात् कषायसहितचित्तकूंजानिकै ताकषायकीभीनिवृत्तिकरै ॥ और समब्रह्मविषेप्राप्त हुएचित्तकूं ताब्रह्मतैंचलायमान नहींकरै ॥ और समाधिकेआरंभकालविषे प्राप्तहुए सविकल्पकआनंदकूंभी आस्वादन नहींकरै ॥ किंतु उदासीनब्रह्मप्रज्ञाकरिकयुक्तहोवै इति ॥ इसप्रकारकेउपायोंकरिकेजभी तेलयादिकविघ्न निवृत्तहोवैहैं ॥ तभी सोसंप्रज्ञातसमाधि उत्पन्नहोवैहै ॥ इसप्रकार संप्रज्ञातसमाधिकेअभ्यासकरिकै जभी मन प्रत्यक्आत्माविषे एकाग्रताकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तभी तामनविषे एकऋतंभरानामाप्रज्ञा उत्पन्नहोवैहै ॥ तहां अतीत अनागत दूर व्यवहित सूक्ष्म इत्यादिकसर्वपदार्थोंकूं विषयकरणेहारा जो योगीकाप्रत्यक्षहै ताकानाम ऋतंभराप्रज्ञाहै ॥ ऐसीऋतंभराप्रज्ञाविषेस्थितयोगीकूं निर्विकल्पकसमाधि प्राप्तहोतानहीं ॥ यातैं ताऋतंभराप्रज्ञाकूंभी निरोधकरिकै तासंप्रज्ञातसमाधिकेअभ्यासकूं करणेहारेयोगीकूं आत्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिहोइके परवैराग्य उत्पन्नहोवैहै ॥ तापरवैराग्यकास्वरूप पूर्वद्वितीयपरिच्छेदविषे कथनकरिआयेहैं ॥ तिसपरवैराग्यतैंअनंतरभी इसपुरुषकूं अभ्यास करणेयोग्यहै ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तहां किसीभीउपायकरिकै मैं सर्ववृत्तियोंकेनिरोधरूपअसंप्रज्ञातसमाधिविषे स्थितहोवों याप्रकारक जो उत्साहरूपप्रयत्नहै ताकानाम अभ्यासहै ॥ यहहीअभ्यासकालक्षण पतंजलिभगवान्नैं योगसूत्रोंविषे 'तत्रस्थितौप्रयत्नोऽभ्यासः' इससूत्रकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ ताउत्साहरूपप्रयत्नकेभीनिरोधहुए सर्ववृत्तियोंकानिरोधहोवैहै ॥ सोसर्ववृत्तियोंकानिरोधही असंप्रज्ञातसमाधि कह्याजावैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताउत्साहरूपप्रयत्नकेनिरोधविषे दूसराकोईसाधनहै अथवा नहीं है ॥ तहां जोप्रथमपक्षअंगीकारकरोगे तौ अनवस्थादोषकीप्राप्तिहोवैगी ॥ काहेतैं ताउत्साहरूपप्रयत्नकेनिरोधवासतै अंगीकारकऱ्या जोदुसरासाधनहै ॥ ताकेविद्यमाहुए सोअसंप्रज्ञातसमाधि होवैगानहीं ॥ यातैं तासाधनकेनिरोधवासतै कोईतीसरासाधन मानणाहोवैगा ॥ तातीसरेसाधनकेनिरोधवासतै कोईचतुर्थसाधन मानणाहोवैगा ॥ इसप्रकार आगेआगे साधनोंकीधारामानणेविषे अनवस्थादोषकीप्राप्ति होवैगी ॥ और ताप्रयत्नकेनिरोधका कोईसाधन नहीं है यहद्वितीयपक्ष जोअंगीकारकारोगे तौ साधनतैंविना ताप्रयत्नकानिरोधही नहींसंभवैगा ॥ और जोकहो सोप्रयत्न आपही आपकानिरोधक होवैहै ॥ सोभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं आपणेकरिकैआपणानिरोध अत्यंतविरुद्धहै ॥ और लोकविषेभी ऐसादेखणेविषेआवतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोउत्साहरूपप्रयत्न सर्ववृत्तियोंकेनिरोधकूंकरताहुआ आपणेनिरोधकूंभी आपहीकरैहै ॥ जैसे कतकरज जलकेमृत्तिकाकूंनिवृत्तकरिकै आपभी आपेहीनिवृत्तहोइजावैहै ॥ ताकतकरजकेनिवृत्तकरणेवासतै कोईदूसरेसाधनकीअपेक्षा होतीनहीं ॥ तैसे ताउत्साहरूपप्रयत्नकेनिरोधकरणेवासतै कोईदूसरेसाधनकीअपेक्षा होतीनहीं ॥ यातैं अनवस्थादोषकी तथादृष्टविरोधदोषकी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राप्तिहोवैनहीं ॥ किंवा यहउक्त असंप्रज्ञातसमाधिकास्वरूप अन्यशास्त्रविषेभी कह्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'मनसोवृत्तिशून्यस्य ब्रह्माकारतयास्थितिः ॥ असंप्रज्ञातनामासौ समाधिरभिधीयते ॥ १ ॥ प्रशांतवृत्ति कंचित्तं परमानंददीपकम् ॥ असंप्रज्ञातनामासौ समाधियोंगिनांप्रियः ॥ २ ॥ अर्थयह ॥ सर्ववृत्तियोंतैं शून्यमनकी जा ब्रह्माकारतारूपतैंस्थितिहै सास्थितिही योगशास्त्रवेत्तापुरुषोंनैं असंप्रज्ञातसमाधिना मकरिकै कहीतीहै ॥ १ ॥ किंवा उक्तअभ्यासकरिकै निवृत्तहोइगई हैं सर्ववृत्तियांजिसकी ऐसाजो पर मानंदकाप्रकाशक चित्तहै ॥ सोईही योगीजनोंकूंप्रिय असंप्रज्ञातसमाधिहै इति ॥ अब ताअसंप्रज्ञातस माधिका अन्यसाधनभी कहेहैं ॥ सोअसंप्रज्ञातसमाधि पूर्वउक्तरीतिसैं केवल परवैराग्यतैंही नहींप्राप्तहो वैहै ॥ किंतु ईश्वरकेप्रणिधानतैंभी सोसमाधि प्राप्तहोवैहै ॥ तहांयोगसूत्र ॥ 'ईश्वरप्रणिधानाद्वा' अर्थ यह ॥ सोअसंप्रज्ञातसमाधि पूर्वउक्तक्रमतैंभी प्राप्तहोवैहै ॥ तथा ईश्वरप्रणिधानतैंभी प्राप्तहोवैहै ॥ अब ताईश्वरप्रणिधानकेस्वरूपकहणेवासतैं प्रथम ईश्वरकास्वरूप वर्णनकरेहैं ॥ तहांयोगसूत्र ॥ 'क्लेशकर्मवि पाकाशयैरपरामृष्ट पुरुषविशेषईश्वरः' अर्थयह ॥ क्लेश १ कर्म २ विपाक ३ आशय ४ इनचारोंकरि कैअसंबद्ध जोपुरुषविशेषहै ताकानाम ईश्वरहै ॥ तहां प्रथम क्लेश अविद्या १ अस्मिता २ राग ३ द्वेष४ अभिनिवेश ५ इसभेदकरिकै पंचप्रकारका होवैहै ॥ सोपंचप्रकारकाक्लेश प्रथमपरिच्छेदविषे निरूपण करिआयेहैं ॥ और कर्मतौ शुक्ल १ कृष्ण २ मिश्र ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारका होवैहै ॥ तहां शास्त्र विहितपुण्यकर्मकानाम शुक्लकर्म है ॥ और शास्त्रनिषिद्धपापकर्मकानाम कृष्णकर्म ॥ और पुण्यपापदो नोंकानाम मिश्रकर्म है ॥ यहतीनप्रकारकाकर्मतौ अयोगीपुरुषोंका होवैहै ॥ और योगीपुरुषोंकातौ अशु

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्लकृष्ण यहचतुर्थकर्म होवैहै ॥ यहउक्तअर्थ पतंजलिभगवान्नैं 'कर्माशुक्लकृष्णंयोगिनस्त्रिविधमितरेषा' इससूत्रकरिकै कथनकऱ्याहै ॥ और कर्मकेफलकानाम विपाकहै ॥ सोविपाक जाति १ आयुष २ भोग३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारका होवैहै ॥ और ताकर्मफलकेभोगजन्य जे संस्काररूपवासनाहैं ताकानाम आशयहै ॥ ऐसे क्लेश कर्म विपाक आशय इनचारोंकरिकै संबद्धजीव होवैहैं ॥ और ईश्वरतौ तिनचारों करिकैअसंबद्ध होवैहै ॥ तथा सर्वज्ञसर्वशक्तिमान्होवैहै इति ॥ अब ताईश्वरप्रणिधानकास्वरूप वर्णनक रेहैं ॥ तहांयोगसूत्र ॥ 'तस्यवाचकःप्रणवः । तज्जपस्तदर्थभावनं' अर्थयह ॥ ताउक्तईश्वरकावाचक प्रण वशब्दहै ताॐकाररूपप्रणवका जो जपहै ॥ तथा मांडूक्यउपनिषदपंचीकरणवार्त्तिकउक्तप्रकारतैं ताप्रणवकेअर्थका जोचिंतनहै ॥ ताकानाम ईश्वरप्रणिधानहै ॥ सोप्रणवअर्थकेचिंतनकाप्रकार पूर्व प्रथमपरिच्छेदविषे निरूपणकरिआयेहैं इति ॥ अब अन्यप्रकारतैं दृष्टांतसहित ताप्रणवशब्दकेअर्थकूं कहे हैं ॥ तहां 'तद्योऽहंसोऽसौयोऽसौसोऽहं' इसश्रुतिविषे सशब्दकरिकै परमात्माका कथनकऱ्याहै ॥ और अहंशब्दकरिकै प्रत्यक्आत्माका कथनकऱ्याहै ॥ तहां सः अहं इनदोनोंशब्दोंका पररूपर सामानाधिक रण्यहै ॥ यातैं तिनदोनोंशब्दोंनैं ताब्रह्मआत्माका एकत्वही कथनकरीताहै ॥ यातैं सोऽहं इसवाक्य का जैसे परमात्मामैंहूं याप्रकारका जीवब्रह्मकाएकत्वरूपअर्थ है ॥ तैसे ताॐकाररूपप्रणवकाभी सोजीवब्रह्मकाएकत्वही अर्थ है ॥ सोदिखावैहैं ॥ सोऽहं इसवाक्यविषे व्याकरणकीरीतिसे सकार हकार इनदोनोंवर्णोंकेलोपकियेहुए बाकी अ्अं ऐसावाक्य रहेहै ॥ ताकेविषेभी व्याकरणकीरीतिसें पूर्वरू पानामासंधिकरिकै अकारकेलोपकियेहुए अ्म् ऐसाशब्द सिद्धहोवैहै ॥ यहवार्त्ता अन्यशास्त्रविषेभीक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'सकारंचहकारंच लोपयित्वाप्रयोजयेत् ॥ संधिचपूर्वरूपाख्यं ततोऽसौप्रणवोभवेत्' अथयह ॥ सोहं इसवाक्यविषे सकारकूं तथाहकारकूं लोपकरिकै तिसतैंअनंतर पूर्वरूपनामासंधिकेकि येहुए तासोहंशब्दतैं ओम् यहप्रणव सिद्धहोवैहै इति ॥ यातैं सोऽहंशब्दकीन्यांई ॐ इसप्रणवशब्दका भीसोपरमात्मामैंहूं यहहीअर्थ सिद्धहोवैहै ॥ इसप्रकारके जीवब्रह्मकाएकत्वरूप प्रणवकेअर्थका जोचिंतनहै ताकानाम ईश्वरप्रणिधानहै॥इसप्रकारकेईश्वरप्रणिधानतैं इसअधिकारीपुरुषऊपरि ईश्वरकाअनुग्रह होवैहै ॥ ताईश्वरकेअनुग्रहतैं इसपुरुषकूं ताअसंप्रज्ञातसमाधिकीप्राप्ति अवश्यहोवैहै ॥ यातैं तापरवैराग्य कीन्यांई यहईश्वरप्रणिधानभी ताअसंप्रज्ञातसमाधिका साधनहै इति ॥ अथवा इसअधिकारीपुरुषनैं भूमिकाजयक्रमकरिकै तासमाधिकाअभ्यासकरणा ॥ सोभूमिकावोंकेजयकाक्रम श्रुतिविषेकथनकऱ्या है ॥ तहांश्रुति 'यच्छेद्वाङ्मनसीप्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञानआत्मनि । ज्ञानमात्मनिमहति नियच्छेच्छांतआत्मनि ' अर्थयह ॥ लौकिकवैदिकसर्वशब्दोंकेउच्चारणकाहेतुरूप जोवाक्इंद्रियहै तिसवाक्इंद्रियकूं यह अधिकारीपुरुष मनविषे लयकरै ॥ अर्थात् वाकादिकइंद्रियोंकेसर्वव्यापारोंकापरित्यागकरिकै केवल मनकेव्यापारमात्रकरिकै स्थितहोवै ॥ तथापि इसअधिकारीपुरुषनैं समाधिकेउत्पत्तिकालपर्यंत णवमंत्रकेजपकापरित्याग नहींकरणा ॥ किंतु ताप्रणवजपतैंअन्यवाक्व्यापारतैंरहितहोणा ॥ इसप्रकार गौमहिषादिकोंकीन्यांई जो वाणीकासम्यक्निरोधहै ॥ सोनिरोध प्रथमभूमिका कहीजावैहै ॥ १ ॥ ताप्रथमभूमिकाकेजयहुएतैंअनंतर तामनकानिरोधरूपदूसरीभूमिकाविषे प्रयत्नकरै ॥ अर्थात् तासंकल्पविकल्परूपमनकूं ज्ञानात्माविषे लयकरै ॥ तहां मनुष्योऽहं ब्राह्मणोऽहं इत्यादिक जो विशेषअहंकारहै

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ताकानाम ज्ञानात्माहै ॥ ताज्ञानात्ममात्ररूपकरिकैस्थितहोवै ॥ इसप्रकार सर्वसंकल्पविकल्पोंकापरित्या गकरिकै बालमूकादिकोंकीन्यांई जा निर्मनस्ताहै सा द्वितीयभूमिका कहीजावैहै ॥ २ ॥ ताद्वितीय भूमिकाकेजयएहुतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष ताविशेषअहंकारकानिरोधरूपतृतीयभूमिकाविषे प्रयत्न करै ॥ अर्थात् ताविशेषअहंकारकूं महत्आत्माविषे लयकरै ॥ अर्थात् मनुष्योऽहं ब्राह्मणोऽहं इत्यादिक विशेषअहंकारकापरित्यागकरिकै अस्मितामात्र बाकीरहै ॥ तहां अहंकारकी जासूक्ष्मअवस्थाहै ताका नाम अस्मिताहै ॥ इसीअस्मिताकूं महतत्त्व कहेहैं तथासूक्ष्मअहंकार कहेहैं ॥ इसप्रकार आलसीउदासी नकीन्यांई जो विशेषअहंकारतैंरहितपणाहै सा तृतीयभूमिका कहीजावैहै ॥ ३ ॥ तातृतीयभूमिकाके जयहुएतैंअनंतर यहअधिकारीपुरुष ताअस्मिताकानिरोधरूपचतुर्थभूमिकाविषे प्रयत्नकरै ॥ अर्थात् ताअस्मितारूप महत्आत्माकूं एकरसचैतन्यरूपशांतआत्माविषेलयकरै॥अर्थात् ताअस्मिताकाभीपरि त्यागकरिकै केवल चैतन्यमात्र बाकीरहै ॥ यद्यपि अन्यश्रुतिविषे महत्वतैं अव्यक्त परकह्याहै ॥ और ताअव्यक्ततैं चैतन्यपुरुष परकह्याहै॥यातैं इहांभी तामहत्तत्वका अव्यक्तविषेही लयकहणा उचितथा॥ तथापि कारणविषेनिरुद्धहुआकार्य लयकूंहीप्राप्तहोवै है ॥ यातैं ताअव्यक्तरूपकारणविषे तामह त्तत्वरूपकार्यकेलयकरणेतैं इसपुरुषकूंनिद्राहीप्राप्तहोवैगी ॥ सोनिरोधसमाधि प्राप्तहोवेंगानहीं ॥ या कारणतैं ताअव्यक्तकापरित्यागकरिकै तामहत्तत्वका चैतन्यआत्माविषेलयकह्याहै ॥ इसप्रकार चैतन्य आत्माविषे जोचित्तका सर्वप्रकारतैंनिरोधहै ॥ सोनिरोधही असंप्रज्ञातसमाधिरूप चतुर्थभूमिका कही जावैहै ॥ ४ ॥ इसप्रकार उक्तचारिभूमिकावोंविषे पूर्वपूर्वभूमिकाकेजयहुएतैंअनंतर उत्तरउत्तरभूमिका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केजयक्रमकरिकै जो समाधिकाअभ्यासहै ॥ तिसतैंभी सोअसंप्रज्ञातसमाधि प्राप्तहोवैहै इति ॥ तहां पूर्वकथनकऱ्ये जे समाधिअभ्यासकेप्रकार तिनोंविषे कोईप्रकारके समाधिअभ्यासकरिकै जो अंतःकरणकेअतिसूक्ष्मताका आपादनहै इसीकानाम मनोनाशहै ॥ और तासूक्ष्ममनकरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं प्रथम त्वंपदकेलक्ष्यअर्थरूपप्रत्यक्आत्माका साक्षात्कार होवैहै ॥ तिसतैंअनंतर तत्त्वमसि आदिकमहावाक्यकरिकै अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका ताप्रत्यक्आत्माकेब्रह्मरूपत्वकासाक्षात्कार होवैहै ॥ इसप्रकातैं तासमाधिअभ्यासकूंभी ब्रह्मसाक्षात्कारकीसाधनताहै इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ श्रीव्यासभगवान्नें ब्रह्मसूत्रोंविषे 'एतेनयोगःप्रत्युक्तः' इससूत्रकरिकै सांख्यशास्त्रकीन्यांई योगशास्त्रकाभी खंडनकऱ्याहै ॥ और सोपूर्वउक्त समाधिकाअभ्यास योगशास्त्रविषेही कथनकऱ्याहै ॥ यातैं तासमाधिअभ्यासकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकीसाधनतामानणेविषे ताव्याससूत्रका विरोधहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सांख्यशास्त्रकीन्यांई योगशास्त्रवालेभी अचेतनप्रधानकूंही महत्तत्वादिक्रमकरिकै जगत्कारण माने हैं॥ सोप्रधानकारणवाद सिद्धांतविषे अंगीकारहैनहीं ॥ यातैं ताप्रधानकारणवादके खंडनअभिप्रायकरिकैही तासूत्रकारनैं योगशास्त्रका खंडनकऱ्याहै ॥ कोईनिरोधसमाधिरूपयोगके खंडनअभिप्रायकरिकै तायोगशास्त्रका खंडननहींकऱ्या ॥ जिसकारणतैं सिद्धांतविषेभी चित्तकेनिरोधतैंरहित विक्षिप्तपुरुषकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्ति संभवतीनहीं ॥ यातैं ब्रह्मसाक्षात्कारवाससै सोचित्तकानिरोध अवश्य अपेक्षितहै ॥ किंवा 'समाध्यभावाच्च । अपिसंराधनेप्रत्यक्षानुमानाभ्यां । निदिध्यासितव्यः । विज्ञायप्रज्ञांकुर्वीत । ध्यानेनात्मनिपश्यंति । ध्यानयोगेनसंपश्यन्नात्मन्यात्मानमात्मना' इत्यादिक सूत्र श्रुति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स्मृति वचनोंकरिकैभी तानिरोधरूपयोगकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकीसाधनता सिद्धहोवैहै ॥ यातैं महावाक्य जन्यब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्तिविषे सोसमाधिअभ्यास अवश्यअपेक्षितहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ तासमाधिकूं जोब्रह्मसाक्षात्कारका साधनमानोगे ॥ तौ तासमाधितैंरहितपुरुषोंकूं सोब्रह्मसाक्षात्कार नहींहोणाचाहिये ॥ और वासिष्ठादिकग्रंथोंविषे जनकादिकोंकूं तासमाधितैंविनाही केवल सिद्धगीताकेश्रवणमात्रतैं ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्ति कथनकरीहै ॥ सोसर्व असंगत होवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ केवल समाधिकरिकैही सोब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै यहनियम नहीं है ॥ किंतु विवेककरिकैभी सोब्रह्मसाक्षात्कार होवै है ॥ तहां अंतःकरणका तथाताअंतःकरणकेवृत्तियोंका प्रकाशक जो त्वंपदकालक्ष्यअर्थरूप प्रत्यक्साक्षीहै ॥ तासाक्षीआत्माकूं अन्नमयादिकपंचकोशोंतैं पृथक्करिकैनिश्चयकरणा याकानाम विवेकहै ॥ ताविवेककरिकै इसअधिकारीपुरुषकूं तत्त्वमसिआदिकमहावाक्यतैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारका ब्रह्मसाक्षात्कार अवश्यहोवैहै ॥ यातैं तासमाधिकीन्यांई सोविचाररूपविवेकभी ताब्रह्मसाक्षात्कार काहेतुहै ॥ इहां यहतात्पर्यहै ॥ ताब्रह्मसाक्षात्कारके दोप्रकारकेअधिकारी होवै हैं ॥ एकतौ बहुव्याकुलचित्तवाले होवैहैं ॥ और दूसरे अव्याकुलचित्तवाले होवै हैं ॥ तहां प्रथमअधिकारियोंकूंतौ तानिरोधसमाधिकेअभ्यासतैंही सोब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै ॥ और दूसरेअधिकारियोंकूंतौ तासमाधिकेअभ्यासतैंविनाही केवल विचारमात्रकरिकै सोब्रह्मसाक्षात्कार होवैहै ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभी कहीहै ॥ तहां श्लोक ॥ 'अव्याकुलधियांमोहमात्रेणाच्छादितात्मनाम् । सांख्यनामविचारोऽयंमुख्योझटितिसिद्धिदः' अर्थयह ॥ जिनपुरुषोंकीबुद्धि व्याकुलतातैंरहितहै तथा अज्ञानमात्रकरिकैआवृत्तहैआत्माजिनोंका ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ऐसेपुरुषोंकूं यहसांख्यनामविचारही ब्रह्मसाक्षात्कारका मुख्यसाधनहै ॥ जिसकारणतैं सोसांख्यनामा विचार इसअधिकारीपुरुषकूं तासमाधिअभ्यासकीअपेक्षाकरिकै शीघ्रही ब्रह्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिकरेहै इति ॥ इसप्रकार समाधिकूं तथाविचाररूपविवेककूं अधिकारीकेभेदकरिकैअर्थवत्ताहोणेतैं विकल्पकरि कै ब्रह्मसाक्षात्कारकीसाधनताहै ॥ यातैं समाधितैं विना केवलविचारमात्रतैं ब्रह्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिकूं कथनकरणेहारेवचनोंका तथासमाधितैंब्रह्मसाक्षात्कारकीप्राप्तिकूंकथनकरणेहारेवचनोंका परस्परविरोध होवैनहीं ॥ किंतु उक्तअधिकारीकेभेदकरिकै तेदोनोंप्रकारकेवचन सार्थकहैं इति ॥ किंवा यहउक्तअर्थ श्रीवसिष्ठभगवान्नेंभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'द्वौक्रमौचित्तनाशस्य योगोज्ञानंचराघव । योग स्तद्वृत्तिरोधोहि ज्ञानंसम्यगवेक्षणम् ॥ १ ॥ असाध्यःकस्यचिद्योगः कस्यचिज्ज्ञाननिश्चयः प्रकारौद्वातै तोदेवो जगादपरमेश्वरः ॥ २ ॥' अर्थयह ॥ हे राघव ब्रह्मसाक्षात्कारविषेउपयोगी जाचित्तकीसूक्ष्मता है ॥ तासूक्ष्मताकाआपादनरूप जोचित्तकानाशहै ॥ ताचित्तनाशके दोकारण होवैहैं ॥ एकतौं योग कारणहोवैहै ॥ और दूसरा विवेक कारणहोवै है ॥ तहां चित्तकेसर्ववृत्तियोंका जोनिरोधहै ताकानाम योगहै ॥ और अन्नमयादिकपंचकोशोंतैं प्रत्यक्आत्माकूं जो पृथक्करिकेदेखणाहै ताकानाम विवेक है ॥ तिनदोनोंउपायोंविषे किसीअधिकारीकूंतौ सोयोग कठिनपड़ेहै ॥ और सोविवेक सुगमपडेहै ॥ और किसीअधिकारीकूंतौ सोविवेक कठिनपडेहै ॥ और सोयोग सुगमपड़ेहै ॥ इसीकारणतैं गीताविषे श्रीभगवान् ताअधिकारीकेभेदतैं तेदोनोंप्रकार कथनकरताभयाहै ॥ तहां गीताकेतृतीयअध्यायविषे 'इंद्रियाणिपराण्याहुः' इसवचनतैंलैके 'कामरूपंदुरासदम्' इसवचनपर्यंत श्रीभगवान् ताविवेकरू

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पउपायकूं कथनकरताभयाहै ॥ और गीताकेषष्ठअध्यायविषे तायोगरूपउपायकूं कथनकरताभयाहै ॥ और गीताकेपंचमअध्यायविषे 'यत्सांख्यैःप्राप्यतेस्थानं तद्योगैरपिगम्यते' इत्यादिकवचनकरिकै ताविवेकरूपसांख्यविचारकूं तथायोगकूं एकहीफलकीसाधनता कथनकरताभयाहै इति ॥ ॥शंका॥ ॥ तायोगाभ्यासकरिकैसाध्यमनोनाशकूं जो ब्रह्मसाक्षात्कारकाहेतुमानोंगे ॥ तौ तामनोनाशकरिकै ब्रह्म साक्षात्कारकीउत्पत्तितैंअनंतर इसविद्वान्पुरुषकूं सर्वबंधकीनिवृत्तिहोइकै कृत्यकृत्यताही होवैगी ॥ ऐसेविद्वान्पुरुषकूं पुनःवासनाक्षयादिकोंकेअभ्यासकरणेका कोईप्रयोजन नहीं है ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ जिसअधिकारीपुरुषकूं तायोगाभ्यासपूर्वक महावाक्यतैं ब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नभयाहै ॥ तिसतत्त्ववेत्ता पुरुषकूंतौ ताब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर तातत्त्वज्ञानवासनाक्षयमनोनाशकेअभ्यासकीअपेक्षाहोतीनहीं ॥ परंतु जिसअधिकारीपुरुषकूं ताविवेकपूर्वक महावाक्यतैं सोब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नभयाहै ॥ तिसपुरुषकूं ताब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर प्रारब्धभोगकरिकैआपादित कर्तृत्वभोक्तृत्वादिरूपबंध प्रतीतहोवैहै ॥ बंधप्रतीतिकेनिवृत्तकरणेवासतै सोतत्त्वज्ञानवासनाक्षयमनोनाशकाअभ्यास अवश्यअपेक्षितहै ॥ तिन तीनोंकेअभ्यासतैंही तिसपुरुषकूं जीवन्मुक्ति सिद्धहोवैहै ॥ यातैं तत्त्वज्ञान वासनाक्षय मनोनाश यह तीनों ताजीवन्मुक्तिकेसाधनहैं यह सिद्धभया ॥ इतनैंकहणेकरिकै साधनोंकेअभावतैं ताजीवन्मुक्तिका अभावहै यहवादीकाकहणा खंडनहुआ इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिकेप्रयोजनका वर्णनकरैहैं ॥ तहां ताजीवन्मुक्तिके ज्ञानरक्षा १ तप २ विसंवादाभाव ३ दुःखनिवृत्ति ४ सुखाविर्भाव ५ यहपंच प्रयोजन होवैहैं ॥ तहां उत्पन्नभयाहैब्रह्मसाक्षात्कार जिसकूं ऐसाजो तत्त्ववेत्तापुरुषहै ॥ तिसतत्त्ववेत्तापुरुषकूं जो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पुनःसंशयविपर्ययकीअनुत्पत्तिहै ताकानाम ज्ञानरक्षाहै ॥ साज्ञानरक्षा जीवन्मुक्तिकेअभ्यासतैंही सिद्ध होवै है ॥ यातैं ताज्ञानरक्षाकूं जीवन्मुक्तिकाप्रयोजनपणा संभवैहै ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसपुरुषकूं वेदांतशास्त्ररूपप्रमाणकरिकै ब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नभयाहै ॥ तिसपुरुषकूं तासाक्षात्कारतैंअनंतर सोसंशय विपर्यय प्राप्तहीनहीं है ॥ और प्राप्तवस्तुकाही निषेधहोवैहै ॥ अप्राप्तवस्तुका निषेध होतानहीं ॥ यातैं सोज्ञानरक्षारूप जीवन्मुक्तिकाप्रयोजन संभतानहीं ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ यद्यपि शास्त्रप्रमाणविषे कुशल जेमुख्यअधिकारी हैं ॥ तिनोंकूं ताब्रह्मसाक्षात्कारतैंअनंतर सोसंशयविपर्यय संभवतानहीं ॥ तथापि अन्यअधिकारियोंकूं निमित्तकेवशतैं सोसंशयविपर्यय संभवैहै ॥ तहां भ्रांतपुरुषोंकेवचनही तासंशयविर्ययाविषे निमित्तहैं ॥ सोदिखावै हैं॥ तहां कैएकभ्रांतपुरुषतौ यहकहेहैं जेपुरुष आपणेकूं ब्रह्म ज्ञानी माने है ॥ तिनपुरुषोंविषेभी अज्ञानीपुरुषोंकीन्यांई मनुष्योऽहं ब्राह्मणोऽहं याप्रकारकाव्यवहार देखणेविषेआवै हैं॥ तथा रागद्वेषादिकभी देखणेविषेआवैहैं ॥ जोकदाचित् इसपुरुषकूं वेदांतश्रवणादि कोंतैं ब्रह्मका अपरोक्षसाक्षात्कार होता तौ तेरागद्वेषादिक नहींहोते ॥ यातैं तिनश्रवणादिकोंतैं इस पुरुषकूं आपातज्ञानही होवैहै ॥ इसप्रकारके भ्रांतवाचालपुरुषोंकेवचनोंकूंश्रवणकरिकै ताअव्युत्पन्नअ धिकारीकूं उत्पन्नहुएसाक्षात्कारविषेभी संशयविपर्यय होइजावैहै ॥ और कैएकभ्रांतपुरुषतौ ऐसाकहे हैं ॥ मरणपर्यंत वेदांतकेश्रवणादिकोंकरिकैभी इसपुरुषकूं ब्रह्मका अपरोक्षज्ञान होतानहीं ॥ किंतु तिन वेदांतवाक्योंतैं इसपुरुषकूं परोक्षज्ञानही उत्पन्नहोवैहै ॥ जिसकारणतैं तिनपुरुषोंविषे तापरोक्षज्ञानका ही चिह्न देखणेविषेआवैहै ॥ अपरोक्षज्ञानका कोईचिह्न देखणेविषेआतानहीं ॥ किंवा जोकदाचित्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इसपुरुषकूं इदानींकालविषेभी सोब्रह्मसाक्षात्कार होताहोवै तौ तासाक्षात्कारकरिकै आवरणसहित अज्ञानकेनिवृत्तहुए ताज्ञानवान्पुरुकूं ईश्वरकीन्यांई सर्वज्ञतादिक होणेचाहिये ॥ जिसकारणतैं शुकसनकादिकपूर्वज्ञानियोंविषे ईश्वरकीन्यांई तेसर्वज्ञतादिकधर्म शास्त्रतैंप्रतीतहोवैहैं ॥ और जोकोईऐसाक है ॥ तेसर्वज्ञतादिक तपका वा योगका फलहै ॥ ज्ञानका फलनहीं है तेशुकसनकादिकज्ञानी तपयोग वालेहुएहैं ॥ यातैं तिनोंविषे सर्वज्ञतादिक होतेभयेहैं ॥ और इदानीकालकेज्ञानवान् तातपयोगतैंरहि तहैं ॥ यातैं तिनोंविषे तेसर्वज्ञतादिकधर्म नहीं हैं ॥ सोयहकहणाभी संभवतानहीं ॥ काहेतैं तपयोग वालेपुरुषोंकूंही आत्मज्ञान होवैहै ॥ तातपयोगतैंरहितपुरुषोंकूं सोआत्मज्ञानही होतानहीं ॥ यातैं इदानींकालविषे श्रवणादिकोंतैंउत्पन्नहुआज्ञान आपातरूपही होवैहै ॥ अज्ञानकीनिवृत्तिकरणेविषेअस मर्थज्ञानकानाम आपातज्ञानह ॥ इसप्रकारके भ्रांतमूर्खलोगोंकेवचनोंकूंश्रवणकरिकै ताअव्युत्पन्नअधि कारीकूं उत्पन्नहुएसाक्षात्काराविषेभी संशयविपर्यय होइजावैहै ॥ और जभी तेअधिकारीपुरुष ब्रह्मसा क्षात्कारतैंअनंतर पूर्वउक्तरीतिसे ताजीवन्मुक्तिकाअभ्यास करेहैं ॥ तभी तिनअधिकारीपुरुषोंकूं तिन भ्रांतपुरुषोंकासंगही होतानहीं ॥ यातैं तेसंशयाविपर्यय उत्पन्नहोतेनहीं ॥ यहही ताज्ञानकीरक्षाहै ॥ यातैं ताज्ञानरक्षाकूं जीवन्मुक्तिकाप्रयोजनपणासंभवैहै ॥ किंवा अस्मदादिकअकृतोपास्तिपुरुषोंकूं ब्रह्म साक्षात्कारतैंअनंतर उक्तनिमित्ततैं तेसंशयादिकहोवै हैं इसवार्त्ताविषे कोईआश्चर्यनहीं है ॥ किंतु पूर्व शुक राघव निदाघ भगीरथ आदिकोंकूंभी ताअपरोक्षज्ञानतैंअनंतर तेसंशयादिक होतेभयेहैं ॥ तहां शुकदेवकूं प्रथम आपहीविवेककरिकै ब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोताभया ॥ पश्चात् ताज्ञानविषेसंशयकूंप्रा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तहोइकै सोशुकदेव आपणेव्यासापिताकेसमीपजाइकै पूँछताभया ॥ तिसशुकदेवकेप्रति सोव्यासभग
वान् तिसीतत्त्वकाउपदेश करताभया ॥ तौभी ताशुकदेवका सोसंशय नहींनिवृत्तहोताभया ॥ तिस
तैंअनंतर सोव्यासभगवान् ताशुकदेवकूं राजाजनककेसमीप भेजताभया ॥ तहां जनककेउपदेशतैं
सोशुकदेव तासंशयतैंरहितहोताभया ॥ तथा निर्विकल्पकसमाधिकूंप्राप्तहोइकै मुक्तिकूंप्राप्तहोताभया॥
यहकथा वासिष्ठरामायणविषे प्रसिद्धहै ॥ इसप्रकार निदाघादिकोंकीकथाभी पुराणादिकोंविषेप्रसिद्धहैं
॥ ॥ शंका ॥ ॥ ताज्ञानवान्पुरुषकूं सोसंशयाविपर्यय रहो॥ताकरिकै तिसकी क्याहानिहै॥ ॥
समाधान ॥ ॥जैसे अज्ञान मोक्षकाप्रतिबंधक होवैहै ॥ तैसे सोसंशयविपर्ययभी मोक्षकाप्रतिबंधक
ही होवैहै ॥ यहवार्त्ता श्रीभगतान्नेंभी गीताविषे ' अज्ञश्चाश्रद्दधानश्चसंशयात्माविनश्यति ' इसवच
नकरिकै कथनकरीहै ॥ यातैं इसविद्वान्पुरुषनें ताजीवन्मुक्तिकेअभ्यासकरिकै तासंशयविपर्ययकीनि
वृत्ति अवश्यकरीचाहिये इति ॥ ॥ शंका ॥ ॥ जिसअधिकारीपुरुषकूं आत्माकातौं संशयविपरी
तभावनातैंरहित दृढ़अपरोक्षज्ञान भयाहै॥ और व्यवहारकीबाहुल्यताकरिकै सोपूर्वउक्त जीवन्मुक्तिका
अभ्यास भयानहीं ॥ तिसअधिकारीपुरुषका मोक्ष होवै है अथवा नहींहोवैहै॥ तहां तिसका मोक्षहो
वैहै॥ यहप्रथमपक्ष जो अंगीकारकरौ तौ ताजीवन्मुक्तिकेअभ्यासकीव्यर्थता होवैगी ॥ काहेतैं मोक्ष
तैंअधिक कोईपदार्थ हैनहीं सोमोक्षतौ आत्मज्ञानकरिकैही प्राप्तहोवैहै ॥ यातैं सोजीवन्मुक्तिकाअ
अभ्यास व्यर्थही है ॥ और दृढअपरोक्षज्ञानवालेका मोक्ष नहींहोवैहै ॥ यहद्वितीयपक्ष जो अंगीकराकरो
तौ आत्मज्ञानतैंमोक्षकीप्राप्तिकूंकथनकरणेहारे॥ 'ज्ञानादेवतुकैवल्यं' इत्यादिकश्रुतिस्मृतिरूपशास्त्रका

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विरोधहोवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ यद्यपि दृढअपरोक्षज्ञानीकूं मोक्षकीप्राप्ति अवश्यहोवैहै ॥ तथापि ताजीवन्मुक्तिकेअभ्यासतैंविना दृष्टसुखकीप्राप्ति होतीनहीं ॥ यातैं तादृष्टसुखकीप्राप्तिवासतैं ताज्ञानवान्कूंभी सोजीवन्मुक्तिकाअभ्यास संभवैहै ॥ अर्थात् सोदृष्टसुखही ताजीवन्मुक्तिकाअभ्यासका प्रयोजनहै ॥ और जीवन्मुक्तपुरुषोंकूंभी भूमिकाकीतारतम्यताकरिकै तादृष्टसुखकी तारतम्यताही होवै है ॥ तहांश्रुति ॥ 'आत्मक्रीडआत्मरतिः क्रियावानैवब्रह्मविदांवरिष्ठः' अर्थयह ॥ आत्माविषेहै अपरोक्षअनुभवरूपक्रीडा जिसकी ताकानाम आत्मक्रीड है ॥ अर्थात् अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेअपरोक्षज्ञान वालेविद्वान्कानाम आत्मक्रीडहै ॥ इसीआत्मक्रीडविद्वान्कूं शास्त्रविषे ब्रह्मवित् इसनामकरिकै कथन करेहैं ॥ और आत्माविषेहैं विजातीयवृत्तियोंकेतिरस्कारपूर्वकसाक्षात्काररूपरति जिसकी ताकानाम आत्मरतिहै ॥ अर्थात् आत्माकेआनंदका निरंतर अपरोक्षअनुभवकरणेहारेकानाम आत्मरतिहै ॥ इसी आत्मरतिविद्वान्कूं शास्त्रविषे ब्रह्मविद्वर इसनामकरिकै कथनकरेहैं ॥ और ब्रह्मकेध्यानकानाम क्रिया है ॥ सोब्रह्मकाध्यान जिसकूंप्राप्तभयाहै ताकानाम क्रियावान्है ॥ अर्थात् ब्रह्मात्मएकत्वविषेसमाधिवालेपुरुषकानाम क्रियावान्है ॥ इसीक्रियावान्विद्वान्कूं शास्त्रविषे ब्रह्मविद्वरीयान् इसनामकरिकै कथन करेहैं ॥ यहब्रह्मविद्वरीयान् आपकरिकै उत्थानकूंप्राप्तहोतानहीं ॥ किंतु परकरिकै उत्थानकूंप्राप्तहोवै है ॥ और जोविद्वान्पुरुष आपकरिकै वा परकरिकै उत्थानकूंप्राप्तहोवैहै सोविद्वान्पुरुष ब्रह्मविदांवरिष्ठ इसनामकरिकै कह्याजावैहै इति ॥ तहां ब्रह्मवित् १ ब्रह्मविद्वर २ ब्रह्मविद्वरीयान् ३ ब्रह्मविद्वरिष्ठ ४ यह श्रुतिउक्तचारोंविद्वान् वसिष्ठभगवान्नें ज्ञानकीसप्तभूमिकावोंविषे चतुर्थभूमिकातैंलैके यथा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

क्रमतैं कथनकऱ्येहैं ॥ तेसप्तभूमिकायहहैं ॥ श्लोक ॥ 'ज्ञानभूमिःशुभेच्छास्यात्प्रथमासमुदाहृता । विचारणाद्वितीयास्याच्तृतीयातनुमानसा ॥ १ ॥ सत्त्वापत्तिश्चतुर्थीस्यात्ततोऽसंसक्तिनामिका । पदार्थाभाविनी षष्ठीसप्तमीतुर्यगास्मृता ॥ २ ॥ अर्थयह शुभइच्छा १ विचारणा २ तनुमानसा ३ सत्त्वापत्ति ४ असंसक्ति ५ पदार्थाभाविनी ६ तुरीया ७ यहसप्त ज्ञानकीभूमिका कहीजावै है ॥ तिनसप्तभूमिकावों विषे प्रथम शुभइच्छातौ श्रवणरूपहै ॥ और दूसरी विचारणा मननरूपहै ॥ और तीसरी तनुमानसा निदिध्यासनरूपहै ॥ ताश्रवणमननिदिध्यासनकास्वरूप पूर्व द्वितीयपरिच्छेदविषे कथनकरिआयेहैं ॥ यातैं तेतीनोंभूमिका साधनरूपहै ॥ और सत्त्वापत्तिनामाचतुर्थभूमिकाविषे इसपुरुषकूं ब्रह्मसाक्षात्कार उत्पन्नहोवैहै ॥ याकारणतैंही ताचतुर्थीभूमिकाविषेस्थितपुरुषकूं ब्रह्मवित् कहेहैं ॥ और पंचमीआदिक भूमिकाविषेस्थित ज्ञानवान्पुरुषोंकूं चित्तकेविश्रांतिकीतारतम्यताकरिकै तादृष्टसुखकोभी तारतम्यता होवैहै ॥ यातैं पंचमीभूमिकावालातौ ब्रह्मविद्वर कह्याजावैहै ॥ और षष्ठीभूमिकावाला ब्रह्मविद्वरीयान् कह्याजावैहै ॥ और सप्तमीभूमिकावाला ब्रह्मविद्वरिष्ठ कह्याजावैहै ॥ तहां ब्रह्मविद्वर १ ब्रह्मविद्वरीयान् २ ब्रह्मविद्वरिष्ठ ३ यहतीनों जीवन्मुक्त कह्येजावैहैं ॥ तहाँ 'भूयश्चांतेविश्वमायानिवृत्तिः । ज्ञानेनतुतदज्ञानंयेषांनाशितमात्मनः' इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचनोंनैं अहंब्रह्मास्मि याप्रकारकेब्रह्मज्ञानकरिकै अज्ञानकीनिवृत्ति कथनकरीहै ॥ और 'ब्रह्मवेदब्रह्मैवभवति । ब्रह्मविद्याप्नोतिपरं । ज्ञानीत्वात्मैवमेमतं' इत्यादिकश्रुतिस्मृतिवचनोंनैं ब्रह्मज्ञानतैं ब्रह्मभावकीप्राप्ति कथनकरीहै ॥ और अज्ञानकीनिवृत्तिपूर्वक जाब्रह्मभावकीप्राप्तिहै तिसीकानाम मोक्षहै ॥ सोमोक्ष ब्रह्मवित् १ ब्रह्मविद्वर २ ब्रह्मविद्वरीयान् ३

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ब्रह्मविद्वरिष्ठ ४ इनचारोंकूं समानही होवैहै ॥ तामोक्षविषे किंचित्मात्रभी विलक्षणता नहीं है ॥ परंतु सोदृष्टसुख तारतम्यताकरिकैहोवैहै ॥ यहवार्त्ता अन्यग्रंथविषेभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ ' तारतम्येनस वैषांचतुर्णांसुखमुत्तमम् तुल्याचतुर्णांमुक्तिःस्याद्दृष्टसौख्यंविशिष्यते' अर्थयह ॥ ब्रह्मविदादिकचारोंकूं तारतम्यताकरिकै सुखहोवैहै ॥ और मुक्तितौ चारोंकूं समान होवैहै ॥ तामुक्तिविषे किंचित्मात्रभी विशेषताहोतीनहीं ॥ किंतु तादृष्टसुखविषेही विशेषता होवैहै इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिके तपरूपद्वितीय प्रयोजनका निरूपणकरेहैं ॥ तहां चित्तकीजाएकाग्रताहै ताकानाम तपहै ॥ यहतपकास्वरूप स्मृति विषेभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ मनसश्चेन्द्रियाणांच ह्यैकाग्र्यंपरमंतपः । सज्यायःसर्वधर्मेभ्यः सधर्मः परउच्यते' अर्थयह ॥ मनका तथा चक्षुआदिकइंद्रियोंका जोएकाग्रपणाहै यहही परमतपहै ॥ और योगवेत्तापुषषोंनेंभी सोचित्तकीएकाग्रतारूपधर्महीं अग्निहोत्रादिकसर्वधर्मोतैं श्रेष्ठ कहीताहै इति ॥ इसीएकाग्रतारूपयोगकूं गीताविषे श्रीभगवान्नें 'तपास्विभ्योऽधिकोयोगी ज्ञानिभ्योऽपिमतोऽधिकः । कर्मिभ्यश्चाधिकोयोगी तस्माद्योगीभवार्जुन' इसवचनकरिकै सर्वधर्मोतैंअधिक कह्याहै ॥ ॥ शंका ॥ प्रारब्धकर्मकेभोगकरिकै विक्षिप्तचित्तवाला जोज्ञानवान्है ॥ तिसकूं सोचित्तकीएकाग्रतारूपतप कैसे होवैगा ॥ ॥ समाधान ॥ यद्यपि चतुर्थभूमिकावाले ज्ञानवान्पुरुषकूंभी प्रपंचकेमिथ्यात्वनिश्चयकरिकै तथाचैतन्यआत्माकेसत्यत्वनिश्चयकरिकै साचित्तकीएकाग्रता विद्यमानहै ॥ तथापि ताज्ञानवान्कूं प्रारब्धकर्मकेभोगकालविषे बाधितानुवृत्तिकरिकै नामरूपात्मकप्रपंचकीप्रतीति होवैहै ॥ यातैं ताज्ञानवान्कूं निरंकुश चित्तकीएकाग्रता संभवतीनहीं ॥ और जीवन्मुक्तज्ञानवान्कातौ योगाभ्यास

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करिकै मन नष्टहोइगयाहै ॥ यातैं ताजीवन्मुक्तपुरुषकूं सर्ववृत्तियोंकेअनुदयतैं सा निरंकुश चित्तकीए काग्रता संभवैहै ॥ सोनिरंकुशचित्तकीएकाग्रतारूपतपही ताजीवन्मुक्तिका प्रयोजनहै ॥ ॥ शंका ॥ सोजीवन्मुक्तपुरुषोंकातप किसविषे उपयोगी है ॥ ॥ समाधान ॥ ॥ सोजीवन्मुक्तोंकातप लोक संग्रहवासतैं होवैहै ॥ तहां आप सदाचारविषेप्रवृत्तहोइकै लोकोंकूंभी तासदाचारविषेप्रवृत्तकरणा याका नाम लोकसंग्रहहै ॥ तालोकसंग्रहवासतैंही ताविद्वान्पुरुषके तपादिकहोवैहैं ॥ यहवार्त्ता गीताविषे श्रीभगवान्नेंभी 'लोकसंग्रहमेवापिसंपश्यन्कर्त्तुमर्हसि' इसवचनकरिकै कथनकरीहै ॥ तहां तासं ग्रहकाअधिकारीलोक शिष्य १ भक्त २ तटस्थ ३ इसभेदकरिकै तीनप्रकारका होवैहै ॥ तहां शास्त्रप्र तिपादित सत्मार्गविषेवर्त्तनेहारा शिष्य कह्याजावैहै ॥ सोशिष्यतौ ब्रह्मवेत्तागुरुनेंउपदेशकऱ्येहुएमार्ग करिकै वेदांतशास्त्रकेश्रवणादिकोंतैं प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मकूंसाक्षात्कारकरताहुआ मुक्तिकूंही प्राप्तहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'आचार्यवान्पुरुषोवेद तस्यतावदेवचिरं यावन्नविमोक्ष्येऽथसंपत्स्ये' अर्थयह ॥ ब्रह्मवेत्ताआ चार्यकेशरणकूंप्राप्तहुआ शिष्यही ब्रह्मकूं साक्षात्कार करेहैं ॥ और तिसज्ञानवान्पुरुषकूं तबपर्यंतही विदेहमोक्षविषे विलंबहै ॥ जबपर्यंत भोगकरिकै प्रारब्धकर्म तैंरहित नहींभया ॥ ताप्रारब्धकर्मकेनिवृत्तहु एतैंअनंतर सोज्ञानवान् विदेहमोक्षकूं प्राप्तहोवैहै इति ॥ और ताजीवन्मुक्तज्ञानीपुरुषका जोभक्तहै ॥ सोभक्तभी ताज्ञानवान्पुरुषके पूजनअर्चनकरिकै तथाअन्नपानवस्त्रादिकपदार्थोंकेदेणेकरिकैमनवांछितप दार्थोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'यंयंलोकंमनसासंबिभर्त्ति विशुद्धसत्त्वः कामयतेयांश्चकामान् । तंलो कंजयतेतांश्चकामान् तस्मादात्मज्ञंह्यर्चयेद्भूतिकामः' अर्थयह ॥ श्रद्धाभक्तिपूर्वक शुद्धअंतःकरणतैं ज्ञान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वान्पुरुषके पूजनादिकोंकूंकरताहुआ यहभक्तजन जिसजिसलोककेप्राप्तिकीइच्छाकरेहै ॥ तथा जिन
जिनपदार्थोंकेप्राप्तिकीकामनाकरेहै ॥ तिसतिसलोककूं तथातिनतिनपदार्थोंकूं प्राप्तहोवैहै ॥ यातैं संप
दाकीइच्छावालापुरुष श्रद्धाभक्तिकरिकै ब्रह्मवेत्तापुरुषकेही पूजनादिककरै इति ॥ यहवार्त्ता स्मृतिवि
षेभी कथनकरीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'यद्येकोब्रह्मविद्भुंक्ते जगत्तर्पयतेऽखिलम् तस्माद्ब्रह्मविदेदेयं यद्यस्तिव
स्तुकिंचन' अर्थयह ॥ जिसपुरुषकेगृहविषे एकभीब्रह्मवेत्तापुरुष जभी भोजनकरेहैं ॥ तभी सर्वजगत्
कूं तृप्तकरेहै ॥ अर्थात् सर्वजगत्कीतृप्तिकरणें तैं जोपुण्य होवैहै ॥ सोपुण्य एकब्रह्मवेत्तापुरुषकेभोजन
करावणेतैं होवैहै ॥ यातैं इसपुरुषकेपास जोकोईअन्नवस्त्रादिकप्रियवस्तुहोवै ॥ सोवस्तु इसपुरुषने ताब्र
ह्मवेत्तापुरुषकेतांईही देणायोग्यहै इति ॥ यहवार्त्ता अन्यस्मृतिविषेभी कही हैं ॥ तहांश्लोक ॥ 'यत्फ
लंलभतेमर्त्यः कोटिब्राह्मणभोजनैः।तत्फलंसमवाप्नोति ज्ञानिनंयस्तुभोजयेत्॥ज्ञानिभ्योदीयतेयच्च तत्को
टिगुणितंभवेत्' अर्थयह ॥ यहजीव कोटिब्राह्मणोंकेभोजनकरावणेकरिकै जिसफलकूं प्राप्तहोवैहै ॥ तिस
फलकूं यहपुरुष एकज्ञानवान्पुरुषकेभोजनकरावणेकरिकै प्राप्तहोवैहै ॥ और ज्ञानवान्पुरुषकेतांई जोव
स्तु दियाजावैहै ॥ सो कोटिगुणाअधिक होवैहै इति ॥ इत्यादिक अनेकश्रुतिस्मृतिवचन ज्ञानवान्
पुरुषकीसेवातैं मनवांछितपदार्थोंकीप्राप्तिकूं कथनकरेहैं इति ॥ और तटस्थपुरुषतौ दोप्रकारका होवै
है ॥ एकतौ सन्मार्गवर्त्ती होवैहै ॥ और दूसरा असत्मार्गवर्त्ती होवैहै ॥ तहां सन्मार्गवर्त्तीतटस्थतौ
ताजीवन्मुक्तपुरुषकी सदाचारविषेप्रवृत्तिकूंदेखिकै आपभी तासदाचारविषेप्रवृत्तहोवैहै ॥ यहवार्त्ता गीता
विषे श्रीभगवान्नेंभी 'यद्यदाचरतिश्रेष्ठस्तत्तदेवेतरोजनः । सयत्प्रमाणंकुरुतेलोकस्तदनुवर्त्तते' इसश्लो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ककरिकै कथनकरी है ॥ और दूसरा असत्मार्गवर्त्ती तटस्थतौ ताजीवन्मुक्तपुरुषकेदृष्टिपातकरिकै सर्व पापोंतैंरहित होवैहै॥ तहांस्मृति॥ 'यस्यानुभवपर्यंताबुद्धिस्तत्त्वेप्रवर्त्तते। तद्दृष्टिगोचराःसर्वेमुच्यंतेसर्व किल्बिषैः' अर्थयह ॥ अहंब्रह्मास्मि याप्रकारके अपरोक्षअनुभवपर्यंत जिसपुरुषकीबुद्धि प्रत्यक्तत्त्वविषे प्रवर्त्तमानहै ॥ तिसज्ञानवान्पुरुषकीदृष्टिके जेजेपुरुष विषय होवैहैं ॥ तेसर्वपुरुष सर्वपापोंतैंरहित होवै हैं इति॥ और ताजीवन्मुक्तज्ञानवान्पुरुषका जे दुष्टपुरुष द्वेषकरेहैं तथानिंदाकरेहैं ॥ तेदुष्टपुरुष ताज्ञा नवान्पुरुषके पापकूं ग्रहणकरेहैं ॥ तहांश्रुति॥ ' तस्यपुत्रादायमुपयंति सुहृदःसाधुकृत्यं द्विषंतःपापकृत्यं ' अर्थयह ॥ तिसज्ञानवान्पुरुषके धनादिकपदार्थोंकूं पुत्र लेजावैहैं ॥ और पुण्यकर्मकूं सेवाकरणे हारेसुहृदजन लेजावैहैं ॥ और पापकर्मकूं द्वेषकरणेहारेनिंदकपुरुष लेजावैहैं इति ॥ इसप्रकार ताजीव न्मुक्तपुरुषका सोतप लोकसंग्रहवासतैं होवैहै ॥ सोतप ताजीवन्मुक्तिका द्वितीयप्रयोजनहै इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिके विसंवादाभावरूप तीसरेप्रयोजनका निरूपणकरेहै ॥ तहां सोजीवन्मुक्तपुरुष व्युत्थान कालविषे दुष्टपुरुषोंकृतनिंदादिकोंकूं श्रवणभीकरेहै ॥तथा पाखंडी क्रूर निष्ठुर आदिकपुरुषोंकं देखता है॥ तौभी ताजीवन्मुक्तपुरुषकूं रागद्वेषादिकवृत्तियां उत्पन्नहोतीनहीं ॥ यातैं ताजीवन्मुक्तपुरुषका तिननिंदकदुष्टपुरुषोंकेसाथि कलहरूपविसंवाद होतानहीं ॥ और जोपुरुष ताजीवन्मुक्तिकेअभ्यासतैंरहि तहै ॥ तिसपुरुषकातौ तिनदुष्टजनोंकेसाथि सर्वदा सो कलहरूपविसंवाद होतारहेहै ॥ यातैं ताविसंवा दाभावविषे जीवन्मुक्तिकाप्रयोजनपणा संभवैहै ॥ यह वार्त्तावृद्धआचार्योंनैंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

'ज्ञात्वासदातत्त्वनिष्ठाननुमोदामहेवयम् अनुशोचामहेचान्यान्नभ्रांतैर्विवदामहे' अर्थयह ॥ सर्वदा तत्त्व निष्ठाविषेस्थितपुरुषोंकूंदेखिकै हम आनंदकूंप्राप्तहोवै हैं ॥ और तातत्त्वनिष्ठातैंरहितपुरुषोंकूंदेखिकै हम शोककूंकरेहैं ॥ और भ्रांतपुरुषोंकेसाथि हम विवादकूंकरतेनहीं इति ॥ यहविसंवादकाअभाव ताजी वन्मुक्तिका तृतीयप्रयोजनहै इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिके दुःखनिवृत्तिरूपचतुर्थप्रयोजनका वर्णनकरे हैं॥ तहां सादुःखनिवृत्ति दोप्रकारकीहोवैहैं ॥ एक तौ ऐहिकदुःखनिवृत्ति होवैहै ॥ और दूसरी पारलौ किकदुःखनिवृत्ति होवैहै ॥ तहां आत्मज्ञानकरिकै भ्रांतिकीनिवृत्तिहोणेतैं तथायोगाभ्यासकरिकै सर्ववृ त्तियोंकानिरोधहोणेतैं जीवन्मुक्तपुरुषकाचित्त केवल आत्माकारही होवैहै ॥ अन्याकार होतानहीं ॥ यातैं प्रारब्धभोगकेविद्यमानहुएभी ताजीवन्मुक्तपुरुषकूं दुःख प्रतीतहोतानहीं॥किंतु सर्वदुःखोंकीनिवृत्ति होवैहै ॥ इसीकानाम ऐहिकदुःखनिवृत्तिहै ॥यहऐहिकदुःखनिवृत्तिही 'आत्मानंचेद्विजानीयादयम स्मीतिपूरुषः। किमिच्छन्कस्यकामायशरीरमनुसंज्वरेत्'इसश्रुतिविषे कथनकरीहै॥ और आत्मज्ञानकरि कैअज्ञानकेनिवृत्तहुए संचितसर्वकर्मोंका नाशहोइजावैहै॥ और आत्मज्ञानकेप्रभावतैं ज्ञानवान्पुरुषकूं आगामिकर्मोंका स्पर्शही होतानहीं ॥ और सोअज्ञानसहितसंचितकर्महीं तापारलौकिकदुःखका हेतु होवैहै ॥ ताकेनाशहुए ताजीवन्मुक्तपुरुषके सर्वपारलौकिकदुःखोंकीनिवृत्ति होवैहै ॥ तहांश्रुति ॥ 'एतं हवावनतपति किमहंसाधुनाकरवं पापमकरवं' अर्थयह ॥ मैं पुण्यकर्मकूं किसवासतैं नहींकरताभया॥ और मैं पापकर्मकूं किसवासतै करताभया ॥ याप्रकारकीचिंतारूपअग्नि जैसे अज्ञानीपुरुषकूं तपाय मानकरेहै ॥ तैसे जीवन्मुक्तपुरुषकूं सोचिंतारूपअग्नि तपायमान करतानहीं इति ॥ यद्यपि चतुर्थभूमि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कावालेज्ञानवान्पुरुषकूंभी सादुःखकीनिवृत्ति होवैहै ॥ तथापि ताज्ञानवान् पुरुषकूं प्रारब्धभोगकालविषे बाधितानुवृत्तिकरिकै अहंसुखी अहंदुःखी इत्यादिकअनुभव होवैहै ॥ यातैं ताज्ञानवान्की सादुःख निवृत्ति सुरक्षित नहींहोवैहै ॥ और जीवन्मुक्तपुरुषकूं योगाभ्यासकरिकै सर्ववृत्तियोंकानिरोध होवैहै ॥ यातैं ताजीवन्मुक्तपुरुषकी सादुखःनिवृत्ति सुरक्षित होवैहै ॥ अर्थात् ताजीवन्मुक्तपुरुषकूं कोईकालविषे भी सोदुःख प्रतीतहोतानहीं ॥ यातैं तादुःखनिवृत्तिविषे जीवन्मुक्तिकाप्रयोजनपणा संभवैहै ॥ यहदुःख निवृत्ति ताजीवन्मुक्तिका चतुर्थप्रयोजनहै इति ॥ अब ताजीवन्मुक्तिके सुखाविर्भावरूपपंचमप्रयोजन का निरूपणकरेहैं ॥ तहां ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै तथायोगाभ्यासकरिकै ताजीवन्मुक्तपुरुषका अज्ञान तथाअज्ञानकृतआवरण तथाव्यवहाररूपविक्षेप निवृत्तहोइजावैहै ॥ और सोअज्ञानकृतआवरण तथा विक्षेपही ब्रह्मानंदकेअनुभवविषे प्रतिबंधक होवैहै ॥ ताप्रतिबंधककीनिवृत्तिहुए ताजीवन्मुक्तपुरुषकूं जोपरिपूर्णब्रह्मानंदका निरंतर अनुभवहोवैहै ताकानाम सुखाविर्भावहै ॥ तहांश्रुति ॥ ' समाधिनिर्धूतम लस्यचेतसो निवेशितस्यात्मनियत्सुखंभवेत् । नशक्यतेवर्णयितुंगिरातदा स्वयंतदंतःकरणेनगृह्यते' अर्थ यह ॥ समाधिकरिकैनिवृत्तहोइगयाहै रागद्वेषादिरूपमल जिसका ॥ तथा केवलआत्माविषेहैस्थितिजिसकी ॥ ऐसाजोचित्तहै ॥ तिसचित्तकूं तासमाधिकालविषे जोस्वरूपसुख प्राप्तहोवैहै ॥ सोसुख वाणीकरिकै वर्णनकऱ्याजातानहीं किंतु सोसुख ताअंतःकरणनें आपही ग्रहणकरयाहै इति ॥ यहसुखकाआविर्भाव ताजीवन्मुक्तिका पंचमप्रयोजनहै ॥ इसप्रकार ताजीवन्मुक्तिकेपंचप्रयोजनोंकेसिद्धहुए प्रयोजनकेअभावतैं जीवन्मुक्तिकाअभावकहणा मिथ्याही है इति ॥ इसप्रकार स्वरूपलक्षण प्रमाण साधन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अधिकारी फल इनपांचोंकेनिरूपणकरिकै इसचतुर्थपरिच्छेदविषे विदेहमुक्ति जीवन्मुक्ति यहदोप्र
कारकीमुक्ति निरूपणकरी ॥ तातैं यहअर्थ सिद्धभया ॥ ब्रह्मवेत्ताजीवन्मुक्तपुरुष भोगकरिकैप्रारब्धकर्म
केनाशहुएतैंअनंतर इसवर्त्तमानशरीरकेनाशहुए अखंडएकरसब्रह्मानंदरूपतैंस्थित होवैहै ॥ ताब्रह्मवेत्ता
पुरुषका पुनःउत्थानहोतानहीं ॥ तहांश्रुति ॥ 'नतस्यप्राणाउत्क्रामंत्यत्रैवसमवलीयंते । ब्रह्मैवसन्ब्रह्मा
प्येति । ब्रह्मविद्ब्रह्मैवभवति' अर्थयह ॥ तिसज्ञानवान्पुरुषकेप्राण अर्थात् लिंगशरीर मरणकालविषे
इसशरीरतैं उत्क्रमण करतानहीं ॥ किंतु प्रत्यक्आत्माविषेही लयकूंप्राप्तहोवैहै ॥ तात्पर्ययह ॥ जैसे
अज्ञानीपुरुषकालिंगशरीर इसशरीरकेनाशहुएतैंअनंतर कर्मकेफलभोगवासतैं परलोकविषे जावैहै ॥ तैसे
ज्ञानवान्पुरुषका सोलिंगशरीर परलोकविषे जातानहीं ॥ काहेतैं ताज्ञानवान्पुरुषका प्रारब्धकर्मतौ
भोगकरिकैनष्टहोइजावैहै ॥ और संचितकर्म ज्ञानकरिकैनष्टहोइजावैहै ॥ और आगामिकर्मका ज्ञान
केप्रभावतैं स्पर्श होतानहीं ॥ और अज्ञानकाभी आत्मज्ञानकरिकै नाशहोइगयाहै ॥ और नेअज्ञानसं
चितकर्मादिकही पुनःजन्मके कारणहोवैहैं ॥ ताकारणकेनाशहुए ज्ञानवान्पुरुषका सोलिंगशरीर पुनः
जन्मकीप्राप्तिवासतै इसशरीरतैंउत्क्रमण करतानहीं ॥ किंतु इसप्रत्यक्आत्माविषेही लयकूं प्राप्तहोवैहै
इति ॥ और सोज्ञानवान्पुरुष जीवत्अवस्थाविषेही ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै अज्ञानकेनिवृत्तहुए ब्रह्मरूपहु
आही प्रारब्धकर्मकीनिवृत्तितैंअनंतर ब्रह्मरूपकरिकैस्थित होवैहै ॥ और ब्रह्मवेत्तापुरुष ब्रह्मरूपहीहोवैहै
इति ॥ किंवा यहआत्मज्ञानकामोक्षरूपफल विष्णुपुराणविषेभी कथनकऱ्याहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'विभेद

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जनकेऽज्ञानेनाशमात्यंतिकंगते आत्मनोब्रह्मणोभेदमसंतंकःकरिष्यति ॥ १ ॥ तद्भावभावमापन्नस्ततो सौपरमात्मनः भवत्यभेदोभेदश्चतस्याज्ञानकृतोभवेत्' ॥ २ ॥ अर्थयह ॥ जीवब्रह्मकेभेदकाजनक जोअ ज्ञानहै ॥ ताअज्ञानका ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै अत्यंतनाशहुए ताजीवात्माके तथा ब्रह्मके असत्भेदकूं कौनकरेगा ॥ किंतु कोईभीकरेगानहीं ॥ और ब्रह्मसाक्षात्कारकरिकै ब्रह्मभावकूंप्राप्तहुआ यहजीवा त्मा ताब्रह्मकेसाथि अभिन्नहीहोवैहै ॥ और इसजीवात्माका जो ब्रह्मकेसाथि भेदप्रतीतहोताथा ॥ सो भेद अज्ञानकृतथा ॥ ताअज्ञानकेनाशहुए सोभेदभी निवृत्तहोइजावैहै ॥ यातैं सोज्ञानवान्पुरुष अखंड एकरसब्रह्मरूपतैंस्थित होवैहै इति ॥ किंवा यहउक्तफल श्रीव्यासभगवान्नेभी ब्रह्मसूत्रोंविषेकह्याहैं ॥ तहांसूत्र ॥ 'अस्मिन्नस्यचतद्योगंशास्ति' अर्थयह ॥ इसब्रह्मवेत्तापुरुषका इसब्रह्मविषे अभेदहीहोवैहै ॥ इसअर्थकूं श्रुति कथनकरेहैं ॥ साश्रुति यहहै ॥' यदाह्येवैषएतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठांविंदतेऽथसोऽभयंगतोभवति' अर्थयह ॥ यहसाधनचतुष्टयसंपन्नअधिकारीपुरुष जिसकालविषे स्थूलसूक्ष्मकारणशरीरतैंविलक्षणनित्यअपरोक्षरूपप्रत्यक्आत्माविषे अभयप्रतिष्ठाकूंप्राप्तहोवैहै।तिसका लविषे सोअधिकारीपुरुष अखंडएकरसब्रह्मभावकूंप्राप्तहोवैहै इति ॥ यातैं यहसिद्धभया ॥ अहंब्रह्मास्मि तत्त्वमसि इत्यादिकमहावाक्यजन्य अपरोक्षज्ञानतैं अज्ञानकीनिवृतिपूर्वक ब्रह्मभावरूपमोक्ष प्राप्तहोवैहै॥ और सोमुक्तपुरुष पुनरावृत्तिकूं प्राप्तहोतानहीं ॥ अर्थात् पुनःजन्मकूं प्राप्तहोतानहीं ॥ तहांश्रुति ॥ 'नसपुनरावर्त्तते' अर्थयह ॥ सोमुक्तपुरुष पुनःन्मकूंप्राप्तहोतानहीं इति ॥ यहवार्त्ता गीताविषे श्रीभग वान्नेंभी कहीहै ॥ तहांश्लोक ॥ 'तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तनिष्ठास्तत्परायणाः गच्छंत्यपुनरावृत्तिज्ञाननि

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धूतकल्मषाः' अर्थयह ॥ तिसपरमात्माविषेही है बुद्धि तथामन तथानिष्ठा जिनोंकी ॥ तथा सोपरमा
त्माही है परमस्थान जिनोंका ॥ तथा आत्मज्ञानकरिकैनिवृत्तहोइगएहैं सर्वपापरूपकल्मष जिनोंके ॥
ऐसेज्ञानवान्पुरुष अपुनरावृत्तिकूंहीं प्राप्तहोवैहैं ॥ अर्थात् पुनःजन्मकूंप्राप्तहोतेनहीं इति ॥ किंवा यहउ
क्तअर्थ श्रीव्यासभगवान्नेभी ब्रह्मसूत्रोंविषेकह्याहै ॥ तहांसूत्र ॥ 'अनावृत्तिःशब्दादनावृत्तिःशब्दात्'
अर्थयह ॥ तत्त्ववेत्तापुरुषोंकूं पुनःजन्ममरणकीनिवृत्तिरूप अनावृत्तिही होवैहै ॥ जिसकारणतैं श्रुतिस्मृ
तिरूपशास्त्रही इसअर्थकूंकथनकरेहैं ॥ तात्पर्य यह ॥ जिसपुरुषकूंतौ इसीमनुष्यशरीरविषे श्रवणादिकों
करिकै ब्रह्मसाक्षात्कारकीउत्पत्ति भईहै ॥ तिसपुरुषकूंतौ इसीमनुष्यशरीरविषे सोब्रह्मभावरूपमोक्ष होवै
है ॥ इसीअर्थकूं 'यदासर्वेप्रमुच्यंतेकामायेऽस्यहृदिस्थिताः । अथमर्त्योऽमृतोभवत्यत्रब्रह्मसमश्नुते' यह
श्रुति कथनकरेहै ॥ और जेनिष्कामपुरुष अहंग्रहउपासनाकरिकै ब्रह्मलोककूं जावैहैं ॥ तिनउपासकपुरु
षोंकूं ताब्रह्मलोकविषेही ब्रह्मसाक्षात्कारहोइकै ब्रह्मकेसाथि मोक्ष होवैहै ॥ इसअर्थकूंभी 'ब्रह्मणासहते
सर्वेसंप्राप्तेप्रतिसंचरे परस्यांतेकृतात्मानःप्रविशंतिपरंपदम्' इत्यादिकस्मृतिवचनकथनकरेहैं ॥ और जेस
कामपुरुष पंचाग्निविद्यादिकोंकरिकै ब्रह्मलोकविषे जावैहैं ॥ तिनसकामपुरुषोंकूं ताब्रह्मलोकविषे सोब्र
ह्मसाक्षात्कार होतानहीं ॥ याकारणतैंही तिनसकामपुरुषोंकी ताब्रह्मलोकतैं पुनःआवृत्ति होवैहै ॥ इस
अर्थकूंभी 'इमंमानवमावर्त्तमावर्त्तते । आब्रह्मभुवनाँल्लोकाःपुनरावर्त्तिनोऽर्जुन' इत्यादिकश्रुतिस्मृति
वचन कथनकरेहैं ॥ सर्वप्रकारतैं ब्रह्मसाक्षात्कारवालापुरुष पुनरावृत्तितैंरहित ब्रह्मभावरूपमोक्षकूंही प्राप्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होवैहै इति ॥ ॥ इतिश्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य श्रीस्वामिउद्धवानंदगिरिपूज्यपादशिष्येण स्वा
मिचिद्घनानंदगिरिणा विरचिते प्राकृततत्त्वानुसंधाने चतुर्थःपरिच्छेदःसमाप्तः ॥ ४ ॥ समाप्तोऽयंत
त्त्वानुसंधाननामाग्रंथः ॥ श्रीगुरुभ्योनमः ॥ श्रीशंकराचार्येभ्योनमः ॥ श्रीकाशीविश्वेश्वराभ्यांनमः ॥

सर्वमुमुक्षुजनोंकोविदितहोवे कि, श्रीस्वामिआदित्यगिरिकीमंडलीकेअधिष्ठाता श्रीस्वामी
अच्युतानंद गिरिने एक उपनिषदसारनामाग्रंथ हिंदुस्थानीभाषाविषेकिया है, तिसग्रंथमें
ईशादिकदशउपनिषदोंका अर्थ संक्षेपतेनिरूपणकियाहै ॥ वहीउपनिषदसारग्रंथको
हमने सुंदर अक्षर और सपुष्ट काग़ज़पर छापके तैयार किया है मूल्य २ रु०

इदं पुस्तकं मुम्बय्यां क्षेमराज श्रीकृष्णदास इत्यनेन स्वकीये
"श्रीवेङ्कटेश्वर" (स्टीम प्रेस) मुद्रणयन्त्रागारेऽङ्कयित्वा
प्रकाशितम् । सं० १९५७, शके १८२२.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जाहि-

॥२२०॥

विक्रय्य (वेदान्त-भाषा) पुस्तकोंकी-सूची।

रात-

नाम.	की. रु. आ.
आत्मपुराण भाषा [चिद्घनानन्द स्वामिकृत]	१३-०
योगवासिष्ठभाषा बड़ा संपूर्ण	१२-०
योगवासिष्ठगुटकावैराग्य मोक्ष प्रकरण वेदांत उत्तम कागज अक्षर बड़ा	०-१२
वासिष्ठसार भाषा वेदांत ६ प्रकरण ...	२-८
विचारसागर सटीक निश्चलदासजीकृत ...	२-०
एकादशस्कंध भाषा चतुरदासकृत और- नानकविलास	०-१२
अमृतधारा वेदांत	०-१२
संतोषसुरतरु वेदांत	०-८
संतप्रभाव वेदांत	०-६
विचारमालासटीकपंचीकरणसहित ...	०-१२
अभिलाषसागर भाषा (वेदांत)... ...	२-०
आत्मबोधतत्त्वबोधवेदस्तुति भाषा ...	०-३
अध्यात्मप्रकाश भाषा (वेदान्त)... ...	०-३
विज्ञानगीता कविकेशवदासकृत	०-१०
सुंदरविलास (ज्ञानसमुद्र, ज्ञानविलास, सुन्द- राष्टकादि सहित) सटिप्पण	१-०
प्रत्येकानुभवशतक भाषा (वेदान्त ग्रंथ)	०-४
पक्षपातरहित अनुभवप्रकाश-वेदांत वर्णन (कामलीवाले बाबाकी बनाईहुई) ...	३-०
मुक्तिकोपनिषद् भाषाटीका...	०-५
कैवल्योपनिषद्	०-१
मोक्षगीता (सवालक्ष) रामनाम	१-०
वृत्तिप्रभाकर स्वामीनिश्चलदासकृत- (वेदान्तका ग्रंथ नया छपाहै) ...	३-०
आनन्दामृतवर्षिणी (आनन्दगिरिजीप्रणीत- गीताकेकठिनस्थलोंकाप्रतिपादनहै)....	०-१२
दशोपनिषद् भाषा-स्वामि अच्युतानंदकृत	२-०
तत्त्वानुसंधानभाषा	२-०
वैराग्यशतक हरदयाल कृत	०-८

सम्पूर्ण पुस्तकोंका "बड़ासूचीपत्र" अलग है)॥ आना भेजकर मँगालीजिये।

खेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना, खेतवाड़ी-बंबई.

॥२२०॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नाम.	की. रु. आ.
अष्टावक्रगीता अत्युत्तम सान्वय भाषाटीका	१—०
शिवगीता भाषाटीकासहित	०—१२
गणेशगीता भाषाटीकासहित	०—६
गीतापंचदश भाषाटीका- [काश्यपगीता, शौनकगीता, अष्टावक्रगीता, नहुषगीता, सरस्वतीगीता, युधिष्ठिरगीता, बकगीता, धर्मव्याधगीता, श्रीकृष्णगीतादि]	०—१२
पाण्डवगीता भाषाटीका सह	०—३
तथा मूल ४ रत्नें बडा अक्षर	०—२

नाम.	की. रु. आ.
अपरोक्षानुभूतिसंस्कृत टीका भाषाटीका सहित	०—१०
आत्मबोध भाषाटीका	०—३
तत्त्वबोध भाषाटीका	०—२
वेदांतग्रंथपंचकम्(वाक्यप्रदीपःवाक्यसुधारसः हस्तामलकःनिर्वाणपंचकं मनीषापंचकं)स०	०—८
वेदस्तुति भाषाटीका सह	०—८
गीता रामानुजभाष्य	२—०
वेदांत डिम्डिम्	०—१॥
वैराग्यभास्कर भाषाटीका	०—८

KHEMRAJ SHRIKRISHNADAS,

SHRI VENKATESHWAR STEAM PRESS.

BOMBAY.

☞ खेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" छापाखाना, खेतवाड़ी–बंबई.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विक्रय्य (वेदान्त-संस्कृत) ग्रंथोंकी-सूची।

नाम.	की. रु. आ.
शारीरक (शांकरभाष्य) रत्नप्रभाटीका व्यासाधिकरणमाला और भक्तिसूत्र सभाष्य अक्षर बड़ा	१०-०
ब्रह्मसूत्र (शारीरक) भाषाटीका	१-८
वेदांतसार संस्कृतमूल और संस्कृतटीका तथा भाषाटीकासहित	०-१२
पंचदशीसटीक	२-०
पंचदशी पं० मिहिरचंद्रकृत अत्युत्तम भाषाटीका सहित	४-०
पंचदशी भाषा-आत्मस्वरूपजीकृत	४-०
गीता चिद्घनानंदस्वामिकृत गूढ़ार्थदीपिका मूल अन्वय पदच्छेदके सहित भाषाटीका ...	७-०
गीता आनंदगिरिकृत भाषाटीका	३-०
श्रीमद्भगवद्गीता सान्वगव्रजभाषा दोहासहित ...	१-४
गीतामृततरंगिणी भाषाटीका (रघुनाथप्रसादकृत) अक्षरबड़ा	१-०

नाम.	की. रु. आ.
गीतामृततरंगिणी भाषाटीका पाकिटबुक् ...	०-१२
श्रीरामगीता मूल	०-२
श्रीरामगीता भाषाटीका-पदप्रकाशिका अनुवाद समुच्चय और विषमपदीके सहित ...	०-८
श्रीमद्भगवद्गीतापंचरत्नअक्षरमोटागुटकारेशमी	१-०
" पंचरत्न अक्षरबडा खुलापत्रा छोटीसंची ...	१-८
" पंचरत्न अक्षरबड़ा लंबीसंची खुला	१-०
" पंचरत्न भाषाटीका	२-०
गीता श्रीधरीटीका सहित	१-०
गीता बडे अक्षरकी १६ पेजी गुटका	०-१२
गीता बडे अक्षरकी खुली १२ पेजी	०-१०
गीता गुटका विष्णुसहस्रनाम सहित	०-८
गीता पंचरत्न और एकादशरत्न	०-१२
" पंचरत्न द्वादशरत्न	०-१०
गीतापंचरत्न नवरत्न पाकिट बुक्	०-७
गीता गुटका पाकिट बुक्	०-५

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हार्दिक धन्यवाद।

श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य आत्मज्ञानी ब्रह्मनिष्ठ श्रीस्वामी चिद्घनानंद सरस्वतीजीको हम कोटिशः हार्दिक धन्यवाद देते हैं जिन्होंने लोकोपकारार्थ और प्राकृत भाषा प्रेमियोंके हितार्थ श्रुति स्मृतियोंका सुंदर सार ले "तत्त्वानुसंधान" नामक सुभग ग्रंथ रचकर अतिदुस्तर दुर्बोध मोक्षका मार्ग खोल दिया. केवल आत्मज्ञानसेही मोक्षकी प्राप्ति होती है, वही आत्मज्ञान मुमुक्षुओंके लाभार्थ पूर्ण रूपसे इसमें पूर्ण करदिया. संस्कृतवेदांत ग्रंथोंमें जोजो पदार्थ आत्मज्ञानके उपयोगी निरूपण किये हैं वही सर्व पदार्थ इस भाषा ग्रंथमें उक्त श्रीस्वामीजीने निरूपण कियेहैं इससे अधिकारी पुरुषोंको इस पुस्तकके श्रवण मननसे आत्मज्ञान अवश्यमेव प्राप्त होगा इसमें क्या विलक्षणता है. प्रथम यह ग्रंथ अन्यत्र छपाथा परन्तु अबकीबार उक्त श्री बड़े स्वामीजीके स्थानापन्न गोविन्दानन्दजी महाराजजीने हमपर बड़ा अनुग्रह करके शुद्धकर इसके छापनेका सम्पूर्ण अधिकार "श्रीवेङ्कटेश्वर" यन्त्रालय बंबईको प्रदान कर दिया जो छपकर आप मोक्षार्थियोंके दृष्टिगोचर है।

आपका कृपापात्र—

खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" यन्त्रालयाध्यक्ष, खेतवाडी—बंबई.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

इति श्रीस्वामिचिद्घनानन्दगिरिकृतं
तत्त्वानुसन्धानंसमाप्तम् ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri